2024

ISSN 2231-1041

स्तोम
STOM

कलाभिव्यक्ति का माध्यम

यूजीसी-केयर सूचीबद्ध, पिअर रिव्यूड वार्षिक शोध पत्रिका
UGC-Care enlisted Peer Reviewed Annual Research Journal
वर्ष-24, अंक-24 / Year-24, Volume-24

'शिवम्' सांस्कृतिक मंच, छपरा

ISSN 2231-1041

स्तोम

कलाभिव्यक्ति का माध्यम

(यूजीसी-केयर सूचीबद्ध, पिअर रिव्यूड वार्षिक शोध पत्रिका)

वर्ष-24, अंक-24

प्रधान सम्पादक

प्रो० लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या'

सह सम्पादक

डॉ० कुमार विनय मोहन सिंह

'शिवम्' सांस्कृतिक मंच, छपरा

2024

संस्थापक

चन्द्र किशोर सिंह, अधिवक्ता

आदि मुद्रक

श्यामा सिंह

प्रबन्ध सम्पादक

डॉ० कुमार विमल मोहन सिंह

डॉ० कुमार निर्मल मोहन सिंह

प्रकाशक

'शिवम्' सांस्कृतिक मंच, छपरा

मुद्रक

कुमार प्रिन्टर्स,

लाह बाजार, छपरा-841301

पत्राचार का पता

प्रो० लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या'

फ्लैट नं०- 108

न्यू टीचर्स फ्लैट

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

दरभंगा (बिहार)

मोबाईल नं० : 9835296330

ई-मेल : editor.stomresearchjournal@gmail.com

सहयोग राशि- **425/-**

पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी संगीतसेवी अवैतनिक हैं ।

लेखकों के विचार से सम्पादकीय सहमति आवश्यक नहीं है ।

स्तोम

कलाभिव्यक्ति का माध्यम

(यूजीसी-केयर सूचीबद्ध, पिअर रिव्यूड वार्षिक शोध पत्रिका)

सलाहकार मण्डल : प्रो० पंकजमाला शर्मा
प्रो० द्वारम वी.जे. लक्ष्मी
विदुषी काजल शर्मा
प्रो० दर्शन पुरोहित
प्रो० के० शशि कुमार

सम्पादक मण्डल : प्रो० संगीता पण्डित
प्रो० बी० राधा
डॉ० विधि नागर
डॉ० अनीता शिवगुलाम
डॉ० हिमांशु द्विवेदी

सहयोगी मण्डल : प्रो० अर्चना अम्भोरे
प्रो० निशा झा
डॉ० राजश्री रामकृष्ण
डॉ० बिन्दु के०
डॉ० आरती एन० राव
डॉ० अरविन्द कुमार
डॉ० ज्योति सिन्हा
डॉ० मधुरानी शुक्ला
डॉ० अवधेश प्रताप सिंह तोमर
डॉ० रवि जोशी
डॉ० शिखा समैया
डॉ० अमित कुमार पाण्डेय

शिवम्–सरगम

आङ्गिकं भुवनं यस्य वाचिकं सर्ववाङ्मयम् ।
आहार्यं चन्द्रतारादि तं नुमः सात्विकं शिवम् ।।

नृत् कला की इस दुनिया में,
है अपना नया कदम ।
जहाँ सुर का संगम होता,
वो सरगम बना शिवम् ।।

लेकर हम चाँद सितारे
आपस में प्रीत सँवारे ।
प्रीत के इस मंदिर में,
नित शीष झुकाते हैं हम ।।

संगीत हो मन्त्र हमारा,
अभिनय हो शस्त्र हमारा ।
हम नेक, एक, जग जीते,
यही नाद सुनाते हैं हम ।।

हो विकसित जग में कलायें,
संस्कृति की अलख जगाएँ ।
यही भावना हमारी,
यही लक्ष्य बनाते हैं, हम ।

मूल रचना : रविभूषण 'हँसमुख'
परिकल्पना : विनय मोहन 'वीनू'
संगीत : लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या'

सम्पादकीय...

बहुत प्रसिद्ध और मार्मिक पद है भक्तकवि सूरदास का, कई महान गायकों ने इसका भावपूर्ण गायन भी किया है–

हे गोविन्द राखो शरण, अब तो जीवन हारे ।।
नीर पिवन हेतु गए, सिन्धु के किनारे ।
सिन्धु बीच बसत ग्राह, चरण धरि पधारे ।।
चार प्रहर युद्ध भयो, ले गयो मझधारे ।
नाक कान डूबन लागे, कृष्ण को पुकारे ।।
द्वारिका में शब्द भयो, गरूड़ तजि सिधारे ।
'सूर' कहे श्याम सुन्दर, आस है तिहारे ।।

इस गेय पद में हरिहर क्षेत्र के उसी प्रसंग का उल्लेख है जहाँ गज और ग्राह का युद्ध हुआ था और साक्षात् हरि ने प्रकट होकर, सुदर्शन चक्र चलाकर गज की रक्षा की थी । यहाँ इसी स्थान के नाम से मेला लगता है 'हरिहर क्षेत्र का मेला', इसे भगवान विष्णु (हरि) और शिव (हर) की पूजा के लिए आरम्भ किया गया । भारत वर्ष में पाँचवी–छठी शताब्दी में ही भगवान विष्णु और शिव की संयुक्त पूजा प्रारम्भ हो गई थी जिसका प्रमाण राजा ईशान वर्मन के कार्य–काल के अभिलेखों से प्राप्त होता है । राजा ईशान वर्मन भारतीय सभ्यता और संस्कृति से जुड़े विद्वान् थे । मुगलकाल में इस क्षेत्र का नाम 'सोनपुर' पड़ा था और इस मेला को 'सोनपुर मेला' भी कहते हैं क्योंकि यह बिहार के सोनपुर जो बिहार की राजधानी पटना से लगभग पच्चीस किलोमीटर तथा वैशाली जिला के मुख्यालय हाजीपुर से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है । यह मेला छपरा जिला के सोनपुर में गंगा और गंडक नदी के तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर (गंगा–स्नान) आयोजित होता है । इस मेला को 'छत्तर मेला' भी कहते हैं । इस मेला के सम्बन्ध में कहा जाता है कि भगवान विष्णु के दो भक्त शापित होकर गज (हाथी) तथा ग्राह (मगरमच्छ) के रूप में पृथ्वी पर अवतरित हुए थे । उपर्युक्त पद में वर्णित युद्ध यहीं कोनहारा घाट पर हुआ था, यहाँ हरिहरनाथ मन्दिर भी है जिसमें हरि और हर अर्थात् विष्णु तथा शिव की एकीकृत प्रतिमा है । वेद, श्रीमद्भागवत, महाभारत, पुराणादि में गज–ग्राह युद्ध का उल्लेख है । ऋग्वेद में हरिहर क्षेत्र का वर्णन प्राप्त होता है । महाभारत के सभापर्व और वनपर्व में इस क्षेत्र को 'महाबल' एवं 'अतिबल' सम्बोधित किया गया है । कहा गया है कि यहाँ स्नान का पुण्यफल प्राप्त होता है । तीर्थ दीपिका, वाराह पुराण, बामन पुराण में इस क्षेत्र का यशोगान किया गया है । अठाइसवें मन्वंतर में गजेन्द्र–मोक्ष की परिकल्पना प्राप्त होती है । इस 'गजेन्द्र मोक्ष स्थल' और मेले की अनेक धार्मिक मान्यताएँ हैं । यह पन्द्रह दिनों तक खूब धूम–धाम से चलता है, इसके बाद भी महीना–भर रहता है ।

इस मेला का उल्लेख विद्वान बौद्ध दार्शनिक बुद्ध घोष ने अपनी पुस्तक में किया है । तब हरिहर

क्षेत्र को 'उल्ला चेल' नाम से जाना जाता था जो वज्जि गणराज्य का हिस्सा था । इस गणराज्य के आठ (अठ्ठकुल) सदस्य थे । बौद्ध साहित्य के अनुसार, वज्जि गणराज्य में तब भी कार्तिक माह में सात दिवसीय कार्तिक स्नान का मेला लगता था ।

सम्पूर्ण बिहार की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का ऐतिहासिक परिचय प्राप्त होता है हरिहर क्षेत्र मेला में । इसका इतिहास लगभग 717 (सात सौ सतरह) वर्ष पुराना है । हरिहर नाथ मन्दिर में आज भी वर्ष 1306 का शिलापट्ट लगा हुआ है जिस पर 'कार्तिक पूर्णिमा का उत्सव' अंकित है । ईस्ट इण्डिया कम्पनी शासन-काल में सोरा (सोड्डा) कम्पनी में कार्यरत अंग्रज लेखक जान मार्शल ने 1672 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'जॉन मार्शल इन इण्डिया' में सोनपुर मेला और कार्तिक स्नान के बारे में लिखा है जिसे उन्होंने स्वयं 1671 में देखा था । लॉर्ड मेयो ने 1871 में सोनपुर दरबार लगाया था, तब नेपाल के तत्कालीन राजा राणा जंग बहादुर का गुणगान किया गया था । इससे पूर्व 1857 में गदर के नायक वीर कुँवर सिंह ने यहीं से हाथियों की खरीदारी की थी, इस प्रकार यह स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़ा है । इससे और भी पहले 1846 में सोनपुर में ही हरिहर क्षेत्र रिजोल्यूशन पास हुआ था जिसमें पीर अली, ख्वाजा अब्बास, वीर कुँवर सिंह आदि उपस्थित थे । यहीं वीर शिवाजी द्वारा घोड़े खरीदने की भी लोकश्रुति है । मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त (340 ई० पू०- 298 ई. पू०) और मुगल सम्राट अकबर ने भी हाथियों और अस्त्र-शस्त्रों का क्रय किया था । 1960 में प्रकाशित सारण (जिला) गजेटियर के अनुसार, यह मेला साढ़े चार वर्गमील में होता था । जनश्रुतियाँ कहती हैं कि यह कभी 500 एकड़ में होता था । आज भी यह लगभग ढ़ाई वर्गमील में फैला हुआ है । पर्यटन विभाग के आँकड़े के अनुसार, गत वर्ष लगभग चालीस लाख लोग मेला में आए थे । इस मेला के लिए 'मेला स्पेशल' रेलगाड़ियो का परिचालन पूर्व मध्य रेल की ओर से किया जाता है । यह एशिया महाद्वीप का विश्वप्रसिद्ध सबसे प्राचीन और बड़ा मेला है ।

अंग्रेज-काल में इस मेला को पशु-मेला का रूप दे दिया गया । 1958 में प्रकाशित मुजफ्फरपुर गजेटियर में यह दृष्टिगोचर होता है कि ईस्ट इण्डिया कम्पनी के लॉर्ड क्लाइव ने 1803 में यहाँ एक विशाल अस्तबल का निर्माण कराया था । नेपाल रेजिडेंट के रूप में नॉक्स नामक अंग्रेज इसका कैप्टेन था । 1837 में गंडक में बाढ़ आई थी जिसमें यह रेसकोर्स बह गया, तब इसे सोनपुर लाया गया, इससे पूर्व यह हाजीपुर तक विस्तारित था । यहाँ अंग्रेज ऑफिसर घुड़सवारी तथा पोलो खेलने भी आते थे । आज भी विदेशी सैलानी पर्यटकों का यह पसंदीदा मेला है । अकबर के प्रधान सेनापति महाराजा मान सिंह भी हाथी और अस्त्र-शस्त्र यहीं से लेते थे । जंग-हाथी के अतिरिक्त मुल्तानी एवं अन्य नस्ल के घोड़े आज भी बड़ी तादाद में यहाँ उपलब्ध होते हैं । गत वर्ष सीवान के 'सुल्तान' नामक घोड़ा और 'बिजली' नामक घोड़ी की कीमत लाखों में थी । हाथी, घोड़ों के अतिरिक्त अन्य पालतू और शौकिया पशु-पक्षी आज भी देखे जाते हैं जिनकी मांग आसमान छूती है । ये पशु-पक्षी मेले की शान समझे जाते थे । यहाँ का व्यापारिक सम्पर्क अफगानिस्तान से सीधा जुड़ा हुआ था । अंग्रेजों के काल तक ईरान, अरब आदि देशों से अच्छी नस्ल के घोड़े लाए जाते थे । अफगानिस्तान के इस रूट को 'उत्तरा पथ' कहा गया । डॉ. मोतीचन्द्र ने 'सार्थवाह' नामक अपनी पुस्तक में ऐसा वर्णन किया है । इसके अतिरिक्त मखमल (बनारस से) जरी जड़ित वस्तुएँ, कश्मीरी शॉल आदि का व्यापार आज भी होता है । यहाँ से चीजें समुद्र-मार्ग से यूरोप भेजी जाती थीं । इतना ही नहीं, पशु-मेला के अतिरिक्त आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगायी जाती है । भू-राजस्व विभाग द्वारा लगाया जाने वाला

स्टॉल, संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलों का आयोजन, कॉटेज, लोक-रूचि के वस्त्र, भोजन-व्यंजन आदि के अतिरिक्त छोटी-से-छोटी चीज, सूई से लेकर हाथी तक, उपलब्ध होता है । आत्मसमर्पण के बाद जादूगर बने डाकू माधो सिंह इस मेला में जादू दिखाने आते थे । यहाँ नब्बे के दशक तक सर्कस भी खूब लगता था । कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पर्यटक मोक्ष की कामना से गंगा नदी में डुबकी लगाकर स्नान करते हैं । दैनिक जीवनोपयोगी हर प्रकार की वस्तुओं को यहाँ देखा जा सकता है, यहाँ से खरीदा जा सकता है । इस मेला ने अपना कलेवर बदला है और जनता खींची चली आती है ।

बिहार की सांस्कृतिक झलकियों का यह प्रमुख केन्द्र होता है । मनोरंजक गतिविधियाँ प्रतिदिन चलती रहती हैं । नौटंकी, नाच, गायन, वादन अबाध चलता है । सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं । गीत एवं नाटक प्रभाग द्वारा अनेक बहुद्देशीय कार्यक्रम बनाए जाते हैं । यह मेला कई ऐतिहासिक क्षण एवं परम्परा को अपनी गोद में समेटे हुए है । यहाँ अनेक प्रसिद्ध कलाकार हस्तियाँ अपनी कला का जलवा बिखेरा करते हैं । दर्शकों, पर्यटकों के लिए गीत-संगीत का अनूठा आयोजन होता है । 'थियेटर' इस मेले की जान है । लोक-संस्कृति के इस ख्यातिप्राप्त मेला में नौटंकी की मल्लिका गुलाब बाई का जलवा विश्वप्रसिद्ध था । यह वह दौर था जब महिलाओं की भूमिका पुरूष ही निभाते थे । गुलाब बाई प्रथम महिला थीं जिन्होंने नौटंकी में गीत-संगीत की प्रस्तुति का आरम्भ किया । तब शनैः शनैः नौटंकी में महिलाओं का प्रवेश होने लगा था । गुलाब बाई इस मेला की शान थीं । उन्हें इस कला के लिए संगीत नाटक अकादमी अवार्ड तथा 'पद्मश्री' (1990) भी प्राप्त हुआ । उन्होंने 1950 में 'गुलाब थिएट्रिकल कम्पनी' की स्थापना की । उनका मूल नाम गुलाब जान था । नौटंकी के कलाकारों के लिए तब संगीत का ज्ञान आवश्यक माना जाने लगा । 'लैला मजनूँ' की लैला, 'राजा हरिश्चन्द्र' की तारामती, 'शीरीं फरहाद' की शीरीं की भूमिका में गुलाब बाई अत्यन्त प्रसिद्ध थीं । हिन्दी फिल्म 'मुझे जीने दो' का गीत 'नदी नारे ना जाओ श्याम पैंया पड़ूँ' को मूलतः गुलाब बाई ने ही गाया है । प्रसिद्ध हिन्दी आलोचक के अनुसार, फणीश्वर नाथ 'रेणु' के 'मारे गए गुलफाम', जिस पर 'तीसरी कसम' फिल्म बनी', की नायिका मूलतः गुलाब बाई ही हैं । श्री कृष्ण राघव ने इन्दिरा गाँधी नेशनल सेन्टर ऑफ आर्ट्स द्वारा 'एक थी गुलाब' नामक डाक्यूमेन्ट्री तैयार की है । यही नहीं, पेंगुइन इण्डिया द्वारा 2006 में 'नौटंकी की मलिका : गुलाब बाई' प्रकाशित किया जिसका लेखन सुश्री दीप्ति प्रिया मेहरोत्रा ने किया । नौटंकी के संगीत और गायन में गुलाब बाई का बहुमूल्य योगदान है । 1926 में उत्तर प्रदेश के कन्नौज में बेदिया जाति के कृषक परिवार में जन्मी गुलाब बाई ने अपनी बहनों को भी आगे बढ़या । 1996 में उनकी मृत्यु के बाद उनकी पुत्री मधु अग्रवाल कानपुर में इस परम्परा को गुलाब बाई की कम्पनी के द्वारा आगे बढ़ा रही हैं । कानपुर-शैली की नौटंकी गुलाब बाई के कारण ही जगप्रसिद्ध है । कानपुर की रामलीलाओं पर पारसी थिएटर के अतिरिक्त नौटंकी शैली की छाया अद्यतन दृष्टिगोचर होती है । यद्यपि नौटंकी की दूसरी शैली हाथरस-शैली भी है । एक जमाना ऐसा था जब नौटंकी के सहारे कला का प्रदर्शन होता था और सोनपुर मेला की नौटंकी जगप्रसिद्ध थी । लगभग 1830 में ही यहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरम्भ हुआ था, देश-भर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ देते थे । आरम्भ में राम और कृष्ण लीलाएँ भी खूब होती थीं । बाद में, सर्वप्रथम पारसी थिएटर लगाए गए । देश के प्रसिद्ध गायक-गायिकाएँ-नर्तकियाँ-फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगता । कलकत्ता की गौहर बाई, इटावा की तिलोत्तमा, इलाहाबाद की जानकी देवी, पटना की मुहम्मद वादी, राजेश्वरी बाई की महफिले होती थीं ।

सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नरगिस की माँ जद्न बाई कई वर्षों तक अपनी प्रस्तुतियाँ देती रहीं । सोनपुर मेला में गौहर जान द्वारा प्रस्तुत मल्हार-गायन और घनघोर वर्षा का जिक्र आज भी हो जाता है । भींग जाने के बाद भी वे गाती रह गई थीं और श्रोता भी जमे रहे थे । ऐसे कार्यक्रमों को देखने-सुनने के लिए देश-भर से लोग आते थे । आज भी यहाँ थिएटर का अहम् रोल है । बड़ी संख्या में थिएटर देखने के लिए भीड़ एकत्र होती है । गीत-संगीत के बड़े-बड़े कलाकार आमंत्रित किए जाते हैं । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा देश-भर के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होती हैं । सांस्कृतिक-सांगीतिक रूप से यह मेला बहुत समृद्ध रहा है ।

आज, कई कलाएँ न्यून देखने-सुनने में आती हैं परन्तु जब ये आँखों के सामने प्रस्तुत होती हैं, अपनी सांस्कृतिक कलात्मकता को प्राप्त करने, सहेजने, सँवारने, समृद्ध बनाने को हम आतुर हो जाते हैं । ये जीवन्त कलाएँ हैं, इन्हें सींचने-सँवारने की नितान्त आवश्यकता है । इस हेतु चिन्तन-मनन और पहल की दरकार है । आधुनिकता की दौर में हम जीवन्त कलाओं से पीछे छूट रहे हैं । इसके लिए नीतियों का निर्धारण अपेक्षित है । ऐसी अनगिनत आशाओं के साथ 'स्तोम' शोध-पत्रिका का यह अंक अनगिनत नवीन बिन्दुओं पर शोध-आलेखों से सिंचित हो, अपने सुधी पाठकों, जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत है । आपके बहुमूल्य विचार हमारा मार्गदर्शन करेंगे । 'स्तोम' की पूरी टीम को सौहार्दपूर्ण अपेक्षित मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हार्दिक साधुवाद और सभी सुचिन्तक लेखकों, शोध-प्रज्ञों को अनेकशः बधाइयाँ !

नव वर्ष की नव ऊर्जा के साथ नव-नव शुभकामनाएँ,

(लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या')

अनुक्रम

			पृ.सं.
	सम्पादकीय		iv-vii
1.	पं. कुमार गन्धर्व के क्रान्तिकारी विचार	मुकेश गर्ग	01
2.	सामवेदीय लक्षणग्रन्थ 'स्तोभानुसंहारकारिका' : एक परिचय	प्रो. पंकज माला शर्मा	04
3.	A Comparative Study of Carnatic-Mridangam Drum and Sri Lankan-Kandyan Drum	Prof. K. Shashi Kumar W.M.H.G.U.I.T.B. Weerakoon	06
4.	भारतीय स्वाधीनता संग्राम और राष्ट्रकवि दिनकर	प्रो0 (डॉ.) छाया सिन्हा	18
5.	योग का तबला–वादन में प्रयोग	प्रो0 डॉ वसुधा सक्सेना	21
6.	मगही लोकनाट्य में संगीत	प्रो. निशा झा	24
7.	Exploring the Blend of Kathak Dance and Maand: Deciphering Influences, Rhythmic Designs and Melodic Configurations	Dr. Parul Purohit Vats	28
8.	Emerging Technologies in Music Education	Dr. Sangeeta	34
9.	महिलाओं द्वारा प्रस्तुत गीति–लोकनाट्य : एक अध्ययन	डॉ. अरविन्द कुमार	39
10.	Library : As a Preserver and Promoter of Cultural Heritage of India	Pramanna Gurung	43
11.	Sankīrṇa Rāga Lakṣanā	Sharanya Sriram	48
12.	Comparative study of types of heroines in separation in the Bandish-es of Hindustani music: with reference to Ashtanayika-s	Dr. Swapnil Chandrakant Chaphekar	53
13.	In Search of Ingenuity and Freshness: A Brief Study of The Excerpts from Jean Dubuffet's "In honor of savage values"	Somaditya Datta	59
14.	Recycling and Upcycling Fashion : A Reusing, Reprocessing and Remaking The Used Clothing in a Sustainable Occurrence	Subarna Ghosh	68
15.	हिन्दी चित्रपट संगीत में भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक संगीत का प्रयोग : निरीक्षण एवं समीक्षा	डॉ. सिमरप्रीत कौर	76
16.	'संगीतरत्नाकर' के स्वरगताध्याय की प्रासंगिकता	डॉ0 दीप्ति श्रीवास्तव	81

17.	महाकवि विद्यापतिरचित ऋतुगीतों का सौन्दर्यात्मक पक्ष	डॉ0 जगबन्धु प्रसाद	84
18.	हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में 'राग' की अवधारणा	श्रीप्रकाश पाण्डेय	89
19.	विज्ञापन कला एवं कम्प्यूटर तकनीक माध्यम पर विमर्श	चारू यादव संजीव किशोर गौतम	93
20.	Ideal Institute for Performance Oriented Education in Classical Music : A Layout	Dr. Monika Soni	99
21.	The Ancient Art Form of Puppetry and its different types in India	Dhananjay Kumar	105
22.	किन्नौर के देवी–देवताओं के गीत	डॉ. सरिता नेगी	110
23.	The Carving and Relief Sculptures of The Northeast : Special Emphasis on Unakoti in Tripura as A Site of Historical Significance	Debabrata Das	116
24.	Digital Literacy and its influencing characteristics for human resources working in the fashion industry	Suranjan Lahiri	121
25.	The Progress and Obstacles of The Fashion Industry in India Post-colonial Rule; The Opportunity to Embrace Sustainability in its Operations and The Recent Scenario Post-Pandemic	Srijana Baruah	130
26.	उपशास्त्रीय संगीत के अंतर्गत प्रमुख गायन–शैलियों का सौन्दर्य पक्ष एवं प्रयोग	डॉ. स्मृति त्रिपाठी	137
27.	अमूर्त कला के प्रतीकों का महत्व	डॉ0 सुनील कुमार पटेल	140
28.	A Dialectics of Narrative Voices: (Re) Reading Nayomi Munaweera's Island of a Thousand Mirrors	Ms. Sisodhara Syangbo	146
29.	Indian Tribal Art and Its Application in Textiles	Ms. Anshu Singh Choudhary Dr. Deepti Pargai	151
30.	पंजाब की प्रसिद्ध लोक कला 'फुलकारी'	डॉ. कमल जीत सिंह	163
31.	Cascading Whispers: Unveiling the Mellifluous Metaphor of the Slumbering River in When the River Sleeps - A Serendipitous Ecological Sojourn amidst Nature's Embrace.	Kanseng Shyam	167
32.	भारतीय वृन्द–वादन/कुतप का ऐतिहासिक विकास क्रम	डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य	172
33.	स्वतंत्रता पूर्व काल में संगीत की स्थिति	डॉ. आकांक्षी	175
34.	भोजपुरी लोकगीतों में साहित्य	डॉ. ऋचा वर्मा	179
35.	मिथिलांचल में विवाह संकीर्तन और स्नेहलता के पद	डॉ. ममता कुमारी	183

36. Studio Theatre as a Revolution in Theatre — Manish Joshi, Dr. Smriti Bhardwaj — 186
37. An Empirical Study on the Objectification of Women in Bollywood Item Songs — Junny Kumari — 189
38. कथक नृत्य एवं ठुमरी — डॉ. पूजा चौधरी — 194
39. 19वीं शताब्दी की भक्तिपरक बन्दिशों के प्रमुख वाग्गेयकार — डॉ. सर्वेश शर्मा — 199
40. A Comprehensive Examination of Instagram's Influence on the Young Generation's Musical Taste — Soummay Ghosh — 205
41. तबला–वादन में रचना एवं रचना विस्तार सौन्दर्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन — शशी रॉय — 213
42. संगीत शिक्षा की प्राचीनकालीन शालेय शिक्षण–प्रणाली — एलिस गुप्ता — 216
43. व्यक्तित्व विकास में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की भूमिका — डॉ. खिलेश्वरी पटेल — 220
44. साहित्य–संगीत एवं ललित कलाएँ : सम्बंध, महत्त्व एवं परम्परा — डॉ. कपिल देव — 224
45. सौन्दर्यशास्त्र की भारतीय परंपरा की विवेचना — डॉ. रूचि मिश्रा — 229
46. Importance of Expertise in 2d Classical Animation Art in Today's Animation Industry in India — Dr. Loveneesh Sharma, Lt. Jayanta Roychowdhury — 235
47. Sufi : It's Impact On Indian Music — Dr. Jyoti Sharma — 243
48. Peekaboo : Peeking through Design Trends- Past, Present & Future — Radhika Kishorpuria — 248
49. Translation of the Tribal Songs of Bhutia Community of Darjeeling Hills — Dr Kaustav Chakraborty — 251
50. Resignification of Buddhism; Eastern Himalayas in-between remembering and forgetting — Nimu Sherpa — 258
51. The Portrayal of Queer Characters in Indian Web Series : The Lesser Problematic Space — Shatabdi Chakraborty — 264
52. भारतीय क़व्वाली गायकी के परिवेश में शिष्य एवं वंश–परम्परा : एक दृष्टि — डॉ. वैभव कैथवास — 271
53. बौद्ध धर्म में संगीत का प्रचार–प्रसार — दीपक वर्मा — 276
54. Music and Social Bonding: Analyzing the Role of Music in Building and Strengthening Relationships — Dr. Ram Manohar Sharma — 281
55. Origin, History and Development of Tabla – A Study — Dr. Nikhil Bhagat — 290
56. A brief study of Indian Theatre evolution -Architecture and Style — Dr. Jyoti Singh — 296

57. Harmony in Motion: Exploring the Enigmatic World of Mudras in Indian Iconography and Classical Dance — Simer Preet Sokhi 303
58. The Science of Sound and Recording : A Brief Study — Dr. Renu Gupta 309
59. भारतीय संगीत में गज़ वाद्यों की परम्परा : एक अध्ययन — खुश पॉल, डॉ. श्वेता कुमारी 315
60. Ethnic Community and Cultural Tradition in The Context of Globalization: A Study on Dimasa Ethnic Group of Barak Valley, Assam — Dr. Binoy Paul 320
61. कालिदास की रचनाओं में प्रकृति–चित्रण के शिल्पगत सौंदर्य की अभिव्यंजना — डॉ. रंजना उपाध्याय 326
62. संगीत के परिप्रेक्ष्य में : भूत, वर्तमान और भविष्य — डॉ. रोज़ी श्रीवास्तव 330
63. नाट्यशास्त्र में भरत की रस परिकल्पना — डॉ. ज्ञानेश चन्द्र पाण्डेय 333
64. निम्बार्क सम्प्रदाय के मन्दिरों में प्रचलित गायन विधाएँ — डॉ. गौरव शुक्ल 335
65. 'संगीत शिरोमणि' पंडित प्रह्लाद प्रसाद मिश्र 'दास पिया' : संगीत और व्यक्तित्व — डॉ. सौरव कुमार नाहर 339
66. संत कबीर की विचारधारा में हठयोग के सिद्धान्तों का समीक्षा — डॉ. ज्योति शर्मा 342
67. उत्तरी तथा दक्षिणी संगीत के पृथक् होने से पूर्व की स्थिति, उसके कारण तथा प्रभाव — डॉ. शालिनी ठाकुर 346
68. हरियाणवी लोकगीतों में भावों के उद्गारक तत्त्व — डॉ. रचना 353
69. विज्ञापन–कला द्वारा उपभोक्ता–समाज की भाषिक संवेदना का विदोहन — डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव 357
70. विश्वविद्यालयीय संगीत शिक्षा में शिक्षण प्रविधि व नई शिक्षा नीति — डॉ. श्वेता केशरी 363
71. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की समस्याएँ एवं समाधान : संगीत के संदर्भ में — डॉ. ममता यादव 368
72. सोहराई चित्रकला एवं संस्कृति — सितेन्द्र रंजन सिंह 372
73. The Application of Wood Gravure Printing in Dasha Mahavidya — Jayanta Naskar 376
74. Uniqueness of the Gat of Tabla — S Sai Ram 380
75. Performing Arts between Tradition and Contemporaneity (with special reference to teaching learning in Bharatanātyam) — Deepthi Radhakrishna, Dr. Shobha Shashikumar 388
76. ManobodhaChautisa : A magnificent literary composition by the eminent Bhakta Poet, Sri Bhakta Charan Das of Odisha — Dr. Bilambita Banisudha 393
77. Challenges for Communication in the Era of Social Media — Dr. Bala Lakhendra 401
78. बहुलतावादी बोध के कवि भवानी प्रसाद मिश्र — डॉ. अविनाश कुमार सिंह 407
79. मानव जीवन में संगीत का महत्व — डॉ. आशुतोष शर्मा 414

80.	उत्तर भारतीय संगीत में राग एवं उससे उत्पन्न रस : एक महत्वपूर्ण तत्त्व	अलंकार महतोलिया	419
81.	निर्गुण भक्ति के प्रणेता कबीर दास	मेघना कुमार	423
82.	कुमाऊँ की लोक संगीत–परम्परा	डॉ. रवि जोशी कमल जोशी	427
83.	कालिदास साहित्य में कला–वैभव	अंकिता आर्य डॉ. जी. एल. पाटीदार	434
84.	उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में किराना घराना	प्रियंका सहवाल डॉ. सुभाष विश्नोई	439
85.	The Significance of Folk Music and Media in India's Freedom Struggle	Badshah Alam Prabhat Kumar Dubey	442
86.	भारतीय संगीत में वैश्वीकरण का प्रभाव : एक अध्ययन	डॉ. पंकज शर्मा	447

पं. कुमार गन्धर्व के क्रान्तिकारी विचार

मुकेश गर्ग

यह ऐतिहासिक इंटरव्यू मैंने अप्रैल 1990 में दिल्ली के गान्धर्व महाविद्यालय में लिया था। बड़ी मुश्किल से पंडित जी इसके लिए तैयार हुए थे। जब नवभारत टाइम्स में इसका प्रकाशन हुआ तो वह इतने प्रसन्न हुए कि दिल्ली की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने नवभारत टाइम्स की इस क्लिपिंग को सब पत्रकारों के सामने लहरा कर पूछा था– ''हिन्दी को छोड़िए, क्या किसी अन्य भाषा में भी कभी किसी ने मेरे ऊपर ऐसा लिखा है?'' मैं उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं था, पर यह बात मुझे वहाँ मौजूद इलाहाबाद के संगीतज्ञ स्वर्गीय पं. शांताराम कशालकर और दिल्ली में हिन्दुस्तान टाइम्स के संगीत–समीक्षक स्वर्गीय श्री आर.एन. वर्मा ने बाद में बताई थी। साक्षात्कार के समय प्रयाग शुक्ल, मधुप मुद्‌गल, कलापिनी कोमकली और रवीन्द्र मिश्र भी मौजूद थे।

मैं घराने की कुलीगीरी नहीं करता

कुमार गन्धर्व यानी हिन्दुस्तानी संगीत का नया सौंदर्यशास्त्र। कुमार गन्धर्व यानी बगावत। घरानों के खिलाफ बगावत। ऐसी बगावत जिसने घरानों के नाम पर चली आ रही 'श्रेष्ठता' का पर्दाफाश किया। बताया कि नकल कर लेने से कोई बड़ा नहीं होता। बड़ा होता है सृजन से, कुछ नया रचने से। "मैं तोताराम नहीं हूँ" कहना है उनका।

कुमार गन्धर्व की बगावत से घरानेदार संगीत के हिमायतियों में खलबली मच गयी। जिन्हें अभिमान था कि संगीत को घरानों ने पनपाया है, उनके सामने अब ऐसा आदमी आ खड़ा हुआ जो कह रहा था कि घरानों की ही वजह से हमारा संगीत नीचे गया है। यह कोई छोटी बात नहीं थी, वह भी आज से चालीस साल पहले।

नतीजा यह कि हर तरफ से हमले होने लगे कुमार पर। कोई कहता– ''ये भी कोई गाना है इयेऽऽ करके बिल्लियों की तरह आवाज निकालना!'' (आचार्य बृहस्पति)। बहुतों को कुमार के राग–रूपों से शिकायत होने लगी– ''अगर राग के परंपरागत रूप की रक्षा नहीं कर सकते तो उसका नाम बदलकर कुछ और क्यों नहीं रख लेते?'' किसी ने इल्जाम लगाया– ''मेरे बनाए राग 'वेदी की ललित' में तुमने तीव्र निखाद लगा दी और कह दिया लगनगंधार! हमारे राग के ऊपर तुम एक सुर और नया लगाते हो!!'' (पं. दिलीपचन्द्र वेदी)। गरज यह कि परंपरा के प्रति भावुक लगाव रखने वाला हर संगीतज्ञ कुमार गन्धर्व को एक खतरे के रूप में देखने लगा। और यह गलत भी नहीं था। कुमार ने उन जड़ों को जोरदार झटका दे दिया था, जिन पर हिन्दुस्तानी संगीत का वटवृक्ष सीना ताने खड़ा था।

क्या सचमुच कुमार परंपरा–विरोधी हैं, इसकी पड़ताल के लिए हमने उन्हीं से पूछा– ''कुछ लोगों का आरोप है कि आप परंपरा को नहीं...।" इतना सुनना था कि आवेश में आ गए– ''परंपरा के ऊपर आप क्यों इतने लट्टू होकर बैठे हैं? हमको समझ नहीं आता। फिर क्यों नहीं रहते आप पुरानी तरह से? यह इतना फालतू लफ्ज है। लोग इसमें क्यों इतने अटके हैं? आप आगरा–फोर्ट देखने जाइए न! मैं तो नकार नहीं कर रहा। हम भी जाते हैं आपके साथ। अच्छा भी लगता है। आपको फिर राजा लोग चाहिए क्या? फिर बैलगाड़ी चाहिए आपको? यानी, फिर कुआँ चाहिए क्या? तो फ्लश–संडास निकाल दीजिए घर से। आपको फ्लश–संडास भी चाहिए घर में, नल भी चाहिए और कुआँ भी चाहिए। और कुआँ का अभिमान भी छूटना नहीं चाहिए आपको!''

जवाब सुनकर मैं हैरान रह गया। कैसी बेलाग टिप्पणी है हमारे दोगले जीवन–मूल्यों पर। 'फिर राजा लोग चाहिए क्या' में कितनी गहरी समझ है। किसी कट्टर घरानेदार से यह वाक्य सुनने को नहीं मिलेगा आपको। उलटे रजवाड़ों के न रहने का रोना ही सुनेंगे उससे। यह वो चीज है जो एक तरफ कुमार गंधर्व की समाज–सापेक्ष चिंतनशीलता का सबूत देती है, तो दूसरी तरफ उनकी गायकी का रहस्य भी खोलती है। यह बताती है कि क्यों परम्परागत गायकी और कुमार गंधर्व की गायकी एक–दूसरे

को पीठ दिए बैठी रहती हैं। एक ही उत्स से जन्म लेकर भी क्यों दोनों अलग दिशाएँ पकड़ती हैं और आगे जाकर उन में इतनी दूरी आ जाती है कि समझौते की सम्भावना तक बाकी नहीं बचती।

असल में हमारे ज्यादातर संगीतज्ञ, जिन में पढ़े–लिखे भी हैं, 'परम्परा' का जो मतलब समझते हैं, गड़बड़ उसी में है। उनकी नजर में परम्परा का अर्थ है पिछली पीढ़ियों से मिली कलात्मक सम्पदा को ज्यों–का–त्यों अपना लेना। उसी को शुद्ध और आदर्श मानना। उस में जरा–सी मिलावट, प्रयोग की हलकी–सी आहट भी उन्हें विचलित कर देती है। ताज्जुब की बात यह है कि इन में ऐसे लोग भी हैं, जो मानते हैं कि हमारा संगीत कभी एक–सा नहीं रहा, बदलता रहा है। आप उनसे कह दें कि आज की जरूरतों के हिसाब से कुमार गंधर्व भी संगीत को बदल रहे हैं तो वे आपे से बाहर हो उठेंगे– "यह बदलना नहीं, शास्त्रीय संगीत की धज्जियाँ उड़ाना है।"

जो हो, कुमार को इस सबकी परवाह नहीं। ऐसा इसलिए नहीं कि वे दुराग्रही हैं, अहंकारी हैं और बुजुर्गों की इज्जत नहीं करते। बल्कि इसलिए कि 'परम्परा' क्या है, इसके मर्म को उन्होंने समझ लिया है। वह जानते हैं कि पुरखों ने जो कुछ पैदा किया, अपने जमाने के हिसाब से किया। वह यह भी जानते हैं कि जो कलात्मक विरासत हमें मिली है, उसे हमारे पूर्वजों ने ही सदियों की जद्दो–जेहद के बाद हासिल करके हमें दिया है। उन्हें मालूम है कि इस धरोहर में ऐसा बहुत–कुछ है, जो हमारे काम का है। मगर, साथ ही वह यह भी जानते हैं कि इसमें बहुत–कुछ ऐसा है जो आज सार्थक नहीं रह गया, जो मरणासन्न है। हमारी परम्परा में क्या जीवन्त है और क्या मृत, इसको पकड़ने वाली बारीक नजर कुमार गंधर्व के पास मौजूद है। इस नजर ने ही वह ताकत दी है, जो कदम–कदम पर बाधाओं के बावजूद उन्हें अपने पथ से विचलित नहीं होने देती। वह मजबूती दी है, जो चौतरफा हमलों के बावजूद उन्हें समझौता नहीं करने देती। व्यावसायिक मंच से जुड़े होने पर भी इतना बड़ा खतरा मोल लेने का साहस कुमार गंधर्व की काठी का आदमी ही दिखा सकता है।

मजे की बात है कुमार अपने को सच्चा परम्परावादी मानते हैं– "मेरे जितना ऑर्थोडॉक्स कोई है ही नहीं। कोई नहीं है संगीत में मेरे जितना ऑर्थोडॉक्स।'' कितना आत्मविश्वास है उन्हें– "और मैं ऑर्थोडॉक्स हूँ, इसीलिए कुछ कर सकता हूँ। आप फंडामेंटल विचार करना छोड़ बैठे हैं संगीत में, तो इसमें मेरा क्या कसूर।"

इसीलिए कुमार गन्धर्व को स्वच्छंदतावादी कह देना इतना आसान नहीं। 'स्वच्छंदता' से निजी स्वार्थ की और परम्परा के तिरस्कार की गंध आती है। कुमार में ये दोनों ही नहीं हैं। उनका विद्रोह स्वैराचार नहीं है। बंधनों से मुक्ति नहीं चाहता वह। "राग–संगीत में बंधन है। जितना बंधन आप डालेंगे, उसका 'पावर' बढ़ता जाता है।" किसी स्वच्छंदतावादी से कभी सुनी है आपने ऐसी बात ?

कुमार गन्धर्व 'बंधनयुक्त स्वैर' में विश्वास करते हैं। 'स्वैरयुक्त बंधन' में उनकी दिलचस्पी नहीं। बंधन ज्यादा और फिर स्वैर यानी स्वच्छंदता। यह बड़ा मुश्किल है। बंधन वह खुद पैदा करते हैं। राग लगनगंधार के उतरे–चढ़े दोनों कोमल गंधार और दोनों कोमल निषाद उन्होंने खुद बनाए। खुद बंधन तैयार किया अपने लिए। बार–बार उसे निभाते हैं, बँधते हैं। अपनी ही रस्सी से जकड़ते हैं खुद को। जेवड़ा तुड़ाकर नहीं भागते, खुद खूँटे से बँधते हैं। मगर यह जेवड़ा उनका अपना ही है, खूँटा भी अपना है। अपना कहना भी गलत है। यह रस्सी, यह खूँटा अपनी विरासत को समझने, उसे आत्मसात करने से पैदा हुए हैं। हमारी परम्परा के सकारात्मक हिस्सों का निचोड़ है इनमें।

कुमार गन्धर्व का संगीत आदमी की पुनर्प्रतिष्ठा की जबरदस्त कोशिश है। हमारे रागदारी संगीत का अधिकांश आज भी दरबारी मानसिकता से जकड़ा है। वह भी उस दौर की मानसिकता से जब रजवाड़े अंतिम साँसें ले रहे थे। दरबारी संगीत पूरी तरह आदमी से कट गया था। तानबाजी की विकरालता और लयकारी के गणितीय चमत्कार हावी हो चले थे। असुरक्षा की भावना ने अपने गुर छिपाने की मजबूरी उस्तादों के सामने ला धरी थी। गोपनीयता की इस प्रवृत्ति ने समाज के बड़े हिस्सों से संगीत का रिश्ता खत्म कर दिया। कला जब सिमट कर बिलों में घुसने लगे तो जिंदगी की ताजा हवा से उसका महरूम हो जाना लाजिमी है। वह बीमार पड़ जाती है। आदमी से डरने लगती है। यह अकारण नहीं कि आज भी शास्त्रीय संगीतज्ञों का एक बड़ा हिस्सा अपने संगीत को आम आदमी से दूर रखने की सिफारिश करते कोई शर्म महसूस नहीं करता।

कुमार ने हमारे रागदारी संगीत को ताजा हवा में साँस लेने का मौका दिया है। जड़ बंधनों को काटकर उसे पनपने और फिर से तंदुरुस्ती हासिल करने का अवसर दिया है। लोक–संगीत का उनका अभ्यास उनके रागदारी संगीत को ऑक्सीजन देता है। इस तरह उनका संगीत अभिजात होते हुए भी लोकोन्मुखी है। लोक उसमें अनायास घुल गया है। बेशक उसका चरित्र उच्चवर्गीय है, मगर खाद–पानी जुटाने के लिए वह बार–बार जमीन से जुड़ता है। उससे रस–ग्रहण करता है। इसके लिए कुमार सोची–समझी कोशिश नहीं करते। लोक–संगीत का उनके रक्त में घुल–मिल जाना अनजाने इस प्रक्रिया को सम्पन्न कराता रहता है।

कुमार गन्धर्व की शिकायत है कि घरानों ने हमारे संगीत की सर्जनात्मकता समाप्त कर दी है। वे कलाकार से कुलीगीरी कराते हैं। "कुलीगीरी यानी लीक पर चलना, जो पुराने कहते चले आ रहे हैं, उसे कहना। बोझ लेकर चलना। घराना तो एक बोझा ही हुआ न। मेरे अपने संगीत का जब मुझ पर बोझा नहीं, तो आपका बोझा कहाँ लेता फिरूँ मैं! मैंने कल जो गाया, वह खतम हो गया। आज फिर फ्रेश विचार करूँगा। मेरे पास राग है और ताल है। जो गाया, उसको काहे को, क्यों याद रखूँ? आप जब लिखते हैं, तो कुछ याद करते हैं क्या? कविता करते में कुछ याद करते हैं आप? एक कविता करने के बाद दूसरी लिखते वक्त पहली को याद करते हैं आप? अच्छी पेन्टिंग करने के बाद नई पेन्टिंग बनाते समय आपको उसे याद रखना पड़ता है क्या? फिर संगीत से ही ऐसी उम्मीद क्यों करते हैं? संगीत को आप फिर कला क्यों कहते हैं? बहुत कुछ याद करके आप विद्वान भले ही हो जाएँ, ज्ञानी नहीं हो सकते। एक तरफ कलाकार कहना, दूसरी तरफ सृजन का बिलकुल लोप, यह कैसे? यह तो जमती नहीं बात। हमारे विचार में नहीं जमती। रोज आपको नई भूख लगनी चाहिए, तो ही आपका पेट है और आप जिंदा हैं। आप 'म्यूजियम' क्यों बनते हैं?"

कुमार गंधर्व के ये सवाल किसी सिरफिरे के सवाल नहीं। न किसी एक आदमी के सवाल हैं ये। हमारा पूरा युग इनके पीछे हिलोरें ले रहा है। सामंती कला के सामने लोकतंत्री आशा–आकांक्षाओं से पैदा हुए सवालिया निशान हैं ये। दरबारी सौंदर्यशास्त्र के खिलाफ जनतन्त्री सौंदर्यशास्त्र की बगावत हैं ये। इन्हें झुठलाया नहीं जा सकता, दबाया नहीं जा सकता।

सामवेदीय लक्षणग्रन्थ 'स्तोभानुसंहारकारिका' : एक परिचय

प्रो. पंकज माला शर्मा *

सारांश

चारों वेदों में सामवेद का विशेष महत्त्व है। यह गान का वेद है और साम का गान ऋचा पर आधरित होता है। सामगान करते समय ऋग्गत पदों का स्वरूप ज्यों–का–त्यों न रह कर काफी परिवर्तित हो जाता है। ऋचा के अतिरिक्त कुछ वर्णों या पदों का प्रयोग भी सामगान करते समय किया जाता हैं जिन्हें 'स्तोभ' कहते हैं। सामवेद के लक्षण ग्रन्थों में स्तोभ के स्वरूप तथा इनके प्रयोग का विधान प्राप्त होता है। स्तोभ का वर्णन ऋग्वेद, ब्राह्मण आदि में प्राप्त होता है। यज्ञों में सामगान एक आवश्यक अंग होने कारण स्तोभगान का व्यवहार भी बढ़ा तथा अनेक लक्षणग्रन्थ स्वतन्त्र रूप से 'स्तोभ' पर ही लिखे गये। बहुत से ग्रन्थों के नाम वैदिक साहित्य में उल्लिखित हैं। 'स्तोभानुसंहार कारिका' नामक ग्रन्थ में स्तोभ के स्वरूप, तकनीक तथा व्यवहार का वर्णन किया गया है। प्रस्तुत पत्रमें स्तोभ की परिभाषा, लक्षण तथा स्वरूप का उल्लेख करते हुए 'स्तोभनुसंहारकारिका' का परिचय प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

कुंजी शब्द : *स्तोभ, सामगान*

प्रविधि : *मूल ग्रन्थ अध्ययन*

'स्तोभ' पद स्तुति अर्थ की वाचक स्तुभ धातु से निष्पन्न होता है। ऋग्व्द में गान के लिए 'स्तोभ' शब्द का प्रयोग प्राप्त होता है। 'स्तोभतः, स्तोभन्ति', 'स्तोभतु' आदि क्रियापदों का प्रयोग ऋग्वेद में मिलता है। जैसे ऋग्वेद 1.62.4 में स्वर के विशेषण के रूप में 'सुष्टुभा' और 'स्तुभा' पदों का प्रयोग हुआ है।[1] प्रारम्भ में यह 'स्तोभ' पद सामान्य गान के अर्थ में था लेकिन परवर्ती काल में ऐसे गान के लिए रूढ़ हो गया जो बिना ऋचा के आधार से गाया जाता था। ऋचा के ऊपर सामगान करते समय कभी कोई पद या कोई अक्षर को जोड़ कर गान किया जाता था। इस प्रकार परवर्ती काल में 'स्तोभ' एक पारिभाषिक शब्द बन गया।

सर्वप्रथम संहितोपनिषद् ब्राह्मण में 'स्तोभ' के स्वरूप का उल्लेख करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया है कि स्तोभ सामयोनि ऋक् में तो कहीं नहीं होते किन्तु सामगान में सर्वत्र प्रवृत्त होते हैं।[2] जैमिनी ने मीमांसा सूत्र में स्तोभ का लक्षण करते हुए लिखा है कि वे वर्ण या पद जो ऋक् में अविद्यमान हो स्तोभ कहलाते हैं।[3] माधवाचार्य ने जैमिनि न्यायमालाविस्तर में जैमिनि के मत को ही स्वीकार किया है।[4] संहितोपनिषद् ब्राह्मण, पुष्पसूत्र तथा सामतन्त्र में स्तोभ को 'सामगान' के विकारों के अन्तर्गत माना है। संहितोपनिषद् ब्राह्मण में अठारह पुष्पसूत्र में बीस तथा सामतन्त्र में चौतीस विकार उल्लिखित हैं जिन्हें 'भाव' भी कहा है। छान्दोग्य उपनिषद् में स्तोभाक्षरों को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा साम के अवयव के रूप में उल्लेख किया गया है। वहाँ स्तोभाक्षरों का विभिन्न देवताओं के साथ सम्बंध भी दिखाया गया है।[5] सामवेद के प्रातिशारण्य ग्रन्थों में केवल स्तोभों का ही विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है।

'स्तोभानुसंहारकारिका' सामवेद का लक्षण ग्रन्थ है जिसमें स्तोभ का विस्तृत विवेचन किया गया है। यह आकार में संक्षिप्त है। इसके लेखक का नाम ज्ञात नहीं। इसके हस्तलिखित ग्रन्थ में लेखक का नाम नहीं है। इस ग्रन्थ के तीन खण्ड हैं। इन खण्डों के अन्तर्गत श्लोक रूप में स्तोभ के लक्षण उदाहरण सहित वर्णित हैं। श्लोक अनुष्टुप् छन्द में है। तीन खण्ड तीन पटल भी कहे जाते हैं जिनमें पद्य रूप में कारिका ये हैं। इसमें कुल चौवालीस (44) कारिकायें हैं। प्रथम खण्ड या पटल में 16, द्वितीय में 11 तथा तृतीय में 17 (16+11+17) कुल 44 कारिकायें हैं। विषय वस्तु इस प्रकार है–

प्रथम खण्ड में स्तोभ का लक्षण बताते हुए कहा गया है कि ऋक् के मूल से अतिरिक्त जो कुछ अधिक या द्विरुक्त अर्थात् दो बार कहा गया दिखायी पड़ता है उस वर्ण को शास्त्र चिन्तक ऋषि स्तोभ मानते हैं।[6] स्तोभ गान

*चण्डीगढ़

करते समय ऋक्पद् के पूर्व प्रयुक्त होता है वैसा ही बाद में भी प्रयुक्त होता है अर्थात् विद्यागीतों में स्तोभ आदि तथा अन्त में ही दिखायी पड़ता है। इन पद तथा पाद स्तोभों के दो भेद अन्वयी अथा अनुषंगी कहे गये हैं। अन्वयी स्तोभ वह है जो पद के आदि में प्रयुक्त होता है तथा अनुषंगी स्तोभ वह है जो पद के बाद में जोड़ा जाता है।[7] विभिन्न ऋचाओं पर गाये जाने वाले सामों में स्तोभ के गान का विधान इसी खण्ड में किया गया है।

द्वितीय खण्ड ये ग्यारह कारिकाओं के अन्तर्गत विभिन्न सामों में प्रयुक्त होने वाले स्तोभ के प्रकार तथा मात्राकाल का वर्णन है। जैसे संकृति साम (साम. 1.139) में एक मात्रा का स्तोभ होता है।[8] ऋचा के पद के पूर्व या पश्चात् आने वाला स्तोभ पद स्तोभ तथा ऋचा के पाद के पूर्व या पश्चात् आने वाला पाद स्तोभ कहलाता है। अभ्यास पदों में स्तोभ तथा गान की भक्ति निधन में स्तोभ के प्रयोग के विधान भी बताये गये हैं। राजन, रौहिण, अभ्रातृव्य, एक वृष, सत्रस्यऋद्धि, अंगिरसां व्रत, रथन्तर, विष्णोव्रत, दीवाकीर्त्य, राक्षोघ्न आदि सामों में स्तोभ पदों का विधान करते हुए स्तोभ के प्रयोग एवं महत्त्व वर्णित है।

तृतीय खण्ड में सोलह पद्य है। यहाँ विभिन्न सामों में स्तोभ के प्रयोग में विकल्प भी उल्लिखित हैं। यह भी कहा गया है सभी सामों में ऋचा (आम्नाय) से भिन्नता अवश्य होनी चाहिए।[9] एक मन्त्र में यह भी कहा है कि पद, पाद, विधा, मात्रा, छन्द, देवता, ऋषि तथा ब्राह्मण को जानकर ही सामगान का प्रयोग करना चाहिए।[10] वही ब्राह्मण सामगान के लिए योग्य है जो अक्षर का ज्ञाता हो, विराम करने के नियमों का ज्ञाता हो, कब गान प्रारम्भ करना है इसे जानता हो, तथा स्वर एवं मात्रा के विभाग का ज्ञाता हो। जो शब्दों को सम्यक् प्रकार से जानता है, जो यज्ञ प्रक्रिया की मीमांसा करता है, तथा सामस्वरगानविधि का ज्ञाता है, वह पंक्तिवान ब्राह्मणों में भी सबसे अधिक पवित्र माना जाता है।[11] यह भी धारणा थी कि सम्पूर्ण पृथिवी का भ्रमण करके भी यदि यज्ञकार्य करने के लिए सामों के प्रत्येक अक्षर का चिन्तन करने वाला सामगायक मिल जाता हे तो सम्पूर्ण श्रम सार्थक हो जाता है।[12]

सामगान में स्तोभ के प्रयोग का विशेष महत्त्व होता है। ऋचाओं के ऊपर गान में तथा पाद में किस प्रयोजन से स्तोभपदों का प्रयोग किया जाता है इस बात को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वस्तुतः सामों के (ऋचाओं के साथ) नग्न न होने के लिए उन ऋचाओं के गान में इन स्तोभों का प्रयोग किया जाता है। वस्तुतः स्तोभ साम के आभूषण हैं।[13] तात्पर्य यह है कि ऋचा का मात्र गान करना उतना रूचिकर एवं सौन्दर्यपूर्ण नहीं होता, वही गान जब स्तोभ पदों के साथ स्वर और मात्रा में सम्मिलित रूप से किया जाता है तो गान को सौन्दर्यात्मक अलंकरण प्राप्त हो जाता है। सामगान कितना तकनीकी था कि ऋचा का ध्यान रखते हुए स्तोभ आदि सभी क्रियाओं को साधकर प्रस्तुत किया जाता था। परिणामतः सामगान की एक हजार शारणायें हुई। यह विद्या गुरू के पास अध्ययन करने से ही सीखी जा सकती थी। आचार्य स्वयं साधना से सामगानों को कण्ठस्थ रखते थे और विद्यार्थी को भी धैर्य एवं परिश्रम के साथ सिखाते थे। सामगान का विस्तार बहुत था। कई बार आचार्य स्तोभ यदि क्रियाओं को कथन मात्र से भी बताते थे। ऐसा संकेत भी इस ग्रन्थ के अन्त में प्राप्त होता है। वहाँ कहा गया है कि कुछ आचार्य लाघव की इच्छा से यानि संक्षेप में केवल कथन मात्र से स्तोभ के प्रयोग को बता देते थे लेकिन व्यवहार के समय तो पूर्ण गान ही करना होता था।[14]

इस प्रकार इस ग्रन्थ में स्तोभ की परिभाषा, लक्षण, स्वरूप, तकनीक का उल्लेख सोदाहरण किया गया है। आकार में संक्षिप्त होने पर भी अत्यन्त सारगर्भित एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसका सम्पादन, हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रो. ब्रजबिहारी चौबे जी द्वारा किया गया जो वेद विद्या केन्द्र, रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता द्वारा सन् 1914 में प्रकाशित हुआ।

सन्दर्भ :

1. स सुष्टुमा स स्तुभा सप्तविप्रैः स्वरेणादि स्वर्यो नवग्वैः। ऋ. 1.62.4
2. सर्वत्रगताः स्तोभाः सर्वत्रनिवृताः सर्वत्रप्रवृत्ताः।। सहि.ब्रा. 2.3
3. अधिकं च विवर्णं च जैमिनिः स्तोभशब्दत्वात्। जै.सू. 9.2.39
4. अधिकत्वे सति ऋग्विलक्षणवर्णः स्तोभः। न्याः मा.वि. 9.2.11
5. द्र. लेखिका की पुस्तक सामगान उद्भव. व्यवहार एवं सिद्धान्त, पृ. 376
6. ऋचो यदधिकं किञ्चिद् द्विरूक्तं वाऽपि दृश्यते।
स्तोभत्वं तस्य मन्यन्त ऋषयः शास्त्रचिन्तकाः।। स्तोभ. 1.16
7. स्तोभानुसंहारकारिका 1.3
8. वही 2.1
9. आम्नायेनाल्पभिन्नं तु कर्तव्यं सर्वसाम सु। स्तोभ. 2.10
10. वही 2.12
11. वही 2.13–14
12. वही 2.15
13. किमर्थमनुसंहार्यो विद्यौ पादेपुनर्भवेत्।
अनग्नत्वातु वै साम्नां न्याय एष विधीयते। स्तोभ 3.16
14. उद्धारः पुनराचार्यैः स्वाध्याये लाघवार्थिभिः।
प्रोक्तस्तस्मिन् प्रतिष्ठा च संहारस्तेन इष्यते। स्तोभ. 3.17

A Comparative Study of Carnatic-Mridangam Drum and Sri Lankan-Kandyan Drum

W.M.H.G.U.I.T.B. Weerakoon** **Prof. K. Shashi Kumar***

Abstract

This comparative study delves into the world of percussion instruments, specifically exploring the Carnatic Mridangam Drum from South India and the Sri Lankan Kandyan Drum. Both instruments hold immense cultural significance within their respective regions and play vital roles in traditional music and dance performances. The study aims to uncover similarities and differences between these two drums, shedding light on their unique characteristics, playing techniques, and cultural contexts, while fostering cross-cultural understanding and appreciation. The Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum are traditional percussion instruments that have been deeply embedded in the cultural fabric of their societies for centuries. The Mridangam is an essential accompaniment in classical Carnatic music performances, while the Kandyan Drum plays a central role in Sri Lankan traditional dance and music forms, particularly in the Kandyan region. Understanding the historical context and cultural significance of these drums is essential to appreciate their individuality and the depth of their contributions to their respective musical traditions. This study addresses several key problems, including:Identifying and comparing the construction, materials, and design of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum to understand their impact on sound production and tonal qualities.Analyzing and contrasting the playing techniques, rhythmic patterns, and musical applications unique to each drum to discern their distinctive musical expressions.Examining the cultural contexts and ceremonial occasions in which these drums are traditionally used to comprehend their roles beyond mere musical instruments.Assessing the challenges and opportunities in preserving and promoting these traditional instruments and their associated musical traditions in the face of modernization and changing cultural landscapes. This comparative study adopts a comprehensive research approach, incorporating qualitative and quantitative methods. Ethnographic research involves engaging with practitioners, scholars, and craftsmen from both cultures to gain insights into the instruments' cultural significance and nuances. Acoustic analysis is utilized to explore the tonal qualities, sound characteristics, and overtones of each drum. Comparative performance demonstrations are conducted by skilled musicians, showcasing the distinct playing styles and musical expressions of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum. This comparative study adopts a comprehensive research approach, incorporating qualitative and quantitative methods. Ethnographic research involves engaging with practitioners, scholars, and craftsmen from both cultures to gain insights into the instruments' cultural significance and nuances. Acoustic analysis is utilized to explore the tonal qualities, sound characteristics, and overtones of each drum. Comparative performance demonstrations are conducted by skilled musicians, showcasing the distinct playing styles and musical expressions of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum.

Keywords: *Carnatic Mridangam, Kandyan Drum, Culture context, Musical instrument*

Methodology : *Secondary sources.*

*Dean, Faculty of Performing Arts, Banaras Hindu University
**Lecturer, UVPA – Sri Lanka, Research scholar, Dance & Music Department, Manipur University

Introduction

The drum, one of the most ancient musical instruments, has a rich historical evolution that spans across diverse cultures and civilizations. Initially, drums were made from natural materials like animal skins stretched over hollowed-out tree trunks or clay pots. Throughout human history, drums have been deeply connected to various cultural and spiritual practices, often serving as a means of communication, celebration, and ritualistic expression. As such, they have been associated with the earliest forms of human communication and artistic expression. The evolution and societal contributions of early-era drums have been profound, shaping human history and culture in various ways. Drums have been an integral part of human civilization for thousands of years, and their impact can be seen across different societies and historical periods.

Drums held immense significance in religious and ceremonial practices of early civilizations. They were used in various rituals, including initiation ceremonies, fertility rites, and worship of deities. Drums were believed to invoke divine presence, connect with ancestors, and induce altered states of consciousness during shamanic practices. The rhythmic beats of the drum were believed to connect the earthly realm with the spiritual world

Research problems

This research attempts to resolve some of the issues between Carnatic mridangam and upland drumming in Sri Lanka.

Identifying and comparing the construction, materials, and design of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum to understand their impact on sound production and tonal qualities.

Analyzing and contrasting the playing techniques, rhythmic patterns, and musical applications unique to each drum to discern their distinctive musical expressions.

Examining the cultural contexts and ceremonial occasions in which these drums are traditionally used to comprehend their roles beyond mere musical instruments.

Research Objectives

This comparative study adopts a comprehensive research approach, incorporating qualitative and quantitative methods. Ethnographic research involves engaging with practitioners, scholars, and craftsmen from both cultures to gain insights into the instruments' cultural significance and nuances. Acoustic analysis is utilized to explore the tonal qualities, sound characteristics, and overtones of each drum. Comparative performance demonstrations are conducted by skilled musicians, showcasing the distinct playing styles and musical expressions of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum.

Introduction to Carnatic Mridangam and Sri Lankan Kandyan Drum:

The Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum are two traditional percussion instruments with rich cultural heritage and historical significance. These drums hold a central place in their respective musical traditions, adding rhythmic depth and complexity to the music and dance forms of their regions. Both instruments showcase unique characteristics, playing techniques, and cultural contexts that have evolved over centuries, making them captivating subjects for study and appreciation.

Carnatic Mridangam:

The Carnatic Mridangam is a prominent classical percussion instrument from South India, specifically associated with the Carnatic music and Baratha Natya tradition. Its name,

"Mridangam," is derived from the Sanskrit words "Mrid" (clay) and "Angam" (body), indicating its traditional construction using a hollowed-out block of wood with layered and stretched animal skin on either side. This double-sided design enables a wide range of rhythmic possibilities and tonal variations.

Sri Lankan Kandyan Drum:

The Sri Lankan Kandyan Drum, also known as "Geta Beraya" is a traditional drum native to Sri Lanka, specifically associated with the Kandyan dance and music forms. These drums are central to various cultural events and ceremonies, such as traditional dance performances, processions, and religious rituals. Crafted from wood, and animal skin, Kandyan drums come in various sizes, each with a specific role in the ensemble. The drumheads are tensioned using a unique system of interwoven ropes, which allows for precise tuning. Kandyan drumming is characterized by its powerful and vibrant rhythms, often accompanied by Dancing, other traditional instruments like cymbals creating a captivating and energetic musical experience.

Religious Significance of Carnatic Mridangam and Sri Lankan Kandyan Drum:

In South India, the Carnatic Mridangam is not only a musical instrument but also considered a divine and sacred instrument with a deep spiritual connection. Its religious significance lies in its association with the rich tradition of Carnatic music, which has strong ties to Hinduism. The Mridangam is often referred to as "Deva Vaadyam" or "instrument of the gods."During Hindu religious ceremonies, the Mridangam is frequently used as an accompaniment to devotional songs, bhajans, and hymns dedicated to various deities. It adds a rhythmic dimension to the musical offerings, enhancing the spiritual atmosphere and creating a sense of divine presence. In temple rituals, the Mridangam is played during the elaborate processions of deities, symbolizing their majestic presence and invoking their blessings.

In Carnatic music concerts, the Mridangam artist plays a critical role in setting the pace and rhythm of the performance, guiding the entire ensemble and creating a sense of spiritual communion between the performers and the audience. The intricate rhythms and patterns produced by the Mridangam are believed to have a transformative effect, elevating the listener's mind and soul to a higher spiritual plane.

The Sri Lankan Kandyan Drum, also known as the "Geta Beraya" holds religious significance within the context of Sri Lankan culture, especially in the Kandyan region. It plays a central role in various religious ceremonies, traditional dance rituals (Kohombakankariya ritual ceremony), and processions. In Sri Lankan Buddhist ceremonies, the Kandyan Drum is used to accompany sacred chants, prayers, and offerings made to the Buddha. The rhythmic beats of the drum add a sense of solemnity and reverence to these religious observances, creating an atmosphere conducive to contemplation and devotion.In Kandyan dance performances, which often depict stories from Sri Lankan mythology and religious folklore, the Kandyan Drum is an essential element of the accompanying music. The drum's powerful and vibrant rhythms enhance the expressive movements of the dancers and help convey the spiritual and mythological narratives portrayed in the dance.Moreover, the Kandyan Drum is utilized in traditional rituals and ceremonies dedicated to local deities, spirits, and guardian gods. These rituals are deeply rooted in animistic beliefs and are performed to seek blessings, protection, and guidance from the spiritual realm.

In summary, both the Carnatic

Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum have profound religious significance within their respective cultures. They serve as conduits of spiritual expression, adding a sacred dimension to music, dance, and religious ceremonies. Their rhythmic vibrations are believed to connect individuals with the divine and facilitate a deeper spiritual experience, making them integral components of the religious and cultural heritage of South India and Sri Lanka, respectively.

Historical Context and Cultural Significance of Mridangam and Kandyan Drum

The Mridangam holds a rich historical context and significant cultural importance in the traditional music of South India, particularly in the Carnatic music genre. Its origins can be traced back to ancient times, and its evolution has been shaped by the cultural practices and musical traditions of the region. Here is a brief overview of the historical context and cultural significance of the Mridangam.

The Mridangam's history can be linked to ancient Indian percussion instruments, as well as the broader evolution of drums and rhythm across various civilizations. It is believed to have evolved from the ancient two-sided drum called "Mattaalam," which dates back to the Vedic period (around 1500-500 BCE). Over the centuries, the Mridangam evolved to its current form, with specific design modifications and advancements in playing techniques. The Mridangam gained prominence as a primary rhythmic accompaniment in the Carnatic music tradition around the 17th century. Before that, other drums like the "Pakhawaj" and "Damaru" were commonly used in Indian classical music. However, the Mridangam's versatility, tonal range, and ability to complement the intricate melodic patterns of Carnatic music make it a preferred choice for percussion accompaniment.

The Mridangam is an indispensable part of Carnatic music concerts and performances. It plays a critical role in establishing the rhythmic structure (tala) of the compositions and guiding the flow of the music. Accompanying the vocalists and instrumentalists, the Mridangam artist interacts with the lead musicians through intricate patterns and improvisations, enhancing the overall aesthetic experience. The Mridangam's association with spirituality and devotion is significant. In Carnatic music concerts, the rhythmic patterns created by the Mridangam are believed to have a profound impact on the listeners, transporting them to a higher state of consciousness and connecting them with the divine.

The Mridangam is deeply embedded in the cultural heritage of South India. It is a symbol of artistic expression and represents the region's unique musical identity. Learning and mastering the art of playing the Mridangam is considered a prestigious pursuit, and accomplished Mridangam players are revered for their skill and contribution to the art form. The Mridangam's versatility allows it to adapt to various musical contexts, from traditional Carnatic music concerts to dance performances and folk music gatherings. Its ability to produce a wide range of tones and intricate rhythms makes it a versatile and expressive instrument.

Art of Guru-Shishya Tradition: The learning of the Mridangam follows the Guru-Shishya (teacher-disciple) tradition, where knowledge and techniques are passed down through generations. This ancient pedagogical approach fosters a deep bond between the teacher and the student, nurturing not only musical skills but also values and cultural ethos.

In conclusion, the Mridangam's historical journey and cultural significance have shaped its central role in the world of Carnatic music and South Indian culture. As a living tradition, the Mridangam continues to inspire

and captivate audiences, preserving its heritage and contributing to the richness of India's classical music heritage.

The Kandyan Drum, also known as "Geta Beraya" holds a deep historical context and significant cultural significance within the traditional music and rituals of Sri Lanka, particularly in the Kandyan region. Its origins can be traced back to ancient times and are intertwined with the island's rich cultural and religious heritage. Here is an overview of the historical context and cultural significance of the Kandyan Drum.

The roots of the Kandyan Drum can be traced back to ancient Sri Lankan civilization, where drums were used for various purposes, including religious ceremonies, communication, and entertainment. Over time, the drum evolved and gained specific characteristics that distinguish it as a unique instrument in Sri Lanka's cultural landscape. The Kandyan Drum's historical significance is closely tied to the traditional dance forms of Sri Lanka, particularly the "Kandyan dance."

Rituals and Ceremonies: The Kandyan Drum plays a central role in religious and cultural rituals throughout Sri Lanka. In Buddhist ceremonies, the drum is used to accompany sacred chants, prayers, and offerings made to the Buddha. It adds a sense of reverence and solemnity to these religious observances, creating an atmosphere conducive to contemplation and devotion. Kandyan Dance Performances: The Kandyan Drum is an essential component of the traditional Kandyan dance performances. The drum's powerful and vibrant rhythms enhance the expressive movements of the dancers and help convey the spiritual and mythological narratives portrayed in the dance. These performances often depict stories from Sri Lankan mythology and religious folklore, and the drum serves as a musical narrative guide.

The Kandyan Drum is considered a symbol of Sri Lankan cultural heritage, especially in the Kandyan region. It represents the ancient art forms, customs, and rituals that have been passed down through generations, preserving the island's cultural identity. The Kandyan Drum is often played in communal settings during festivals, processions, and other cultural events. Group drumming sessions, known as "drum circles," create a sense of unity and connectedness among participants, fostering a shared cultural experience.

The crafting of Kandyan Drums is a traditional art passed down through generations. Skilled craftsmen use jack wood and animal skin to create these drums, following traditional methods and techniques. This craftsmanship adds to the drum's cultural significance and historical value. Throughout Sri Lanka's history, drums, including the Kandyan Drum, have been used as a means of communication, signaling, and expression in various contexts. They have played an important role in connecting communities and conveying messages during gatherings and events.

In conclusion, the Kandyan Drum holds a rich historical context and significant cultural importance within Sri Lanka's traditional music, dance, and religious practices. As an integral part of the island's cultural heritage, it continues to be cherished and celebrated as a symbol of Sri Lankan identity and artistic expression.

Structural features of Mridangam and Kandyan Drum



Figure Mridangam

01. Wood Structure
02. Leather straps
03. Right Head
04. Left Head
05. Karanai

The Mridangam is a unique double-headed drum with a distinctive design that allows for a wide range of tonal expressions and intricate rhythms. It is traditionally made from a single block of wood, shaped like a barrel. The left head of the Mridangam comprises two rings, one outer ring made of buffalo skin and an inner one made of sheep/goat skin. These parchments are stretched and held in place using a plait called "chattai" or "pinnal," which consists of twisted leather straps. To keep the instrument in tune, these plaits are connected to leather braces made from buffalo/cow skin, which can be adjusted for tightening or loosening. On the other hand, the right head of the drum is coated with a permanent fixture of black paste known as the "soru." This paste is a composition of manganese dust, boiled rice, and tamarind juice or a mix of fine iron fillings and boiled rice. Occasionally, a powdered stone, referred to as "kittan," is mixed with rice in specific proportions. The black paste is carefully applied in small grains to the inner skin and finely rubbed for hardening using a polished hard stone. The thickness of the paste is highest in the center and tapers towards the edges, giving the Mridangam its distinctive tone. Unlike the right face, the left face is not loaded with black paste. However, before the start of a concert, a temporary paste made of soojee (fine flour), boiled rice, water, and ashes is applied to the center of the right head. The quantity of this paste is adjusted to ensure that the note produced by the left head is exactly an octave or a fourth below the note tuned on the right side.The diameter of the left head is slightly larger than that of the right head, with the right head varying in diameter from six-and-a-half inches to seven inches, and the left head ranging from six-and-a-half inches to seven-and-a-half inches.The instrument has sixteen interspaces (holes) on the two leather hoops. By using a small hammer with downward and upward strokes at appropriate points on the hoop, the pitch of the Mridangam can be increased or decreased by as much as a full tone.Similar to a skilled musician showcasing creativity in music, an expert Mridangam player demonstrates their creative prowess in the realm of "tala" by playing new permutations and combinations of rhythmic patterns (jatis). The cross-rhythmic accompaniment provided by the Mridangam player is truly distinctive and adds a unique dimension to the performance.



Figure Kandyan Drum

01. Bera Kanda
02. Warapati
03. Left Head
04. Right Head
05. Hakma
06. Kanwaraya
07. Kaipudiwalalla
08. weniwara karalla
09. lanuwa /Patiya

The Kandyan Drum is a traditional Sri Lankan drum crafted from jack wood, Kohomba, Milla, and animal skin. It comes in various sizes, each with a specific role in the ensemble. The drumheads are tensioned using an intricate system of interwoven lether straps

(Warapati), allowing for precise tuning and producing a wide range of tones. The drum's unique design and construction are influenced by the island's cultural practices and craftsmanship passed down through generations. The Kandyan Drum is deeply embedded in the cultural identity of Sri Lanka, particularly in the Kandyan region. It represents the rich cultural heritage and traditional arts of the island, contributing to its unique musical landscape. Standing approximately 27 inches long, the drum exhibits a subtle disparity of 0.5 inches between its two drum eyes. The right eye is slightly smaller and adorns a goat or monkey skin, while the left eye is covered with buffalo skin. To secure the drum eyes to the log, a tool called "Hakma" is employed. The Hakma fastens the drum eyes firmly, ensuring stability and resonance during play. Interestingly, unlike some drums, the Kandyan Drum does not undergo plaster or coating application on its drum eyes. This distinctive feature allows the natural properties of the animal skins to resonate fully, contributing to the drum's unique and authentic sound.

This traditional drum plays a vital role in Sri Lankan culture, particularly in the Kandyan dance and religious rituals. With its distinctive design and craftsmanship passed down through generations, the Kandyan Drum continues to be a cherished symbol of Sri Lanka's rich artistic heritage and spiritual connections. Its presence and use in various cultural settings serve as a testament to the enduring traditions and cultural expressions that have been preserved and celebrated for centuries.

In summary, both the Mridangam drum in South India and the Kandyan Drum in Sri Lanka hold deep cultural and historical significance. They are not only unique in their design and construction but also symbolize the rich artistic heritage and spiritual connections of their respective regions. These drums continue to be cherished and celebrated, representing the enduring cultural traditions and expressions of the people who have played them for generations.

The Fundamental Sounds of Mridangam and Kandyan Drum

The mridangam, a traditional South Indian percussion instrument, produces a rich and intricate range of sounds that form the rhythmic foundation of various musical compositions. Among its fundamental sounds are "Ta," "Ti," "Thom," and "Nam," each contributing to the rhythmic complexity and melodic beauty of Indian classical music. The Kandyan drum, a traditional percussion instrument from Sri Lanka, produces a distinctive array of sounds that contribute to the rhythmic and melodic dimensions of Sri Lankan music and dance. Among its fundamental sounds are "Tat," "Jit," "Tom," and "Nam," each playing a crucial role in creating the rhythmic patterns and textures that characterize Kandyan drumming.

The Sound producing manner of Mridangam and Kandyan Drum

Mridangam	Kandyan Drum
Ta: "Ta" is a syllable used to represent a resonant open stroke on the left side of the mridangam. It is produced by striking the center of the drumhead with the left hand, allowing the drum to resonate freely and	Tat: The sound "Tat" is a foundational stroke produced by striking the left drumhead with the left hand's fingers, typically the little finger, ring finger, middle finger, and index fingers. This stroke generates a clear and sharp tone, forming

produce a full-bodied sound. “Ta” is often used as an embellishment or to create accents within the rhythmic sequence.	the basis for rhythmic articulation. “Tat” establishes the rhythmic pulse and serves as a point of reference for other sounds and patterns.
Ti: “Ti” is another stroke produced by the righ hand, often using the small finger, ring finger, and middle finger a combination of fingers. Ti sound is a slightly sharper rhythmic structure. “Ti” is skillfully woven into the rhythmic phrases, contributing to the overall texture and complexity of the mridangam’s sound.	Jit: “Jit” is another important sound created by striking the right drumhead with a combination of fingers from the right hand. It produces a crisper and more pronounced tone compared to “Tat,” adding complexity and depth to the rhythm. “Jit” is often used to create accents and variations within the rhythmic sequence.
Thom: The sound “Thom” is created by striking the drum edge with the point of fingers of the left hand. This stroke produces a deep, resonating tone that contrasts with the sharper sounds of “Ta” and “Ti.” “Thom” adds depth and a sense of gravity to the rhythmic patterns, enhancing the mridangam’s tonal palette.	Thom: The sound “Thom” is produced by striking the left drumhead with the point of fingers of the hand, usually near the edge of the drum. This stroke generates a resonant and slightly muted tone that contrasts with the sharper sounds of “Tat” and “Jit.” “Thom” contributes a distinct timbre and serves to enhance the overall sonic palette of the Kandyan drum.
Nam: The sound “Nam” is a fundamental stroke produced by striking the drumhead with the right hand’s fingers, usually the index and middle fingers. It results in a clear and resonant tone, serving as a crucial component of rhythmic patterns. “Nam” provides a strong base for the rhythm and is often combined with other sounds to create intricate rhythmic variations.	Nam: “Nam” or “Jin” represents a resonant open stroke on the Kandyan drum. It is produced by striking the edge of the right drumhead with the right hand, allowing the drum to resonate freely and produce a full-bodied sound. “Nam” is often employed to create accents, transitions, and dynamic variations within the rhythmic composition.
These basic sounds, “Ta,” “Ti,” “Thom,” and “Nam,” are the building blocks of the mridangam’s rhythmic language. Skillful manipulation and combination of these sounds by the mridangam player give rise to intricate rhythmic patterns, improvisations, and compositions that form an integral part of Indian classical music performances. The mridangam’s versatility and expressive capabilities make it a vital component of the rich of sounds that define Indian classical music traditions.	These fundamental sounds, “Tat,” “Jit,” “Tom,” and “Nam,” provide the essential building blocks for Kandyan drumming. The skilled manipulation and combination of these sounds by the drummer result in intricate rhythmic patterns, improvisations, and compositions that characterize the expressive and dynamic nature of Kandyan drum music. The Kandyan drum’s unique soundscape contributes to the cultural heritage and artistic identity of Sri Lanka, enriching the of musical traditions in the region.

Analysis of the identity characteristics of Mridangam and Kandyan Drum

The Mridangam and Kandyan drum are two distinctive percussion instruments that hail from different cultural contexts, each possessing unique playing techniques, rhythmic patterns, and musical applications that contribute to their distinct musical expressions. By analyzing and contrasting these aspects, we can gain a deeper understanding of the rich of sounds they bring to the world of music. The above-mentioned facts can be summarized by the following table.

	Mridangam	**Kandyan Drum**
Playing Techniques:	The Mridangam, a traditional South Indian drum, is played with both hands. The dominant hand produces a range of sounds by striking the drumhead with the fingers, while the non-dominant hand controls the tension of the drumhead by pressing against it. The fingers are used to create various strokes, including "Ta," "Ti," "Thom," and "Nam," each contributing to the intricate rhythmic patterns.	The Kandyan drum, native to Sri Lanka, is played with both hands, usually keep on the waist. The drumhead is struck by fingers and palms to create a diverse array of sounds. The playing techniques include "Tat," "Jit," "Tom," and "Nam," which are produced through different hand and finger placements and striking techniques.
Rhythmic Patterns	The Mridangam is renowned for its complex and intricate rhythmic patterns. Its playing technique allows for a wide range of rhythmic variations, rapid rolls, and intricate accents. It often accompanies Indianclassical music performances, providing a rhythmic foundation for intricate melodic improvisations.	The Kandyan drum features rhythmic patterns that are deeply rooted in Sri Lankan traditional music and dance. Its patterns are characterized by a strong sense of pulse and dynamic accents. The drum's rhythms often accompany Kandyan dance ritual performances and other ceremonial events, reflecting the cultural heritage of the region.
Musical Applications	The Mridangam is a central instrument in Indian classical music, where it accompanies vocalists and instrumentalists. Its rhythmic capabilities allow it to engage in intricate dialogues with other instruments and performers, enhancing the overall musical experience. It play a vital role in shaping the rhythm, tempo, and mood of the performance.	The Kandyan drum is an integral part of Sri Lankan traditional music and dance. It plays a key role in Kandyan dance performances, which often depict stories from folklore and mythology. The drum's rhythms provide a compelling backdrop for the dancers' movements, adding depth and energy to the overall presentation.

In essence, while both the Mridangam and Kandyan drum share the role of being percussion instruments that contribute to the rhythmic and musical elements of their respective cultures, their

distinct playing techniques, rhythmic patterns, and musical applications give rise to unique and captivating expressions. The Mridangam's intricate patterns complement the melodic intricacies of Indian classical music, while the Kandyan drum's pulsating rhythms enhance the storytelling and dynamic movements of Sri Lankan dance performances. Each instrument embodies the rich cultural heritage of its region, inviting audiences to explore the diverse and enchanting world of percussion music.

Comparison of Tala system between Mridangam and Kandyan Drum

The tala system in Carnatic music and the rhythmic patterns of Sri Lankan drums exhibit several similarities, particularly in terms of rhythmic elements and concepts. These shared features contribute to the rhythmic richness and complexity of both traditions. Here aresome key similarities.

Akshara and Matra

In Carnatic music, "akshara" refers to a rhythmic unit that encompasses a specific number of beats. It is equivalent to a measure or a bar in Western music. "Matra" refers to a single beat within the akshara. Similarly, in Sri Lankan drumming, the concept of "matra" is prevalent, representing a single beat within a rhythmic cycle. The division of the rhythmic cycle into matras allows for intricate patterns and improvisations.

Beats and Tempo

Both traditions involve the subdivision of beats within a rhythmic cycle. In Carnatic music, beats are divided into counts such as 4, 8, 16, etc., while in Sri Lankan drumming, rhythmic cycles are divided into various counts as well. The tempo, or the speed at which the rhythmic cycle is played, is an essential aspect in both traditions. The tempo can influence the mood and energy of the performance, and variations in tempo are used to create different rhythmic effects.

Rhythmic Patterns and Cycles

The tala system in Carnatic music revolves around specific rhythmic patterns and cycles that repeat throughout a composition. These cycles dictate the structure and timing of the performance. Similarly, Sri Lankan drumming is characterized by rhythmic cycles that guide the progression of the performance. Different drums may have distinct rhythmic patterns, contributing to the overall texture and complexity.

Synchronization and Counting

Both traditions require precise synchronization among performers to maintain the integrity of the rhythmic cycle. Musicians and drummers need to count and coordinate their rhythms accurately to ensure a cohesive performance. The concept of counting beats and subdivisions is vital in both traditions to navigate through intricate patterns and transitions seamlessly.

Emphasis on Improvisation

Both the tala system and Sri Lankan drumming provide opportunities for improvisation within the established rhythmic framework. Musicians and drummers can creatively embellish and vary the patterns while staying within the rhythmic cycle.

Accents and Dynamics

Accents and dynamics play a crucial role in both traditions. Manipulating accents within the rhythmic cycle can create interesting patterns and textures, enhancing the overall musical experience.

Cultural Significance

Both the tala system and Sri Lankan drumming hold cultural significance and are

integral to their respective musical and dance traditions. They contribute to the unique identity and character of their respective art forms. These similarities underscore the universal importance of rhythm as a foundational element in music and performance. Despite their cultural differences, the tala system of Carnatic music and the rhythmic patterns of Sri Lankan drums exemplify the profound role that rhythm plays in shaping and defining musical expressions.

Conclusion:

In conclusion, the exploration of the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum has unveiled a captivating journey through the realms of musical heritage, cultural symbolism, and rhythmic intricacies. Our journey began with an introduction to these two distinctive percussion instruments, which have ingrained themselves deeply within their respective cultural landscapes.

The religious significance attributed to the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum underscores their roles as vessels of devotion and spiritual expression. These instruments serve as conduits connecting individuals to their beliefs, enriching sacred rituals and ceremonies with their resonant voices. Tracing their historical and cultural roots, we uncovered the profound impact these drums have had on shaping the artistic and communal identities of their regions. The Mridangam's history within the context of Carnatic music and the Kandyan Drum's integral role in Sri Lankan dance performances highlight their enduring contributions to the artistic tapestry of their societies. Delving into their structural features, we discerned the meticulous craftsmanship and engineering that underpin the Mridangam's dual drumheads and the Kandyan Drum's robust form. These design elements not only facilitate their distinct sounds but also embody the cultural aesthetics of their traditions. A closer examination of the fundamental sounds and sound-producing techniques revealed the exquisite artistry involved in coaxing resonant tones from the Mridangam and generating vibrant rhythms from the Kandyan Drum. The nuanced variations and techniques employed by skilled musicians and drummers underscore the instruments' expressive potential.

Analyzing their identity characteristics, we witnessed the unique personalities of the Mridangam and Kandyan Drum unfurl. The Mridangam's symbiotic relationship with Carnatic music and the Kandyan Drum's pulsating heartbeat within Sri Lankan dance emerged as defining traits, uniting sound, movement, and cultural heritage. Lastly, the comparison of the Tala system between the Mridangam and Kandyan Drum illuminated shared rhythmic concepts and divisions, showcasing the integral role of rhythm as a universal language in music. While rooted in distinct traditions, both instruments showcase the intricate interplay of beats, subdivisions, and improvisation. In essence, the Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum stand as testaments to the enduring power of music to shape societies, evoke emotions, and transcend boundaries. Through their resounding voices and rhythmic dialogues, they beckon us to appreciate the intricate melodies of culture, spirituality, and artistry that enrich our shared human experience. As we conclude our exploration, we are reminded that these drums are not merely instruments; they are living embodiments of the traditions, stories, and vibrant energies that continue to resonate through time.

Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum are two culturally significant and distinct percussion instruments that have evolved within the rich musical traditions of their respective regions. While the Mridangam complements the intricate rhythms of Carnatic

music in South India, the Kandyan Drum plays a central role in the vibrant dance and music traditions of Sri Lanka. Both instruments continue to captivate audiences with their unique sounds and contributions to the diverse world of traditional music and cultural heritage.

The Carnatic Mridangam and the Sri Lankan Kandyan Drum hold religious significance in their respective cultures, playing integral roles in religious rituals, ceremonies, and worship practices. Their association with spirituality and devotion is deeply rooted in the traditions and beliefs of the communities that use them.

References :

Alavandar, R. (1981). Tamizhar Tor Karuvigal. International Institute for Tamil Studies.

Bandyopadhyay, S. (1980). Musical Instruments of India. Chaukhamba Orientalia.

Batuka Natha Sharma & Baladeva Upadhyaya (Editors). (1980). NâmyaÚâstra of Bharata. Chaukhamba Sanskrit Sansthan.

Chaitanya Deva, B. (2000). Musical Instruments of India: Their history and development. MunshiramManoharlal Publishers.

Day, C.R. (Novello, Ewer. Co.). (Year unknown). The Music and Music Instruments of Southern India and the Deccan. London & New York.

Herbert A. Popley. (1921). The Music of India. Association Press, Calcutta.

Kousalya Rama. (2004). Âlayavazhipâmmilicaikkaruvika. Minambika Publishers.

Krishnamurthy, K. (1985). Archaeology of Indian Musical Instruments. Sundeep Prakashan.

Manamohan Ghosh (Translator). (1951). The Natyasastraya. Asiatic Society of Bengal, Calcutta.

Manomohan Ghosh (Edited and Translated). (2003). NâmyaÚâstra. Chowkhamba Sanskrit Series Office.

Monier Monier Williams. (1981). A Sanskrit-English Dictionary. Motilal Banarsidass.

Perumal, A.N. (1984). Tamizhar Isai. International Institute of Tamil Studies.

Ramaseshan, S. (Ed.). (1988). Scientific Papers of C V Raman, Volume II, Acoustics. Indian Academy of Sciences.

Ravi Prakash Arya (Edited). (2004). RâmâyaGa of Valmiki (Volumes I - III). Parimal Publications.

Robert Caesar Childers. (2007). A Dictionary of Pali Language. Oriental Book Centre.

Robert L. Hardgrave, Jr., & Stephen M. Slawek. (1997). Musical Instruments of North India. Manohar Publishers and Distributors.

Ruth Midgley (Managing Editor). (1997). Musical Instruments of the World. Sterling Publishing Co.

Sadanand Naimpalli. (2007). Theory and Practice of Tabla. Popular Prakashan.

Sankara Varyar. (2003). Madda7amennaMaEga7avâdyam. Kerala Kalamandalam.

Sarangadeva. (1978). Sangita Ratnakaraya, Vol. One. Motilal Banarsidass, Delhi.

Sarkar, K.T. (1981). Theory and Practice of Leather Manufacture. Ajoy Sorcar.

Seetha, S. (1981). Tanjore as a Seat of Music. University of Madras.

Shreejayanthi Gopal. (2004). Mridangam – An Indian Classical Percussion Drum. B.R. Rhythms.

Srdjan Beronja. (2008). The Art of the Indian Tabla. Rupa & Co.

Sundaram, V.P.K. (1988). The Art of Drumming. Institute of Asian Studies.

Sundaram, V.P.K. (1999). Arivanâr'sPañcamarapu. The South Indian Saiva Siddhanta Works Publishing Society.

SuneeraKasliwal. (2006). Classical Musical Instruments. Rupa & Co.

Swami Prajnanananda. (1963). A History of Indian Music, Vol One. Ramakrishna Vedantha Math, Calcutta.

Swami Prajnanananda. (1965). A Historical Study of Indian Music. AnandadharaPrakashan, Calcutta.

Turner, R.L. (2008). A Comparative Dictionary of the Indo-Aryan Languages, Volume 1. Motilal Banarsidass Publishers.

Vijayalakshmi, M. (2004). Aumâpatam – A Work on Music. Sanjay Prakashan.

भारतीय स्वाधीनता संग्राम और राष्ट्रकवि दिनकर

प्रो0 (डॉ.) छाया सिन्हा*

शोध–सार

स्वाधीनता संग्राम में हिन्दी कवियों का योगदान अतिमहत्वपूर्ण है लेकिन इन सभी कवियों में दिनकर का स्वर सर्वाधिक ऊँचा और प्रभावशाली है। आजादी की लड़ाई की ज्वाला को और अधिक प्रचंड करने में उन्होंने जो महती भूमिका निभायी, वह अविस्मरणीय है।

बीज शब्द– *देशभक्ति, स्वतंत्रता–आन्दोलन, युगधर्म, जागरण, आजादी*

प्रविधि– *द्वितीयक माध्यमों की सहायता ली गई है ।*

भूमिका– भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का मूल रूप अहिंसक था। देश की जनता इस संग्राम में गाँधीजी के साथ खड़ी थी। वैसे तो भारतवर्ष की सभी प्रमुख भाषाओं के कवि अपनी–अपनी रचनाओं के द्वारा स्वाधीनता की अलख जगा रहे थे, लेकिन इस दिशा में हिन्दी कवियों का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण और अविस्मरणीय है।

अंगरेजी हुकूमत के अत्याचारों के बावजूद इस संघर्षकाल में देश की राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति गर्म थी।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने स्वाधीनता संघर्षकालीन राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय परिस्थितियों की चर्चा के क्रम में लिखा है कि शोषक साम्राज्यवाद के विरुद्ध राजनीतिक आन्दोलन के अतिरिक्त यहाँ भी किसान–आन्दोलन, मजदूर आन्दोलन, अछूत आन्दोलन इत्यादि कई आन्दोलन एक विराट् परिवर्तनवाद के नाना व्यावहारिक अंगों के रूप में चले। .... इन आन्दोलनों का तीव्र स्वर हमारी काव्यवाणी में सम्मिलित हुआ।[1]

लेकिन अंगरेजों के जुल्म एवं गाँधीजी के अहिंसक विचारों के बीच स्वाधीनता संघर्ष का पूरा रंग नहीं उभर पा रहा था।

ऐसी परिस्थिति में साहित्यकारों विशेषतः जिन कवियों ने अपनी लेखनी का सहारा लिया, उनमें मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा नवीन, सुभद्रा कुमारी चौहान और दिनकर जैसे कवियों का बड़ा योगदान रहा।

बिहार के भी जो कवि इस स्वाधीनता आन्दोलन में अपनी ओजपूर्ण कविताओं से आहुतियाँ दे रहे थे, उनमें दिनकर के अतिरिक्त गोपाल सिंह नेपाली, केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' और मोहनलाल महतो 'वियोगी' के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। किन्तु इन सभी कवियों में रामधारी सिंह 'दिनकर' का स्वर सर्वाधिक ऊँचा और प्रभावशाली रहा है। उनका यह ऊँचा स्वर अकारण नहीं था। इसके पीछे के कारणों को जानने के लिए हमें देश की तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दुर्दशा के साथ–साथ उनके निजी पारिवारिक एवं सामाजिक परिवेश की भी पड़ताल करनी होगी।

विषय प्रवेश– दिनकर का जन्म बिहार के एक साधारण किसान–परिवार में हुआ था। मात्र दो वर्ष की अवस्था में उनके सिर से पिता का साया छिन गया था। परिवार का कोई सदस्य उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं था, किन्तु सुसंस्कृत अवश्य था। शाम के समय गाँव में रामायण के सस्वर पाठ की परिपाटी थी। राजेश्वर प्र0 सिंह लिखते हैं कि यह वह समय था जब सिमरिया गाँव के घर–घर में नित्य रामचरितमानस का पाठ होता था। कई घरों में तो मानस की हस्तलिखित प्रतियॉं (जो सम्भवतः गाँव के पुरोहितों द्वारा लिखी गयी होंगी) भी मौजूद थीं। शाम ढलते कई लोगों के दरवाजे पर लोग ढोलक–झाल बजा–बजाकर रामायण की चौपाइयाँ गाते थे और स्वयं दिनकर जी भी, जब वे गाँव के पाठशाला के छात्र थे, प्रायः हर रोज रात्रि में डेढ़ दो घण्टे तक रामायण का पाठ करते थे।[2]

सांध्यकालीन इन ग्रामीण बैठकों में दिनकर के पूर्वज कवि भैरो राय की हस्तलिखित पुस्तक 'नगर–विलाप' की पंक्तियाँ भी सुनने–सुनाने को मिलती थीं। घर की परिस्थितियाँ विकट थीं, किन्तु इन्हीं विपरीत परिस्थितियों के बीच उनकी प्रारम्भिक स्कूली शिक्षा पूरी हुई। बड़े भाई वसंत सिंह ने अपने छोटे भाई के लिए अपना व्यक्तिगत

*विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

हित नहीं देखा और सभी छोटे भाइयों के लिए उन्होंने पिता का फर्ज पूरा किया। उस समय जबलपुर से पं0 मातादीन शुक्ल के सम्पादन में 'छात्र–सहोदर' नाम की पत्रिका प्रकाशित होती थी। उस पत्रिका में स्वतंत्रता–संघर्ष से सम्बन्धित लेख, कविताएँ और कार्टून निकलते थे। वसंत सिंह इसके नियमित ग्राहक थे।

इस पत्रिका ने दिनकरजी पर देशभक्ति का ऐसा जादू डाला कि वे अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों से कहीं अधिक समय 'छात्र–सहोदर' की रचनाओं को पढ़ने में लगाने लगे। इस पत्रिका के साथ–साथ इतिहास, संस्कृति और राजनीति विषयक छोटी–मोटी पुस्तकों के पठन–पाठन में भी वे गहरी रुचि रखने लगे।[3] इन सबके सम्मिलित प्रभाव से वे भारतीय संस्कृति और इतिहास में पूरी तरह रम गये।

1928 ई0 में उन्होंने मैट्रिकुलेशन और 1932 ई0 में पटना कॉलेज से इतिहास विषय में प्रतिष्ठा के साथ बी0ए0 किया।

इस काल तक आते–आते उनकी रचनाएँ 'प्रकाश', 'देश', 'महावीर', 'सेनापति' जैसी उस युग की प्रमुख पत्र–पत्रिकाओं में सादर प्रकाशित होने लगी थीं।

1933 ई0 में भागलपुर में बिहार प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन में उन्होंने समस्यापूर्ति के रूप में 'हिमालय' शीर्षक कविता रची और उसका पाठ किया। इस कविता की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार हैं–

मेरे नगपति! मेरे विशाल
साकार दिव्य गौरव विराट,
पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल !
मेरी जननी के हिमकिरीट!
मेरे भारत के दिव्य भाल!
ओ, मौन तपस्या लीन यती !
पल भर को तो कर दृगुन्मेष!
रे ज्वालाओं से दग्ध, विकल
है तड़प रहा पद पर स्वदेश।[4]

गौरवशाली अतीत और वर्तमान की दुर्दशा पर ध्यान खींचती तथा आनेवाले नवयुग की शंखध्वनि करती इस कविता की ऐसी धूम मची कि भारतीय इतिहास के अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के विशेषज्ञ डॉ0 काशी प्रसाद जायसवाल उनकी काव्य–प्रतिभा पर मुग्ध हो गये और आजीवन उनका स्नेह दिनकरजी को मिलता रहा। उन्हें भी जायसवाल जी के सत्संग का चस्का लग गया था। यही कारण है कि अंगरेजी हुकूमत की अपनी सेवावधि में जब चार वर्ष के भीतर उनका बाईस बार तबादला हुआ तो इस प्रताड़ना से वे हताश नहीं हुए, बल्कि इसे अवसर में बदलते रहे। हर स्थानान्तरण के बाद जो सात दिन का संक्रान्ति–अवकाश (transit leave) मिलता था, उसमें वे अनिवार्यतः पटना आकर श्री जायसवाल के चरणों में बैठने का सुख लूटते थे। वे इस मोह से कभी उबर नहीं पाते थे। उस समय डॉ0 जायसवाल की 'हिन्दू पॉलिटी' की बड़ी धूम थी। भारतीय इतिहास, सभ्यता और संस्कृति में रुचि रखनेवाले अनेक देशी तथा विदेशी विद्वान अकादमिक विमर्श के लिए डॉ0 जायसवाल के यहाँ आया करते थे जिनकी सत्संगति का अनायास लाभ दिनकरजी को प्राप्त होता गया था।

अपनी संस्कारगत ऐतिहासिक रुचि तथा जायसवालजी से प्राप्त प्रामाणिक इतिहास–ज्ञान ने अतीत–गर्व सम्बन्धी उनकी कविताओं में एक अद्भुत तेज और आकर्षण भर दिया।

इस बात की परख हम 'हुंकार' के आमुख के रूप में छपी कविता 'समय ढूह की ओर सिसकते मेरे गीत विकल धाये, आज खोजते उन्हें बुलाने वर्तमान के पल आये'[5] अथवा 'रेणुका' की 'पाटलिपुत्र की गंगा' अथवा 'मिथिला' जैसी कविताओं से कर सकते हैं।[6]

अपने अतीत पर गर्व ही वह प्रबल कारण है जिसके चलते वे राम, कृष्ण, द्रोणाचार्य, भीष्म, युधिष्ठिर, कर्ण, अशोक, चन्द्रगुप्त जैसे भारतीय–संस्कृति के प्रतीक–पुरूषों की ओर काव्यात्मक ढंग से आकृष्ट हुए हैं। 'हिमालय' में वे लिखते हैं–

तू पूछ, अवध से, राम कहाँ ?
वृन्दा ! बोलो, घनश्याम कहाँ ?
ओ मगध! कहाँ मेरे अशोक ?
वह चन्द्रगुप्त बलधाम कहाँ ?[7]

वे देशभक्त ही नहीं, देशभक्तों के भी भक्त हैं, इसलिए वे अपनी कलम से उनके जयकारे लगाते हैं–

कलम, आज उनकी जय बोल
जला अस्थियाँ बारी–बारी
छिटकायीं जिनने चिनगारी
जो चढ़ गये पुण्यवेदी पर
लिये बिना गर्दन का मोल।[8]

घोर नैराश्य और हताशा के वातावरण में भी उनकी

रचनाओं में आशा और विश्वास की आँधी चलती है–

दिशा गूँजी बिखरता व्योम में उल्लास आया।
नये युगदेव का नूतन कटक लो पास आया।।

वे समय की नब्ज पर हाथ रखकर चलनेवाले जागरण के कवि हैं। गाँधीजी के प्रति पूर्ण आदरभाव रखते हुए भी वे स्वतंत्रता–संघर्ष में उनकी अहिंसा–नीति से पड़नेवाली बाधा को देखकर वे क्षुब्ध हो जाते थे। 'कुरूक्षेत्र' में रामायण के सेतुबंध–प्रसंग के बहाने वे अपना मत बड़ी दृढ़ता के साथ रखते हैं–

तीन दिवस तक पंथ माँगते
रघुपति सिंधु किनारे
बैठे पढ़ते रहे छन्द
अनुनय के प्यारे–प्यारे
उत्तर में जब एक नाद भी
उठा नहीं सागर से
उठी हिलोर धधक पौरूष की
आग राम के शर से
सिन्धु–देह धर 'त्राहि त्राहि'
करता आ गिरा शरण में
चरण पूज दासता ग्रहण की
बँधा मूढ़ बन्धन में।[9]

दिनकर के काव्य में जड़ता नहीं, अपितु चिर जंगमता है, उसमें सतत एवं अदम्य प्रवाह है। वे हिन्दी के स्वच्छन्दतावादी कवियों में सर्वाधिक स्वच्छन्द हैं।

वे सच्चे अर्थों में एक राष्ट्रकवि हैं। एक राष्ट्रकवि के लिए जिन गुणों का होना आवश्यक है, वे सभी गुण दिनकर में विद्यमान थे। उनकी कविताओं में युगधर्म का हुंकार पाया जाता है।

बयालीस के आन्दोलन में एक समय ऐसा भी आया था, जब देश के लगभग सभी प्रमुख नेता जेल में बन्द हो गये थे, तब दिनकर की रचना 'आग की भीख' आयी थी। यह रचना 'सामधेनी' में संकलित है। कहना न होगा कि स्वाधीनता आन्दोलन की गरमाहट को बनाये रखने में इस कविता ने बड़ी भूमिका निभायी थी–

प्यारे स्वदेश के हित अंगार माँगता हूँ।
चढ़ती जवानियों का शृंगार माँगता हूँ
तम–बेधिनी किरण का संधान माँगता हूँ।
ध्रुव की कठिन घड़ी में पहचान माँगता हूँ....[10]

दिनकर में उग्र राष्ट्रवाद की प्रवृत्ति प्रबल थी। उनके उत्तेजक भाव और विचार उत्तेजनापूर्ण भाषा में उनकी कविताओं में दिखायी पड़ते हैं। तत्कालीन स्वाधीनता आन्दोलन की आग को तीव्रता प्रदान करने में ऐसी उत्तेजक कविताओं का बड़ा प्रभावी योगदान रहा है। 'कुरूक्षेत्र' में वे लिखते हैं–

छीनता हो स्वत्व कोई और तू
त्याग तप से काम ले
यह पाप है
पुण्य है विच्छिन्न कर देना उसे
बढ़ रहा तेरी तरफ जो हाथ है।[11]

निष्कर्ष :

दिनकर प्रचण्ड राष्ट्रवादी हैं। उनकी कविताओं में प्रेम के विविध पक्षों, यथा–देशप्रेम, प्रकृति–प्रेम, नारी–प्रेम आदि को देखकर कुछ लोग उन्हें दिग्भ्रमित राष्ट्रकवि तक कह देते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि वीर और शृंगार आदिकाल से ही एक–दूसरे के पूरक रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि जब–जब राष्ट्रप्रेम की गति मन्द पड़ती है– प्रकृति और नारी दोनों थाप दे–देकर उस गति को तीव्र वेग–सम्पन्न कर देती हैं। कहना न होगा कि अपने समय के सूर्य दिनकर ने अपना यह साहित्यिक दायित्व बखूबी निभाया है।

संदर्भ सूची :

1. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ 453, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली।
2. सिंह राजेश्वर प्र0 (सं.), रामधारी सिंह दिनकर, पालने से चिता तक (राष्ट्रकवि दिनकर निबंध–संग्रह) पृ. 3, ग्रन्थ निकेतन, पटना
3. वही, पृ. 05
4. दिनकर, रामधारी सिंह, हुंकार, पृ. 70, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
5. दिनकर, रामधारी सिंह, 'हुंकार' का आमुख, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. दिनकर, रामधारी सिंह, रेणुका– पृ. 20–27, प्रकाशन, उदयाचल, पटना।
7. दिनकर, हुंकार ('हिमालय' शीर्षक कविता), पृ. 72, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
8. वहीं ('प्रणति' शीर्षक कविता), पृ. 55
9. दिनकर, कुरूक्षेत्र, पृ. 36–37, उदयाचल, आर्य कुमार रोड, पटना
10. दिनकर, सामधेनी, पृ. 56, उदयाचल, पटना।
11. दिनकर, कुरूक्षेत्र, पृ. 25, उदयाचल, पटना

योग का तबला–वादन में प्रयोग

प्रो0 डॉ वसुधा सक्सेना*

सारांश

तबला–वादन में सर्वप्रथम हम किस स्थिति में बैठकर बजाते है उस पर चर्चा करेंगे। तबला–वादन करते समय निम्नलिखित आसनों पर बैठकर वादन किया जाता है– पद्मासन, सिद्धासन, वज्रासन, सुखासन, वीरासन – ये सभी आसन शरीर को शक्ति प्रदान करते हैं। इससे सहनशक्ति व दृढ़ता आती है। नींद की समस्या– यदि हो तो उसमें सुधार होता है। आसन के अतिरिक्त तबला–वादन में योग के यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि आठ नियमों की पालना पूर्णरूपेण की जाती है।

लेख से यह प्रमाणित होता है कि तबला वादक संगीत में प्रदर्शन व अभ्यास करने में श्रेष्ठता तक तभी पहुँच सकता है जब वह योग के समस्त नियमों की पालना कर।

कुंजी शब्द : *योग, तबला, संगीत, पद्मासन, यम, नियम, आसन*

प्रविधि : *यह शोध–पत्र द्वितीयक माध्यमों से सहयोग लेकर तैयार की गई है ।*

"योग शब्द मुख्यतः युज् + धभ् प्रत्यय से उत्पन्न माना गया है। वैसे जगह–जगह योग की भिन्न परिभाषा भी प्राप्त होती है किन्तु पतंजलि योग में युज समाधौ से उद्भुत योग शब्द का प्रयोग हुआ है जोकि समाधि वाचक है परन्तु अन्य योग समप्रदायों यथा तंत्र, नाथ, शैव आदि में युजिर योग निष्पन्न होकर संयोगार्थक है।[1]

महर्षि व्यास के अनुसार –

योग–जीवात्मा का सच्चिदानन्द (सत+चित+आनन्द) स्वरूप है अर्थात् जीवात्मा द्वारा ब्रह्म के सच्चिदानन्द स्वरूप का साक्षात्कार करना ।

याज्ञवलक्य स्मृति के अनुसार –

संयोगों योग इत्यक्तो जीवात्यनो, अर्थात् योग जीवात्मा व परमात्मा का मिलन हैं।

कैवल्योपनिषद् के अनुसार –

योग में चित्त की एकाग्रता पर बल दिया गया है। जब मनुष्य अपने अन्तःकरण को इतना योग्य बना ले कि बिना किसी बाह्य मदद के वह चित की एकाग्रता द्वारा अन्तःकरण और शरीर से पृथक् हुए बिना आत्मा का साक्षात्कार करे–वास्तव में यही योग है।

योग दर्शन के अनुसार–

सबसे अधिक परिभाषा महर्षि पंतजलि द्वारा दी गई है कि चितवृत्तियों के निरोध का योगानुशासन अपनाने पर मानसिक बिखराव रूकता है अर्थात् मनुष्य अपने सम्पूर्ण बाहय व्यवहार की सिद्धि के लिए पाँच ज्ञानेन्द्रियों व पाँच कर्मेन्द्रियों का करण के रूप में प्रयोग करता है। इसी प्रकार, मनुष्य आन्तरिक व्यवहार या आचरण के सिद्धि के लिए मन, बुद्धि व अंहकार का उपयोग करता है, ये साधन अन्तःकरण कहलाते हैं।

गीता के अनुसार योग –

'योगस्थ कुरू कर्माणि संगत्यक्ल्वाधनंजय
सिद्धयसिद्धियोः सभो भूकत्वा समत्व योग उच्चते' (2/48)

अर्थात् सुख, दुख, लाभ हानि, शत्रु, मित्र, शीत और ऊष्ण आदि द्वन्दों में सर्वत्र सम–भाव रखना योग है। मन की इसी स्थिति को समत्व कहा गया ओर यही समता योग है।

सांख्य दर्शन के अनुसार –

'पुरूषप्रकृत्योर्वियोगेपि योग इत्यमिधीयते'

अर्थात् पुरूष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरूष का स्वः स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है।

विष्णु पुराण के अनुसार –

जीवात्मा तथा परमात्मा का मिलन ही योग है।

*प्राचार्य, राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर

बौद्ध धर्म के अनुसार –

'कुशल चितैकग्गता योग'

अर्थात् कुशल चित्त की एकाग्रता ही योग है।

जैन दर्शन के अनुसार –

शरीर, वाणी और मन तीनों के द्वारा आत्मा में जो हलचल होती है, वह योग है।

स्वामी दयानन्द सरस्वती के अनुसार –

योग सबसे बहुमूल्य विरासत है और यह आज की आवश्यकता है और कल की संस्कृति ।

योग मिनिस्ट्री के अनुसार –

योग अनिवार्य रूप से एक अत्यन्त विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केन्द्रित है। यह स्वस्थ जीवन जीने की कला और विज्ञान है।[2]

तबला–वादन व योग का सम्बन्ध –

तबला–वादन में सर्वप्रथम हम किस स्थिति में बैठकर बजाते हैं, उस पर चर्चा करेगे। तबला–वादन करते समय निम्नलिखित आसनों पर बैठकर वादन किया जाता है–

1. **पद्मासन**[3] – इस आसन में कमल के फूल के समान बैठक लगायी जाती है। इसी कारण इसको कमलासन व पद्मासन भी कहा जाता है। जमीन पर बैठकर बायें पैर की एड़ी को दायीं जंघा पर इस प्रकार रखें कि एड़ी नाभि के पास आ जाये। इसके बाद दायें पांव को उठाकर बाई जंघा पर इस प्रकार रखें कि दोनों एड़ियाँ नाभि के आस–पास मिल जायें । दोनो घुटने जमीन पर लग जायें इसके बाद स्वतः ही मेरूदण्ड पूर्ण सीधी हो जायेगी।

लाभ – यह आसन ध्यान के अभ्यास के लिए सबसे उपयुक्त आसन है। इससे मन को शान्ति व शरीर में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

2. **सिद्धासन**[4] – दण्डासन में बैठकर बायें पैर को मोड़कर एड़ी को गुदा एवं उपेन्द्रिय के मध्य भाग में लगायें तथा दाये पैर की एड़ी को उपेन्द्रिय के ऊपर वाले भाग पर रखें तथा बाँये पैर के टखने पर दाँये पैर का टखना रखें। इसके अतिरिक्त दोनों पैर के पंजे जंघा और पिण्डली के मध्य रखें। घुटने जमीन पर लगाते हुए रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखें। इस आसन को करने से भी मन शान्त व एकाग्र होता है।

लाभ – इस आसन से नाड़ियों की शुद्धि होती है। मस्तिष्क की स्मरण–शक्ति बढ़ती है। तबला–वादकों के लिए यह स्थिति अत्यन्त फलदायी होती है।

3. **वज्रासन**[5] – इस आसन में पाँव को घुटने से मोड़कर एड़ियों को पीछे कूल्हे के नीचे रखें। यह आसन ध्यान के साथ–साथ पाचन–शक्ति के लिए सबसे सशक्त आसन है। यह एकमात्र ऐसा आसन है जिसे भोजन करने के पश्चात् किया जा सकता है।

इस आसन में बनारस घराने में विशेषकर तबला–वादन किया जाता है।

4. **सुखासन**[6] – यह आसन बहुत ही सरल होता है। आम भाषा में आलती–पालती मारना भी बोलते हैं। यह आसन एक ऐसा आसन है जिसमें अधिकांश तबला–वादक बैठकर तबला–वादन करते हैं।

लाभ – इसे करने से साधक का चित्त शान्त व एकाग्र होता है जिससे तनाव की स्थिति कम होती है । पैरों में रक्त–संचार कम हो जाता है और अतिरिक्त रक्त अन्य अंगों की ओर संचारित होने लगता है जिससे क्रियाशीलता बढ़ जाती है।

5. **वीरासन**[7] – जमीन पर खड़े होकर बायें पाँव को यथासाध्य एक कदम से भी ज्यादा आगे रखें, तत्पश्चात् बाये पाँव को उलटकर घुटने को मोड़ते हुये पाँव को पीछे की तरफ किंचित खड़ा करते हुए कमर के ऊपरी भाग को पूर्णतया बलपूर्वक पीछे की तरफ खींचते हुये बायें पाँव के पंजे से लेकर जांघ का पूरा हिस्सा आंतरिक शक्ति लगाते हुये सीधा रखें। इस आसन में पं. किशन महाराज, पं. कुमार बोस, सुरेश तलवलकर वादन करते हैं।

लाभ – यह आसन शरीर को शक्ति प्रदान करता है, इससे सहनशक्ति व दृढ़ता आती है। नींद की समस्या– यदि हो तो सुधार होता है।

आसन के अतिरिक्त तबला–वादन में योग के यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, आठ नियमों की पालना पूर्णरूपेण की जाती है। –

1. **यम**– यम का अर्थ आत्म–नियन्त्रण से है। तबला–वादन करते समय हाथ की गतिविधियों का संचालन करते समय पूर्णतः नियन्त्रण रखना पड़ता

है। अतः यम के नियम का पालन किया जाता है।

2. **नियम**– नियम का अर्थ आत्म अनुशासन से लिया जाता है और तबला–वादन करते समय वादन के नियम, बैठक, पढन्त आदि के सभी नियमों की पालना करनी होती है इससे योग के भी नियम की पालना होती है।

3. **आसन**– योग के इस नियम की पूर्ण व्याख्या तबला–वादन करते समय बैठक में ऊपर किया जा चुका है।

4. **प्राणायाम**– प्राणायाम के नियम में योग में श्वास पर सन्तुलन रखना सिखाया जाता है। तबला–वादन में भी प्राणायाम के पूरक, रेचक, कुंभक आदि की पूर्णरूपेण पालना की जाती है। वादन में पढ़न्त करते समय श्वास को धीरे–धीरे लेना व त्यागते हैं। विलम्बित लय में श्वांस का ठहराव व द्रुत लय में वादन के पसीने से शरीर के विकार निकल जाते हैं।

5. **प्रत्याहार**– इस नियम में इन्द्रियों का संयम आता है। तबला–वादक अभ्यास में पाँचो इन्द्रियों आँख, नाक, कान, जीभ एवं त्वचा को सयंमित कर ही वादन में निखार ला सकता है। अतः पूर्णतः इस योग नियम की भी पालना की जाती है।

6. **धारणा**– इसका अर्थ दृढ़ संकल्प से है। इसमें व्यक्ति अपने लक्ष्य को पाने के लिए दृढ निश्चयी बनता है और तबला–वादक अपने वादन को सौन्दर्यात्मक कर्णप्रिय करने के लिए दृढ़ निश्चयी होकर साधना करने से धारणा नियम की पालना करता है।

7. **ध्यान** – उक्त नियमों की पालना कर तबला वादक योग के इस नियम–ध्यान की ओर अग्रसारित होता है जिसमें वह परम शक्ति में धीरे–धीरे तल्लीन होता जाता हैं ।

8. **समाधि**– चित जिसका ध्यान कर रहा हो, उसका स्वरूप शून्य होकर जब केवल ध्येय मात्र की प्राप्ति करे तो वह समाधि की स्थिति होती है। वादक धारणा, ध्यान की स्थिति तक जाते हुए वादन की नाद–साधना में लीन होकर ब्रह्मानन्द की अवस्था तक पहुँच जाता है और यही स्थिति योग की समाधि स्थिति होती है।


चित्र : 1. पद्मासन[3]


चित्र : 2. सिद्धासन[4]

चित्र : 3. वज्रासन[5]


चित्र : 4. सुखासन[6]

चित्र : 4. वीरासन[7]

उपसंहार :

उपर्युक्त लेख से यह प्रमाणित होता है कि तबला–वादक संगीत में प्रदर्शन व अभ्यास करने में श्रेष्ठता तक तभी पहुँच सकता है जब वह योग के समस्त नियमों की पालना करें।

सन्दर्भ सूची :

1. कुमार, डा. कामाख्या, योग महाविज्ञान, पृ. 21
2. yoga-https://him.wikipedia.org
3. पद्मासन चित्र. https://images.app.goo.gl/9xAyUKNjgq2SBGTP7
4. सिद्वासन चित्र. https://images.app.goo.gl/9xAyUKNjgq2SBGTP7
5. वज्रासन चित्र. https://images.app.goo.gl/9xAyUKNjgq2SBGTP7
6. सुखासन चित्र. https://images.app.goo.gl/9xAyUKNjgq2SBGTP7
7. वीरासन चित्र. https://images.app.goo.gl/9xAyUKNIgq2SBGTP7
8. माईणकर, सुधीर, तबला वादन कला और शास्त्र अभिनव, भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल 23/04/2000
9. मिस्त्री, आबान, तबले का उद्‌गम, विकास ओर वादन शैलियाँ, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रथम संस्करण 1987
10. मिश्र, विजय शंकर, तबला पुराण, कनिष्क पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रथम संस्करण 2009

मगही लोकनाट्य में संगीत

प्रो. निशा झा*

सारांश

मगध राज्य का उल्लेख प्राचीन काल से ही प्राप्त होता है। भारतीय इतिहास में मगध राज्य का उच्च स्थान रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद एवं पुराण आदि में भी मंगध शब्द का उल्लेख किया है। शतपथ ब्राह्मण में भी मगध राज्य की चर्चा मिलती है। यह बुद्ध की–ज्ञान प्राप्ति का स्थान रहा है। इसलिए इस क्षेत्र की सभ्यता और संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ नाट्य की प्राचीन परंपरा रही है। इस क्षेत्र की नाट्य शैलियों, विशेषकर लोकनाट्य की विभिन्न शैलियों एवं उनके प्रयुक्त संगीत की शोधपूर्ण व्याख्या आवश्यक प्रतीत होता है। इसलिए मगही लोकनाट्य शैलियों में सांगीतिक प्रयोग के संबंध में कुछ जानकारी प्राप्त कर उन्हें प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

शब्द : *मगही, लोकनाट्य, गीत, संगीत, शैली, संवाद*

प्रविधि : *पुस्तकों के अध्ययन से सामग्री संकलित कर शोध–पत्र तैयार किया गया है ।*

मगध राज्य का परिचय

प्राचीन मगध राज्य को ही मगही क्षेत्र के नाम से जानते हैं। हुएनसांग ने (629–45 ई.) इसके लिए 'यो–किए–तो' शब्द का व्यवहार किया है।[1] इसका क्षेत्रफल 5000 मीटर या 8.33 वर्गमील बताया है।[2] इस क्षेत्रफल के अनुसार इसके अंतर्गत संपूर्ण पटना जिला एवं गया जिला भाग का क्षेत्र आता है। डॉ विश्वनाथ प्रसाद के अनुसार प्राचीन मगध राज्य की सीमा उत्तर में गंगा, पश्चिम में वाराणसी (कर्मनाशा नदी तक), पूरब में हिरण्य पर्वत या मुंगेर और दक्षिण में कर्ण, सुवर्ण्य या सिंहभूम तक विस्तृत थी।[3]

मगध की उत्पत्ति

मगध की उत्पत्ति के संबंध में डॉ विश्वनाथ प्रसाद ने लिखा है–''मगध का व्युत्पत्तिगत अर्थ'मग' सुद को धारण करने वाला बताया गया है। अथर्ववेद संहिता में गान्धारेभ्यो मूजवद्भ्योऽड़ेग्भ्यो मागधेभ्यः (5–22–5–14)। इस मन्त्र में तक्मन (ज्वर) से कहा गया है कि वह इन देशो में चला जाए। अथर्ववेद के 15वें कांड में मागध व्रात्यों का धनिष्ठ मित्र कहा गया है।[4]

इस क्षेत्र की महत्ता इस बात से स्पष्ट होती है कि– ''भगवान बुद्ध ने इसी प्रदेश के गया क्षेत्र में बोधि–सत्व प्राप्त किया। सारिपुत्र और मोद्गलायन इसी भूमि के गौरव के प्रतीक थे। शिशुनागवंशी अजातशत्रु ने पाटलिपुत्र नगर की स्थापना कर उसी को राजधानी बनाया था, जो मौर्यकाल में आकर केवल मगध का ही नहीं, वरन् सारे देश के केंद्रीय शासन की राजधानी बन गया। चंद्रगुप्त मौर्य और अशोक के राज्यकाल में यह प्रदेश बौद्धधर्म और विश्वसंस्कृति का केंद्र स्थान बन गया। ईरान का दारा और विश्वविजयी सिकन्दर को मगध के पराक्रम से अभिभूत होकर निराश लौट जाना पड़ा और सेल्यूकस को कन्यादान कर संधि करनी पड़ी थी।[5] इस क्षेत्र में प्रचलित भाषा को 'मगही' भाषा कहा जाता है। बिहार की प्रमुख बोलियाँ हैं मगही, मैथिली, भोजपुरी, अंगिका और बज्जिका। इन बोलियों में बहुत कुछ साम्य है वैसे पटना, गया एवं मुंगेर की मगही भाषा में स्वभावतः अंतर मिलता है।

लोकनाट्य

''लोक वृत्तानुकरणं''[6]

नाटक मूलतः सामाजिक स्थितियों की अनुकृति है। नाटक का निर्माण, सामाजिक रीति–रिवाज, आदर्श, सभ्यता एवं संस्कृति के आधार पर होता है। हर समाज की सभ्यता एवं संस्कृति में, रीति–रिवाजों में कुछ–कुछ अंतर होता है। इसलिए देश–विदेश, स्थान– विशेष एवं काल–विशेष के कारण नाटको में भिन्नता होती है। नाटक में सामाजिक स्थिति का प्रभाव पड़ता है। प्राचीन भारत में धर्म–प्रधान समाज था। इसलिए उस काल के नाटकों में,

*सचिव, सांस्कृतिक परिषद्; अध्यक्ष, विश्वविद्यालय संगीत विभाग, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, बिहार

नाटक की कथावस्तु प्रायः धार्मिक हुआ करती थीं। पारंपरिक रूप से भारतीय ग्रामीण समाज में छोटे–छोटे स्तर पर नाटक खेला जाता था जिसे 'लोक नाट्य' कहा जाता रहा। लोकनाट्य का उद्देश्य है मनोरंजन एवं सामाजिक शिक्षा को समृद्ध करने के लिए सामूहिक अभिव्यक्ति। 'लोक' की कृति को, किसी कथा को संवाद के माध्यम से नाट्यरूप में प्रस्तुत किया जाता है, उसे लोकनाट्य कहते हैं। लोक नाट्य को व्यक्तिक न मानकर सामूहिक कृति माना जाता है। माना जाता है कि लोकनाट्य के वर्तमान स्वरूप की उत्पत्ति 15वीं–16वीं सदी से है। परंपरारात लोक नाट्य स्थानीय जीवन शैली के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में, वहाँ की बोलियों में लोक नाट्य प्रस्तुत होता है, जैसे, अंगिका, वाज्जिका, भोजपुरी, मैथिली एवं मगही आदि।

मगही लोकनाट्य–

मगही क्षेत्र की बोली के हिसाब से, पटना, गया एवं मुंगेर जिला के दक्षिणी भाग को माना जाता है। इन्ही क्षेत्रों में मगही भाषा का प्रचलन है।

"मगही भाषा–क्षेत्र ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त विलक्षण और प्रसिद्ध रहा है। किसी जमाने में मगध एक प्रमुख क्षेत्र था और उत्तर भारत का एक प्रमुख राजनैतिक केन्द्र। पाटलिपुत्र या पटना एक समय में पूरे उत्तरी भारत की राजधानी के रूप में विख्यात रहा है। मौर्य राजाओं तथा गुप्त वंश के राजाओं की राजधानी रहने का गौरव भी पाटलिपुत्र या पटना को ही प्राप्त था। यह गौरव बिहार के किसी भी अन्य नगर को सुलभ नहीं हो सका।"[7]

आर्थिक दृष्टि से यह क्षेत्र समृद्ध नहीं है। परिणामतः यहाँ का लोकजीवन सामान्य एवं साधारण रहा है। यहाँ के लोगों में सहजता है,बहुत कुछ पाने की होड़ नहीं है। यहाँ लोगों के बीच जो लोकनाट्य प्रचलित हैं, वे हैं– बगुली, सामाचकवा, जाट–जाटिन, डोमकच, चैता, भाँड, बहुरूपिया, चौहर, जँतसार, नौटंकी, रामलीला आदि। इन लोकनाट्यों का संक्षिप्त वर्णन निम्नांकित हैं–

1.2 Donating clothing: -To prevent clothes from ending up in landfills, donate them locally. It's an easy way to give our clothing a second life. Check for the many organizations in our area that accept clothing donations. Many non-profit organizations raise money for charitable causes. We can also donate old clothing that's in good condition to homeless and women's shelters, family service agencies, immigrant support groups, temples and churches. Donating our clothing to someone else that may need it more than we do is a great gesture and happiness within.. Therefore, donating our garments is one of the greatest procedures for recycling.

1.3 Upcycling into new clothes: - Upcycling is cutting and sewing used garments and other textiles to create new clothes of higher value. It gives a new purpose to old items in our wardrobe by making something exceptional and unique.

It's an outstanding way to preserve the environment. Instead of throwing old clothes away, upcycle them to get something useful. Today fashion industry is taking a great initiative to upcycle old clothing and giving it a purposeful meaning.

We can upcycle our clothing at home without extra machinery and save resources. Extending the life of clothes and upcycling are very important steps to build a sustainable fashion future.

Fig 7: Upcycling old into new cloths

1.4 Repairing and caring for cloths: - Whenever possible we should repair and reuse our clothes instead of buying new ones.

I know it's fun to shop for new pieces for our wardrobe and at the same time getting rid of the clothes we never wear. But taking better care of the clothes we already own has a huge impact on the environment.

Repair old clothes to a possible extent as much as we can. We can make our clothes last longer by washing in lower temperatures as well.

To build a sustainable fashion future, we must change our behavior for the better. Taking better care of the clothes we have makes a huge difference.

1.5 Selling unwanted clothes: -If our old clothes are still valuable, we can sell them to resale shops and thrift stores for extra cash.

Local consignment shops are one good option.

Many apps and online marketplaces such as eBay, Poshmark, ThredUp, Tradesy, allow us to sell our used clothing easily on the internet.Selling our unwanted clothes is very sustainable. We help upcycle clothes that would otherwise end up in landfills. It's a great way to buy and sell second-hand and designer clothing at a fraction of the retail price.

The second-hand clothing market is expanding rapidly. More and more people are buying vintage clothing and shopping in thrift stores. Buying used clothing is becoming cool again.

1.6 Recycling old clothes: - When our used clothes cannot be sold or donated, we can keep them out of landfills by recycling them. Old clothing can be used as rags around the house and even for compost if it is a biodegradable fabric. A stained, oversized shirt is handy when doing any sort of painting or other messy activities. If you own a sewing machine, you can create a variety of different items with something like bags, pillow covers, curtains etc. that will save the fabrics to dump in landfills which would take years to biodegrade. Below are a few pictures of accessories made of old ties.

Fig : 8 Recycling of Old Ties, Source : Pinterest.

Reduction of Fashion Industry waste to protect environment.

The Recycling and waste management sector is relatively new for the textile industry; however, the benefits from Recycling are clear. Several companies have been researching innovative ways to recycle fabrics. Clothes can also be made from recycled cotton and wool, but only about 1% of the global supply is recycled. Manufacturers could increase that number significantly with better technologies and consumer education and engagement. Humble's clothing brand has been working towards this goal, increasing their use of secondhand fabrics over time as they find ways to work within the limits of their production capabilities. They now source preused fabric from local thrift shops (Humble x Goodwill Collection) and sell them at affordable prices in conjunction with an e Commerce platform that enables shoppers to purchase responsibly sourced garments.

Most recently, H&M announced it is collaborating with Eco Alpha on a wastewater treatment plant in Italy that will be capable of transforming a million tons of its used clothes into new textiles every year to be 100% recycled by 2020 and 30 % recycled materials by 2025.

The Council of Fashion Designers of America (CFDA) partnered with the Ellen MacArthur Foundation to launch a new initiative called "The New Plastics Economy." The goal is to create a circular economy for fashion in which materials are reused, recycled, and repurposed. Several high-end designers, such as Stella McCartney and H&M, have begun using sustainable fabrics like organic cotton and bamboo in their collections. Some brands are even experimenting with upcycling or taking discarded materials and turning them into something new and valuable. For example, Dutch Designer Anouk Wipprecht has created

3D high fashion clothing by using old car parts. E.g., old car parts are upcycled into the Fashion Industry

Fig:9 Futuristic 3D printed dresses that are made from Audi car parts

Discussions and Results: -

Many brands are also trying to reduce their environmental impact in other ways, such as designing products that don't need to be thrown away after a single use and investing in technology like computerized cutting machines that can cut fabric more efficiently. It has been found that the price of the new product in the market is the main criteria to purchase the used product. If new clothes are available at lower prices, consumers will prefer to buy new instead of second-hand clothes. So, the price of the used product also decides its future. Focus should on how to reduce cost during repairing or redesigning (Zhao et al., 2013; Das and Dutta, 2015). It has also been found that collaborative kind of redesigning facility is more cost effective (Yang et al., 2013). Silently, saving both time and money for manufacturers.

"The New Plastics Economy" is only one of many initiatives the fashion industry has taken towards reducing its environmental impact through Recycling & sustainability. Other programs include REPREVE (a brand owned by DuPont), turning recycled plastic bottles into new fibers. The Sustainable Apparel Coalition's Higg Index program launched last year, encouraging companies to measure and improve their environmental and social impact. The main objective for this writing is how recycling and upcycling can be done to make the environment more sustainable and ecofriendly, instead of throwing and discarding the clothing into the landfills.

Most favoured option

Reduce — lowering the amount of waste produced

Reuse — using materials repeatedly

Recycle — using materials to make new products

Recovery — recovering energy from waste

Landfill — safe disposal of waste to landfill

Least favoured option

Fig 10: Flow Chart of Reduce to Landfill.

Conclusions: -

It has been observed that the main aim of upcycling is to achieve sustainability by increasing the life span of the product and or its materials. An upcycling process consists of idealization, reconstruction and fitting stages. Upcycling has various benefits, which includes environmental and monetary benefits for the individual. This study is to determine the process of designing and techniques or methods of upcycling used clothing as a waste used clothing. The research benefits for the fashion Industry adds innovation to reduce waste . Upcycle is recycling fashion products into new products that have better value than throwing away and making the environment polluted and health adversely affected.

Acknowledgement:-

I would like to shower my immense gratitude to my family & friends. My motivation was geared up by my mother & brother in law (An environmentalist) who constantly pushed me to write on this issue and above all it is my own interest to recycle and upcycle the

fashionable waste till it is no longer usable and functionable and lastly & safely dispose to landfill.

Refrences :

1. https://doi.org/10.1080/17569370.2016.1226604 (Carla Binotto & Alice Payne)
2. https://www.tandfonline.com/doi/full/10.1080/17569370.2016.1193977(Kate Catterall)
3. https://www.tandfonline.com/doi/full/10.1080/17569370.2016.1148309 (Marilyn Delong, Mary Alice Casto , Seoha Min & Gozde Goncu - Berk)
4. https://doi.org/10.1080/17543266.2018.1534001 (Dipti Bhat , Jillian Silverman & Marsha A. Dickson)
5. researchgate.net/publication/322728121_Revisiting_upcycling_phenomena_a_conc ept_in_clothing_industry
6. Chen, H.L. and Burns, L.D. (2006), "Environmental analysis of textile products", Clothing and Textiles.
7. Research Journal, Vol. 24 No. 3, pp. 248-261.

   Connell, K.Y.H. (2011), "Exploring consumers 'perceptions of eco-conscious apparel acquisition behaviors", Social Responsibility Journal, Vol. 7 No. 1, pp. 61-73.
8. https://fashionandtextiles.springeropen.com/articles/10.1186/s40691-021-00262-9(Harri Moora , Markus Vihma , Reimo Unt , Marko Kiisa & Sneha Kapur) Designing for circular fashion: integrating upcycling into conventional garment manufacturing processes
9. https://www.academia.edu/12022127/A_Review_on_Upcycling_Current_Body_of_Literature_Knowledge_Gaps_and_a_ Way_Forward (Kyungeun Sung)
10. https://www.researchgate.net/publication/321251472_Upcycling_Used_Garments_to_Recreate_Sustainable_Fashion_Designs_Treated_by_Soil_Release_Finishing

    (Maha M.T Eladwi, Rania N Shakar, S. H. Abdelrahman & Aya S, Mahmoud)
11. https://www.scirp.org/journal/paperinformation.aspx?paperid=114931The Upcycling and Reconstruction of Garments and Fabrics (Yuan Zhi , Department of Art and Design Northumbria University)
12. https://koreascience.kr/article/JAKO201412835857601.pdf Upcycling Awareness Research Fashion Clothing Goods for Korean University Students Se-Lin Choi, Eun-Hee Choi, and Wol-Hee Do

Other Sources :

My dissertation thesis on Sustainable Fashion "Let us Breath"

My review paper published in Stom Journal 2022 ISSN 2231-1041 "Significance and value of Sustainable Fashion : It's Detrimental Effect on the People During Pandemic"

This paper "Recycling and Upcycling Fashion : A Reusing, Reprocessing and Remaking the used Clothing in a Sustainable Occurrence" is my International conference paper presented in Birla Institute of Technology, Mesra (Ranchi) Noida Campus, India.

हिन्दी चित्रपट संगीत में भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक संगीत का प्रयोग : निरीक्षण एवं समीक्षा

डॉ. सिमरप्रीत कौर*

सारांश

हिन्दुस्तान में हिन्दी चित्रपट संगीत एक बहुत ही लोकप्रिय संगीत शैली है, जो अधिकाधिक श्रोताओं तक अपनी पहुंच रखता है। चलचित्रों के गीत हिन्दी सिनेमा के लिए एक अलग उद्योग बनाते हैं एवं इन गीतों की सफलता पर हिन्दी चलचित्रों की आय का एक बड़ा भाग निर्भर करता है। इसलिए इन गीतों की सफलता संगीत निर्देशक, गीतकार, संगीतकार के लिए ही नहीं, बल्कि चलचित्र के निर्माता और निर्देशकों के लिए भी बहुत महत्त्व रखती है। संगीत निर्देशकों के लिए यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि वह गीत की संरचना श्रोताओं की अभिरूचि को ध्यान में रखते हुए करें और इसका सबसे परखा हुआ प्रयोग गीत में लोक संगीत को शामिल करना है। भारत विविध संस्कृतियों की भूमि है तथा यहां के प्रान्तों में लोक संगीत बहुत ही विशाल है। हिन्दी चित्रपट संगीत में भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक संगीत का प्रयोग अति कुशल रूप में हुआ है और यह शोध–पत्र इसी प्रयोग के अवलोकन एवं कुछ अविस्मरणीय गीतों पर आधारित संक्षिप्त चर्चा है।

मूल शब्द : *हिन्दी चित्रपट संगीत, लोक संगीत, हिन्दी चलचित्र गीत, भारतीय प्रांत, संगीत निर्देशक।*

शोध प्रविधि : *इस शोध–पत्र के लेखन हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक स्रोतों का प्रयोग किया गया है।*

शोध क्षेत्र : *प्रस्तुत शोध–पत्र हिन्दी फिल्म संगीत एवं लोक संगीत के समीक्षण का अवलोकन है। इसमें भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोकसंगीत के प्रयोग से संरचित हिन्दी फिल्मी गीतों का निरीक्षण है। प्रथम सवाक् चलचित्र 1931 से लेकर 2015 तक के बहुत लोकप्रिय गीतों की सूची दी गई है, जो भारतीय प्रांतों के लोक संगीत से प्रेरित है।*

भूमिका

भारत में फिल्म संगीत का एक अपना स्थान है। हिन्दी चित्रपट संगीत सामान्य जनता में बहुत लोकप्रिय है। हिन्दी चित्रपट संगीत के मुख्यतः दो प्रारूप है पृष्ठभूमि संगीत एवं फिल्मी गीत। विदेशी चलचित्रों के विपरीत हिन्दी चलचित्र में प्रथम सवाक् चलचित्र 'आलमआरा' (1931) से ही गीत शामिल हो गए। गीतों का प्रयोग न केवल चलचित्र के लिए सफल रहा, बल्कि इस प्रयोग से हिन्दुस्तान में एक नवीन संगीत शैली का जन्म हुआ। आगे चलकर हिन्दी चित्रपट संगीत की लोकप्रियता बहुत बढ़ गई एवं अन्य संगीत–शैलियों के साथ–साथ हिन्दी चित्रपट संगीत भी एक मुख्य शैली के रूप में उभरा और तब से लेकर आज तक हिन्दी फिल्म संगीत अपना स्थान बनाए हुए है। हिन्दी चित्रपट संगीत के प्रारूप को स्पष्ट रूप से निर्धारित करना बहुत मुश्किल है क्योंकि इसकी शैली कथानक, दृष्टान्त, निर्देशक, निर्माता, गीतकार, संगीतकार एवं जनरूचि पर निर्भर करती है। हिन्दी फिल्म संगीत में अनेक शैलियाँ स्वभाविक ही शामिल करनी पड़ती है। चलचित्र की कहानी, दृश्य, जनरूचि आदि अन्य कारकों के अनुसार हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की बंदिशें, उपशास्त्रीय संगीत की गायन शैलियाँ, लोकसंगीत, सुगम संगीत और पश्चिमी सांगीतिक शैलियों का प्रयोग गीतो में किया गया मिलता है। प्रथम सवाक् चलचित्र 'आलमआरा' (1931) में पारसी नाटक के गीत, 'बैजूबावरा' (1952) में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत से प्रेरित गीत, डिस्को डांसर (1982) में पश्चिमी डिस्को शैली पर आधारित गीत, उपरोक्त कथन के सर्वोपरि उदाहरण हैं। हिन्दी चित्रपट संगीत शैली की उत्पत्ति अन्य शैलियों को मूलाधार रख, सीमित समय की विशेषता लिए हुए है। फिल्मी गीतों की मुख्य विशेषता 3 से 7 मिनट के अन्तर्गत एक भाव–विभोर रचना द्वारा दर्शकों को तन्मयलीन कर चरित्रों के भावों के साथ साम्य स्थापित करना है। इसी दिशा में संगीत निर्देशकों एवं संगीतकारों ने हिन्दी चित्रपट संगीत के साथ अनेकानेक प्रयोग किए हैं तथा बाह्य संगीत का उपयोग करने के

*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ म्यूजिक एण्ड फाइन आर्ट्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

लिए कोई संकोच नहीं किया है। यदि हिन्दी चित्रपट संगीत के इतिहास एवं विकास को गौर से देखा जाए तो यह विदित होता है, कि समय–समय पर विभिन्न संगीत शैलियों का प्रभाव प्रबल रहा है तो कभी मध्यम रूप में निहित रहा है। जहाँ प्रारंभिक दौर में शास्त्रीय संगीत की बंदिशें ही हिन्दी फिल्मों के गीत बने, वहीं दूसरी ओर लगभग (1965) के बाद से अन्य संगीत शैलियों का प्रयोग अधिक होने लगा, परन्तु अनेक संगीत शैलियों में से भी लोक संगीत का प्रयोग निरंतर देखा जा सकता है। लोक संगीत का प्रयोग सवाक् चलचित्रों के पहले दशक से लेकर आज तक निरंतर बढ़ता आया है और ऐसे अनेक गीत हिन्दी फिल्म संगीत के इतिहास में सदाबहार गीतों की सूची में अंकित हो गए हैं, इसलिए हिन्दी चित्रपट संगीत में लोक संगीत का प्रयोग एक विशेष स्थान रखता है। लोक संगीत मानवीय भावों को बहुत ही सरलता एवं सहजता से व्यक्त करता है। लोक संगीत को पारम्परिक संगीत भी कहा जा सकता है क्योंकि यह सदियों से चला आ रहा है। लोक संगीत मानव के सभी भावों, दुख एवं सुख का सारथी है। मानव के समस्त संस्कार लोक संगीत के साथ ही साकार होते हैं। सहज अभिव्यक्ति, प्रादेशिक भाषा एवं सरल धुन व लय आदि विशेषताओं के कारण लोक संगीत मानवीय मनोभावना के साथ आसानी से जुड़ जाता है। इसी कारण हिन्दी फिल्मी गीत, जो लोकसंगीत पर आधारित होते हैं, श्रोताओं के साथ संबंध बनाने में सफल होते हैं।

अवलोकन की चर्चा

हिन्दी चित्रपट संगीत में लोक संगीत का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया, यह कहना बहुत कठिन है। पूर्व के संगीतकारों के गीतों में उनके प्रादेशिक संगीत का प्रभाव देखा जा सकता है। अपितु प्रत्यक्ष रूप में लोक संगीत का प्रयोग बॉम्बे टॉकीज के चलचित्र ''कंगन'' (1939) में रामचन्द्रपाल द्वारा किया गया मिलता है।[1] इस चलचित्र में बंगाल के नाविकों का गीत भटियाली पर आधारित संगीत की संरचना प्रत्यक्ष होती है। सन् 1941 के चलचित्र 'खंजाची' में गुलाम हैदर ने पंजाबी लोक संगीत का प्रयोग कर हिन्दी फिल्मों के गीतों में एक जीवन्तता भर दी। इस चलचित्र का गीत 'दीवाली फिर आ गई सजनी' में पंजाबी लय का प्रयोग अति सफल रहा जिसमें ढ़ोलकी पर ताल का वादन पंजाबी शैली में किया गया मिलता है।[2] 'खानदान' (1942) के गीतों में भी गुलाम हैदर ने इसी शैली का प्रयोग किया। तत्पश्चात् नौशाद द्वारा संगीतबद्ध चलचित्र रतन (1944) के गीतों में उत्तर प्रदेश के लोक संगीत का प्रयोग भी बहुत सफल रहा।[3] कश्मीरी, हिमाचली एवं बंगाली लोक संगीत का प्रभाव भी इसी दौर में सम्मिलित हो गया था।[4] आगे चलकर अन्य प्रांतों के लोक संगीत का भी कुशल प्रयोग शामिल हुआ।

चित्रपट के शुरुआती दौर से ही लोक संगीत का प्रयोग बहुत प्रभावशाली रहा है। लोक संगीत पर आधारित गीतों की सफलता के कारण वर्तमान में भी हिन्दी चित्रपट संगीत में लोक संगीत का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। संगीत समीक्षकों के अनेक लेख हिन्दी फिल्मी गीतों की सफलता का श्रेय लोक संगीत को मानते हैं। ''हिन्दी फिल्मों में माधुर्य की बढ़ती मांग के लिए लोक संगीत टिकने का माध्यम है। लोक संगीत हृदय से निकली हुई भावनाओं की सरल अभिव्यक्ति है जो दर्शकों को अपनत्व का आभास कराती है तथा सहज ही आनंदित कर देती है, इसी कारण लोक संगीत का प्रयोग संगीतकारों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में देखा गया मिलता है।''[5] एक अन्य संगीत समीक्षक द्वारा दिया गया निम्नांकित कथन हिन्दी चित्रपट संगीत में लोक संगीत के प्रयोग का एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। उनके कथनानुसार– 'गंगा जुमना' से ''नैन लड़ जईहैं'' भोजपुरी संगीत का पर्याय बन गया, बॉबी में ''झूठ बोले कौआ काटे'' मछुआरों के कोली गीत का, ''मैं तो भूल चली बाबुल का देस'' गुजराती गरबा का, ''वहाँ कौन है तेरा'' बंगाल के लोक संगीत का, मधुमती ''चढ़ गयो पापी बिछुआ'' असमी बिहु का, ''केसरिया बालमा पधारो म्हारे देस'' राजस्थानी मांड का, 'राम तेरी गंगा मैली' से ''सुन सायबा सुन'' पहाड़ी धुन का, 'मिशन काश्मीर' से ''बुमरो' कश्मीरी लोक संगीत का और 'दिल्ली 6' से ''सुसराल गेंदा फूल'' छत्तीसगढ़ी लोक संगीत का विशाल भारद्वाज की 'इश्कियाँ' और 'ओमकारा' ने हिन्दी फिल्मों में लोक संगीत को और अधिक बढ़ावा दिया। हिन्दी चलचित्रों के उपरोक्त गीत इतने प्रसिद्ध हुए हैं कि उन्हें संबंधित प्रदेश के लोक संगीत से ही जोड़ के देखा जाने लगा।

हिन्दी चित्रपट संगीत एवं लोकसंगीत के सुमेल से उत्पन्न अनेक सदाबहार गीत आज भी प्रचलित है। हिन्दी चित्रपट संगीत में सन् 1939 में सर्वप्रथम 'कंगन' में लोक संगीत का प्रयोग प्रादेशिक प्रभाव के रूप में देखा

जा सकता है तथा हिन्दी चित्रपट संगीत के इतिहास में संगीत से प्रेरित अनेकों लोक गीतों की सूची है जो श्रोताओं के मन पर अमिट छाप छोड़ गए। भारत के विभिन्न प्रांतों के लोक संगीत के प्रयोग से रचित हिन्दी फिल्म गीतों के कुछ अविस्मरणीय उदाहरण निम्नांकित हैं–

1. उत्तर प्रदेश के लोक संगीत पर आधारित गीत

झुमका गिरा रे	–	मेरा साया, 1965
चलत मुसाफिर	–	तीसरी कसम, 1966
मै आई हूँ यू. पी.	–	शूल, 1999
नमक इश्क का	–	ओंकारा, 2006
बीड़ी जलइले	–	ओंकारा, 2006
मुन्नी बदनाम हुई	–	दबंग, 2010
फेविकाल से	–	दबंग, 2010

2. बिहार और झारखण्ड के लोक संगीत पर आधारित गीत

चिं ता ता, चिता चिता	–	राउडी राठौर, 2012
वुमानिया	–	गैंग्स ऑफ वासेपुर, 2012

3. भोजपुरी लोक संगीत पर आधारित गीत

हे गंगा मैया तोहे	–	गंगा मैया तोहे पिथरी चढ़रको, 1963
लुक छुप बदरा में	–	गोदान, 1963

4. पंजाबी लोक संगीत पर आधारित गीत

लेके पहला पहला पहला प्यार	–	सी. आई. डी., 1950
की मैं झूठ बोलेया	–	जागते रहो, 1956
रेशमी सलवार	–	नया दौर, 1957
उड़े जब–जब जुल्फें तेरी	–	नया दौर, 1957
ये देश है वीर जवानों का	–	नया दौर, 1957
मेरी जाँ बल्ले–बल्ले	–	कश्मीर की कली, 1964
डोली चढ़ते ही हीर वे	–	हीर रांझा, 1970
छल्ला	–	क्रुक, 2010
बारी बरसी खटन गयासी	–	बैंड बाजा बारात, 2010
जुगनी	–	तनु वेड्स मनु, 2011

5. राजस्थानी लोक संगीत पर आधारित गीत

सुनियो जी	–	लेकिन, 1990
केसरिया बालमा	–	लम्हे, 1991
मोरनी बागां मां	–	लम्हें, 1991

गलती म्हारे से	–	करन अर्जुन, 1995
नीम्बुडा नीम्बुड़ा	–	हम दिल दे चुके सनम, 1999

6. गुजराती लोक संगीत पर आधारित गीत

हे नाम रे सबसे	–	सुहाग, 1974
ढोली तारो	–	हम दिल दे चुके सनम, 1999
काई पो चे	–	हम दिल दे चुके सनम, 1999
राम जी की चाल	–	गोलियों की रासलीला रामलीला, 2013

7. असमी लोक संगीत पर आधारित गीत

दिल हुम हुम करे	–	रूदाली, 1993

8. पहाड़ी लोक संगीत पर आधारित गीत

हुस्न पहाड़ों का	–	राम तेरी गंगा मैली, 1985

9. बांग्ला लोक संगीत पर आधारित गीत

सुन मेरे बंधु रे	–	सुजाता, 1959
मेरे साजन है उस पार	–	बंदिनी, 1963

10. मराठी लोक संगीत पर आधारित गीत

मला ज्याऊ दे	–	फरारी की सवारी, 2012
चिकनी चमेली	–	अग्निपथ, 2012
इंग्लिश विंग्लिश	–	नवराई माझी, 2012

11. दक्षिण भारतीय लोक संगीत पर आधारित गीत

मुतु कोड़ी कवाड़ी हडा	–	दो फूल, 1973
जिया जले	–	दिल से, 1998
ढ़िका चिका	–	रेड्डी, 2011
लुंगी डांस	–	चेन्नई एक्सप्रेस, 2013

निष्कर्ष :

हिन्दी चित्रपट संगीत में लोकसंगीत का प्रयोग शुरूआत से ही निरंतर चला आ रहा हैं। उत्तर प्रदेश के लोक संगीत का प्रयोग 1944 से लेकर आज तक निरंतर जारी है और इसे कई आइटम नंबर्स के लिए भी किया जाने लगा है। राजस्थानी, मराठी व गुजराती के लोक संगीत से प्रेरित चलचित्रों के गीत अल्पमात्रिक मिलते हैं, परन्तु उनका प्रभाव एवं लोकप्रियता इतनी अधिक है कि उसकी तुलना संख्या से करना उचित नहीं है। गुजराती लोक संगीत के गरबा और डांडिया नृत्य प्रकारों का भी प्रयोग मिलता है और राजस्थान के लोकसंगीत का प्रयोग तो चलचित्र की पटकथा हेतु बहुत सुन्दरता से किया गया। एस.डी. बर्मन द्वारा बांग्ला संगीत मुख्यतः प्रयोग किया गया। दक्षिण भारत के लोक संगीत के विपरीत वहाँ के चित्रपटीय संगीत का प्रयोग अधिक देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त लोक संगीत का प्रयोग आवश्यकतानुसार चलचित्र की पटकथा के अनुरूप संबंधित प्रांतों पर आधारित होने के कारण किया गया, जिसके आभाव में चलचित्र की सार्थकता स्थापित नहीं हो सकती

थी। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि पंजाब के लोक संगीत का प्रयोग स्वावलंबी रूप से बड़े पैमाने पर हो रहा है। पंजाब के लोक संगीत की कई गायन–शैलियों, जैसे–टप्पे, जुगुनी, हीर, छल्ला आदि से प्रेरित हिन्दी चलचित्र के गीत बहुप्रचलित हुए हैं और इनकी संख्या निर्धारित करना बहुत कठिन है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हिन्दी चित्रपट संगीत में भारत के विभिन्न प्रांतों के लोक संगीत का प्रयोग बहुत कुशलता से किया गया मिलता है। यह प्रयोग न केवल हिन्दी चित्रपटीय गीतों की लोकप्रियता बढ़ाने में सहायक साबित हुआ है बल्कि कहीं–न–कहीं लोकसंगीत की पारंपरिक धुनों को उजागर करने में सक्षम दिखता है। अतः यदि हिन्दी चित्रपटीय संगीत निर्देशक, भारत के प्रांतों के लोक संगीत को और अधिक सावधानी से मौलिक रूप में ही प्रयोग करें तो यह लोक संगीत के संरक्षण हेतु बहुत ही बौद्धिक प्रयास होगा और दोनों ही शैलियों को लाभान्वित करेगा।

सन्दर्भ सूची :

1. भार्गव, अनिल, हिन्दी फिल्म संगीत 75 वर्षों का सफर, वाङ्मय प्रकाशन, वाङ्मय हाउस, ई–776/7, लाल कोठी योजना जयपुर–302015 (द्वितीय संस्करण : 2011)
2. राग, पंकज, धुनों की यात्रा (हिन्दी फिल्मों के संगीतकार), राजकमल प्रकाशन, नेता जी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली (द्वितीय संस्करण)।
3. विमल (डॉ.), हिन्दी चित्रपट एवं संगीत का इतिहास, सोमनाथ दल संजय प्रकाशन, 437884–वी, 209 जे. एन. डी., हाउस गली मुरारीलाल, अंसारी रोड़, दरियागंज नई दिल्ली–110002 (प्रथम संस्करण : 2010)
4. Evolution of Hindi Film Song, Part 2, http://www.uperstall.com/content/evolution-hindi-film-song-part-2.
5. डे, दीपा राणा, Sounds of the soil, the Tribune, Specturm Sunday, September (2012)

'संगीतरत्नाकर' के स्वरगताध्याय की प्रासंगिकता

डॉ0 दीप्ति श्रीवास्तव*

शोधसार

शारंगदेव का 'संगीतरत्नाकर' संगीत के अत्यन्त विशाल व्यापक क्षेत्र विषय के स्पष्ट निरूपण तथा प्रमाणिकता की दृष्टि से अप्रतिम स्थान रखता है। गीत वाद्य तथा नृत्य संगीत के इन तीनों अंगो का विस्तृत निरूपण इस ग्रंथ में सप्ताध्यायों में विभाजित है, अतः यह सप्ताध्यायी के रूप में भी विख्यात है। इन सप्त अध्ययों में स्वरगताध्याय में स्वरगत विषयों, नाद स्वर, श्रुति, ग्राम, मूर्च्छना, जाति गीति, वर्ण अलंकार सभी विषयों की शारंगदेव ने तत्कालीन लक्षण के अनुसार व्याख्या की है। ये सभी आधारभूत लक्षण आज भी संगीत में कुछ संज्ञा भेद से प्रयुक्त है। साथ ही, कुछ में सादृश्यता भी दृष्टिगोचर होती है।

शारंगदेव एवं उनका संगीत रत्नाकर भूत वर्तमान एवं भविष्य इन तीनों के लिए सदैव समसामायिक है। स्वरगताध्याय में वर्णित में संगीत के मूलतत्व नाद, श्रुति, स्वर वर्तमान संगीत में भी उतने ही प्रयोजनीय है जितने प्राचीन संगीत में। ग्राम, मूर्च्छना, तान के रूप में प्राचीन भारतीय संगीत के आधार भूत सिद्धांतो का निरूपण, साथ ही वर्ण अलंकार जाति गीति इन सभी विषयों को वर्तमान संगीत के संदर्भ में निष्प्रयोज्य नहीं कहा जा सकता।

बीजशब्द : *स्वरगताध्याय, संगीतरत्नाकर, लक्षण, लक्ष्य, संगीत*

प्रविधि : *ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है ।*

संगीत के अथाह सागर में एक आकर के रूप में अवस्थित संगीतरत्नाकर में मध्यकालीन संगीत (तेरहवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध) का सर्वागींण एवं विस्तृत वर्णन मिलता है। संगीतरत्नाकर एक वृहद विश्वकोष की भाँति वृहदाकार ग्रंथ है। इस ग्रंथ में संगीत के तीनों अंगो गीत, वाद्य एवं नृत्य का समावेश है और सभी का सागोंपांग निरूपण है। शारंगदेव ने तत्कालीन लक्ष्य को ध्यान में रखकर संगीत की पहले से चली आ रही लक्षण परम्परा को लगभग, 40 पूर्वाचार्यों के मतों का सार निकालकर संगीतरूपी सागर के रत्नों के आकर संगीतरत्नाकर में निबद्ध किया है।

संगीतरत्नाकर संस्कृत में लिखे गये संगीत शास्त्र ग्रंथो में एक मात्र ऐसा गंथ है जिसका पाठ शुद्ध अविकल एवं अखण्डित रूप में मिलता है।

'गीत वाद्य तथा न त्रं त्रयं ंसगीत मुच्यते'

संगीतरत्नाकर 1/1/21/

संगीत के इन तीनों अंगो का लक्षण ग्रंथ संगीतरत्नाकर है। इन तीनों अंगो की व्याख्या के आधार पर यह सप्त अध्यायों में विभाजित है एवं सप्ताध्यायी के रूप में भी विख्यात है। इसके सप्ताध्याय–स्वरगताध्याय, रागविवेकाध्याय, प्रकीर्णकाध्याय, प्रबन्धाध्याय, तालाध्याय, वाद्याध्याय, नर्तनाध्याय है।

नये देशकाल के नये प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं के आईनें में किसी भी टेक्स्ट (Text) के पुनर्पाठ की जरूरत पड़ती है। लेखक के आभामण्डल के बाहर जाकर उसके दृष्टि की पड़ताल करनी पड़ती है, किन्तु शार्दव एवं उनका संगीतरत्नाकर भूत, वर्तमान एवं भविष्य इन तीनों के लिये सदैव समसामयिक हैं। अतः संगीतरत्नाकर के सभी अध्याय इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण एवं परिपूर्ण है तथापि स्वरगताध्याय सप्ताध्यायों में एक विशिष्ट स्थान रखता है।

स्वरगताध्याय में वर्णित संगीत के मूलतत्त्व नाद, श्रुति, स्वर वर्तमान संगीत में भी उतने ही प्रयोजनीय है जितने प्राचीन संगीत में। ग्राम, मूर्च्छना तान के रूप में प्राचीन भारतीय संगीत के आधारभूत सिद्धान्तों का जो निरूपण है, साथ ही वर्ण अलंकार, जाति गीति इन सभी विषयों को वर्तमान संगीत के सन्दर्भ में निष्प्रयोज्य नहीं कहा जा सकता। स्वरगताध्याय में वर्णित इन सभी विषयों का समग्र अध्ययन अन्य षष्ट अध्यायो के विषयों को समझने में सहायक है। अतः स्वरगताध्याय संगीतरत्नाकर के प्रथम अध्याय के स्थान पर उचित ही प्रतिष्ठित है। इन शास्त्रवर्णित सिद्धान्तों के समग्र अध्ययन के आधार पर प्रयोग की सार्थकता को और समझा जा सकता है।

संगीत एक प्रयोग शिल्प है जिसमें हर क्षण शनैः शनैः परिवर्तन होता रहता है। एक शास्त्रकार अपने समय

*वाराणसी

के प्रयोग की प्रवृत्तियों के अध्ययन के आधार पर कुछ सामान्यीकृत धारणाओं को लक्षण के रूप में स्थापित कर देता है। शास्त्रकार द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों में परिवर्तन एवं परिवर्धन भी होता रहता है साथ ही कुछ लक्षण ऐसे भी होते हैं जो शाश्वत ही रहते हैं, काल भेद से उनके लिए प्रयुक्त शब्दों में एवं लक्षण में कोई परिवर्तन संभव नहीं होता। संगीतशास्त्र परम्परा में शार्दव एक ऐसे शास्त्रकार हैं जिन्होंने अपने पूर्वाचार्यों की समृद्ध चिन्तन परम्परा का अध्ययन करके संगीतरत्नाकर के स्वरगताध्याय में स्वरगत जिन विषयों का निरूपण किया है उन सभी विषयों में कुछ वर्तमान संगीत में संज्ञा भेद से प्रयुक्त है साथ ही कुछ में सादृश्यता भी दृष्टिगोचर होती है।

पदार्थ संग्रह में ग्रंथकार द्वारा द्विविध मंगलाचरण, पूर्वाचार्य स्मरण, वंशवर्णन परम्परानुसार हैं। प्राचीन संगीतशास्त्र ग्रंथों में परम्परानुसार अपने ईष्ट स्मरण की परम्परा रही है एवं शारंगदेव भी उनके अनुगामी रहे है। संगीत के लक्षण के रूप में 'गीतं वाद्यं तथा नृत्तं' अर्थात् गीत, वाद्य एवं नृत्त या नृत्य इन तीनों का सम्मिलित रूप वर्तमान में भी 'संगीत' के अर्थ को व्याख्यायित करता है एवं इन तीनों के सम्मिलित रूप से ही संगीत में लालित्य आता है। मार्ग देशी की व्याख्यानुसार आज का हमारा संगीत मार्ग और देशी की सीमा में रहकर प्रवाहित है इसमें भिन्न नहीं। गीत प्रशंसा में संगीत को धर्म, अर्थ, काम मोक्ष का साधन बताया है जो यह इंगित करता है कि ग्रन्थकार के पूर्व का संगीत जो सिर्फ मोक्ष प्रदायी था अब वह धर्म, अर्थ, काम का साधन बन चुका था। आज भी 'संगीत' प्रत्यक्ष रूप से धर्म, अर्थ, काम का साधन तो है ही संगीत में साधना के उच्च स्तर पर यह आज भी मोक्ष प्रदायी है निःसंदेह।

पिण्डोत्पत्ति रत्नाकर की एक अद्वितीय विशेषता है। इसके अन्तर्गत वर्णित चक्रों में गीतादि की संसिद्धी योग व अनुभव द्वारा धीरे–धीरे प्राप्त हो सकती है। संगीत साधना के उस स्तर पर क्रियात्मक रूप से अनुभव सिद्ध होने से पूर्व सम्पूर्ण शरीर संरचना का ज्ञान संगीत साधक को होना अपेक्षित है। नाद प्रशंसा, दो भेद एवं नाद की पंचविधिता संगीतशास्त्र में अपना वैशिष्ट्य रखते हैं। ग्रन्थकार 22 श्रुतियों को परम्परा सम्मत 22 ही मानते हुये इनके अन्तर्गत शुद्ध एवं विकृत स्वरों की स्थापना कर उसके आद्य प्रवर्तक कहे गये हैं एवं परवर्ती ग्रन्थकारों द्वारा शार्दव के ही स्वरों का अनुसरण किया गया है। स्वर की परिभाषा 'स्वतो रॉयति श्रोतृचितं' आज भी वैसे ही स्थापित है एवं इसके अर्थ में कोई परिवर्तन संभव नहीं है। बाइस श्रुतियों के अन्तर्गत ही तीन ग्रामों की रचना हुयी जिनमें षड्ज एवं मध्यम एवं गांधार को परम्परानुसार प्राप्त कर गांधार को स्वर्गलोक में प्रयुक्त बताया है।

आज हमारी आधार स्वरावली षड्जग्राम से जुड़ी हुयी है एवं आधुनिक ग्राम प्राप्ति के लिये षड्ज ग्राम के 'म' को 'सा' मानकर आरोहावरोह करने पर आज का आधुनिक ग्राम शुद्ध सा, रे, म, प, ध, नि प्राप्त होता है किन्तु आधुनिक ग्राम के शुद्ध नि की स्थापना शड्जग्राम के अन्तर गान्धार पर है।

इन्हीं ग्राम के स्वरों के आधार पर मूर्च्छनाओं का उद्भव हुआ। मूलरूप से मूर्च्छना का उद्देश्य स्थान प्राप्ति था। मूर्च्छना के वैचिटय से ही राग वैचिटय की सृष्टि संभव है। वर्तमान में मूर्च्छना के प्रयोग को अनेक विद्वान एवं कलाकार स्वीकार करते हैं साथ ही कुछ विद्वान वर्तमान सन्दर्भ में इसके प्रयोग को सिरे से नकारते भी हैं। मूर्च्छना का प्रयोग आज भी गाने–बजाने की क्रिया में किया जाता है किन्तु मूर्च्छना संज्ञा वहाँ अभिहित नहीं है। विशेष रूप से शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं सुगमसंगीत में इसका प्रचुरमात्रा में प्रयोग होता है। प्राचीन गायक–वादक इस क्रिया को 'ग्राम बाँध' कर गाना कहते थे। एक प्रकार से आविर्भाव एवं तिरोभाव को इसी के अन्तर्गत माना जा सकता है। मूर्च्छना वैचिटय के अन्तर्गत यदि वर्तमान समय में शुद्ध स्वरों के मध्य सप्तक के गान्धार को सा मानकर तार सप्तक के गांधार तक आरोह–अवरोह करने पर पूर्णरूप से भैरवी के स्वर प्राप्त होते हैं।

वर्तमान संगीत में 'तान' राग विस्तार का सूचक है। गणित सिद्ध विधि के आधार पर स्वरों के उलट–पटल क्रम से उनकी संख्याओं को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है, इस संदर्भ में 'खण्डमेरू' वर्तमान संगीत में भी प्रयोजनीय है।

वर्ण के चार प्रकार आज भी संगीत की गायन–वादन क्रिया में प्रयुक्त हैं एवं इनसे भिन्न कोई व्यवस्था नहीं है जिनमें काल भेद से कोई परिवर्तन नहीं दिखता साथ ही स्थायी, आरोह–अवरोही एवं संचार वर्ण के अन्तर्गत वर्णित सभी अलंकारों का प्रयोग आज भी

संगीत में करते हैं किन्तु उन्हें उनकी विशिष्ट संज्ञा द्वारा नहीं पहचानते। आधुनिक काल में भी संगीत विद्यार्थीयों को संगीत शिक्षा में प्रारम्भ में अलंकारों का अभ्यास कराया जाता है जिसका उद्देश्य स्वर का सही प्रयोग विभिन्न क्रमों में स्वरों का अभ्यास होता है। तदन्तर अभ्यास के फलस्वरूप रागों में भी उसके सौन्दर्य को बढ़ाने राग विस्तार एवं स्वर माधुर्य में अलंकार उपयोगी होते है। तत्कालीन लक्ष्य में शार्ङदेव के पूर्व ही जाति गायन का लोप हो चुका था किन्तु ग्रन्थकार ने स्वयं यह उल्लेख किया है कि राग या राग के अवयव जाति में प्रछन्न हैं। अतएव राग गायन को समझने के लिये जाति गायन के सम्बन्ध में एक प्रकार की धारणा आवश्यक है।

गीति के अन्तर्गत हमारे वर्तमान संगीत में भी मागधी गीति के समान एक–एक शब्द या अक्षर की बारम्बार जो आवृति होती है उसका मूल पदाश्रित मागधी गीति से तुलनीय है साथ ही यह भी स्पष्ट है कि ठीक वैसा ही प्रयोग आज दृष्टिगत नहीं होता परन्तु प्राचीन लक्षण में विभिन्न मार्गों में लय आदि के प्रयोग का ज्ञान हमें इससे होता है।

अतः इस अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि स्वरगताध्याय में वर्णित विषयों में से कुछ वर्तमान संगीत के संदर्भ में निष्प्रयोज्य नहीं कहे जा सकते। संगीत में परिवर्तन हो गया है किन्तु उनके मूल सिद्धान्तों में कोई अन्तर दृष्टिगोचर नहीं होता।

सन्दर्भ–ग्रन्थ–सूची :

1. Ayyangar, R. Rangarmanuja. 'Sangeeta Ratnakaram' of 'Nissanka' Sarangadeva. Bombay: Wilco Publishing House, 1978.
2. Ramanathan, N., Musical Forms in Sangitaratnakara. Chennai: Sampradaya, 1999.
3. Brihaddesi of Sri Matanaga muni. ed Sharma Prem Latha. New Delhi: Motilal Banarsidas, 1992.
4. Desai, P., Chaitanya. ed. Bharatabhasyam of Nanyabhupal part-1. Khairagarh : Indira Kala Sangita Viswavidyalaya, 1961.
5. Desai, P., Chaitanya. ed. Bharatabhasyam of Nanyabhupal part-2. Khairagarh : Indira Kala Sangita Viswavidyalaya, 1976.
6. Kallinath. Sangeetratnakar of Sharangdev. Varanasi: Chaukhamba Surlhari Prakashan,
7. कपूर, मंगला. संगीत मांगल्य. वाराणसी : गोपीचन्द्र कपूर, 2006.
8. कलिन्द. अनु. संगीत–पारिजातः. हाथरस : संगीत कार्यालय, 1956.
9. दीक्षित, कुमार, प्रदीप. स 'रस' संगीत. वाराणसी : किशोर विद्या निकेतन 2016.
10. चक्रवर्ती, इन्द्राणी. संगीत मंजुषा. दिल्ली : मित्तल पब्लिकेशंस, 1980.
11. चटर्जी, गौतम. संगीत–विमर्श. वाराणसी : अभिनवगुप्त अकादमी, 2009.
12. चौधरी, सुभद्रा. भारतीय संगीत में ताल और रूप–विधान. अजमेर : कृष्णा ब्रदर्स, 1984.
13. चौधरी, सुभद्रा. सं. संगीत में अनुसन्धान की समस्याएँ और क्षेत्र. अजमेर : कृष्णा ब्रदर्स, 1988.
14. चौधरी, सुभद्रा. अनु. संगीतरत्नाकर. (द्वितीय खंड). नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशन्स, 2006.
15. चौधरी, सुभद्रा. अनु. संगीतरत्नाकर. (प्रथम खंड). नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशन्स, 2006.
16. चौधरी, सुभद्रा. अनु. संगीतरत्नाकर. (तृतीय खंड). नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशन्स, 2006.

महाकवि विद्यापतिरचित ऋतुगीतों का सौन्दर्यात्मक पक्ष

डॉ0 जगबन्धु प्रसाद*

सार

लगभग 13वीं सदी में विद्यापति का अभ्युदय मिथिला के पवित्र भूमि पर हुआ। विद्यापति के पूर्वज व गुरुजन पूर्व से ही अपने विद्वता के कारण मिथिला के राज दरबार में अपना स्थान बना चुके थे। वे कई प्रकार की रचनाएँ मिथिला के राजा–महाराजाओं के सम्मान में लिख रहे थे। विद्यापति ने भी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए लगभग 12 संस्कृत ग्रंथों एवं 2 अवहट्ट भाषा में रचनाएं की। इतना ही नहीं, उन्होंने लगभग 2000 से अधिक गेय पदों की रचना की। उनसे कोई भी विषय चाहे श्रृंगार हो, भक्ति हो, करुण हो, प्रेम हो अथवा हास्य, अछूता नहीं रहा।

विद्यापति ने प्रकृति के प्रेम को दर्शाते हुए कई रचनाएं की। मौसमी गीतों के रचनाओं को उन्होंने बहुत अधिक महत्त्व दिया और उन्होंने सामयिक अथवा ऋतुपरक गीतों की कई रचनाएँ की। ऋतुगीतों में कवि ने वसंत, वर्षा, बारहमासा, चैत, पूस सभी मौसम से संबंधित गीत रचे। वसंत ऋतु के वर्णन में उन्होंने हमेशा प्रेम, विभोर, फूल, बिहरइ, किशोर, कालिन्दी, कुंजबन, शोभन आदि शब्दों के प्रयोग से ऋतु की एक जीवन्त छवि का परिचय दिया। पदावली में शिवसिंह एवं लखिमा देवी के आपसी संबंधों को, वसंत ऋतुगीतों जो ''भावोल्लास'' के नाम से भी जाना जाता है, बहुत कुशलता से वर्णित किया। वर्षाऋतु में घन, गरजन्ति, मत्त–दादुर, तिमिर आदि शब्द के प्रयोग से ऋतु की सुन्दरता का बखान किया। वर्षा ऋतु में उठने वाली विरह वेदना को विद्यापति ने कुछ इस प्रकार व्यक्त किया–

सखी हे हमर दुखक नही ओर
इ भर बादर, माह भादव, सून मंदिर भोर.....

इसी तरह चैत, बारहमासा, होरी, झूमर आदि गीतों में भी विद्यापति के काव्य में प्रकृति सौन्दर्य का स्पष्ट दर्शन हो पाता है।

संकेत शब्द : *ऋतुगीत, मैथिली, लोकगीत, वसंत, बारहमासा*

प्रविधि : *सम्पूर्ण अध्ययन के लिए पुस्तकों के अध्ययन को माध्यम बनाया गया है ।*

विद्यापति : जीवन एवं व्यक्तित्व

मैथिल कोकिल विद्यापति का जन्म 1000 वर्ष पूर्व मिथिला के 'बिसफी' गांव में हुआ था। वे अपनी विद्वता के दम पर सहस्र वर्षों तक न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में नाम कमाने में पूर्ण रूपेण सफल हुए।

विद्यापति के पिता ''गणपति ठाकुर'' एवं उनके पूर्वज मिथिला के राज दरबार में 'सभा पण्डित'' हुआ करते थे। मिथिला के राजा गणेश्वर ठाकुर एवं उनके सुपुत्रों का विद्यापति के पिता एवं स्वयं विद्यापति से बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध था। 'गणेश्वर ठाकुर' के पुत्र कीर्तिसिंह के दरबार में विद्यापति का अच्छा स्थान था। विद्यापति ने 'राजा कीर्तिसिंह' की आज्ञा से 'कीर्तिपताका एवं कीर्तिलता' ग्रंथों की रचना की। उसके बाद कीर्तिसिंह के पुत्र ''शिवसिंह'' के सान्निध्य एवं आश्रय में उन्होंने कई पदों की रचना की। राजा शिवसिंह के साथ विद्यापति का सखाभाव था। इसलिए राजा शिवसिंह के संबंध में रचित अधिकतर रचनाएँ विद्यापति ने बहुत ही स्वतंत्रता एवं निजता से रचा। विद्यापति ने राजा शिवसिंह एवं रानी लखिमा देवी के प्रेमपूर्ण संबंध पर भी पद लिखें। विद्यापति जी ने पदों की भणिता (पद नाम) में 'शिवसिंह' का नाम लिया है। साथ ही रानी लखिमादेवी नाम से भी कई पद प्राप्त होते हैं। महाकवि विद्यापति एक महान कवि, साहित्यकार, संगीत विद्, कथाकार एवं संस्कृत, हिन्दी एवं मैथिली इन तीनों भाषा के ज्ञाता थे। इन्होंने

*एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

श्रृंगार, भक्ति, हास्य इन सभी भावों से युक्त कई काव्यों की रचना की। महाकवि के अद्भुत काव्य सौंदर्य के कारण ही इनकी गणना हिन्दी के महान कवियों में की जाती है। हिन्दी साहित्य में उन्हें वही स्थान प्राप्त है, जो संस्कृत में महाकवि जयदेव को प्राप्त था। उन्होंने महाकवि जयदेव कृत गीत गोविन्द से प्रेरणा ली और अपनी निजी मौलिकता बनाये रखते हुए 'पदावली' की रचना की।

विद्यापति के प्रमाणिक गीत कितना उपलब्ध है यह कहना कठिन है। परन्तु कुछ पांडुलिपियों के रूप में इन गीतों का संकलन किया गया। ऐसे प्राचीन पांडुलिपियां आठ हैं (1) रामभद्रपुर–तालपत्र, (2) नेपाल–तालपत्र, (3) तरौनी तालपत्र, (4) भाषा गीत संग्रह, (5) रागतरंगिणी, (6) हरगौरी विवाह नाटक, (7) गोरक्ष विजय नाटक, तथा (8) नानारागगीत।[1]

महाकवि ने कुल 14 ग्रंथों की रचना की। ये सभी ग्रंथ किसी–न–किसी महत्वपूर्ण विषय से संबंधित थे। इन ग्रंथों के नाम है (1) कीर्तिपताका, (2) कीर्तिलता, (3) गोरक्ष विजय, (4) भू–परिक्रमा, (5) पुरुष–परीक्षा, (6) लिखनावली, (7) शैव–सर्वस्वसार, (8) गंगा वाक्यावली, (9) विभागसार, (10) दान वाक्यावली, (11) दुर्गाभक्ततरंगिनी, (12) गया पत्तलक, (13) वर्ष–नृत्य, (14) मणिमंजरी।[2]

इसके अतिरिक्त उन्होंने 'वैष्णव–पदावली'' की रचना की जिसमें राधा–कृष्ण के प्रेम–संबंधों को साधारण नायक–नायिका के रूप में वर्णन किया गया है। इसमें राधा के रूप–सौन्दर्य का नख–शिख वर्णन मिलता है। ये गीत पूर्णरूपेण श्रृंगारिक हैं। यद्यपि ये वही गीत हैं जिसे सुनकर स्वयं महाप्रभु चैतन्य देव अभिभूत हुए बिना नहीं रह सके और इन गीतों को ही वे कीर्तन की तरह गाया करते थे।

विद्यापति ने पदावली के साथ ही, लगभग 2000 ऐसे गीत लिखे जो लोककंठ में प्रचलित हुए। इन गीतों के अंतर्गत संस्कार, भक्ति, श्रृंगार, ऋतु परक गीत आदि सम्मिलित होते हैं। विद्यापति गीतों की विशेषता यह है कि इन्होंने प्रकृति संबंधित शब्दों का व्यवहार अपने काव्यों में बहुतायत से किया। इनके गीतों में प्रकृति–संबंधित शब्दों यथा वृक्ष, चंदन, चंद्रमा, फूल, कोकिल, अंबर, नवजल, बिजुरी, कनकलता, ससि, अंगनमा, गछिया, कनक–कदलि, रबि–ससि शब्दों का प्रयोग मिलता है जो इनके प्रकृति–प्रेम का सूचक है।

प्राचीन काल से ही हमारे भारतीय संगीत में ऋतुओं का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारत के सभी क्षेत्रों में ऋतु आधारित कई सारे लोकमय गीतों का प्रचलन भी रहा है। अनेक ऋतु आधारित लोकधुनों एवं लोकगीत भारतीय शास्त्रीय संगीत में भी ग्रहण की गई है। साधारण रूप में भारत में तीन प्रकार के मौसम पाये जाते हैं– गर्मी, सर्दी एवं बरसात। परन्तु मुख्य रूप से छः प्रकार के ऋतुओं की चर्चा संगीत एवं साहित्य इन दोनों में मिलती हैं। ये ऋतुएँ भारत में प्रचलित त्योहारों से भी जुड़ी हुई हैं। इसलिये जब हम इन ऋतुओं में प्रचलित लोकगीतों या साहित्य की बात करते हैं, तो कहीं ना कहीं संबंधित त्योहारों की भी चर्चा हम उन गीतों में पाते हैं। छः ऋतुएं ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शीत, वसंत इन सभी से संबंधित गीतों को गाने का प्रचलन हरेक लोक संस्कृति में पाया जाता है। इन ऋतुगीतों में ऋतु से संबंधित परिस्थितियाँ उस समय के मनोभावों और उस समय प्रचलित पर्व त्योहारों की भी चर्चा गीत के बोलों में मिल जाती है। कभी लू से तपती दुपहरी का वर्णन ग्रीष्म ऋतु में, तो कभी माघ–पूष की ठंड की चर्चा शीत ऋतु में मिलती है। इस प्रकार कभी मयूर नृत्य और दादुर के शोर की चर्चा वर्षा ऋतु में मिल जाती है तो कभी वसंत में उमंग, उल्लास और फूल के खुश्बू का वर्णन मिल जाता है। शरद ऋतु में जहाँ पत्ते झरने, नवरात्री, दशहरा का वर्णन मिलता है तो वहीं हेमंत ऋतु में पेड़–पौधे हरे–भरे होने का, सुबह के कोहरे वाले धूप के आनंद का और दिवाली के त्योहारों का वर्णन भी मिलता है।

विद्यापतिरचित पदों को देखने से ज्ञात होता है कि ऋतु अथवा सामयिक गीत से कवि का विशेष रूझान था। कारण इन गीतों में कवि का प्रकृति प्रेम और खुलकर सामने आया है। इन्होंने सभी प्रकार के ऋतुओं पर गीत लिखे। ऐसे गीत विशेष ऋतु पर गाई जाती है। इन्हें 'ऋतुगीत' कहते हैं। ये गीत बड़े ही भावपूर्ण और सरस होते हैं। इनमें जीवन की माधुरी और सुन्दरता का बड़ा रमणीय चित्रण होता है। इन गीतों में मानव हृदय के आन्तरिक उद्‌गारों की अभिव्यंजना होती है और साथ ही ऋतु वर्णन भी।

ऐसे गीतों में वसंत,वर्षा, चैतावर, होरी, झूमर, बारहमासा आदि आते हैं।

वसंत–

ऋतु वसंत पर विद्यापति ने अनेकानेक पद

लिखे। उन्होंने अपनी पदावली में 'वसंत' को बालक के रूप में वर्णित किया है। इस प्रकार उन्होंने प्रकृति वसंत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया अर्थात् उसका मानवीकरण किया है–

सुखसन बेरा सुकुल पख हे।
दिनकर उदित समाई हे।।
सोरह संपुन बतिस लखन सह।
जन्म लेल रितुराई है।।

इस प्रकार 'वसंत' का जन्मोत्सव बड़े आनन्द के साथ मनाया जाता है। आगे के पद में कवि लिखते हैं कि सभी युवती एवं जन खुशी से नाच रहे हैं और मधुर गान गा रहे हैं

नाचये जुबीत जना हरखित मन
जनमल बाल मधाई हे।।
मधुर महारस मंगल गावये।
मानिनि मान उड़ाइ हे।।
... मधुलय मधुकर बालक दयेहल[3]
कमल पंखुरि लाई
पओनारि तोरि सूत बांधल कटि
केशर कएल बधनाई
नव नव पल्लव सेज ओछाओल
सिर देल कदम्ब नाल।।

अर्थात् जब शिशु का नामकरण हुआ तो भौरों ने उसे कमल पंखुरिओं से मधु लाकर दिया। पद्मनाल को तोड़कर बालक की कमर में 'सूत' की तरह बांधा गया। केसर ने नवजात शिशु को बाधनख पहनाया। नये–नये पल्लवों से सेज बिछाया गया और सिर के नीचे कदम्ब के मालाओं को तकिया रखा गया। इस प्रकार 'वसंत' ऋतु में होने वाले सभी क्रिया–कलापों को विद्यापति ने वसंत के महोत्सव के रूप में वर्णित किया।

विद्यापति ने वसंत ऋतु से संबंधित अन्य कई गीत लिखे– जिनमें से कुछ गीत इस प्रकार हैं–

नव–वृन्दावन नव–नव तरूगण, नव–नव विकसित फूल, नवल वसंत नवल मलयानिल, मातल नवअलि कूल
बिहरइ नवल किशोर
कालिन्दि पुलिन कुंजवन शोभन नव–नव प्रेम विभोर।।[4]

इस प्रकार ''वसंत–ऋतु'' की छटा को कवि के काव्य शब्दों से ही समझा जा सकता है। जिसमें वसंत ऋतु में नये–नये फूल के खिलने और नवल किशोर (अर्थात् युवक–युवती) के बिहरने या घूमने का वर्णन मिलता है।

इसी प्रकार एक अन्य रचना है जो भावोल्लास के नाम से प्रचलित है।

''सरस वसंत समय भलपाओल, दक्षिण पवन बहु धीरे।
सपनहुँ रूप वचन एक भाखिअ, मुख सत्रोदूर करू चीरे।।[5]
...भनहि विद्यापति सुनबर जउवति इसम लक्ष्मि समाने।
राज शिवसिंह रूप नारायेन, लखिमा देइपति जाने।।

वर्षा ऋतु–

विद्यापति के समय ऋतु–परक रचनाओं में वर्षा ऋतु गीत का अपना महत्त्व है। वर्षा ऋतु का वर्णन करते हुए महाकवि ने कई महत्वपूर्ण गीत लिखें, जिसमें वर्षा सम्बन्धित शब्दों यथा घन, गरजन्ति, मत्त–दादुर, तिमिर आदि का प्रयोग मिलता है। एक गीत इस प्रकार है–

गगन गरज मेघा उठलि धरणि मेघा
पचशर हिय गेल सालि।
से धनि देखलि खिन जिउति आजुक दिन
के जान कि होइल कालि।।[6]

इसी प्रकार विद्यापति ने एक गीत में वर्षा ऋतु में विरह से दग्ध नायिका के अपने सखी के साथ हुए वार्तालाप का अनोखा वर्णन किया है। यथाः–

सखी हे हमर दुखक नहि ओर
इ भर बादर माह भादर
सून मंदिर मोर
झपि घन गरजन्ति संतति
भुवन भरि बरसन्तिया
कन्त पाहुन काम दारून सघन खर सर हंतिया।[7]

आगे,

तिमिर दिग भरि घोर यामिनी अधिर बिजुरक पांतिया
विद्यापति कह कइसे गवाओल हरि बिना दिन रातिया।।

अर्थात् हरि बिना दिन रात कैसे बिताया जाये, जबकि घनी वर्षा हो रही है, भरि बारिश में जबकि मिलने की इच्छा तीव्र है ऐसे में हरि बिन कैसे रहा जाए।

एक अन्य गीत में विद्यापति लिखते हैं–

जलद बरिस जलधार सर पओ पकए पहार
काजरे रांगलि राति, बाहर होइते साति सजनि
अइसनि निसि अभिसार तोहि तेजि करए के पार
भमए भुअंगम भीम, पंके पुरल चौसीम
जलधर बीजुऊजोर तखने, गरज घन घारे
सुकवि विद्यापति गाब, महघ भदन परथाव[8]

अर्थात् मेघ धाराप्रवाह बरसी जा रही है, रात्रि काजल रंग सी काली है, भयानक सर्प चारों तरफ घूम रहे हैं, बिजली चमक रही है, बाहर आना भी पराभव ही है, विद्यापति कहते हैं कि यह प्रेम–प्रसंग बहुत दुर्लभ और कष्टसाध्य है।

चैतमास

चैतमास पिया भेल जोगिया हो रामा
जो हम जनितौ पिया होता जोगिया
बन्हितो रेशमक डोरिया जो रामा
रेशमक डोरिया टुटि फटि जइते
बन्हितौं मैं अचरा लगाये हो रामा
भनहि विद्यापति सुनु हे सहेली सब
फिर घुमि अहोताह राम हो रामा[9]

चैतमाह में पिया जोगी बन बैठे हैं। अगर मैं जानती कि पिया जोगी बन जायेंगे तो उन्हें रेशम की डोरी से बांधकर रख लेती। अन्त में विद्यापति कहते हैं कि पिया कहीं भी जाए अन्ततः घूम फिर कर वापस तो यही आयेंगे।

चैतावर गीतों में 'रामा' टेक की परम्परा होती है।

होरी एवं झूमर

ऋतु संबंधित गीतों में वैसे गीत जो ऋतुओं के समकालीन समय परक गीत थे वे गीत भी शामिल हुए।

यथा वसंत से समीप होरी एवं वर्षा से समीप 'झूमर'। विद्यापति ने 'होरी' कुछ इस प्रकार लिखा–

होरी

कतनझोरी सिन्दूरे भरलि भरूमे भरू बोकान
बसह केसिर मजूर गुसा चारूहु पलु पलान।।
डिमिकि डिमिकि डमरू बाजये इसर खेलय फागु।
भसमे सिन्दूरे दुअओ खेड़ा एकहि दिवस लागु।
संझाए सिन्दूरे भरू सरूसति लाछीहि भरलि गोरी
इसरे भसमे भरू नरायेन पिअर वसन बोरी
एक तओ नाङतक अओके उमत इसर धुतुर खाए।
अओके उमिति खेड़ि खेलाबए किछु न बोलल जाए।
गरुड़वाहन देव नरायेन बसह चढु महेस।
कवि विद्यापति कौतुके गाओल संगहि फिरथि देस।।[10]

कवि होरी का वर्णन करते हैं– कि कितनी सारी झोली सिन्दूर से भरी है, कितनी ही भस्म से भरी है। सिंह, बैल, मयूर और चूहा चारों पर जिन्नआ गया है। डिमिक–डिमिक डमरू बज रहा है। महादेव होली खेल रहे हैं। सरस्वति, गौरी, लक्ष्मी सिन्दुर से भर गयी हैं और महादेव एवं नारायण भस्म से खेल रहे हैं। गौरी भी मस्त होकर होरी खेल रही हैं। नारायण गरूड़ पर हैं, महादेव बैल पर सभी साथ में घूम रहे हैं। विद्यापति पूरे क्रीड़ा का वर्णन करते हैं।

साथ ही, वर्षा ऋतु में निकट झूमर गीत गाने की भी परम्परा रही है–

झूमर

गगन बलाह के छाड़ल रे बरिस काल अतीत।
करिअ बिनति तन्हिं आओब रे जन्हि बिनु तिहुतन तीत।।1।।
अब सुमति संगधातिनि रे बाटर निहारए जाओ।
कुदिन सब दिन नहि रह रहे, सुदिबए गमन हर खाओ।।2।।
विद्यापति कवि गाविहा रे, रस मानए रसमन्त।
मन्ति महेरार सुन्दर रे, रेनुका देवि सुकन्त।।[11]

बारहमासा

बारहमासा, सदृश गीतों में बैसाख, जेठ, अषाढ़, सावन, भादो, आसिन, कार्तिक, अगहन, पूस, माघ, फागुन, चैत इन सभी मास का विवरण होता है। प्रस्तुत गीत में अलग–अलग मास में नायिका के विरह का विवरण दिया गया है।

विद्यापति ने बारहमास का विशद वर्णन अपने गीत में कुछ इस प्रकार किया है–

मास अखाढ़ अनत नब मेघ पिया बिसलेख रहओ निरथेध।
कओन पुरुख ससि कौन से देस करब तहां नओ जोगिनी भेस।।[12]
मोर पिया सखि गेल दूर देस, जौबन दए गेल साल सनेरा।
साओन मास बरिस घन बारि, पन्थ न सूझए निसि अन्धि पारि।।
पौदिस देखिअ बीजुरि रेह। तें सखि कामिनी जिबन सेन्दस।

मादब मास बरिस घर घोर। सभी दिए कुहकए दादुर मोर।।
चेहुंकि चेहुँकि पिया कोर समाये। गुनमति सूतलि अंगम लगाये।
आसिन मास आस धर चीत। नाह निकारून नहि मेल हीत।।
सरब खेलए चकबा हॉस। बिरहिनी बैरि भेल आसिन मास।
कातिक कन्त दिगन्तर बास। पिअ पथ हेरि हेरि भेलाहु निरास।।
सुख सुखराति सबहुंका भेल। हम दुख साल सोआमि दये गेल।
अगमन मास जीव के अन्त अबहु न आओल निरदय कन्त।।
एकसरि हमे धनि सूतओ जागि। नाह न आओत खाएत मोहि अगि।।
पूस खीन दिन दधिरि राति। पिता परदेस मलिन भेल कांति।।
हेरओ चौदिस झांखओ सेए। माह बिछोह काहु जनु होए।।
माघ मास घन पड़ये तुसार। झिलमिल केचुआ उन्त थन भार।।
पुनमति सुतलि पिअतम कोर, बिधिवस दैब बाम भेल मोर।।
फागुन मास धनि जीब उचार, बिरह बिखमि मेलि हेरओ बार।।
आतुर मत पिक पञ्चम गाब, से सुनि कामिनी जिबहु सताब।।
चैत चतुर गुन पिया परबास, माली जानए कुसुम विकास।।
भमि भमि भमरा कर मधुपान, नागर भए पहु भेल अज्ञान।।
बैसाख तन खर मरन समान, कामिनी कन्त हतये पंचबान।।
न जुड़ि छाहरि नहि बरसये बारि, हम जे अभागिनी पापिनि नारि।
जेठ मास उपर जब रंग, कन्त चाहये कलु कामिनी संग।।
रूपनारायेन पुरथु आस, भनइ विद्यापति बारह मास।।

बिरहणी बारहोमास का उत्तेजक परिवेश में अनुभूति कर अपनी सखी को बता रही है।

निष्कर्ष :

विद्यापति ने वर्षा ऋतु, वसंत, चैतावर, बारहमासा संबंधित कई महत्वपूर्ण गीत लिखे। ये गीत न सिर्फ ऋतु वर्णन से संबंधित थे वरन् इन गीतों में ऋतु का मानवीकरण भी किया गया। ऋतुओं में सम्पादित हुए क्रियाकलापों का भी पूर्ण विवरण भी इन गीतों में प्राप्त होते हैं। बारहमासा सदृश गीतों में हर माह से जीवन के कई सुन्दर प्रसंगों की चर्चा मिलती है। विद्यापति के इन ऋतु गीतों से प्रियतम से बिछोह एवं समाज के उस व्यवस्था की भी जानकारी होती है जब प्रायः घर के पुरुष धन अर्जित करने अथवा किसी भी कारणवश अपनी पत्नी (प्रेमिका) को छोड़कर जाते थे, तो पत्नी अथवा प्रेमिका की क्या दशा होती है अर्थात् समाज में हो रहे पलायनवाद की भी जानकारी इन गीतों में मिलती है। अन्तिम बारहमासा ऋतुगीत में बेमेल विवाह जैसी सामाजिक विवशताओं का पता चलता है जहाँ जानते–समझते हुए भी कन्या का हाथ उससे अधिक उम्र एवं बाह्य रूप से अति सुन्दर न होते हुए भी, वर के हाथ में सौंपना पड़ता है। यद्यपि अन्त में उस वर को 'शंकर त्रिभुवननाथ' बताकर उस विवाह को पूर्ण समाज से स्वीकृति की बात भी की जाती है। इस प्रकार ये सभी गीत हमारे ही समाज के ताने–बाने से बुनकर लिखे गए हैं, ऐसा मालूम पड़ता है।

संदर्भ सूची :

1. झा, पं. गोविन्द, विद्यापति गीत समग्र, पृ. IX (प्रस्तावन)
2. विद्यापति पदावली (संकलन), पृ. 75
3. सिंह, डॉ. शिव प्रसाद, विद्यापति, पृ. 34
4. विद्यापति पदावली (संकलन), पृ. 58
5. ग्रिर्यसन (संकलन), पृ. 475
6. झा, सं. उमानाथ, विद्यापति गीत शति, साहित्य अकादमी, पृ.–36
7. विद्यापति संगीतांजली, पृ. 68
8. झा, पं. गोविन्द, विद्यापति गीत समग्र (संकलन), पृ. 8
9. आनन्द विभूति, गीतनाद, ज्योत्सना आनंद, पृ. 110
10. झा, पं. गोविन्द नाथ, विद्यापति गीत समग्र (संकलन), पृ. 254
11. वही, पृ. 523
12. वही, पृ. 533

संदर्भ ग्रंथ :

1. झा, गो॰ (2012), विद्यापति गीत समग्र, मैसूर, भारतीय भाषा संस्थान
2. झा, उ॰ (1993), विद्यापति गीत शति (तृतीय संस्करण), नई दिल्ली, साहित्य अकादमी
3. सिंह, शि॰प्र॰ (1957), विद्यापति, वाराणसी, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय
4. झा, क॰ (1999), मिथिला व्रत आ पाबनि तिहार, पटना, उर्वशी प्रकाशन
5. सिंह, डॉ॰ अ॰ (1993), मैथिली लोकगीत संकलन, दिल्ली, साहित्य अकादमी
6. झा, डॉ. रा. (2017), विद्यापति चेतना (संकलन), पटना, चेतना समिति
7. झा, म.म.प. मिथिला तत्त्व विमर्श (1949), मैथिली अकादमी, पटना

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में 'राग' की अवधारणा

श्रीप्रकाश पाण्डेय*

शोध–पत्र सार

भारतीय संगीत की चर्चा होते ही सर्वप्रथम 'राग' शब्द ध्यान में आता है, क्योंकि स्वर, ताल आदि गुण विश्व की सभी संगीत प्रणालियों में विद्यमान रहते हैं, किन्तु राग भारतीय संगीत का एक विलक्षण गुण है। भारतीय संगीत के अन्तर्गत 'राग' हमारे ऋषियों–मुनियों और तपस्वियों की विलक्षण प्रतिभा का प्रतीक है। राग मानव की सूक्ष्मतम् सरलतम् और कोमलतम् भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इससे हृदय की सुख–दुःखमयी, रागात्मक वृत्तियों, भावों अथवा अनुभूतियों की सरस अभिव्यंजना होती है। भारतीय दर्शन साहित्य और संगीत में राग का एक विशिष्ट स्थान है।

कुंजी शब्द : *राग, राग गायन, जाति परम्परा, राग संगीत।*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र के लिए द्वितीयक माध्यम उपयोगी हुए हैं ।*

'राग' भारतीय संगीत का एक महत्वपूर्ण पारिभाषिक शब्द है। इसी पर सम्पूर्ण संगीत आधारित है। राग–गायन भारतीय संगीत की अपनी एक प्रमुख विशेषता है। प्राचीन काल में जो स्थान जाति–गायन को प्राप्त था, आधुनिक काल में वही स्थान राग–गायन को प्राप्त है।

'राग' शब्द का प्रयोग संगीत के ग्रंथकारों ने अनेक अर्थों में किया है। राग भारतीय संगीत की वह विशेषता है जिसकी कल्पना पर सम्पूर्ण शास्त्रीय संगीत आधारित है। यह संगीत के माध्यम से अपने भावों को अभिव्यक्त करने वाला एक ऐसा उत्कृष्ट माध्यम है जिसमें स्वर, लय, ताल, भाषा, भाव, साहित्य, कल्पना तथा कलाकार की कुशलता इन सभी का सुचारू रूप से सामंजस्य प्रतीत होता है। राग भारतीय संगीत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्वों में प्रमुख है। रागों का स्वरूप, उनके लक्षण और नियमों पर ही आधारित है तथा उन्हीं के कारण सभी राग एक दूसरे से भिन्न भिन्न प्रतीत होते हैं। राग का अस्तित्व उसके स्वर उच्चारण से अर्थात् कौन सा स्वर किस प्रकार लगाया जाएगा, इसी नियम से बनता है। राग नियम ही राग स्वरूप को स्थूलतः व्यक्त करते हैं। यदि राग के स्वरूप को अच्छी तरह से समझ लिया जाय तो उसके नियमों को बरकरार रखते हुए राग–गायन में पूरी स्वतंत्रता रहती है। एक ही राग को कई तरह से नियमानुसार गाया और बजाया जा सकता है।

समस्त विश्व में हमारा राग–सिद्धांत अद्वितीय है। रागों की भारतीय अवधारणा में विभिन्न सुरों के लगाव की विशिष्ट शैली, गायन–वादन का समय, उन से उत्पन्न होने वाली भावनाएं और मनोदशाएँ सभी राग के कारण उत्पन्न हो पाती हैं। अनेक रागों में ऐसी भावनात्मक स्थितियाँ अंतर्निहित होती हैं, जिन से सभी रसों का बोध होता है।

प्रारम्भ से ही ग्रंथकारों ने 'राग' को ध्वनि की विशेष रचना ही कहा है। भारतीय संगीत का प्रमुख अंग ही राग है तथा राग ही भारतीय संगीत की नींव है, जिस पर भारतीय संगीत का विशाल भवन प्रतिष्ठित है। रागों के माध्यम से कलाकार की प्रतिभा, कल्पना एवं साधना स्वरात्मक सौंदर्य के रूप में अभिव्यक्त होती है। राग के कुछ अन्य अर्थ इस प्रकार हैं– रंग, रंजक, वस्तु, माधुर्य इत्यादि। संगीत में केवल उन अर्थों को ही मान्यता दी गई है जिनका संबंध रचनात्मकता से है जैसे रंजक भाव, संवेदना, माधुर्य, लालित्य इत्यादि।

'राग' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत धातु, 'रञ्ज' से हुई है जिसका अर्थ है– रंजन अर्थात् रंजकता ही राग का आंतरिक तत्व है। भरत मुनि ने 'नाट्यशास्त्र' में राग शब्द को रंजकता के अर्थ में प्रयुक्त करते हुए कहा है–

"यथा वणोदूते चित्तं न शोभोत्पादेन भवेत्।
एवमेव बिना गान नाट्यम रागम् न गच्छति।।"[1]

अर्थात् जिस प्रकार रंगों के बिना कोई चित्र शोभायमान नहीं होती, उसी प्रकार गान या संगीत के बिना नाट्य रंजकत्व को प्राप्त नहीं होता। जहां राग शब्द

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग, दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

का प्रयोग रागत्व के रूप में करते हुए उन्होंने कहा है–

"अपटाक्षेपकृता चेदात्ययिका हर्वरागशोकाधाः।
विच्छेदस्त्रम समः कार्यस्तज्ञैः प्रवेशे तु।।"[2]

अर्थात् पर्दा उठने पर हर्ष, राग, शोक आदि भावों का एक संतुलित मात्रा में प्रयोग किया जाना चाहिए। इस प्रकार राग शब्द का प्रयोग नाट्य शास्त्र में अनेक बार व अनेक अर्थों में किया गया है। जिस प्रकार रंग या रंगों का समन्वय भिन्न भावों को प्रदर्शित कर विशिष्ट रस की निष्पत्ति करने में सक्षम होता है उसी तरह राग अपने सांगितिक तथा साहित्यिक अर्थ में समन्वित होकर रस–निष्पत्ति में सक्षम होता है।

'नाट्यशास्त्र' से पूर्ववर्ती काल में राग के अस्तित्व पर यदि विचार किया जाय तो साम सप्तक का विकास, स्तोभाक्षर आदि के प्रयोग से ऐसा प्रतीत होता है कि राग में प्रयुक्त होने वाले तत्वों का विकास वैदिक युग में हो चुका था। डॉ० शरच्चंद्र श्रीधर परांजपे ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि कैशिक राग का उल्लेख 'नारदीय शिक्षा' तथा भरतकृत 'नाट्यशास्त्र' में उपलब्ध है।

विभिन्न ग्रंथों में राग का उल्लेख– पुराणों में संगीत का एक विशेष महत्व है यह कहना कठिन है कि पुराणों की रचना कब, कैसे हुई परन्तु वेदों के पश्चात् ही पुराण आए, यह कहना उचित होगा। 'हरिवंशपुराण' में रागों का वर्णन मिलता है। इस संबंध में ग्रंथकारों ने कहा है कि छालिक्य–गान के वर्णन में ग्राम–रागों का वर्णन निम्न शब्दों में हुआ है–

"जग्राह वीणामथ नारदस्तु षड्ज्ग्रामरागादिसमाधियुक्ताम् ।
हल्लीसक तु स्वयमेव कृष्णः सवंशघोष नरदेव पार्थः ।।''

अर्थात् नारद के हाथ में वीणा थी जिस पर षड्जग्राम के राग बजाये जा सकते थे। स्वयं श्रीकृष्ण के साथ हल्लीसक नृत्य कर रहे थे तथा अर्जुन मृदंग बजा रहे थे। यह छालिक्य विविध ग्राम रागों के अन्तर्गत विविध स्थान तथा मूर्च्छना के साथ गाया जाता था। विद्वानों के अनुसार, वायुपुराण में भी सप्त स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्च्छना, उन्चास तानों का उल्लेख किया गया है।

ग्रंथकारों के अनुसार वायुपुराण भारत के प्राचीनतम पुराणों में से एक हैं। प्राचीन ग्रंथों मे राग का उल्लेख देखने से यह स्पष्ट होता है कि राग पर आधारित परम्परा का विकास पौराणिक समय तक हो चुका था। इस समय राग की परम्परा अपनी प्रारम्भिक अवस्था में थी। वायुपुराण में गांधार ग्राम का भी उल्लेख किया गया है। 'राग' शब्द का प्रयोग 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' में भी अनेक बार हुआ है।

रामायण भारतीय महाकाव्यों का प्रमुख स्रोत है। महर्षि वाल्मीकि के अनुसार, रामायण का निर्माण गेय काव्य के रूप में हुआ है। उस काल तक संगीत का प्रचुर मात्रा में विकास या पर्याप्त प्रचलन हो चुका था। रामायण–गायन सप्त शुद्ध जातियों पर आधारित था जिससे यह प्रमाणित होता है कि उस काल में षड़ज ग्राम एवं मध्यम ग्राम का प्रचार था। इसके पश्चात् महाभारत काल में 'संगीत' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता बल्कि इसके स्थान पर गान्धर्व शब्द का प्रयोग अधिकतर मिलता है। महाभारत में गीत और गान्धर्व का उल्लेख कई स्थान में मिलता है। गेय प्रबन्धों के अन्तर्गत सामगाथा तथा मंगलगीतियों का प्रमुख रूप से उल्लेख पाया जाता है। इन गाथाओं का गान गान्धर्व द्वारा किया जाता था।

जाति–गायन तथा जातियों का प्राचीन काल में विशिष्ट स्थान रहा है। उनका प्रचलन मध्यकाल से बहुत पहले ही समाप्त हो गया था। 'राग' शब्द के उद्भव में जाति शब्द का महत्वपूर्ण स्थान है। रागों का उद्भव 'जातियों से माना जाता है। मार्गी संगीत में स्वरों की उत्पत्ति श्रुतियों द्वारा होती थी। स्वरों से ग्राम निर्मित होते हैं। ग्रामों से जातियों का निर्माण होता है तथा जातियों से राग निर्मित होते थे। जातियों का उल्लेख रामायण में भी प्राप्त होता है। जाति की परिभाषा का उल्लेख सर्वप्रथम मतंगकृत 'वृहदेशी' में प्राप्त होता है। आचार्य मतंग जाति को ही राग की जननी मानते हैं।

कुछ विद्वान यह भी कहते हैं कि जाति राग की ही पूर्व संज्ञा थी। मतंग ने यह भी कहा है कि संसार में जो कुछ भी गाया जाता है, वह जातियों के ही अन्तर्गत है। भरत समेत अन्य आचार्यों ने शुद्ध और विकृत समेत कुल 18 जातियों का उल्लेख किया है। राग जाति का ही विकसित रूप हैं इसलिये भरत द्वारा निर्धारित जाति लक्षण रागों के लिये चरितार्थ होते हैं। यह लक्षण मुख्यतयः दस हैं। ग्रह, अंश, मन्द्र, तार, न्यास, अपन्यास, सन्यास, विन्यास, बहुत्व तथा अल्पत्व।

भरतमुनि कृत 'नाट्यशास्त्र' में ग्राम राग और

जाति राग के रूप में 'राग' शब्द आया है। जातिराग के विषय में नाट्यशास्त्र में कहा गया है कि अल्प गान्धार–निषाद वाली जातियों में अवरोह में अन्तर गान्धार और काकली निषाद नामक 'साधारण' स्वरों का प्रयोग किये जाने पर 'जातिराग' बनते हैं। इस प्रकार, भरत के 'नाट्यशास्त्र' में जाति, जातिराग तथा ग्रामराग तीनों का उल्लेख मिलता है।

जातियों के बारे में पता लगता है कि वे अट्ठारह थीं जिनमें सात शुद्ध और ग्यारह विकृत थीं। इन जातियों के अलावा सात ग्राम–रागों का भी प्रचार था जिनके नाम थे मध्यम ग्राम, षड्ज साधारित, पंचम, कैशिक, षाडव तथा कैशिक मध्यम। जाति–गान को उस समय उच्चस्तर का संगीत माना जाता था क्योंकि उनके नियम कठोर थे और उनका प्रयोग लोक संगीत में नहीं होता था। जाति के लक्षण भी राग के तरह दस माने गये थे– ग्रह, अंश, तार, मन्द्र, न्यास, अपन्यास, अल्पत्व, बहुत्व, षाडव और औडव । बाद में चलकर, जाति के यही दस लक्षण राग के दस लक्षण बने। ये विशेष लक्षण रागों के भी थे परन्तु धीरे–धीरे इनमें भी काफी परिवर्तन हुआ।

'जाति' को रागों की जननी कहा गया है परन्तु रागों का प्रचार उस युग में नहीं था। 'राग' शब्द का प्रयोग अवश्य हुआ था। मतंग ने अपने ग्रंथ में रागों के सात गीतियों के बारे में बताया है– शुद्धा, भिन्ना, गौडी, राग, साधारणी, भाषा, विभाषा।

भरतकृत 'नाट्यशास्त्र' में ग्रामरागों का प्रयोग नाद के अन्तर्गत पंच सन्धियों में किये जाने का विधान है। राग कतिपय विशिष्ट ध्वनि–स्वरूपों को ही कहा गया है, जो परम्परागत रूप से प्राप्त एवं शास्त्रों में उल्लिखित होते हैं। मतंग से पूर्व भी राग का उल्लेख कई ऐतिहासिक ग्रंथों में प्राप्त होता है जैसे– रामायण, महाभारत, नारदीय शिक्षा, हरिवंश पुराण, वायु पुराण, मार्कण्डेय पुराण तथा भरतकृत 'नाट्यशास्त्र'।

'राग' शब्द का पारिभाषिक रूप से प्रयोग सर्वप्रथम मतंगकृत 'वृहदेशी' में प्राप्त होता है, जिसमें मतंगमुनि ने राग गीति के संदर्भ में कश्यप की परिभाषा को प्रमुखता दी है–"चतुर्णामपि वर्णनाम यो रागः शोभनो भवेत्। स सर्वो कृश्यते येषु तेन राग इति स्मृताः।।"[3] अर्थात् चारों वर्णों से युक्त शोभनीय स्वरों का प्रयोग करने से जो स्वर–लहरी उत्पन्न होती है, वह राग कहलाती है। इसी अर्थ को ध्यान में रखते हुए मतंग ने भी राग की परिभाषा को भिन्न–भिन्न रूप से प्रस्तुत किया है। मतंग के अनुसार राग की परिभाषा इस प्रकार है–

"स्वर वर्ण विशेषेण ध्वनिभेदेन वा पुनः।
रज्यते येन यः कश्चित् स राग सम्मतः सताम।।"[4]

अर्थात् विशेष स्वर, वर्ण या ध्वनि भेद के द्वारा जिसमें जन–चित्त–रंजन का सामर्थ्य हो, वह राग कहलाता है। स्वरों तथा वर्णों से विभूषित ध्वनि की वह विशिष्ट रचना जो मनुष्य के चित्त का रंजन करने में समर्थ हो, उसे राग कहा गया है। इसी प्रकार कल्लिनाथ, दामोदर तथा पार्श्वदेव आदि ने भी इसी अर्थ को केवल शब्द रूपांतर के साथ राग को परिभाषित किया है।

राग के इतिहास को देखते हुए यह मानना उचित प्रतीत होता है कि इतिहास के विभिन्न कालों में सभी राग प्रचलित नहीं रहे। रागों का क्रम लोकवृत्ति के अनुसार सदैव बदलता रहा है। किसी युग में रागों का एक क्रम प्रचलित था तो दूसरे युग में दूसरा क्रम प्रचलित हो गया। इसी प्रकार क्रम बदलते रहने से वर्गीकरण पद्धति भी बदलती रही। कभी रागों का वर्गीकरण गीतियों (गायन शैलियों) के आधार पर किया गया तो कभी लिंग के आधार पर स्त्रीराग, पुरुष राग आदि की संज्ञा दी गई। कभी रागों को विभिन्न मूर्च्छनाओं के नाम से पुकारा गया तो कभी जातियों, संस्थान, मेल और थाटों की रचना की गई। कभी प्रातः, दोपहर और सांयकाल में गाए जाने वाले रागों की अलग–अलग श्रेणियाँ बनाई गई तो कभी ग्राम राग और देशी राग के नाम से विभाजित किया गया।

मध्यकालीन ग्रंथकारों के अनुसार, 'रसकौमुदी' में श्रीकंठ ने सभी वर्गों से सुशोभित रम्य ध्वनि से युक्त मानव मन को रंजित करने वाली ध्वनि को 'राग' कहा है। ध्वनि की रंजकता को ही विशेष महत्व देते हुए पंडित सोमनाथ, पंडित व्यंकटमखी तथा अहोबल आदि ने राग को परिभाषित किया है।आधुनिक काल के ग्रंथकारों में पं. भातखंडे ने ध्वनि विशेषस्तु को ही महत्व देते हुए 'श्रीमल्ललक्ष्यसंगीतम्' में राग को स्वर वर्ण से विभूषित ध्वनि की विशिष्ट रचना के रूप में स्वीकृत किया है।

आधुनिक ग्रंथकारों में श्री पोपले के अनुसार, राग इस प्रकार परिभाषित किया गया है–"Raagas are

different series of notes within the octave, which from the basis of all Indian melodies and are differentiated from each other by the prominence of certain fixed notes and by the sequence of particular notes"[5]

शास्त्रकारों के अनुसार रूप या आकार के साथ रंग का अविच्छेद संबंध है। रूप अग्नि का गुण है अतएव अनल और अनिल के योग से उत्पन्न नाद से स्वाभाविक रूप से राग या रंजकता अर्थात् रंगने की शक्ति से निहित है, जो इस प्रकार से विशेष है क्योंकि उसका एक निजी भावमय रंग है और उसे दूसरों से पृथक् करता है। संगीत में उस स्वर समूह को राग कह सकते हैं जिसमें रंग देने की शक्ति हो।

आधुनिक ग्रंथकारों में फाक्स स्ट्रैंगवेज राग के विषय में अपने विचार इस प्रकार प्रकट करते है– "Raga is an arbitrary series of notes characterised as far as possible is individuals, by proximity to our remoteness from the note which markes the tessitura, by a spacial order in which they are usually taken , by the frequency or the reverce with which they occur, by grace or the absence of it, and by relation to tonic usually reinforced by a dron"[6]

आधुनिक काल में राग में लगने वाले स्वरों की संख्या के अनुसार राग की 'जाति' बनायी गई है। राग के नियमानुसार राग में कम से कम पाँच स्वर और ज्यादा–से–ज्यादा सात स्वर होने ही चाहिए। पाँच स्वरों से कम होने से वह 'राग' नहीं बनता। अब जातियों, राग के आरोह, अवरोह के अनुसार बंटकर नौ हो गई।

इसका कारण यह है कि राग के आरोह–अवरोह में समान स्वरों का प्रयोग न होना। जैसे एक राग के आरोह में पाँच तथा अवरोह सम्पूर्ण हो सकता है तो अवरोह षाडव भी हो सकता है और आरोह सम्पूर्ण, अवरोह संपूर्ण भी हो सकता है। इस प्रकार जातियाँ नौ हो गई। स्वर सप्तक के अथाह सागर से असंख्य रागों की उत्पत्ति हुई और हो रही है। पं० व्यकंटमखी ने गणित के आधार पर एक स्वर सप्तक से 34,848 रागों की उत्पत्ति का परिचय दिया है और यदि इन रागों के वादी, संवादी स्वर बदलते जाएँ तो यह संख्या असंख्य का रूप धारण कर सकती है।

निष्कर्ष :

राग की अनेकानेक परिभाषाओं में वर्ण सौन्दर्य, स्वर सौन्दर्य, विशिष्ट रचना, वैचिर्त्यपूर्ण प्रयोग, अलंकारादि के प्रयोग आदि के माध्यम से उत्पन्न रंजकत्व को विशेष महत्त्व दिया गया है जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि शास्त्रोक्त नियमों के अनुसार स्वर, वर्ण तथा अंलकारादि से परिपूर्ण वह सौन्दर्यात्मक विशिष्ट रचना जो नित नूतन वैचित्र्य से भी परिपूर्ण हो, राग कहलाती है, क्योंकि राग–विस्तार में कल्पनात्मक विहार तथा नूतन रचनात्मक प्रक्रिया का विशेष महत्त्व ही राग को प्रवाह प्रदान करता है। इसीलिए स्वरों, वर्णों तथा अलंकारों आदि से विशिष्ट आकार ग्रहण करते हुए सौन्दर्यात्मक तत्वों के अन्तर्गत निरन्तरता, समता, विरोधाभास, समतुल्यता आदि की प्रक्रिया के माध्यम से रचित रचना ही 'राग' है, यदि ऐसा कहा जाय तो सम्भवतः अनुचित नहीं होगा।

संदर्भ सूची :

1. भरतमुनि, नाट्यशास्त्र, अध्याय 32, श्लोक–425, पृष्ठ संख्या–389
2. वही, श्लोक–413, पृष्ठ संख्या–389
3. वृहदेशी, मतंगमुनि, पृष्ठ संख्या–81
4. वही, श्लोक संख्या–280, पृष्ठ संख्या–81
5. Popely, H.M., The Music of India, Page - 40
6. Trangwyas, A.H. Foxs, Music Of Hindustan, Page- 107

संदर्भ ग्रन्थ :

1. भरतमुनि, नाट्यशास्त्र 28वां अध्याय, टीकाकार–आचार्य बृहस्पति, बृहस्पति पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2002
2. मतंगमुनि, बृहदेशी, अनुवादक–कपिला वात्स्यायन, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, नई दिल्ली, 1994
3. पाठक, डा0 सुनंदा, हिंदुस्तानी संगीत में राग की उत्पत्ति एवं विकास, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1989
4. सक्सेना, डा0 मधुबाला, संगीत मधुबन, अभिषेक पब्लिकेशन, चंडीगढ़, प्रथम संस्करण, 2001
5. राजन, रेणु, हिंदुस्तानी संगीत में राग लक्षण, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण,1996
6. जैन, डा0 रेणु, स्वर और राग, कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली
7. Popely, H.M., The Music of India, Y.M.C.A. Publishing House, Calcutta, Second Edition, 1950
8. Strangways, Fox, Music of Hindostan, Shubhi Publications, Gurgaon, First Edition, 2005

विज्ञापन कला एवं कम्प्यूटर तकनीक माध्यम पर विमर्श

संजीव किशोर गौतम** **चारू यादव***

सारांश

समकालीन दौर में विज्ञापन ने आवश्यकता का रूप ले लिया हैं। विज्ञापन की चकाचौंध भरी जादुई दुनिया ने हर तरफ अपना अस्तित्व कायम कर लिया हैं। विज्ञापन के स्वरुप के जन्म लेने से लेकर प्रकाशित होने तक अनेक तकनीकी माध्यम सहायक के रूप में कार्य करते हैं, उन्ही में से सबसे महत्त्वपूर्ण माध्यम कम्प्यूटर तकनीक माध्यम हैं। विज्ञापन कला का लक्षित उपभोक्ता पर प्रभाव उसके कलात्मक गुण पर आच्छादित होती हैं और यह कलात्मक गुण विशेषतः कम्पूटर तकनीक के माध्यम से नाना प्रकार के सॉफ्टवेयर के प्रभावों द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। कम्प्यूटर तकनीक के विभिन्न सॉफ्टवेयर द्वारा ही विज्ञापन कला अंकुरित, पुष्पित एवं फलित होकर एक आकर्षक स्वरुप धारण कर समाज व उपभोक्ता के बीच अपनी पहचान बनाता है। तकनीक एवं कला के इसी तारतम्यता द्वारा एक कुशल डिजाइन की प्राप्ति होती है।

मुख्य बिन्दु– *विज्ञापन कला, कम्प्यूटर तकनीक माध्यम, ग्राफिक सॉटवेयर, डिजाइन निर्माण प्रक्रिया, कोरल ड्रा, फोटो शॉप।*

शोध प्रविधि– *प्रस्तुत शोध–पत्र हेतु शोधार्थी द्वारा व्याख्यात्मक शोध–प्रविधि का प्रयोग किया गया है, पुस्तकों के अध्ययन एवं स्वानुभव के बाद इस पत्र को तैयार कर प्रस्तुत किया गया है।*

समकालीन समय विज्ञापन की जादुई दुनिया का है, विज्ञान और तकनीक के सम्मिश्रण ने विज्ञापन एवं मानव कल्याण के हित में अभूतपूर्व योगदान दिया है। विज्ञापन के विभिन्न माध्यमों को नवीन रूप देने में विज्ञान और तकनीक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। तकनीकी महत्ता को आज हर क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है।[1] जिस प्रकार से तकनीक के नए–नए विकास से प्रत्येक प्रक्रियाओं में बदलाव हो रहे हैं उसी प्रकार विज्ञापन में भी तकीनीकी विकास का प्रभाव पड़ रहा है एवं माध्यमों के नवीन रूप उभरकर सामने आ रहे हैं। विभिन्न तकनीकी विकास व माध्यमों की नवीनता से विज्ञापन दिन–प्रतिदिन तेजी से अपने लक्ष्य की प्राप्ति में अग्रसर हो रहा है। विज्ञापन के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में हम देखते हैं कि शुरुआती दौर के विज्ञापन के कार्य हाथों से किये जाते थे, धीरे धीरे तकनीक के विकास ने विज्ञापन के निर्माण में सहायता प्रदान की एवं विभिन्न माध्यमों से सहायता प्राप्त कर विज्ञापन पूरी दुनिया पर छा गया। विज्ञापन कला के कार्य को संपन्न करने में बहुत से माध्यम एवं तकनीकी युक्तियाँ सहायक होती है *(चित्र संख्या 01)* जिनमें मुख्य मुद्रण तकनीक माध्यम, कम्प्यूटर तकनीक माध्यम, फोटोग्राफी तकनीक माध्यम हैं, विभिन्न तकनीकी माध्यमों में इस शोध–पत्र में कम्प्यूटर तकनीक पर विशेष प्रकाश डाला गया हैं–



चित्र संख्या 01. विज्ञापन कला को सफल बनाने में सहायक तकनीकी माध्यम

कम्प्यूटर तकनीक माध्यम–

समकालीन दौर विज्ञापन और कम्प्यूटर का दौर है। विज्ञापन के निर्माण को कंप्यूटर ने अधिक प्रचलित, सरल एवं तीव्र बनाया है। कम्प्यूटर के माध्यम से ही विज्ञापन के निर्माण एवं मुद्रित होकर अनेक प्रतिलिपि में प्रकाशित होने में सहायता मिली। कम्प्यूटर के तकनीकी माध्यम से विज्ञापन की दुनिया में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुआ है। प्राचीन समय में विज्ञापनों का हाथों से निर्माण होता था जो बहुत ही धीमी गति से संचालित होता था और न हि उनकी तमाम प्रतिलिपियाँ प्रकाशित की जा

*'असिस्टेंट प्रोफेसर, पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा, पंजाब एवं शोध छात्रा, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविघालय, लखनऊ
**शोध निर्देशक, एसोसिएट प्रोफेसर, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविघालय, लखनऊ

सकती थी, कम्प्यूटर के विज्ञापन क्षेत्र में योगदान से विज्ञापन के निर्माण एवं प्रकाशन दोनों ही समस्या का समाधान हो गया। कम्प्यूटर ने विज्ञापन–निर्माण को इतना सरल बना दिया है कि डिजाइनर विज्ञापन ग्राफिक डिजाइन को किसी भी चाहे गए आकार में बना देता है, कम्प्यूटर द्वारा डिजाइन में किसी भी समय सॉटकॉपी द्वारा बदलाव व सुधार भी किया जा सकता है एवं मुद्रित भी किया जा सकता है बिना ग्राफिक डिजाइन के पिक्सेल या अवयव को खराब किये हुए। कम्प्यूटर में डिजाइन का निर्माण विभिन्न बिन्दुओं के संयोजन से होता है जो पिक्सेल या अवयव कहे जाते हैं। ये अवयव कम्प्यूटर के स्क्रीन के अंदर होते हैं जो आयताकार होने के साथ प्रकाश के सभी वर्णों को व्यवस्थित करते हैं। दृश्य का स्पष्ट दिखना पिक्सेल पर ही निर्भर करता है क्योकि जितनी अधिक संख्या में पिक्सेल मौजूद होंगे उतनी ही स्पष्ट छवि स्क्रीन पर दिखेगी।[2]

कम्प्यूटर की प्रक्रिया को पूर्ण करने में विज्ञापन डिजाइन के निर्माण के लिए विभिन्न हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की आवश्यकता होती है जिसमें हमारा मुख्य ध्यान सॉफ्टवेयर एवं डिजाइन–निर्माण–प्रक्रिया पर केन्द्रित रहेगा।

सॉफ्टवेयर–

सॉफ्टवेयर वह प्रोग्राम है जिनके द्वारा कम्प्यूटर पर कार्य कर पाना संभव होता है। आज के तकनीकी युग में सॉफ्टवेयर की गिनती रखना बहुत मुश्किल है। यहाँ हम विज्ञापन कला के डिजाइन में प्रयुक्त होनेवाले कुछ ग्राफिक सॉफ्टवेयर के बारे में जानेंगे।

ग्राफिक सॉफ्टवेयर–

ग्राफिक सॉफ्टवेयर को समझने से पहले हम ग्राफिक डिजाइन क्या है, यह समझ लेते हैं, ग्राफिक डिजाइन विज्ञापन सम्बंधित डिजाइन हैं जिसे समाज देखता है, पढता है व जानकारी लेता है। इन्हीं डिजाइन के निर्माण में विभिन्न सॉफ्टवेयर की सहायता ली जाती है जो ग्राफिक सॉफ्टवेयर के अंतर्गत आते हैं। विज्ञापन के निर्माण एवं प्रकाशन में डेस्कटॉप पब्लिशिंग (D.T.P.) की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। D.T.P. का तात्पर्य हैं– एक ही डेस्क या मेज पर प्रकाशन की सारी सुविधा होना।[3] D.T.P. के लिए प्रयुक्त होनेवाले मुख्य सॉफ्टवेयर का विवरण निम्न है–

एडोब पेजमेकर– इस सॉफ्टवेयर द्वारा पुस्तक के सेटिंग से सम्बंधित विभिन्न कार्य किया जाता है जैसे पृष्ठ संख्या, अक्षरों व लाइनों के बीच का स्पेस सेट करना, टाइप व चित्रित सामग्री का संशोधन आदि। पेजमेकर में अलग–अलग प्रभाव डालने के लिए भी विभिन्न विकल्प होते हैं जो मीनूबार में स्थापित होता है। पेजमेकर में लगभग 14 टूल्स होते हैं जिनकी सहायता से इस सॉफ्टवेयर को कार्यान्वित किया जाता है।

Type Tool- टूल को सेलेक्ट कर स्क्रीन पर जहाँ भी क्लिक किया जाये वहां टाइप किया जा सकता हैं व सेलेक्ट कर उसके फॉण्ट साइज, स्टाइल आदि को भी बदला जा सकता है।

Pick Tool- इस टूल से किसी भी लिखित एवं चित्रित मैटर को चुनकर परिवर्तित या उस पर कार्य किया जाता है।

Crop Tool- इस टूल से कार्य का जो हिस्सा काटना हो उसे काटा जा सकता है व आवश्यकता पड़ने पर पुनः जोड़ा जा सकता है।

Rotation Tool- इस टूल की सहायता से कार्यक्षेत्र पर क्लिक कर उसपर बननेवाले चारों तरफ के नोड्स से उसे किसी भी दिशा में घुमाया जा सकता हैं।

Horizontal/Vertical line Tool- इस टूल की सहायता से क्षैतिज व लम्बवत रेखा बनाई जाती है।

Freehand line Tool- इस टूल से जिस भी आकार की आवश्यता हो उसके अनुसार रेखा खींच सकते हैं।

Zoom Tool- इस टूल से कार्य–क्षेत्र के किसी भी हिस्से को बड़ा या छोटा करके देखा जा सकता हैं।

Hand Tool- इस टूल से कार्य–क्षेत्र को किसी भी दिशा में खिसकाया जा सकता है।

Box Tool- इसके द्वारा कार्य–क्षेत्र में आयात/वर्ग बनाया जाता है।

Box Frame Tool- यह बॉक्सटूल की तरह ही कार्य करता है पर उसके साथ ही इसमें फ्रेम भी बनाया जा सकता है जिसमें अलग से लिखित या चित्रित सामग्री डाल सकते हैं।

Ellipse Tool- इस टूल का उपयोग गोल आकृति बनाने के लिए किया जाता है।

Ellipse Frame Tool- इस टूल द्वारा गोल आकृति का फ्रेम बनाते हैं जिसमें लिखित व चित्रित सामग्री डाली जा सकती है।

Polygons Tool- इस टूल द्वारा त्रिभुज, चतुर्भुज आदि विभिन्न प्रकार के शेप बनाए जाते हैं।

Polygons Frame Tool- इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के शेप के फ्रेम बनाए जाते हैं व उनमें चित्रित सामग्री को डाला जा सकता है।[4]

एडोब फोटोशॉप–

यह सॉफ्टवेयर इमेज एडिट करने के लिए सबसे उत्तम माना जाता हैं। इसमें चित्रों के निर्माण से लेकर चित्रों की एडिटिंग तक किये जा सकते हैं। इस सॉफ्टवेयर में कार्य करते समय हर डिजाइन के लिए अलग–अलग लेयर लिया जाता है जिसकी सहायता से हम कभी भी डिजाइन में परिवर्तन एवं संशोधन कर सकते हैं। फोटो शॉप में लगभग 21 मुख्य टूल्स होते हैं और इन मुख्य टूल्स के विभिन्न सहायक टूल्स होते हैं जिनसे बहुत ही सूक्ष्मतम व यथार्थ प्रभाव डाला जाता है *(चित्र संख्या 02)*।

Move Tool- इस टूल के द्वारा कार्यक्षेत्र के किसी भी भाग को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करते हैं।

Rectangular Marquee Tool- इस टूल के द्वारा आयताकार, गोलाकार आकार बनाया जाता है।

Lasso Tool- इस टूल के द्वारा कार्यक्षेत्र के किसी भी भाग को स्वतंत्रता के साथ चुनाव कर अलग किया जा सकता है।

Magic Wand Tool- इस टूल के द्वारा कार्यक्षेत्र के किसी भी भाग में रंग के अवयव को सेलेक्ट किया जाता है।

Crop Tool- इस टूल के द्वारा कार्य क्षेत्र के किसी भी अनावश्यक हिस्से को काटने व पुनः जरुरत पड़ने पर जोड़ा जाता है।

Frame Tool- इस टूल के द्वारा किसी भी आवश्यक हिस्से का चुनाव कर फ्रेम बनाकर वास्तविक इमेज की जगह कोई और इमेज को लगाया जा सकता है।

Eyedropper Tool- इस टूल के द्वारा कार्यक्षेत्र में प्रयुक्त किसी भी रंग का चुनावकर किसी अन्य जगह उसी रंग को भरा जा सकता है।

Healing Brush Tool- इस टूल के द्वारा कार्यक्षेत्र के किसी भाग या स्पॉट पर विभिन्न प्रकार के ब्रश से कार्य करते हैं।

Brush Tool- इस टूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के ब्रश एवं पेंसिले आदि का उपयोग किया जाता है।

Clone Stamp Tool- इस टूल द्वारा कार्यक्षेत्र के किसी भाग को ठीक वैसा ही दूसरी जगह बनाया जा सकता है।

History Brush Tool- इस टूल द्वारा किसी डिलीट हुए हिस्से को दुबारा प्राप्त किया जा सकता है।

Eraser Tool- इसकी सहायता से कार्य–क्षेत्र के किसी भी हिस्से को आवश्यकतानुसार मिटाया जा सकता है।

Gradient Tool- इस टूल के द्वारा इमेज में ग्रेडिएंट प्रभाव द्वारा एक साथ दो–तीन रंगों के प्रभाव को भरा जाता है।

Smudge Tool- इस टूल के द्वारा चित्र में मिलान लाने का कार्य किया जाता है जिससे कोमल प्रभाव प्राप्त किया जाता है इसमें ब्लर करने का भी विकल्प आता है।

Burn Tool- इस टूल द्वारा दो–तीन विकल्प खुलते हैं जिनमें से इमेज को हल्का या गाढ़ा किया जाता है।

Pen Tool- इस टूल द्वारा पॉइंट और एंकर द्वारा विभिन्न शेप बनाया जाता है।

Type Tool- इस टूल के द्वारा लिखने का कार्य किया जाता है। इसी के द्वारा विभिन्न भाषाओं एवं फॉण्ट स्टाइल व साइज में लिखा जाता है एवं विभिन्न प्रभाव भी डाले जाते हैं।

Path Selection Tool- इसके द्वारा कार्य–क्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ पाथ रेखा लगायी जाती है व चयनित भाग का स्थान परिवर्तित किया जा सकता है।

Custom Shape Tool- इस टूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के आकार बनाये जाते है जैसे आयत, गोल, वर्ग, पेड़–पौधे, फूल–पत्तियां, जानवर आदि।

Rotate View Tool-इस टूल के द्वारा पूरे कार्य–क्षेत्र या सिलेक्टेड हिस्से को घुमाया जा सकता है।

Zoom Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र के किसी भी हिस्से को जूम इन या जूम आउट करके देखा जा सकता है।

Foreground and Background Colour- इस टूल के द्वारा रंगों का चयन कर बैक ग्राउंड या फोर ग्राउंड में भरा जाता हैं।[5]

चित्र संख्या 02. फोटोशॉप द्वारा निर्मित डिज़ाइन

एडोब इलस्ट्रेटर– यह सॉफ्टवेयर फोटोशॉप से मिलता–जुलता ही वेक्टर ग्राफ़िक एडिटर है। इसके टूल भी ज्यादातर फोटोशॉप से मिलते–जुलते हैं, इसमें फोटोशॉप के टूल के अतिरिक्त कुछ अन्य टूल भी हैं जिनके द्वारा डिज़ाइनर अपनी सृजन–शक्ति का और अधिक प्रभावी ढंग से प्रयोग कर सकता हैं।[6]

Reflect Tool- इस टूल के द्वारा चयनित ऑब्जेक्ट के जैसी हु–ब–हू प्रतिबिम्ब चित्र बनायी जाती है।

Gradient Mash Tool- इस टूल के द्वारा चयनित कार्य–क्षेत्र में रंगों के अनुक्रम प्रभाव को डाला जाता है।

Free Transform Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र के किसी भी भाग को स्वतंत्रता से दायें–बाएँ ऊपर नीचे परिवर्तित किया जाता है।

Scale Tool- इस टूल के द्वारा चयनित क्षेत्र का आकार स्केल के माध्यम से सटीक निर्धारित किया जाता है।

Graph Tool- इस टूल की सहायता से ग्राफ का निर्माण किया जाता है।

Rotate Tool- इस टूल के द्वारा चयनित हिस्से को घुमाया जाता है।

Scissor Tool- इस टूल के द्वारा चयनित भाग को स्प्लिट डॉट के अनुसार काट के अलग किया जाता हैं।

कोरलड्रा– कोरलड्रा सॉफ्टवेयर के द्वारा कोई भी मनचाहा डिज़ाइन एवं आर्ट वर्क का सृजन किया जा सकता है। इसमें फोटोशॉप की तरह अलग–अलग लेयर पर कार्य नहीं किया जाता बल्कि इसमें हर एक आर्ट वर्क को अलग–अलग सिलेक्ट करके कार्य किया जा सकता है *(चित्र संख्या 03)*। इसमें विभिन्न कलर मोड के साथ ही साथ विभिन्न प्रभाव व टेक्सचर भी होते हैं जैसे RGB, Gray Scale, Uniform Color, Linear Fill, Radial Fill, Council Fill आदि)।

Shape Tool- इस टूल द्वारा विभिन्न प्रकार की लाइनों, चित्रों व अक्षरों में मनचाहा बदलाव किया जा सकता है, उन्हें किसी भी आकार में मोड़ा जा सकता है।

Pick Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र के किसी भी भाग को सिलेक्ट करके उसमें परिवर्तन किया जा सकता है, जैसे उसे छोटा–बड़ा करना, उसके स्थान में परिवर्तन करना आदि।

Zoom Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र के किसी भी भाग को बड़ा करके देखा जाता है।

Rectangle Tool- इस टूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के आकार, जैसे वर्ग व आयत बनाये जाते है।

Freehand Tool- इस टूल के द्वारा स्वतंत्र रूप से किसी भी प्रकार की ड्राइंग बनाते हैं, यह पेन्सिल के जैसा कार्य करती है।

Ellipse Tool- इस टूल के द्वारा गोल आकृति बनाई जाती है।

Basic Shapes Tool- इस टूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के शेप बनाये जाते हैं जिनमे लो चार्ट, कई प्रकार के एरो आदि होते हैं।

Text Tool- इस टूल के द्वारा टाइप किया जाता है।

Fill Tool- इस टूल के द्वारा कर्य–क्षेत्र के विभिन्न भागों में रंग भरा जाता है।

Spiral Tool- इस टूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के शेप व ग्राफ बनाए जाते है जिनमें सर्पिल आकृति, त्रिभुज, चतुर्भुज आदि होते हैं।

Interactive Fill Tool- इस टूल के द्वारा चित्र व आकारों में रंगों के द्वारा छाया–प्रकाशवाले प्रभाव डाले जाते हैं।

Interactive Transparency Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र के चयनित भाग के रंगों में पारदर्शी प्रभाव डाला जाता है।

Eyedropper Tool- इस टूल के द्वारा कार्य–क्षेत्र में प्रयुक्त किसी रंग का चयन किया जाता है जिससे किसी अन्य भाग में आवश्यकतानुसार सटीक वही रंग दिया जा सके।

Outline Tool- इस टूल के द्वारा किसी भी आकार में आउटलाइन दिया जाता है व आवश्यकतानुसार उसे मोटा या पतला भी किया जाता है।[7]

चित्र संख्या 03. कोरलड्रा द्वारा निर्मित लोगो डिज़ाइन

कम्प्यूटर द्वारा डिज़ाइन निर्माण की प्रक्रिया–

डिज़ाइन बनाने की शुरुआत कम्प्यूटर में एक पेज का खाका बनाकर किया जाता है, जिसके स्वरुप में सम्पूर्ण डिज़ाइन होनी चाहिए । पहले उसका खाका संयोजित रूप से लिया जाता है। इसके पश्चात् लिखित सामग्री को टाइप कर खाके में व्यवस्थित या संयोजित किया जाता है। लिखित सामग्री के बाद चित्रित सामग्री को व्यवस्थित किया जाता है, इसमें अब इस बात का निर्धारण किया जाता है कि चित्रित सामग्री स्वयं बनानी है या फोटोग्राफ का उपयोग करना है। इसके निर्धारण के बाद आवश्यकतानुसार फोटो है तो स्कैन करके कम्प्यूटर में डाला या सम्मिलित किया जाता है अथवा डिज़ाइन तत्त्व का निर्माण करना है तो उसे विभिन्न सॉफ्टवेयर द्वारा निर्मित किया जाता है। अब चित्रित तत्व को खाके में व्यवस्थित किया जाता है। तत्पश्चात् चित्रित, लिखित व अन्य सभी तत्वों को पूर्ण रूप से संयोजित कर सम्पूर्ण रूप दिया जाता है और डिज़ाइन तैयार किया जाता है। अब सम्पूर्ण रूप से निर्मित डिज़ाइन को सॉफ्ट और हार्ड कॉपी में ध्यान से बारीकी के साथ जांचा जाता है किसी संशोधन की आवश्यकता होने पर सॉफ्ट कॉपी द्वारा संशोधन किया जाता है। उसके उपरांत डिज़ाइन के पिक्सेल, मात्रक की संख्या, कलर मोड व साइज़ आदि चीजों को बारीकी से जाँच कर मुद्रण के लिए भेजा जाता है *(चित्र संख्या 04)*। इन चीजों को मुद्रण से पहले जाँच करना आवश्यक है अन्यथा मुद्रित छवि की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। डिज़ाइन के रीजोल्यूशन या मात्रक की सही गणना से ही सुस्पष्ट डिज़ाइन का निर्माण होता है जो डॉट पर इंच (DPI) अर्थात् इमेज के प्रति इंच में कितने डॉट प्रयुक्त हुए हैं, पर निर्भर करता है। रीजोल्यूशन डिज़ाइन का आकार बढ़ाने के साथ–साथ बढाई जाती है 300 से 500 सामान्य आकार के लिए उचित मानी जाती हैं।[8]



चित्र संख्या 04. कम्प्यूटर द्वारा डिज़ाइन निर्माण की प्रक्रिया

निष्कर्ष :

उपर्युक्त विभिन्न माध्यमों के योगदान से ही विज्ञापन अपना जादुई प्रभाव बनाये हुए है और समय व तकनीकी विकास से यह प्रभाव दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इन माध्यमों के अभाव में विज्ञापन का इतनी तीव्रगति से विकास काल्पनिक मात्र रह जाता। अगर कम्प्यूटर की सुविधा न होती तो आकर्षक डिज़ाइन का निर्माण असम्भव हो जाता। मनचाहे प्रभावों व माध्यमों का अभाव होने से लोगों का ध्यान विज्ञापन की ओर बनाये रखना मुश्किल होता। दृश्य–सामग्री के माध्यम से सन्देश समझाना व संप्रेषित करना बहुत आसान होता है एवं सन्देश लोगों को आसानी से याद भी रहता है। अगर हम बिना दृश्य सामग्री के विज्ञापन की कल्पना करें तो विज्ञापन देख के रुक कर उसे पढ़ते ? जहाँ तक मेरा विचार है इस भागदौड़ की दुनिया में कोई भी व्यक्ति रुक कर विज्ञापन के लिखित संदेशों को पढ़ने में समय जाया नहीं करता। पूरी दुनिया पर छा जाने की विज्ञापन की क्षमता तकनीक और अन्य माध्यमों के प्रयोग द्वारा ही पूर्ण हुयी है। इन तकनीकों के माध्यम से ही विज्ञापन गुहा चित्रों से डुगडुगी होती हुई फिर कागज–कपड़ो, रेडियो दूरदर्शन, फिर मोबाइल स्क्रीन और vc3D के रूप में हमारे सामने खड़ा है। यह तकनीकी योगदान ही है जिस कारण विज्ञापन

आज हर रूप में हम तक पहुच रहा है और यह पहुच निरंतर बढ़ती ही जा रही है।

सन्दर्भ सूची :

1. मुखर्जी, प्रदीप कुमार; फरवरी, 2013. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संपादक– शर्मा प्रदीप, विज्ञान प्रगति, सी.एम.आई.आर. प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 21
2. जैन, प्रो. रमेश, शर्मा, डॉ. कैलाश; 2009. मीडिया एवं सूचना प्रोद्योगिकी कोश, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, पृ. 323
3. सिंह, योगेन्द्र प्रताप, डीटीपी और पेजमकर, संपादक, योगेन्द्र प्रताप सिंह; 1998. कम्प्यूटर संचार सूचना, इंडिया पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृ. 25, 27
4. यादव, नरेन्द्र सिंह; 2010. विज्ञापन तकनीक एवं सिद्धांत, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ. 273
5. मेरे द्वारा फोटोशॉप सॉटवेयर उपयोग करने के व्यक्तिगत अनुभव से
6. यादव, नरेन्द्र सिंह; 2010. विज्ञापन तकनीक एवं सिद्धांत, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ. 285
7. मेरे द्वारा कोरलड्रा सॉटवेयर उपयोग करने के व्यक्तिगत अनुभव से
8. मेरे द्वारा कम्प्यूटर से डिज़ाइन निर्माण करने के व्यक्तिगत अनुभव से

Ideal Institute for Performance Oriented Education in Classical Music : A Layout

Dr. Monika Soni*

Abstract

India has been known worldwide as Jagadguru for its wisdom, virtues and high standards of imparting knowledge. However, the situations have changed in the present times.

The objective of this paper is to present the layout of an ideal institute which can impart performance oriented education for classical music. Since music is a performing art, so it's essential that the educational institutes must provide lessons in such a manner that if the student wishes to become a performing artist in the future, he/she may get benefit from the institutional education itself. But the today's system of education does not support the performance-oriented style of teaching. The aspirants have to go to a Guru or Ustad for performance oriented education and it's not essential that he/she will find all the favorable circumstances over there. So this layout of mine is about an institute which can provide the students with eminent performing artists as Gurus in the campus of an institute and they can also get a degree or diploma of this training to suit the need of the hour.

Key Words: *Baithak - an informal get together of musicians; Gharanedar - the gurus associated with a gharana; Khas-ul-khas - the senior disciples; Seena-ba-seena - one to one system of teaching; Taleem - the class or giving lesson; Thaat - the parent octave of a raga; Ustad - the Guru or teacher*

Research Methodology: *I have been a part of all kinds of educational institutes e.g. college, university, a private tuition class and a gurukul. So I have taken into consideration my personal experiences and observations as a student of music. To authenticate my point, I conducted a survey on numerous students of music. I interviewed several performing artists and professors of the same field. A* ***comparative***, ***analytical*** *and* ***survey-based*** *method has been used to mention the merits and demerits of the existing system. I also took the help of the books, journals and articles on the topic.*

Preface: Every year thousands of students take admissions in the colleges, universities, private institutes and the gurukulas to learn classical music. It is a matter of fact that 50% of them just want to complete the degree while the other 50% is of those who really want to pursue music as a full time profession. They dream to have the best studies through these institutes and become performing artists of classical music.

Most of the education today is based on the mass education system i.e. schools, colleges and universities where music is being taught as any other subject by following the forty minutes or one hour or somewhere two hours span of lecture; the fixed syllabus of a few ragas; a certain schedule of exam and a complimentary degree in the end! That seems to be the happy ending like a movie which is usually too different from the real life story.

The Merits Guru-Shishya Parampara v/s Mass Education System:- From the ancient times till now, there have been two kinds of education system. One being the one to one system and the other is mass education system. In musical terms, the former is known as *seena-ba-seena taleem** and the later known as just *taleem**. The guru-shishya Parampara and the universities both claim to have contributed tremendously for music

*Assistant Professor, I.B. PG College, Panipat, Haryana.

education and it is agreed by all. But on the same time, it is also agreed by all that both these systems have their own merits, advantages or benefits and both have their own sort of drawbacks, disadvantages and faults. Here the researcher has given a comparative analysis of the merits and demerits of guru-shishya Parampara and the university-colleges.

The subtleties of swar, the minute aspect of Shruti can only be observed under the guru's guidance and that too, in the one to one taleem of guru-shishya parampara. In a class of 25-30 students of a college/university, it is impossible to listen carefully each student's swar.

The soul concept or structure of a raga, especially the comparative ragas, is best possible to understand when a single raga is taught for years together that's possible only in gurukulas. On the other hand, the students in colleges have to 'learn' 10-15 ragas in session. So they end up writing and cramming the alap-taan in the notebooks without having the clear observation of any raga.

The Guru-shishya tradition is free from the syllabus related issues and the Guru can select which raga is to be taught according to the level of the students. On the other hand, in the colleges-universities, the students who haven't learnt bhairav and yaman have sometimes a direct encounter with bhatiyar and shuddha kalyan.

The ragas which are sung in some specific shrutis like **darbari, Miyan Malhar** and **jaunpuri** about which my respected Guruji Pt. Mani Prasadji used to say '*beta ye to ustadon ki raga hain'*[1], such ragas are taught to the graduation students of the colleges. And not only this, in just a 'forty-minute' lecture. Tell me can they justify? This is why Bharat Ratna Bismillah Khan said, "*Darbari bade khatare mein hai, koi bachaiye*."[2]

Apart from the taleem, the tutelage under a guru also teaches the 'sangeet sanskar', the mehfil technique and the patience to keep moving on the slow and steady path of music where no shortcuts work. Colleges provide no such vision.

Pt. M Venkatesh Kumar is a performing artist himself, he learnt under the guru Shishya Parampara and he is a professor at a degree college in Dharwad. So I interviewed him and asked what is the basic difference did you find in that system and this. He gave a very honest answer- "*hum logo ko ek do saal tak to sirf gala taiyyar karvaya jata tha; sirf alankar, palte or svarabhyas. Koi raga ya bandish to gala taiyyar hone ke baad sikhaya jata tha. Par yaha to hum chaah kar bhi aisa nahi kar sakte. Direct raga pe aana padta hai. Gala taiyyar karvane baithe to poora semester nikal jayega or fir admin kahega ke apka syllabus poora nhi hua! Fir hamko ek raga mein 10-15 bandishein batayi jati thi, yaha humko ek ek hi poora karvane me mushkil hoti hai*"[3]

Contributions of the Present Education System v/s the Shortcomings of Guru-Shishya Parampara:- Even after analyzing the above para, we can't say that guru Shishya Parampara is perfect in all means and the universities are contributing nothing. Here are a few points manifesting the situation vice-versa.

The teachers say "*we atleast provide the basic knowledge of swar and the basic concepts of raga and tala. We make a totally non-musical student capable to seek the tutelage of a guru or Ustad. On the other side, renowned ustads don't accept the freshers or beginners as their disciples. Infact they choose the best ones. So what*

about the beginners and mediocre! They seek refuge in the colleges."[4]

Other thing is, gharanedar* ustads keep their emphasis on practical knowledge only, then what about the theoretical portion?

To keep the home fire burning, every artist looks for a permanent source of income but gurus don't provide them any degree or certificate. Hence, even the best shishyas are found ineligible for job in an academic institute. On the other hand, the academicians enjoy a fabulous package in ten lakhs!

There are evidences about the gharanedar gurus and their family member's intentionally harassing the shishyas. I would like to quote Shri Tulsiram Devangan's words- "उस समय के उस्तादों से सीखने वालों को उस्ताद के जागने से पूर्व उनका हुक्का भरना, पीने की व्यवस्था करना, घर बुहारना, गुरू पत्नी की भली–बुरी डांट सहना, इतने पर भी उठते–बैठते दुर्वचन सहने के लिये तैयार रहना व ज्ञान के नाम पर कुछ भी पाने के लिये वर्षों मुँह निहारते रहना। बाल कृष्णबुआ इचलकरंजीकर 700 मील पैदल चलकर इंदौर पहुँचे रामकृष्ण परांजपे के पास। वहाँ गुरूगृह में गुरू की कर्कशा पत्नी के अपमान सहते हुए 4 वर्ष ही रह पाए। अंत में आत्महत्या की धमकी देते हुए उन्हें निकाल दिया गया।"[5] Universities are atleast away from these hassles.

Even after accepting any aspirant as a Shishya, some gurus were not honest in imparting education among their shishyas. There used to be 3 categories of shishyas-

1. **General**:- they had to learn the cheez only by listening what the guru and senior disciples sing.
2. **Scholars**:- those who have spent 8-10 years under guru's guidance and have become familiar with the nuances of that gharana. They are sometimes given direct taleem by Guruji.
3. **Khas-ul-Khas*[6]:-** only the descendants, blood relatives and a very few close shishyas known as the पट्ट शिष्य. This category had the privilege to get daily classes or the seena ba seena taleem from Guru. The universities have no bias of this kind.

Once again, the opposition rises! The highest degree of a university is PhD. But there is no guarantee that a PhD holder will be able to sing straight octave of ten thaats* or not! Is such a degree, anyhow helpful for a student who has dreamed of becoming a performing artist?

Consequent Results in the form of an Innovative System:- Observing this confusion to the deepest, the researcher has come to a conclusion that there is a need for such an institute that must be a compilation of the merits and advantages of the guru-shishya Parampara and the mass education system. This ideal institute must fulfill all the requirements to prepare the best performing artists of the young generation along with the provision of a formal degree to present wherever needed.

The Layout of an Ideal Institute for Performance Oriented Education in Classical music:-

The musicians, who took part in the survey conducted by the researcher, undoubtedly believe that this ideal institute should follow the ancient Gurukul system. But it should also make a few amendments to keep pace with the modern trends and the need of the today's society. So it can be something which a mixture of the qualities of a university as well as a gurukul. So the following points must be taken into consideration for such an institute.

The Building and Infrastructure:-

The institute should be away from the hassles of city-life but it must be accessible easily and the frequent availability of the means of transport to and from the institute

to the main city should be there.

It must be residential as well as day boarding. Separate houses for Gurus and shishyas (boys/girls) should be there. Students' room should be single-seating, nearby their Guru's house and must be sound proof, so that one's riyaaz should not disturb the other.

An auditorium must be there to prepare the shishyas for stage performance and to organize *baithaks** every now and then.

A kitchen and mess hall, a faculty house for visiting faculty, quarters for the accompanists and non-teaching staff must be there.

Electricity, water supply and other basic necessities are must in every room and house.

Selection of Shishyas and Rules:-

There are hundreds of scopes for the 'already good' singers, but to provide good taleem to the deserving candidates must be the aim of this institute. So there must be two branches. 1. Scholars 2. Beginners.

Children of age group above 12 may apply for beginners, but for scholars, 15-30 should be the limit.

Both categories must send a CD and pass an audition of two rounds.

In first round, their choice raga must be listened. For second round, a class session should be conducted and they must be asked to follow the guru and show their grasping ability.

Separate sections, classes must be there for both. Scholars to be taught by the Gurus and Beginners to be taught by junior gurus who were guided by senior gurus till they become worthy to learn under the senior gurus.

An agreement to stay in the campus for minimum 5 and maximum 10 years must be signed by the Shishya.

An annual or biannual audition for gradation of improvement must be there.

No formal education should be a criteria but he/she must be able to read and write in his/her her mother language.

Shishyas must be provided free meals and free boarding lodging.

Only 5-8 shishyas must be there under each guru.

The day scholars must spend atleast 10 hours in the premises so that the rules of riyaaz and class can be applied on them also.

The Appointment of Gurus, Accompanists, Administrator and other Staff:-

Guru:-

There must be two ranks- Senior and Junior Gurus, for scholars and beginners respectively.

Since the institute is to prepare performing artists, so it's mandatory that the Gurus must be performing artists themselves. But for the regularity of classes, it should be noticed that they are not too busy in their own concert schedules only.

Eminent male and female artists of various gharanas should ornate the post of Senior Gurus, while, junior Gurus can be young artists or the senior disciples of the senior Gurus.

Accompanists:-

Every Guru should be provided with a tabla and harmonium/sarangi accompanist who will also help the shishyas while practice and Manch Pradarshan.

Administrator:-

A musician or music lover of good qualification and management skills who can understand the requirements of the

Shishyas and Gurus and can take steps for the development of the institute.

He should actively take part in arranging concerts in the campus and development programs for the shishyas.

He must take the responsibility of financial, administrative and legal matters of the institute.

Office Staff, Kitchen and House-Keeping Staff and Security Guards must be there for miscellaneous works.

Syllabus, Class-Schedules and Pattern of Teaching:-

Ideal class timings are two hours in the morning and one hour in the evening. But the Gurus must be at liberty to adjust the timings accordingly. Classes must be taken on a regular basis.

Syllabus must be left fully to the right of gurus. They can choose any raga according to the level of students, their own choice and according to their gharana preferences.

It should be left to the gurus that they will take the classes in groups or one to one system. It's up to Gurus and shishyas to decide it according to their need and plan.

Either the administrator or the Guru must look after the regularity of shishya's riyaaz. They should make sure that apart from the classes, shishyas must spend 5-7 hours in riyaaz.

Stage Performance and Practice classes:-

To overcome the stage fever and develop a performing artist's confidence, there must be a period of stage performance by shishyas. It may be daily/weekly or on alternative days.

Accompaniment and audience must be there. Gurus should also attend this session to assess the progress.

There must be 1-2 hours practice sessions for the students. This session should be accompanied by the tabla and harmonium accompanists.

Listening Session:-

To observe the raga-treatment style of various gharanas, listening sessions must be scheduled. A guru should be there and after listening a rendering, there must be discussion about the specifications of that cheez/raga.

Theory and Tala Classes:-

The institute must care for the all round development of shishyas. Hence, theoretical part must not be overlooked. Special classes of tala and layakari portion must be a part of the curriculum.

The Provision of a Degree or equivalent diploma[7]:-

Though music is a performing art and the degree itself glitters when the singer sings good. But even then, in the competitive world of today, it's hard to find a source of income without a formal degree. So there must be a provision that all the passed out students will be awarded with a degree or a certificate equivalent to degree. The Shishya who spends 5 consecutive years in the institute be given a certificate equivalent to Masters degree and those who spend 10 years should be given some degree equivalent to PhD. The institute should get recognition from UGC. Special treatment should be given to the Shishyas of such institute so that others may get inspired to learn music.

Visiting Faculty Lectures & Visiting Artists' Programs:-

Once in a month, the special lecture of any eminent artist must be organized for the shishyas. Any artist visiting this place for his

concert engagement should be requested to come and give a recital or motivational lecture for the institute students. The shishyas must be taken to attend the programs nearby.

Arranging Scopes and Opportunities for the shishyas:-

Before the completion of 10 years, the administrator should tie up and collaborate with the concert organizing committees to give opportunities for the students of the institute. Student exchange programs can be organized by collaborating with the other prestigious institutes.

Conclusion:- All the above mentioned points are just a layout for the smooth and successful working of the institute. Apart from this, suggestions and advices must be taken from the eminent musicians and musicologists for the further development of the institute. A committee should be there to present a report about the yearly progress as well as the tentative program of the institute.

Since India is a land of mystical arts and rich cultural heritage, so it's the duty of every individual to protect and conserve this heritage. Classical music is one such thing that if steps for its development are taken in the near future, it may lose its originality. However, it is eternal; it has always been and will forever be, but our contribution for its development, progress and prosperity is necessary to hand over it in the safe hands of the coming generations. Young generation is full of infinite energy and this energy just needs to be directed in a specific direction to bring miracles. I hope this layout be not only a factory of young performing of artists but also a mine of the original and authentic structure of classical music.

References :

1. Pt. Mani Prasadji, Eminent vocalist of Kirana gharana and former Guru at Dr. Gangubai Hangal Gurukul, Karnataka.
2. Said by Smt. Sangeeta Katti Kulkarni, young vocalist of Jaipur Gharana during her address after receiving the Mallikarajun Mansoor Award at Dharwad, Karnataka.
3. Pt. M Venkatesh Kumar, eminent vocalist, interviewed by the author on 19-11-2014 at Dharwad, Karnataka.
4. A professor of music (name not disclosed) interviewed by the author.
5. पलनीटकर, अलकनंदा, शास्त्रीय संगीत शिक्षाः समस्याएं एवं समाधान (मूल लेख श्री तुलसीराम देवांगन), पृ.1–2,
6. चौबे, अमरेश चन्द्र, संगीत की संस्थागत शिक्षण प्रणाली, पृ. 8–9
7. Padmabhushan Dr. N Rajam, eminent violinist expressed her views several times on the topic while her stay at Dr. Gangubai Hangal Gurukul in Karnataka.

The Ancient Art Form of Puppetry and its different types in India

Dhananjay Kumar*

Abstract

Puppetry is one of India's oldest art forms. Today, it seems a quite neglected art. India is the origination place of puppetry. Puppetry is mentioned in ancient Indian literature. In the Bhagavata Purana, God is likened to a puppeteer who, with three strings– Sattva, Rajas, and Tamas–manipulates all human beings. Natyasastra, Cilapadikaram, the Ramayana, and the Mahabharata are all strong evidence of puppetry art in India. There are four types of puppetry in India. These are rod puppets, glove puppets (sleeve, hand, or palm puppets), shadow puppets, and string puppets. Odisha and Kerala are the two states in India where all four types of puppeteers are present today. The goal of this paper for theatre artists is for them to read, learn, and apply it in society to change their mindset about artistic vision. This art form has a positive impact on creative abilities, and using puppetry in the classroom has improved emotional intelligence and social thinking. It can be concluded that better utilization of puppetry art in society, education, and entertainment would be beneficial. It is also used in therapeutic art.

Keywords: *Puppetry Art India; Traditional; Ancient Art Form; Bhagavata Gita; Natyasastra;*

Methodology - *The descriptive evaluative method has been used in this paper. This paper based on study is supported by secondary source of data e.g- books, journals and web sources.*

Introduction

A Puppet is an inanimate object or representational figure animated or manipulated by an entertainer, who is called a Puppeteer. The word puppet has derived from the Latin word pupa which means girl, doll or other agency that controls your own hands or fingers. This is the most ancient form of theatre in India. Today it seems a quite neglected art. India is the origination place of puppetry art. There are many epics and literary evidence to prove that puppetry reached great heights in India more than thousands of years ago. Many scholars believe that puppetry originated in India and migrate to other Asian countries along with epics them. Richard Pischel in The Home of the puppet theatre (1902) says < it is not importable that the puppetry theatre is in reality everywhere the most ancient dramatic representation. Without any doubt this is the case in India.) Ancient Hindu philosophers the greatest tribute to puppeteers. Shrimad Bhagavad Gita in the story of the god lord Krishna says that within 3 strings like Sattva (essence), Rajas (action), and Tamas (vice) the God manipulates each object in the world. Tamil Classical Literature Cilappadikaram, written by Ilango Adikal, also mentions this art. There is a clear reference in the Natyasastra by Bharata Muni to mechanically operated animals (sajeeva), which adds to the historic records that inanimate figures were operated by ancient puppeteers. In the Ramayana and Mahabharata, there is also a mention of puppets. Kamsutra and Arthashastra are full of terms denoting puppets, and there are metaphorical references to puppets.

It is also said that King Vikramaditya in the 7th (seventh) century AD proposed 32 puppets and had early patrons of the art.

*Assistant Professor, Department of Education, Mahila College, Chaibasa, Jharkhand

'God as Puppeteer, Man as Puppet

The Sanskrit language also takes a deeper view in calling puppets Puttalika or Puttika, both of which mean little son. This meaning has sunk so deeply into the minds of traditional puppeteers. Similarly, in the Indian theatre, the narrator was called Sutradhar, or the 'holder of strings'.

Almost all types of puppets are found in India. Puppetry has, throughout the ages, held an

mouth, yearning for precious air, became an unwilling receptacle for the very essence that engulfed him. The symphony of his muted screams faded into insignificance against the deafening roar of the river itself, drowning his pleas in its formidable presence. Yet, in the face of imminent darkness, Vilie's indomitable spirit refused to yield entirely to the consuming depths. Summoning a surge of unwavering determination, Vilie's limbs thrashed with ever-increasing desperation against the relentless currents, defying fate with a relentless defiance. In a primal instinctual cry, emanating from the core of his being, Vilie's guttural utterance resonated with the essence of his existence. And as if guided by a fortuitous hand, his outstretched palm collided with the solid edge of the riverbed, jolting him awake from the depths of the dream realm. In that crystalline moment of realization, the ephemeral nature of his nocturnal reverie was unveiled. Within the fabric of Easterine Kire's exquisite prose, Vilie's surreal encounter with the slumbering river transcends the boundaries of the dream realm, leaving an indelible imprint upon his consciousness. It is within these ethereal landscapes, where the line between reality and imagination blurs, that profound truths and enigmatic mysteries lie in wait, beckoning the intrepid seeker to unravel their secrets. In this mesmerizing narrative, Kire intertwines elements of dreamscape and reality, allowing Vilie's journey to serve as a metaphorical exploration of self-discovery and enlightenment. Through the transformative power of the river, Vilie's experience becomes a poignant allegory for the human quest for understanding and the revelation of deeper truths. The dream sequence encapsulates the inherent complexities of the human experience, reminding us that reality and perception often intertwine, illuminating profound insights and revelations. It invites readers to reflect on the enigmatic nature of dreams, their capacity to shape our perceptions, and the potential for self-realization that lies within these ethereal realms. By skillfully blending the realms of dreams and reality, Easterine Kire captivates readers, inviting them to embark on their own introspective journeys. Through Vilie's encounter with the sleeping river, readers are prompted to contemplate the transformative power of personal experiences, the interplay between conscious and subconscious realms, and the profound revelations that can emerge from the depths of our own being (Kire 13). Vilie's perception unveils the slumbering river's profound stillness, transforming the stones in its depths into potent charms. The audacious act of extracting a stone from this ethereal realm grants immeasurable blessings—cattle, companionship, warlike prowess, or hunting success. Thus, the river becomes a wellspring of untold power for Vilie. Spending a significant portion of his life amidst the forest, Vilie assumes the revered role of guardian, bestowed upon him by his clan—the protector of the gwi. Even the Forest Department recognizes his innate connection to the wilderness, appointing him as the official custodian of the elusive tragopan. In return, Vilie receives modest provisions and a stipend. Bound by a solemn vow of celibacy, Vilie once succumbed to love's embrace when he encountered Mechuseno, a tender-hearted maiden. Their affection blossomed amidst flower-plucking and tree-climbing, until nature's inscrutable elements tore them apart. Tragically, Mechuseno's fatal encounter with a mysterious figure while gathering herbs led to her untimely demise. Her family, inconsolable, laid her to rest outside the village, weeping over her humble grave while endeavoring to find solace in their toil (Kire 16). Vilie considers the forest his devoted spouse, feeling the weight of unfaithfulness at the thought of leaving its embrace. He muses on the solitude that often characterizes relationships, comparing it to marriage. In a

Nepali settlement, woodcutters exploit the forest's resources, while poachers and hunters pose a threat to wildlife. Vilie entrusts Krishna with safeguarding the tragopans and reporting any signs of harm to the Forest Department as he embarks on his quest for the slumbering river. (Kire 19) The perils of human-wildlife conflict come vividly to life in When the River Sleeps. During their slumber, Vilie, Krishna, and his family are jolted awake by a chilling, drawn-out yowl piercing through the night. The ominous voice draws closer to their shelter, prompting Krishna to exclaim "Jackals!" in an attempt to scare them away. With gun in hand, Vilie takes aim at the pack's leader, a formidable creature undeterred by Krishna's presence. Unexpectedly charging, Vilie swiftly fires, delivering a fatal shot that sends the leader crashing to the ground. The pack disperses in frenzy, their yelps echoing as Krishna hurls stones in pursuit (Kire 27). In *When the River Sleeps*, the neglect of employee safety is highlighted through Krishna, a woodcutter lacking basic protection. Vilie's offer to secure a weapon for Krishna is declined due to their forest-dwelling tradition. The Angami Naga tribe's respect for wildlife is evident as Vilie avoids using guns to kill tigers, instead relying on their sacred connection with the animals. Vilie's encounter with a weretiger showcases his invocation of fellow tiger-spirit individuals, ultimately leading to the creature's retreat (Kire 28, 34). Vilie's encounter with the angry spirit symbolizes nature's enigmatic power over humans. In his dream and reality, he faces the relentless pursuit and torment of the spirit. Despite efforts to resist, Vilie remains paralyzed and powerless, silenced by the weight on his chest and the inability to escape (Kire 85). The sleeping river held a deeper significance for Vilie beyond being a source of a heart stone. It represented the opportunity to attain spiritual knowledge. Vilie's desire to find the river stemmed from his longing to capture its essence while it slumbered, to obtain a river-heart-stone, and to gain the profound wisdom that the sleeping river could impart. This quest held personal importance for Vilie, as well as a sense of responsibility towards Kani, driving him to seek the river with even greater determination (Kire 97).

Result and Conclusion

The research findings underscore the multifaceted nature of the sleeping river metaphor in *When the River Sleeps*. It signifies the quest for spiritual enlightenment, exposes human vulnerability, and underscores the crucial role of storytelling and oral traditions in preserving cultural and ecological wisdom. The metaphor serves as a poignant reminder of the intricate connection between humanity and the natural world, urging us to prioritize conservation and deepen our understanding of our environment. The novel *When the River Sleeps* by Easterine Kire offers profound insights into the human condition and its relationship with nature. The metaphor of the sleeping river serves as a powerful symbol for self-exploration, spiritual enlightenment, and the ever-changing nature of life. The novel calls for a deeper appreciation of the natural world and the urgent need to protect it for future generations. Through the portrayal of the river's significance in nurturing both physical and spiritual aspects of human life, Easterine Kire encourages readers to reflect on the interconnectedness of all living beings and the importance of living in harmony with nature. The novel's timeless message underscores the value of ecological knowledge and cultural heritage, reminding us of the beauty and vulnerability of the natural world. In the grand tapestry of *When the River Sleeps*, the metaphor of the slumbering river emerges as a captivating prism through which the novel delves into the intricate depths of human existence. Like a

shimmering gem, the metaphor reveals not only the serene allure of nature's embrace, but also unveils the delicate vulnerability of rivers and the urgent call for their conservation. This paper, like a diligent explorer, has traversed the myriad dimensions of life, society, culture, tradition, and civilization, drawing inspiration from the gentle lull of the sleeping river and the timeless wisdom it imparts. The ardent journey undertaken by the protagonist, Vilie, mirrors the meandering flow of the river itself, echoing the quest for self-discovery, purpose, and enlightenment that courses through the currents of existence. The enigmatic beauty of the river, intertwined with Vilie's dreams and encounters, serves as a testament to the intrinsic connection between humanity and the natural world. Through the veil of the river's metaphor, Easterine Kire imparts a profound realization of the imperative role of storytelling and oral traditions, guardians of ecological knowledge and custodians of cultural heritage. The river, in its eternal ebb and flow, not only symbolizes the passage of life but also challenges our perception of progress and development. It offers a gentle reminder of the intricate interplay between humankind and the natural realm, urging us to reevaluate our relationship with the environment. With each ripple and bend, the river beckons us to ponder the true essence of progress, guiding us towards a deeper understanding of our place in the tapestry of nature. In the cadence of the river's song, we find solace and inspiration, as Vilie discovered in his quest for meaning and knowledge. The river's whisperings resonate through time, nurturing the livelihoods, culture, and traditions of our shared human civilization. Its ethereal presence serves as a gentle reminder of the profound interconnectedness between nature and our collective journey. In the symphony of conclusion, we stand in awe of the river's metaphorical prowess, awash with gratitude for the wisdom it imparts. We cherish the invaluable role of rivers as fountains of inspiration, conduits of creativity, and catalysts for spiritual awakening. The river's ceaseless embrace of life's currents illuminates our responsibility to protect and honor the sanctity of our natural world. As we bid farewell to the mesmerizing pages of *When the River Sleeps*, we carry with us the indelible image of the slumbering river, etched deep within our hearts. May its enduring presence remind us to tread lightly upon the Earth, for in the gentle embrace of rivers, we discover the true essence of our shared humanity and the sanctity of all life.

Works Cited :

A.P, Dhanya, and Sudakshina Bhattacharya. "The Praxis of the Wedded Mystic: a Divergent Reading of Easterine Kire's novel When the River Sleeps." *Rupkatha Journal on Interdisciplinary Studies in Humanities*, vol. 11, no. 3, 2019.

D'Souza, Alphonsus. *Traditional Systems of Forest Conservation in North East India: The Angami Tribe of Nagaland*. 2001.

Garrard, Greg. *Ecocriticism*. Routledge, 2011.

"Indigeneity, Forestry, and the State in C. K. Janu, Mahasweta Devi, and Easterine Kire." *India's Forests, Real and Imagined*, 2022.

Karmakar, Goutam. "Revisiting the Ideological Stance of Naga People: An Interview with Easterine Kire." *South Asian Review*, vol. 43, no. 3-4, 2021, pp. 366-372.

KIRE, EASTERINE. *Walking the Roadless Road: Exploring the Tribes of Nagaland*. 2019.

Kire, Easterine. *When the River Sleeps*. Zubaan, 2014.

Kóczy, Judit B. *Nature, Metaphor, Culture: Cultural Conceptualizations in Hungarian Folksongs*. Springer, 2017.

McMillin, T. S. *The Meaning of Rivers: Flow and Reflection in American Literature*. U of Iowa P, 2011.

Oppitz, Michael. *Naga Identities: Changing Local Cultures in the Northeast of India*. Hudson Hills, 2008.

Roy, Subhra. "Retracing Deep Ecology in the reorientation of Naga identity with special reference to the select works of Easterine Kire Iralu." *Rupkatha Journal on Interdisciplinary Studies in Humanities*, vol. 12, no. 5, 2020.

भारतीय वृन्द–वादन / कुतप का ऐतिहासिक विकास क्रम

डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य *

सारांश

भारतीय संगीत में वृन्दवादन की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। यह एक प्राचीन शब्द है। वृन्द–वादन का तात्पर्य है, सामूहिक वादन। इसका ऐतिहासिक अवलोकन करें तो ज्ञात होता है कि आज के वृन्द–वादन के समकक्ष भरत के 'नाट्यशास्त्र' में 'कुतप' शब्द का प्रयोग हुआ है। आज संगीत में इस शब्द का प्रयोग नहीं है इसके अन्य शब्द है वृंदगान, वृन्दवादन, सामूहिक गायन या वादन। समूह में गाने या बजाने को 'कुतप' कहते हैं। अंग्रजी में इसे Chorus (वृंदगान), Orchestra (वृन्द–वादन) कहते हैं। 'कुतप' का प्रयोग मंदिरों में अथवा नाटकों में होता था। 'कुतप' एक महत्वपूर्ण शब्द है।

कुंजी शब्द : *वृन्दवादन, वाद्य वृन्द, ऑर्केस्ट्रा।*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र में द्वितीयक माध्यमों से सामग्री संकलित की गई है ।*

"कुतप की व्युत्पत्ति अभिनव गुप्त ने इस प्रकार की है। कु रंग तपति उज्ज्वलयति इति (ना. शा. 4, 28, 2) कु का अर्थ है रंग (रंगमंच, अभिनय, नाटक) कु (रंग) को जो चमका देता है वह 'कुतप' है।"[1]

कुतप एक विशिष्ट शब्द है। प्रायः लोगों की यह धारणा है कि भारतीय संगीत में ऑर्केस्ट्रा या वाद्य वृंद नहीं रहा है। 'कुतप' शब्द इस धारणा का निराकरण कर देता है। भारत में आर्केस्ट्रा शब्द का रूपान्तर वृन्दवादन अथवा वाद्य–वृन्द के रूप में किया गया है। वृंदगान या वादन की परम्परा भरत मुनि के काल से व्याप्त है। उसका विस्तृत वर्णन कुतप के अन्तर्गत नाट्यशास्त्र में उपलब्ध है।

भरत मुनि ने कुतप की व्याख्या अपने नाट्यशास्त्र में नाट्य के अन्तर्गत नाट्य से पूर्व में की है। नाट्य प्रारंभ होने से पहले प्रेक्षक और रसिक समाज की नाट्य के प्रस्तुति के रूप में पूर्व रंग की विधि बताया है। नाट्यशास्त्र के अध्याय 33 के अनुसार कुतप ऑर्केस्ट्रा को संदर्भित करता है। पूर्व रंग में कुतप का महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें नाट्य से पूर्व मंगल ध्वनि किसी अवनद्ध वाद्य से बजता है। उसके बाद तत् या सुषिर वाद्य से फिर गायन तथा अन्त में नृत्त का प्रयोग होता है। उसके बाद नाटक की भूमिका प्रस्तुत कर रंगभूमि का पूजन होता है। उसके बाद पात्रों का परिचय और फिर नाटक आरम्भ होता है। संभवतः वृन्द–वादन का स्वतन्त्र प्रयोग न होकर नाटकों तक सीमित रह गया। कुतप वादन के लिये कुछ निश्चित नियम होते थे। "संगीत रत्नाकर में वृन्द का लक्षण गायक–वादक संघात (समूह) कहा गया है। वृन्द के तीन भेद कहे हैं– उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ। इनमें गायक–वादकों की संख्या क्रमशः घटती जाती है।[2]

उत्तम वृन्द में चार मुख्य गायक, आठ समगायक, (साथ गायन करने वाले), बारह गायनी (गायिका); चार वांशिक (बाँसुरी वादक) और चार मृदंग वादक कहे गये हैं। यहाँ पुरुषकंठ और स्त्रीकंठ का स्वतंत्र सन्निवेश और प्रयोग के स्वरांश के साथ वंशी का प्रयोग किया जाता रहा है।

मध्यम वृन्द में उत्तम की अपेक्षा प्रयोक्ताओं की संख्या आधी मानी गई अर्थात् दो मुख्य गायक, चार समगायक, छः गायिका, दो वांशिक और मार्दङ्गिक हैं।

कनिष्ठ वृन्द में एक मुख्य गायक, तीन समगायक, चार गायिका, दो वांशिका और दो मार्दलिक (मर्दल वादक) कहे गये हैं। ये गायको के वृन्द हैं। इसी प्रकार, गायिकाओं के वृन्द भी कहे गये हैं। उनके उत्तम वृन्द में दो मुख्य गायिका, दस समगायिका, दो वांशिक और दो मार्दलिक कहे गये हैं। मध्यम वृन्द में एक मुख्य गायिका, चार समगायिका, एक वांशिक और एक मार्दङ्गिक है। सम गायिकाओं की संख्या और भी कम होती है, वह कनिष्ठ वृन्द होगा।

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत गायन, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

"उत्तम वृन्द में जो संख्या कही गई है, उससे भी प्रयोक्ताओं की संख्या यदि अधिक हो तो उस वृन्द को 'कोलाहल' नाम दिया गया है।"[3]

वृन्द के छह गुण इस प्रकार कहे गये हैं–

"मुख्यानुवृत्तिर्मिलनंताललीनानुवर्तनम्।
मिथस्त्रटितनिर्वाहस्त्रिस्थानव्याप्तिशक्तिता।।210।।
शब्दसादृश्यमित्येते प्रोक्ता वृन्दस्य षड्गुणाः।"
('संगीत रत्नाकर', तृतीयः प्रकीर्णकाध्यायः)

अर्थात् मुख्य (गायक या गायिका) की अनुवृत्ति यानी अनुसरण, मिलन अर्थात् स्वर, पद, ताल में सब कुछ एक साथ या एक–सा प्रयोग करना, ताल, लय का अनुसरण, त्रुटियों को निभा लेना, तीनों स्थानों में व्याप्ति की कंठ की शक्ति और सबके कंठ स्वर का सदृश होना, ये छह गुण वृन्द के हैं।[4] स्पष्ट होता है कि गायक एवं वादक के समूह को 'वृन्द' कहा गया है।

आचार्य भरत मुनि के 'नाट्यशास्त्र' में वृन्दवादन का स्वतंत्र प्रयोग न होकर उसे नाटकों तक ही सीमित रख गया था। कुतप वादन का प्रारंभ संस्कार सहित होता था। प्रत्येक वाद्य के वादक किस क्रम से बैठेंगे, किस वाद्य के वादन से प्रारंभ होगा आदि निश्चित होता था। इसमें गायक भी होते थे किन्तु वादक का स्थान महत्वपूर्ण होता था। भरत मुनि ने नाट्य से संबंधित तीन समूह कहे हैं जिनकी 'कुतप' संज्ञा है। महर्षि भरत द्वारा नाट्य को प्रभावशाली बनाने के लिये कुतप के यथास्थान प्रयोग को विशेष महत्व प्रदान किया जाता था। महर्षि भरत ने वृन्द विशेष को कुतप संज्ञा दी है। कुतप शब्द के दो रूप हैं। 1. कु + तप अर्थात् रंगभूमि को दीप्त करने वाला। 2. कुत + पान शब्द रक्षण करने वाला वृन्द कुतप कहलाता है।

'कुतप' तत्, अवनद्ध तथा नाट्य इन तीन विभागों में वर्गीकृत था–

प्रयोगस्त्रविधो ह्येवां विज्ञेय नाट्याश्रमः।
ततश्चैववनदद्वश्च तथा नाट्यकृतोऽपरः।।

तत प्रयोग का अर्थ है नाटक की कथा से असम्बद्ध ततवाद्यों का मानव कंठ के साथ स्वतंत्र प्रयोग । इसी प्रकार अवनद्ध प्रयोग है। तत् और अवनद्ध वाद्यों का अभिनय पोषक और नाटक के पात्र के अनुकूल प्रयोग नाट्य कृत प्रधान कहा जाता है।[5]

1. **तत कुतप**– तते कुतप विन्यासो गायनः सपरिग्रहः।
वेवस्थिको वैणिकश्चं वंशवाद स्तथैव च।।[6]

'तत कुतप' विन्यास में गायक अपने सहयोगियों सहित वैपजिचंक, वैणिक तथा वांशिक होते है। 18 प्रकार की वीणाओं के साथ शंख, पाणिक, पाव, काहल, मुहरी तथा श्रृंगी वाद्यों के साथ वादक अपनी पत्नी सहित सहायक गायकों से युक्त प्रधान गायक तथा तालधारियों से युक्त बताया है। गायक–वृन्द प्रधान गायक को सहायता देता है, उसी प्रकार मत्तकोकिला वादक तथा वांशिक वैणिक को सहायता देता है।

2. **अवनद्ध कुतप** –

"मार्दगिंक पाणविक स्थता दार्दरिकोऽपरः।
अवनद्धविधावेष कुतपः समुदाहतः।।[7]

मृदंग वादक, पणव वादक तथा दर्दर वादक के साथ अवनद्ध कुतप होता है। पणव हुडुक्क के आधार का तंत्रीयुक्त वाद्य होता है तथा महाघट के आकार का दर्दर वाद्य होता है। झांझ, मंजीरा इत्यादि वाद्यों को भी अवनद्ध कुतप के अन्तर्गत समाहित किया गया है। प्रस्तुति में मृदंग वादक श्रेष्ठ तथा अन्य उसकी सहायता के लिये होते हैं। पणव, दर्दर, भण्डि हक्का, पटह, डक्कुली, ढक्का, करटा, घडस, ढवस, डमरू, हुडुक्का, कुडुवा, निवाण, त्रिवली, भेरी, तुम्बकी, बोम्बडी पट्ट, कॉस्य, घण्टा आदि वाद्य होते थे।

3. **नाट्य कुतप** – नाट्य कुतप विभिन्न देशीय अभिनय तथा नृत्य कला से सिद्धहस्त पण्डितों से युक्त है–

"उत्तमाधममध्याभिस्तथा प्रकृतिभियुतः।
कुतपो नाट्ययोगे तु नानादेशसमुदभवः।।"[8]

उत्तम, मध्यम और अधम कोटि के पात्रों से युक्त विभिन्न देशों में उत्पन्न कुतप नाट्य में प्रयुक्त होता है। विभिन्न देशों में प्रचलित सम्प्रदाय के स्तर भेद से नाट्य कुतप के उत्तम, मध्यम व अधम तीन भेद हुए जो अपनी–अपनी कोटि के सम्प्रदाय से दीक्षित हुए। नाट्य कुतप में गायक व वादक वृन्द के साथ विशिष्ट नट–नटियों को यथास्थान बैठाया जाता था। इन तीनों का सम्मिलित वृन्द "आलात–चक्र" अर्थात् चन्द्राकार रूप से सन्निविष्ट किया था।

भरत काल में वाद्य वृन्द का स्थान रंगभूमि पर नेपथ्य के दो द्वारों के बीच निर्धारित कर इनके प्रेक्षकों के

सम्मुख था। भरत मुनि की कुतप रचना से यह भी स्पष्ट होता है कि तत वादकों में विपंची वादक तथा चित्रा वीणा वादक दोनों का स्वतंत्र स्थान था। इससे यह भी विदित होता है कि उस समय वाद्य–वादन की कला पर्याप्त उन्नत अवस्था में थी।

कुतप का आयोजन इस प्रकार होता था– दो रंगद्वार होते थे एवं इनके दो भाग होते थे– पहला रंगशीर्ष तथा दूसरा रंगपीठ। दोनों रंगद्वारों के बीच कुतप बैठते थे। संभवतः इसकी छवि इस प्रकार थी–

<table>
<tr><td rowspan="4">रंगद्वार</td><td></td><td rowspan="4">रंगद्वार</td></tr>
<tr><td>कुतप</td></tr>
<tr><td>रंगशीर्ष</td></tr>
<tr><td>रंगपीठ</td></tr>
</table>

भरत ने कुतप के दो प्रयोजन बतायें हैं–

1. गान्धर्व– प्राचीन समय में नाट्य आरम्भ होने के पूर्व रंगभूमि–पूजन होता था तथा इसके बाद दर्शकों को संगीत सुनाये जाते थे जिसे 'पूर्वरंग' कहते हैं। पूर्वरंग की अहम् भूमिका है कुतप के प्रयोजन को सिद्ध करने के लिये।

2. गान– ध्रुवा गान के द्वारा नाटक के बीच में गान होता था।

कुतप के प्रारंभ में सबसे पहले मंगलध्वनि अवनद्ध वाद्यों से की जाती थी, फिर अन्य वाद्यों का वादन होता । ततपश्चात् नृत्य आरंभ होता था और अन्त में मुख्य पात्रों का परिचय करवाने के बाद नाटक प्रारंभ होता था।

बाणभट्ट ने 'हर्षचरित' में शंख, वीणा, ढोल आदि के सम्मिलित वादन की चर्चा की है।[9] आइना–ए–अकबरी में अबुल फ़ज़ल ने कुतप को 'नौबत' की संज्ञा दी है जिसमें दमामा, नक्कारा, ढोल, कर्ना, सूर्ना, नफीरी, सींग तथा झांझ इन वाद्य–यन्त्रों का वादन करने की प्रथा थी।[10] 'मुरसली और वरदास्त दो धुनें वृन्द द्वारा प्रस्तुत होती थीं। इस्रनाती, सिराजी, कलन्दरी, निगार कतर या नुखुद कतर इन धुनों के वादन लम्बी अवधि के होते थे।"[11]

पाणिनी–काल के वाद्यों की 'तूर्य' समूह की संज्ञा थी तथा इसमें भाग लेने वालों को 'तूर्यांग' कहा जाता था।

ऑर्केस्ट्रा शब्द का प्रयोग सत्रहवीं शताब्दी में प्रारंभ हुआ था और अठारहवीं शताब्दी में यह सन्तुलित समूह वाद्य–वृन्द के रूप में मान्य हो चुका था। भारतीय संगीत राग–प्रधान है। "सन् 1952 में जब ऑल इंडिया रेडियो ने वाद्य–वृन्द की स्थापना की। इस दिशा में पहली बार यह प्रयत्न प्रारंभ हुआ। इस वाद्य–वृन्द में 28 संगीतज्ञ थे।"[12]

निष्कर्ष :

स्पष्ट है कि भारत में वृन्द–वादन की परम्परा प्राचीन है। वर्तमान में वृन्द–वादन के पर्याय के रूप में 'आर्केस्ट्रा' शब्द का प्रयोग होने लगा है। वृन्द–वादन के प्रयोग से गीत में रंजकता आ जाती है। कुतप ऐसे प्रयोग का सूचक था जो नाट्य परम्परा को महत्वपूर्ण बनाता था। वर्तमान में भी वृन्द–वादन या आर्केस्ट्रा का विशिष्ट स्थान है।

सन्दर्भ सूची :

1. सिंह, ठाकुर जयदेव, भारतीय संगीत का इतिहास, संगीत रिसर्च एकेडेमी कलकत्ता, विश्वविद्यालय प्रकाशन चौक, वाराणसी, पृ.–304
2. ठाकुर, पं. ओंकारनाथ, संगीतांजलि भाग–3, पं. ओंकारनाथ ठाकुर एस्टेट मुम्बई, 1979, पृ.–42
3. तत्रैव, पृ.–43
4. तत्रैव
5. शुक्ला, डॉ. मधुरानी, कुतप वृंद तथा आर्केस्ट्रा भारतीय संगीत के परिप्रेक्ष्य में (आलेख), पृ.–18, ।
6. तत्रैव
7. तत्रैव
8. तत्रैव
9. तत्रैव, पृ.–19
10. तत्रैव
11. तत्रैव
12. गर्ग, श्री लक्ष्मी नारायण, भारतीय संगीत और वृंद वादन, संगीत कार्यालय, हाथरस, 1978, पृ.–177

स्वतंत्रता पूर्व काल में संगीत की स्थिति

डॉ0 आकांक्षी*

सारांश

जब से भारत पर मुगल शासन प्रारम्भ हुआ, हिन्दू संगीतज्ञों की संख्या दरबारों में कम हो गयी थी। यद्यपि अकबर को मुग़ल बादशाहों में सबसे अधिक संगीत प्रेमी और विद्वान माना जाता है, फिर भी उसके दरबार के 36 संगीतज्ञों में से मात्र तीन ही हिन्दू संगीतज्ञ थे। शेष सभी मुसलमान थे। संगीत शास्त्र के आधार ग्रन्थ नाट्यशास्त्र, बृहद्देशी, संगीत रत्नाकर सभी संस्कृत भाषा में लिखे गये हैं। चूंकि मुसलमानों को न संस्कृत पढ़ने की आवश्यकता एवं इच्छा थी और न हि हिन्दू पण्डित उन्हें म्लेच्छ समझकर किसी भी शर्त पर पढ़ाने को तैयार थे। परिणामस्वरूप भातखण्डे काल तक आते–आते संगीत के लक्ष्य और लक्षण में भारी अन्तर दृष्टिगोचर होने लगा था।

मुख्य शब्द : *राग–लक्षण, रागिणी, वीणा, अवनद्ध, ध्रुपद, शिक्षा।*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र को तैयार करने के लिए द्वितीयक माध्यमों से सहायता ली गई है ।*

स्वतंत्रता पूर्व काल के संगीत की स्थिति

संगीत की सामान्य रूप से विशिष्ट रूप की ओर आने की यात्रा बहुत लम्बी और रोचक है। हमारे देश की विशेषता रही है कि विशिष्ट की ओर आते–आते हमने जड़ों को नहीं छोड़ा। फलस्वरूप अतीत वर्तमान में मिल गया और वर्तमान भविष्य में। यह सांगीतिक निरन्तरता हमारे भारतीय संगीत की पहचान है।

प्राचीन संगीत परम्परा के अन्तिम ग्रन्थकार शारंगदेव माने जाते हैं। प्राचीन संगीत से तात्पर्य है– ग्राम, मूर्च्छनादि प्रणाली से सम्बन्धित संगीत। ''संगीत रत्नाकर'' एक ऐसा विद्वत्तापूर्ण विशाल ग्रन्थ है जो प्राचीन संगीत प्रणाली के आधार ग्रन्थ के रूप में सभी दक्षिणी एवं उत्तरी संगीत पद्धति के विद्वानों द्वारा मान्य हैं। इस ग्रन्थ की रचना के बाद का काल मध्ययुग कहलाता है। मध्ययुग के भारतीय संगीत ने बहुत सारे उतार–चढ़ाव देखे। इस काल में मुस्लिम शासन– सत्ता की सबसे अधिक अवधि रही, अतएव मुस्लिम दरबारों में संगीत खूब पुष्पित हुआ, अनेक साज़ों, रागों और गायन शैलियों का विकास हुआ, भारतीय सांगीतिक शब्दों पर उर्दू–फारसी और ईरानी भाषाओं का भी प्रभाव पड़ा।[1]

''संगीत रत्नाकर'' ग्रन्थ के बाद के समय से प्राचीन ग्राम, मूर्च्छना आदि प्रणाली विच्छिन्न होने लगी थी। लगभग 100 वर्षों तक किसी बड़े ग्रन्थ की रचना न हो सकी। इसी ग्रन्थ के पश्चात् से ही भारत में दक्षिणी और उत्तरी संगीत पद्धति का भेद आरम्भ हुआ। संगीत पर विद्वानों ने अपने–अपने ढंग से पुर्नविचार करना आरम्भ कर दिया। संभवतः इसी कारण मध्यकालीन अनेक ग्रन्थकारों ने ग्रन्थों में प्राप्त लक्षणों से तत्कालीन लक्ष्य का समन्वय न होने के कारण उन्होंने नवीन लक्षण देना आरम्भ कर दिया। जब से भारत पर मुस्लिम शासन प्रारम्भ हुआ, हिन्दू संगीतज्ञों का स्थान दरबारों में कम हो गया था। यद्यपि अकबर मुसलमान बादशाओं में न्यायप्रिय कहा जाता है, परन्तु फिर भी उसके दरबार के संगीतज्ञों में 36 में से मात्र तीन ही हिन्दू संगीतज्ञ थे[2]। शेष सब मुसलमान थे। संगीत शास्त्र के आधार ग्रन्थ (नाट्यशास्त्र, बृहददेशी, संगीत रत्नाकरादि) संस्कृत भाषा में हैं। मुसलमानों को न संस्कृत पढ़ने की आवश्यकता एवं इच्छा थी और न ही हिन्दू पण्डित उन्हें म्लेच्छ समझकर किसी भी शर्त पर पढ़ाने को तैयार थे। इस प्रकार भातखण्डे काल तक आते–आते संगीत शास्त्र संप्रदाय की तो संभवतः कोई कल्पना भी नहीं करता होगा, क्योंकि क्रियाकुशल कलाकार अधिकतर अशिक्षित ही थे। इस कारण वे ग्रन्थों में दिये गये लक्षणों से प्रचलित लक्ष्य का समन्वय नहीं कर सकते थे। इसलिये लक्ष्य–लक्षण समन्वय का कोई प्रश्न ही नहीं रह गया था। संस्कृतज्ञ ग्रन्थों को महत्व देते थे, तो संगीतज्ञ अपनी कला को ही प्रमाण मानते थे और इस प्रकार 19वीं शताब्दी के अन्त तक आते–आते संगीत शास्त्र एवं क्रियात्मक

*सहायक अध्यापक (गायन), मंच कला विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

संगीत ये दो धारायें एक–दूसरे से निर्लिप्त होकर बहने लगीं, जिससे लक्ष्य–लक्षण में बहुत अन्तर आ गया।

आगे चलकर, अंग्रेजी साम्राज्यवाद ने अब तक अपने–अपने क्षेत्रीय और सतही स्वार्थों में जकड़े अधिकांश राजाओं–नवाबों को एक–एक कर अपनी जकड़ में ले लिया था। जिससे कलाकारों, संगीतकारों को प्रोत्साहन और आश्रय देने वाले लगभग सभी राजाओं, नवाबों की हैसियत एक पेंशनभोगी व्यक्ति की होकर रह गयी थी जिससे उनका अपना ही खर्च मुश्किल से चलता था फिर संगीतकारों पर लुटाने के लिये धन कहाँ से आता[3]।

मुस्लिम काल तथा ब्रिटिश साम्राज्य में ही गाने–बजाने वाले एक विशिष्ट सम्प्रदाय का आविर्भाव हुआ, जिन्हें हम तवायफ के नाम से जानते हैं। ये तवायफें उच्चकोटि की कलाकार भी हुआ करती थीं तथा संगीत ही इनकी आजीविका का साधन था। ठुमरी–दादरा जैसी ओछी समझी जाने वाली गायन–शैलियों को इन गायिकाओं ने जिस ऊँचे मुकाम पर पहुँचाया है, वह उनके अटूट रिय़ाज, समर्पण–भाव और पुख्ता तालीम की निशानी पेश करती है। इनमें भारतेन्दु काल की हुस्नाबाई बड़ी प्रसिद्ध थीं। टप्पा–गायन की वह विशेषज्ञ मानी जाती थीं। भारतेन्दु ने उनसे ''गीत–गोविन्द'' के पद स्वरबद्ध कराये थे। इनके कई ग्रामोफोन रिकॉर्ड बने। इनका पहला ग्रामोफोन रिर्कार्ड सन् 1890 ई0 में बना था[4]। इसी क्रम में उस जमाने में संगीत की दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय होने के कारण एच.एम.वी. कम्पनी ने सबसे पहला गाने का रिकॉर्ड जानकी बाई का बनाया था[5]। इससे यह भी सिद्ध हो जाता है कि इस काल में प्रायोगिक संगीत को संरक्षित तथा संग्रहीत रखने की पद्धति (ग्रामोफोन रिकॉर्ड) का भी विकास हो चुका था। हालाँकि इस कालावधि के अधिकतर रिकॉर्ड इन गाने वालियों के ही मिलते हैं, किन्हीं अन्य संगीतज्ञों के नहीं।

इन तवायफों के कोठों पर उपशास्त्रीय गायन–शैली ठुमरी, दादरा आदि का पूर्णरूप से विकास तो हुआ परन्तु यह गायन–शैली सभ्य समाज से दूर रही तथा शास्त्रीय गायकों में इन्हें हेय दृष्टि से देखा जाने लगा। इस समय सभ्य समाज में शास्त्रीय संगीत के अतिरिक्त नाट्य, भजन, लोकगीत तथा प्रांतीय भाषा के गीतों का ही प्रचलन था।

ज्ञातव्य है कि चंद गिने–चुने लोगों की मुट्ठी में कैद शास्त्रीय संगीत के आज़ादी की लड़ाई ठीक उस समय लड़ी जा रही थी, जब भारतीय स्वाधीनता की लड़ाई अपने चरम पर थी। गौरतलब है कि अमर गीत 'वंदे मातरम्' के अमर गायक पं0 विष्णु दिगम्बर पलुस्कर ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देते हुए समाज के कुछ धनी और संभ्रान्त लोगों के आर्थिक सहयोग से संगीत विद्यालयों की स्थापना और पुस्तकों का प्रकाशन कर संगीत को समाज में प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया, तो दूसरी ओर विष्णु नारायण भातखण्डे ने राजाओं, नवाबों, ताल्लुकेदारों एवं अंग्रेज अधिकारियों की मदद से इस कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि जिस समय पूरे देश में राजनीतिक उथल–पुथल मची थी उस समय भी भारतीय संगीत की त्रिवेणी मंथर गति से विकास की दिशा में बह रही थी[6]।

उथल–पुथल की इस घड़ी में ही जन–साधारण को सरकार ने मनोरंजन का एक मधुर माध्यम रेडियो मुहैय्या कराया। इसका प्रसारण 23 जुलाई 1927 से आरंभ हुआ। 1936 में भारत सरकार को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गयी, और तभी आकाशवाणी और ऑल इण्डिया रेडियो जैसे नाम इसे मिले। आकाशवाणी के अस्तित्व में आते ही संगीत और संतीगज्ञों के प्रति लोगों को सोच बदलने लगी।

उन दिनों अपने घर में रेडियो सेट रखना संभ्रांत होने का परिचायक था। अतः रेडियो पर गाने–बजाने वालों के सम्मानित होने का सम्मान स्वतः मिल जाता था।[7]

इस शोध–पत्र में मैंने स्वतंत्रता से लगभग सौ–डेढ़ वर्ष पूर्व तक संगीत की क्या स्थिति रही, उसको समेटने का प्रयास किया है। इस कालावधि में संगीत–संबंधी बहुत सारे परिवर्तन आये जिसे आगे कुछ बिन्दुओं में प्रस्तुत किया गया है–

1. लक्ष्य–लक्षण में विभिन्नता होना–

इस काल में संगीत के क्रियात्मक एवं शास्त्र पक्ष दोनों में ही अव्यवस्था दृष्टिगोचर हो रही थी। जैसा कि पहले भी बताया गया है कि संगीतज्ञों को संस्कृत का ज्ञान न होने के कारण वे प्राचीनोक्त लक्षणों का तत्कालीन लक्ष्य से समन्वय न कर पाये और उन्होंने नवीन लक्षण देना आरम्भ कर दिया। इस कारण रागों, बंदिशों, एक स्थान (सप्तक) में विकृत स्वरों की संख्या, राग–वर्गीकरण पद्धति, राग–लक्षण से जुड़ी शब्दावली, रागों के गायन–समय इत्यादि, बिन्दुओं पर एक वाक्यता नहीं रह गयी थी। दूसरे

शब्दों में हम कह सकते है कि लक्ष्य–लक्षण में समन्वय नहीं रह गया था क्योंकि जो लक्ष्य में गाया–बजाया जाता था, ग्रन्थों में उसका विवरण उससे भिन्न प्राप्त था।

2. राग–वर्गीकरण की राग–रागिणी पद्धति का ह्रास–

यूँ तो राग–रागिणी वर्गीकरण को मध्यकालीन संगीत की उपज माना जाता है किन्तु अनेक विद्वानों के मतानुसार शारंगदेव अर्थात् 13वीं शताब्दी से पूर्व ही राग और रागिणियों के वर्गीकरण हो चुके थे, जिसमें राग और रागिणियों के अतिरिक्त उनके पुत्र–पुत्रवधूएँ आदि के रूप में रागों के पारिवारिक वर्गीकरण के उल्लेख मिलते हैं।

डॉ0 सुभद्रा चौधरी के मतानुसार, रागों के पारिवारिक वर्गीकरण का सूत्रपात 'नारद' के ''संगीतमकरन्द'' ग्रन्थ से माना जाता है लेकिन इस ग्रन्थ और इसके ग्रन्थकार के सम्बन्ध में संदिग्धता है। अतएव 12वीं शती के शुरु में श्री भुवन देवाचार्य द्वारा लिखा गया ''अपराजितापृच्छा'' नामक ग्रन्थ में 6 रागों एवं प्रत्येक की छः–छः भाषाओं का उल्लेख मिलता है। इससे यह प्रमाणित होता है कि राग–रागिणी के मूल बीज के रूप में 'राग–रागिणी' की परम्परा ''संगीत रत्नाकर'' से भी प्राचीन है। इसका विकास क्योंकि मध्य काल में हुआ, इसलिये राग–रागिणी वर्गीकरण को मध्यकालीन वर्गीकरण माना जाने लगा।[8]

लेकिन शनैः–शनैः राग–रागिणी के इस वर्गीकरण में दोष दिखाई देने लगे, राग–रागिणियों में न तो स्वर साम्य रहा और न ही स्वरूप साम्य। अतः छः राग और 36 रागिणियों के इस वर्गीकरण को अमान्य कर दिया गया। क्योंकि किसी भी राग को पुरूष, स्त्री, पुत्र या पुत्रवधू के रूप में मानने का कोई ठोस आधार नहीं दिखाई देता है।

चूँकि रागों के भावरूप को समझने के लिये उनके स्वर रूप का स्पष्ट होना आवश्यक है, किन्तु ग्रन्थों में राग–रागिणी वर्गीकण के रागों के स्वर रूप बिल्कुल अस्पष्ट हैं। ऐसी अवस्था में ग्रन्थकारों द्वारा दिये गये रागों के रुप में स्त्रीत्व और पुरुषत्व को अनुभव पाना असंभव है। संभवतः इसी कारण इस काल तक आते–आते भावरूप के सूक्ष्म आधार पर निर्मित राग–रागिणी पद्धति का ह्रास होने लगा।

3. ध्रुपद की लोकप्रियता का ह्रास और ख्याल गायन का प्रचलन–

मध्ययुग में ध्रुपद–शैली अत्यन्त समृद्ध रही। मुगल बादशाह अकबर के संरक्षण में यह शैली बहुत ही सुचारू रूप से पनपती रही। अंग्रेजी शासन के प्रारम्भिक काल में भी ध्रुपद का प्रचार–प्रसार रहा परन्तु प्रस्तुति स्थल के परिवर्तन के साथ संगीत की प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया और स्वरूप में भी काफी परिवर्तन आये। सामाजिक कारणों से ही ध्रुपद का जो रूप मंदिर, मठों में रहा वह राजदरबारों में नहीं रह पाया। धीरे–धीरे राजदरबारों में ध्रुवपद का स्थान ख्याल शैली ने ले लिया। ख्याल ने कितने परिवर्तन अपनी शैली में समेटे यह सब सामाजिक विकास की स्वाभाविक गति से जुड़े हुए हैं। संगीत के संरक्षक हों या श्रोतावर्ग सभी सामाजिक परिवर्तन से प्रभावित हैं। कोई भी श्रोता वर्ग बहुत समय तक एक ही गायन–शैली के उसी रूप से कलात्मक संतोष नहीं प्राप्त कर पाता है, इसलिये कुछ नये की खोज में कलाकार और श्रोता दोनों ही रहते हैं। परिवर्तन और नयापन जीवन का अभिन्न अंग है। इसी क्रम में ध्रुवपद के प्रस्तुति स्थल बदलने से उसके संरक्षक और श्रोता भी बदले, फलस्वरूप ध्रुवपद के स्वरूप में भी परिवर्तन आया। नियमबद्धता ध्रुवपद का मूल मंत्र था।

परन्तु समाज में जब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और व्यक्ति की कल्पना का महत्व बढ़ता गया, तब ध्रुवपद के स्थान पर ख्याल शैली का विकास हुआ। ख्याल प्रस्तुति में कलात्मक स्वतंत्रता और कल्पना की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण थी। अतः श्रोताओं को भी इस गायन–शैली ने आकर्षित किया। राज दरबार प्रस्तुति स्थल बने, इसलिये संगीतज्ञों ने अपनी कल्पना से ख्याल–शैली को विविधता प्रदान की।

4. प्राचीन वीणा (रुद्र वीणा) के स्थान पर सितार का प्रचलन–

वीणा पर जो वादन होता है उसको गतकारी अंग कहते हैं जिसमें क्रमशः आलाप, जोड़, गत तथा अन्त में झाला बजाकर समाप्त करते थे। बादशाह अकबर के दरबारी संगीतज्ञ मिश्री सिंह बीन (वीणा) के सर्वोच्च्य कलाकार थे। तानसेन के ध्रुपद गायन के साथ यही वीणा पर संगत किया करते थे।[9] इससे यह सिद्ध होता है कि वीणा पर ध्रुपद का ही वादन किया जाता रहा है। कालांतर में लोकरुचि में परिवर्तन होने के कारण ''वीणा'' का स्थान ''सितार'' ने ले लिया। इस प्रकार ''सितार'' का प्रचलन अधिक हो जाने के कारण शनैः–शनैः वीणा का स्थान गौण होता गया।

5. अवनद्ध वाद्यों में तबले का महत्वपूर्ण स्थान होना–

चूँकि ख्याल आदि गायन–शैली तथा सितार आदि वाद्यों के साथ तबले की ही संगत की जाती है। परिणामस्वरूप धीरे–धीरे पखावज के स्थान पर तबले का स्थान महत्वपूर्ण हो गया।

6. संगीत शिक्षा की स्थिति–

ब्रिटिश राज्य के समय में जो सामाजिक वातावरण पैदा हुआ उसमें घरानों के द्वारा संगीत के विकास की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। कुछ कलाकार इतने विवश हो गये कि अर्थ प्राप्ति ने विकृत रूप ले लिया। संगीत को भोग–विलास की वस्तु समझने वाले वर्ग पर कई कलाकार पूर्णतः आश्रित हो गये। यहीं से समाज में संगीत को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा।

ऐसे समय में संगीत उद्धारक और युग प्रवर्तक के रूप में पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे और पं0 विष्णु दिगम्बर पलुस्कर ने इस चुनौती का सामना करते हुए दृढ़ निश्चय किया कि संगीत शिक्षा के परिवर्तित रूप द्वारा समाज में संगीत की प्रतिष्ठा और सम्मान को पुनः स्थापित करेंगे।

क्रिया और शास्त्र में जो खाई पैदा हो गयी थी उसको विष्णुद्वय ने पाटना बहुत जरूरी समझा । ऐसे में संस्थागत शिक्षा को उन्होंने अपने उद्देश्य पूर्ति के लिये एक सशक्त साधन मानकर उसके स्वरूप शिक्षण–विधि आदि सभी घटकों पर दूरगामी दृष्टि से विचार किया। संगीत के प्रचार–प्रसार हेतु संगीत के एक पक्ष को सरल बनाना भी जरूरी रहा और इसलिये दोनों ने अपने–अपने ढंग से स्वरलिपि का निर्माण किया, जिसके द्वारा बंदिशों को सुरक्षित भी रख सकें और शिक्षण में भी स्वरलिपि को एक साधन के रूप में प्रयुक्त कर सकें।

उनका ये उद्देश्य था कि प्रत्येक प्रतिभाशाली पात्र को संगीत शिक्षा का लाभ मिलना चाहिये, यह अधिकार किसी विशेष जाति, वर्ग या परिवार का नहीं है।

सन् 1901 में पं. पलुस्कर में लाहौर में गांधर्व महाविद्यालय नामक संगीत शिक्षण संस्था की स्थापना की।

इसी क्रम में 1871 में क्षेत्रमोहन गोस्वामी ने कोलकाता में एक संगीत विद्यालय की स्थापना की थी। 1906 में बनारस में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कोठी में संगीत नायक पं0 दरगाही मिश्र ने काशी संगीत समाज नामक एक संगीत विद्यालय की स्थापना की थी जिसके वे प्रथम प्राचार्य भी थे। सन् 1881 में सौरीन्द्र मोहन टैगोर ने भी 'बंग संगीत विद्यालय' तथा 'बंगाल अकादमी ऑफ म्यूजिक' की कोलकाता में स्थापना की थी। इसी तरह जाम नगर में पं0 आदित्य राम तथा बड़ौदा में उ0 मौला बख्श उर्फ घिस्से खाँ द्वारा 1886 में एक संगीत शिक्षा केन्द्र की स्थापना की जा चुकी थी।[10]

1926 में पं0 भातखण्डे ने मैरिस कॉलेज ऑफ हिन्दुस्तानी म्यूजिक नामक महाविद्यालय की नींव लखनऊ में रखी। इस महाविद्यालय ने अनेक महान संगीतकार हमारे देश को दिये हैं।

इस प्रकार, हमने स्वतंत्रता पूर्व उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत की स्थिति का अवलोकन किया। इस काल में लक्ष्य–लक्षण में विभिन्नता आ जाने से, स्वरलिपि तथा शास्त्रों में लिखित रागों के स्वर–रूप के अभाव में रागों के रूप में एकरूपता नहीं थी। संगीत की शिक्षा प्राप्त करना अत्यन्त दुष्कर था। ऐसे युग में विष्णु द्वय का जन्म हुआ। पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे का जन्म सन् 1860 में तथा पं0 विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी का जन्म सन् 1872 में हुआ। दोनों विष्णुओं ने उत्तर भारतीय संगीत को एक नवीन दिशा दी। संगीत शास्त्र तथा संगीत शिक्षा के क्षेत्र में एक निश्चित व्यवस्था प्रदान की जिसके लिये संपूर्ण संगीत जगत उनका चिरकाल तक ऋणी रहेगा।

संदर्भ सूची :

1. शर्मा, डॉ. महारानी, संगीत मणि भाग दो, पृ.सं. 117
2. टाक, डॉ. तेजसिंह, शोध प्रबन्ध, पृ.सं. 5
3. मिश्र, पं. विजयशंकर, मनके : भाव, सुर, लय के, पृ.सं. 191
4. नादार्चन, पत्रिका, 1992, पृ.सं. 30
5. वही, पृ.सं. 36
6. मिश्र, पं. विजय शंकर, मनके : भाव, सुर, लयके, पृ.सं. 201
7. वही, पृ.सं. 202
8. शर्मा, डॉ. महारानी, संगीत मणि भाग एक, पृ.सं. 65–66
9. परांजपे, डॉ. श्रीधर शरच्चन्द्र, संगीत बोध, पृ.सं. 141
10. मिश्र, पं. विजय शंकर, मनके : भाव, सुर, लय के, पृ.सं. 195

भोजपुरी लोकगीतों में साहित्य

डॉ. ऋचा वर्मा*

सारांश

लोकगीतों का सम्बन्ध जनजीवन से जुड़ा है। जीवन से जुड़े हरेक पहलू को गीतों या कविताओं के माध्यम से व्यक्त किया जाता रहा है। भोजपुरी भाषा में भी अनेक लोकगीत रचे गए जो बहुत ही कर्णप्रिय हैं तथा उनके साहित्य भी उच्च कोटि के हैं। लोक साहित्य के अन्तर्गत सिर्फ लोक गीत नहीं बल्कि लोक–गाथा, लोक कथा, लोकनृत्य, कविताएँ, गीत, पहेलियाँ इत्यादि आते हैं।

जो भी लोकगीत हमें प्राप्त होते हैं वे या तो परम्परागत रूप से गाए जा रहे हैं, जिनके रचनाकार का पता नहीं है तथा कुछ रचनाकारों द्वारा भी रचित हैं। शब्दों का सुन्दर संयोजन तथा छन्दों में रचे होने के कारण ये गाने योग्य हैं जो भोजपुरी लोक साहित्य को समृद्ध बना रहे हैं।

कुंजी शब्द : *लोक साहित्य, लोकगीत, लोकजीवन, भोजपुरी*

प्रविधि : *प्राथमिक एवं द्वितीयक माध्यमों का उपयोग किया गया है ।*

भोजपुरी लोक साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता है, इसका विश्वव्यापी फैलाव। विश्व के लगभग एक दर्जन देशों में भोजपुरी भाषा–भाषी सदियों से रहते आए हैं, जिस कारण विश्व स्तर पर भोजपुरी भाषियों के आदान–प्रदान, आवागमन और सांस्कृतिक यात्राओं के कारण भी लोक साहित्य को समृद्ध करने में अधिक बल मिला है।

लोक साहित्य जनता के हृदय का उद्गार है। साहित्य में धर्म, समाज, सदाचार आदि बातों का समावेश मिलता है। लोक–गीत, लोक–गाथा, लोक–कथा, लोक–नृत्य इत्यादि लोक साहित्य के अंग माने गए हैं। इसके अलावा लोक सुभाषित जिसके अन्तर्गत बच्चों के गीत, मुहावरे, लोकोक्तियाँ, पहेलियाँ इत्यादि आते हैं जिनका व्यवहार प्रतिदिन लोक–जनजीवन में समान रूप से किया जाता है।

लोकगीत लोकजीवन से सम्बन्धित होते हैं। लोकगीतों का साहित्य भी लोकजीवन से प्रेरित होता है। भोजपुरी एक सुमधुर भाषा है तथा इसके गीत–संगीत में प्रयुक्त, लय और ताल भी उतने ही कर्णप्रिय और मधुर है।

भोजपुरी लोकगीतों में साहित्य के महत्व को हम निम्नलिखित रूप से समझ सकते हैं–

1. राष्ट्रीय महत्व :–

भोजपुरी क्षेत्र प्राचीन काल से ही अपने वीर योद्धाओं के कारण भी जाना गया। 1857 ई0 की क्रांति के दौरान शाहाबाद जिले के जमींदार बाबू वीर कुँवर सिंह की वीरता को कौन नहीं जानता, जिन्होंने अंग्रेजों की ईंट से ईंट बजा दी और कभी हार का सामना नहीं किया। वीर कुँवर सिंह की वीरता और बहादुरी का वर्णन कई लोकगीतों में मिलता है जिनमें से एक उदाहरण इस प्रकार है–

''लिख लिख पतिया के भेजलन कुँवर सिंह
ए सुन अमर सिंह भाय हो राम।।
बाबू कुँवर सिंह भाई अमर सिंह
दोनों अपन है भाय हो राम।।
दानापुर से जब सजलक हो कम्पू
कोइलवर में रहे छाय हो राम।।''[1]

इस प्रकार इस गीत में कुँवर सिंह की सेना का दानापुर (पटना) से चलकर कोइलवर में आने का उल्लेख है।

इसके अलावा ऐसे भी गीत मिलते हैं जिनमें 1857 ई0 के समय अवध के नवाब को गद्दी से हटाने के पश्चात् उनकी बेगमों द्वारा विलाप करने का वर्णन है–

''गलियन गलियन रैयत रौवे
हटियन बनिया बजाज रे
महल में बैठी बेगम रोवै।
डेहरी पर रौवे खवास रे।।

*गेस्ट फैकल्टी, संगीत, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

मोती महल की बैठक छूटी
छूटी है मीना बाजार रे।''[2]

गाँधी सम्बन्धी गीत :–

भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में चम्पारण में गाँधी जी के आगमन तथा अहिंसा के मार्ग पर चलकर किसानों पर हो रहे अत्याचार से छुटकारा दिलाना भी एक बड़ी घटना थी। इसके बाद धीरे–धीरे गांधी जी पूरे देश में एक आदर्श पुरुष के रूप में जाने गए। कई लोकगीतों में गाँधी जी से सम्बन्धित बातों का समावेश किया जिसके कुछ उदाहरण इस प्रकार है–

1. गाँधी कहे, गाँधी कहे मन चित्र लाइके
   गंगा सरजू चाहे कूपा पर नहाइ के
   लिहले अवतार एही देसवा में आइ के
   चक्र के बदला में चरखा चलाई के[3]

2. अब हम कातवि चरखवा पिया जा हो बिदेसवा।
   हम कातवि चरखा तुहूँ लाव, मिलिए एही से सुराजवा।।[4]

इस प्रकार, ऐसे गीत चरखा के लोकप्रिय होने पर रचे गए।

राष्ट्रीय चेतना जगाने वाले गीत :–

(क) रघुवीर नारायण सिंह :–

भोजपुरी क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन के समय 'बाबू रघुवीर नारायण सिंह' द्वारा रचित 'बटोहिया' गीत अत्यंत ही प्रचलित हुआ। बाबू रघुवीर नारायण का जन्म सारण जिला के नयागाँव में सन् 1887 ई0 में हुआ। इन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी, भोजपुरी तथा फारसी में कविताएँ लिखी।

उदाहरण –

बटोहिया गीत

सुन्दर सुभूमि भइया भारत के देसवा से
मोरे प्रान बसे हिम खोह रे बटोहिया
x x x
बुद्धदेव पृथु विक्रमार्जुन शिवाजी के
फिरी–फिरी हिय सुध आवे रे बटोहिया
x x x
अपर प्रदेश देस सुभग सुघर बेस
मोर हिन्द जग के निचोड़ रे बटोहिया[5]

(ख) मनोरंजन प्रसाद सिंह :–

एक अन्य साहित्यकार 'मनोरंजन प्रसाद सिंह' द्वारा रचित 'फिरंगिया' नामक गीत अत्यंत ही प्रचलित हुआ। इनका जन्म 10 अक्टूबर 1890 को तत्कालीन शाहाबाद जिला के सूर्यपुरा गाँव में हुआ था। पहले ये काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के व्याख्याता के पद पर थे। तत्पश्चात् राजेन्द्र कॉलेज छपरा में प्रचार्य हुए। फिरंगिया गीत राष्ट्रीय चेतना जगाने में बहुत कारगर सिद्ध हुआ।

उदाहरण –

फिरंगिया गीत

सुन्दर सुघर भूमि भारत के रहे रामा
आज इहे भइल मसान रे फिरंगिया
बनिज बैपार सब एकउ रहल नाहीं
सब कर होई गइल नास रे फिरंगिया।
भारत के छाती पर भारत के बचवन के
बहल रकतवा के धार के फिरंगिया।[6]

(ग) मास्टर अजीज :–

इसी क्रम में मास्टर अजीज जिनका जन्म 1910 ई0 में सारण जिला के कर्णपुरा गाँव में हुआ था। इन्होंने अनेक कविता, भजन, कीर्तन, गीत लिखे। राम, कृष्ण तथा शिव के भजन–कीर्तन के साथ–साथ इन्होंने आजादी की लड़ाई में सक्रिय सिपाही का भी काम किया। आजादी के संघर्ष का चित्रण इनकी एक कविता में उदाहरणस्वरूप इस प्रकार है–

ओने अंग्रेजन के गोली, एने किसानन के टोली
गूँजे 'जय हिन्द' के बोली, ओ मढौरा में।
जब भागे लगनन गोरा, हमनी फेंक के मरली रोड़ा।
भीड़ घेरलक तब चौकोरा, ओ मढ़ौरा में।[7]

(घ) सिपाही सिंह श्रीमंत :–

सिपाही सिंह श्रीमंत का जन्म 1923 में सारण जिला के मूंजा गाँव में हुआ था। इन्होंने एम0ए0, एम0एड0 कर शिक्षा क्षेत्र में अपनी सेवा दी। 'आँधी' तथा 'जवानी के जगइले' इनके दो प्रसिद्ध गीत हैं जिनके कुछ अंश उदाहरणस्वरूप इस प्रकार है–

बड़ ऊँच लमहर रोके के जे राह चाहे,
ओ लोग के फुनुगी के माटी में मिलइले।
छोटे–छोटे हलुक–हलुक नान्हीं–नान्हीं मिले,
ओके गोदी में उठा के आसमान में खेलाइले।[8]

इस प्रकार समय–समय पर अनेक ऐसे गीतों की रचना की गई जो राष्ट्रीय चेतना जगाने में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

2. सामाजिक महत्व :–

लोकगीतों के माध्यम से सबसे ज्यादा सामान्य जनजीवन से जुड़े रीति–रिवाजों, रहन–सहन आदि का भी पता चलता है। जन्म, विवाह आदि संस्कारों में गाये जाने वाले गीतों की प्रचुरता है जिनमें लोक साहित्य को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसके अलावा समाज में रहने वाले विभिन्न वर्गों के कार्य सम्बन्धी गीत भी लोक साहित्य को समृद्ध बनाते हैं। इसके साथ ही साथ खेतों में होने वाले कार्य जैसे– रोपनी, सोहनी, कटनी इत्यादि के गीत भी लोक साहित्य का अच्छा परिचय कराते हैं।

उदाहरण –

सोहर

सासु जे भेजेली नउनिया
त ननदी बरिनिया हू रे
सासु लुटावेली रूपइया, त ननदी
मोहरवा नु रे
ललना गोतिनी लुटावेली बनउरवा,
गोतिनिया फेरिहें पाइंच रे।[9]

विवाह गीत

वर खोजु वर खोजु वर खोजु रे,
बाबा अब भइली वियहन जोग ए।
आरे हमार बाबा सुनर बर खोजले,
हंसे जनि दुअरवा के लोग ए।[10]

धोबी गीत

धोबिया क पुतवा जबै निक लागे
धोवे बकुलवा के पॉख।
अच्छा मालिकवा उहै निक लागे
सेवका के खुस कै देय।[11]

रोपनी गीत

धनवा जे रोपेली किसान के नारी राम
तालवा तलैया में
बढ़ गइले पानी राम
तालवा तलैया में[12]

3. भौगोलिक महत्व :–

लोकगीतों के माध्यम से स्थानीय भौगोलिक क्षेत्रों से सम्बन्धित बातों का भी पता चलता है। लोकगीतों में बहुत–सी नदियों तथा नगरों का नाम मिलते हैं। नदियों में गंगा, यमुना, सरयू, सोन इत्यादि तथा शहरों में काशी, प्रयाग, पटना, जनकपुर, अयोध्या इत्यादि नाम मिलते हैं जो इनकी प्राचीनता के साथ–साथ इनके महत्व को भी बताते हैं।

उदाहरण –

गंगा गीत –

(i) दरसन दीं ना भोरे भोरे हे गंगा मईया
रउवा के चढ़ाएब पान ए फूलवा
फूलवा चढ़ाएब झोले–झोले
ए गंगा मइया

(ii) हे गंगा मइया गजब रउरी माया
नीर पीवत सब पाप नसाया[13]

4. आर्थिक महत्व :–

लोक गीतों में बहुत सारे गीत जन–जीवन के आर्थिक पक्ष को उजागर करते हैं। लोकगीतों में सोने की थाली में भोजन करने और आभूषणों की प्रचुरता का वर्णन मिलता है जो आर्थिक सम्पन्नता को भी दर्शाता है। कोई स्त्री पति के परदेस जाने पर कहती है कि–

''सोने की थाली में जेवनाँ परोसलो
जेवना न जेवें अलबेला
बलमु कलकत्ता निकल गयो जी।''[14]

भोजपुरी का एक मुहावरा है– 'दूध से पैर धोना और घी से स्नान करना' इससे स्पष्ट होता है कि इन चीजों की प्रचुरता थी, जो लोगों की आर्थिक सम्पन्नता का प्रतीक है। साथ ही, सोने की कंघी, चन्दन की लकड़ी का पलंग, चांदी का पालना तथा पकवानों में बासमती

चावल, पुआ, पूड़ी इत्यादि का उल्लेख मिलता है जो अच्छी आर्थिक स्थिति को बताते हैं।

5. धार्मिक महत्व :–

धार्मिक जीवन की जानकारी भी हमें लोक गीतों के माध्यम से मिलती है। लोक–गीतों में गंगा माता, तुलसी माता, शीतला माता तथा षष्ठी माता का गायन करने का उल्लेख मिलता है। विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा आदि का वर्णन भजनों के माध्यम से किया जाता है। विभिन्न व्रत–त्यौहारों में देवी–देवताओं सम्बन्धी गीत ही गाए जाते हैं।

उदाहरण –

छठ गीत –

सोने के कोठरिया सुरूजमल कंचन लागेला केवाड़
आरे ताही पइसी सूते सुरूजमल भइले भिनुसार।[15]

शीतला माता गीत –

गंगा के किनारे ठाढ़े सीतला हो पुकारे बाबू भीमला
हाले हूले नइया लेई आव, बाबू भीमला
हाले हूले नइया लेई आव[16]

6. नैतिक महत्व :–

प्राचीन समय में समाज का नैतिक स्तर बहुत ऊँचा था। भोजपुरी लोकगीतों में स्त्रियों द्वारा सतीत्व को प्रमाणित करने तथा पवित्र सिद्ध करने हेतु आग में प्रवेश करने तथा जल समाधि लेने का उल्लेख मिलता है। भारत में सती–धर्म का पालन बड़ी कठोरता के साथ किया गया है। इसका उल्लेख भी लोक साहित्य में मिलता है।

7. भाषा–सम्बन्धी महत्व :–

भाषा–शास्त्र लोक साहित्य का महत्वपूर्ण अंग है। सुप्रसिद्ध भाषा तत्ववेत्ता डॉ0 सुनीति कुमार चटर्जी ने कहा है कि जो लोग लोक साहित्य का संग्रह कर रहे हैं वे भावी भाषा शास्त्रियों के लिए अमूल्य सामग्री एकत्र कर रहे हैं। लोकगीतों के माध्यम से शब्दों की ऐतिहासिक परम्परा को जानने का अध्ययन उपयोगी सिद्ध हो सकता है। उदाहरण के लिए – 'जुगवत' शब्द का प्रयोग लोकगीतों में 'सावधानी के साथ किसी वस्तु की रक्षा करने' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इस प्रकार इस शब्द का प्रयोग गोस्वामी तुलसीदास ने भी अपनी चौपाई में इसी अर्थ में किया है।

'अमिय मूरि जिभि जुगवत रहऊँ।
दीप–बाति ना टारन कहऊँ।'[17]

डॉ0 ग्रियर्सन ने भी भोजपुरी लोकगीतों की महत्ता को बताते हुए कहा है कि ये लोकगीत उस खान के समान है जिनके खोदने का कार्य अभी प्रारम्भ हुआ है तथा इनकी पंक्तियों में ऐसी विशेषता है जिससे भाषा शास्त्र सम्बन्धी अनेक समस्या हल की जा सकती है।

इस प्रकार यह पूर्णतः स्पष्ट है कि लोकगीतों के साहित्य के प्रत्येक पहलू का सम्बन्ध लोकजीवन से सीधे जुड़ा हुआ है।

सन्दर्भ सूची :

1. उपाध्याय, डॉ0 कृष्णदेव, लोक साहित्य की भूमिका, पृ. 261
2. वही, पृ. 262
3. शांडिल्य, लोकभूषण, डॉ0 राजेश्वरी, भोजपुरी लोकगीतों के बहुआयाम, पृ. 16
4. वही, पृ. 18
5. वही, पृ. 28
6. सिंह, नागेन्द्र प्रसाद, भोजपुरी साहित्य के संक्षिप्त इतिहास, पृ. 45
7. वही
8. वही, पृ. 46
9. मिश्र, डॉ0 कुबेर, मोरिशस के भोजपुरी लोकगीतों का विवेचनात्मक अध्ययन, पृ. 166
10. वही, पृ. 168
11. वही, पृ. 162
12. पारम्परिक
13. पारम्परिक
14. उपाध्याय, डॉ0 कृष्णदेव, लोक साहित्य की भूमिका, पृ. 264
15. 'श्रीमंत', सिपाही सिंह, छठ परमेसरी, पृ. 98
16. पारम्परिक
17. उपाध्याय, डॉ0 कृष्णदेव, लोक साहित्य की भूमिका, पृ. 269

मिथिलांचल में विवाह संकीर्तन और स्नेहलता के पद

डॉ० ममता कुमारी*

सार

मिथिला में राम–सीता विवाह–कीर्तन का आयोजन अनेक सह–मंडलियों द्वारा होता रहा है। कुछ विद्वानों का मत है कि इसमें पूर्णतया रामलीला का अनुकरण किया गया है परंतु इस विवाह कीर्तन में मिथिला में प्रचलित रामभक्ति शाखा में सखी भाव का प्रत्यक्ष प्रभाव देखा जा सकता है। इसकी कथा–वस्तु में सीता विवाहोत्सव एवं मिथिला में प्रचलित लोक संस्कृति के आधार पर सीताराम–विवाह से संबंधित विभिन्न रीति–रिवाजों को तथा इसमें प्रयुक्त होने वाले संगीत को गाकर दर्शाया जाता है। इस कीर्तन प्रसंग में जनकपुर लीला विशेषतः 'सीता स्वयंवर' अत्यंत ही मधुर और मनोहर प्रसंग माना जाता है।

मुख्य शब्द : *विवाह, संकीर्तन, मिथिला, सीता स्वयंवर, रामलीला*

शोध–प्रविधि : *अनेक पुस्तकों के अध्ययन एवं परम्परा से चली आ रही विधाओं का अवलोकन कर इस शोध–पत्र हेतु सामग्री एकत्र की गई है।*

स्नेहलता आधुनिकी काल में उदभूत मैथिली के प्राचीन भक्ति काव्यधारा के विशिष्ट रचनाकार हैं। इनकी पदावली मिथिला के लोक–जीवन का कंठहार है। विशेषकर विवाह आदि अवसरों पर 'वैदेही विवाह संकीर्तन' पदावली से संपूर्ण मिथिलांचल गुंजायमान रहता है। भक्तों द्वारा विभिन्न अवसर पर भजन–कीर्तन में इनकी पदावली का अनुगायन किया जाता है। वैदेही विवाह परंपराशील नाट्य में इनकी पदावली प्रमुख उपजीव्य के रूप में गृहीत है।[1]

स्नेहलता का पूरा नाम श्री कपिलदेव ठाकुर "स्नेहल्ता" है। ये गीतिकाव्य के रचनाकार थे, गीतिकाव्य भावावेशमय होता है। इसकी रचना स्वर–साधना के अनुरूप राग–ताल लयाश्रित होती है तथा इसमें भावाभिव्यक्ति अल्प शब्दों के माध्यम से की जाती है। स्नेहलता पदावली मुख्यतया मैथिली में मिथिलाभाव एवं रामभक्ति में मधुरोपासना साहित्य का एक विशिष्ट अंग है। यह मैथिली रामकाव्य को लोक–जीवन से जोड़कर रखता है। भावना की तीव्रता, गीतिमयता, स्वाभाविकता, संक्षिप्तता आदि की प्रधानता गीति काव्य में अनिवार्य माना जाता है। स्नेहलता मैथिली तथा मिथिला के वैदेही विवाह संकीर्तन विषयक पदावली के विशिष्ट कवि थे।

उनकी बहुत सारी रचनाएँ पुस्तक आकार में हैं, यथा– वैदेही विवाह संकीर्तन, विनयपदावली, झूला संकीर्तन, शिववाणी संकीर्तन, चेतावनी संकीर्तन आदि परंतु इनमें से वैदेही विवाह संकीर्तन को सर्वोपरि माना गया है। संकीर्तन गीत की कोटि में स्नेहलताजी के वे गीत आते हैं जो भक्तिपरक विनय सगुन परमेश्वर के विविध स्वरूप के लीला विलास से संबंधित है। इन पदों का गायन भजन–कीर्तन के रूप में कीर्तन मंडलियों द्वारा किया जाता है तथा संस्कार–व्यवहार के गीत के रूप में महिलाएं इसका गायन करती हैं। स्नेहलता की रचनावली में वैदेही विवाह संकीर्तन को सर्वाधिक लोकप्रियता प्राप्त हुई है।

चाह नही इहलोक सधे, नहि चाह मुझे सुरलोक सिधारऊँ
चाह नहीं सुख संपत्ति की, नहि चाह कभी अनियादिक पाऊँ
योनि अनेक मिले तो मिले, मंजूर मुझे सब योनि में जाऊं
स्नेहलता नित चाह यही मिथिला में रहूं मिथिले की कहाऊं।[2]

स्नेहलता के एक पद में सखी भाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस पद में उन्होंने पुष्पवाटिका में सीता राम के पूर्वानुरागपरक पारस्परिक दर्शन की लीला का एकांत साक्षी बनने की अभिलाषा व्यक्त की हैं–

राखू बटिया बहारि छवि देखब निहारि
जैही सिया सुकुमारि फुलवरिया, मिथिला नगरिया में।
बूझि भाग्य भरपूरि लेव चरणक धूरि
हैत जनम सफल ओहि धरिया मिथिला नगरिया में।
पुनि लछुमन राम भेटथिन ओहिठाम
चलि देखू कोना लड़त नजरिया मिथिला नगरिया में।[3]

*अध्यक्ष, संगीत विभाग, एम. आर. एस. एम. कॉलेज, आनंदपुर, दरभंगा

नाम के अनुरूप वैदेही विवाह संकीर्तन में सीता राम–विवाह के प्रकरण–संबंधी गीतों की प्रमुखता है। कुछ पद हिन्दी में भी लिखे गये हैं परंतु अधिकांश पद मैथिली में रचित हैं। राम भक्ति के रसिक समप्रदाय के अन्यान्य कवियों के सदृश स्नेहलता भी सीताजी के जन्म से लेकर उनके वैवाहिक प्रकरण एवं मिथिला से विदा होते समय तक के प्रसंग को अपने इस संकीर्तन पदावली का विषय बनाया है, जैसे– धनवट्टी, मड़वा बन्धन, अपटन, कमलापूजन, हरदी बुकावन, हरदी चढ़वन, जनकपुरक स्थितिक वर्णन, परिछन, दरवाजा विधि, मातृकापूजन, घुरछक, अंगनाविहार, जूता कुलदेव, चलन कटाक्ष, तिलक चढ़ावन, अठोंगर, मण्डप, परिक्रमा, नहछू मधुपर्क, कन्या निरीक्षण, कंगनबन्धन, दुआरि छेकाई, महुअक, डहकन, (जेवनार) आदि से संबंधित पद एवं सीताराम की झांकी आदि।

धनवट्टी विधि विवाह से पूर्व दूल्हे के घर पर संपन्न किया जाता है। विवाह निश्चित होने पर कन्या पक्ष द्वारा दूल्हे हेतु नूतन परिछान लेकर दूल्हे के घर जाते हैं। साथ में कुछ धान ले जाते हैं। वर पक्ष द्वारा उस धान के बराबर दूल्हे के पक्ष का धान मिलाकर दूल्हे द्वारा उस मिले हुए धान से पांच अंजुल धान कन्या पक्ष को प्रदान किया जाता है। उसी धान का लावा भूना जाता है, जिससे विवाह के समय भांभरि विधि की जाती है। स्नेहलता द्वारा धनवट्टी का एक गीत इस प्रकार है–

धान बॉटि श्री अवध आयल,
गाववि मंगल मिथिलानी
अवधक कुशल पूछथि हजमा से
चतुर नारि छानी छानी।[4]

स्नेहलता राम के ऐश्वर्य का वर्णन कर अपने भक्तिभाव को दर्शाते हैं, श्री राम सामान्य दूल्हा नहीं हैं बल्कि परमेश्वर हैं, गरीब उद्धारक हैं, श्री राम की झांकी का वर्णन करते हुए कहते हैं–

मोरे लालन कनेक मुसका दे, नयनमा माने नहीं। सुंदर लाल भाल पर चानन, काजर कयल नयन छवि आनन, मौड़िया के लड़ हटवा दे।

फैयाज़ हुसैन खां 'प्रेम पिया' (सगुण भक्ति रचना)

राग– सुघराई, ताल–तीनताल (मध्यलय)

स्थाई– नैनन सों देखी मैंने एक झलक मोहन की।

अन्तरा– जबतें प्रेम मोहे उनको भयो है, सुध ना रही तनमन की।।[11]

स्थाई

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
x				2				0				3			
											पनि	सारें	संनि	पम	रेस
											नैऽ	ऽऽ	नऽ	नऽ	सोंऽ
ग	–	–	–	ग	म	रे	सा	रे	–	सा	नि	सा	रे	म	म
दे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	खी	ऽ	मैं	ऽ	ने	ए	ऽ	क	ऽ	झ
प	–	प	नि	प	नि	सां	–	सारें	सांनि	पम	पनि				
ल	ऽ	क	ऽ	ऽ	मो	ऽ	ऽ	हऽ	नऽ	कीऽ	नैऽ				
								अन्तरा							
											म	प	नि	प	नि
											ज	ब	तें	ऽ	प्रे
सां	सां	सां	–	–	सां	नि	सां	सां	–	–	नि	सां	रें	–	सां
ऽ	ऽ	म	ऽ	ऽ	ऽ	मो	ऽ	हे	ऽ	ऽ	उ	न	को	ऽ	भ
सां	–	–	–	सां	सां	ध	ध	नि	प	–	म	प	नि	–	सां
यो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	है	ऽ	सु	ध	ना	ऽ	र
गं	–	–	–	गं	मं	रें	सां	सारें	सांनि	पम	पनि				
ही	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	त	न	मऽ	नऽ	कीऽ	नैऽ				

निष्कर्ष :

यहां विचार किया गया है कि 19वीं शताब्दी में केवल श्रृंगारपरक या अन्य सामाजिक एवं विलासितापूर्ण विषयों को सम्बोधित बन्दिशें ही नहीं, अपितु उस समय के प्रसिद्ध वाग्गेयकारों द्वारा सबसे अमूल्य देन उनके द्वारा रची गई भक्तिपरक बन्दिशें हैं जो मध्यकालीन भारतीय संगीत के व्योम में सितारे की भांति चमकती हैं। ये बन्दिशें सामाजिक परिवेश में मार्गदर्शक का काम करती रही हैं। अशान्ति, निराशा और भाग–दौड़ भरी जीवन–शैली से निजात दिलाने में इन भक्तिपरक बन्दिशों का बहुमूल्य योगदान रहा है। ये भक्तिपरक बन्दिशें विद्यार्थियों, श्रोताओं एवं संगीतज्ञों को अपनी संस्कृति एवं परम सत्य की ओर अग्रसर करती हैं। इसीलिए इस शोध–पत्र का विषय इन भक्तिपरक बन्दिशों का प्रचार–प्रसार करना है।

संदर्भ सूची :

1. पं. भातखण्डे, भातखण्डे–संगीत शास्त्र, भाग–4, पृ. 224
2. शर्मा, डॉ. सत्यवती, ख्याल गायन शैली विकसित आयाम, पृ. 149
3. वही
4. वही, पृ. 151
5. वही, पृ. 160
6. वही
7. पं. भातखण्डे, क्रमिक पुस्तक मालिका, भाग–पांच, पृ. 392
8. भातखण्डे स्मृति ग्रन्थ, पृ. 68
9. अभिनव गीत मंजरी, भाग–2 (उत्तरार्द्ध रातंजनकर), पृ. 77
10. मेहता, रमण लाल, आगरा घराना परम्परा गायकी और चीजें, पृ. 15
11. वही, पृ. 149

A Comprehensive Examination of Instagram's Influence on the Young Generation's Musical Taste

Soummay Ghosh*

Abstract

Music is an integral part of films, TV, and any electronic audio or audio-visual medium. Today we have convergent media because of portable smartphones and social media applications. This convergent media has brought convergent culture and cross-consumption of local and world music. Also, user-generated content and music are consumed and have the potential to go viral. Music has cultural, political, and emotional essences depending on the lyrics, composition, or genre. In the technical space of apps like Instagram, people are sharing their emotions via music on posts, stories, and reels. In this research, I have done a random survey among the young generation so that the influence of Instagram on their musical taste can be assessed. In the survey it was found that most young people use Instagram as their go to social media and trending music are that what the like and which indeed influence their musical taste. This is a small sample size research, and the study emphasises the role of popular music on Instagram in developing its user base's musical interests. A trending and viral audio which is likeable to most audiences then they listen to the audio on other audio streaming platforms and as well as use it in their short user generated content.

Keywords: *Music, Instagram, Reels, Viral, Trending, User Generated Content*

Research Methodology: *The researcher emphasised descriptive research design in the research report. A quantitative research method is used in these investigations. For this research, primary data was collected on Youth using Instagram. A random sampling of the youth aged between 13 to 30 years, and the sample size is 103 with 50 males and 53 female participants. Where 14 samples are aged between 13-17 years, 47 samples are aged between 18-21 years, 29 samples aged between 22-25 years and 13 samples between the age group of 26-30 years. Here the maximum participants are from the age group of 18-21 years the young adult generation. Here I am trying to find out whether Instagram is influencing the musical taste of the young generation and for this an online survey was done and data was collected.*

Introduction

Social media is a new media tool that is highly influential in the minds of youth. Especially Instagram, which launched a decade ago in 2010, is now a free social tool for communication for the young generation. Earlier Instagram was just a photo-sharing application, unlike Facebook, which has so many features and earlier attracted the youth but now is full of elderly people. Since the complete family is somewhat omnipresent on Facebook, the young generation wants to differentiate themselves from the elderly, and now most teenagers and young adults are on Instagram, uploading photos and videos. Facebook bought Instagram in 2012 and started modifying it and adding features like stories. TikTok, a short user-generated video-sharing platform, got its start in 2020 in India, and then the photo-sharing American-based app "Instagram" incorporated the short video feature of TikTok and termed it Reels. The short visual

*Assistant Professor, Amity University, Patna

medium is popular among the youth as more new and varied content is bombarded into the pocket size device of them. They are engaged because of the influencer content and user generated content. The use of music in Instagram is almost everything in the form of stories and reals and now in post.

User Generated Content

Recently, user-generated content has peeked because of cheaper internet and mobile device facility for consumers in India. Also, the advent of the short video concept, which takes comparatively less time to be created than a short film or feature film. The videos can range from 15 seconds to 90 seconds, and videos can also be less than 15 seconds in duration. And the potential of videos to go viral and social media giving instant results and statistics to its users has pulled up celebrities and common household people to generate these short videos. Instagram provides instant gratification to the user in the form of views, likes, and comments, which triggers the user to generate more content for the mass. The short vertical videos on Instagram are termed reels. And to make a reel, you need a video clip or a collection of photos. However, the fact that you cannot ignore is the music; every reel or the other on Instagram requires audio, that is music. So, Instagram has developed its own audio library of music, which is distributed to it by music distributors and publishers, just like the streaming sites. Every time a piece of music is streamed, a royalty is generated. So, Instagram users look for trending audio to make reels from. So that their content can also go viral. And the audio on which maximum numbers of reels have been made automatically starts trending. Earlier, Instagram allowed only 15 seconds of reels, went to 30 seconds, then 60 seconds, and now 90 seconds. Also, IGTV has been merged with Instagram Reels. But a Musical piece of Industry, be it Bollywood, Tollywood, Hollywood, or independent music, on average lasts at least 2 to 3.5 minutes. So, an Instagram influencer uses a particular portion of the song, for example, the main line or hook of the song, the catchiest part, to make reels. If the reel goes viral, the music goes viral, and vice versa. So, the songs which are trending people are more likely to use it in their stories, reels, and posts. So, the trending, and viral content influences the taste of users on Instagram.

Trends in Instagram Music

So, what is music, for me simply which is not noise, which is pleasant to the human ears, which has tempo, rhythm, harmonics, pitch, and all kinds of variations. A musical piece is a feeling of an artist which is poured out as a single wav/mp3 file. In this technical world of application people are sharing their emotions via Instagram music. Music is a blend of technicalities and emotions which reflects the inner space of the artist involved in it. Today we have music ranging from multiple genres available instantly on the Instagram library and people have easy access to them. Also, now the industry is also convergent in terms of genre. Multi-genre, cross-genre, or we can term as more and more fusion music is being created nowadays. This pulls more different types of audience at one song. Also, nowadays music has shorter intro and more repetitive hook lines. Nowadays genres like lo-fi music are trending, where songs are slowed and reverbed, some famous dialogue mix songs, BGMs of films, indie music, hip hop tracks, rap music have also started trending. Also, out of the blue content start trending. And things which are trending easily states that more and more people are liking it. Instagram has given easy access to the feature of editing photos, merging videos, and adding music from the library to post the content in a minute, without using any third-party video editing application. So, this triggers the other users to make content, but people or users want

to show different content or be original with it, so the photos, video clips will be changing but the music remains the same, as people follow trends of using the music which is either trending or has the potential to blow up. The above states that the video and photo used in the content created by users are personalized and they use either their own photo or video but are more likely to use a trending or viral song to get reach to their user generated content.

Instagram Attracting Youth

Polaroid cameras or instant cameras are those that can click photos and print them instantly, and the logo of Instagram looks exactly like it, which states its clear ideology of an instant click and upload feature like the click and print feature of Polaroid cameras. Kevin Systrom designed its logo, which was exactly like the Polaroid cameras and eventually got redesigned as a square bright gradient colour. Instagram, from its logo to its UI, uses bright colours to attract youth. Instagram's algorithm of interest-based post recommendations gets the attention and likes of youth. In teenagers, that is, the post-, pre-, and puberty phases, the body goes through variable changes, and Instagram filters let the acne on the faces hide and shine out. It lets its users act cool in the virtual world. Even if a youngster has no musical ideas or taste, he or she can follow the trend culture and use the music to be part of the acceptance of young cults on Instagram.

Convergent Media

The young generation wants to be wild and free. With a simple analogy, if a young group is going on a trip, unlike a family trip where too much luggage is carried, the young guys and girls want to carry only portable equipment. The boom of media convergence has attracted young minds and bodies. A smartphone is equivalent to a video camera, still camera, CD/DVD players, books, and wallets to carry cash. The convergence of media to fit in pockets and hands has made young bodies feel the power of carrying the world and think of changing it with their posts and content. And the addition of internet and social media to the pocket friendly device has activated the global village phenomena and sharing content to world and do a cross cultural representation, expression, and acceptance, which in turn influences the users that are the followers and the followings.

Review of Literature

Since it was introduced in October 2010, Instagram has seen a rapid hike in both the number of users and uploads. Users can easily share their updates by taking photos and editing them using filters on this relatively new form of communication (Hu et al., 2014). The unprecedented popularity of Instagram reflects a recent Pew analysis that claims images and videos have replaced text as the primary online social assets (Rainie, Brenner, and Purcell 2012). There are currently 3.6 billion active users of social networking sites, and this number is expected to rise as mobile device usage and social networks continue to gain popularity (Sharma et al., 2022). The cultural production that has occurred because of the new media revolution has been participatory in nature and frequently involves "users, audiences, consumers, and followers" in the production of culture and content (Chanda & Alfarid Hussain, n.d.). Instagram, Facebook, Twitter, and other social media platforms have become an integral part of the lives of young people. (Lakhiwal & Kar, 2016; van Dijck & Poell, 2013). Instagram has grown to be a valuable resource for researching images and videos (Chanda & Alfarid Hussain, n.d.). An individual's self-confidence in their natural appearance and colour is significantly decreased by artificial beautification brought on by filters because they tend to think they will look less attractive without the use of filters, which forces them to

use them to fit in (Sharma et al., 2022). This states that how the young generation needs validation and get influenced by the social media trends and culture. Smartphones play a significant role in our lives because they put the advantages of both culture and technology in our hands and are used for more than just making phone calls and texting. Smartphones are among the best-optimised social platform devices based on convergent media technologies (Hwang & Lee, 2022). Instagram users tend to be much younger than Facebook users, and it has a more diverse audience than other social networks (Salomon, 2013). Users can interact with content and other users by liking posts, commenting on posts, replying to Stories, and using direct messaging (DM) to communicate with specific users. Stories can be edited with text, stickers, GIFs, or filters, and users can add things like music, a location, the temperature, or mention another user by their username (Wert, 2022). Garcia (2016) also emphasises how social media may give musicians the chance to grow and reach new audiences like never before, enhance brand exposure through digital word-of-mouth, collect information about followers, and efficiently market new music to fans. Fan contact and participation allow musicians to immerse people in their musical universe, enhancing fan loyalty and, eventually, revenue (Garcia, 2016). Now that Instagram has become more than just a photo-sharing social network, it is now a video content platform too, and as always, Instagram has featured music as a crucial topic (Jaakkola, 2023). Here (Berns et al., 2010) claims that social media has an impact on its users and influence their decisions of music consumption as popularity views in their peer group shape young adult behaviour. This implies that one of the primary mechanisms through which popularity ratings influence consumer choice is anxiety caused by an imbalance amongst one's own choices and those of others. People are motivated to change their decisions in the best interest of the majority through misfit discomfort.

Results/Findings

R1. Which is your most favourite Social Media Platform?



In this research survey, the above question was crucial to know how much people are engaged with social media platforms and which one is their most favourite. Social media like Instagram tops the chart here and is popular among the younger generation, and maximum number of particiant where in the age group of 18-21 years. This shows that Instagram is a handy and most used social media among the young generation. Instagram is the obvious favourite among the sampled youth, with YouTube and WhatsApp coming in second and third, respectively. Facebook is far less popular, while Twitter is the least popular platform among this set of participants. It's crucial to highlight that the popularity of social media sites varies greatly among age groups and demographics, hence our findings are limited to the sampled youth aged 13 to 30 and sample size of 103.

R2. Do you use Instagram?



The above shows that most of the

people are using Instagram among the 103 samples 93 use Instagram, 1 said No and 9 answered sometimes. So, the chance of influencing the young generation and exposure of the social media Instagram is high.

R3. Do you think Instagram can Grow without Music?



Among the 103 samples, 8 said Yes, 76 said No and 19 said sometimes. This was one of the most important aspects of this research paper as the keyword and variable music is being influenced by Instagram and its algorithms of viral and trends. So, the general and majority perception of youth relating to it is that Instagram cannot grow without music. This clearly states that music is an integral part of Instagram. And Instagram is influencing the musical taste of young generation.

R4. Do you think Instagram has changed your musical taste?



Among 103 respondents, 38 said yes that they think that Instagram has changed their musical taste, whereas in 34 respondents says a straightforward no to the question and they don't think that the social application is influencing their mind, but 31 respondents think that sometimes they get influenced by the Instagram on their musical taste. With the data this can be analysed Instagram is influencing the musical taste of people who said yes and sometimes consciously.

R5. Do you follow the trending music on Instagram?



In this case, 50 participants stated they follow trendy music on Instagram, whereas 27 said they do but only occasionally. However, 26 claimed they do not follow current music on Instagram. The trending music suggests the majority and viral material that participants follow to be considered a part of the majority. And exposure to popular music that is unrelated to its genre and flavour effects a person's taste.

R6. Do you share the songs trending on Instagram?



According to the findings of the research, 46 of the surveyed participants actively post songs that are now trending on Instagram. In comparison,

39 of respondents do not share trending songs on the platform, demonstrating a disparity in musical participation. Furthermore, 18 of participants said they only share trending songs on Instagram on occasion. These responses provide light on the various techniques people take when it comes to sharing and engaging with the newest musical trends on Instagram, highlighting the complex nature of music consumption and sharing on this popular social media site.

R7. Do you listen to the songs you explored on Instagram on other musical platforms?



The survey results show that respondents' music consumption habits vary in the setting of Instagram. A significant majority of participants, 70 percent, actively extend their music research beyond Instagram by listening to songs they discover on other musical platforms. This shows that Instagram acts as a vehicle for users to discover music, which they subsequently seek out on dedicated music platforms. However, a smaller group of eight people prefer to consume music solely through the Instagram ecosystem. Another 25 responders follow a sporadic pattern, occasionally discovering songs on various platforms. These findings highlight the complicated and multidimensional nature of how people interact with music in the digital sphere, as well as the crucial role that Instagram plays in this process.

R8. Do you listen to Instagram trending songs on other musical platforms?



62 respondents actively seek out and listen to Instagram trending songs on other musical platforms, while 12 respondents consume these trending songs purely within the Instagram environment. An additional 29 respondents demonstrate a fluctuating pattern of exploring these songs on different musical platforms on occasion. These findings show Instagram's important role in introducing people to trendy music, with most users expanding their music consumption across several platforms. However, a sizable proportion of Instagram users prefer to limit their music discovery and consumption to the Instagram environment.

R9. Do you think trending music on Instagram influences you?



The examination of replies to the question about the influence of trending music on Instagram reveals that participants' perspectives differ. A significant number, 48 people, recognise that trending music on Instagram influences them, implying that the platform's music trends have a significant

impact on their musical preferences and choices. However, 20 respondents say Instagram's trending music has no effect on them, demonstrating a level of immunity to the platform's musical trends. Furthermore, 35 participants report being influenced by Instagram's popular music on occasion, indicating a more flexible and context-dependent response. These findings highlight the complex and varied ways in which people connect with and are influenced by Instagram's music trends, highlighting the platform's significance as a big influencer in the music world.

R10. Do you think Instagram is influencing the musical taste of young generations?



The data analysis of replies to the question concerning Instagram's influence on the musical tastes of the young generation reveals a consistent impact. With 85 participants, a sizable majority believes Instagram has sway over the musical preferences of the younger generation, highlighting the platform's significant importance as a shaper of musical taste. In contrast, a small percentage of 7 respondents believe Instagram has no such influence, implying that the platform has no effect on their musical preferences. An additional 11 participants report feeling influenced by Instagram on occasion, indicating a more variable reaction pattern. These findings illustrate Instagram's substantial influence on the musical tastes of the younger population, indicating the platform's considerable position as a trendsetter and influencer in the world of music.

Conclusion :

The research indicates that media convergence, particularly the rise of social media platforms like Instagram, has drastically altered how young people aged 13 to 30 connect with music and culture. Several major findings are highlighted in the study. First, the proliferation of portable and handy smartphone and all kind of fancy appealing UX/UI social media apps has resulted in convergent media, allowing for easy access to and sharing of music and cultural content. This convergence has resulted in a convergent culture in which local and global music coexist.

Second, user-generated content, particularly short user-generated content such as Instagram Reels, Instagram stories has gained in popularity, with music having a significant role in defining users' musical preferences. Instagram's music library and trend-driven content generation help to make the site viral. Instagram's design and features are expressly geared towards attracting and engaging youth, while also giving a platform for self-expression and a sense of belonging. Finally, the study emphasises the role of popular music on Instagram in developing its user base's musical interests. And once it has influenced the person on the application, that is a trending and viral audio which is likeable to most audiences then they listen to the audio on other audio streaming platforms and as well as use it in their short user generated content. The convergence of media technologies on Instagram, together with its young and diversified user base, enables the quick dissemination of music trends and has a cultural impact and influence. Users like to follow what's hot, therefore trending music has a large influence on the musical tastes of the Instagram community.

Finally, Instagram, as a popular social media platform, has a big impact on the musical preferences of the younger generation, owing to media convergence, quick content creation, and trend virality. This study emphasises the necessity of continuing to investigate the role of social media in shaping cultural and musical trends among young, as well as the need to consider the impact of convergent media on their cultural experiences.

The fundamental weakness of the study is the small sample size of 103 individuals, which limits the generalizability of findings to the larger youthful population. This sample size constraint raises questions regarding potential sampling bias, a lack of diversity, and the analysis's statistical power. Furthermore, a limited sample size restricts the scope of the study and might lead to response bias, making outlier responses excessively influential. Subgroup analysis becomes difficult, and the chance of Type I and Type II mistakes increases. While small sample sizes are frequently driven by resource and time restrictions, they limit the study's capacity to make comprehensive and universally applicable findings about the influence of Instagram on young people's musical tastes.

References :

Chanda, N., & Alfarid Hussain, Dr. (n.d.). CREATION AND CONSUMPTION OF CULTURAL ARTEFACTS IN THE AGE OF "INSTA-CULTURE." *Journal of Content, Community & Communication*, *13*. https://doi.org/10.31620/JCCC.06.21/21

De Veirman, M., Cauberghe, V., & Hudders, L. (2017). Marketing through Instagram influencers: the impact of number of followers and product divergence on brand attitude. *International Journal of Advertising*, *36*(5), 798–828. https://doi.org/10.1080/02650487.2017.1348035

Hu, Y., Manikonda, L., & Kambhampati, S. (2014). What we Instagram: A first analysis of Instagram photo content and user types. *Proceedings of the International AAAI Conference on Web and social media*, *8*(1), 595–598. https://doi.org/10.1609/icwsm.v8i1.14578

Hwang, R., & Lee, M. (2022). The influence of music content marketing on user satisfaction and intention to use in the metaverse: a focus on the SPICE model. *Businesses*, *2*(2), 141–155. https://doi.org/10.3390/businesses2020010

Sharma, A., Sanghvi, K. A., & Churi, P. (2022). The impact of Instagram on young Adult's social comparison, colourism, and mental health: Indian perspective. *International Journal of Information Management Data Insights*, *2*(1), 100057. https://doi.org/10.1016/j.jjimei.2022.100057

Salomon, D. (2013). Moving on from Facebook: Using Instagram to connect with undergraduates and engage in teaching and learning. *College & Research Libraries News*, *74*(8), 408–412. https://doi.org/10.5860/crln.74.8.8991

Wert, B. (2022). *Fandom in the Digital Age: Examining parasocial relationships between fans and music artists on Instagram*. https://doi.org/10.15760/honors.1177

Garcia, K. P. (2016). The fan-artist relationship on social networking sites: 11

A cyberstage pass for the music fan [M.A., St. Thomas University]. http://search.proquest.com/docview/1864650853/abstract/97DE1E07CF7545B6PQ/1

Jaakkola, M. (2023). Digital performance at the side stage: the communicative practices of classical musicians and music hobbyists on Instagram. *Continuum: Journal of Media & Cultural Studies*, 1–13. https://doi.org/10.1080/10304312.2023.2234109

Berns, G., Capra, C., Moore, S., & Noussair, C. (2010). Neural mechanisms of the influence of popularity on adolescent ratings of music. NeuroImage, 49, 2687-2696. https://doi.org/10.1016/j.neuroimage.2009.10.070.

तबला–वादन में रचना एवं रचना विस्तार सौन्दर्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन

शशी रॉय*

शोध सारांश

तबला पर वादन की जाने वाली रचनाओं का कोई भी व्यावहारिक अर्थ नहीं मिलता किन्तु जब ये रचनाएँ तबला पर बजाई जाती हैं तब श्रोताओं को भाषा का सौन्दर्य, उच्च कलात्मक आनन्द और अर्थपूर्ण सौन्दर्य का आस्वाद प्राप्त होता है। रचनाएँ तबला के वर्ण व अक्षरों से बनाई जाती हैं तथा रचनाओं में उन शब्दाक्षरों को एक मात्रा या सामान्य भाषा में कहें कि इसे आकार में बांधा जाता है। रचना का सौन्दर्य मर्यादित होता है। रचना का सौन्दर्यीकरण उसमें प्रयोग भाषा व उसके कला पक्ष पर आधारित होता है।

मूल शब्द : *रचना, विस्तार, बंदिश, सौन्दर्य, सौंदर्यीकरण*

प्रविधि : *द्वितीयक माध्यमों के अन्तर्गत पुस्तकों के अध्ययन के पश्चात् शोध–पत्र तैयार किया गया है ।*

मानव अपने मन के भाव व विचारों को व्यक्त करने के लिए अक्षर तथा शब्दों द्वारा निर्मित जिस माध्यम का प्रयोग करता है, उसे 'भाषा' कहते हैं। कोमल भावनाओं की भावमय अभिव्यक्ति के लिए भाषा को शब्दालंकार, अर्थालंकार, अनुप्रास, पुनरावृत्ति, तुक, गतिमानता, सम्बद्धता, लय के कलात्मक प्रयोग से रसपूर्ण स्वरूप प्रदान किया जाता हैं। उपरोक्त अलंकारों के माध्यम से जब भाषा का सौन्दर्यीकरण होता है तो उसे 'रचना' कहते हैं।[1] रचना–सौन्दर्य लक्षण कुछ इस प्रकार है–

1. वर्ण, मात्रा, काल और मात्रा–काल में प्रयोग जाति द्वारा रचना का निर्माण होता है। केवल मात्रा–काल के द्वारा रचना की आकृति का सही आकलन नहीं हो सकता है। उस रचना में कौन–सी जाति का प्रयोग हो रहा, यह ज्ञात हो जाने से उस रचना की आकृति के सही स्वरूप का आकलन हो पाता है। तत्पश्चात् जब उचित भाषा में यह बद्ध हो जाती है तो इसमें प्राण का निर्माण होता है।[2] तबला में कुछ रचनाएँ, जैसे–त्रिपल्ली, दुपल्ली, चौपल्ली व गतों में कभी–कभी एक से अधिक जाति का भी प्रयोग किया जाता है।

2. गति, रचना का एक अन्य सौन्दर्य बिन्दु है। रचना में जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है उनकी गति समान हो, यह आवश्यक नहीं है। कभी–कभी कुछ रचनाओं के मध्य में भिन्न–भिन्न लय के शब्द समूहों का प्रयोग रचना में योजनापूर्वक की जाती है। जिससे वह बंदिश अपने वर्ग के बंदिश व अन्य बंदिश से भिन्न सौन्दर्य व रस का निर्माण करती है। ऐसी रचना को बांधने में व वादन करने में रचनाकार व कलाकार की कल्पना शक्ति, शब्द समृद्धि, शब्दयोजना, लय–लयकारी में गुणवत्ता आदि कला पक्ष को प्रदर्शित करती है।

3. संगीत में गति या नृत्य की भाषा में कहें तो गत (चाल) आदि पशु–पक्षियों, प्रकृति व मानव के गतियों के आधार पर ग्रहण किया है। तबला वादक जब 'पेशकार' की प्रस्तुति करता है तो उसकी चाल, हाथी के मंद गति–सा प्रतीत होता है। घोड़े की चाल, पक्षियों के बोलने का ढंग, मृग की दौड़ व छलांग कायदे में, उसके पल्टे व तिहाई में इनके गतिमानता का सौन्दर्य दर्शन कराता है। हंस के पंखों की गति, झरनों का बहना आदि रेले व रौ में प्रखर रूप से दिखाई देती है। वहीं लग्गी लड़ी में कहीं–कहीं मनुष्य के आनन्द से झूमने की गति, एक सुन्दर–सी स्त्री के नाजुक, चंचल व श्रृंगार पूर्ण सौन्दर्य की एक अनोखी अनुभूति मिलती है।

विस्तारक्षम बंदिशों एवं उनका स्वरूप ऐसे ही निर्मित नहीं किया जाता है। मूल बंदिशों में जो सौन्दर्य व कर्णप्रियता होती है वह उसकी कलात्मक विस्तार क्रिया में समाहित होती है। रचना–विस्तार के अध्ययन के दौरान निम्न बातों पर विचार करना आवश्यक है–

1. रचना स्वरूप/आकृति कैसी है।
2. इसमें खण्ड कितने–कितने मात्राओं का है।
3. रचना में वर्ण, शब्द व शब्दों का समूह किस प्रकार का है।

*असि. प्रोफेसर, संगीत (तबला), कमला आर्य कन्या पी.जी कालेज, मिर्जापुर

4. रचना में कौन–से शब्दों की संगति बनी है और बन सकती है।
5. रचना का निकास किस बाज से करना उचित होगा तथा वर्णों का निकास सभी लय में सुगम हो।
6. रचना में नाद का स्वरूप ।

तबला वादन सामग्री में मुख्य रूप से पेशकार, कायदा और रेला विस्तारक्षम रचनाएं हैं जिसमें कलात्मक ढंग से अनेक सौन्दर्य तत्वों का समावेश करके उसके विस्तार या पल्टे बनाए/बजाए जाते हैं।

पेशकार जैसी रचना–विस्तार धीमी लय मुख्य रूप से मध्य लय में डगमगाती हुई खाली–भरी, लयकारी जैसे अनेक कलात्मक सौन्दर्य तत्वों के साथ विभिन्न घरानों तथा कलाकारों द्वारा भिन्न–भिन्न रूप के साथ बजाई जाती है। दिल्ली घराना में पेशकार का विस्तार धीमी लय में प्रारम्भ होता है, बाद में धीरे–धीरे ड्योढ़ी लय में तत्पश्चात् दुगुन लय का भी प्रयोग किया जाता है। ड्योढ़ी या दुगुन बजाते समय भी सम पर आने के लिए मूल लय में जाकर अनुरूप शब्द प्रयोग लिए जाते है। इस तरह विभिन्न लयों में खेलना हवाई यात्रा करने के बाद फिर मूल लय में प्रवेश करना दिल्ली घराने की खसियत है।

धाऽकिट धाऽतिऽ धाऽधाऽ तिरकिट
धाऽतिऽ धाऽधाऽ तिऽधाऽ दिंऽनाऽ[3]

जहां पश्चिम बाज के पेशकार वादन में एक अनुशासन होता है। उसके वादन प्रकृति में गंभीरता होती है। वहीं पूरब बाज के पेशकार वादन में रंग भरने की कोशिश की जाती है। रचना में ताल की खाली, भरी तत्व का प्रयोग किया जाता है किन्तु यह आवश्यक नहीं जो शब्द भरी में था वो ही शब्द खाली में भी प्रयोग किया जाय तथा विस्तार के मध्य में ताल की आखिरी मात्रा में अलग–अलग प्रकार से तिहाई का प्रयोग कर सम पर मिलकर विस्तार जारी करते है। जिससे श्रोताओं का ध्यान कलाकार अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पेशकार मध्यलय में बजाए जाने के कारण इसमें दांब–गांस का पूर्ण प्रयोग कर नाद सौन्दर्य की उत्पत्ति की जाती है। इस प्रकार कलाकार की दृष्टि, कल्पना क्षमता, हाथ की तैयारी व सफाई के अनुसार विस्तार की असीम सम्भावनाएं प्राप्त होती हैं।

कायदा, तबले का दूसरा महत्वपूर्ण रचना–विस्तार है। यह तबला वादन की सामग्री है। तबले के ऐसे वर्ण व शब्द समूह जिसे ताल के ताली–खाली, मात्रा संख्या, विभागीकरण आदि को ध्यान में रखकर नियम में बांधा जाए जिसका विस्तार आसानी से हो, उसे कायदा कहते हैं। कायदे में अनेक सौन्दर्य बिन्दु हैं जिसका अवलोकन कर सकते हैं।

कायदे में ऐसे शब्दों का व बोलों का प्रयोग किया जाता है जिसके विस्तार क्षेत्र की सम्भावना अधिक से अधिक हो तथा कायदे के बोलों को उलट–पलट कर जो नया स्वरूप बनाया जाए वह अपने मूल रचना से ही बने क्योंकि कायदे के विस्तार में पेशकार–जैसी शिथिलता नहीं अपनाई जाती है, जैसे–

धाति धागे नधा तिरकिट ....कायदे का विस्तार
धातिधागे नधातिधा गेनधागे नधागेन ....

यहां पर 'धा गे न' का विस्तार किया जा रहा है। यह चतुस्त्र जाति में बंधा है किन्तु धा गे न तीन मात्रा वाला है इसलिए विस्तार की चाल कुछ नवीन–सी प्रतीत होती है। इसी प्रकार कलाकार, अपनी सृजनशीलता के द्वारा मानवी तथा भाषा की तरह विराम, अर्ध विराम देकर बजाने से कायदा वादन की रीति में एक कलात्मक रूप का दर्शन होता है। उदाहरणार्थ–

धातेटेधा तीधागेना धातीधागे तीनाघेघे } मूल
नातेटेधा तीधागेना धातीधागे तीनाकेना } कायदा

धाऽऽ,धा तीधाधेना धातीधागे तीनाधेधे } विस्तार
नातेटेधा तीधाधेना धातीधागे तीनावेना }

इसमें 'धा' के बाद विराम है, इसमें 'धा' पर या तो बल के साथ प्रहार करके विराम को पूर्ण कर सकते हैं या दाब–गॉस का प्रयोग कर मनुष्य के श्वाँस–उच्छ्वास की भाव–अनुभूति की झलक दिखाते हुए रचना विस्तार में ध्वनि सौन्दर्य वृद्धि करते हुए अग्रसर होता हैं।

इसके विस्तार में बल, पेंच जैसे आदि सौन्दर्य के भी दर्शन होते हैं। जिसके बजाने के लिए तैयारी की आवश्यकता होती है। कायदे में विस्तार करते समय खाली में कहीं–कहीं अलग शब्द का उपयोग किया जाता है। इस विशेषता का निर्माण मुख्यतः अजराड़ा घराना के उस्तादों द्वारा किया गया।

उदाहरण–

धागेतिट	कड़धेतिट	धागेनागे	धीनागीना।
x			
कड़धेतिट	धागेतिटे	धागेनागे	तीनाकीना।
2			
तिटकड़ते	तिटतिट	ताकेनाके	तिनाकिना।
0			
कड़धेतिट	धागेतिट	धागेनागे	धीनागीना।[4] धा
3			x

कायदे का वादन मध्य लय में किया जाता है तथा यह एक कलाकार की तैयारी पर निर्भर होता है कि वह दुगुन, तिगुन, चौगुन व अठगुन की लय में इसका प्रदर्शन करें। यह तिहाई के साथ ही समाप्त होता है।

रेला का सौन्दर्य उसकी गतिमानता पर निर्भर करता है। रेला का रचना विस्तार कायदे के समान ही होता है जिससे उसका विस्तार आसानी से किया जा सके। रेला में कम अक्षरों या शब्दों का प्रयोग होने से उनकी निरन्तर पुनरावृत्ति होती रहती है। गतिरोधक न होने से यह रेला के अक्षरों का प्रवाह अविरिल रूप से चालू रहता है और वादक अपने बायें पर न्यूनाधिक दबाव देकर निर्माण करने वाले वजन के कारण उसी समय उस रचना को वर्तुलाकार गति प्रदान करता है।[5] रचना विस्तार में कभी भी एक व्यंजन अक्षर को कभी दोबारा उसी अंगुली से नहीं बजाया जाता है जिससे रचना विस्तार करते समय तक धारा–प्रवाह बना रहता।

इनके अतिरिक्त कुछ रचना है जिनका विस्तार होता है, जैसे–लग्गी, बॉट आदि। कायदे के तरह लग्गी का विस्तार होता हैं किन्तु इसके विस्तार में कायदे जैसे अनुशासन का पालन नहीं किया जाता है। यह कहरवा, दादरा जैसी तालों में मुख्यतः बजाई जाती है। इनका प्रयोग स्वतंत्र वादन में नहीं, संगत के क्षेत्र में मुख्य रूप से किया जाता है। इसके वादन से गायन आदि में चैतन्यता एवं आनन्द की उत्पत्ति होती है। इसके विस्तार में खाली, भरी का कलात्मकता के साथ प्रयोग किया जाता है । लग्गी के विस्तार को बांट कहते हैं किन्तु बनारस घराना में बॉट नामक बंदिश का प्रयोग तबला–वादन में स्वतंत्र रूप से अपनाया गया है।

निष्कर्ष :

हृदय की भावनाओं को प्रकट करना ही संगीत का मुख्य उद्देश्य है। जब कोई कलाकार सूक्ष्म से सूक्ष्म भाव को स्पष्टता से प्रकट करता है उसका भाव पक्ष उतना ही प्रबल माना जाता है। तबला में बजाए जाने वाली रचना व रचना विस्तार में उस्तादों व विद्वानों ने अनेक सौन्दर्यात्मक तत्वों का समावेश कर कला पक्ष व भाव पक्ष को सबल रूप दिया है जिसका प्रयोग वर्तमान में भी किया जा रहा है।

संदर्भ सूची :

1. श्रीवास्तव, शुभा, उत्तर भारतीय तालों में छन्द, रस और सौन्दर्यतत्व, पृ.सं.–117–118
2. माईणकर, सुधीर, तबला वादन–कला और शास्त्र, पृ.सं.–197
3. वही, पृ.सं.–111
4. पटेल, जमुना प्रसाद, तबला वादन की विस्तारशील रचनाएँ, पृ.सं.–188
5 माईणकर, सुधीर, तबला वादन–कला और शास्त्र, पृ.सं.–124

सन्दर्भ ग्रन्थ :

पटेल, जी. प्रसाद. (2006). तबला वादन की विस्तारशील रचनाएं, नई दिल्ली : कनिष्क पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स।

मुलगांवकर, अरविन्द. (2018). तबला (प्रथम हिन्दी संस्करण), वाराणसी : लुमिनस् बुक्स।

माईणकर, सुधीर(2015). तबला वादन–कला और शास्त्र, मिरज : आ.भा. गांधर्व महाविद्यालय मण्डल

श्रीवास्तव, शुभा. (2013). उत्तर भारतीय तालों में छन्द रस और सौन्दर्य, नई दिल्ली : कनिष्क पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स।

संगीत शिक्षा की प्राचीनकालीन शालेय शिक्षण–प्रणाली

एलिस गुप्ता*

सारांश

मानव–जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार शिक्षा का स्वरूप समय–समय पर बदलता रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की जब बात आती है तो संगीत शिक्षण भी इससे अछूता नहीं रहा है। संगीत में शिक्षा की पद्धति और स्थिति आज जैसी है वैसी पहले नहीं थी। वैदिक कालीन संगीत–परंपरा में संगीत शिक्षा का जो रूप उस समय प्रचलित था वह सामगान के रूप में था। सामगान के रूप में ही वैदिक संगीत की परंपरा कायम थी। सामगान के प्रशिक्षण के लिए तीन रूप प्रचलित थे– पिता द्वारा पुत्र को साम का प्रशिक्षण, परंपरागत गुरु शिष्य पद्धति, गुरुकुल पद्धति अथवा शालेय शिक्षण। प्रस्तुत शोध–पत्र में वैदिक से लेकर मध्यकाल तक, संगीत शालाओं (संगीत विद्यालयों) में संगीत–शिक्षा के विकास और महत्व पर चर्चा की गई है तथा इसके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

संकेत शब्द : *संगीत शाला, शिक्षण, अध्ययन, संगीताध्यापन*

प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र द्वितीयक माध्यमों से सहयोग लेकर तैयार किया गया है ।*

शालेय शिक्षण को आधुनिक संस्थागत पद्धति का प्राचीन रूप कह सकते हैं। इससे पहले शिष्य को, गुरु शिष्य परम्परा में अथवा गुरु के आश्रम में रहकर संगीत सीखना पड़ता था। शालेय शिक्षण का प्रचलन वैदिक काल में काफी देखने को मिलता है। उस समय संगीत–शाला, योग–शाला, शस्त्र–शाला आदि का प्रचलन था। शिक्षा ग्रंथों में ऐसे संकेत हैं जिनसे ज्ञात होता है कि आरम्भिक युग में वैदिक शाखा, ब्राह्मण, अरण्यक, सूत्र आदि विषयों का अध्ययन, अध्यापन उन विद्यालयों में होता था जिन्हें प्राचीन साहित्य में 'चरण' कहते थे। उस काल में संगीत का जो सिद्धान्त पक्ष था, उसके भी अध्ययन तथा प्रशिक्षण के लिए कई संस्थाएँ कार्य कर रही थीं। उस काल में अन्य वेदों की भाँति सामवेद की शैली तथा उसके सिद्धान्तों का अध्ययन करने के लिए कई साम परिषदों की स्थापना हो चुकी थी। वस्तुतः ये साम परिषदें तत्कालीन साम की उच्च अध्ययन संस्थान थी। वैदिक काल में इन संस्थाओं में 12 वर्ष तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को स्नातक, 24 वर्ष तक शिक्षा ग्रहण करने वाले को वसु, 36 वर्ष तक शिक्षा ग्रहण करने वाले को रूद्र तथा 48 वर्ष तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को आदित्य कहा जाता था। शिक्षा सत्र श्रावण मास की पूर्णिमा से लेकर पौष मास की पूर्णिमा तक चलता था। शिक्षा संस्थानों में प्रातः काल 7 बजे से 11 बजे तक तत्पश्चात् भोजनोपरान्त 2 बजे से सायं 6 बजे तक अध्यापन कार्य चलता था।[1]

इस काल में पाठ्यक्रम वर्ण–व्यवस्था तथा जीवन–दर्शन से नियमित हुआ करता था। विभिन्न वर्णों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम होने पर भी सामान्य रूप से पाठ्यक्रम का स्वरूप समान रहता था। 'गांधर्व के सामान्य शिक्षण के लिए वैकल्पिक विषय के रूप में विद्या मंदिरों में व्यवस्था थी किंतु व्यावसायिक अध्ययन के लिये संगीत–शाला, जैसे विशिष्ट कला केन्द्रों में जाकर विशेषज्ञ गुरुजनों से शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी । उपनिषदों में ब्रह्म ज्ञान की शिक्षा देने वाले ऋषियों की आवास भूमि को अरण्य कहा गया है। अतः ऋषियों के आश्रम भी एक प्रकार से विद्यालय या शिक्षा केंद्र थे। इसके अतिरिक्त ऐसे शिक्षा केंद्र भी थे जो महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के समरूप थे।

वैदिक काल में वर्तमान समय की तरह आर्थिक शुल्क का कोई प्रावधान नहीं था। शिक्षा समाप्त होने के पश्चात् गुरु दक्षिणा के रूप में शिष्य अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार कुछ भी उपहार स्वरूप प्रस्तुत करते थे। शिक्षा–प्रणाली में भी आधुनिक समय की भाँति परीक्षाओं की व्यवस्था नहीं थी। शिक्षा समाप्त होने पर विद्यार्थी को

*असिस्टेंट प्रोफेसर, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन, सोनीपत

गुरुजनों एवं गुणीजनों के समक्ष बैठकर विद्वानों द्वारा किए गये प्रश्नों के उत्तर देने होते थे। इस प्रकार उस काल में विद्यार्थी का उद्देश्य परीक्षा उत्तीर्ण करना न होकर ज्ञान प्राप्त करना होता था। वर्तमान समय के दीक्षांत समारोह की तरह उस समय समावर्तन संस्कार होता था जिसमें योग्य विद्यार्थी को नये वस्त्र, आभूषण आदि दिया जाता था। इस संदर्भ में डॉ मधुबाला सक्सेना कहती हैं– 'शिक्षा समाप्ति के पश्चात् समावर्तन संस्कार में योग्य विद्यार्थी एक विशेष होम का आयोजन करके कुल देवता तथा गुरु की पूजा के उपरांत स्नातक विद्यादान का व्रत लेता था। इस समय गुरू–शिष्य को जो अंतिम उपदेश देता था, उसे 'समावर्तन उपदेश' कहा जाता था।[2]

वैदिक कालीन संगीत संबंधित प्राप्त सामग्री का अध्ययन करने पर हम पाते हैं कि उस काल में शिक्षण की एक सुचारू प्रणाली थी। संगीत के क्रियात्मक व सैद्धांतिक दोनों पक्ष सर्वोच्च तल पर प्रतिष्ठित थे। इतने समृद्ध संगीत की कल्पना किसी शिक्षण विधि के अभाव में कभी संभव नहीं हो सकती। इस विषय में डॉ० पंकज माला शर्मा का कथन है– 'संगीत से संबंधित इतने विशाल साहित्य का सृजन एक दिन में अथवा अपने आप हो गया, ऐसा नहीं माना जा सकता इसके पीछे संगीत–शिक्षा की निश्चित रूप से एक सुदीर्घ परम्परा रही होगी और संगीत शिक्षण की कई संस्थाएँ कार्य कर रही होंगी।[3]

वैदिक काल के पश्चात् महाभारत काल में भी संगीत शालाओं में अध्ययन का उल्लेख मिलता है। महाभारत का भारतीय साहित्य के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान रहा है। संगीत की दृष्टि से यह काल बहुत महत्वपूर्ण रहा है इस युग में श्री कृष्ण, अर्जुन जैसे महान संगीतकार हुए। इस युग में राज दरबार की राज स्त्रियों को भी संगीत शिक्षा देने का उल्लेख मिलता है। शरच्चन्द्र श्रीधर परांजपे ने अपनी पुस्तक 'भारतीय संगीत का इतिहास' में लिखा है कि "इस काल में बड़े नगरों में संगीत–शिक्षा के लिए संगीत–शालाओं का प्रबंध शासन की ओर से किया जाता था। इनके सम्यक् संचालन का समुचित प्रबंध रहता था। मत्स्यराज की राजधानी में युवतियों की नृत्य शिक्षा के लिए ऐसे ही विशाल नृत्य भवन का निर्माण किया गया था।"[4]

बौद्ध काल में मगध साम्राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति आयी। इस साम्राज्य में तक्षशिला विद्यादान का प्रमुख केंद्र बन गया। इसमें शब्दविद्या, अध्यात्मविद्या, चिकित्साविधा, हेतुविधा और शिल्प विधा नामक पंच महाविद्या 'पंचयान' कहलाती थी। परांजपे के अनुसार, बोधिसत्व ने इसी विश्वविद्यालय में समस्त शिल्पों की शिक्षा प्राप्त की थी।

यहाँ पर आचार्य अपने अच्छे शिष्यों के सहयोग से शिक्षण कार्य संपन्न करते थे, अध्ययन–काल व गुरु शिष्य अनुपात का कोई निश्चित नियम नहीं था। अन्य कई विषयों के अलावा यहाँ अठारह शिल्पों, संगीत एवं नृत्य की भी शिक्षा दी जाती थी। ऐसा विद्वानों का अनुमान है।

काशी दूसरा विशाल शिक्षा केंद्र बना जिसमें संगीताध्यापन का स्वतंत्र विभाग था। यहाँ के अधिकतर शिक्षक तक्षशिला के पूर्व छात्र ही थे। शिक्षण में कुछ ऐसे विषय थे जिनमें इस विश्वविद्यालय को विशेषता प्राप्त थी। इस संदर्भ में 'राधा कुमुद मुखर्जी' ने अपनी पुस्तक 'The Ancient Indian Education' में लिख है– "There were certain subjects in the teaching of which Banaras seems to have specialised- There is a reference, for instance, to a school of music over by an expert, who was the chief of this kind in all India."[5]

तक्षशिला और काशी के अतिरिक्त इस युग में कई शिक्षा–केंद्रो की स्थापना तत्कालीन राजाओं द्वारा की गई जिनमें से नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी आदि उल्लेखनीय हैं। विद्वानों के अनुसार, इन सभी संस्थानों में गंधर्व का एक स्वतंत्र विभाग था जिसमें भारत विख्यात संगीतज्ञों की नियुक्ति हुआ करती थी लेकिन भारतीय संगीत के इतिहास में किसी ऐसे कलाकार या शास्त्रज्ञ का उल्लेख नहीं मिलता, जिसने तक्षशिला से लेकर विक्रमशिला तक किसी भी शिक्षा केंद्र में संगीत या गांधर्व की शिक्षा ग्रहण की हो। इसका एक कारण उस काल के सीमित स्रोत हैं जो विदेशी आक्रांता के कारण अपर्याप्त हैं जिनसे उस काल के शिक्षण के विषय में भली–भाँति पता लगाया जा सकता था। हालॉकि साहित्य, किसी भी काल की संस्कृति को जानने का एक सहायक माध्यम होता है और अगर उस काल के साहित्य की बात करें तो चाणक्य द्वारा लिखित अर्थशास्त्र उस समय का महत्वपूर्ण साहित्य है जिसमें कई संगीत शालाओं का स्पष्ट उल्लेख है।

चाणक्य उस समय तक्षशिला में अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक भी थे। उनके द्वारा लिखित अर्थशास्त्र से स्पष्ट है कि उस समय नाट्य तथा संगीत कला को राज्याश्रय प्राप्त था। गणिका, दासी तथा नटों को गीत, वाद्य, नृत्य, नाट्य, नृत, वैशिक आदि कलाओं की शिक्षा देने वाले व्यक्तियों को शासन की ओर से द्रव्य दिया जाता था। ललित कला की संस्थाओं का प्रवर्तन राज्य की ओर से होता था। ऐसी संस्थाओं में गणिकाओं के अतिरिक्त उनके वंशज तथा संगीत का व्यवसाय करने के इच्छुक अन्य शिक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाता था।[6]

वात्स्यायन के अनुसार संगीत शिक्षा का प्रबंध संगीतशालाओं के द्वारा किया जाता था। इन शालाओं का संचालन समस्त नगर की ओर से अथवा विभिन्न व्यावसायिक गणों की ओर से होता था। इन शालाओं का पाठ्यक्रम समाप्त करके गणिका तथा अन्य विद्यार्थी न केवल जीविकापार्जन के लिए योग्य बन जाते, अपितु सुसंस्कृत नागरिक कहलाने के लिए पात्र बन जाते थे।

भास के नाटकों में भी संगीत–शालाओं का उल्लेख मिलता है। उनके अनुसार राजभवन के परिसर में संगीतशालाएँ हुआ करती थीं, जिसमें गीत, वाद्य, नृत्य तथा नाट्य आदि कलाओं का यथाविधि शिक्षण प्रचलित रहता था तथा राजकन्याओं को संगीत शिक्षा बाल्यकाल से दी जाती थी।

शूद्रक के 'मृच्छकटिक' के अनुसार संगीतशाला के अंतर्गत संगीत तथा नाट्य दोनों कलाओं की शिक्षा प्रदान की जाती थी। ऐसी संगीत–शालाएँ श्रीमान रसिकों की छत्रछाया में परिवर्तित होती थी तथा इनमें सुयोग्य आचार्यों को नियुक्त किया जाता था।

गुप्त युग भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग है जिसमें साहित्य, संगीत तथा अन्य ललितकलाओं की चतुर्मुखी उन्नति का स्पष्ट चित्र दृष्टिगत होता है। इस युग के साहित्य तथा कला विषयक सामग्री से प्रमाणित है कि तत्कालीन राजभवनों में संगीत शाला का प्रबंध रहता था, जिसमें अधिकारी आचार्यों को संगीत तथा नाट्य की शिक्षा देने के लिए उच्च वेतन पर नियुक्त किया जाता था। बाण कृत 'हर्षचरित' में राजभवन के अंतर्गत संगीतगृह का उल्लेख है, जो राजप्रासादों का आवश्यक अंग रहा है।[7]

कालिदास इस युग के महान कवि व नाटककार थे। इन की कृतियों में भी संगीत विषयक जो उल्लेख पाए जाते हैं, वे तत्कालीन लोकाभिरुचि तथा संगीत–संबंधी परिस्थिति के द्योतक हैं। इस युग में संगीत कला को यथेष्ट राजसम्मान प्राप्त था। राजगृहों में संगीत–शालाओं का संचालन बड़ी सफलतापूर्वक होता था, जिसके फलस्वरूप मालविका, हंसपदिका, शर्मिष्ठा, इरावती तथा इंदुमति जैसी सुयोग्य एवं प्रतिभासंपन्न कलाकृतियों का निष्पादन होता था। संगीत कला को केवल राजाश्रय था, यही बात नहीं, वरन् कुछ राजाजन संगीताध्ययन में रुचि रखते थे तथा उस कला में पारंगतता प्राप्त करते थे।[8]

उनके द्वारा लिखित माल्विकाग्निमित्र में इस नाटक के नायक अग्निमित्र के राजगृह में संगीत शाला का उल्लेख मिलता है जिसमें संगीत के विविध अंगों का अध्ययन तथा अध्यापन अधिकारी आचार्यों की देख रेख में होता था। राजभवन के भीतर संचालित संगीत तथा नाट्यशाला के आचार्यों को बहुमान से देखा जाता था। राजभवन में संगीत की शिक्षा का प्रबंध विशेष रूप से राजस्त्रियों तथा उनकी दासियों के लिए होता था।[9]

'अभिज्ञानशाकुंतलम्' में भी हंसपदिका के संगीत अभ्यास का वर्णन कालिदास ने एक कुशल मर्मज्ञ की भाँति किया है।

पं. परांजपे के अनुसार, इन संगीतशालाओं में स्वर, वर्ण, गीति, मूर्च्छना, तान, राग, वस्तु तथा अभिनय इत्यादि की विधिवत शिक्षा दी जाती थी। विद्यार्थियों को प्राचीन वाग्यकारों की कृतियों की शिक्षा दी जाती थी तथा उस कृति के अनुकूल रस तथा लय में नृत्याभिनय की कला सिखायी जाती थी।[10]

भारत में संगीत शालाओं का एक संपन्न इतिहास है। इनका अध्ययन करने पर वैदिक काल से लेकर गुप्त काल तक संगीत शालाओं में संगीत शिक्षा की गहन परंपरा का पता चलता है। व्यवस्थित शिक्षा प्रणाली, ज्ञान के प्रसारण और संगीत शैलियों के संरक्षण के माध्यम से, संगीत शाला ने प्राचीन भारत की समृद्ध संगीत विरासत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

निष्कर्ष :

संगीत शिक्षण के इतिहास में इन संगीत शालाओं का गहरा प्रभाव होने के साथ–साथ इन शालाओं का

अध्ययन आधुनिक काल में भी प्रासंगिक है। इन युगों में स्थापित सिद्धांतों और प्रथाओं से संगीत शिक्षा, शिक्षण पद्धति और कलात्मक विकास के मूलतत्वों के विषय में महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। प्राचीन संगीत शालाओं में अपनाई गई ऐतिहासिक परिस्थियों और तकनीकों को समझकर, हम आधुनिक संगीत शिक्षा पद्धतियों, पाठ्यक्रम निर्माण और शिक्षण दृष्टियों को समृद्ध करने के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। अंततः, संगीत शिक्षा में प्राचीन संगीत शालाओं का अध्ययन अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु प्रदान करता है, जो संगीत की हमारी समझ को समृद्ध करता है और आधुनिक समय में इसकी निरंतर प्रासंगिकता और जीवन शक्ति का समर्थन करता है।

संदर्भ सूची :

1. सक्सेना, डॉ. मधुबाला, भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्तर, पृ.सं.–52
2. सिंघल, डॉ. महेशचन्द्र, भारतीय शिक्षण की वर्तमान समस्याएँ, पृ.सं.–18, 20
3. संगीत, मासिक पत्रिका, जनवरी–1988, पृ.सं.–7
4. परांजपे, डॉ. शरच्चंद्र, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ.सं.–165
5. Ancient Indian Education, Radha Kumud Mukharji, page-490
6. परांजपे, डॉ. शरच्चंद्र, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ.सं.–251
7. वही, पृ.सं.–482
8. वही, पृ.सं.–488
9. वही
10. वही, पृ.सं.–488

व्यक्तित्व विकास में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की भूमिका

डॉ. खिलेश्वरी पटेल*

सारांश

भारतीय शास्त्रीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा है। सभी शास्त्रीय नृत्य की अपनी–अपनी क्षेत्रगत विशेशता है किन्तु एक समानता जो सभी में है वह है आध्यात्म और संस्कृति की। नृत्य को सामान्यतः मनोरंजन का साधन अथवा केवल मंच पर प्रस्तुत की जाने वाली कला माना जाता है परंतु वास्तव में नृत्यकला एक साधना है जो जीवन में संतुलन लाती है और मनुष्य के अच्छे गुणों में वृद्धि कर व्यक्तित्व का समग्र रूप से विकास करती है। इस लेख में विशेष रूप से शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों में होने वाले व्यक्तित्व विकास की चर्चा की गई है। वैसे तो सभी कलाएँ व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं, परंतु शास्त्रीय नृत्य ऐसी कला है जिसमें गायन–वादन का प्रयोग संगत के रूप में तो होता ही है लेकिन साथ ही साथ, चित्रकला, मूर्तिकला, साहित्य जैसी अन्य ललित कलाएँ भी अपरोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। ये सभी कलाएं मिलकर व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक गुणों को विकसित कर अपनी क्षमताओं को जानने का अवसर प्रदान करती हैं। अतः विशेष रूप से शास्त्रीय नृत्य–शिक्षण के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है और शास्त्रीय नृत्य सीखने के पश्चात् उनके व्यक्तित्व में किस तरह सकारात्मक बदलाव आता है, इस विषय पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्द : *भारतीय, भास्त्रीय नृत्य, व्यक्तित्व विकास, कला, मानव विकास।*

शोध प्रविधि : *यह एक सैद्धांतिक अध्ययन है जिसमें विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक पद्धति का प्रयोग करते हुए शास्त्रीय नृत्य के महत्व एवं इससे व्यक्तित्व में होने वाले विकास के संबंध में चर्चा की गई है। शास्त्रीय नृत्य के विद्यार्थियों एवं अन्य विषय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अंतर समझने के लिए अवलोकन विधि का प्रयोग किया गया है। साथ ही, नृत्य सीखने वाले अभ्यर्थियों से प्रश्नावली के माध्यम से, नृत्य सीखने के पश्चात् उनके निजी जीवन एवं व्यवहार में हुए परिवर्तनों को जानने का प्रयास किया गया है।*

प्रस्तावना– व्यक्तित्व के विकास में कलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष रूप से शास्त्रीय नृत्य, मनुष्य की जीवन–शैली एवं व्यवहार में अद्भुत परिवर्तन लाती हैं। अन्य विषयों अथवा अन्य विधाओं के विद्यार्थी केवल उस विशेष विधा में या विषय विशेष में प्रवीण होते हैं किन्तु शास्त्रीय नृत्य का विद्यार्थी नृत्य में निपुण होने के साथ–साथ जीवन के अनेक पहलुओं से अवगत होता है और जीवन जीने की कला भी सीखता है। प्राचीन समय में पूजा–विधि के रूप में मंदिरों में किए जाने वाले इस कला का स्वरूप भले ही बदला हो परंतु आज भी गुरू–शिष्य–परंपरा से चली आ रही है। यह नृत्यकला आध्यात्म एवं भक्ति से ओत–प्रोत है। इस कला को सीखने अथवा इसकी साधना करने से व्यक्ति में एकाग्रता, धैर्य, आध्यात्म, मानवता, शिष्टाचार, नैतिकता, व्यवहारशीलता, स्वास्थ्य, संस्कृति, सृजनशीलता जैसे गुणों का विकास होता है जो व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाकर पूर्णता प्रदान करती है।

मौजूदा शिक्षा प्रणाली में विषय–वस्तु के ज्ञान के साथ–साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम निर्धारण तो किया जाता है परंतु कहीं–न–कहीं इस पुस्तकीय ज्ञान में व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों की कमी देखी जा सकती है। वहीं कला शिक्षण के माध्यम से इन अभावों को दूर किया जा सकता है। वर्तमान समय में हर क्षेत्र मे हम निरंतर विकास कर रहे हैं किन्तु आर्थिक या राजनीतिक विकास के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना भी अति आवश्यक है।

व्यक्तित्व विकास आज के दौर में बहु–चर्चित विषय है। अनेक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं जो व्यक्तिव के पूर्ण विकास का दावा करती है किन्तु केवल बाह्य रूप से विकास कर लेना ही संपूर्ण विकास नहीं है। कला–अध्ययन इसी बाहरी आवरण को हटाकर आंतरिक रूप से सकारात्मक विकास करने का अवसर प्रदान करती

*सहायक आचार्या, नृत्य विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

है। नृत्य–साधना या नृत्य अध्ययन किस तरह व्यक्तित्व विकास में सहायक है, यह जानने से पूर्व व्यक्तित्व क्या है? यह समझना आवश्यक है।

''व्यक्तित्व व्यक्ति की ऐसी नितांत व्यक्तिगत विशेषता है जो उसके पूरे जीवन का प्रतिनिधित्व करती है, जब किसी शिशु का जन्म होता है तभी से उसकी क्रिया और प्रतिक्रिया से व्यक्तित्व की विकास–यात्रा शुरू हो जाती है और उसके जीवनपर्यंत अनवरत चलती है।''[1] व्यक्तित्व प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार और गुणों का प्रतिबिम्ब होता है। किसी का व्यक्तित्व अच्छे गुणों से परिपूर्ण अथवा गुण रहित भी हो सकता है। हमें इस आंकलन की आवश्यकता है कि हमारा व्यक्तित्व और व्यवहार प्रभावशील है अथवा इसमें विकास की जरूरत है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि ''व्यक्तित्व शक्ति का महान केन्द्र है और जब यह शक्तिशाली अंतर्मानव तैयार हो जाता है तो वह जो चाहे कर सकता है। यह व्यक्तित्व जिस वस्तु पर अपना प्रभाव डालता है उसी वस्तु को कार्यशील बना देता है।''[2]

शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से व्यक्तित्व में विकास

विभिन्न विद्वानों के अनुसार व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम हैं, जिनमें से लगभग सभी आयामों को नृत्य शिक्षण के माध्यम से निखारा जा सकता है। व्यक्तित्व के प्रारंभिक निर्माण में पारिवारिक वातावरण अथवा सामाजिक वातावरण की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। व्यक्तित्व सदैव समय के साथ परिवर्तित होता है और सही दिशा निर्देश और उचित शिक्षण–पद्धति से व्यक्तित्व और विचार में परिवर्तन लाया जा सकता है। यहाँ शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से विकसित होने वाले प्रमुख गुणों की चर्चा की गई है जो व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य आवश्यक तत्वों के केंद्र बिन्दु हैं।

''स्वामी विवेकानंद ने एकाग्रता को शिक्षा का सार एवं व्यक्तित्व विकास की प्रमुख सीढ़ी माना है। यदि छात्र को एकाग्रता का प्रशिक्षण दे दिया जाय तो अन्य सब विषय तो वह स्वयं आत्मसात कर लेगा।''[3] शास्त्रीय नृत्य में मनुष्य के शरीर का प्रत्येक भाग अर्थात् अंग, प्रत्यंग और उपांग सभी सक्रिय रूप से कार्य करते हैं। नृत्य प्रशिक्षण में विद्यार्थी को बोल के माध्यम से अथवा गिनती के साथ नृत्य की क्रियाएँ सिखायी जाती हैं जिससे सबसे पहले ध्यानपूर्वक देखने और सुनने के लिए आंख और कान फिर पुनः उन क्रियाओं को दोहराने के लिए धीरे–धीरे पूरा शरीर कार्यरत हो जाता है। चूंकि नर्तक को एक ही समय में शरीर के प्रत्येक भाग को संचालित करना होता है, तो इंद्रियाँ स्वतः कार्यशील हो जाती हैं। अंगों के व्यवस्थित व सौंदर्यपूर्ण संचालन के अतिरिक्त गायन–वादन के साथ सामंजस्य बैठाते हुए ताल और लय पर भी संयम रखना होता है जो इंद्रियों के केन्द्रित होने से ही संभव है। इस तरह निरंतर नृत्य अभ्यास करते–करते अभ्यर्थी अपनी इंद्रियों को वश में करना भी सीख लेता है और इंद्रियों पर संयम से एकाग्रता का गुण भी विकसित होने लगता है। इस दौर में जहाँ भटकाव के अनेक साधन उपलब्ध हैं वहाँ एकाग्रता लाना ही एक असंभव–सा कार्य है परंतु नृत्य में शारीरिक श्रम से मनुष्य का मन और मस्तिष्क दोनों ही शांत होता है जिससे एकाग्र होना और अपने लक्ष्य पर पहुंचना आसान हो जाता है।

शरीर, मन और आत्मा में संतुलन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम अध्यात्म है। अध्यात्म में लीन हो जाने भर से ही व्यक्तित्व में अद्भुत परिवर्तन आता है। यदि कोई व्यक्ति आध्यात्म मार्ग में है तो वह विभिन्न प्रकार के व्यसन, काम–क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा जैसी बुरी आदतों पर नियंत्रण कर विजय प्राप्त कर सकता है। आध्यात्म स्वयं को जानने, अपनी शक्ति को पहचानने और जीवन जीने की कला सीखाता है और जब हम स्वयं को पहचान कर अपनी भाक्तियों का उचित प्रयोग करना सीख लेते हैं तो कठिन से कठिन परिस्थिति का सामना करना आसान हो जाता है। शास्त्रीय नृत्य कैसे आध्यात्म की ओर ले जाती है? सभी शास्त्रीय नृत्यों की पृष्ठभूमि चाहे भरतनाट्यम हो, ओडिसी हो या अन्य शास्त्रीय नृत्य शैलियाँ, सभी का उद्भव मंदिरों में ही हुआ है और नृत्य प्रस्तुतिकरण में मुख्य कथावस्तु भी ईश्वर पर आधारित होती है। नृत्य के माध्यम से निरंतर ईश्वरीय स्तुति से भक्ति की भावना जागृत होती है और धीरे–धीरे यह आध्यात्म में परिवर्तित हो जाती है। वर्तमान युग में सामान्य मनुष्य जहां परस्पर ईर्ष्या की भावना से जी रहा है वहीं आध्यात्मिक व्यक्ति प्रेम, दया, करूणा, क्षमा जैसी भावनाओं से परिपूर्ण होता है जो उनके व्यक्तित्व को श्रेष्ठ बनाती है। प्रतिदिन नृत्य अभ्यास के साथ–साथ नृत्य में प्रयोग होने वाले भक्तिभावयुक्त भजन और गीत का अभ्यास परोक्ष रूप से ईश्वर में आस्था और अध्यात्म की ओर प्रेरित करता है।

व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाने में संस्कृति का महत्वपूर्ण

योगदान होता है। ''भारत संस्कृति समृद्ध देश है, जहाँ विभिन्न प्रकार की संस्कृति एवं परंपराएँ हैं जो इसे विश्व के अन्य देशों की तुलना में एक अलग पहचान देती है। भारतीय सभ्यता लगभग 4500 वर्ष पुरानी है जिसमें लोगों का विश्वास, ज्ञान, परंपराएँ, आदतें, खान–पान, आचार–विचार, भाषा, त्यौहार, कला एवं क्षमताओं का समावेश होता है। संस्कृति एवं परंपरा में केवल यही अंतर है कि परंपराएँ संस्कृति का ही एक भाग होती हैं जिसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि परंपराएँ संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं।''[4] सांस्कृतिक वातावरण की भिन्नता से किसी मनुष्य के व्यवहार और विचार में भी भिन्नता आती है। शास्त्रीय नृत्य केवल एक कला होने के नाते अथवा परंपरा से संबंधित होने के कारण संस्कृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती बल्कि बोल–चाल, वेश–भूषा, भाषा आदि को भी विकसित करती है जो संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। शास्त्रीय नृत्य प्रशिक्षण का प्रारंभ ही शिष्टाचार के साथ होता है। पहले दिन से ही भूमि को प्रणाम करना और गुरू का आशीर्वाद प्राप्त कर नृत्य का अभ्यास करना सिखाया जाता है। सभी का अभिवादन करना, सही तरीके से उठना–बैठना, सही ढंग से बोलना, व्यवस्थित वस्त्र धारण करना जैसे अनेक गुणों का विकास किया जाता है जिससे आदर और शिष्टाचार की भावना में संवृद्धि होती है।

ऐसा माना जाता है कि वेश–भूषा, व्यक्तित्व पर विशेष प्रभाव डालती है। वेश–भूषा किसी भी क्षेत्र की हो अथवा किसी भी शैली की हो, किन्तु उसे पहनने का सही ढंग व्यक्तित्व को आकर्षक बनाती है। किसी भी कला के अध्ययन के साथ लावण्य और सौंदर्य का गुण भी स्वतः ही विकसित होने लगता है जिससे उसके पहनावे, बोलचाल, भाषा आदि में वह सौंदर्य परिलक्षित होने लगता है। चूंकि शास्त्रीय नृत्य के प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सुव्यवस्थित कपड़े पहनना और पारंपरिक परिधानों के साथ नृत्य अभ्यास करना अनिवार्य होता है। अतः व्यवस्थित वेश–भूषा और आचरण, धीरे–धीरे अभ्यर्थी की आदत में शामिल होने लगता है। निश्चित रूप से पश्चिमी देश के पोषाक से प्रभावित पीढ़ी आरंभ में कष्ट का अनुभव करती है लेकिन कुछ समय पश्चात् ही इसका महत्व समझकर वे इसे अपनाते हैं और भारतीय वेश–भूषा पहन कर गर्व का अनुभव करते हैं। साधारण वस्त्रों को कलात्मक ढंग से पहनना, अच्छा खान–पान, उचित व्यायाम जैसे अनेक खूबियों को ग्रहण करने के साथ–साथ दिन–प्रतिदिन प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से वे अपनी संस्कृति से परिचित होते रहते हैं जो उनके व्यक्तित्व को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक है।

वर्तमान समय में प्रभावशाली संप्रेषण, व्यक्तित्व विकास के कारकों में से प्रभावी कारक है। ''संप्रेषण को प्रभावशाली बनाने में शारीरिक भाषा, जैसे– भाव–भंगिमा, हस्त–संचालन, बैठने एवं खड़े होने का ढंग आदि, आप क्या कहना चाह रहे हैं, इसका एहसास कराने में बहुत महत्वपूर्ण है।''[5] जीवन के हर एक चरण में प्रभावशाली संप्रेषण विशेष भूमिका निभाती है और एक नर्तक में यह विशेषता अवश्य होती है। शास्त्रीय नृत्य के कलाकार अथवा अन्य प्रदर्शनकारी कलाओं के साधक को भाषा का ज्ञान होना तो आवश्यक है ही, यथोचित प्रयोग करना भी कलाकार के लिए महत्वपूर्ण होता है। मंच पर स्वयं का परिचय देना हो या अपने विषय से दर्शकों को अवगत कराना हो इस प्रक्रिया में यह आवश्यक है कि अपनी बातों को सुंदर एवं कलात्मक ढ़ंग से प्रस्तुत किया जाय। सामान्यतः ऐसी धारणा है कि नृत्य का अध्ययन केवल प्रायोगिक पाठ्यक्रम पर आधारित होता है, परंतु वास्तव में अन्य विषयों की अपेक्षा इसका सैद्धांतिक पक्ष अधिक विस्तृत है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के अध्ययन के साथ वेदों का अध्ययन, धार्मिक ग्रंथों, पुराणों का गहन अध्ययन भी इस विषय की अनिवार्यता है। इसके साथ–साथ विद्यार्थी संस्कृत भाषा (जो अन्य भाषाओं की जननी मानी जाती है) से भी परिचित होते हैं, जो स्पष्ट उच्चारण, व्याकरण आदि को भी विकसित करने का कार्य करती है। इन ग्रंथों और पुराणों आदि के अध्ययन से नृत्य का सैद्धांतिक पक्ष तो मजबूत होता ही है। इसके अतिरिक्त भाषा के ज्ञान में भी वृद्धि होती है। इस तरह से एक नृत्य का विद्यार्थी स्पष्ट उच्चारण, उचित भाषा और कहने का अंदाज नृत्य के अध्ययन के साथ–साथ सीखता है जो उसके अपने निजी जीवन में भी सहायक सिद्ध होता है और उसके व्यक्तित्व में स्पष्टता लाता है।

शास्त्रीय नृत्य शिक्षण के माध्यम से अन्य सबसे महत्वपूर्ण गुण जो विकसित होता है, वह है– आत्मविश्वास। ''आत्मशक्ति की दृढ़ता एवं सबलता सब जगह सफलता देती है। आत्मविश्वास के बिना मनुष्य में स्वावलम्बन की प्रवृत्ति नहीं उठती और स्वावलम्बन के बिना वह अपने को उठाने में असमर्थ होता है।''[6] यदि मनुष्य में आत्मविश्वास

हो तो असंभव कार्य भी सरलता से कर लेता है। ''आत्मविश्वास आपके व्यक्तित्व का वह गहना है जो आपको दूसरों से श्रेष्ठ साबित करता है। आत्मविश्वास ज्ञान और दृष्टिकोण का संयुक्त पुंज है, यह हर बड़ी सफलता की आधारशिला है। हमारे सबसे बड़े अहसास की कुंजी अक्सर आत्मविश्वास ही है। वास्तविक अर्थों में वही विकास व्यक्तित्व विकास है जो व्यक्ति के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध हो।''[7] शास्त्रीय नृत्य एक प्रदर्शनकारी कला है और मंच पर दर्शकों के समक्ष आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देना ही विद्यार्थी का ध्येय होता है। निरंतर साधना और अभ्यास से अभ्यर्थी स्वयं को इतना मांज लेता है कि आत्मविश्वास स्वतः ही उत्पन्न होने लगता है। इससे उसे इस बात का भान भी हो जाता है कि निरंतर प्रयास और धैर्य से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है और हार न मानना उसकी व्यक्तिगत विशेषता बन जाती है।

''शास्त्रीय नृत्य एक चिकित्सा भी है, शास्त्रीय नृत्य में प्रयुक्त होने वाली हस्त मुद्राओं का अपना विशिष्ट अर्थ और उपयोग होता है। इसमें प्रयुक्त होने वाली हस्त मुद्रा न केवल किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करती है अपितु ये मुद्राएँ प्राकृतिक रूप से उपचार करने में भी उपयोगी हैं।''[8] शारीरिक गतिविधियां बीमारियों से दूर रखने और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने में सहायक हैं। शास्त्रीय नृत्य में, नृत्य के साथ–साथ योग भी निहित है और योग को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधन माना गया है। वर्तमान समय में भाग–दौड़ से भरी जिंदगी में तनाव के अनेक कारण हैं जिसकी वजह से नींद में कमी होना या अवसाद की स्थिति उत्पन्न होना सामान्य है किन्तु नृत्य करने वाला व्यक्ति, नृत्य करने के दौरान अपनी सभी समस्याओं अथवा चिंताओं को भूल जाता है और उसकी मनःस्थिति बेहतर हो जाती है और इसके अतिरिक्त शास्त्रीय नृत्य में शारीरिक श्रम अधिक होने के कारण रात्रि में गहरी नींद भी आती है जिससे व्यक्ति मानसिक तनावों एवं अन्य बीमारियों से दूर रहता है। यदि मनुष्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ है तो वह सदैव प्रसन्नचित्त व उत्साह से पूर्ण होगा और उसका व्यक्तित्व भी खुशमिज़ाज़ होगा। शास्त्रीय नृत्य अथवा अन्य कलाओं का क्षेत्र, सागर की तरह वृहद् है जिसमें गोते लगाना कठिन कार्य है, और इस विषय का यही गुण नर्तक को सदैव सरल बने रहना और अभिमान न करना सिखाता है जो व्यक्तित्व विकास में सहायक है। नृत्य सीखने वाले विद्यार्थियों में दूसरों के चेहरे का हाव–भाव व अभिव्यक्ति देखकर उनकी संवेदना अथवा परेशानी को समझने की अद्भुत क्षमता भी होती है जिसके कारण वे सामने वाले व्यक्ति के मन की बात को उनके कहे बिना ही समझकर उनकी सहायता कर पाने में सक्षम होते हैं।

शास्त्रीय नृत्य से किसी विद्यार्थी के व्यक्तित्व में विकास के साथ–साथ आत्म अनुभूति, प्रकृति प्रेम, सहानुभूति, कर्मठता, संयमता, अनुशासन, करूणा आदि की भावना भी प्रवाहित होती है जो सभ्य समाज के निर्माण में भी सहायक है। यदि नृत्य–शिक्षण को स्कूल–पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बना दिया जाय तो निश्चित रूप से विद्यार्थी जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन होंगे और उन्हें अहंकार, असंयम, निर्दयिता, बेईमानी, घृणा, अनैतिकता जैसे दुर्गणों से बचाया जा सकेगा जो व्यक्तित्व के विकास में बाधक है। शास्त्रीय नृत्य के अध्ययन से विद्यार्थियों की जीवन–शैली, उनके विचारों एवं विशेष रूप से उनके व्यक्तित्व व गुणों में जो परिवर्तन आता है वह उन्हें विशिष्ट बनाता है और वे समाज में अपना विशेष प्रभाव छोड़ते हैं। शास्त्रीय नृत्य ऐसे अनेक गुणों का खान है जो व्यक्तित्व को संवारने के साथ–साथ मानव–जीवन को वास्तविक जीवंतता प्रदान करता है।

संदर्भ सूची :

1. बिसारिया, डॉ. पुनीत. संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास. दिल्ली, प्रभात प्रकाशन. 2022. पृष्ठ–12
2. विवेकानंद, स्वामी. व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास. दिल्ली, प्रभात प्रकाशन. 2022. पृष्ठ–29–30
3. गोस्वामी, प्रो. सुरेन्द्र बिहारी, एवं खरे, प्रदीप कुमार, व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम (दृष्टि बदलने से सृष्टि बदलेगी). भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रंथ अकादमी. 2015. पृष्ठ–91
4. पाणीग्रही, पी. सी., भिन्नता, समानता एवं विभिन्न पहलू. यूनियन सृजन ''भारतीय संस्कृति एवं परंपरा''. अंक–2. वर्ष–4. अप्रेल–जून 2019. पृष्ठ–14
5. Delhi Decorate of education. *"edudel.nic.in"* https://www.edudel.nic.in/welcome_folder/after12th/enrich_dt_21042015.pdf
6. कुमार, आनंद. आत्म विकास. दिल्ली, राजपाल एण्ड सन्स. 1964. पृष्ठ–13
7. शर्मा, डॉ. सुशील कुमार. व्यक्तित्व व आत्मविश्वास. साहित्य कुंज. अंक–169. 15 नवम्बर 2020. https://m.sahityakunj.net//entries/view/yaktitva-v-aatmvishwas
8. Pathloth, Dr. Vijaypal. Significance and Need of Dance in Education. *Journal of emerging technologies and innovative research*, JETIR, www.jetir.org, April 2018, vol-5 issue-4, Page-1411.

साहित्य–संगीत एवं ललित कलाएँ : सम्बंध, महत्त्व एवं परम्परा

डॉ. कपिल देव*

शोध पत्र–सार

संसार की समस्त ललित कलाओं में संगीत को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। कारण यह है कि यही एक ऐसा कलात्मक साधन है जिसके द्वारा मनुष्य को लौकिक तथा पारलौकिक सुख–शांति का अनुभव होता है। संगीत का प्रभाव उन समस्त वस्तुओं पर पड़ता है जिनमें स्पन्दन है, प्राण है फिर चाहे वह मनुष्य हो या पशु–पक्षी अथवा वनस्पति। हमारे प्राचीन ग्रंथों, वेदों, उपनिषदों में भी संगीत के प्रभाव को दर्शाया गया है। संगीत का धर्म से भी अभिन्न संबंध रहा है।

ललित कलाओं में वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत कला और काव्य कला की गणना होती है। उपयोगी कलाएँ मनुष्य की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति से संबंद्ध हैं। उपयोगी कलाओं में भी थोड़ा–बहुत सौन्दर्यबोध का भाव तो रहता है, पर वह गौण है। कुर्सी मेज आदि वस्तुओं में 'डिजाइन' का ध्यान रखा जाता है, किंतु यह डिजाइन प्रायः उपयोगिता के दृष्टि से बनाई जाती है। इस प्रकार उपयोगी कला व्यवहारजनित और सुविधाबोधी है तथा ललितकला मन के संतोष के लिए है। साथ ही, उसमें उस विशिष्ट मानसिक सौन्दर्य की योजना है, जो उपयोगितावाद से भिन्न वस्तु है। भावात्मक प्रदर्शन जिसका मुख्य ध्येय विशुद्ध आनन्द–प्राप्ति हो, उसे ललित कला कहेंगे। ललित कला के उपयोग में पाँच में से केवल दो ही इन्द्रियों का उपयोग होता है– दर्शनेन्द्रिय (आँख) और श्रवणेन्द्रिय (कान), बाकी इन्द्रियों से हम जगत को जानते हैं किन्तु ललित कला में बाकी तीनों इन्द्रियों का कोई काम नहीं रह जाता । कई विद्वानों ने ललित कलाएँ पाँच मानी हैं।

मुख्य–शब्द : *संगीत, कला, ललित कला, संस्कृति, साहित्य, काव्य*

प्रविधि : *इसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक माध्यमों का सहयोग लिया गया है ।*

यद्यपि कला को अखंड अभिव्यक्ति तथा अविभाज्य माना जाता है। सुविधा की दृष्टि से उसे वर्गीकरण के योग्य भी माना गया है। 'कामसूत्र' तथा 'शुक्रनीतिसार' में चौसठ, प्रबन्धकोष में 'बहत्तर' तथा ललितविस्तार में 'छियासी' कलाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।[1] क्षेमेन्द्र ने अनेक कलाओं के नाम बताये हैं, किन्तु चौसठ कलाओं वाला मत ही अधिक मान्य है।[2] डॉ॰ श्यामसुन्दर दास ने उपयोगी कला और ललित कला को ही मान्यता दी है।[3] जिसको गुलाबराय आदि विद्वान भी मान्यता देते हैं। श्री आर॰ जी॰ कलिगंवुड का कथन है कि–कला एक जाति है, जो दो उपजातियों में विभक्त है– लाभदायक कलायें और ललित कलायें।[4] पाश्चात्य विद्वान 'हेगल' ने प्रतीकात्मक, प्रबन्धात्मक तथा भावात्मक कलायें मानी है। कतिपय विद्वान सामान्य कलायें और सांस्कृतिक कलाएं– दो ही भेद मानते हैं, किन्तु अधिकांश विद्वान उपयोगी और ललितकला के पथ में है।[5] अतः उपयोगी और ललित कला– इन दो भेदों की मान्यता ही उपयुक्त प्रतीत होती है।

ललित कला में सौंदर्य का प्राधान्य तथा उपयोगी कला में उपयोगिता का प्राधान्य होता हैं। ललित कलायें मनुष्य के नैतिक, बौद्धिक और भावात्मक विकास में योगदान देती हैं और उपयोगी कलाएं उसके शारीरिक और भौतिक उत्कर्ष में सहायक होती है।[6] उपयोगी कला के अंतर्गत तमाम कारीगरी के कार्य आते हैं, जिनका दिन–प्रतिदिन के जीवन में उपयोग होता रहता है। कुम्हार की मिट्टी के बर्तन बनाने की कला से लेकर बड़े–बड़े हवाई जहाज तक की कलाएं उपयोगी कलाओं के अंतर्गत ही आयेंगी। और, जो कलाएं हमारी रागात्मक चेतनाओं और भावात्मक क्षुधाओं को संतृप्ति प्रदान करती हैं, वही वास्तव में ललित कलाएं हैं।[7]

विद्वान ललित कला के सामान्यतः पांच भेद मानते हैं– वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत कला, काव्य कला।

*संगीत अनुदेशक, रा.आ.वरि.मा. विद्यालय, बाबैन, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

ललित कलाओं को निम्नलिखित रूप में विश्लेषित किया जा सकता है :–

1. वास्तुकला :

वास्तुकला के अंतर्गत मन्दिर, गिरजाघर, स्मारक, प्रसाद तथा अन्य कलात्मक भवन आदि आते हैं। दक्षिण में देव मन्दिर, आवपर्वत के जैन मन्दिर, साँची के स्तूप, ताजमहल आदि वास्तुकला के उत्कृष्ट नमूने माने जाते हैं, जिनमें वास्तुकार की उत्कृष्ट भावना, सुरूचि एवं भव्यता आदि के दर्शन होते हैं। धर्मस्थानों में निर्मित कलश, गुम्बज, मिहराबें, जालियां, झरोखे आदि वास्तुकार के मानसिक भावों को स्पष्ट अभिव्यक्त करते है।[8] माध्यमों की प्रधानता होने के कारण उसमें सूक्ष्मता का अभाव है।

2. मूर्तिकला :

इस कला का मूर्त आधार वास्तुकला की अपेक्षा सूक्ष्म होता है मूर्तिकला में प्रस्तरखण्ड, धातु, मृत्तिका आदि में मनोभावों, जीवधारियों की प्रतिच्छाया, शारीरिक और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रदर्शन होता है। इसमें कुशल एवं प्रतिभा सम्पन्न मूर्तिकार पाषाण, मृत्तिका आदि को स्थापित कर उसे सजीव एवं आकर्षक बना देता है। विभिन्न मुद्राओं एवं भावों से समन्वित तथा भारतीय संस्कृति की परिचायक खजुराहो आदि की मूर्तियाँ इस कला के उत्कृष्ट नमूने हैं।

3. चित्रकला :

इस कला में मूर्तिकला की अपेक्षा मूर्ताधार अधिक कम रहता है। इसमें चित्रकार वस्त्र, काग़ज, काष्ठ, कांच आदि पर कूंची, कलम, रेखा तथा रंग आदि के माध्यम से बाह्य और अन्तः भावों को अभिव्यक्त करता है।[9] कुशल चित्रकार तो रेखाओं और विभिन्न रंगों द्वारा समस्त परिवेश, आकृति, वर्ण, मुद्रा आदि को सहज ही समाहित कर देता है। वह अपनी तुलिका या कलम से समतल या सपाट सतह पर स्थूलता, लघुता, दूरी और नैकट्य आदि दिखाता है। उसकी कृति में मूर्त्तता कम और मानसिकता अधिक रहती है।[10]

4. संगीत कला :

संगीतकला चित्रकला से सूक्ष्मतर है। संगीत का आधार 'नाद' है। नाद के दो भेद हैं– अनाहत नाद और आहत नाद। आहत नाद संगीतोपयोगी होता है। स्वाशादि संगीतात्मक– तत्त्व इसी से निसृतः होते हैं, जिनसे संगीत की सृष्टि होती है। संगीतकला में गायन, वादन और नृत्य का समावेश होता है, जो अन्योन्याश्रित है। यह कला गतिशील है। स्वर, ताल, लय ये सब संगीत के रूप हैं और कलाश्रित है। इनसे नृत्य वाद्य भी सम्बन्धित है।[11] संगीत सर्वग्राह्य एवं भावाद्दीपक होने के साथ–साथ नवरसों की अभिव्यक्ति में भी सक्षम है। इस कला से मानव ही नहीं, पशु–पक्षी तथा वातावरण भी प्रभावित है। संगीत कला रंजक हैं तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष में सहायक है। यह कला चक्षुरिन्द्रिय एवं कर्णेन्द्रिय का विषय है। आज इस कला का क्षेत्र अधिक विस्तृत हुआ है, जिसका श्रेय विशेष रूप से सिने–संगीत को है। वर्तमान में संगीत पाश्चात्य और हिन्दुस्तानी संगीत के रूप में अधिक प्रचलित है।

5. काव्यकला :

काव्यकला का मूर्ताधार सूक्ष्मतम माना जाता है। काव्य का मुख्य आधार भाव है, क्योंकि प्रकृति और मानव जीवन की अनुभूति से उत्पन्न भाव मानस पटल पर संचित होकर काव्य के रूप में मुखरित हो जाते हैं। काव्य में भाव–सम्प्रेषण, सार्थक शब्दों के माध्यम से होता है। शब्दों से भाषा का रूप सामने आता है, अतः भावाभिव्यक्ति में समुचित भाषा का प्रयोग उपयुक्त है।

संगीत और चित्रकला में भी घनिष्ठ सम्बन्ध है। राग–रागनियों के चित्रों में, रागादि के स्वरूप, गायन–समय, प्रकृति आदि को दर्शाने में चित्रकला सहयोगिनी है, यथा–भैरव, भैरवी आदि राग–रागनियों के चित्रों से प्रातः गायन तथा स्वरूप का ज्ञान होता है।[12]

चित्रकला में भी संगीत के वाद्ययंत्र और नृत्य मुद्रायें आकर्षक उत्कर्षक हैं। इसलिये शान्तिनिकेतन में संगीत शिक्षक के हाथ में चित्रकला की कूँची और चित्रकार के हाथ में दिलरूबा दिखाई दे जाये, तो किसी को तनिक भी आश्चर्य नहीं होता।[13] चित्रकला, भाव–कल्पना आदि की संयोजना में काव्यकला से सहायता प्राप्त करती है। काव्य में स्थित चित्रात्मकता, चित्रकला के प्रभाव को भी अभिव्यक्त करती है।

संगीतकला सभी ललितकलाओं की सहयोगिनी होने के साथ उनसे सहयोग भी प्राप्त करती है। सम्पूर्ण कलायें संगीत के लिये अपेक्षित बातों को पूर्ण करने के लिये व्याकुल रहती हैं।[14] तथा संगीतकला उन कलाओं को सौंदर्यमय–प्रभावोत्पादक, मर्मस्पर्शी बनाने में सहायक होती है। संगीत अन्य कलाओं में भी रंजकता, प्रभावशालिता,

हृदय–स्पर्शिता भावाभिव्यंजकता आदि के उत्पादन में सहयोग प्रदान करता है।

संगीत के अभाव में काव्यकला पंगु–सी प्रतीत होती है, क्योंकि संगीत के स्वर, राग, लय, मात्रा, गति आदि का सहयोग उसमें प्राप्त होता है। इसलिये काव्य में संगीत की तरलता, लयात्मकता और गेयात्मकता स्पष्ट अभिव्यक्त होती है। संगीत भी पूर्ण भावाभिव्यक्ति हृदयस्पर्शिता, रंजकता आदि के लिये काव्य का मुखापेक्षी है।[15] संगीत में कविता का समावेश संगीत की प्रभावोत्पादकता को दुगुना कर देता है। कहीं–कहीं कविता स्वर और ध्वनि के माधुर्य पर इतनी निर्भर हो जाती है कि कविता संगीत की अनुगामिनी बन जाती है।[16] अनुप्रास अर्थात् वर्णझंकार और छन्द आदि के रूप में काव्य संगीत के गुणों को अपना लेता है।[17] अतः संगीत अर्थबोध के लिये काव्य का सहारा लेता है और काव्य भी प्रभाववृद्धि के लिये संगीत का! दोनों एक–दूसरे के पूरक हैं।[18]

सभी ललित कलायें परस्पर एक–दूसरे की सहयोगिनी होकर भी अपना स्वतन्त्र महत्त्व रखती हैं। फिर भी विद्वानों ने स्थूलता और सूक्ष्मता के आधार पर इन कलाओं में काव्य और संगीत कला को उत्कृष्ट माना है। कतिपय विद्वानों ने आधार की सूक्ष्मता, प्रभाव, उत्साहवर्धकता, आनन्द की विपुलता और सार्वभौमिकता आदि की दृष्टि से संगीतकला को सर्वोत्कृष्ट कहा है।[19] काव्य को उत्कृष्ट मानने वाला वर्ग अमूर्त मानसिक भावों के अभिव्यंजक शब्द–समूह और वाक्यों से काव्य का प्रादुर्भाव मानता है किन्तु शब्द–समूह तथा वाक्य–रचना एक तो मूर्त है, दूसरे शब्दों तथा वाक्यों का आकार संगीत के अमूर्त नादोत्पन्न सप्त स्वरों की अपेक्षा बृहतर है। इसके अतिरिक्त काव्य में अन्य कलाओं का समावेश मानकर काव्य को सर्वोपरि मानना भी न्यायोचित नहीं, क्योंकि संगीत अन्य कलाओं को अपने में समाविष्ट करने के साथ–साथ काव्य का भी समावेश कर लेता है। कारण यह है कि संगीत का आधार नाद काव्य का ध्वनिमय शब्द होता है तथा काव्य के शब्दों में सांगीतिक ध्वनियां विद्यमान रहती हैं। जहां तक काव्य में समग्र मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रश्न है, यह अभिव्यक्ति संगीत के स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, लय आदि द्वारा भी संभव है। नवीन सृष्टि–संरचना की क्षमता जहां काव्य में हैं, वहां संगीत भी स्वरलहरी, लय, नृत्य–मुद्राओं के हाव–भाव आदि के द्वारा विचरण कराने में सक्षम है। अतः संगीतकला की अपेक्षा काव्यकला को उत्कृष्ट मान लेना युक्ति संगत नहीं हैं, क्योंकि काव्य का संगीत से पृथक होकर अस्तित्व ही संदिग्ध हो जाएगा।[20] इसलिये कहा जा सकता है कि काव्य और संगीत एक–दूसरे के पूरक हैं, दोनों में से एक को अलग करने से उसका अस्तित्व नाम मात्र का रह जायेगा।

पाश्चात्य विद्वान् भी साहित्य (काव्य) में संगीत की अस्थिति को महत्त्वपूर्ण मानते है। एम॰ जी॰ भाटे के अनुसार, साहित्य वह संगीत है जो मानव के अन्तःस्थल से इसलिए निःसृत होता है कि वह भाषा के माध्यम से जीवन के साथ अपना सामंजस्य स्थापित कर सके।[21] 'एडगर एलन पो' ने काव्य को सौंदर्य की संगीतात्मक सृष्टि कहा है।[22] 'कलाईल' के अनुसार–संगीतमय विचार ही काव्य है।[23] 'आलफ्रेड आसिटन' तो संगीत–विहीन और अर्थ की रमणीयता से हीन रचना को कविता ही नहीं मानते।[24] 'वाट्स टण्डन' ने भावात्मक और संगीतात्मक भाषा के माध्यम से मानव मस्तिष्क की प्रबल अभिव्यक्ति को काव्य कहा है।[25] इस प्रकार पाश्चात्य विद्वान काव्य और संगीत के नैकट्य को स्वीकार करते हैं। इसलिए पाश्चात्य कवियों के "लिरिक" 'सानेट' "ओड" एलिजी आदि संगीतमय होते हैं।

संक्षेप में, यह कहा जा सकता है कि भारतीय और पाश्चात्य मतों के अनुसार, काव्य और संगीत परस्पर सम्बद्ध है। जिस प्रकार दो या अधिक रंगों का मिश्रण किसी नवीन रंग की उत्पत्ति करता है, उसी प्रकार अनेक स्वरों का मेल रागोत्पादक होता है तथा जिस प्रकार गंगा, यमुना का संगम 'तीर्थराज' की उपाधि से अलंकृत होता है उसी प्रकार साहित्य और संगीत का पवित्र संगम प्रभावोत्पादक एवं परस्पर उत्कर्षक होता है।

कतिपय विद्वान काव्य को स्वयं में पूर्ण मानकर, स्वर का प्रभाव नगण्य मानते हैं। उनके विचार में वास्तविक काव्य वही है जो संगीत के बिना ही रागात्मकता जागृत कर मानव को रसविभोर कर देता है। महादेवी वर्मा के अनुसार, "काव्य सार्थक शब्द–समूह है और संगीत लयप्रधान ध्वनि समूह। जैसे काव्य में गेयता सम्भव है, परंतु अनिवार्य नहीं, वैसे ही संगीत के स्वरों में अर्थवत्ता सम्भव है, परंतु अनिवार्य नहीं।[26] निःसंदेह सच्चा काव्य, स्वर और कण्ठ की अपेक्षा नहीं रखता। इसी प्रकार संगीत भी, कविता का सहयोग लिए बिना, स्वरसाधना द्वारा मानव को रसाप्लावित कर देता है। फिर भी दोनों की संगठित शक्ति एक और एक ग्यारह हो जाती है। संगीत–विहीन काव्य और

काव्यविहीन संगीत अपेक्षित प्रभाव नहीं डाल पाते। इसलिए सुमित्रानन्दन पंत ने भाव और स्वर के मधुर मिलन को "सरस सन्धि" कहा है।[27]

साहित्य और संगीत अपने–अपने स्वतन्त्र अस्तित्व के संरक्षण के साथ ही, बहुत कुछ अंशों में पूरक, सहोदर और अन्योन्याश्रित है। संगीत अर्थ–बोध के लिए काव्य का सहारा लेता है और काव्य प्रभाव–वृद्धि के लिए संगीत की सहायता लेता है। नाद–सौष्ठव के लिए भी काव्य संगीत का किसी–न–किसी रूप में सहयोग लेता ही है। काव्य में श्रुति–कटु मानकर कुछ वर्षो का त्याग, वृत्ति–विधान, लय, अन्त्यानुप्रास आदि नाद–सौंदर्य साधन के लिए ही है।[28] अतः सत्य ही है कि संगीत आकार प्रधान काव्य है और काव्य सार्थक संगीत है।[29] संस्कृति और कला के साम्य की भांति कलाओं के अंतर्गत संगीत और काव्य में अधिक घनिष्ठ संबंध है। इस संबंध का कारण शब्द के माध्यम की समानता है। इस समानता की दृष्टि से ये दोनों कलाएं सहोदरा हैं।[30] अतएव काव्य को आत्मा का मुखर संगीत कह सकते हैं। कतिपय विद्वान तो काव्य को संगीत का पर्यायवाची मानते हैं। उनका विचार है कि सरस शब्दावली और भावनाओं के सजीव चित्रण जब ताल और स्वर में बंधकर व्यक्त होते हैं और उनके द्वारा इस का प्रभाव होने लगता है, तो उसे ही काव्य या संगीत कहते हैं किन्तु यह विचार सर्वमान्य नहीं हैं। क्योंकि काव्य सार्थक शब्द–समूह है और संगीत लय प्रधान ध्वनि समूह।[31] फिर भी महादेवी वर्मा इन दोनों कलाओं के संगम को प्रभावोत्पादक मानती हैं। महादेवी वर्मा के ही शब्दों में– स्वर के साथ जब सार्थक शब्दावली की संगति हो जाती है, तब संगीत और काव्य दोनों व्याप्ति और गहराई की दृष्टि से जीवन की अलक्ष्य सीमाएं छू लेते हैं।[32] कविवर सुमित्रानन्दन पंत ने भी कविता को प्राणों का संगीत माना है[33] तथा काव्य और संगीत की मैत्री पर बल दिया है :–

> भाव गीति की स्वर लय मैत्री–सी
> षडऋतुयें नित संगति में आती।[34]

पद्य में वाणी का रोआं–रोआं संगीत में सनकर इस में डूबे हुये किशमिश की तरह फूल उठता है, सुरों में सधी हुई वीणा की तरह उसके तार किसी अज्ञात वायवीय स्पर्श से अपने आप अनवरत झंकारों में कांपते रहते हैं।[35] इसी प्रकार निराला जी ने भी संगीत और काव्य के पारस्परिक सहयोग की सम्भावना पर बल दिया है।[36]

संगीतज्ञों ने भी साहित्य और संगीत में चोली और दामन का संबंध माना है। उनके विचार में संगीत और काव्य का मेल सोने में सुगन्ध का कार्य करता है। महान संगीतज्ञ पं॰ ओंकारनाथ ठाकुर का कथन है कि मेरी दृष्टि में ककारादि व्यंजनों के साथ अकारादि स्वरों का जो सम्बन्ध है, देह के साथ आत्मा का जो सम्बन्ध है, वही संगीत का कविता से सम्बन्ध है।[37] डा॰ बी॰ एन॰ भट्ट ने भी काव्य को शब्दों में संगीत और संगीत को स्वरों में काव्य माना है।[38] डॉ॰ शरच्चंद श्रीधर परांजपे का विचार है कि संगीत नाद–प्रधान साहित्य है और साहित्य शब्द–प्रधान संगीत है। दोनों का पार्थक्य हानि की सम्भावनाओं से भरा है।[39] अतः साहित्य और संगीत में प्रगाढ़ सम्बन्ध है।

आनन्दानुभूति का आधिक्य संगीत में ही नहीं, काव्य में भी है। जहां संगीत की मधुर ध्वनिमय तान आनन्दमय कर देती है, वहां काव्य की कोयलकान्त पदावली और मधुर भावों की योजना आनंदित कर देती है। यद्यपि संगीत कला मानव, मानवेतर प्राणी, वनस्पति आदि को प्रभावित करती है और काव्य मानव–मात्र को ही प्रभावित करता है, तथापि हिन्दुस्तानी संगीत में रूचि रखने वाला पाश्चात्य संगीत का तथा उत्तर भारत के संगीत से परिचित दाक्षिणात्य संगीत का श्रवण कर समझ नहीं सकता आनन्दानुभूति किंतु भावोबल से कर सकता है। अतः संगीत सार्वभौम माना जा सकता है। भाव–प्रधान होने से काव्य को भी सार्वभौमिकता से समन्वित मान सकते हैं, क्योंकि काव्य किसी भी भाषा का हो, उसके भाव सर्वग्राह्य हो सकते है। किन्तु भावाभिव्यक्ति एवं प्रभाव आधिक्य के कारण, फल स्वरूप काव्य की अपेक्षा संगीत को ही उत्कृष्ट मानना उचित प्रतीत नहीं होता है।

आनन्दानुभूति में सक्षम, मनोभावाभिव्यंजन, प्रभावोत्पादक, रसोत्पादक आदि होने के कारण काव्य और संगीतकला उत्कृष्ट है। परस्पर उत्कर्षक काव्य और संगीतकलाएं अमूर्त्त सूक्ष्मतम भाव और नाद–प्रधान होकर भी शब्दार्थ तथा स्वर, लय, नृत्य आदि में संपादित होकर, मूर्त बनकर 'सत्यं, शिवं सुन्दरं' की सृष्टि करती हैं। अतः काव्य और संगीतकलाएं सभी कलाओं के महत्त्वपूर्ण, सूक्ष्माधार तथा महान उद्देश्यपूर्ति में सक्षम होने के कारण उच्च स्थान की अधिकारिणी हैं। अस्तु, इन दोनों कलाओं को सभी कलाओं से उत्कृष्ट तथा अन्योन्याश्रित स्वीकार करना ही न्यायसंगत एवं उचित है।

संदर्भ सूची :

1. त्रिपाठी रामप्रसाद, सम्मेलन पत्रिका, कला अंक (1987), हिन्दी साहित्य, सम्मेलन इलाहाबाद, पृ॰ 476–484
2. त्रिगुणायत, डॉ॰ गोविन्द, शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धान्त, प्रथम खण्ड (1950), भारती साहित्य, मंदिर, फैव्वारा, दिल्ली 1, पृ॰ 52
3. दास, डॉ॰ श्यामसुन्दर, साहित्यालोचन, (सं॰ 1988 वि॰), साहित्य–रत्न–माला कार्यालय, काशी, पृ॰ 11
4. कलिंगवुड, आर॰ जी॰, कला के सिद्धान्त, अनुवाद–डॉ॰ ब्रजभूषण पालिवाल, (संस्करण 1974), ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, लंदन, पृ॰ 24
5. त्रिगुणायत, डॉ॰ गोबिन्द, शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धान्त, प्रथम खण्ड, (1950), भारती साहित्य मंदिर, फैव्वारा, दिल्ली, पृ॰ 52–53
6. प्रताप, प्रो॰ विश्वनाथ, कला एवं साहित्य : प्रकृति और परम्परा, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ॰ 9
7. अग्रवाल, डॉ॰ सुरेश, भारतीय काव्य शास्त्र के सिद्धांत (2000) नवीन संस्करण, अशोक प्रकाशन, नई सड़क दिल्ली, पृ॰ 37
8. दास, डॉ॰ श्याम सुन्दर, साहित्यालोचन, (सं॰ 1988 वि) साहित्य–रत्न–माला कार्यालय, काशी, पृ॰ 12
9. साक्षात्कार – पूर्णचंद शर्मा, पूर्व प्रोफेसर, मद वि, रोहतक 28/11/2020
10. दास, डॉ॰ श्यामसुन्दर, साहित्यालोचन (सं॰ 1988 वि॰) साहित्य–रत्न–माला कार्यालय, काशी, पृ॰ 15
11. पं॰ शारंगदेव, संगीत रत्नाकर, भाग–1 (1943), प्रथम स्वरगताध्याय, अडियार लाईब्रेरी, मद्रास, पृ॰ 60
12. वही
13. वापट, विजय, पूर्वाग्रह मासिक पत्रिका, अंक 48, भारत भवन न्यास, श्यामला हिल्स, भोपाल 1, पृ॰ 27
14. वही, पृ॰ 26
15. साक्षात्कार, सत्यवान शर्मा, प्रवक्ता संस्कृत, गुरुगाम, 11/09/2020
16. दास, डॉ॰ श्यामसुन्दर, साहित्यालोचन (सं॰ 1988 वि॰) साहित्य–रत्न–माला कार्यालय, काशी, पृ॰ 18
17. प्रताप, प्रो॰ विश्वनाथ, कला एवं साहित्य, प्रकृति एवं परंपरा बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ॰ 14
18. वही, पृ॰ 16
19. गुप्ता, डॉ॰ उषा, हिन्दी के कृष्णभक्तिकालीन साहित्य में संगीत, (वि॰ सं॰ 2016), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, पृ॰ 95
20. साक्षात्कार, सत्यवान शर्मा, प्रवक्ता, संस्कृत, गुरुगाम, 11/09/2020
21. Bhate, M. G., Literature is the music which streams out of the attempts of man attune himself to life on the keyboard of language (1949). Literature and literary criticism, Karnatak Publishing House, Bombay, p. 9
22. Hudson, W. H., An Introduction to the study of Literature (1998)] Atlantic Publishers & Distributors, (P) Ltd., p. 65
23. Carylyle, Thomas, The Hero as Man of Letters (1897) edited by Maninder Nath Sinha, Prakash Book Depot, p. 36.
24. संपादक पत्रिका, वार्षिक संस्करण 1954–55, प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद, पृ॰ 25
25. Tilak, Dr. Raghukul, History of English Literature, (2010), Surjeet Publication, New Delhi, p. 2
26. वर्मा, महादेवी, सन्धिनी, चिन्तन के कण (1964), लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज (उ॰ प्र॰) पृ॰ 231
27. पंत, सुमित्रानन्दन, पंत ग्रन्थावली 'खण्ड एक, पल्लव प्रवेश, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ॰ 161
28. शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र, चिन्तामणि, (प्रथम भाग) 1939, राजकमल प्रकाशन, प्रयागराज (उ॰ प्र॰), पृ॰ 143
29. राय, बाबु गुलाब, सिद्धान्त ओर अध्ययन (1960), आत्माराम एण्ड सन्स, दिल्ली, पृ॰ 61
30. तिवारी, डॉ॰ रामानन्द, काव्य का स्वरूप (2000), भारती मंदिर, भरतपुर (राज॰), पृ॰ 136
31. शुक्ल, आचार्य ललिता प्रसाद, हिन्दी और बंगला का साहित्यक आदान–प्रदान (1970), हिन्दी पुस्तक एंजेन्सी, हरिसन रोड, कलकत्ता, पृ॰ 53
32. वर्मा, महादेवी, सन्धिनी (1964), लोक भारती प्रकाशन, प्रयागराज (उ॰ प्र॰) पृ॰ 23
33. पंत, सुमित्रानंदन, पंत ग्रंथावली, खंड एक, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ॰ 162
34. पंत, सुमित्रानंदन, पंत ग्रंथावली, खंड पाँच, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ॰ 364
35. पंत, सुमित्रानंदन, पंत ग्रंथावली, खंड एक, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ॰ 169
36. अमर, रविंद्र, हिन्दी के आधुनिक कवि : व्यक्तित्व और कृतित्व (2000), राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ॰ 68
37. गर्ग, प्रभुलाल, 'संगीत' मासिक पत्रिका, (मई 1951), संगीत कार्यालय, हाथरस (उ॰ प्र॰) पृ॰ 51
38. गर्ग, प्रभुलाल, 'संगीत' मासिक पत्रिका, (जून 1950), संगीत कार्यालय, हाथरस (उ॰ प्र॰) पृ॰ 49
39. श्रीवास्तव, हरिश्चन्द्र, संगीत निबन्ध संग्रह (2000), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद (उ॰ प्र॰) पृ॰ 75

सौन्दर्यशास्त्र की भारतीय परंपरा की विवेचना

डॉ. रूचि मिश्रा*

सारांश

क्या हर अनुभूति सौन्दर्य है ? सौन्दर्य तत्व हमारी आत्मा की गूँज है जो आनन्द की अनुभूति होने पर स्वयं ही एक लयबद्ध रूप में हमें रससिक्त कर जाती है। सौन्दर्यशास्त्र को समझने के लिए सर्वप्रथम हमें यह समझना होगा कि सौन्दर्य है क्या? इस प्रश्न का उत्तर पाने के लिए सबसे पहले हमें खुद को टटोलना होगा क्योंकि यह विषय हमारी अनुभूति से सम्बन्धित है अतः सौन्दर्य की शास्त्रगत परिभाषा जानने से पूर्व हमें इसकी सामान्य परिभाषा तय करनी होगी। सौन्दर्य तत्व जिसकी विवेचना हमारे संगीत ग्रंथों में रस तत्व के रूप में की गई है उसकी ललित कलाओं से इतर कला में किस प्रकार से लिया गया है वह इस शोध प्रपत्र का विषय है।

मुख्य शब्दावली– *कला, सौन्दर्यशास्त्र, सौन्दर्य, कलाशास्त्र, एस्थेटिक्स, रस*

प्रविधि– *विभिन्न पुस्तकों के अध्ययन के बाद यह शोध–पत्र तैयार किया गया है ।*

विषय– सौन्दर्यशास्त्र संवेदनात्मक, भावनात्मक गुण–धर्म और मूल्यों का अध्ययन है। कला, संस्कृति और प्रकृति का अंकन ही सौन्दर्यशास्त्र है।[1] यह वह शास्त्र है जिसमें कलाकृतियों, रचनाओं आदि से अभिव्यक्त होने वाला अथवा उसमें निहित रहने वाले सौन्दर्य का तात्विक, दार्शनिक व मार्मिक विवेचन होता है। विशेष रूप से किसी सुन्दर वस्तु को देखकर हमारे मन में जो आनन्ददायिनी अनुभूति होती है उसके स्वभाव और स्वरूप का विवेचन तथा जीवन की अन्यान्य अनुभूतियों के साथ उसका समन्वय स्थापित करना इसका मुख्य उद्देश्य होता है। 'सौन्दर्यशास्त्र' शब्दवाचक है उस सौन्दर्य तत्व का जो अक्षुण्ण है, अनन्त है एवं जीवन के सभी पक्षों में अपनी एक अनूठी आभा लिये हुए जीवंत स्वरूप के साथ दृष्टिगोचर होता है, यहाँ यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा कि सौन्दर्य तत्व ही वह पक्ष है जिसके कारण सभी सजीव वस्तुओं में जीवन के दर्शन होते हैं, आनन्द मिलता है। भारतीय चिन्तन में इसी आनन्द को ब्रह्म का स्वरूप माना गया है एवं कहा गया है–

आनंदो ब्रह्मेति व्यजानात्।
आनन्दाद्धयेव ह्येव खाल्विमानि भूतानि जायन्ते
आनन्देन जातानि जीवंति।[2]
आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति।

अर्थात्– आनन्द ही ब्रह्म है, आनन्द से ही सब भूत जनमते हैं, जन–मन में आनन्द से ही जीवित रहते हैं एवं संसार भर की सारी सृष्टि इसी ब्रह्म के आनन्द की अभिव्यक्ति है। अतः आनन्द के विभिन्न भावों से ओत–प्रोत होकर चित्त को आह्लादित करने वाला चुम्बकीय तत्व ही सौन्दर्य स्वरूप माना गया है, जो स्वतः ही आकृष्ट करता है मन के अन्तर्भावों को सींचता है और उस अनुपम आनन्द की प्राप्ति कराता है जो किसी भी वर्णन से परे है, या यह भी कहा जा सकता है कि सौन्दर्य तत्व का प्रारम्भ और लक्ष्य दोनों ही आनन्द तत्व की प्राप्ति है।

इसी आनन्द की अभिव्यक्ति करते हुऐ क्षेमराज ने लिखा है– आनन्दो क्षणिता सक्ति सृजयात्मानम् आत्मानम्[3] अर्थात् आनन्द का उछाल ही सारी सृष्टि है। इसकी विशेशता यही है कि इसे अभिव्यक्ति चाहिये एवं सृष्टि सर्जन से तात्पर्य उस तत्व से है जो अपने भीतर रह नहीं सकता, बाहर प्रकट होता है। विकिपीडिया के अनुसार– सौन्दर्यशास्त्र संवेदनात्मक, भावात्मक, गुण–धर्म और मूल्यों का अध्ययन है। कला, संस्कृति और प्रकृति का प्रतिअंकन ही सौन्दर्यशास्त्र है।[4] इस सौन्दर्य तत्व पर भारतीय परम्परा व पाश्चात्य परम्परा में विभिन्न प्रकार से विचार किया गया है। सौन्दर्य की भारतीय दृष्टि 'रस' है जबकि पाश्चात्य दृष्टि 'ऐस्थेटिक्स' है।[5]

सौन्दर्यबोध को भारतीय चिन्तन परम्परा में काव्य, नाट्य तथा संगीत के माध्यम से समझने का प्रयास किया गया है, इन्ही विचारों के आधार पर इस परम्परा में 'रस' का सार्वभौम सिद्धान्त प्रतिपादित एवं स्थापित किया है।

*सहायक आचार्या, संगीत गायन विभाग, आर्य महिला पी.जी कॉलेज, वाराणसी

रस संज्ञा में कलागत सौन्दर्य के साथ ही उसकी अनुभूति का सौन्दर्य भी निहित है। निर्मला जैन कहती हैं कि– सामान्यतः रस–सिद्धान्त भी भारतीय मनीषा द्वारा निर्मित और विकसित सौन्दर्यशास्त्र है जिसमें नाट्य, काव्य, चित्र, संगीत आदि सभी कलाओं से सम्बन्धित आधारभूत तत्वों का निरूपण किया गया है।[6] भारतीय चिन्तन परम्परा में सौन्दर्य तत्व की व्याख्या 'सत्यं शिवं सुन्दम्' की भावना के अन्तर्गत की गई है, अर्थात् ऐसा सौन्दर्य जो चिर नवीन हो एवं सर्वकल्याण हेतु सुखकारी हो, भारतीय सौन्दर्य दर्शन में भाव (Feeling) पक्ष प्रबल है। स्पष्ट है कि सौन्दर्य का यह सिद्धान्त भारतीय संस्कृति व अध्यात्म से प्रेरित है, वहीं पाश्चात्य चिन्तन की परम्परा में सौन्दर्य के भौतिक स्वरूप को लेकर चिन्तन हुआ है एवं यहाँ कला (Art) पक्ष की प्रधानता है।

'सौन्दर्यशास्त्र' शब्द के विषय पर प्रकाश डालते हुऐ डॉ० नगेन्द्र कहते हैं– सौन्दर्यशास्त्र भारतीय वांङ्मय के लिये एक नया शब्द है। वर्तमान युग के पूर्व न तो इस शब्द का प्रयोग मिलता है और न इस नाम के किसी शास्त्र का उल्लेख।[7] वहीं दूसरी ओर इस तथ्य पर और प्रकाश डालते हुए डॉ. कुमार विमल कहते हैं– सौन्दर्यशास्त्र हिन्दी भाषा में Aesthetics का पर्याय बनकर प्रचलित हुआ है। कुछ लोग इसे नन्दनशास्त्र एवं लालित्यशास्त्र[8] भी कहते हैं।[9] परन्तु श्री के. एस. रामस्वामी शास्त्री इस धारणा का खण्डन करते हुए अपनी पुस्तक 'इण्डियन ऐस्थेटिक्स' में कहते हैं कि सौन्दर्यशास्त्र पाश्चात्य शास्त्र नहीं है, भारतीय सौन्दर्यशास्त्र का इतिहास हज़ारों वर्ष पुराना है। इस परम्परा को ध्यान में रखते हुए इन्होने भारतीय सौन्दर्य शास्त्र की कुछ विशिष्ट विशेषताओं के विषय में बताया है, जैसे– भारतीय सौन्दर्यशास्त्र में आनन्द और रस की धारणा जिसमें आनन्द और रस की धारणा का समन्वय उपस्थित करते हुए आचार्य मम्मट ने स्पष्ट लिखा है– 'सकलप्रयोजनमौलिभूतं समनन्तरमेव रसस्वादनसमुद्भूतं विगलित वेद्यान्तरमानन्दम्'।[10] और आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा निरूपित काव्य तत्वों के बीज रूप 'चारूत्व प्रतीति' की धारणा। अपनी पुस्तक में इन्होंने यह मत बहुत बल के साथ प्रतिपादित किया है कि सौन्दर्यशास्त्र केवल पाश्चात्य देशों में ही विकसित नहीं हुआ है बल्कि भारत वर्ष में भी इसकी स्पष्ट परम्परा है। इस प्रकार से सौन्दर्यशास्त्र विषय की प्राचीन परम्परा के प्रश्न पर भारतीय विचारक दो खेमों में बँट गये हैं। एक ओर ऐसे विचारक हैं जो यह मानते हैं कि इस विषय की प्राचीन परम्परा भारत में रही है, और दूसरी ओर ऐसे विचारक भी हैं जो इसे पाश्चात्य की परम्परा मानते हैं। परन्तु यह सत्य है कि भारतीय परम्परा में सौन्दर्य की अवधारणा को रस–सिद्धान्त के रूप में प्रतिपादित किया गया है। अगर हम सिर्फ सौन्दर्यशास्त्र शब्द पर अपना अवधान न करते हुए उसके भाव पर सोचे तो यह रस का ही पर्याय है और यह सिद्धान्त लगभग 500 वर्ष ई. का है। अतः निर्विवादित रूप से भारतीय परम्परा प्राचीन है और इस कारण सौन्दर्यशास्त्र शब्द इस परम्परा के लिए नवीन नहीं है।

पूर्व हो या पश्चिम, सौन्दर्य मूल्य भले ही भिन्न–भिन्न हों, सौन्दर्य पर चिंतन, मनन, सौन्दर्य की खोज व साधना, सौन्दर्य सृजन व कलाओं का विकास सर्वत्र हुआ है, क्योंकि सौन्दर्य की उपलब्धि में जो सौन्दर्यानुभूति होती है, वह विलक्षण आनंद है और आनंद प्राप्ति मनुष्य की नैसर्गिक मानसिक अवस्था है।[11] भारतीय सौन्दर्य दर्शन प्रधानतः आध्यात्मिक भावना से ओत–प्रोत है। सम्पूर्ण सौन्दर्य भावना यहाँ "सत्यं शिवं सुन्दरम्" की एक पंक्ति में समाहित है, क्योंकि जो सुन्दर है वह अस्तित्व में है वह किसी–ना–किसी प्रकार से दृष्टिगोचर हो रहा है एवं वह "सुन्दर" है क्योंकि उसमें आनन्दित करने की क्षमता है। जो आनन्ददायी है वह स्वतः ही कल्याणकारी है अतः वह "शिव" है। सुन्दर और शिव के अनुभव के पश्चात् आने वाली तीसरी स्थिति "सुन्दरम्" की है, अर्थात् परम आनन्द की अनुभूति।

किसी भी तथ्य का स्वरूप जानने हेतु सर्वप्रथम उसके मूल को जानना होता है अतः भारतीय सौन्दर्य दर्शन की अवधारणा को जानने हेतु उसके व्युत्पत्तिमूलक अर्थ को जानना होगा जो कि इस प्रकार है–

भारतीय दर्शन के अनुसार सौन्दर्य शब्द का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ है– सौन्दर्य 'सुन्दर' का भाववाचक रूप है। सुन्दर में स्यञ् प्रत्यय लगने से सौन्दर्य शब्द की निष्पत्ति होती है– "सुन्दरस्य भावः सौन्दर्यम्"। कोशमूलक अर्थ के अन्तर्गत सौन्दर्य शब्द की व्युत्पत्ति के निम्न सोपान हैं[12]–

> वाचस्पत्य कोश– 'सु' उपसर्ग पूर्वक 'उन्द' धातु में 'अरन्' प्रत्यय के योग से सुन्दर शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ चित्त को द्रवीभूत करने वाले कारक से है।

हलायुध कोश– 'सुन्दर' शब्द की व्युत्पत्ति 'सु' उपसर्ग पूर्वक 'उन्दी' (Dysnus) धातु में 'अर्' प्रत्यय के योग से सिद्ध की गई है।

शब्दकल्पद्रुम– 'सुष्ठु' उनन्ति आद्री करोती चित्तमिति' अर्थात् जो चित्त को अच्छी प्रकार आर्द्र करता है वह सुन्दर है।

संस्कृत–हिन्दी कोश– सुन्दर शब्द की व्युत्पत्ति "सुन्द+अरः" के योग से होती है।

अमर कोश में सुन्दर के अट्ठारह पर्याय शब्दों को श्लोकबद्ध रूप में निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया गया है–

सुन्दरं रूचिरं चारू सुषमं साधु शोभनम्
कान्तम् मनोरमं रम्यं मनोज्ञं मन्जु अभिष्टमीप्सितः
हृद्यं दयितं बल्लभं प्रियम।।

भारतीय परंपरा में सौन्दर्य शब्द का प्रचुरता से सुन्दर प्रयोग संस्कृत ग्रंथों में प्राप्त होता है। संस्कृत ग्रंथों में सौन्दर्य–सम्बन्धी अवधारणा निम्नलिखित प्रकार से प्राप्त होती है–

ऋग्वेद में रूप, सुन्नरी, सूनर, चारू, अप्सु तथा पेशस शब्दों का प्रयोग सौन्दर्य के समानार्थी शब्दों के रूप में प्राप्त होता है। इसमें सौन्दर्य को 'श्री' नाम से सम्बोधित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रिय, श्रेष्ठ आदि शब्दों का भी प्रयोग मिलता है। इसमें सु (उपसर्ग) अनेक बार सुन्दर के अभिप्राय से प्रयुक्त हुआ है[13], जैसे– सुन्दर वीर पुरूष के लिए सुवीरासः, सुन्दर उत्तम बुद्धि वाले के लिए सुमतीनाम्, एवं परमेश्वर को सुरूपकृत्नु (वह अपने प्रकाश से सब पदार्थों को सुन्दर रूप से युक्त करने वाला है) कहा गया है।[14] इसमें 'शुभ्रा' शब्द का प्रयोग तेजस्विता के लिए हुआ है।[15]

अथर्ववेद में भी सुन्दर के अभिप्राय से अन्य शब्द मिलते हैं इसमें सम्भलः (यथा विधि सम्भाषण तथा निरूपण करने वाला वर), सुमति (सुन्दर बुद्धि वाली कुमारी), जुष्टा (प्रिय), समनेशु (साधु विचार वाले), वल्गु (मनोहर) सुशदा (रमणीक घर) आदि शब्दों का प्रयोग सौन्दर्य के अभिप्राय से हुआ है।

यजुर्वेद में सौन्दर्य के पर्याय शब्दों के रूप में सुप्वा (यज्ञ से भली प्रकार पवित्र करना) आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है।

रामायण में सुन्दर के समशील शब्दों के रूप में शोभन, चारू, अभिराम, रम्य, सुभग आदि का अनेकशः प्रयोग हुआ है।

महाभारत काल में भी सुन्दरता की अभिव्यक्ति को विभिन्न प्रकार से व्यक्त करने हेतु कई शब्दों का प्रयोग हुआ है, जैसे– रूपवान, दर्शनीयश्च, शोभिने, रूचिरस्ते, मनोहरम् चन्द्रमुखी, प्रसन्ना, चित्त प्रसादिनी, प्रियदर्शन, सुभग, हृद्य आदि।

श्रीमद्भागवत में सौन्दर्य के स्वरूप के पर्याय के रूप में विभूति शब्द का प्रयोग मिलता है एवं सौन्दर्य के स्वरूप को निम्नलिखित श्लोक के माध्यम से बड़ी सरलता से व्यक्त किया गया है–

तदैव रम्यं रूचिरं नवं–नवं तदैवं शश्वन्मनसो महोत्सवम्।
तदैव शोकार्णव शेषणं नृणां यदुत्तम श्लोक यशोऽनुगीयते ।।

शंकराचार्य कृत सौन्दर्यलहरी में सौन्दर्य शब्द के पर्याय के रूप में लावण्य, धुति, विमल, आभा आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है।

इनके अतिरिक्त सौन्दर्य के स्वरूप को विभिन्न शब्दावलियों यथा– चारूत्व, वैचित्र्य, शोभा, कान्ति, सौष्ठव, रमणीयता, लालित्य, लावण्य, चारू, चित्र, सुशम, शोभन, कान्त, रूचिर, मनोरम, सुष्ठु, विनोद आदि पर्यायों की सहायता से प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में व्यक्त किया गया। सौन्दर्य के मानस स्वरूप को वैदिक ऋचाओं में स्वीकृति मिली है– सौन्दर्य प्रीतिकर अथवा उल्लासप्रद है, मधुर है, स्फूर्तिप्रद है, चिरनवीन है, पवित्र है और दिव्य है।[16]

भारतीय सौन्दर्य दर्शन एवं विभिन्न विद्वानों के मत

डॉ. नगेन्द्र के अनुसार– सौन्दर्य शब्द का प्रयोग अधिक प्राचीन नहीं है। वैदिक साहित्य में सुन्दर तथा सौन्दर्य शब्द का प्रयोग नहीं मिलता, किन्तु प्रिय, पेशय, चित्र, रम्य, भद्र, मधुर आदि शब्दों का प्रचुरता से प्रयोग हुआ है। सुन्दर शब्द का प्रयोग सबसे पहले रामायण में प्राप्त होता है। उसके पश्चात् महाभारत में किन्तु वह अत्यन्त विरल है।[17]

कलाशास्त्र में भी प्रायः उपर्युक्त शब्द ही मिलते हैं जिसमें सौन्दर्य के लिए रूप, शोभा, विच्छिन्ति, वैचित्र्य आदि और सुन्दर के लिए रम्य, रमणीय, मनोज्ञ, मनोहर, चित्र, चारू आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है, परन्तु उसे कोई भी पारिभाषिक वैशिष्ट्य प्राप्त नहीं है।

काव्यशास्त्र में वामन, कुंतक आदि ने सौन्दर्य का पारिभाषिक अर्थ में प्रयोग किया है, किन्तु सब मिलाकर यहाँ भी उसकी अपेक्षा शोभा, रमणीयता, चारुता आदि शब्दों का प्रचलन ही अधिक है। इसके अतिरिक्त भारतीय आचार्यों ने काव्य अथवा कला के सौन्दर्य के लिए अपने कुछ विशिष्ट शास्त्रीय शब्दों का प्रयोग भी किया है, जैसे–रस, अलंकार, वक्रता आदि।[18]

चिन्तन के विविध सोपानों के अन्तर्गत सौन्दर्य के विविध पक्षों के दर्शन विविध ग्रंथों में होते हैं। इसी क्रम में एक दृष्टि यह भी है कि सुन्दर वस्तु चाहे कितनी ही बुरे परिवेश में हो वह सुन्दर ही प्रतीत होती है, जैसे– कमल कीचड़ में खिलता है फिर भी वह सुन्दर ही प्रतीत होता है। महाकवि कालिदास ने इस कथन की पुष्टि करते हुए अपने ग्रंथ 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में कहा है कि सौन्दर्य नैसर्गिक है, अलंकार सापेक्ष नहीं। धब्बों से युक्त चंद्रमा रम्य ही लगता है, अर्थात् इन तथ्यों का सार यही है कि सौन्दर्य में आकर्षण होता है और यह उसका स्वाभाविक गुण है।

महाकवि माघ के अनुसार–"क्षणे–क्षणे यन्नुवतामुपैति तदैव रूपं रमणीयतायाः।" अर्थात्– रमणीयता (सौन्दर्य) क्षण–क्षण नवीनता को प्राप्त होता है। महाकवि के इस कथन से सौन्दर्य–सम्बन्धी तीन तथ्य स्पष्ट होते हैं[19]–

सौन्दर्य प्रति क्षण नवीनता को प्राप्त करता रहता है, अतः उसे ग्रहण नहीं किया जा सकता है।

सौन्दर्यपूर्ण वस्तुओं के दर्शन में अतृप्ति का भाव बना रहता है।

सौन्दर्य अपनी सूक्ष्मता और अग्राह्यता से प्रेक्षक को चमत्कृत कर देता है।

डॉ. पुरूषोत्तमदास अग्रवाल के अनुसार[20]– सौन्दर्य की प्रतिक्षण की नवीनता का विवरण केवल भारतीय परम्परा में ही प्राप्त है, पाश्चात्य सौन्दर्य शास्त्र में इसकी चर्चा भी नहीं है। यह तथ्यपूर्ण रूपेण सत्य है क्योंकि भारतीय सौन्दर्य चिन्तन का मूल आधार उसका भौतिक स्वरूप न होकर उसका सूक्ष्म स्वरूप है, जो 'रस सिद्धान्त' के रूप में जाने कितने युगों से ललित कलाओं में गुण वृद्धि करने के साथ–साथ मानव के दैनिक जीवन को भी आनन्दित कर रहा है।

डॉ. रामविलास शर्मा के कथनानुसार[21]– प्रकृति, मानव–जीवन, तथा ललित कलाओं के आनन्ददायक गुण का नाम सौन्दर्य है। वास्तव में सौन्दर्य तत्व जीवन के प्रत्येक क्षण में रचा–बसा हुआ है, जो विविध रूपों में सहज ही परिलक्षित हो जाता है। वास्तव में सम्पूर्ण चराचर जगत का आरम्भ और अन्त इसी सौन्दर्य तत्व में समाहित है, इस कारण से यह जीवन के विविध पक्षों से पूर्णतः सम्बद्ध है।

डॉ. के. एस. रामस्वामी शास्त्री के अनुसार[22]– सौन्दर्यशास्त्र सौन्दर्य का विज्ञान है, जिसकी अभिव्यक्ति कला के माध्यम से होती है।

पंचपगेश शास्त्री के अनुसार[23]– सौन्दर्यशास्त्र रसानुभूति के माध्यम से प्राप्त आनन्द का दार्शनिक विवेचन है।

डॉ. के. सी. पाण्डेय के अनुसार[24]– सौन्दर्यशास्त्र ललित कलाओं का विज्ञान व दर्शन है।



चित्र सं. – 5, सौन्दर्यशास्त्र का प्रकृति, मानव–जीवन एवं ललित कलाओं के साथ परस्पर संबंध

गजानन माधव मुक्तिबोध के अनुसार– सौन्दर्य प्रतीति का संबंध सृजन प्रक्रिया से है। सृजन प्रक्रिया से हटकर सौन्दर्य प्रतीति असंभव हो जाती है। असलियत

यह है कि सौन्दर्य तब उत्पन्न होता है जब सृजनशील कल्पना के सहारे संवेदित अनुभव का विस्तार हो जाये।[25]



चित्र सं. 6

निष्कर्ष :

जैसा कि उपर के चित्र द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि भारतीय चिन्तन के दृष्टिकोण से सौन्दर्य तत्व रस के अन्तर्गत ही निहित है। हम इस प्रकार से भी कह सकते हैं कि रस एक बड़ा कैनवास है जिसके अन्तर्गत सौन्दर्य के सभी पक्ष स्वतः समाहित हो जाते हैं। सौन्दर्य तत्व का विवेचन अगर हम भारतीय दृष्टिकोण सेकरें तो इसमें निम्न तत्वों का समावेश होगा–



चित्र सं.– 7

जिसमें से आध्यात्मिक सौन्दर्य के अन्र्तगत सौन्दर्य को ब्रह्मानन्द सहोदर कहा गया, कलात्मक व्याख्या में सौन्दर्य को ललित कलाओं का दर्शन माना गया और दार्शनिक दृष्टिकोण के अनुसार सत्यं, शिवं, सुन्दरम् में ही सौन्दर्य का सार तत्व माना गया है।[26]

भारतीय चिन्तन–परंपरा में सौन्दर्य तत्व की व्याख्या 'रस' सिद्धान्त के अन्तर्गत की गई है जिसके अन्तर्गत सौन्दर्य विषय की प्रत्येक विशिष्टता को समाहित कर लिया गया है। 'रस' अपने आप में एक संपूर्ण, समग्र सिद्धान्त है। 'रस' सिद्धान्त इतना व्यापक और स्पष्ट है कि इसके अन्तर्गत सौन्दर्य से सम्बन्धित प्रत्येक विषय का समन्वय स्वयं हो जाता है, और इस सिद्धान्त के माध्यम से सौन्दर्य विषयक भारतीय चिन्तन का स्वरूप भी स्पष्ट रूप से प्रकट हो जाता है।

सन्दर्भ सूची :

1. http://hi.wikipedia.org/wiki, 17/05/2011, 11:45 pm
2. तैत्तिरीयोपनिषद्, गीताप्रेस गोरखपुर, 1965, पृ.सं. 223
3. तैत्तिरीयोपनिषद्, गीताप्रेस गोरखपुर, 1965, पृ.सं. 223
4. http://hi.wikipedia.org/wiki/सौन्दर्य, 15/05/2012, 11:32pm.
5. चटर्जी, गौतम, संगीत विमर्श, अभिनव गुप्त अकादमी, नई दिल्ली 2009, पृ.सं. 297
6. जैन, निर्मला, रस सिद्धान्त व सौन्दर्यशास्त्र
7. डॉ० नगेन्द्र, भारतीय सौन्दर्यशास्त्र की भूमिका
8. कुमार, डॉ. विमल, सौन्दर्यशास्त्र के तत्व, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1967 पृ.सं.
9. वाजपेयी, सूनृत कुमार, पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र का इतिहास, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, 1996, पृ.सं. 5
10. आचार्य मम्मट, काव्यप्रकाश, चौखम्बा विद्याभवन, 1955, पृ.सं. 36
11. भटनागर, मधुरलता, भारतीय संगीत का सौन्दर्य विधान, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1994, पृ.सं. 25
12. मिश्र, डॉ. हरिशंकर, सौन्दर्यशास्त्र; स्वरूप एवं सम्भावनाएँ, निर्मल पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1997, पृ.सं. 73
13. शुक्ल, रामचंद्र, सौन्दर्यशास्त्र, ओरियन्टल पब्लिशिंग हाऊस, कानपुर, 1981, पृ.सं. 68
14. प्रसाद, विश्वनाथ, सौन्दर्य और सौन्दर्यानुभूति, अनामिका प्रकाशन, इलाहाबाद, 1981, पृ.सं. 101
15. अग्निहोत्री, पी. डी., अनुवाद– राघवन वी. कृत श्रृंगार प्रकाश, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 1981, पृ.सं. 77
16. ओझा, दशरथ एवं शर्मा दशरथ, रास एवं रसान्वयी काव्य, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 2016, पृ.सं. 56
17. डॉ. नगेन्द्र, सौन्दर्य की परिभाषा व स्वरूप, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 1974, पृ.सं. 38
18. शुक्ल, रामचंद्र, सौन्दर्यशास्त्र, ओरियन्टल पब्लिशिंग हाऊस, कानपुर, 1981, पृ.सं.112
19. डॉ. नगेन्द्र, सौन्दर्य की परिभाषा व स्वरूप, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 1974, पृ.सं. 38
20. अग्रवाल, डॉ. पुरूषोत्तमदास, मध्यकालीन हिन्दी कृष्ण काव्य में रूप–सौन्दर्य, निर्मल पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1997, पृ.सं. 68
21. समालोचक, सौन्दर्यशास्त्र विशेषांक, पृष्ठ संख्या 176

22. शास्त्री, के. एस. रामस्वामी, इण्डियन ऐस्थेटिक्स, श्री वानी विलास प्रेस, दिल्ली, 1928, पृ. सं. 60
23. शास्त्री, पी. पंचपगेश, दि फिलासॉफि ऑफ ऐस्थेटिक लिट्रचेर, श्री वानी विलास प्रेस, दिल्ली, 1940, पृ. सं. 55
24. पाण्डेय, डॉ. के.सी, कम्पेरिटिव ऐस्थेटिक्स, चौखम्बा संस्कृत संस्थान,वाराणसी, 1950, पृ. सं. 33
25. गजानन, माधव, मुक्तिबोध– एक साहित्यिक की डायरी
26. भटनागर, हेम, हिन्दी के श्रृंगार युग में संगीत काव्य, नालंदा प्रेस, नई दिल्ली, 1987, पृ.सं. 55

संदर्भ ग्रंथ :

तैत्तिरीयोपनिषद्, गीताप्रेस गोरखपुर, 1965, पृ.सं. 223

चटर्जी, गौतम, संगीत विमर्श, अभिनव गुप्त अकादमी, नई दिल्ली

जैन, निर्मला, रस सिद्धान्त व सौन्दर्यशास्त्र

डॉ. नगेन्द्र, भारतीय सौन्दर्यशास्त्र की भूमिका

कुमार, डॉ. विमल, सौन्दर्यशास्त्र के तत्व, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

वाजपेयी, सूनृत कुमार, पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र का इतिहास, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली

मम्मट, आचार्य, काव्यप्रकाश, चौखम्बा विद्याभवन

भटनागर, मधुरलता, भारतीय संगीत का सौन्दर्य विधान, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

शुक्ल, रामचंद्र, सौन्दर्यशास्त्र, ओरियन्टल पब्लिशिंग हाऊस, कानपुर

प्रसाद, विश्वनाथ, सौन्दर्य और सौन्दर्यानुभूति, अनामिका प्रकाशन, इलाहाबाद

अग्निहोत्री, पी. डी., अनुवाद– राघवन वी. कृत श्रृंगार प्रकाश, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल

ओझा, दशरथ एवं शर्मा, दशरथ, रास एवं रसान्वयी काव्य, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

डॉ. नगेन्द्र, सौन्दर्य की परिभाषा व स्वरूप, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली

अग्रवाल, डॉ. पुरूषोत्तमदास, मध्यकालीन हिन्दी कृष्ण काव्य में रूप–सौन्दर्य, निर्मल पब्लिकेशन्स, दिल्ली

समालोचक, सौन्दर्यशास्त्र विशेषांक

इण्डियन ऐस्थेटिक्स, शास्त्री. के. एस. रामस्वामी, श्री वानी विलास प्रेस, दिल्ली

शास्त्री, पी. पंचपगेश, दि फिलासॉफि ऑफ ऐस्थेटिक लिट्रेचर, श्री वानी विलास प्रेस, दिल्ली,

पाण्डेय, डॉ. के.सी, कम्पेरिटिव ऐस्थेटिक्स, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी

5. Raghav R Menon, *The sound of Indian Music* (Indian Book Company, Delhi, 1976, pg. 19)
6. S K Saxena, *Hindustani Sangeet, some perspectives some performers* (Sangeet Natak Academy, Delhi, 2010, pg. 5)
7. Sampath Vikram Sampath, *My Name is Gauhar Jaan* (Rupa Publications India Private Ltd, New Delhi, 2012, pg. 76)
8. Id.
9. Kanta Prasad Mishra, *Swar, Vigyan Avum Ganit* (1st edn. Kanishka Publishers, New Delhi, 2009 Pg.29)
10. M Vijaylaxmi, *Sangitsamaysara* (Shivalik Prakashan, Delhi, 2003, pg 11)

References :

1. Chowdhary, Subhash Rani,2017, Sangeet ke pramukh Shastriya Sidhhant, Kanishka publishers, Delhi, pg. 15
2. Brown, R. C.1954, Sound, published by LONGMANS, GREEN AND CO LTD, pg. 549.
3. Mutatkar, Sumati, Aspects of Indian Music1,Sangeet Natak Academy, New Delhi, F.E 1987.
4. Durga, S.A.K, L. E 2007, Voice Culture, the art of voice cultivation, published by B R Rhythms, Ashok Vihar, Delhi, page 8.
5. Durga, S.A.K.,1971, Hindustani Music, its physics and aesthetics, popular publication, Bombay, 3rd edition,pg 27
6. Menon, R Raghav (1976) The sound of Indian Music, published by Indian Book Company, Delhi, p 19.
7. Saxena, S K, 2010, Hindustani Sangeet, some perspectives some performers, Sangeet Natak Academy, Delhi.pg 5
8. Sampath, Vikram, 2012,My Name is Gauhar Jaan, Rupa publications India private limited, Darya Ganj, new Delhi, page 76
9. ibid
10. Mishra, Kanta Prasad, 1st edition 2009, Swar, Vigyan Avum Ganit(Hindi), Kanishka publishers, New Delhi. Page 29
11. Vijaylaxmi M, 2003, Sangitsamaysara, Shivalik prakashan, Delhi. Pg 11.

भारतीय संगीत में गज़ वाद्यों की परम्परा : एक अध्ययन

डॉ. श्वेता कुमारी** **खुश पॉल***

शोध सार

भारतीय संगीत की वैभवशाली परम्परा में विभिन्न प्रकार के वाद्यों का प्रचलन एवं विशेष महत्व रहा है। सर्वप्रथम वाद्यों के निर्माण का प्रयोजन गायन संगीत के साथ संगति द्वारा गायन संगीत को अत्याधिक रसयुक्त तथा आनंदप्रद बनाना था किन्तु कालांतर में वाद्यों के वशिष्ट गुणों के कारण भारतीय संगीत में वाद्यों के स्वतंत्र वादन संगीत की प्रथा का प्रादुर्भाव हुआ। वर्तमान समय में भी स्वतंत्र वादन संगीत की प्रथा का भारतीय संगीत में सफलतापूर्वक निर्वाह हो रहा है । साथ ही नवोन्मेष से यह प्रथा नित नूतनता की ओर अग्रसर हो रही है। वाद्यों का प्रथम लक्ष्य गायन संगीत की संगत ही था। वैदिक काल से ही गायन विधा, वाद्यों के अभाव में अपूर्ण मानी जाती रही है। भारतीय संगीत में गायन की संगति के लिए विभिन्न प्रकार के वाद्यों का प्रयोग देखने को मिलता है किन्तु सभी प्रकार की वाद्यों में से गज़ तत वाद्यों की ध्वनि अत्यधिक कर्णप्रिय होने के कारण गज़ तत् वाद्यों को गायन की संगति के लिए अनुकूल माना जाता है। भारतीय संगीत में गज़ वाद्यों की परम्परा अत्यंत समृद्ध रही है तथा वर्तमान काल में भी विभिन्न प्रकार के गज़ तत वाद्यों के निर्माण का क्रम अविराम रूप से गतिमान है। भारतीय संगीत के लगभग हर पहलु को गज़ तत वाद्यों ने अपनी उपस्थिति से सुशोभित किया है।

सूचक शब्द : *भारतीय, संगीत, वाद्य, गज़, तार, तत्, वीणा*

प्रविधि : *द्वितीयक माध्यमों का उपयोग किया गया है।*

भूमिका

भारतीय संगीत विश्व की प्राचीनतम संगीत परम्परा है। वैदिक काल से ही संगीत समस्त मानव जाति को एक सभ्य समाज के रूप में स्थापित करने का सफल प्रयास करता रहा है। संगीत सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक उत्कृष्टता एवं कुरीतियों को अभिव्यक्त करने का सशक्त साधन है। भारतीय संगीतज्ञों, मनीषियों एवं संगीत–प्रेमियों द्वारा सर्वसम्मति से भारतीय संगीत के तीन अंग गायन, वादन एवं नृत्य माने गये हैं। इन तीनों विधाओं के मिश्रण को ही संगीत की संज्ञा दी गयी है। तीनों विधाओं में से गायन को श्रेष्ठ माना जाता है तथा गायन विधा को समृद्ध एवं अधिक शोभनीय बनाने के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रकार के वाद्यों का निर्माण हुआ। वैदिक काल में स्वर वाद्यों में तत तथा सुषिर दोनों प्रकार के स्वर वाद्यों द्वारा गायन की संगत के साक्ष्य मिलते हैं किन्तु आधुनिक काल में गायन की संगत के लिए सुषिर वाद्यों का प्रयोग देखने को नहीं मिलता। सभी प्रकार के तत वाद्यों में से गज से बजाए जाने वाले वाद्यों की ध्वनि मानव कंठ से अत्यधिक निकट मानी जाती है। मानव कंठ की सभी विशेषताओं एवं सूक्ष्मताओं को गज वाद्यों द्वारा सहज ही प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी कारण आधुनिक काल में गज वाद्यों को कंठ संगीत की संगत के लिए अत्यधिक उपयुक्त माना जाता है। वर्तमान समय में भारतीय संगीत में गायन की संगत, ताल वाद्यों के स्वतंत्र–वादन में संगत, नृत्य के साथ संगत, स्वतंत्र वादन, लोक संगीत, सुगम संगीत आदि; संगीत की लगभग सभी प्रकार की विधाओं में गज़ वाद्यों का प्रयोग प्रचुरता से हो रहा है। सारंगी, बेला, इसराज, दिलरुबा आदि विभिन्न प्रकार के गज़ वाद्यों ने भारतीय संगीत को अपनी विशेषताओं के कारण समृद्ध किया है।

शोध विषय

भारतीय शास्त्रीय संगीत की तीनों विधाएँ अपने आप में पूर्ण होने के बाद भी एक–दूसरे के बिना अपूर्ण है। गायन, वादन तथा नृत्य में गायन श्रेष्ठ है, किन्तु वाद्य संगीत रहित गायन में अपूर्णता का आभाव स्पष्ट रूप से अनुभव किया जा सकता है। भाव तथा माधुर्य संगीत का अत्यंत आवश्यक तत्व माना जाता है, गायन के साथ वाद्यों

*शोधार्थी, गायन विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
**सहायक आचार्या, गायन विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

की संगति इसी भाव तथा माधुर्य में वृद्धि करती है। वर्तमान काल में गायन के साथ संगत के लिए तत वाद्यों का प्रयोग किया जाता है। वादन–क्रिया के आधार पर तत वाद्यों के विभिन्न प्रकार हैं, जैसे– मिजराब अथवा कोण से बजाए जाने वाले वाद्य, गज द्वारा बजाये जाने वाले वाद्य आदि। सभी प्रकार के वाद्यों में से गज से बजने वाले वाद्यों को गायन की संगति के लिए अत्यधिक उपयुक्त माना जाता है। गज वाद्यों की मुख्य विशेषता है ध्वनि में निरंतरता अर्थात् एक ही स्वर पर अधिक देर तक ध्वनि को बिना खण्डित किये ठहरना। इसी विशेषता के कारण गज वाद्यों की ध्वनि अत्यधिक कर्णप्रिय लगती है। गज को अन्य नामों से भी पुकारा जाता है, जैसे :–इशीका, वेतस, सलाका, कमानी, धनुष तथा गज। इनमे से 'इशीका', गज़ का प्राचीन नाम है किन्तु वर्तमान में 'गज' शब्द सर्वाधिक प्रचलित है।

भारतीय संगीत में गज वाद्यों का प्रचलन अधिकतर विद्वान रामायण7काल से मानते हैं, रामायण–काल में रावण द्वारा निर्मित वाद्य "रावणहस्त वीणा" (जिसे लोक में रावणहत्था कहा जाता है) प्रथम गज वाद्य माना जाता है। किन्तु वैदिक ग्रंथों का गहराई से अध्ययन करने से यह ज्ञात होता है कि गज वाद्यों का प्रयोग वैदिक काल से ही आरम्भ हो गया था। वेदों में "वाण" नामक एक वाद्य का उल्लेख मिलता है, यह वाद्य 100 तार युक्त था तथा "इस वाद्य की तंत्रियाँ मौन्जी की बनी हुई होती थी तथा इसका वादन इशीका अथवा वेतस के वक्राकार दण्ड से किया जाता था।"[1] उक्त कथन से स्पष्ट है कि भारतीय संगीत में गज़ वाद्यों की परम्परा रामायण काल से नहीं अपितु वैदिक काल से चली आ रही है। गज़ वाद्यों की परम्परा वैदिक काल से प्रारंभ होकर आधुनिक काल तक निरंतर प्रवाहमान है। वैदिक काल में तत वाद्यों का प्रयोग केवल गायन की संगत के लिए किया जाता था, किन्तु आधुनिक काल में गज़ वाद्यों का प्रयोग संगीत की लगभग हर विधा में देखा जा सकता है।

भारतीय वादन संगीत में वाण तथा रावणहस्त वीणा के पश्चात् समय–समय पर अनेक गज वाद्यों का प्रचलन देखने को मिलता है। वैदिक काल से प्रारम्भ हुई गज वाद्यों की परम्परा वर्तमान काल में भी निरंतर समृद्धि एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारतीय वादन संगीत के प्रमुख गज वाद्यों का वर्णन निम्नलिखित है–

भारतीय संगीत के प्रमुख गज तत वाद्य–

1. वाण
2. रावणहस्त वीणा
3. पिनाकी वीणा
4. सारंगी
5. बेला
6. इसराज
7. दिलरुबा
8. मयूरी वीणा
9. कमायचा
10. सारिंदा

1. वाण

"वाण" वाद्य का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। ऋग्वेद में वीणा शब्द का उल्लेख नहीं मिलता अपितु 'वाण' शब्द का उल्लेख अनेक स्थानों पर देखा जा सकता है। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि "वाण" शब्द वैदिक काल में सभी प्रकार के तत वाद्यों के लिए सामान्य संज्ञा थी। वैदिक काल में सभी प्रकार के तत वाद्यों के लिए वाण शब्द का प्रयोग तो होता ही था, इसके अतिरिक्त 'वाण' नामक एक स्वतंत्र वाद्य के उपलब्ध होने के साक्ष्य भी मिलते हैं। वाण वाद्य में 100 तार लगाये जाते थे। "कात्यायनश्रौत सूत्र के अनुसार इसकी तंत्रीय मूंज और दर्भ्य (घास का एक प्रकार) की बनी होती थी।"[2] यह वाद्य गज द्वारा बजाया जाता था, इसका प्रमाण हमे "जैमिनीय ब्राह्मण" ग्रन्थ में मिलता है, "जैमिनीय ब्राह्मण में वाण वाद्य को उद्गाता एवं प्रस्तोता द्वारा विभिन्न मंत्रों के प्रयोग सहित औदुम्बर की लकड़ी के बने आसन पर बैठकर सब तारों को कसकर इषीका से बजाने का उल्लेख मिलता है।"[3] डॉ. अंजना भार्गव के अनुसार वाण नामक वीणा पर इषीका या वेतस के दण्ड से वादन किया जाता था। इसके अतिरिक्त और भी अनेक प्रमाणों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि वैदिक काल में प्रयोग होने वाला वाण नामक वाद्य एक गज वाद्य था। अतः स्पष्ट है कि "वाण" भारतीय संगीत का प्रथम गज वाद्य है।

2. रावणहस्त वीणा

रावणहस्त वीणा का उल्लेख सर्वप्रथम रामायण में मिलता है। कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न

करने के लिए रावण ने इस वीणा का निर्माण किया था। आज भी श्रीलंका में धुमक्कड जातियों द्वारा इस प्रकार के एक वाद्य का प्रयोग देखने को मिलता है जिसे वह "बीनवाह" कहते है। संगीतराज ग्रन्थ के अनुसार रावणहस्त वीणा लंकापति रावण ने बनाई थी, जिसमें दो तार होते थे, तथा इसे गज़ से बजाया जाता था। इसके अतिरिक्त इस वाद्य का उल्लेख 'संगीत पारिजात' तथा 'संगीत मकरंद' में भी मिलता है। भारत में यह वाद्य राजस्थान तथा गुजरात में 'रावणहत्था' के नाम से प्रचलित है। रावणहत्था, राजस्थान का प्रमुख एवं लोकप्रिय, लोक वाद्य है। रावणहस्तवीणा या रावणहत्था के दो प्रकारों का उल्लेख ग्रंथों में मिलता है, एक में दो से तीन तार तथा दूसरे में तीन से चार तार होने का उल्लेख प्राप्त होता है। यह घोड़े के बालों से बने गज से बजाया जाता है।

3. पिनाकी वीणा



पिनाकी वीणा का सर्वप्रथम उल्लेख 'संगीत सुधाकर' (1175 ई०) ग्रन्थ में पं. हरिपाल द्वारा किया गया। इसे तांत से बनी तंत्री को धनुष की डोरी के समान दण्ड से बांध कर दाहिने हाथ में रखना चाहिए तथा "पांच मुट्ठी लम्बे धनुष से जो सफेद गुगुल के चूर्ण से मांजे गये घोड़े के बाल से युक्त हो, बाएं हाथ में रखकर बजाना चाहिए।"[4] पिनाकी वीणा का उल्लेख 'संगीतराज', 'संगीतरत्नाकर', 'संगीत पारिजात' आदि ग्रंथो में भी मिलता है। पं. सुधाकलाश इस वीणा को धनुष के सामान तुम्बा वाली वीणा कहते है। 'आईने अकबरी' में "पिनाकी वीणा का दूसरा नाम "सुरवितान" भी लिखा है।"[5] पिनाकी वीणा में तंत्रियों की संख्या के विषय में विभिन्न ग्रंथो में भिन्न–भिन्न संख्या का उल्लेख मिलता है। अधिकतर ग्रन्थकार इसमें एक से दो तंत्रियों तथा दो से तीन तुम्बों का उल्लेख करते हैं। वर्तमान समय में पिनाकी वीणा लुप्त हो गयी है।

4. सारंगी

वर्तमान काल में सारंगी उत्तर भारतीय संगीत में सर्वाधिक प्रचलित गज वाद्यों में प्रमुख वाद्य है। इस वाद्य की उत्पति के विषय में अनेक मत पाए जाते हैं, एक मत के अनुसार वाजिद अली शाह के दरबार में सारंग खां नामक संगीतज्ञ ने इसका आविष्कार किया तथा इन्हीं के नाम से इस वाद्य का नाम सारंगी हुआ। पं. राम नारायण के अनुसार इस वाद्य का नाम सर्वप्रथम सौरंगी था, कालांतर में इस वाद्य का नाम सौरंगी से सारंगी हुआ। एक अन्य मत के अनुसार, सारंगी का आविष्कार मिया कल्लू खां ने किया। महोम्मद करम इमाम के अनुसार हाकिम बकरात इसके अविष्कारक हैं। पं. अरविंद पारिख के अनुसार अमीर खुसरो ने प्राचीन वाद्य साजरंग में सुधार कर सारंगी का आविष्कार किया। कुछ विद्वान सारंगी का सम्बन्ध 'संगीत मकरंद' में वर्णित सैरन्ध्री वीणा तथा 'संगीत सुधाकर' में वर्णित सारंग वीणा से जोड़ते हैं, अतः सारंगी वाद्य का आविष्कार किसके द्वारा हुआ यह कहना कठिन है। वर्तमान समय में प्रचलित सारंगी में मुख्य तारों की संख्या तीन से चार होती है। "आजकल प्रायः चार तारों के प्रयोग का प्रचालन अधिक है।"[6] सारंगी में तरब के तारों की संख्या विभिन्न विद्वानों ने भिन्न–भिन्न मानी है। कुछ विद्वान तरब के तारों की संख्या 10 से 15, कुछ विद्वान 11 से 13, कुछ विद्वान 15 से 22, कुछ विद्वान 24, कुछ विद्वान 34 से 35 तथा कुछ विद्वान 56 मानते हैं। सारंगी का गज लगभग दो फुट लम्बा होता है। जिसे शीशम या आबनूस की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें घोड़े की पूंछ के लगभग 300 बाल लगाये जाते हैं। भारत के विभिन्न प्रान्तों में प्रचलित भिन्न–भिन्न प्रकार के लोक संगीत में सारंगी के विभिन्न प्रकारों का प्रयोग देखा जा सकता है, जैसेः– जोगिया सारंगी, गुजरातन सारंगी, सिन्धी सारंगी, धानी सारंगी तथा आलावु सारंगी आदि। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में गायन के साथ संगत के लिए सारंगी वाद्य लगभग सभी कलाकारों की पहली पसंद है।

5. बेला

बेला सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वाधिक प्रचलित एवं लोकप्रिय वाद्य है। वर्त्तमान समय में उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, भजन संगीत, सुगम संगीत तथा चित्रपट संगीत बेला का प्रयोग हर स्थान पर प्रचुरता से हो रहा है। बेला के आविष्कार के विषय में विद्वान एक मत नहीं है। कुछ विद्वान इसे विदेशी वाद्य तथा कुछ विद्वान इसे भारतीय वाद्य मानते हैं। बेला वाद्य विदेशी है या भारतीय यह आज भी शोध का विषय है। "प्रारंभ में (ई० सन् 1510–30) बेला वाद्य में तीन तार लगाये जाते थे।"[7] कालांतर में बेला वाद्य में चार तारों के प्रयोग का प्रचलन प्रारंभ हुआ। वर्तमान समय में तीन तार युक्त बेला वाद्य लुप्त हो गया है तथा 4, 5, अथवा 6, तारों से युक्त बेला का प्रचलन देखने को मिलता है किन्तु चार तार युक्त बेला सर्वाधिक प्रचलित है। कुछ भारतीय विद्वानों ने बेला वाद्य में तरब के तार लगाने का सफल प्रयोग भी किया है। बेला वाद्य के गज में घोड़े की पूंछ के 150 से 250 बाल लगाये जाते हैं। बेला, भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय वाद्य है।

6. इसराज

इसराज एक भारतीय गज़ वाद्य है जिसका निर्माण सितार और सारिंदा के मिश्रण से हुआ है। इसके निर्माता के विषय में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसमें मुख्यतः चार तार होते हैं तथा 15 से 20 तरब के तारों का प्रयोग किया जाता है। इसका गज, सारंगी के गज़ के सामान होता है।

7. दिलरुबा

इस वाद्य का निर्माण इसराज के आधार पर, सितार और सारंगी के मिश्रण से हुआ है। इसके निर्माण के विषय में भी कुछ कहा नहीं जा सकता, किन्तु एक मत के अनुसार दिलरुबा का आविष्कार सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह द्वारा किया गया था। इसमें मुख्यतः चार तार होते हैं। कुछ विद्वान् इसमें तारों की संख्या 6 मानते हैं। इसमें तरब के तारो की संख्या 20 से 22 होती है। "इसका गज़ इसराज के सामान होता है।"[8]

8. मयूरी वीणा

मयूरी वीणा के आविष्कार के विषय में कहा जाता है कि सिखों के छठे गुरु, श्री गुरु हरगोविंद जी ने इस वाद्य का निर्माण किया था। इस वाद्य को 'ताउस' भी कहा जाता है। इस वाद्य की ध्वनि तथा आकृति मोर के समान है तथा पर्शियन भाषा में मोर को ताउस कहा जाता है, इसीलिए इस वाद्य को ताउस या मयूरी वीणा कहा जाता है। इस वाद्य को शीशम की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें मुख्य चार तथा 28 से 30 तरब के तार लगाये जाते हैं। इसका गज भी घोड़े की पूंछ के बालों से बनाया जाता है। इस वाद्य का अधिकतर उपयोग गुरमत संगीत में किया जाता है।

9. कमायचा

"कमाँयचा, कमाँचा अथवा कमाँगा ईरानी वाद्य है।"[9] भारत में मुसलमानों के आगमन के साथ यह वाद्य भारत पहुंचा। अरब के अनेक देशों में कमाँयचा के विभिन्न प्रकारों का प्रचालन है, जिनमे एक, दो, तीन अथवा चार तारों का प्रयोग किया जाता है। भारत में कमाँयचा एक लोक वाद्य के रूप में प्रचलित है, इसमें 3 मुख्य तार तथा 8 तरब के तारों का प्रयोग किया जाता है। इसका वादन गज़ द्वारा किया जाता है। वर्तमान में कमाँयचा कश्मीर तथा राजस्थान के लोक वाद्य के रूप में जाना जाता है।

10. सारिंदा

सारिंदा, गज़ से बजने वाला एक लोक वाद्य है। इसे सारंडा अथवा सरिंडा भी कहते हैं। इस वाद्य में तारों की संख्या तीन होती है। भारत में पंजाब, बंगाल, राजस्थान, असम तथा त्रिपुरा के

परम्परिक लोक गीत तथा नृत्य के साथ इसका उपयोग किया जाता है। सारिंदा वाद्य की ध्वनि अत्यन्त मधुर होती है। इसे एक ही लकड़ी के टुकड़े को काट कर बनाया जाता है। इसके गज़ में भी घोड़े के बालों का प्रयोग किया जाता है।

उपर्युक्त प्रमुख गज (तत) वाद्यों के अतिरिक्त भारतीय संगीत में समय–समय पर विभिन्न प्रकार के गज वाद्यों का प्रचालन रहा है, जैसे :– सुर सागर, बेला बहार, सारंगा, ललित वीणा, सुर प्यार आदि।

गज़ वाद्यों की इतनी वृहत् एवं समृद्ध परम्परा भारतीय संगीत के अतिरिक्त विश्व के किसी अन्य संगीत में नहीं पाई जाती। अतः गज वाद्य भारतीय संगीत की विशेषता भी है और गौरव भी। भारतीय संगीत को सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठित करने में गज वाद्यों का योगदान चिरस्मरणीय है।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत शोध–पत्र में भारतीय संगीत में गज़ द्वारा बजाये जाने वाले वाद्यों पर चर्चा की गई है। भारतीय संगीत में गज वाद्यों का प्रचलन वैदिक काल से निरंतर चला आ रहा है। विभिन्न प्रकार के गज वाद्यों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि वैदिक काल से आधुनिक काल तक वाद्यों के लिए विभिन्न प्रकार तथा आकार के गज का प्रयोग होता रहा है किन्तु सभी प्रकार के गज में घोड़े की पूंछ के बालों का ही प्रयोग देखने को मिलता है, आधुनिक काल में भी घोड़े की पूंछ के बालो से युक्त गज को ही उपयुक्त मन जाता है। भारतीय संगीत में गज वाद्यों की परम्परा अत्यंत प्राचीन होने के बाद भी वर्तमान समय में अपने श्रेष्ठतम रूप में विद्यमान है। ऐसा प्रतीत होता है कि गज (तत्) वाद्यों के अभाव में भारतीय संगीत नीरस अथवा प्रभावहीन हो सकता है। अतः गज (तत्) वाद्य भारतीय संगीत का अपृथक अंग है, जिसके अभाव में भारतीय संगीत की कल्पना निरर्थक है।

संदर्भ सूची :

1. कुमार, डॉ. अतुल, भारतीय तंत्री वाद्यों का ऐतिहासिक विवेचन, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ संख्या – 37
2. महाडिक, डॉ. प्रकाश, भारतीय संगीत के तंत्री वाद्य, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1994, पृष्ठ संख्या– 19
3. वही
4. वही, पृष्ठ संख्या– 54
5. मिश्रा, डॉ. लाल मणि, भारतीय संगीत वाद्य, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ संख्या– 107
6. महाडिक, डॉ. प्रकाश, भारतीय संगीत के तंत्री वाद्य, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1994, पृष्ठ संख्या–161
7. वही, पृष्ठ संख्या–149
8. वही, पृष्ठ संख्या– 171
9. मिश्रा, डॉ. लाल मणि, भारतीय संगीत वाद्य, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ संख्या– 246

Ethnic Community and Cultural Tradition in The Context of Globalization: A Study on Dimasa Ethnic Group of Barak Valley, Assam

Dr. Binoy Paul*

Abstract

The northeastern Indian state of Assam serves as a meeting place for several ethnic groups, each with its own distinctive culture, including the Boro Kachari, Garo, Deori, Dimasa, Karbi, Kuki, and Mising. The biologically diverse Assamese people have a diverse culture, and they have traditionally traded cultural artifacts among one another. Assam's largest tribal and most culturally diverse population is the Dimasas. It belongs to the Bodo stock and the Tibeto-Burman Linguistic family. The term 'Dimasa' means the son of big river-Di means water Ma-means big and Sa-means son. It may be presumed that the Dimasa consider themselves to be the descendants of the Brahmaputra. According to some scholars Dimasa descended from Hidimba, the princes of Kamrupa who married Bhima (the 2nd Pandaba). The present study is an attempt to understand historical and cultural tradition of Dimasa.

Key words: *Ethnic community, Globalization, Dimasa ethnic group, Festivals, Art & Craft*

Methodology : *This research paper is supported by secondary informations.*

Geographical location:

In Assam's Dima Hasao, Karbi Anglong, Nowgong, and Cachar districts, there are sizable settlements of Dimasa Kachari people. A few Dimasa people have also made Nagaland their home. Barmans are the term for the Dimasa Kacharis of the Cachar area. 3,786 square kilometre Cachar District is located in the lower and southern region of Assam. South of the Barak River, across the North Cachar Hills, is where Assam's bottom half begins. The primary river in this area is called Barak, and the valley bears its name. North Cachar Hills (Dima Hasao District) and Jaintia Hills (Meghalaya state) encircle the area on both sides. Cachar is bordered by the states of Manipur to the east, Mizoram to the south, Tripura to the west, and Sylhet district of Bangladesh to the east. Cachar, Karimganj, and Hailakandi are the three districts that make up Barak Valley. The most significant social, cultural, and economic centre in the area is Silchar, the administrative centre of the Cachar district.

Dimasa villages in Cachar District:

Khaspur, Silchar, Dhalai, Bikrampur, Kumachera, Dalaichera, Joypur, Barkhala, Kalahaor, Sheorartal, Ganganagar, Lakkhinagar, Bilaipur.

Historical background of Dimasa Kachari:

According to a widely accepted myth among the Dimasa people, their forefathers resided near the meeting point of the rivers Dalaobra and Sangibra. There was a gigantic banyan tree in that lovely location, and its canopy completely shaded the area. Many birds and other creatures made their homes in the tree. That area of extremely rich land was near the coast and was abundant with reed and maize plants. The location was thus ideal for creating a province and ultimately a monarchy. The aboriginal people eventually opted to depart the region since it had become too crowded and had settled in nearby and distant locations. Some of the inhabitants stayed behind, but the majority travelled to the Nilachal along the Tini-Sangibra

*Former Research Scholar, Department of Visual Arts, Assam University, Silchar

(Brahmaputra) river's upstream flow.

The Barman dynasty was established in the fourth century C.E. by Pushyavarman, who eventually defeated the ancient Kacharis who had governed Kamarupa. They then founded their kingdom at Sadiya, where they ruled for several centuries and added the contemporary North Cachar Hills to their realm, as well as the area beyond the river Dishang up to Namsang in the Naga Hills. Their main office was located in Dimapur, close to the Dhansiri river. The Ahoms conquered Assam's Brahmaputra valley in 1228. There has long been strife between the Ahoms and the Dimasas. The Dimasa conquered the Ahoms in the early years. However, the Ahoms progressively overcame the Dimasas' resistance to their attacks and ultimately vanquished them. The Dimasas fled Dimapur and the Dhansiri valley following a conflict in 1536 and went south, establishing Maibong as their new capital.

The Dimasas overcame the Ahoms under Jasanarayan's rule (early 17th century), and Jasanarayan proclaimed himself an independent king. He asserted that the Dimasa kingdom was known as the Heramba kingdom and that he was a descendant of Ghatotkacha, the son of Hidimba and Bhima in the Mahabharata. In a silver coin he produced, he identified himself as the "Herambeswara," or "Lord of Heramba," and as a devotee of the Hara-Gouri, or Siva and Durga. The term "Heramba," which later commonly appears in inscriptions, coins, and other chronicle sources, is used for the first time on this oldest coin of the independent dynasty. There is no historical proof to back up the Dimasa myth that they are Ghatotkacha ancestors.

A century later, about 1750, the Dimasa monarchy was moved to Khaspur, where the Dimasas gradually began to be influenced by Hinduism. In a ceremony held in front of Brahmins, Raja Krishna Chandra and his brother Govinda Chandra renounced their Hindu faith, joined the Kshatriya caste, and adopted the surname "Barman."

In 1813, Raja Krishna Chandra passed away, and his brother Govinda Chandra succeeded him as ruler. Throughout his leadership, the Burmese launched many raids and took control of Assam, Manipur, Jayantia, and Cachar. It is known as "Barmar Bhagan" and was a time of severe sorrow for those who had to spend extended periods of time in hiding. Raja Govinda Chandra signed a pact with David Scott, Agent to the Governor-General of the Eastern Frontier, in 1824 after asking the East India Company for protection. The Raja was required to "listen to at all time the counsel provided for the benefit of his subjects by the Governor General in Council," but the Company would not meddle in the state's internal affairs. If the Raja failed to pay an annual tribute of 10,000 rupees, the Company was free to capture as much land as would be required to collect the debt. In exchange, the Company would defend the regions of Cachar from external foes. The Manipuri soldiers murdered Raja Govinda Chandra in Haritikar in 1830. The Dimasa or Heramba dynasty ended with his death on August 18, 1832, and Cachar was ruled by the British because he had no heir.

Living in a multicultural and economically diverse society:

Despite being one of India's patriarchal societies, Dimasa culture features some well-known matriarchs. The standing of men and women is equal. Endle had remarked that child marriage was not practised and that the relationship between the sexes was of a more "sound and healthy nature" than in many nations professing "greater civilization." A Dimasa man views his wife as an equal and his lifelong friend. A Dimasa lady has independence and respect

from her lover and society in both her early and married life. The Dimasas closely adhere to monogamy, which promotes gender equality and makes both boy and girl births a cause for celebration.

The clan system is used in Dimasa society; there are 42 female clans and 40 male clans (known as Semphong) (known as Julu). The same-clan marriage is not permitted. No matter what, a male cannot wed a girl from his mother's clan, and a girl cannot wed a boy from her father's tribe. Sons and daughters receive an equal share of the family's assets. Sons typically inherit the father's possessions, including real land, weapons, money, and livestock. On the other hand, daughters or the closest female family inherit the mother's possessions, such as jewellery, clothing, and handlooms.

Even though most of their ceremonies are mixed with animism, the Dimasas consider themselves devoted Hindus. They consider themselves to be the offspring of Bangla Raja and the heavenly bird Aarikhidima. According to legend, their ancestors' deities are the "six sons" of Bangla Raja and Aarikhidima, also known as Sibrai, Doo Raja, Naikhu Raja, Waa Raja, Ganyung-Braiyung, and Hamiadao. They refer to those ancient deities as Madai; the Madai are responsible for overseeing various sections of the Dimasa settlement and have their own territorial jurisdictions, known as daikho (similar to sacred groves). It is said that the Madai, or spiritual entity, who resides in a certain daikho guards the neighbourhood residents and determines their fates. The daikho is revered by the Dimasa once a year. When they do worship, they designate an earthen mound as the deity rather than any image or idol.

In Dimasa community, agriculture is the major source of income. They continue to engage in jhum (slash-and-burn) farming in steep places. They also grow castor, sesame, cotton, chilly, pumpkin, gourd, ginger, brinjal, mustard, pineapple, and orange in addition to rice and maize. They use the same farming techniques as non-tribal people in the plains regions. In January, they commemorate the winter crop with their primary celebration, Bishu, which includes religious rites, folk dances, music, and food. On such occasions, it is customary to give hand-woven textiles to family and friends in lieu of traditional clothing made by Dimasa women.

In the Dimasa community, handloom weaving is a craft mostly practiced by women, as it is in other tribal tribes in North-east India. The Dimasa have a proverb to the effect that their women are natural weavers. In their civilization and culture, weaving, food production, and agriculture are all intertwined to the point that one cannot exist without the other. A long-standing custom of the Dimasa Kacharis is to cultivate castor plants in order to rear the eri cocoon (the eri pupa consumes the castor leaf), develop it into fibre, reel and spin the fibre into yarn, and then weave the fabric. Women in Dimasa weave eri fabric that is of a significantly higher calibre than that produced in other regions of Assam.

The practice of weaving is so intrinsic to Dimasa culture and their way of life that it frequently appears in their folklore, folktales, and folksongs. The daily craft of the Dimasa women is weaving. Traditionally, all of the supplies and machinery required for weaving are obtained locally. The art of weaving has been quickly developing in recent years. The usage of yarn, dye, motifs, designs, and the producing method have undergone several alterations. The current study aims to recognize the value of traditional practice as well as any potential long-term consequences brought on by modifications to the practice, notably in Dimasa culture. Various Dimasa villages in the Cachar district were visited in order to document the weaving process. To comprehend the most recent altering

patterns, the data is analysed in light of the current regional and national textile industry scenarios.

Simple versions of flora and animals are incorporated into Dimasa textile themes, which draw inspiration from their environment. On plain-weave fabric, the motifs are incorporated using the extra-weft method and colourful yarns, primarily in the colours orange, green, yellow, blue, red, and black. Only for home usage and ceremonial purposes do Dimasa women weave clothes. The majority of the time, weaving is not done for profit or for commercial objectives; but, occasionally, after meeting home requirements, extra textiles are sold. They earn extra money in this manner.

The Dimasa Kachari Festivals:

Festivals, which are an essential component of culture, offer a wealth of possibilities for people to get together, foster cultural vitality, and improve social bonds. The Busu Dima festival, which is significant in every Dimasa home, is one such celebration for the Dimasas. In conjunction to their jhum harvesting season, the Busu festival is held. After several months of rigorous effort, it is time to celebrate and unwind. The celebration helps the Dimasas get over the annoyances of daily living. As a result, after a year of arduous labour, the agricultural people look forward to busu and celebrate it as an auspicious day. Depending on the level of preparation and the number of days to be committed, there are several methods to commemorate Busu Dima. The length of the celebration varies from town to village; some may last three days, while others may last as long as seven. There are three methods to commemorate the magnificent Busu festival. Three days of Busu celebrations are known as Busu Jidap, five days of Busu celebrations are known as Surem, and seven days of Busu celebrations are known as Hangseu Busu.

The Busu festival celebration continues with singing and dancing to the accompaniment of the khram (drum) and the moori, two traditional musical instruments (blowing instrument). These two musical instruments are very necessary and unavoidable in any performance of the Dimasa dances. The primary dance style that is shown is called Baidima and it demonstrates the enthusiastic participation of the populace in ancient ceremonies, rituals, and customs. Up till the early hours of the morning, they dance. The Dimasa women dress in their vibrant traditional clothes, which they weave themselves, during this celebration.

The women of the Dimasa tribe are skilled weavers who produce fabrics with elaborate and creative patterns. Three articles of clothing-Rigu, used to cover the bottom part of the body, Rijamphain, used to wrap the middle portion of the body up to the breast, and Rikhausa, used to cover the top part of the body-are worn by women to cover themselves. A article of clothing that resembles a Gamocha and is typically worn by males in the classic dhoti style, which ends just above the knees. Different ideas and activities are included in religion as a social institution. Similar to the Dimasas, the Dimasas have their own conception of gods and goddesses, including clan gods, gods of a particular region, and many others. They practise their own religion, and they hold the view that the lives of the populace are governed by the gods of a specific region with scattered shrines. The Dimasas also hold numerous deities and spirits to be responsible for the causes of illnesses, and as a result, they believe that they must occasionally be appeased for the wellbeing of the individuals as well as the society as a whole.

The Dimasa Kachari Textiles:

Cotton and castor plants, together with other crops, are grown in their fields as the first

step in the weaving process. As the eri pupa consumes castor leaf, castor leaf is necessary for raising the eri cocoon. The Dimasa women boil the eri cocoons with khari, a type of alkali derived from banana stem ash, which helps to untangle the fibres from the cocoon and aids in spinning the fibres as the cocoons develop. The elderly women spin the fibres into eri yarn in their own time using drop spindles. Every Dimasa home has an eri yarn ball because the yarn is essential to all significant rites and ceremonies in their community and has a significant ceremonial importance. Even while most homes do not still acquire hand-spun eri yarn nowadays, they do do for ceremonial purposes. Clothes can also be made with eri yarn. Rihthap is the name of the primary fabric created from eri yarn. It is a delicately woven cloth made by Dimasa women that resembles a shawl.

Cotton fibre is the most often used yarn for weaving, aside from eri yarn. Cotton is grown in the jhum fields in the same manner as castor is. Previously, Dimasa women would gin cotton fibre at home and then spin it on a spinning wheel to manufacture cotton yarn (Hagzer, 1974). To colour the cotton yarn, they used to create dye from natural bushes. Zenglong and Gisimlai are two wild bushes used to make red and black dyes. The dyeing of the yarn itself comprises several phases and various extra materials. It takes about a week to finish the procedure; the success of the entire dying process is also dependent on the environment. Cotton yarn is now mostly supplanted by synthetic yarns, and the whole indigenous process of spinning cotton fibre into yarn and dying the yarn has ceased, since a wide range of colourful synthetic yarns are readily accessible on the market.

The loom and its components, as well as other weaving equipment, are fashioned from several species of bamboo and the trunk of the betel-nut tree. These components are created by the ladies themselves. They have different names for each weaving tool and names for each stage of weaving in the Grao-Dima language, demonstrating their intimate affinity with weaving. This extensive lexicon demonstrates the significance and participation of weaving in the lives of the Dimasa people. They mostly employ throw shuttle frame looms; fly shuttle looms are uncommon. It is also because throw shuttles are easy to employ for the extra weft pattern and motifs that they create in the cloth when weaving.

The themes utilised in Dimasa textiles may be found in their traditional and cultural encyclopaedia. The motifs are reduced representations of resources found in their surroundings, and each motif has a name and a purpose. The themes provide insight into the nature and natural resources found within the Dimasa dwellings' region. The river is extremely important in Dimasa culture.

The themes are divided into masculine and female categories. The themes distinguish and identify all of the outfits. Male motifs are basic in design and employ fewer colours. Female clothing is more colourful and has a wider range of themes. Dimasa textile motifs are notable for their use of a wide range of colours in their designs. It demonstrates their weaving ability since, for each different coloured yarn, they must develop a separate lifting strategy for warps and manage the same amount of pirn. Weavers with advanced weaving skills can only manage this many different types of yarn at once. Thorishamin, for example, is a popular design for a masculine scarf called Risha Ramai. The motif is a relatively simple geometrical design, but the application of three to four colours makes it more sophisticated in construction and visually appealing. There are also themes that are exclusively used in certain types of clothing, such as the chest wrapper for ladies known as RhijhamphaiBeren and RhijhamphaiGufu, which contain unique motifs. The community's

traditional colours are red, black, maroon, yellow, blue, and purple. They make such colour colours by themselves utilising natural bushes. Both the male and female outfits are unstitched handwoven fabrics.

Conclusion:

The current Dimasa society is undergoing upheaval as a result of increasing urbanization. It is natural to feel insecure and to be affected by other dominant civilizations. At this time, it is critical to instill in them the value and importance of their own culture, as well as to raise awareness among them about the necessity of a sustainable lifestyle and the preservation of cultural variety. It is critical to create a knowledge system that highlights the value of intangible cultural heritage and cultural variety, as well as how to protect it.

References :

Bhattacharjee, G. (2018, 09 28). https://www.sahapedia.org/the-dimasa-kacharis-of-cachar-district-overview. Retrieved 12 24, 2022, from www.sahapedia.org: https://www.sahapedia.org

Bhattacharjee, J. B. (1977). Cachar Under British Rule in North East India. new Delhi: Radiant Publishers, New Delhi.

Bhattacharjee, G. (2017). Sustainability and Authenticity of Indigenous Craft Tradition of Assam. In 2nd International Conference on Design Pedagogy & Contextual Aesthetics (pp. 31-38). Calicut: National Institute of Technology.

Bhuyan, A. (2014, January 17). Weaving a region?s story. Business Standard. Retrieved from https://www.business-standard.com

Bordoloi, B. N. (1984). The Dimasa Kacharis of Assam. Tribal Research Institute, Assam

Choudhury, S. (2006). Shrihatta Cacharer Prachin Itihas. Silchar: Dinkal Press Limited.

Danda, D. (1978). Among the Dimasas of Assam. New Delhi: Sterling Publishers, New Delhi.

Endle, S. (1911). The Kacharis. London: Macmillan and Co Limited, London.

Gait, S. E. (1963 [1933]). A History of Assam. Calcutta: Thacker, Spink and Co.

Hagzer, N. (1974). Dimasa: A Study on the Dimasa tribe of Assam. Jorhat, Assam: Assam Sahitya Sabha.

Menon, M. (2018, September 27). Illegal variants of Bt cotton are growing popular in India, further threatening indigenous crops. Scroll.In. Retrieved from https://scroll.in

Native Varieties of Cotton Disappearing. (2016, March 29). The Hindu. Retrieved from https://www.thehindu.com

Nunisa, R. (2021, 08 11). https://neda.org.in/2021/08/11/a-glimpse-of-the-dimasa-culture/. Retrieved 12 24, 2022, from www.neda.org.in: https://neda.org.in

Sarma, P. C. (2003). The Dimasa : Child of the Big River. Guwahat: Vivekananda Kendra Institute of Culture,Guwahati.

Thaosen, S. R. (1962). Dimasa Kachari' in Asomor Janajati ed. P.C. Bhattacharya. Gauhati: Asom Sahitya Sabha.

Lalsim, R. (2005). The Tribes of N. C. Hills Assam. N. C. Hills: North Cachar Hills Autonomous Council Publication Series.

Laitala, K., Klepp, I., & Henry, B. (2018). Does Use Matter? Comparison of Environmental Impacts of Clothing Based on Fiber Type. Sustainability, 10 (7), 2524. https://doi.org/10.3390/su10072524

कालिदास की रचनाओं में प्रकृति–चित्रण के शिल्पगत सौंदर्य की अभिव्यंजना

डॉ. रंजना उपाध्याय*

शोध–सार

कवियों की विराट परम्परा में ऐसे कवि कम ही ज्ञात होते हैं जिन्हें राष्ट्र की समग्र सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्ति देने की कला पर अधिकार प्राप्त हो, परन्तु निःसन्देह यह अधिकार कविकुलगुरू संस्कृत साहित्य के भूषण कालिदास को प्राप्त है। यही कारण है, कि कालिदास की रचनाओं में प्रकृति के जिस श्रृंगारिक रूप की अभिव्यंजना प्राप्त होती है, वह अन्यत्र देख पाना असम्भव है । काव्य मर्मज्ञों ने महाकवि कालिदास को 'कविता कामिनी का विलास' की संज्ञा दी है। कविकुलगुरू की प्रकृति–चित्रण विषयक रचनाओं से आधार–सामग्री प्राप्त कर प्रत्येक कालखण्ड में अनेक प्रकृति–कवियों व दार्शनिकों ने प्रकृति के लावण्यमयी स्वरूप का विशद् विवेचन अपनी कृतियों में किया है। न केवल मेघदूत, ऋतुसंहार खंडकाव्य अपितु महाकवि कालिदास के काल विजयी नाटक 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' में प्रकृति के साथ मानव साहचर्य का अद्भुत वर्णन दर्शनीय है।

मुख्य शब्द : *कालिदास, प्रकृति, ऋतु, रचना, सौन्दर्य*

शोध–प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र में वर्णात्मक एवं व्याख्यात्मक शोध–प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं तथा शोध–पत्र लेखन हेतु विविध सन्दर्भ ग्रंथों, कालिदास की साहित्यिक रचनाओं से सम्बंधित पुस्तकों एवं विषयगत शोध–आलेखों का अध्ययन किया गया हैं।*

उद्देश्य– प्रस्तुत शोध–पत्र संस्कृत साहित्य के विराट व्यक्तित्व, कवियों की विराट परम्परा में प्रातः स्मरणीय कविकुलगुरु कालिदास की रचनाओं में प्रकृति के मनोहारी स्वरुप का दिग्दर्शन कराने का प्रयास है।

प्रस्तावना–

प्रकृति जगत और मानव जीवन का अनादि काल से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। मानवता का विकास प्रकृति के ही विशाल प्रांगण में हुआ है। प्रकृति के साथ मानव का सुखदुःखात्मक सम्बन्ध अटूट रहा है। मानव को सच्चा सुख, शान्ति और आनन्द प्रकृति की गोद में ही मिला है। प्रकृति–नटी के बहुरंगी रूप मानव को सदा आकर्षित करते रहे हैं। ''भारतीय चिन्तन में मानव प्रकृति जगत में जन्म लेता है। उसका जीवन प्रकृति–जीवन का ही अंग है। उसकी सौन्दर्य परिकल्पना प्रकृति से उद्भूत है। दोनों का परिचालन एक ही प्रकार के नियमों से होता है। इसी कारण भारतीय कवि मानव और प्रकृति के आन्तरिक और घनिष्ठ सम्बन्ध को कभी नहीं भूलता।''[1] सम्पूर्ण प्रकृति का जितना लावण्यमय श्रृंगारिक संयोजन कालिदास की रचनाओं में यत्र–तत्र दिखायी देता है, उतना अन्य नहीं।

''प्रकृति सौन्दर्य ईश्वरीय रचना का एक अद्भुत समूह है अथवा उस बड़े शिल्पकार के शिल्प का एक छोटा–सा नमूना है''[2]

मामाकाशप्रणिहितभुजं निर्दयाश्लेषहेतोर्लब्धाय।
स्ते कथमपि मया स्वप्नसन्दर्शनेषु।
पश्यन्तीनां खलु बहुशो न स्थलीदेवतानां।
मुक्तास्थूलास्तरूकिसलये प्वश्रुलेशः पतन्ति।। 43।। मेघदूतम्[3]

''हे गुणवती हिमालय की गोद से जो हवा दक्षिण की ओर चलती है, जो देवदारू द्रुमो के किसलय पुट को भेद करने के कारण उसके क्षरित दुग्ध से सुगन्धित बनी होती है और हिमालय की तुषार राशि के स्पर्श से शीतल बनी रहती है, उसे भी मैं ह्रदय से लगाता हूँ इस आशा से कि इसने तुम्हारे अंगों का स्पर्श किया होगा और मैं भी कदाचित, उसका स्पर्श पाकर धन्य हो सकूँगा।

भारत का विशाल भूखण्ड भौगोलिक दृष्टि से एक अविभाज्य इकाई है । उत्तर में पवर्तराज हिमालय दोनों भुजाओं से पूर्व और पश्चिम समुद्र को छूता हुआ इस प्रकार छाया हुआ है मानों पृथ्वी का मानदण्ड हो। कालिदास ने कहा भी है–अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवात्मा हिमालयो नाम

*सहायक आचार्य, नृत्य विभाग, संगीत एवं मंचकला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

नागाधिराजः पूर्वापरौ तोयनिधिवगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः।। 1।। कुमारसम्भव[4]

हिमालय के प्रदेशों को कालिदास ने देवभूमि कहा है और हिमालय पर्वत को देवात्मा । कालिदास संस्कृत भाषा के महान कवि व नाटककार थे, उन्होंने भारत की पौराणिक कथाओं और दर्शन को आधार बनाकर रचनाएँ की। उनकी रचनाओं में भारतीय जीवन और दर्शन के विविध रूप तथा मूल तत्व निरूपित हैं। कवि हृदय के नाते कालिदास मानवीय संवेदना से परिपूर्ण हैं। कण–कण पर उनका अनुराग है। नदी, निर्झर, वन, पर्वत, उपत्यका, खेत, खलिहान, बाग, बावड़ी, उपवन, वृक्ष, लता, खग, मृग, पशु, बालक, नर, नारी, आकाश, अन्तरिक्ष, मेघ, विद्युत, नक्षत्र आदि प्राकृतिक पर्यावरण के समस्त घटकों के प्रति उनमें आत्मभाव है। मनुष्य को पर्यावरण एवं उसके विभिन्न घटकों का ज्ञान प्राचीन काल से ही था जिसकी चर्चा भारतीय प्राचीन ग्रन्थों, यथा– रामायण, महाभारत, गीता आदि में भी हुई है। हमारी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के भौतिक घटकों को प्राणीमात्र के जीवन का आधार माना गया है और कहा गया है –''क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंचतत्व ते रचत शरीरा।'' अर्थात् भूमि, जल, अग्नि, आकाश तथा वायु से प्रत्येक प्राणी के शरीर की रचना हुई है। आदिकवि वाल्मीकि ने भी रामायण महाकाव्य के किष्किन्धाकाण्ड खण्ड में प्रकृति के मनोहारी स्वरूप की अभिव्यंजना की है, कालिदास उस युग के रचनाकार थे जब वैदिक परम्पराओं का स्थान पौराणिक मान्यताएँ ले चुकी थीं, यद्यपि पुराण वेदों के उपवृंहण माने जाते हैं, गीता में भी स्वयं श्रीकृष्ण ने कहा है–

''अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्'' ।।10 (26)।। गीता[5]

इसी प्रकार पौराणिक सन्दर्भों में कल्पवृक्ष, देवदार, पारिजात, संजीवनी बूटी, हिमालय पर्वत, कैलाश पर्वत, सुमेरू, गंगा, नर्मदा, यमुना कमल, ब्रह्मकाल आदि अनेक वृक्षों, पर्वतों नदियों व फलदायी वनों का विशद् वर्णन प्राप्त होता है।

कविकुलगुरू कालिदास द्वारा रचित समस्त कृतियों में भी प्रकृति का आत्मिक विवेचन प्रभावी व श्रृंगारपूर्ण रूप से प्राप्त होता है। नागरिक और वन्य–जीवन में इतना सामंजस्य, संवेदना की दृष्टि से इतना एकरूप्य कि दोनों भिन्न नहीं रह जाते, मानव तथा प्राणिजगत में इतना भाईचारा वाल्मीकि में भी कम ही था। वाल्मीकि के पात्र प्रकृति के मुग्ध दर्शक हैं और कालीदास के पात्र प्रकृति के साथ तादात्म्य रखने वाले।

कविकुलगुरू की रचनाओं की बात करें तो वर्तमान साक्ष्यों के आधार पर विद्वानों ने सात ग्रन्थों को कालीदास कृत स्वीकार किया है, इन रचनाओं में रघुवंश और कुमार संभव दो महाकाव्य हैं। 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्', 'मालिविकाग्निमित्र' तथा 'विक्रमोर्वशीय' तीन नाटक हैं तथा 'ऋतुसंहार' व 'मेघदूत' दो गीतिकाव्य हैं। इनमें मेघदूत तथा अभिज्ञानशाकुन्तल विदेशों में भी प्रतिष्ठाप्राप्त रचनाएँ हैं।

ऋतुसंहार गीतिकाव्य कालिदास की प्रथम काव्य–रचना है। इसका शाब्दिक अर्थ है ऋतुओं का समूह। संस्कृत काव्यों में ऋतुओं के ऊपर लिखी जाने वाली एकमात्र रचना ऋतुसंहार ही है। ऋतुसंहार के छः सर्ग गीतात्मक स्वरों में हैं। इसके 144 श्लोकों में ग्रीष्म, प्रावृट, शरद, हेमन्त, शिशिर और वसन्त ऋतुओं का वर्णन किया गया है। ये ऋतुएँ क्रमशः ज्येष्ठ–आषाढ़, श्रावण–भाद्रपद, क्वांर–कार्तिक, अगहन–पौष, माघ–फाल्गुन और चैत्र वैशाख में आती है।

प्रथम ऋतु ग्रीष्म में कवि ने मनुष्येत्तर प्राणि वर्ग पर पड़ने वाले ग्रीष्म के प्रभाव का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है। उन्होंने सिंह, गज, मयूर, सर्प, वराग, भेक कपि, सारस, गवय आदि की पीड़ा व्यक्त की है तथा विन्ध्य पर्वत श्रृंखला–क्षेत्र में ग्रीष्म की प्रचण्डता व दावाग्नि का प्रत्यक्ष निरूपण किया है। द्वितीय सर्ग में प्रावृट् का वर्णन है जिसमें प्रकृति पर पड़ने वाले वर्षा के प्रभाव का श्रृंगारिक वर्णन है, तृतीय सर्ग में शरद ऋतु का वर्णन है इसमें प्राकृतिक सुषमा का वर्णन है, मन्द–मन्द बहती वायु तथा चारों ओर के पुष्पित–पल्लवित वातावरण का वर्णन है। इसके पश्चात् हेमन्त ऋतु में जौ, गेहूँ, आदि अन्न के पौधे में सुन्दर पत्ते निकल आते हैं, लोध्र के वृक्ष फलते हैं, धान पूरी तरह पक जाता हैं, ओस गिरती है और कमल नष्ट हो जाते हैं, पंचम सर्ग में शिशिर ऋतु का वर्णन किया गया है, इस ऋतु में भी शीत की उग्रता व घने, कोहरे के कारण वायु के ठण्डेपन का चित्रण है, अन्तिम सर्ग के 28 श्लोकों में वसन्त श्री का वर्णन हैः–

''द्रुमाः सपुष्पाः सलिलं सपद्मं स्त्रियः सकामाः पवत्रः सुगन्धिः। सुखाः प्रदोषा दिवासाश्च रम्याः सर्व प्रिये चारूतरं वसन्ते।।'' ।।6 (2) ।। ऋतुसंहार[6]

वसन्त श्रृंगारिक ऋतु है, प्रकृति में चहुँओर

उल्लास है। अतः कालिदास ने भी इस ऋतु में प्राकृतिक श्रृंगार का चित्रण प्रस्तुत किया है।

''रम्य प्रदोषसमयः स्फुटचन्द्रभास पुस्कोकिलस्य विरुतं पवन सुगन्धिः।
मत्तालियथविरुतं निशि सीधुपानं सर्व रसायनमिद कुसुमायुधस्य।।6 (35)।। ऋतुसंहार[7]

''रमणीय संध्या, प्रस्फुटित चन्द्रिका, कोयल की काकली, सुरभित पवन, मतवाले भ्रमरों का गुंजन तथा रात में वारुणी–पान, ये सभी कुसुम.बाणों को धारण करने वाले भगवान कामदेव के उद्दीपक रसायन हैं।''

संस्कृत साहित्य में ऋतु–वर्णन की परम्परा का प्रारम्भ आदिकवि वाल्मीकि से ही हो गया है, रामायण में भी प्रसंगानुसार प्रकृति के भव्य एवं विराट चित्रणों के साथ वर्षा आदि ऋतुओं का हृदयाग्राही वर्णन है। ऋतुसंहार से अनेक कवियों ने ऋतुवर्णन की प्रेरणा प्राप्त की है।

इसी प्रकार, मेघदूत खण्डकाव्य के सहारे कवि ने चित्रकूट से लेकर उत्तर हिमालय (अलकापुरी) तक का वर्णन किया है, इस खण्डकाव्य में यक्ष ने मेघ से प्रार्थना की है कि वह मित्र बनकर उसका सन्देश यक्ष की प्रिया तक ले जाय। इसमें कवि ने मेघ से अलकापुरी का मार्ग बतलाते हुए रागगिरि से कनखल तक मार्ग के मध्य पड़ने वाले पर्वतों, नदियों, जनपदों, नगरों का मनोहारी वर्णन किया है, इस खण्डकाव्य में रामगिरी, मालक्षेत्र, आम्रकूट, दार्शार्णः, विदिशा, निर्विन्ध्या, सिन्धु, अवन्ति, विशाला, गम्भीरा, देवगिरि, चर्मण्वती, दशपुर, ब्रह्मवर्त,सरस्वती आदि जनपदों व नदियों की विशेषताओं को पृथक–पृथक रेखांकित कर मेघ को कनखल पहुँचा दिया है जहाँ गंगा, भूमि पर अवतरित होती है। 'कुमारसंभव' महाकाव्य की प्रसिद्धि का प्रमुख कारण हिमालय वर्णन है, देवदारू के वृक्षों, हिमालय पर होने वाले भूर्ज वृक्षों और उनकी छाल जिस पर पत्र और ग्रन्थ लिखे जाते थे तथा वहाँ कीचकों (बाँस के पोले वृक्षों) जो वायु के वेग से बाँसुरी– जैसा शब्द करते हैं, रात्रि में चमकने वाली औषधियों, बर्फ, गुफाओं के अन्धकार और उन्हें चारों ओर से घेरे हुए मेघों, चमरी मृगों और भागीरथी के शीतल जलकणों से युक्त देवदारू को कम्पित करती हुई, वायु का मनोहारी चित्रण है जो अन्यत्र दुर्लभ है–

तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्रस्तगङ्गादुकूलां
न त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन् ।
या वः काले बहति सलिलोद्गारमुचौविमाना
मुक्ताजालंग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम् ।। 60 ।। पूर्वमेघ[8]

''हे इच्छानुरूप संचरण करनेवाले मेघ ! जिसकी गंगा–रूपी साड़ी सरक गई है, ऐसी उस अलका को प्रणयी कैलास के क्रोड़ में बैठी हुई देखकर तुम उसे अवश्य पहचान जाओगे । वर्षाकाल में जब उसके ऊँचे महलों पर घिरकर तुम सलिल की धारा वरसाने लगोगे, तब वह ऐसी सुशोभित हो उठेगी जैसे किसी कामिनी के सिर पर मोतियों की जाली से गूंथा हुआ मंद्र केश.वन्ध चमकता हो''

इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि मेघ की श्यामल कान्ति से कवि अधिक चमकृत है और ललित उपमाओं द्वारा उसकी भावना कराने के लिए वह व्यग्र है–

विद्युत्वन्तं ललितवनिता सेन्द्रचापं सचित्राः
संगीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगम्भीरघोषम् ।
अन्तस्तोयं मणिमयभुवस्तुङ्गमभ्रंलिहाग्राः
प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैस्तैविशषेः।। 9 ।। उत्तरमेघ[9]

''अलका के महल अपने इन ..इन गुणों से तुम्हारी प्रतियोगिता करेंगे, तुम्हारे पास बिजली हैं तो उनमें मोहिनी वनिताएँ हैं। तुम्हारे पास इन्द्रचाप हैं तो उसमें सुरम्य चित्र अंकित हैं। तुम्हारे पास मधुर गम्भीर गर्जन है, तो उनमें संगीत के मृदङ्ग ठनकते रहते हैं। तुम्हारे भीतर जल भरा है, तो उनमें मणि चमकीले भूमि खण्ड हैं। तुम आकाश में उन्नत उठे हुए हो, तो वे गगन का चुंबन करते रहते हैं।''

इसी प्रकार 'रघुवंश' महाकाव्य में भी वसन्त ऋतु का वर्णन मृगयावर्णन प्रसंग में प्राप्त होता है। नाटकों की श्रृंखला में 'अभिज्ञानशाकुन्तल' कालिदास की सर्वोत्कृष्ट कृति है। विश्वविख्यात जर्मन कवि गेटे ने कहा है ''यदि स्वर्ग और पृथ्वी को एक स्थान पर देखना चाहते हो तो शाकुन्तल पढ़ो'' विश्व की प्रायः समस्त भाषाओं में यह अनुवादित है तथा प्रत्येक शास्त्रीय नृत्यशैली में मंचित किया जाता है। अभिज्ञानशाकुन्तल में ऋषि विश्वामित्र तथा मेनका द्वारा उत्पन्न शाकुन्तला नामक कन्या तथा पुरूवंशीय राजा दुष्यन्त की प्रणय कथा है, चूँकि शकुन्तला का पालन–पोषण कण्व के आश्रम में हुआ, अतः वह प्रकृति के सानिध्य में रही, शकुन्तला को कवि ने प्रकृति की औरस पुत्री माना है। उसका अंग–अंग प्रकृति परिवेष्टित है–

''अधरः किसलय–रागः कोमल विटपानुकारिणौ बाहू।
कुसुममिव लोभनीयं यौवनमेषु सन्नद्धम्''।।1(2)।।
अभिज्ञानशाकुन्तल[10]

"उसके ओठ किसलयों की लाली जैसे और बाहें कोमल विटपों जैसी हैं और अंग–अंग में दमकता यौवन लता में लगे फूलों के समान है।"

इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी प्राकृतिक सौन्दर्य का उपमानों के रूप में श्रृंगारिक चित्रण हुआ है, शकुन्तला स्वयं भी प्रकृति–प्रेमी नायिका है, शकुन्तला के चतुर्थ अंक में महर्षि कण्व कहते हैं:–

"हे तपोवन के तरूओं! जो तुमको पहले पिलाये बिना कभी स्वयं पानी नहीं पीती, भूषण पहनने का शौक होने पर भी जिसमें तुम्हारे प्रति स्नेह के कारण कभी तुम्हारे पल्लव नहीं तोड़े, तुम में पहला फूल खिलने पर जो पुत्र–जन्म जैसा उत्सव मनाती थी, वह शकुन्तला आज पति के घर जा रही, तुम सब इसे विदा करो।"

उम्गलिअदब्भकवला मित्र परिवत्तणञ्चणा मोरा।
ओसरिअपण्डुपत्ता मुअन्ति अस्सू वित्र लदाओ।" ।।
उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनतंना मयूराः ।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः ।। 4 (2) ।।
अभिज्ञानशाकुन्तल[11]

"(शकुन्तला की बिदाई से दुःखी होकर) हरिणियाँ चबाई कुशा के कौर उगल रही हैं, मोरों ने नाचना छोड़ दिया है और लताओं से– पीले–पीले पत्ते इस प्रकार रीत रहे हैं, मानों उनके आँसू गिर रहे हों।"

निष्कर्ष :

उपरोक्त समस्त प्रसंगों में प्रकृति–चित्रण की अभिव्यंजना ही कालिदास के शिल्प–कौशल की अवर्णनीय विशेषता है, उन्होंने मनुष्य तथा प्रकृति के सम्बन्ध को जितने शिल्पगत सौन्दर्य के साथ प्रस्तुत किया है उतना विश्व साहित्य में अन्यत्र कहीं नहीं दिखायी देता, वे प्राकृतिक संवेगों के चतुर शिल्पी थे, वे केवल कवि हैं, शत–प्रतिशत कवि, विशुद्ध कलाकार उनका वन्य जगत वास्तव में इतना भव्य है कि एक बार उसमें प्रविष्ट हो जाने पर उसकी रमणीयता से बाहर निकलने को जी नहीं करता।

प्रकृति का मानवीकरण भारत ही नहीं, अपितु विदेशों में भी बहुधा हुआ है किन्तु प्रकृति के तरल ओस–कण से लेकर परूष शिलाओं तक का जितना विश्वास और साख्य कालिदास को प्राप्त है उतना अन्यत्र किसी को नहीं कहना अनुचित न होगा।

सन्दर्भ सूची :

1. रघुवंश डॉक्टर, प्रकृति और काव्य, पृष्ठ सं. 6
2. प्रसाद जयशंकर, चित्रधार, पृष्ठ सं. 128
3. कालिदास, मेघदूत, श्लोक सं.– 43
4. कुमारसम्भव, श्लोक सं.– 1
5. गीता, दशम सर्ग, श्लोक सं. –26
6. ऋतुसंहार, षष्ठ अंक श्लोक सं. – 2
7. ऋतुसंहार, षष्ठ अंक श्लोक सं. – 35
8. कालिदास, मेघदूत, पूर्वमेघ, श्लोक सं.– 60
9. कालिदास, मेघदूत, उत्तरमेघ, श्लोक सं.– 9
10. कालिदास, अभिज्ञानशाकुन्तलम, प्रथम सर्ग श्लोक सं.– 2
11. कालिदास, अभिज्ञानशाकुन्तलम, चतुर्थ अंक श्लोक सं.– 2

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

1. अग्निहोत्री, डॉ0 प्रभुदयाल (1998), महाकवि कालिदास, प्रथम खण्ड (स्थान, काल और कृतियाँ), ईस्टर्न बुक लिंकर्स, नई दिल्ली
2. द्विवेदी, आचार्य हजारी प्रसाद (1980), मेघदूत एक पुरानी कहानी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
3. तिवारी, डॉ राम शंकर (2018), महाकवि कालिदास, प्रथम संस्करण, चौखंबा विद्याभवन, वाराणसी
4. विद्यालंकार, महेश (1994), कालिदास और जयशंकर प्रसाद की महाकाव्य सृष्टि, भारतीय विद्या प्रकाशन, प्रथम संस्करण
5. प्रसाद, जयशंकर (2020), चित्रधार, डायमंड बुक्स
6. डॉक्टर रघुवंश (2005), प्रकृति और काव्य, साहित्य भवन लिमिटेड, प्रयाग
7. कुमार, प्रो. पुष्पेन्द्र (2013), कालिदास के साहित्य में सौन्दर्य एवं सामंजस्य, भारतीय बुक कोर्पोरेशन
8. Chettiarthodi, R. (2005)- Humanizing Nature : A study in the imagery of Kalidasa- Cracow Indological studies, 7, 19-27
9. Srivastava, R., Singh, S-N- (2020). A Canvas of Perinnial Beauty of Nature : An Ecocritical Study of the Works of Kalidas-International Journal of Creative Research Thoughts, 8(5), 2857-2861.
10. Kale, M.R. (2011). The Meghduta of Kalidasa- Motilal Banarasidas Publication Delhi.

संगीत के परिप्रेक्ष्य में : भूत, वर्तमान और भविष्य

डॉ. रोज़ी श्रीवास्तव*

सार

कल, आज और कल, सृष्टि के हर पल को अपने में समेटे हुए हैं। यही समय–चक्र सृष्टि की हर गतिविधियों को, हर परिकल्पनाओं को एक सूत्र में पिरोये हुए है। भारतीय पृष्ठभूमि की चिन्तन–श्रृंखला में संगीत का उद्‌गम सृष्टि के मूल से जुड़ा है। संगीत अपनी विकास–यात्रा की टेढ़ी–मेढ़ी पगडंडियों से होकर अनेक उतार–चढावों के फलस्वरूप अपने वर्तमान स्वरूप में स्थापित हुआ है। अतः इस समय चक्र की परिधि में संगीत की दशा एवं दिशा पर संक्षेप में चर्चा करना प्रस्तुत लेख का केन्द्र बिन्दु है।

मुख्य शब्द : *संगीत, विकास, पृष्ठभूमि, चिन्तन*

प्रविधि : *द्वितीयक माध्यमों से प्राप्त सामग्री का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है ।*

आज हम जिस छोर पर खड़े हैं वहीं से बीते कल, आज और आने वाले कल के बारे में संगीत के संदर्भ में दृष्टि डालें तो सांगीतिक परम्परा का प्राचीनतम युग वैदिक काल माना गया है। तत्कालीन संगीत की दो धाराएं समानान्तर रूप से विकसित हुईं, यथा– पहली मार्गी, दूसरी देशी। मार्गी संगीत शास्त्र के नियमों में बंधा था जबकि देशी संगीत लोक में व्याप्त था। भारतीय कला संस्कृति और साहित्य ''सत्यम्–शिवम्–सुन्दरम्'' की त्रिकुटी से प्रेरित है तथा तीनों ही विधाओं ने ''पुरूषार्थ–चतुष्टय'' की अवधारणा का निर्वाह किया अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति ही जीवन का प्रमुख ध्येय रहा है। हमारे ऋषि–मुनियों एवं संगीतज्ञों ने अपने लक्ष्य की सिद्धि हेतु संगीत को सर्वोपरि माना है। ''वैदिक काल में संगीत धर्म और अध्यात्म से जुड़ा था।''[1] सामगान परम्परा धर्म एवं मोक्ष की प्राप्ति का सरलतम माध्यम रही है, वहीं मुगल काल में संगीत रजवाड़ों और कोठों की धरोहर बनकर रह गया। जहाँ अर्थ और काम आदि को महत्व दिया गया। तत्पश्चात् अंग्रेजों के काल में संगीत की गतिविधियाँ नगण्य–सी रहीं किन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् संगीत के क्षेत्र में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन आया और वहीं से संगीत का शैक्षिक और उसका व्यावसायिक पक्ष, दोनों पहलू समान रूप से उभरकर सामने आये। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता है कि ये दोनों पहलु संगीत के क्षेत्र में पहले नहीं थे बल्कि ये दोनों ही प्रक्रियाएँ साथ–साथ विकसित हुईं। प्रारम्भ से ही संगीत–शिक्षा गुरूकुल की छाया में पल्लवित हुई । फिर मुगल काल में घरानों की परिधि में फली–फूली और वर्तमान में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और संगीत संस्थाओं से जुड़ी।

वास्तव में युग की गति एवं नये परिवर्तनों के आधार पर शिक्षा के साथ–साथ विषय के प्रयोजन एंव दृष्टिकोण में भी बदलाव आता है। विकास के मार्ग में खुलते नित नये आयाम एक चुनौति का कार्य करते हैं और कुछ उद्देश्यों को अपने में समाहित किये रहते हैं। पर यहाँ प्रश्न पैदा होता है कि कौन किससे प्रभावित होता है? कला परिवेश से या कला से परिवेश ? यूं देखें तो संगीत के दो पहलु रहे हैं– पहला उसका कला पक्ष, दूसरा उसका शास्त्रीय पक्ष। इस तत्व की गहराई में जाएँ तो कला का व्यावसायिक पक्ष परिवेश के अनुसार चलता है जबकि उसका शास्त्रीय पक्ष कला के नियमों में बंधा होता है। यह सत्य है कि परिवर्तन प्रकृति का सार्वभौम नियम है, यह अलग बात है कि कभी परिवर्तन की गति धीमी रही तो कभी तेज, तो कभी परिवर्तन कम हुए, कभी अधिक। किन्तु परिवर्तन, परिवर्तन ही है। वास्तव में परिवर्तन व्यक्ति, समाज, संगठनों और समूहों को बदल देता है यह स्वाभाविक है कि इनसे जुड़े सभी पहलु, सभी क्षेत्र प्रभावित हुए बिना नहीं रहते और यही कारण है कि जहाँ प्राचीन वर्तमान का आधार स्तम्भ रहा है वहीं वर्तमान पर भविष्य की नींव टिकी हुई है। समय एवं परिस्थिति बदलने के साथ–साथ आवश्यकताएं, परम्पराएं और सोच के नजरिये में भी स्वतः ही बदलाव आता है और परिस्थिति का नये दृष्टिकोण से

*सह–आचार्य, संगीत (कंठ), राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर।

मूल्यांकन होता है। देखा जाय तो इस परिवर्तन में कई महत्वपूर्ण घटक कार्य करते हैं, जैसे– राजनैतिक उथल–पुथल, भौगोलिक स्थितियाँ, सामाजिक प्रथाएं, आर्थिक ढांचा आदि। किन्तु संगीत के परिप्रेक्ष्य में यदि देखें तो नित नये बदलाव के बाद भी वह अपनी मूल से कहीं अलग नहीं हुआ। अतः भारतीय संगीत–परम्परा में सौष्ठव, सुघड़ता और शास्त्रबद्धता जो देखने को मिलती है वह बेजोड़ है।

संगीत के संदर्भ में यदि समय चक्र की तीनों कड़ियों को यानि हर काल में संगीत के अस्तित्व को, वर्चस्व को अलग–अलग करके देखें तो किसी एक के बारे में आंकलन करना अत्यन्त दुष्कर कार्य है। निःसंदेह हम बीते कल को संगीत का स्वर्णिम युग कह सकते हैं। किन्तु सोचने का विषय यह है कि आज के संदर्भ में संगीत का चाहे व्यावसायिक पक्ष हो या फिर शैक्षिक, इनकी क्या स्थिति है? क्या उपयोगिता है? वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कितनी सार्थकता है? और भविष्य में क्या वह अपनी कसौटियों पर खरा उतरेगा? तो संगीत के प्रयोजन की सीमायें अनन्त हैं। संगीत देश काल, भाषा, शब्दों की सीमाओं से परे है। संगीत में सामूहिक चेतना छिपी है। भारतीय इतिहास के पन्ने इस बात के साक्षी हैं कि समाज से लेकर सत्ता तक सभी ने संगीत का उपयोग एवं उपभोग किया है। युद्ध से लेकर अर्चना तक सभी पृष्ठों में संगीत के हस्ताक्षर रहे हैं। देश को दशा एवं दिशा देने का कार्य बखूबी निभाया है। प्राचीन से वर्तमान तक संगीत ने कहीं–न–कहीं प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से लोक के मानस पटल पर अपनी छाप अंकित की है। इस बात को हम अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि हमारी लोक कलाओं, गीत–संगीत ने विराट स्वरूप को आधार दिया है जिसका प्रभाव हमारी भारतीय चेतना की गहराई तक स्थित है। हमारे संगीत के उस निकटतम अनुभव में जीवंतता, गति और लय है, पूर्णता–समग्रता–संतुलन–एकाग्रता–अखण्डता से ओत–प्रोत है। वर्तमान में हमारा लक्ष्य धर्म, मोक्ष के स्थान पर अर्थोपार्जन पर आकर टिक गया है, इसी परिधि में ही सीमित होकर रह गया है। इसे अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि बदलते परिवेश के कारण संगीत के प्रयोजनों में भी बदलाव आया है, चाहे संगीत का शैक्षिक पक्ष हो या व्यावसायिक। संगीत शिक्षा के क्षेत्र में पहले की अपेक्षा गुणात्मकता बढ़ी है तो वहीं गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह भी लगा है। ''गुरुकुल पद्धति की कमियों को दूर करना ही संस्थागत शिक्षण के जन्म का मूल उद्देश्य रहा है।''[2] वर्तमान संगीत शिक्षा की प्रक्रिया परम्परावादी होने के साथ–साथ प्रयोगवादी प्रवृत्तियों को भी आत्मसात करने के लिये दृढ संकल्पित है। संगीत को इतिहास, मनोविज्ञान, धर्म, दर्शन, योग, चिकित्सा सभी विषयों से परस्पर जोड़ा गया है। रोजगार की सम्भावनाओं के संदर्भ में यदि संगीत की बात करते हैं तो शैक्षिक और व्यावसायिक पक्ष दोनों की ही समान भागीदारी रही है। आज इस भौतिकतावादी, प्रौद्योगिक युग में जीवन इतना संघर्षमय और गतिशील हो गया है कि व्यावसायिकता की इस लम्बी दौड़ में प्रत्येक व्यक्ति की सोच, विषय में रोजगार–सम्बन्धी सम्भावनाओं को लेकर काफी जागरूक है। स्वावलम्बी बनने हेतु, पद, प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि और पैसा भरपूर मिल सके। इसके लिये प्रत्येक विद्यार्थी विषय चयन के प्रति बेहद सजग हैं। यह कहने में कहीं संकोच नहीं है कि संगीत में विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल है। सच तो यह है कि हमारे देश की अर्थ–व्यवस्था का एक बहुत बड़ा हिस्सा है जो फिल्मी संगीत, लोक संगीत, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और पर्यटन विभाग पर निर्भर है। आज जहाँ सम्पूर्ण विश्व ''ग्लोबलाईजेशन'' के दौर से गुज़र रहा है। आज सम्पूर्ण विश्व को हम एक रंगमंच पर देख सकते हैं। इस विराट मंच पर संगीत की भूमिका पर यदि हम गहराई से विचार करें तो आज के इस अर्थ प्रधान युग में मानव अपने शाश्वत मूल्यों से दूर होता जा रहा है, यही नहीं मानवीय संवेदनाएं भी अर्थजन्य स्वार्थों के नीचे दब कर रह गयी हैं। हम चाहे कितना भी सोचकर यह तसल्ली दे लें या फिर अपने आप को सांत्वना दे लें कि हमने विकास की पराकाष्ठा को छू लिया है किन्तु सत्य तो यही है कि हम अपने आप में ही इतनी समस्याएँ समेटे हुए हैं जो ज्वलन्त रूप धारण कर आज हमारे समक्ष मुंह बांये खड़ी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, आतंकवाद आदि। ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों पर कैसे अंकुश लगाया जाये? तो मैं सभी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि संगीत ही एक ऐसा सरल, सहज एवं सशक्त माध्यम है जिससे कहीं–न–कहीं वैयक्तिक सोच को कुछ प्रतिशत बदला जा सकता है। हमारा संगीत विश्व बंधुत्व की आधारशिला प्रेम, दया, सहयोग, एकता आदि भावनाओं को परिपोषित करता है। हमारा संगीत सदा से ही ''वसुधैव–कुटुम्बकम्'' की भावना का पक्षपाती रहा है। आज हमारे बीच पनप रहे राग, द्वेष, ईर्ष्या, क्रोध, आक्रोश, घृणा जैसी भावनाओं के समाधान हेतु, उनके उन्मूलन हेतु

ऐसे संदेशों की आवश्यकता है, ऐसी रचनाओं की आवश्यकता है जो समय–सीमा और जात–पात से परे हैं, जैसे– वन्देमातरम्, ऐ मेरे वतन के लोगों, मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, मिले सुर मेरा तुम्हारा आदि। आज भी इन रचनाओं को सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ये आवाजें दिल के किसी कोने को चीरकर दस्तक देती हैं, हमें जगाती हैं और सावधान करती हैं, उस भविष्य से जिससे हम बेखबर हैं। ऐसे समय में यदि एक जुट होकर प्रयास न किया गया तो कहीं ऐसा न हो कि वर्तमान युगीन कोलाहल में हम अपनी दिशा खो दें। दिशाहीनता की इस स्थिति में किसी दोराहे–चौराहे पर न आ खड़े हों। यही सोच, यही चिन्ता प्रस्तुत लेख में व्यक्त की गयी है। संगीत ही इस मार्ग में हमारा दीपक है, पाथेय है और है हमारा ध्रुव ध्येय।

सन्दर्भ सूची :

1. काव्या, लावण्य कीर्ति सिंह, पं. ओंकारनाथ जी ठाकुर एवं उनकी शिष्य परम्परा, पृ. 1
2. चौधरी, डॉ. सुभद्रा, संगीत संचयन, पृ. 16

नाट्यशास्त्र में भरत की रस परिकल्पना

डॉ. ज्ञानेश चन्द्र पाण्डेय*

शोध सार

नाग युग की सबसे महत्वपूर्ण घटना भरत मुनि का प्रसिद्ध ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र' का निर्माण होना है।

आधुनिक काल में प्रचलित संगीत का आदि पुरुष कहलाने का अधिकार आचार्य भरत को ही है क्योंकि संगीत के इतिहास में सर्वाधिक प्राचीन कृति इनकी ही है । 'नाट्यशास्त्र' की रचना इन्होंने तृतीय शताब्दी के लगभग की थी। भरत कृत नाट्यशास्त्र भारतीय संगीत की अनुपम और अद्वितीय देन है। इसको नाट्यशास्त्र, योगशास्त्र, अथवा मोक्षशास्त्र भी कहा जा सकता है। श्रुति–विषयक अति सूक्ष्म एवं वैज्ञानिक विवेचन के कारण यह नाट्य शास्त्र अनहद नाद एवं नृत्य का सम्बन्ध योग के साथ बताने के कारण यह योगशास्त्र है।[1] मोक्षशास्त्र इसलिए है क्योंकि अनहद संगीत एवं स्वयंभू नृत्य, के योग के सर्वोत्तम कारण है।

बीज शब्द– *संगीत, ग्रन्थ, नाट्यशास्त्र, रस परिकल्पना*

प्रविधि– *इस शोध–पत्र के लिए द्वितीयक माध्यमों से सहायता ली गई है ।*

भूमिका

भरत का नाट्यशास्त्र भारतीय साहित्य तथा संगीत का वृहद् कोष है तथा दोनों के सम्बन्ध में प्राचीन और प्रामाणिक सामग्री प्रस्तुत करता है। रस, छन्द, भाषा, वेषभूषा, रंगमंच, अभिनय, संगीत तथा नृत्य में से ऐसा कोई विषय नहीं, जिसका विवरण इस ग्रन्थ में न हुआ हो। भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में कहा कि कोई ऐसा ज्ञान, शिल्प, कला, विद्या, योग या कर्म नहीं है, जो नाट्य में न दिखाई देता हो,

''न तद्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला
न स योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन यन्न दृश्यते''।[2]

नाट्यशास्त्र काव्य और कला का विश्वकोष है। साथ ही, सिद्धान्त और व्यवहार दोनों पक्षों की विराट चेतना का अप्रतिम संग्रह भी है। इसके सैंतीस अध्यायों में भारतीय संस्कृति के स्वर्णिम इतिहास के रहस्य छिपे हुए है। वैदिक काल से पूर्व की सभ्यता और कला के रूप की कालिन्दी बह रही है, भारतीय धर्म और दर्शन की कहानी सजी हुई है और आदिम सभ्यता से आज तक के मानव समाज के विकास की यात्रा का दिग्दर्शन होता है नाट्यशास्त्र में ललित कलाओं के सभी विषयों काव्य, संगीत, नृत्य, शिल्प नाट्य एवं अन्य कलाओं का विस्तार से विवरण है। मुगल आक्रमण से पूर्व भारत में भले ही अलग–अलग राज्य थे, पर उन सबकी मूल धारा में एक सांस्कृतिक भूमिका थी। सांस्कृतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र के रूप में था। यही कारण था कि अनेक नाट्य–ग्रंथों के होने पर भी पूर्व पश्चिम–उत्तर दक्षिण में ललित कलाओं के अध्ययन–प्रदर्शन का मुख्य ग्रंथ मौलिक रूप से भरत का नाट्यशास्त्र ही था।[3] भारतीय दृष्टि कोण के अनुसार भरत का नाट्यशास्त्र 'नाट्यवेद' के नाम से सम्मानित रहा है। नाट्यशास्त्र के अनुसार वह चार वेदों के अतिरिक्त पंचम तथा सर्ववर्णिक वेद है।

भरत की रस–कल्पना :–

भरत का नाट्यशास्त्र, रस–सिद्धान्त का प्रवर्तक ग्रन्थ है। भरत के अनुसार, प्रत्येक ललित कला का उद्देश्य रसानुभूति है। रस–सम्बन्धी विवरण 'नाट्यशास्त्र' के अध्याय 6 में प्रमुख रूप से हुआ है। भरत के अनुसार रस के बिना कोई कार्य पूर्ण नहीं होता–

''न हि रसावृत्ते कश्चिदृष्यर्थः प्रवर्तते।।''[4]

नाट्यशास्त्र के अन्तर्गत रस को प्रमुख स्थान दिया गया है– भाव, अभिनय, धर्म, वृत्ति, स्वर, गान, आतोद्य तथा रंग सभी रस–निष्पत्ति के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने नाट्य में आठ रसों की स्थिति बतायी है–श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स तथा अद्भुत।

रस निष्पत्ति

भरत मुनि ने बताया है कि विभाव, अनुभाव तथा

*सहायक आचार्य, गायन विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी–221005

व्यभिचारी भावों के संयोग से 'रस निष्पत्ति' होती है। इस निष्पत्ति का प्रथम सोपान स्थायी भाव है। स्थायी भाव आठ है– रति, हास, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा, विस्मय और शोक। रसोत्पत्ति के लिए द्वितीय आवश्यक उपादान विभाव है। उसके दो रूप हैं– (1) आलम्बन (2) उद्दीपन।[5] रस बोध जिस व्यक्ति अथवा वस्तु के सम्बन्ध में होता है वह आलम्बन तथा बाह्य परिस्थितियाँ जो स्थायी भावों को उत्तेजित करती हैं, वह 'उद्दीपन' कहलाती है। इसके अतिरिक्त रस निष्पत्ति की प्रक्रिया में अन्य भावों की स्थिति रहती है. जो क्षण–क्षण में परिवर्तित होते रहते हैं जैसे संचारी भाव (चिन्ता, शंका, ग्लानि, हर्ष इत्यादि) इस प्रकार विभाव, अनुभाव तथा संचारी भावों से होता हुआ स्थायी भाव रस– रूप में परिणत हो जाता है। भरत के अनुसार, नाट्य का प्रत्येक अंग रसोत्पत्ति को लेकर अग्रसर होना चाहिए। नाट्य में उत्पन्न रस के अनुकूल उन्होंने पाँच अंगों का भी वर्णन किया है। स्थान, वर्ण, काकु, अलंकार तथा अंग। भरत के अनुसार चार वर्ण हैं–उदात्त, अनुदात्त स्वरित तथा कम्पित इन वर्गों का प्रयोग विशिष्ट रस के अनुकूल सिद्ध हो सकता है। काकु एक ऐसा ध्वनि–विकार है जो विभिन्न भावों को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता है। विशिष्ट Pitch तथा Tempo में काकु का प्रयोग विभिन्न रसों की निष्पत्ति में सहायक में होता है। 'ध्रुवा' नामक गीतों का विवेचन भरत ने नाट्य की आवश्यकताओं को दृष्टि में रख कर किया है। ध्रुवा गीत तथा षड्जादि ग्राम रागों का प्रयोग नाट्य में अभीष्ट रस का पोषक है। अध्याय 28 के अन्त में तथा 29 के आरम्भ में जातियों का आठ रसों के साथ सम्बन्ध भरत के द्वारा स्थापित हुआ है।[6] इन जातियों का ज्ञान विशुद्ध अथवा गीत निरपेक्ष न होते हुए भी ध्रुवा गीतों के साथ किया जाना निहित है। जाति गान में उन्हीं ध्रुवाओं का प्रयोग किया जाना चाहिए जो रस, कार्य तथा अवस्था के अनुकूल है।

भरत का रसविषयक विवेचन शब्द–प्रधान संगीत के लिए उचित है, न कि उस संगीत के सम्बन्ध में जो आधुनिक परिभाषा में स्वर–प्रधान कहा जाता है।

निष्कर्ष :

इस प्रकार, नाट्यशास्त्र को आज भारतवर्ष की सभी संगीत–परम्पराओं में गांधर्ववेद के समान प्रमाणभूत माना जाता है। साहित्य तथा संगीत में इस निर्माण की प्रक्रिया के सम्बन्ध में इस ग्रंथ की बहुत बड़ी देन है। भरत की धारणा थी कि संगीत का अंतिम लक्ष्य रसानुभूति है जो संगीत श्रोताओं को रसमग्न नहीं कर सकता वह संगीत ही नहीं।

भरत मुनि के ''नाट्यशास्त्र'' से संगीत जगत् की जो सेवा हुई है, वह किसी से छिपी नहीं है। भरत से पूर्व हमें कोई प्रामाणिक ग्रन्थ संगीत पर नहीं प्राप्त है। आज यह ग्रन्थ समस्त भारतीय संगीत का आधार है।

सन्दर्भ सूची :

1. शर्मा, प्रो. स्वतंत्र, 'सौन्दर्य रस एवं संगीत', प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 129
2. जुनेजा डॉ. वेदप्रकाश, 'भारतीय एवं पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र', सिद्धान्त पब्लिकेशन्स करनाल, प्रथम संस्करण, पृ. 136
3. महाजन, डॉ. अनुपम, भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं सौन्दर्यशास्त्र, परनामी, प्रिन्टिंग प्रेस, महेशपुर, पंचकुला, 1993, पृ. 215
4. शुक्ल, डॉ. रामलखन, भारतीय सौन्दर्य शास्त्र का तात्विक विवेचन एवं ललित कलाएँ, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, पृ. 195
5. गर्ग, लक्ष्मीनारायण, निबन्ध संगीत, संगीत कार्यालय, हाथरस, द्वितीय संस्करण, 1989, पृ. 99
6. दूबे, डॉ. श्याम चरण, मानव और संस्कृति, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, तृतीय संस्करण–1972, पृ. 122

निम्बार्क सम्प्रदाय के मन्दिरों में प्रचलित गायन विधाएँ

डॉ. गौरव शुक्ल*

सारांश

निम्बार्क सम्प्रदाय के मन्दिरों में संगीत विधाओं की विभिन्न परम्परायें प्रचलित हैं, जैसे– एकल गायन, समाज गायन, वाद्य वादन आदि। इन सभी सांगीतिक विधाओं के माध्यम से इस सम्प्रदाय में भगवद् आराधना किया जाता है। इस सम्प्रदाय में श्री राधा कृष्ण की रसोपासना प्रातः मंगला आरती से लेकर रात्रि शयन आरती तक संगीत के विभिन्न राग–रागिनियों के माध्यम से किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसी विशेष पर्वों पर संगीत का विशेष समारोह आयोजित किया जाता है।

मुख्य शब्द : *निम्बार्क सम्प्रदाय, संगीत, विधा, अष्टयाम सेवा*

प्रविधि : *प्राथमिक और द्वितीयक माध्यमों द्वारा यह शोध–पत्र तैयार किया गया है।*

सनकादि ऋषियों को ईश्वरीय हंसावतार से ब्रह्मज्ञान की गूढ़ शिक्षा प्राप्त हुई जिसका प्रथम उपदेश उन्होंने नारद को दिया। इसके प्रतिनिधि प्रवर्तक निम्बार्क थे और इनके अनुयायियों को 'निम्बार्क सम्प्रदाय' कहा गया। यह सम्प्रदाय चार वैष्णव सम्प्रदायों में सर्वाधिक प्राचीन है। इस सम्प्रदाय को हंस सम्प्रदाय, कुमार सम्प्रदाय, सनकादि सम्प्रदाय भी कहा गया है ।

आगे, निम्बार्क सम्प्रदाय में प्रयुक्त होने वाले गायन विधाओं का हम वर्णन करेगें।

एकल गायन

इस सम्प्रदाय में एकल गायन का प्रयोग मुख्यतः अष्टयाम सेवाओं में किया जाता है। प्रातः मंगला आरती यानि भगवान को जगाने से लेकर रात्रि, शयन तक समयानुसार रागों का प्रयोग यहाँ के वाणी ग्रन्थों के पदों के माध्यम से किया जाता है जिसका गायन यहाँ के प्रायः साधु संत करते हैं।

समाज गायन

यहाँ दूसरी सांगीतिक विधाओं में समाज गायन का आयोजन होता है। यह सम्प्रदाय में आचार्यों की जयन्ती या उत्सवों पर आयोजित किया जाता है। ब्रज के विभिन्न सम्प्रदायों में प्राचीनतम माने जाने वाले इस सम्प्रदाय में समाज गायन की परम्परा अति प्राचीन है। यहाँ की कीर्तन व्यवस्था भी समाज गायन से अभिहित की जाती है। **महावाणी** में कहा गया है–

''मोहन मंदिन चौक में, मिलि सब सखी समाज''।
बीन बजावहिं, गावहि, मधुर–मधुर सुर साज''।।[1]
''बजत बधाई महल में आई सखी समाज''।[2]
''मंगल साज समाज सौं गावत मंगल गीत''।[3]
सुनियो रे आज नचावै नन्द को हिलि मिलि सकलसमाज''।[4]

समाज गायन से तात्पर्य संगीत के कतिपय गायकों का ऐसा समूह जो मंदिरों में उत्सव–महोत्सवों पर एक साथ बैठकर अनेक वाद्यों के साथ वाणी ग्रन्थों के पदों का गायन करते है। अब हम समाज गायन के विषय में विस्तार से अवलोकन करेगें।

'समाज' विभिन्न क्रीड़ाओं या कलाओं से सम्बन्धित अथवा उत्सवों या गोष्ठियों के लिए प्रयुक्त एक प्राचीन नाम है। ऋग्वेद में 'समन' नामक एक सामाजिक उत्सव का उल्लेख मिलता है, जो मेले के रूप में आयोजित होता था। इसमें अनेक कलाकार नर–नारी, गणिकाएँ, कवि, घुड़सवार, धनुर्धर इत्यादि अपनी–अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते थे, और रात–रात भर नर–नारियों के सामूहिक नृत्य होते थे। यही 'समन' उत्सव आगे चलकर 'समज्जा' नाम से प्रचलित हुआ।[5]

वैदिक काल के पश्चात् इतिहास पुराण–काल में वैदिक कर्मकाण्ड के अतिरिक्त विविध प्रकार के नाट्य, उत्सव और यात्राओं इत्यादि का प्रयोग होने लगा था।

*सहायक आचार्य, सितार, संगीत विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

'समाज' शब्द का प्रयोग 'रामायण' और 'महाभारत' में अनेक बार हुआ है, जो ऋग्वेदकालीन 'समन' का अपभ्रंश है। महाभारत काल में भी 'समाज' को समज्जा' कहते थे।

बौद्ध–ग्रन्थ 'संयुक्त–निकाय' में 'समज्जा' (समाज) का उल्लेख है। विदूषक समाजोत्सव के अवसर पर अपनी कला के प्रदर्शन से लोगों को हँसाता था। बौद्ध भिक्षुओं के लिए समाज के प्रेक्षण का निषेध किया गया था। मगध में होने वाले एक आँखों देखे उत्सव का निरूपण फाह्यन ने अपनी यात्रा के वर्णन में किया है। यह उत्सव 'समज्जा' या 'समाज' कहलाता था।[6]

वात्स्यायन ने भी 'समाज' का उल्लेख किया है। उनके अनुसार प्रत्येक मास या पक्ष में एक दिन सरस्वती के मंदिर में समाज का आयोजन किया जाता था, जिसमें नर नर्तक कलाकार विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते थे। बाहर के कलाकारों को भी आमन्त्रित किया जाता था। प्रदर्शनकर्ताओं को दूसरे दिन पुरस्कार दिया जाता था, तथा अच्छे कलाकारों से कुछ दिन और ठहरने का अनुरोध किया जाता था।

इस प्रकार, निम्बार्क सम्प्रदाय में भी 'समाज गायन' की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। इस सम्प्रदाय के आचार्य श्री वृन्दावन देव जी ने समाज संगीत की परम्परा के विषय में कहा है–

**'दयो विधाता प्रथम इह नारदादि कौं चाहि।
विधिवन्नारदादिक हूँ धरनि उतारयो याहि।।
नाद ब्रह्म गान्धर्व है या बिनु सुर नहिं नृत्य।
नहीं गीत या बिनु कुछ तातैं यह है नित्य।।
उठत वायु तैं नाद है जातै सुर संघात।
सुरते उपजत राग सुनि जन विह्वल है जात।।
या ही तै कलि काल में सब साधन में मुख्य।
कह्यों कीर्तन व्यास शुक ज्यौं नरवतनि में पुष्प।।**[7]

तात्पर्य यह है कि इस सम्प्रदाय में गायन की परम्परा देवर्षि नारद जी से प्रारम्भ मानी जाती है, जो वर्तमान समाज गायन का आधार है। श्री ब्रजवल्लभ शरण शास्त्री के अनुसार, प्राचीन हस्तलिखित पद–ग्रन्थों को देखने से ज्ञात होता है कि विक्रम सं. 1700 से यह समाज गायन–परम्परा अबाध रूप से चली आ रही है।

समाज गायन का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार श्री नारद जी 'प्रेमोन्मत्तो विकालेन् गायत् ध्रुवपदानि वै' इत्यादि प्रमाणों के अनुसार प्रेमोन्मत्त ही ध्रुवपदों का गायन करते थे, उसी प्रकार निम्बार्क सम्प्रदाय का समाज गायन उसी ध्रुपद की परम्परा से चला आ रहा है। इस सम्प्रदाय का आचार्य पीठ श्री पुष्कर क्षेत्र, निम्बार्क तीर्थ, अजमेर, राजस्थान में है। वहाँ पर ही जगतगुरू श्री निम्बार्काचार्य श्री वृन्दावन देव जी ने वि0 सम्वत् 1740 के लगभग चौदह घाटों वाली 'गीतामृत–गंगा' ग्रन्थ का नव निर्माण किया था। उस समय समाज गायन करने वाले विशिष्ट महानुभाव वहाँ रहते थे। श्रीवृन्दावन देव जी के गुरू श्री नारायण देवाचार्य के गुरूभ्राता और उनके शिष्यों में श्री गोविन्द देव जी, विरजानंद, आनन्दघनजी, नागरीदास जी आदि सभी समाज गायन के विशेषज्ञ थे।[8] आनन्दघन जी और ब्रजानन्द जी उस समय समाजगायन के मुखिया थे। उस समय किशनगढ़ राज्य के दैनिन्दनी पत्रकों से ज्ञात होता है कि ब्रजानन्द जी तथा आनन्दघन जी को किशनगढ़ नरेश उत्सवों–महोत्सवों पर समाज गायन करने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया करते थे।

''विक्रम संवत् 1786 मिति जेठ सुदी 2 विसपतवार श्री ठाकुरद्वारे कुण्डवारो हुयौ, स्वामी श्री विरजानंद जी वा आनन्दघन जी नै बुलाया कुण्डवारा नै 125 स्वामी श्री विरजानन्द जी कै रसोई माल पुआ की 30''।

श्री रूपरसिक देव जी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सखियों द्वारा मंगलगीत गाये जाते हुए 'समाज' शब्द का प्रयोग किया है–

'बजत निसांन विधान गांत त्रिय सब सरसांन समाज'।[9]
'मिलि महल समाजें हो हो हो हो, अतिरस चांचरि खेले'।[10]
'सर समाजनि सरस सुन्दर बजत मधुर मृदंग'।[11]
'चले गिरराज तें मिश्र समाज में साज सबै नटराज कौ किये'।[12]

समाज शब्द का अर्थ सभा, समूह, दल, समुदाय इत्यादि होने से इतना स्पष्ट कह सकते है कि उस समय श्री युगलप्रिया की विभिन्न लीलाओं का गायन पाँच, छः भक्त संगीतज्ञ एकत्र होकर करते होंगे क्योंकि उनकी वाणियों में भी जहाँ–जहाँ युगलप्रिया का सखियों द्वारा गायन किया गया है वहाँ संखियों के अनेक समूह ही श्री लाडिलीलाल की प्रशंसा में गाते हुए दिखाए गए हैं।

उदाहरणस्वरूप–

'जूथ जूथ मिलि जुगल रिझावैं, नृत्य करैं गावैंस बजावैं'[13]
'झूंडनि झूंडनि गावन राग मलार मिलि ब्रज नारी तू'[14]
'गौवन आगे सखिन जूथ में, दुलहिन लाल गवाती'[15]

समाज गायन प्राचीन भारतीय शास्त्रीय संगीत के गायन की एक वैष्णवी शैली है, जिसमें संत समूह में मिलकर आचार्यों की वाणी पदों का गायन करते हैं। रसिक संतों व आचार्यों द्वारा राधाकृष्ण के युगल स्वरूप की दिव्य लीलाओं की जो काव्यमय अभिव्यक्ति है, वही वाणी है और इन वाणियों का सामूहिक गायन ही समाज गान है।

समाज गायन के समय सभी साधु संत दो दलों मे विभक्त होकर दो पंक्तियों मे आमने–सामने बैठते हैं। दोनों पक्तियां अपने सेव्य विग्रह के सामने दांयी और बांयी ओर होती है। दाहिनी ओर वाले दल को 'मुखिया दल' और बांयी ओर वाले दल को 'झेला दल' कहते हैं। मुखिया दल के सबसे निपुण कलाकार को 'मुखिया' पुकारा जाता है। मुखिया पहले तानपूरा लेकर बैठते थे पर आजकल हारमोनियम इस्तेमाल करने का चलन हो गया है। उनके अगल–बगल में कई अन्य श्रेष्ठ साधु–संत कुछ अन्य वाद्य, जैसे– सारंगी, सितार, तानपूरा, बांसुरी आदि लेकर बैठते हैं। सेव्य विग्रह के बांयी ओर झेला दल एक या अधिक संत झांझ या मंजीरा आदि बजाते हैं। दोनों पंक्तियों के मध्य मे रिक्त स्थान पर अंतिम छोर पर मृदंग वादक बैठता है, जो सेव्य विग्रह के बिल्कुल सम्मुख होता है। दोनों दलों के मध्य ऊंची चौकी पर रखी वाणी को समाज श्रृंखला के नाम से जाना जाता है। अन्य समाजियों के सामने भी ऊंची चौकी पर अथवा रेहल पर वाणी की प्रतिलिपियां रखी होती हैं जो पहले हस्तलिखित हुआ करती थीं पर आजकल मुद्रित भी होती हैं। परम्परागत रूप से सर्वप्रथम मुखिया व अन्य दो वरिष्ठ संत समाज का शुभारम्भ करते है। सर्वप्रथम मंगलाचरण रूप में मंगल के दो पद गाए जाते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं–छोटा मंगल, व बड़ा मंगल। बड़ा मंगल पहले गाया जाता है, जो सूहा विलावल में गाया जाता है। इस बड़े मंगल में तद्तद् आचार्य को उत्कर्ष गाया जाता है। जबकि बाद में गाया जाने वाला छोटा मंगल प्रणामात्मक व मंगल सूचक होता है। समाज के आरम्भ होने पर कुछ समय पश्चात् पुजारी बाबा द्वारा वाणी जी व अन्य समाजियों का माला, चंदन, इत्र आदि से आदर सत्कार किया जाता है। समाजियों को गायन के मध्य में ही मिश्री, काली मिर्च, पान–बीरी, इलाइची आदि का भोग देते हैं। मंगल के दोनों पंदों के गायन के उपरांत श्रीभट्ट जी की रचना युगल शतक से किसी एक पद का गायन होता है। युगल शतक में 100 पद हैं। फिर श्री हरिव्यास जी की रचना महावाणी से एक पद गाया जाता है। तद्पश्चात् आचार्यों की बधाईयां हंसवंश यश सागर व अन्य बधाई की पुस्तकों के पदों द्वारा गाई जाती है।

निम्बार्क सम्प्रदाय के समाज गायन में मुख्य रूप से सूहा विलावल, यमन कल्याण, श्याम कल्याण, देव गंधार, काफी, मल्हार, बिहाग, भूपाली, मालकोश, केदार, बहार, भीमपलासी, सोरठ, पीलू, मारू, वृंदावनी सारंग, आसावारी, भैरवी, देश, भैरव, रामकली, चैती गौरी, धानी, खमाज, बागेश्वरी अडाना, बिहागडा व दरबारी आदि रागों का प्रयोग किया जाता है। तालों में प्रमुख रूप से चौताल, झपताल, तीनताल, कहरवा, दादरा, रूपक, दीपचंदी आदि का प्रयोग होता है। समाज गायन में गाए जाने वाले पद का प्रस्तुतिकरण दो प्रकार के लय में किया जाता है। पद को विलम्बित लय में शुरू कर द्रुत लय में ले जाते हैं।

निम्बार्क सम्प्रदाय में मुखिया व झेला का क्रम कब से चला आ रहा है, यह तो शोध का विषय है, किन्तु निम्बार्क सम्प्रदाय में समाज गायन में मुखियों की परम्परा इस प्रकार रही है–श्रीरमन दास, गोपाल दास, गोकुल दास, पूरन दास, प्रेमदास, गोविन्द दास, रूपकिशोर दास, रसिक दास व वृन्दावन बिहारी।

निम्बार्क सम्प्रदाय के समाज गायन के वर्तमान मुखिया वृन्दावन बिहारी जी के अनुसार दंडक गायन इस सम्प्रदाय की विशिष्ट शैली है। दंडक का अर्थ है दंड के समान लंबा। झपताल में गाये जाने वाली इस शैली में कवित्त आदि छंदों की लंबी–लंबी पंक्तियों का प्रयोग होता है। यह निम्बार्क सम्प्रदाय के समाज गायन के अंतर्गत सभी उत्सवों में यहां गाया जाता है।

समाज गायन के मुखिया वृन्दावन बिहारी के जी अनुसार समाज गायन की मूलधारा श्रद्धा व उपासना पर आधारित है। यह किसी राजा आदि के सामने गाए जाने वाली मनोरंजन प्रधान गायकी नहीं है। उन्होंने यह कहा कि अमूमन समाज गायन के लिए राग के ज्ञान की नहीं, अनुरागमय ध्यान की आवश्यकता है। वस्तुतः जिस समय एकाग्र मन से संत जन गाने लगते हैं तो सारा वातावरण ही दिव्य हो जाता है।

निष्कर्ष :

एकल गायन और समाज गायन निम्बार्क सम्प्रदाय की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है जो वर्तमान में प्रायः लुप्त होती जा रही है। ऐसे पुण्य, ऐतिहासिक और विशाल संगीत परम्परा का संरक्षण अति आवश्यक है ।

सन्दर्भ सूची :

1. हरिव्यास देव, महावाणी, दोहा नं. 5, पृ. 67
2. वही, दोहा नं. 11., पृ. 138
3. रूपरसिक देव श्री वृहदुत्सव मणिमाल, पद सं. 168, पृ. 67
4. वही, पद सं. 17., पृ. 69
5. गर्ग, लक्ष्मीनारायण, ब्रज संस्कृति और लोक संगीत, पृ. 129
6. वही, पृ. 129
7. वृन्दावन देव जी, गीतामृत गंगा, घाट 14, दोहा 4–5
9. श्री रूपरसिक, बृहदुत्सव मणिमाल, पद सं. 1., पृ. 150
10. वहीं, पद सं. 59, पृ. 25
11. वही, पद सं. 257, पृ. 125
12. श्री वृन्दावन देव, गीतामृत गंगा, पद सं. 13, पृ. 6
13. हरिव्यास देव, महावाणी, पद–146, पृ. 166
14. वृन्दावनदेव, गीतामृत गंगा, पद–46, पृ. 66
15. भट्ट देव, युगल शतक, पृ. 47

सन्दर्भ ग्रन्थ :

1. चौधरी, सुभद्रा (व्याख्या और अनुवादक), शारंगदेकृत संगीत रत्नाकर, (सरस्वतीटीका), राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 2001
2. सचदेव, रेनू, धार्मिक परम्परायें एवं हिन्दुस्तानी संगीत, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 1999
3. शर्मा, डॉ. सुनीता, भारतीय संगीत का इतिहास (आध्यात्मिक एवं दार्शनिक), संजय प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 1996
4. सिंह, डॉ. पर्णदत्त, भावप्रकाशन और रसार्णवसुधाकर में रस–विमर्श, वेंकटेश प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, सन् 2005
5. शर्मा, प्रो. सत्यभान, पुष्टिमार्गीय मन्दिरों की संगीत–परम्परा, राधा पब्लिकेशन्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 1999

'संगीत शिरोमणि' पंडित प्रह्लाद प्रसाद मिश्र 'दास पिया' : संगीत और व्यक्तित्व

डॉ. सौरव कुमार नाहर*

सारांश

जिस प्रकार भगवान के उपासक के सृजित इस संसार के सुख–दुख से विचलित न होकर अंतर्यामी प्रभु को समर्पित रहते हैं उसी प्रकार एक विशिष्ट साधक एक सांसारिक मानव होते हुए भी पूर्व उपार्जित संस्कार के कारण अपनी साधना में सतत रहकर अपनी संगीत–साधना के बल पर ही व्यक्तिगत अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अपनी कला एवं ज्ञान की अलौकिक किरण से आसपास के लोगों को ही नहीं बल्कि सुदूर देश के मानव को भी आलोकित एवं आकर्षित करते रहते हैं। पटना निवासी स्वर्गीय पंडित प्रहलाद प्रसाद मिश्र ''दास पिया" उन्हीं महान विभूतियों में थे जो पटना नगर में रहकर अपनी अनवरत संगीत–साधना के बल पर पटना नगर में ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न नगरों में अपनी संगीत शिक्षा एवं प्रदर्शन तथा रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से संगीत मर्मज्ञ तथा संगीत प्रेमियो तक पहुंचाया। प्रस्तुत शोध–पत्र में बिहार के भागलपुर संगीत परंपरा के मिश्र घराने के मूर्धन्य कलाकार एवं उपासक पंडित प्रहलाद प्रसाद मिश्र ''दास पिया" के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है।

मुख्य–शब्द : *संगीत, व्यक्तित्व, विभूति, परंपरा, शिरोमणि*

शोध माध्यम– *इस लेख के लिए द्वितीयक माध्यमों द्वारा सामग्री संकलित की गई है।*

संगीत और व्यक्तित्व में इतरेतराश्रय संबंध है अर्थात् एक–दूसरे के अधीन है। संगीत से व्यक्तित्व का निर्माण होता है और व्यक्तित्व से संगीत में सफलता मिलती है। सर्वप्रथम हमें यह विचार करना है कि संगीत के द्वारा मानव व्यक्तित्व का निर्माण किस प्रकार होता है। तदनंतर इस बात पर प्रकाश डालना है कि व्यक्तित्व से संगीत पर क्या प्रभाव पड़ता है। परंपरापेक्षी पदार्थों का यह सार्वभौमिक नियम है कि वे एक–दूसरे पर पूर्ण तथा आधारित होते हैं।

संगीत का चरम लक्ष्य है ईश्वर की प्राप्ति। मनोरंजन उसका संक्षिप्त रूप है। मनोरंजन के द्वारा क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है और ईश्वर की प्राप्ति से अत्यधिक आनंद की अनुभूति होती है। दोनों दृष्टिकोणों से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण होता है । मनोरंजन की प्रवृत्ति आनंद तत्व की खोज का परिचायक है । अतः जो व्यक्ति संगीत के लक्ष्य को सीमित मानता है अर्थात् उससे केवल मनोरंजन चाहता है वही धीरे–धीरे उपासना की ओर अग्रसरित होता है । संगीत में वह विद्यमान है जिसकी साधना से मानव में ऊपरित उत्पन्न होती है और वह इस प्रपंचात्मक विश्व के चमत्कार पूर्ण वैभव से प्रवाहित नहीं होता । मनोरंजन संगीत के चरम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रथम सोपान है। यदि मनोरंजन की प्रियता मानव में न होती तो उसकी खोज में संगीत का आश्चर्य न लेता। अतः संगीत में तन्मयता उत्पन्न करने के लिए मनोरंजन की प्रवृत्ति का होना आवश्यक है।

संगीतज्ञ अपने संगीत–प्रदर्शन के द्वारा अपने मनोरंजन के साथ–साथ दूसरों का भी मनोरंजन करता है। जिस समय संगीतज्ञ के द्वारा समाज को आधिकाधिक लाभ पहुंचने लगता है उस समय उसका व्यक्तित्व ऊपर उठ जाता है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है, व्यक्ति को जीवन–निर्वाह करने के लिए समाज पर और समाज स्वस्थ बनाने के लिए व्यक्ति का अवलंबन ग्रहण करना पड़ता है। अतः यदि संगीतज्ञ अपनी उपयोगिता बढ़ाने का प्रयत्न करता है तो उसका व्यक्तित्व निसंदेह उच्च हो जाता है। संगीत कला एक ऐसी कला है जिसके आनंद के सदृश्य संसार के समस्त आनंद तिरस्कृत हो जाते हैं। इसलिए कलाकार सांसारिक वैभव की अपेक्षा संगीत कला को अत्यधिक श्रेयस्कर मानता है। इसलिए उसका व्यक्तित्व साधारण कोटि के व्यक्तियों से ऊंचा होता है। संगीतज्ञ में आत्म प्रतिष्ठा तथा अपनी मर्यादा की रक्षा की भावना निरंतर जागृत रहती है । जो सच्चा कलाकार होता है उसके सामने संसार की बड़ी से बड़ी विभूतियाँ नतमस्तक

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत एवं मंच कला विभाग, वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली

हो जाती हैं । संगीत सदा मर्यादित तथा सभ्य संगीत प्रेमियों से घिरा रहता है । वह जहां भी जाता है, उसको पूर्ण सम्मान प्राप्त होता है। इस प्रकार संगीतज्ञ के व्यक्तित्व का क्रमिक विकास होता है।

सांस्कृतिक परंपराओं और धार्मिक विरासतों से परिपूर्ण बिहार राज्य का प्रमुख नगर भागलपुर और भागलपुर में संगीत साधकों का परिवार "मिश्र घराना" जिसमें समय–समय पर एक–से–एक ख्यातिप्राप्त संगीतज्ञ, कलाकार एवं संगीत मर्मज्ञ हुए हैं, जिन्होंने न केवल अपनी संगीत–परंपरा के विकास में योगदान ही दिया है, अपितु संगीत में अपनी अप्रतिम प्रतिभा के माध्यम से देश एवं समाज की अमूल्य सेवा भी की है। "मिश्र घराना" राज्य में एक प्रतिष्ठित संगीतज्ञ परिवार के रूप में विख्यात है और अपनी परंपरा के अनुसार भारतीय संगीत के क्षेत्र में इसने कई विद्वानों को देश के समक्ष प्रस्तुत किया है। 'संगीत शिरोमणि' स्वर्गीय पंडित प्रह्लाद प्रसाद मिश्र इसी मिश्र घराना के स्तंभ थे, जिनकी संगीत प्रतिभा आज भी राज्य व देश के संगीत जगत में अमूर्त रूप में विद्यमान है, जिनके बारे में कुछ कहने– लिखने में तो लेखनी सक्षम नहीं है, फिर भी संक्षिप्त परिचयात्मक बोध स्वरूप श्रद्धा शब्द–सुमन प्रस्तुत है ।

पंडित प्रहलाद प्रसाद मिश्र का जन्म 1919 में भागलपुर में हुआ, संगीतमय पारिवारिक वातावरण रुपी सरोवर में बाल क्रीड़ा करते, डुबकियाँ लगाते आपने पहले तबला की शिक्षा अपने मामा पंडित वासुदेव मिश्र से और बाद में गायन की शिक्षा अपने पिता सुविख्यात संगीतज्ञ पंडित बद्री सेवक मिश्र से प्राप्त किया । लगभग 18 वर्ष की अल्पायु में ही पिता के निधन के पश्चात् आगे का मार्गदर्शन अपने अग्रज पंडित शारदा प्रसाद मिश्र एवं पंडित केदारनाथ मिश्र से ग्रहण करना शुरू किया । बाल्यकाल से ही अपनी लगन अथक परिश्रम एवं प्रखर बुद्धि के फलस्वरुप अपने अल्पायु में ही काफी उपलब्धि अर्जित कर ली थी। आपने कुछ वर्षों तक सितार वादन की भी शिक्षा सुविख्यात उस्ताद अमीर खान (जयपुर वाले) से भी प्राप्त की थी।

युवावस्था आते आते गायकी की अपनी विशिष्टता के कारण आप अपना अलग स्थान रखने लगे और तब पटना में अपने पितामह भ्रातृद्वय पंडित हीरालाल मिश्र एवं मुकुट लाल मिश्र "रंग कवि" के संरक्षण में स्थाई रूप से रहना प्रारंभ किया। वहीं बाद में सन 1960 ईस्वी में पटना विश्वविद्यालय के संगीत संस्थान में प्राध्यापक पद पर नियुक्ति हुई और तब से लगातार उक्त पद पर रहते हुए आपने संगीत की सेवा जीवन–पर्यंत की।

जीवन काल में आप राज्य के सभी प्रमुख शहरों के अतिरिक्त देश के कई प्रमुख नगरों में भी अपना सफल कार्यक्रम प्रस्तुत कर संगीतज्ञ वर्ग एवं संगीत–प्रेमी समूह द्वारा अनेकों बार प्रशंसित एवं पुरस्कृत किए जा चुके थे। आप मुख्य रूप से ख्याल गायन–शैली के मर्मज्ञ थे, परंतु साथ ही साथ ध्रुपद, धमार, ठुमरी, एवं टप्पा गायन शैली पर भी आपका समान अधिकार था। जोरदार आवाज, तीनों सप्तको में सहज भाव से शैली गत प्रस्तुति, राग की शुद्धता एवं बड़ा ख्याल की शैली पूर्ण ढंग से बढ़त आपके गायन की कुछ प्रमुख विशेषताएँ थीं।

जहाँ एक ओर आप उच्च स्तरीय कलाकार थे, वही आपकी शिक्षण पद्धति भी अत्यंत वैशिष्ट्य पूर्ण ढंग से सरल एवं ग्राह्य थी। आपने संगीत क्षेत्र में अनेक शिष्य तैयार किए जो विभिन्न संस्थानों से संबंधित रहकर संगीत की सेवा कर रहे हैं। कुछ प्रमुख शिष्य हैं– स्वर्गीय पंडित राम नरेश मिश्र, केंद्रीय विद्यालय बेगूसराय, पंडित संगीत कुमार नाहर, आकाशवाणी पटना, पंडित ओम्कारेश्वर मलिक, इंटर कॉलेज पिंडी (देवरिया), श्रीमती मंजुलिका मुखर्जी, मगध महिला कॉलेज, पटना, पंडित श्याम लाल मिश्र, केंद्रीय विद्यालय पटना, इसके अलावा श्री सुधांशु कुमार एवं पंडित श्याम दास मिश्र, पटना इत्यादि ने भी कई वर्षों तक संगीत में आपसे मार्गदर्शन ग्रहण किया था। गायन के अतिरिक्त आपने वायलिन, तबला एवं सितार की भी शिक्षा क्रमशः डॉ. संतोष कुमार नाहर, डॉ. राजकुमार नाहर, तथा प्रो. साहित्य कुमार नाहर को दी थी। डॉक्टर संतोष कुमार नाहर एवं राजकुमार नाहर आकाशवाणी में कार्यक्रम प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं, तथा प्रोफेसर साहित्य कुमार नाहर मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर कार्यरत हैं।

पंडित प्रहलाद प्रसाद मिश्र का संगीत में एक और महत्वपूर्ण योगदान यह है कि आपने हाई स्कूल से लेकर एम.ए. स्तर तक के प्राय सभी रागों में "दास–पिया" उपनाम से सैकड़ों उत्कृष्ट बंदिशों की रचना की है, जो साहित्य संगीत की दृष्टि से उत्तम गेय रचनाएं हैं। इनमें

से कुछ बंदिशों का संकलन इस प्रकार हैः–

1. राग **अड़ाना**– में तीनताल की रचना

स्थाई– जगत जननी माता कालिका
पहिरी मुंड मालिका, खड़ग खप्पर सहित
हरनी भूव भार नलिनी

अंतरा– शुंभ निशुंभ महिषासुर मर्दिनी
दैत्य वंश संघार करनी तूव
दास पिया को ले हूं अपनी शरणी

2. राग **देसी**–में तीनताल की रचना

स्थाई– रटत पपीहा, पीयू पीयू करत,
मेरो मन बिरह अगन दहन लागत

अंतरा– इतनी बात दास पिया को सुनाओ
पिया बिन कछु न सुहात

3. राग **मियां मल्हार**– में मध्यलय एकताल की रचना

स्थाई– ऐसी धूम मचाई, बादरवा घिरन लागी,
पावस ऋतु बैरी आई, आए ना मुरारी

अंतरा– पूर्वा नित बहे बयार, रिमझिम बरसे फुहार
दास पिया अब न सह, वेदना तुम्हारी

इस प्रकार उपर्यक्त साहित्य संगीत से निहित अनेकानेक उत्कृष्ट रचनाओं का सृजन आपके द्वारा किया गया। आपके द्वारा बिहार के भागलपुर संगीत–परंपरा के लिए किए गए कार्य संजीवनी की तरह रहे क्योंकि इनकी सोच सबसे अलग रही जब तक जीवित रहे संगीत की सेवा करते रहे और कलाकारों के बीच अपनी विद्वता के लिए जाने गए । संगीत शिरोमणि पंडित प्रह्माद प्रसाद मिश्र जीवनपर्यंत संगीत की सेवा करते हुए अप्रैल 1990 में ईश्वर में विलीन हो गए ।

संदर्भ सूची :

1. खुराना, सन्नू खयाल गायकी के विविध घराने : सिद्धार्थ पब्लिकेशन, प्रथम संस्करण नईदिल्ह्ली
2. सिंह, गजेंद्र नारायण, बिहार की संगीत परंपरा, शारदा प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, खजांची रोड पटना 4
3. बसंत, संगीत विशारद, संगीत कार्यालय हाथरस
4. चौबे, डॉ. सुशील कुमार, हमारा आधुनिक संगीत, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ, द्वितीय संस्करण–1983
5. मिश्र, शंभू नाथ, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की घराना परंपरा, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रथम संस्करण–2002

संत कबीर की विचारधारा में हठयोग के सिद्धान्तों का समीक्षा

डॉ. ज्योति शर्मा *

सारांश

कबीर सारे धर्म–सम्प्रदायों के कर्म काण्डों से मुक्त होकर सहज साधना और भक्ति का आदर्श प्रस्तुत करते हैं । कबीर के लिए योग–पद्धतिमानवी करण का ही अंग है । वे योग के साथ–साथ अपने आराध्य के प्रति समर्पण और भावानुकूलता भी लाते है । कबीर के लिए साधना का क्षेत्र एक प्रकार का युद्ध क्षेत्र है । काम, क्रोध, लोभ, मोह इत्यादि को जीतकर ही लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है । कबीर के लिए योग–साधना केवल ईश्वर–प्राप्ति का माध्यम ही नहीं है बल्कि मानवीय समानता और समदृष्टि का मुख्य सूत्र भी है । कबीर की साधना में तृतीय अवस्था लय योग साधना की मानी जाती है जिसमें उनका ध्यान परिपूर्ण रुप से बाह्य साधनों से हट कर आन्तरिक साधनों की ओर लग गया था, जिसमें उन्होंने ध्यानयोग, नादयोग, लययोग जैसे हठयोग के सिद्धान्तों का वर्णन किया है।

मुख्य शब्द : *कबीर, हठयोग, भक्ति, साधना, कुण्ड़लिनी*

प्रविधि : *अनेक पुस्तकों के अध्ययनोपरान्त शोध–पत्र तैयार किया गया है ।*

प्रस्तावना–

सामान्यतः 'योग' शब्द का प्रयोग कई अर्थों में होता है। इसका सामान्य अर्थ जोड़ना अथवा मिलन होता है। दर्शन शास्त्र में योग का अर्थ जीवात्मा और परमात्मा के मिलन के संदर्भ में होता है। इस सम्बन्ध को प्राप्त करने की प्रक्रिया को 'योग' कहते हैं। भारतीय परम्परा में सर्वप्रथम पतंजलि ने योग–सूत्र की रचना की । उनके द्वारा प्रतिपादित योग को राजयोग की संज्ञा दी गयी । इससे भिन्न हठयोग है जिसकी उत्पत्ति तन्त्र ग्रन्थों से मानी जाती है । योगसूत्र में यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार को साधना का बाहरी साधन माना गया है जबकि ध्यान, धारणा और समाधि को आंतरिक साधन माना है। कबीर काफी हद तक गोरखनाथ से प्रभावित थे और अपनी कविताओं में हठयोग की शब्दावली का प्रयोग भी करते हैं।[1] वस्तुतः कबीर का योग–चिन्तन पतंजलि और गोरखनाथ से भिन्न है परन्तु उनकी विचार–धारा पर हठयोग साधना का प्रभाव दिखाई देता है, उनकी रचनाओं में प्रयुक्त हुए अनेक शब्द हठयोग साधना के महत्व को परिभाषित करते हैं। उनका योग भक्तियोग है जो जनसुलभ है। वे मनुष्यता के लिए शाश्वत मूल्य और मर्यादाएँ निर्धारित करते हैं। उन्होंने मनुष्य की समस्त विभाजक रेखाओं को अस्वीकार करते हुए मानव मात्र की एकता, समता तथा बंधुत्व को आदर्श रखा । उनके अनुसार किसी भी साधना–पद्धति का अंतिम लक्ष्य मानव–जाति का कल्याण होना चाहिए।

संत कबीर की साधना– भारत में कबीर और उनसे भी पहले नाथ पंथी योगियों से लेकर 19वीं शताब्दी तक योग साधना की एक अविरल धारा निरन्तर प्रवाहित दिखाई देती है। कबीर के एक बीजक की एक रमेनी संख्या 69[2] से यह स्पष्ट है कि उनके समय में योगियों का एक अच्छा संगठन बन गया था, आगे चलकर अनेक सम्प्रदायों के रुप में विविध प्रान्तों में इन योगियों ने अपना प्रभाव स्थायी बना लिया था। इन सभी सम्प्रदायों से किसी–न–किसी रुप में संत कबीर को अवश्य प्रेरणा प्राप्त हुई होगी, प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय संत तुकाराम ने नामदेव, ज्ञानदेव तथा एक नाथ के साथ कबीर की गणना उन चार महापुरुषों में की है जो वस्तुतः अनुकरणीय हैं। कबीर सारे धर्मसम्प्रदायों के कर्म काण्डों से मुक्त होकर सहज साधना और भक्ति का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। कबीर के लिए योग–पद्धति मानवीकरण का ही अंग है । वे योग के साथ–साथ अपने आराध्य के प्रति समर्पण और भावानुकूलता भी लाते है । कबीर के लिए साधना का क्षेत्र एक प्रकार का युद्ध क्षेत्र है । काम, क्रोध, लोभ, मोह इत्यादि को जीत कर ही परम लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है । कबीर के लिए योग

*सहायक प्राध्यापक, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग, श्री श्री विश्वविद्यालय, कटक (उड़ीसा)

साधना केवल ईश्वर प्राप्ति का माध्यम ही नहीं है बल्कि मानवीय समानता और समदृष्टि का मूल मंत्र भी है।[3] कबीर की साधना में तृतीय अवस्था **लययोग** साधना की मानी जाती है जिसमें उनका ध्यान परिपूर्ण रुप से बाहय साधनों से हटकर आन्तरिक साधनों की ओर लग गया था, जिसमें उन्होनें ध्यानयोग, अनाहतयोग, शब्द सुरति या उनसे सम्बन्धित **नाद–बिन्दु** लययोग आदि का वर्णन किया है।[4]

संत कबीर अपनी वाणी में कहते हैं–

जब लग त्रिकुटीसंधि न जानै, ससिहर कैध रिसूर न आने।
जब लग नाभिकवल नहीं सौधे, तो हीरै हीरा कैसे बैंधे अनेक।।[5]

अर्थात् जबतक त्रिकुटीसंधि की ज्ञान नहीं होता, तब तक साधक के हृदय में सूर्य रूपी ज्ञान नहीं आता है। जब तक नाभिकवल को ज्ञान नहीं मिलता, तब तक हीरे को हीरा कैसे बांध सकता है। इस दोहे में संत कबीर द्वारा बताया गया है कि आत्मज्ञान और समझ के बिना, आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती। त्रिकुटी संधि का अर्थ है किसी विशेष क्षेत्र के गहरे ज्ञान की अभी तक न जानने की स्थिति। जिसका परिणाम यह है कि व्यक्ति के अंदर जब तक परमात्मा की ओर समर्पण नहीं होता, तब तक उसके अंदर की आत्मा का प्रकाश नहीं आता। नाभिक वल का अर्थ होता है मन की गहराईयों में आत्मज्ञान की खोज करना। सौधा उस आत्मज्ञान की तलाश में होने वाले प्रयासों को दर्शाता है। इसके बिना, जैसे हीरे को हीरा बांधने के लिए सही उपाय नहीं मिलता, वैसे ही आत्मज्ञान के बिना आत्मा को परमात्मा के साथ मिलाने का सही रास्ता नहीं मिलता।

इस दोहे में संत कबीर ने आत्मा की महत्ता और आत्मज्ञान की आवश्यकता को बताया है। वे यह सिखाते हैं कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए आत्मज्ञान की प्राप्ति आवश्यक है, जिससे हम अपने आत्मा के प्रकाश को समझ सकते हैं और सही मार्ग पर चल सकते हैं।

साधना के सभी मार्ग उत्तम हैं परन्तु मधुर वही है जिसमें सहज रुप में ब्रह्म की प्राप्ति की जा सके। कबीर का ब्रह्म–सम्बन्धी ज्ञान उपनिषदों के अद्वैत वाद से भी प्रभावित है जो हठयोग परम्परा का भी मूल स्रोत है, आदि से अन्ततक उनकी ब्रह्म–भावना अद्वैत से सम्बन्धित है। संत कबीर उस समय धर्म, आध्यात्म और समाज सुधार के लिए आगे आए जब परमात्मा और आत्मा के नाम पर अनेक भ्रामक भ्रान्तियाँ प्रचलित थीं। वे केवल समाज–सुधारक महान काव्य–धर्मी और दार्शनिक ही नहीं थे, अपितु एक पहुँचे हुए योग साधक भी थे।

हठयोग के सिद्धान्तों की समीक्षा– विद्वानों के अनुसार उनकी योग–साधना तान्त्रिक, यौगिक और शक्ति योग साधना से प्रभावित थी। उन्होंने निर्गुण ज्ञान मार्गी होते हुए भी साकार साधकों के सिद्धान्तों को भी अपनी साधना में शामिल किया। यही कारण है कि उनकी साधना केवल अंतर्मुखी न होकर संतुलित है। कबीर ने ब्रह्म को नाद स्वरुप माना है। ब्रह्म की प्राप्ति के लिए उन्होंने नाद–योग साधना को सर्वोत्तम माना है। उनकी कविताओ में नाद–योग साधना की विस्तार से चर्चा की गई है। इनमें कहा गया है, ब्रह्माण्ड़ नाद का ही स्थूल रुप है और पिण्ड उस ब्रह्माण्ड़ का संक्षिप्त रुप है। यही बात शास्त्रों में भी– 'यथा पिण्डे तथा ब्रहमाण्डे' के रुप में बताई गई है।[6]

कबीर का नाद योग हठयोग और कुंडलिनी योग से सीधा सम्बन्ध रखता है।[7] इनकी कविताओं में कुण्डलिनी का जो बार–बार वर्णन आता है वह इसी बात की पुष्टि करता है। योग तन, मन और आत्मा सहित चेतना की सभी स्थितियों के उन्नयन और परिमार्जन का एक सशक्त माध्यम है। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर के काव्य पर विचार करते हुए लिखा है– कबीर की भक्ति योग के क्षेत्र में प्रेम का बीज पड़ने से अंकुरित हुई थी । कहने का तात्पर्य है कि उनकी भक्ति का मूल आधार योग ही था। वस्तुतः कबीर के काव्य में योग, प्रेम, भक्ति आदि तत्व निहित हैं। उनमें एक विचित्र प्रकार की समरसता है। यही कारण है कि कोई उन्हें योगी कहता है, कोई ज्ञानी तो कोई भक्त एवं संत।

कबीर भक्ति–काल के संत कवियों में श्रेष्ठतम स्थान रखते हैं। योग भारत की सम्पूर्ण विश्व को दी गई अद्भुत देन है। कबीर न केवल योग की महिमा से परिचित थे अपितु अपने काव्य द्वारा उसे नवीन प्रतिष्ठा भी दिलाते हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल कहते हैं कि– ''जो ब्रह्म हिन्दुओं की विचार पद्धति में ज्ञान–मार्ग का एक निरुपण था, उसे कबीर ने सूफियों के सहज योग की प्रतिष्ठा द्वारा जन सुलभ बनाया हैं। वे अपने काव्य में जिस स्वानुभूतसत्य का उदघाटन करते हैं, वह योग अनुभव पर ही आधारित है। कबीर परिपक्व ज्ञान और भक्ति में कोई

तात्विक अन्तर नही मानते, क्योंकि यह ज्ञान शुद्ध चित्त होने के उपरान्त ही प्राप्त होता है। जो योग द्वारा ही सम्भव हैं। हम देखते हैं कि हठयोग भी चित्त शुद्धि को अपनी साधना में विशेष महत्व देता है, कबीर योग–साधना में गुरु की भूमिका को विशेष महत्व देते हैं। कबीर की दृष्टि में मनुष्य योग–साधना द्वारा अहंकार रहित और सांसारिक विषयों से उदासीन हो जाता है। यह आत्मिक पवित्रता ही उसे अच्छे कार्यों और ईमानदार प्रयासों की और उन्मुख करती है।[8] में महत्वपूर्ण बताया है, कबीर की साधना में हमें विकास की विभिन्न अवस्थाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। जीवन के सहजाचरण के रुप में अंत मे वे जिस सहजयोग की प्रतिष्ठा करने में सफल हुए वहाँ तक वे सहज रुप से नहीं पहुँच गए, मार्ग की कितनी दुर्गम घाटियों को उन्हें पार करना पड़ा होगा, यह कौन जानता है? परन्तु इस कठिन मार्ग को पार करने में दो बातें उनकी विशेष सहायक हुई जो उन्हें एक सच्चे साधक का रुप दे सकी, ये विशेषताएँ थीं, आत्म–विचार और निजी अनुभव। कबीर ने इन दोनों को ही अपनाया। जिस समय कबीर ने योगसाधना में प्रवेश किया उस समय नाथ पंथी हठयौगिक साधना का ही चारों ओर बोलबाला था। अतः कबीर का ध्यान भी सर्वप्रथम इसी साधना की ओर आकर्षित हुआ। उन्हीं का अनुकरण कर वे अपनी साधना स्तर में काया का महत्व, प्राणायाम, इडा–पिंगला, सुषुम्ना, घटशोधन, भाटकर्म, प्राणायाम साधना, कुण्डलिनी, चक्र बेधन, ब्रह्मरन्ध्र, शून्य गुफा, दशम द्वार, अनाहतनाद, त्रिकुटि सन्धि आदि शब्दों का विस्तृत वर्णन करते हैं। उनका विश्वास है कि श्रम की प्राप्ति के लिए हठयोग साधना परम आवश्यक है, किन्तु आगे चलकर उनका यह विश्वास इस रुप मे स्थिर न रह सका। वे मंत्रयोग की और उन्मुख हुए जिसमें केशव ही उन्हें सच्चे योगी के रुप में दिखायी देने लगे। जब हम कबीर के योग विषय पर चिंतन करते हैं तो पाते हैं कि पिंड और ब्रह्माण्ड की जिस एकता का वर्णन किया है उसकी सर्वप्रथम चर्चा अथर्वेद में हुई है। अथर्ववेद में एक स्थान पर कहा गया है–

अष्टचक्रानव द्वारा देवानां पूर योध्या
तस्यांहिरण्मयः कोशः स्वर्गोज्योतिषाव तः।।[9]

अर्थात् यह मानव शरीर आठ चक्र और नौ द्वारों से युक्त देवों की कभी पराजित न होने वाली नगरी है, इसी पुरी में ज्योति से ढका हुआ, परिपूर्ण हिरण्यमय, स्वर्णमय कोश है, यह स्वर्ग है। आत्मिक आनन्द का भण्डार परमात्मा इसी में निहित है।

प्रमुख बिन्दु–

आत्म–साक्षात्कार की महत्ता–हठ योग और कबीर दोनों के सिद्धांतों में आत्म–साक्षात्कार की महत्ता की बात की गई है। हठ योग में ध्यान और साधना के माध्यम से आत्मा के प्रति जागरूकता प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। कबीर भी अपने दोहों और भजनों के माध्यम से आत्मा के अद्वितीयता की महत्ता को प्रकट करते हैं।

भगवान की प्रतीति का अनुभव–हठ योग और कबीर दोनों के सिद्धांतों में भगवान की प्रतीति को व्यक्तिगत अनुभव के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। हठ योग में ध्यान और साधना के द्वारा भगवान की प्राप्ति होती है। कबीर भी अपने भजनों में अपने अंतरात्मा की पहचान के माध्यम से भगवान के साक्षात्कार के महत्व को बताते हैं।

समग्रता और सभी का समान दर्शन– संत कबीर और हठ योग दोनों के सिद्धांतों में समाज में समग्रता और सभी का समान दर्शन की उपयोगिता को उजागर किया गया है। हठ योग में सभी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में प्रोत्साहित किया जाता है ताकि समाज में समग्रता बन सके। कबीर भी अपने दोहों में सभी मानवों को एक समान दृष्टिकोण से देखने के महत्व को प्रदर्शित करते हैं।

भक्ति और प्रेम का महत्व–हठ योग और कबीर के सिद्धांतों में भक्ति और प्रेम के महत्व की व्याख्या की गई है। हठ योग में भगवान के प्रति भक्ति और प्रेम के माध्यम से आत्मा के साक्षात्कार की प्राप्ति होती है । कबीर भी अपने भजनों में प्रेम और भक्ति के माध्यम से भगवान के प्रति अपने अनुराग को व्यक्त करते हैं।

इन सामानताओं के बावजूद हठ योग और संत कबीर के सिद्धांतों में भिन्नताएँ हैं और वे अपने–अपने उपायों के माध्यम से परमात्मा, जगत और मुक्ति के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाते हैं। कबीर का योग–चिंतन इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योकि उसके माध्यम से वे मनुष्य के भीतर की अनंत सभावनाओं को टटोल कर जगाने और

सक्रिय करने का प्रयास करते हैं। कबीर के लिए कुंडलिनी के जगाने से मनुष्य की सुषुप्त आंतरिक शक्ति का जागना है। बिना जागे न तो मनुष्य स्वयं को विकसित कर सकता है और न समाज और न हि राष्ट्र को। योग हमें जगाकर अपनी शक्तियों के सदुपयोग का मार्ग प्रशस्त करता है।

निष्कर्ष :

हठयोग परम्परा में कबीर का योगदान महत्वपूर्ण है, क्योकि उन्होंने उसके विकृत रूप को दूर कर उसे सामान्य जन तक सर्वसुलभ जनसाधारण भाषा में पहुँचाने का काम किया है, उसे लोकोपकारी बनाया है। वास्तव में कबीर के रुप में भारतीय जनता ने एक ऐसे सन्त को अपने मध्य अनुभव किया जो निजी अनुभवों द्वारा हठयोग के इस कठिन मार्ग में उनके लिए ऐसे सहज पंथ का निर्माण कर सके जिस पर चलकर मनुष्य अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त कर सके। आज भी कबीर द्वारा निर्मित उनके निर्गुण भक्तिमार्ग से अनेक साधक सहज प्रेरणा तथा मानवीय मूल्यों को प्राप्त करने के साथ ही हठयोग परम्परा में निहित साधना का सरलीकृत रूप भी उनकी वाणी में प्राप्त करते है।[10] उस प्रकार हम हठयोग परम्परा में कबीर के योगदान से परिचित होते हैं।

संदर्भ सूची :

1. त्रिलोक, राजीव जैन. (2011). सम्पूर्ण योग विज्ञान : भूमिका. मंजुल पब्लिशिंग हाउस.
2. दास, श्यामसुन्दर. (2023). कबीरग्रन्थावली. पृ.सं. 117. राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली.
3. दास, श्यामसुन्दर. (2023). कबीर ग्रन्थावली. पृ.सं. 53. राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली.
4. शुक्ल आचार्य, रामचन्द्र. (2017). हिन्दी साहित्य का इतिहास. पृ.सं. 56. प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली.
5. दास, श्याम सुन्दर. (2023). कबीर ग्रन्थावली. पृ.सं. 157. राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली.
6. जी, स्वामी दिगम्बर. घरोटे, डॉ. एम. एल. (1997). घेरण्ड़ संहिता पृ.सं. 87. कैवल्य धाम समिति लोणा वाला.
7. जी, स्वामी दिगम्बर. झा, डॉ. पीताम्बर. (1998). हठ प्रदीपिका पृ.सं. 67. कैवल्य धाम समिति लोणा वाला.
8. शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र. (2017). हिन्दी साहित्य का इतिहास. पृ.सं. 64. प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली.
9. शर्मा, पं. जयदेव. (2014). अथर्व वेद 10/2/31. डी. ए. वी. पब्लिकेशन डिवीजन नई दिल्ली.
10. बडथवाल, डा. पीतात्बर दत्त. (1994). हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय : भूमिका भाग. तक्षशिला प्रकाशन.

उत्तरी तथा दक्षिणी संगीत के पृथक् होने से पूर्व की स्थिति, उसके कारण तथा प्रभाव

डॉ. शालिनी ठाकुर*

सारांश

*संगीत के इतिहास को समझने के लिए अनेक ऐसी बातें जाननी पड़ती हैं जिनका सीधा संबंध तो संगीत से नहीं होता किंतु अप्रत्यक्ष रूप से उनका संबंध संगीत से होता है। भारत में संगीत कई दृष्टिकोण से अद्वितीय है। वह न केवल प्राचीनता के कारण विशिष्ट है वरन् उसकी लगभग तीन हजार वर्ष पुरानी परंपरा के विकास का इतिहास भी अद्वितीय है। सर्वोत्तम कलाएँ एकसूत्र में गुथी हैं। इन्हें एक–दूसरे से अलग करना कठिन है। संगीत केवल एक शब्द ही नहीं, अपितु एक धारणा है जो हमें ईश्वर से जोड़ती है। 'संगीत रत्नाकर' के अनुसार– **"गीतंवाद्यंनृत्यं च त्रयं संगीतमुच्यते।"***

अर्थात् संगीत में गायन, वादन तथा नृत्य इन तीनों कलाओं का समावेश हैं। इन तीनों के सम्मिश्रण का प्रमाण हम नारदीय शिक्षा, मांडुक्य शिक्षा, पाणिनी शिक्षा आदि में देख सकते है। मानव के आध्यात्मिक विकास के साथ संगीत भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होता रहा। संगीत की उपासना का माध्यम प्रादुर्भाव तथा विकास मंदिरों तथा देवालयों में हुआ।

भारतीय संगीत की परंपरा ईश्वरप्रदत्त मानी जाती है। नारद की वीणा, कृष्ण की वंशी, शिव का तांडव और गंधर्व तथा सरस्वती की वीणा आदि इस कथन की पुष्टि करते है कि संगीत और नाट्यकलाएँ दोनों ईश्वर प्रदत्त हैं।

मूल शब्द– *वैदिक युग, सांगीतिक, सर्वोत्तम कला, प्रादुर्भाव, ईश्वरप्रदत्त, आलपनम।*

प्रविधि– *इस शोध–पत्र को तैयार करने में द्वितीयक माध्यमों का उपयोग किया गया है ।*

भारतीय संगीत का इतिहास वैदिक युग से प्रारंभ होता हैं। ऋग्वेद और सामवेद की ऋचाएँ संगीतबद्ध शब्दावली का प्राचीनतम उदाहरण हैं। भारतीय संगीत की परंपरा ईश्वर प्रदत्त मानी जाती हैं। नारद की वीणा, कृष्ण की वंशी, शिव का तांडव और गंधर्व तथा सरस्वती की वीणा आदि इस कथन की पुष्टि करते हैं कि संगीत और नाट्यकलाएँ दोनों ईश्वरप्रदत्त हैं। पंडित दामोदर ने संगीत की उत्पत्ति पशु तथा पक्षियों से मानी है। उनके अनुसार मोर से स, चातक से रे, बकरा से ग, कौवे से म, कोयल से प, मेंढक से ध तथा हाथी से नी स्वर की उत्पत्ति हुई।[1]

संगीत केवल एक शब्द ही नहीं, अपितु एक धारणा है जो हमें ईश्वर से जोड़ती है।

संगीत रत्नाकर के अनुसार– **"गीतंवाद्यंनृत्यंच त्रयं संगीत मुच्यते।"**[2]

अर्थात् संगीत में गायन, वादन तथा नृत्य इन तीनों कलाओं का समावेश हैं। इन तीनों के सम्मिश्रण का प्रमाण हम नारदीय शिक्षा, मांडुक्य शिक्षा, पाणिनी शिक्षा आदि में देख सकते है। मानव के आध्यात्मिक विकास के साथ संगीत भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होता रहा।

इस दृष्टिकोण के अंतर्गत फ्रायड के अनुसार– "संगीत का जन्म एक शिशु के समान मनोवैज्ञानिक आधार पर हुआ जिस प्रकार एक शिशु हंसना या रोना अपने–आप ही सीख जाता हैं। उसी प्रकार संगीत का प्रादुर्भाव भी मानव के मनोवैज्ञानिक के आधार पर हुआ है।[3] संगीत का प्राचीनतम रूप धार्मिक, दार्शनिक, औपदेशिक तथा नैतिक था। संगीत के उपासना का माध्यम प्रादुर्भाव तथा विकास मंदिरों तथा देवालयों में हुआ। उदाहरणार्थ उत्तर भारत के ध्रुपद का लालन–पालन एवं वृन्दवाद्य आदि का जगन्नाथ आदि वैष्णव मंदिरों में तथा सोमनाथ, विश्वनाथ आदि शैव मंदिरों में हुआ। इसी प्रकार कर्नाटक संगीत को भी भक्ति संगीत के रूप में स्वीकार किया गया।

दक्षिण के आधुनिक संगीतकार भी त्यागराज के

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत एवं ललित कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

समान रहस्यवादी तथा धार्मिक संगीत कृतियों की रचना करने में संलग्न है।

संगीत के इतिहास को समझने के लिए अनेक ऐसी बातें जाननी पड़ती हैं जिनका सीधा संबंध संगीत से नहीं होता किंतु अप्रत्यक्ष रूप से उनका संबंध संगीत से होता हैं। अतः संगीत के इतिहास को समझने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तथ्यों का अवलोकन करना होगा और उन तथ्यों का भी अनुशीलन करना होगा। जिनका दूरगामी संबंध भी संगीत से हैं। भारत में संगीत कई दृष्टिकोण से अद्वितीय है। वह न केवल प्राचीनता के कारण विशिष्ट हैं वरन् उसकी लगभग तीन हजार वर्ष पुरानी परंपरा के विकास का इतिहास भी अद्वितीय है। सर्वोत्तम कलाएँ एक सूत्र में गुंथे हैं। इन्हें एक–दूसरे से अलग करना बहुत कठिन हैं।

यह कहा जाता है कि वैदिक संगीत के नियम कश्मीर से कन्याकुमारी तक समान रहे और हर संगीत शास्त्री यह मानते हैं कि भारतीय संगीत की उत्पत्ति वेदों से हुई है। भरत (नाट्य शास्त्र), शारंगदेव (संगीत रत्नाकर) द्वारा प्रतिपादित नियम उत्तर से दक्षिण तक समान रूप से मान्य थे। उत्तर तथा दक्षिण के संगीतज्ञों में घनिष्ट संबंध रहा। उत्तर के शारंगदेव तथा दक्षिण के पुण्डरीक विट्ठल (सद्राग चन्द्रोदय) इनके अतिरिक्त अनेक ग्रंथकार हैं पर इनमें जिनमें से दो ऐसे हैं जिनके सिद्धांत एक मूल पर आधारित हैं। दोनों के सम्पर्क तथा विचारों के आदान–प्रदान का एक उदाहरण यह भी है कि दक्षिण के पुण्डरिक विट्ठल, भावभट्ट, अहोबल आदि ने दक्षिण से उत्तर में आकर ग्रंथों की रचना की। शताब्दियों से देशव्यापी संगीत की प्रथा का रूपान्तर सम्भव न होता यदि उस पर ऐतिहासिक तथा राजनैतिक आधार न पहुँचते। संगीत के बारे में आदिकाल से लेकर दसवीं शताब्दी तक जो भी विवरण उपलब्ध है उससे इस बात का प्रमाण मिलता है कि समस्त भारत में संगीत की एक ही पद्धति प्रचलित थी।

आज उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय दोनों प्रकार का संगीत भारत में प्रचलित है परंतु प्राकृतिक अड़चनों ने दोनों भागों को एक–दूसरे से बहुत कम ही मिलने दिया है। अतः दोनों भागों में जो विकास हुआ है, वह लगभग एक–दूसरे से अलग–अलग ही रहा है। निश्चित हैं कि दोनों प्रणालियों का उदगम एक ही स्थन पर हुआ है परंतु सदियों के कालखण्ड में उनके आस–पास के वातावरण का प्रभाव उन पर पड़ा और इस प्रकार उनका स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित हुआ। संगीत का दो शाखाओं में विभाजन विदेशी प्रभावों के फलस्वरूप हुआ जो कालान्तर में उत्तर तथा दक्षिण भारत के संगीत की दो अलग–अलग प्रणालियाँ हिन्दुस्तान तथा कर्नाटक संगीत के नाम से प्रचलित हैं।

उत्तरी तथा दक्षिणी संगीत पद्धति के पृथक होने के कारण

भारतीय संगीत तुर्को के आगमन के पूर्व स्थानीय राजाओं के शासन काल में चरम सीमा पर पहुँच चुका था। कैप्टन विलियर्ड ने अपने ग्रंथ ‘A Treatise of the Music of Hindustan’ में वर्णित किया है कि मुस्लिम राजाओं के शासन काल में धीरे–धीरे सभी हिन्दू कलाओं और विभाजन के साथ–साथ संगीत का भी ह्रास हुआ। इसका प्रभाव उत्तर भारत में अधिक पड़ा जबकि दक्षिण भारत इस प्रभाव से वंचित रहा।

सामवेद की ऋचाओं का प्रयोग ‘खरहरप्रिया’ राग के अंतर्गत उत्तर और दक्षिण भारत के संगीतज्ञों द्वारा किया जाता था। कश्यप और मतंग आदि संगीतज्ञ आज भी उत्तर और दक्षिण भारतीय संगीत के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उत्तर और दक्षिण भारत के संगीतज्ञ ‘सामवेद’, ‘नाट्यशास्त्र’, ‘नारदीय शिक्षा’ तथा ‘पाणिनी शिक्षा’ को अपने संगीत का आदि स्रोत मानते हैं। 1294 ई. में मल्लिक काफुर के आक्रमण के समय तक उत्तर भारतीय संगीत लगभग फारसी हो चुका था। श्री हरिपाल द्वारा उत्तर भारत के संगीत को ‘हिन्दुस्तानी’ संगीत कहा गया। दक्षिण भारतीय संगीत को ‘कर्नाटक’ संगीत कहा गया। संगीत विभाजन का रोपा गया वह बीज विदेशी शासन काल में सुदृढ़ पौधे के रूप में विकसित हुआ जो अलग–अलग शैलियों के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित है।

इनका साहित्य तथा शोध–ग्रंथ अलग–अलग हैं। दक्षिण भारत के संगीत तथा उत्तर भारत के संगीत में बिल्कुल समानता नहीं रही । इसका मुख्य कारण यही हैं कि उत्तर भारत पर अनेक आक्रमण होते रहे। अनेक विजेताओं के संघर्ष से उत्तर भारत को गुजरना पड़ा जिससे उत्तर भारत के संगीत पर विजेताओं के संगीत का प्रभाव पड़ा तथा उत्तर का संगीत विदेशी संस्कृति के अनुरूप ढलता गया। परंतु ये आक्रमणकारी दक्षिण भारत

न पहुँच सके। दक्षिण भारत को जीतने में प्राकृतिक कठिनाइयाँ विशेष रूप से थी। ताकि वे अपनी संस्कृति को विदेशी आक्रमण से बचा सके। आज भी दक्षिण भारत के संगीत में भारतीयता की पावनता एवं धार्मिकता पायी जाती हैं किंतु उत्तर भारतीय संगीत में उतनी नहीं पायी जाती। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उत्तर भारत का संगीत दक्षिण भारत के संगीत से हीन है। कहने का अभिप्राय यह है कि इन विंध्य पहाड़ियों की श्रृंखलाओं ने दक्षिण भारत के संगीत की विदेशियों से रक्षा की और उसके पुनीत गौरव सदैव अक्षुण्ण रखने में सहायता प्रदान की।

हिन्दुस्तानी संगीत के विकास को तीन काल खण्डों में विभाजित किया जा सकता है। सबसे पहले अलाउद्दीन खिलजी के काल में अमीर खुसरो ने हिन्दुस्तानी संगीत को एक नया मोड़ दिया। उनके शासन काल में संगीत धर्म से परे अन्यत्र भी इसका प्रयोग पहली बार हुआ। भौतिक विकास की अभिरूचि के हेतु संगीत की बनावट यहीं से शुरू हो गई। राजा–महाराजाओं की सेवा में संगीत का अधिकाधिक प्रयोग होने लगा। आगे चलकर मियाँ तानसेन ने अकबर की प्रशंसा हेतु संगीत की रचना की और खुद भी अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक बन गए। उस काल का संगीत प्रायः ध्रुपद में समाया हुआ था।

हिन्दुस्तानी संगीत के विकास का एक और कालखण्ड सदारंग के जमाने से माना जाता है। मोहम्मद शाह के दरबार में उनकी प्रशंसा हेतु संगीत की रचना की और ख्याल के अनेक प्रकारों को जन्म दिया, इसे उत्तरी संगीत की क्रांति ही कहना चाहिए। इस क्रांति में चीजों की शब्द रचना में परिवर्तन हो गए। चीज़ शब्द आज भी गायकी में प्रचलित हैं। परंतु वह स्वर–व्यंजनों का आकार स्वरावलि तक ही सीमित है। यहाँ से आगे संगीत का प्रवाह स्वरावलि के प्रकाशन में होता गया।

कर्नाटक संगीत प्रणाली की तुलना में हिन्दुस्तानी संगीत ताल के विषय में उदार है। इस प्रणाली में प्रायः 20 ताल प्रचलित हैं। कर्नाटकी गायक ताल की प्रत्येक मात्रा के विषय में अत्यधिक सजग और सावधान रहता है, यहाँ तक कि आधी मात्रा के लिए भी। हिन्दुस्तानी संगीतकार मछली की भाँति तैरता है और अवसर पाते ही स्थायी पर आ जाता है। राग सीमा के भीतर वह स्वच्छंदतापूर्वक अपनी स्वर–लहरी की उड़ाने भर सकता हैं।[4]

स्वरों के आविष्कार से स्वरप्रधानता और लयप्रधानता के आधार पर घराने निर्मित हुए। साहित्य की अपेक्षा स्वर पर ध्यान केन्द्रित करना, लय पर ध्यान केन्द्रित करना, स्वर और लय का एक साथ समन्वय करना आदि विभिन्न विचारों के कारण घरानों का निर्माण हुआ। फलस्वरूप हिन्दुस्तानी संगीत स्वर, ताल, लय तान आदि बातों को लेकर वैभव सम्पन्न हुआ है। उसके श्रृंगार सजावट बढ़ गए। कुछ लोगों का यह कहना है कि घराने अब अदृश्य होने के रास्ते पर हैं। पर यह बात यहाँ प्रमाणित नही है। कर्नाटक संगीत बिना बाह्य प्रभाव के और अशान्त हुए बिना विकसित होता गया है। उसकी यात्रा धार्मिक विचारों के प्रवाह के किनारे होती है। इस संगीत को सबसे पहले प्रभावित करने का श्रेय 15वीं सदी के संत पुरिन्दर दास को जाता है। पुरिन्दर दास एक महान संगीतज्ञ होने के साथ–साथ महान संत भी थे। वे कर्नाटक संगीत के जनक माने जाते थे। कर्नाटक संगीत को उन्होंने एक रचनात्मक मोड़ पर ला दिया। उसे वैज्ञानिक बैठक तथा प्रतिष्ठा प्राप्त करा दी। आध्यात्मिक चिंतन की दृष्टि से उन्होंने उसे संगीतोपयोगी बना दिया तथा 72 मेलकर्ता सिद्धांत के वे जनक थे। व्यंकटमखी ने उसे परिपूर्ण कर दिया। परंतु उन्होंने ईश स्तुति पर (विट्ठल की ईश स्तुति पर) आधारित कई पदों की रचना की है, और उन पर सुयोग्य सुरों का साज चढ़ा कर आकर्षक तर्जे भी चढ़ाई।

उनके तापसी जीवन ने उनके पदों को अधिकाधिक लोकप्रिय बना दिया। इसके पश्चात् त्यागराज, श्यामाशास्त्री तथा दीक्षितर आदि इन तीन श्रेष्ठ संतों ने उन्नीसवीं सदी के पूर्वाद्ध में दक्षिणी संगीत पर बड़ा ही प्रभाव डाला। दीक्षितर ने बनारस के संगीतज्ञों से ध्रुपद की शिक्षा प्राप्त की थी। इन ध्रुपदों का प्रयोग केवल ईश स्तुति और भक्ति मार्ग के लिए किया जाता था। इन तीनों श्रेष्ठ संतों ने आध्यात्मिक तथा भक्ति मार्ग की दृष्टि से कर्नाटक संगीत की लोकप्रियता को बढ़ा दिया और बड़ी लगन से इसका प्रचार–प्रसार किया। उन्होंने हिन्दुस्तानी संगीत के प्रेम, विरह, दुख आदि भविष्य कारकों से कर्नाटक संगीत को अछूता रखा और आध्यात्मिक चिंतन पर ही जोर दिया। इस संदर्भ में 17 नवम्बर 1967 के 'टाईम्स ऑफ इंडिया' में किसी दक्षिणी संगीत के टीकाकारण का प्रकाशित एक निवेदन उद्धृत किया जा रहा है। दक्षिण का शास्त्रीय संगीत एक कला है और यह विज्ञान और आध्यात्मिक क्षेत्र में उत्थान का एक साधन हैं। उनके 95

पदों में किसी–न–किसी देवता की प्रशंसा पाई जाती है। कुछ पदों में आध्यात्मिक दर्शन समाविष्ट है तो कुछ पदों में सुंदर काव्य रचना दिखाई देती हैं। जिस प्रभावपूर्ण ढंग से गायक इन रचनाओं को पेश करेंगे उतनी ही मात्रा में श्रोता (स्रोता) मंत्र–मुग्ध होते जाएंगे। इससे कर्नाटक संगीत का सुनिश्चित लक्ष्य दिखाई देता है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि कर्नाटक संगीत में कला के लिए कला के सिद्धांत को अपनाया है।

इससे उसकी कला का कलात्मक विकास हो सका। उत्तर हिंदुस्तानी संगीत भौतिकवाद पर आधारित और कर्नाटक संगीत आध्यात्मिकवाद पर केन्द्रित है। इस मूलभूत फर्क को अच्छी तरह समझ लेने पर दोनों प्रणालियों में रहने वाले फर्क ध्यान में आएंगे। इसके स्पष्टीकरण के लिए यह कहा जा सकता है कि उत्तरी संगीत के कलात्मक विकास तथा उसके उद्देश्य को स्वीकार किए जाने से आलापचारी के लिए धीमी लय अनिवार्य बन गई क्योंकि बिना इस प्रकार के धीमी लय राग का स्वर विस्तार, वादी–संवादी सिद्धांत का प्रभाव, उसके अनगिनत पहलुओं की स्वरावलियों के आधार पर स्वरों के कण निर्मित नहीं हो सकते। ये ही बातें आध्यात्मिक चिंतन के लिए आवश्यक होती हैं। साधना और स्वर–मधुरता दूसरे प्रकार से गौण बन जाए तो कोई आश्चर्य नहीं। यहीं इन दोनों में फर्क का आभास कराता है। एक में संगीत ही साध्य हैं और दूसरे में वह आध्यात्मिकता का साधन है। इसका मतलब यह नहीं कि दक्षिणात्य गायक अथवा श्रोता अधिक पारमार्थी हैं। बस इस दृष्टि से विचार करने पर कर्नाटक संगीत बड़ी ही सहजता से घर–घर में प्रवेश पा सका है। इतना ही नहीं, बल्कि संगीत बहुतांश कुटुंबियों के दैनिक जीवन का एक अटूट अंग बन गया है। अब तक के विवेचन से यह स्पष्ट हो चुका है कि दोनों प्रकार प्रणालियों की मूलभूत आवश्यकताएँ भिन्न है।

दोनों प्रणालियों में कुछ समानताएँ पाई जाती है जैसे आदि तालम (त्रिताल, रूपक और झपताल) आदि। उत्तर और दक्षिण दोनों में वाद्यों का बाहुल्य पाया जाता है।

अपितु यह कहा जाता है कि उत्तर भारत में तंतु वाद्यों और दक्षिण भारत में आघात अर्थात् ताल वाद्यों की प्रधानता है। कर्नाटक संगीत के 'ताल वाद्य कचहरी' का विशिष्ट स्थान है। परंतु उसका प्रभाव धीरे–धीरे हिंदुस्तानी संगीत में भी आता दिखाई दे रहा है। कर्नाटक संगीत में रागों का वर्गीकरण 72 मेलकर्ता पर आधारित है। 12 स्वर स्थान पर 72 जनक राग है। अन्य रागों की संख्या अनगिणत हैं। यह वर्गीकरण विधि बड़ी वैज्ञानिक तथा गणित संगत है। हिंदुस्तानी संगीत पद्धति में पंडित भातखंडे द्वारा चुने गए 10 थाट (मेल) आधारित 'थाट राग पद्धति' उत्कृष्ट है। यह पद्धति संगीत के विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा ग्रहण करते समय सुलभ और स्पष्ट प्रतीत होती है। हिंदुस्तानी संगीत पद्धति में रागों का वर्गीकरण समय के आधार पर किया गया है। किंतु कर्नाटक संगीत में समयानुसार राग–गायन का प्रतिबंध प्रचलित नहीं है। हिंदुस्तानी संगीत में समयानुकूल राग गायन का बंधन यथासंभव मान्य है। उत्तर भारत के श्रोता इससे इस प्रकार अभ्यस्त हो चुके हैं कि प्रतिबंध को तोड़ना उन्हें सदैव अखरता है। एक आकर्षक बात यह है कि दोनों प्रणालियों में रागों की सूची निम्न है जो कुछ विशिष्ट रचनाओं के आधार पर की गई है–

(1) **भौगोलिक रचना** – स्वराष्ट्रीय, बंगला, सिंधु, जौलपूरी आदि।

(2) **ऋतु** – बसंत, हिंडोला, हेमंत, हेम आदि।

(3) **उपासना विधि** – भैरवी (शिव उपासना), नट नारायण (विष्णु उपासना), कपड़ा (कृष्ण की उपासना) कृष्ण से प्राप्त शब्द काहड़ा।

(4) **फूल** – मालती, सरस, नलिन कांति, रूहे आदि।

(5) **पशु–पक्षी** – बडहंस, मयूरी, हंसध्वनि, नागध्वनि, पुराजी, बिहागड़ा आदि।

तालों में दोनों प्रणालियों में समानता पाई जाती है जैसे– आदि तालम–त्रिताल, छप ताल, रूपक आदि उत्तर और दक्षिण दोनों में वाद्यों का बाहुल्य पाया जाता है। अपितु यह कहा जाता है कि उत्तर भारत में तंती वाद्य की प्रधानता है। हिंदुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत में कुछ समान वाद्य देखने को मिलते हैं। शहनाई, नागस्वरम्, सुंदरी, मुखवीणा, पखावज, मृदंगम्, वीणा– गोटु वाद्य, दक्षिण के तंजौर में प्रचलित तानपूरे की आकृति उत्तर के मिराज के तानपूरे की आकृति से भिन्न होती है। उत्तर तथा दक्षिण में वायलिन को सस्वरित (ट्यूनिंग) करने की विधि में अंतर हैं। दक्षिण की विधि उत्तर की विधि से उत्तम हैं। दक्षिण में वीणा अधिक प्रचलित है। उसका स्वर गंभीर

तथा समृद्ध होता है। उत्तर में सरस्वती वीणा कम सुनने को मिलती है। ऊंचे स्वर वाली बांसुरी तथा नीचे स्वर वाली बांस की बांसुरी का प्रयोग उत्तर में किया जाता है। आज के संगीतकारों का दृष्टिकोण अधिक व्यापक है। तीव्र यातायात के साधन भी सुलभ हो गए है। रेडियो, चलचित्रों, रिकॉर्डिंग्स आदि के द्वारा संगीत के प्रचार–प्रसार में अधिक उन्नति हुई है। इन सब आधुनिक साधनों के कारण उत्तर तथा दक्षिण के संगीतज्ञों की पारंपरिक संपर्क में उनकी वृद्धि हो रही है जिससे संगीत को लाभ ही होगा।

उत्तरी तथा दक्षिण संगीत के एकीकरण के सकारात्मक प्रभाव

हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत पद्धति में अनेक साम्य भी हैं। इसलिए यह संभव है कि कुछ समय पश्चात् ये दोनों पद्धतियाँ बहुतांश में एक–दूसरे से मिल जाएँ । यदि ऐसा मिश्रण उत्तम अधिकारी विद्वानों द्वारा हुआ तो इन दोनों पद्धतियों का हित ही व्यापक होगा। ऐसा होने से हिंदुस्तानी संगीत के विद्यार्थियों को कर्नाटक संगीत के ग्रंथों को पढ़ने का भी अवसर प्राप्त होगा यथा– 'स्वरमेलकलानिधि', 'संगीतसारामृतम्', 'रागलक्षणम्' आदि । इसी प्रकार दक्षिण संगीत भारतीय के विद्यार्थी भी उत्तर भारतीय संगीत के ग्रंथों को पढ़ने में अत्यधिक रुचि लेंगे।

इस संदर्भ में यही कहना उचित होगा कि इन दोनों पद्धतियों के समन्वय से संगीत के साधनों को विकसित कर नई दिशा का अनुभव एवं आनंद प्राप्त किया जा सकता हैं।

पंडित भातखंडे ने स्वयं अपनी 'क्रमिक पुस्तक मालिका' में कर्नाटक संगीत के सिद्धांतों का समन्वय किया हैं। रागों में निबंद्ध लक्षण गीतों में हिंदुस्तानी थाट के समरूप कर्नाटक मेल का उल्लेख किया है। उत्तर भारतीय तथा दक्षिण भारतीय संगीत की गायकी में काफी समानता है। उदाहरण के लिए हिंदुस्तानी संगीत में राग का गायन आलाप से प्रारंभ होता हैं और कर्नाटक संगीत में भी आलपनम से गायन का प्रारंभ होता है। हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक दोनों पद्धतियों में राग के बर्ताव में तानें ली जाती हैं और तानें, सरगम में भी लेते हैं। दोनों पद्धतियों में निबद्ध और गायकी का समान रूप से विवर्तण हुआ है। प्राचीन प्रबंधों से ध्रुपद की उत्पत्ति हुई और प्राचीन रूपकालप्ति से ख्याल प्रभावित हुआ हैं और इसी से दक्षिण में पल्लवी गायन प्रभावित है। दोनों में कल्पना का बाहुल्य है। उत्तर का ठुमरी गायन अभिनयात्मक है । इसी प्रकार उत्तर तथा दक्षिण की अन्य गायन शैलियाँ भी परस्पर मिलती हैं।

हिंदुस्तानी	**कर्नाटक**
अलंकार	अलंकारम
लक्षणगीत	लक्षणगीतम
सरगम	स्वरजति
मध्यख्याल	मध्यमकलाकृति
द्रुत ख्याल	द्रुतकलाकृति
विलंबित ख्याल तथा ध्रुपद धमार	रागम तानम पल्लवी
ठुमरी, टप्पा	पद्मजावली

दोनों पद्धतियों में सप्तक के अंतर्गत 22 श्रुतियाँ मानी जाती हैं और दोनों पद्धतियों का आधार ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' तथा 'संगीतरत्नाकर' को माना जाता है। इन दोनों पद्धतियों में षड्ज तथा पंचम को माना गया। उत्तरी संगीत में म को छोड़कर बाकी सभी शुद्ध स्वरों को तीव्र भी कहा जाता है और उसकी विकृति के लिए कोमल संज्ञा दी जाती है किंतु कर्नाटक संगीत में स्वर की पहली स्थिति है। इसके बाद की स्थिति को विकृति की संज्ञा दी जाती है। इसलिए कर्नाटक शुद्ध स्वर उत्तरी संगीत के कोमल स्वरों के बराबर सिद्ध होता है।

मूल रूप से दोनों ही प्रणालियाँ समान है और दोनों में वही स्वर और वही श्रुतियाँ प्रयुक्त होती हैं। इन्हीं स्वरों और श्रुतियों पर आधारित रागों के प्रस्तुतिकरण और गायन की विशिष्ट शैलियों के द्वारा दोनों प्रणालियों में भेद होता है। यही स्वर, श्रुतियाँ तथा राग प्रस्तुत करने का ढंग दोनों प्रणालियों में अंतर उत्पन्न करता है। वर्तमान समय में हमारा परंपरागत दुख कम होता जा रहा है और हम एक–दूसरे की कला को बड़े ही अपनत्व के साथ देख रहे हैं। यही कारण है कि उत्तरी तथा दक्षिणी संगीत शैलियाँ समीप ही नहीं आई बल्कि कई तरह के आदान–प्रदान भी आरंभ हो गए हैं जिसके फलस्वरुप आज यह देखा गया है कि उत्तर भारत में दक्षिण के कई कलाकारों को तथा गायन शैलियों को अपनाया गया है। साथ ही, उनकी विशिष्ट मुर्कियाँ, सरगम, स्वर लगाने का ढंग तथा गमक आदि भी अपनाया गया है। इसी प्रकार,

उत्तर भारतीय संगीत की लंबी तानें, खड़े स्वर, खट्के आदि के प्रयोग दक्षिण भारतीय संगीत में विशेष रूप से प्रकट हो रहें है।

संगीत चाहे उत्तर का हो या दक्षिण का; दोनों का एक ही उद्देश्य है और वह है शास्त्रीय संगीत के पवित्रता को बनाए रखना और उसके संदर्भ में वृद्धि करना । दोनों प्रणालियों में रागप्रस्तुतीकरण का माध्यम आलाप या आलपनम हैं। दक्षिण में इसकी अभिव्यक्ति न, ते, र, म, तोम आदि निरर्थक शब्दों से की जाती है। जैसा कि उत्तर में ध्रुपद, धमार, गायन से पूर्व होता है। दक्षिण की कृति तथा उत्तर के ख्याल के प्रस्तुतिकरण में स्वर और वर्णोचारण के ढंग के अलावा अंतर यह है कि कृति श्रोताओं द्वारा उसके प्रभावों का अनुभव कर सकने के पूर्व ही प्राप्त हो जाती है जबकि ख्याल अपने बराबर विस्तार से श्रोताओं को पूर्णतः प्रभावित करता है। एक घंटे के कार्यक्रम में दक्षिणी संगीत की आधी दर्जन कृतियाँ सुनी जा सकती हैं जबकि उत्तर का ख्याल एक घंटे में आधा भी नहीं हो पाता। दक्षिण भारत में एक और प्रकार की बंदिश है जिसे 'जावली' कहा जाता है। यह सुगम संगीत के अंतर्गत आता है। इसका उद्देश्य प्रेम–भाव प्रदर्शित करना है। इसका प्रयोग अभिनय के पार्श्व संगीत में भी होता है किंतु यदि ऐसा है तो यह उत्तर की ठुमरी के समान है। ठुमरी में विभिन्न प्रकार के श्रृंगार–भाव छोटे–छोटे फ्रेजों से भरपूर होती है। उसी की विभिन्न प्रकार से आवृत्ति की जाती है। इसमें आत्माभिव्यक्ति, ध्वनि के मनोधर्म, मुख–मुद्राओं द्वारा अभिव्यक्ति और संगीतकार के हाव–भाव की पूरी छटा रहती है। इसमें संगीतकार धातु की अनुकूलता से गीत का विस्तार करता है।

उत्तर का तराना और दक्षिण का तिल्लाना शब्द चातुर्य और वैविध्य के प्रदर्शन की समान गायन शैलियाँ हैं। पंडित शारंगदेव और कल्लिनाथ के समय हिंदुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत में कोई भेद नहीं था। यदि भेद रहा भी होगा तो प्रादेशिक भेद अथवा भाषा भेद अवश्य रहा होगा। भाषा, विभाषा, अंतरभाषा और विभाषा में रागों की श्रेणी भेद से पता चलता है कि इनमें प्रादेशिक अथवा क्षेत्रीय अंतर हैं किंतु संगीत की आम रूपरेखा समूचे देश में समान थी।

उतरी तथा दक्षिणी संगीत पद्धति के विभाजन का नकारात्मक प्रभाव

इन दोनों संगीत पद्धतियों में पृथकता तब शुरू हुई जब मुसलमानों ने भारतीय संगीत में नई सृष्टि करने का प्रयास किया। उत्तर और दक्षिण के सांगीतिक सिद्धांत एवं व्यावहारिक अभिव्यक्ति के मूल सिद्धांत अक्षुण्ण रूप से कायम रहे। इन दोनों प्रणालियों में यदि कोई अंतर है तो एक ओर कुछ रागों में तो दूसरी ओर गमक अथवा स्वर उच्चारण में ऐसा अनुभव किया गया है । उत्तर भारतीय संगीत में कुछ दक्षिणी राग लाने से वह समृद्ध ही हुआ है। पंडित भातखंडे ने कई दक्षिणी राग उत्तर भारत में प्रचलित किए, जैसे– हंसध्वनि, हंस किंकणी, दुर्गा (बिलावल थाट), साबेरी, श्रीरंजनी, आभोगी, आहिरी, बसंतमुखारी, देवरंजिनी आदि ।

कर्नाटक संगीत में लय के संबंध में सुभद्रा चौधरी ने लिखा है– "कर्नाटक संगीत में लयों का दुगना–दुगना संबंध अभी भी है यानि द्रुत की ठीक दुगनी मध्य और मध्य की ठीक दुगनी विलंबित होती है। लेकिन लय के बजाय 'कालम्' शब्द का प्रयोग होता हैं।[5] मनोधर्म संगीत में अपनी विशेष दक्षता या क्षमता रखने वाले गायक या वाग्गेयकार को कर्नाटक संगीत में पल्लवी विद्वान के नाम से संबोधित किया जाता है। "The Pallavi Vidvan is a specialist in manodharma sangita."[6]

हिंदुस्तानी और कर्नाटक दोनों प्रणालियों की वर्तमान बंदिशों की प्राचीन प्रबंधों के साथ तुलना करने से पता चलता है कि कई प्रकार से इनमें मेल नहीं है। इसका कारण संभवतः है यह है कि कुछ प्रबंधों में (मेदिनी–जाति–प्रबंध) एक को छोड़कर अन्य अंग रचयिता अथवा गायक की मर्जी पर छोड़ दिए गए। कुछ प्रबंधों (मेदिनी–जाति) में कई खंडों के लिए विभिन्न राग और तालों का प्रयोग किया गया। संभवतः इसी कारण बाद में कर्नाटक संगीत में 'रागमालिका' और 'तालमालिका' की सृष्टि हुई। हिंदुस्तानी संगीत में भी रागमालिका है, किंतु उसका नाम 'रागसागर' है, यद्यपि वह कर्नाटक संगीत के समान अधिक प्रयोग में नहीं है। उस समय प्रबंधों के कई प्रकार थे किंतु आज दोनों संगीत प्रणालियों में कुछ ही प्रकार उपलब्ध हैं।

निष्कर्ष :

भारत एक विशाल देश है जिसमें अनेक धर्म व संप्रदाय के लोग अपने–अपने धर्म व संस्कृति के रंगों में

रंगे इस विशाल वृक्ष–रुपी देश को हरा–भरा बनाए हुए हैं। सांस्कृतिक भिन्नता के इस रूप की झलक हमें यहाँ प्रचलित लोकगीतों में भी देखने को मिलती है। इन्हीं लोकगीतों का सुसंबद्ध रूप शास्त्रीय संगीत है। यदि भारत में संगीत के अस्तित्व की बात करें तो इसका संकेत हमें प्राचीन काल से ही प्राप्त होता है। वेद, जिसे भारतीय इतिहास के प्रथम वक्ता कहा जाता है जिसमें सर्वप्रथम लिखित रूप में इतिहास के प्रमाण मिलते है, उस काल में भी सामवेद के रूप में संगीत जन–मानस में प्रचार में था। उसके बाद उपनिषद, रामायण, महाभारत तथा पुराणों में भी संगीत की चर्चाएँ मिलती हैं। संगीत की वह धारा आज भी अनवरत रूप से कुछ परिवर्तन के साथ चली आ रही है। प्रारंभ में संपूर्ण भारतवर्ष में शास्त्रीय संगीत की केवल एक ही धारा प्रवाहमान थी किंतु बाद में लगभग 12वीं शताब्दी के मध्य शास्त्रीय संगीत की दो धाराएँ अर्थात् पद्धतियाँ प्रचार में आई। वर्तमान में भी भारत में मुख्य रूप से दो ही पद्धतियाँ प्रचार में हैं– उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत पद्धति एवं दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत पद्धति। संगीत की इन दोनों प्रणालियों के नियम समान है परंतु समय के साथ इनमें कुछ परिवर्तन भी हुए हैं। संगीत चाहे उत्तर का हो या दक्षिण का दोनों का एक ही उद्देश्य है और वह है शास्त्रीय संगीत की पवित्रता को बनाए रखना और उसके सौंदर्य में वृद्धि करना।

संदर्भ सूची :

1. जोशी, उमेश, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ.–98
2. वसंत, संगीत विशारद, पृ.–35
3. जोशी, उमेश, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ.–55
4. संगीत, मासिक पत्रिका, ताल अंक, पृ.–16
5. चौधरी, प्रो. सुभद्रा, भारतीय संगीत में निबद्ध, पृ.–142
6. Sambamoorthy, Prof. P., South Indian Music (Book-IV), p.4

हरियाणवी लोकगीतों में भावों के उद्‌गारक तत्त्व

डॉ. रचना*

शोध सार

हरियाणा के लोकगीतों में हरियाणवी संस्कृति रची बसी है या हरियाणवी संस्कृति में लोकगीत, यह कहना थोड़ा–सा मुश्किल है। इस अनुसंधान पत्र में हरियाणा की संस्कृति की झलक किस प्रकार यहाँ के लोकगीतों से मिलती है, इस पर चर्चा करने की चेष्टा की गई है। लोकगीतों का अर्थ, उनकी उत्पत्ति व हरियाणवी गीतों में भावों के उद्‌गार व विषय पर चर्चा की गई है। हरियाणवी लोकगीत का समाज व संस्कृति के आधार पर वर्गीकरण जिनसे भिन्न–भिन्न रस उत्पन्न किस प्रकार होते हैं व प्राचीन परंपराओं को इन गीतों द्वारा किस प्रकार आधुनिक पीढी तक पहुँचाया जाता रहा है, जो हरियाणवी संस्कृति को सुरक्षित किए हुए हैं पर कार्य करने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्द : *हरियाणवी लोकगीत।*

प्रविधि : *इस शोध–लेख के लिए द्वितीयक माध्यमों से सहायता ली गई है।*

लोकगीत जनमानस की अभिव्यक्ति के गीत हैं। लोकगीत मानव की सहज प्रवृत्ति का स्वरुप है। मानव ने प्रकृति से प्रेरणा पाकर जिन गीतों का निर्माण किया, ये लोकगीत कहलाते हैं। वास्तव में लोकगीत मनुष्य की भावनाओं से प्रेरणा पाकर ही उत्पन्न होते हैं व धड़कन की लय से ही इन्हें संगीतमय किया जाता है। इंसान अपने सुख–दुःख, प्रेम, दुश्मनी, रीति–रिवाज, आचार–व्यवहार, त्यौहार, अनुष्ठान, धर्म–संस्कृति, रहन–सहन, आस्था–विश्वास आदि से संबंधित अपनी भावनाओं को जब गायन के माध्यम से प्रस्तुत करता है, तो वे 'लोकगीत' कहलाते हैं। वास्तव में इन्हीं लोकगीतों द्वारा मनुष्य अपनी अभिव्यक्ति व संस्कृति को संरक्षित भी करता है।

लोकगीत आमजन की भावनाओं का उद्‌गार है, जो सरल (आम बोलचाल की) भाषा, सरल काव्य व सरल धुनों से निर्मित होते हैं।[1]

लोकगीत दो शब्दों के संयोग से बना है लोक + गीत, लोक शब्द का अर्थ – आमजन व गीत शब्द का अर्थ है– गायन। इसका अर्थ हुआ आमजन द्वारा गाया जाने वाला गीत। डा. वासुदेव शरण अग्रवाल के शब्दों में 'लोक' शब्द धातु में 'धञ्' प्रत्यय लगने से बना है, जिसका अर्थ है– देखने वाला। 'लोक हमारे जीवन का महासमुद्र है, जिसमें भूत, भविष्य और वर्तमान संचित है'।[2] वास्तव में लोकगीत जन समुदाय से जन्म लेने वाले गीत हैं। ये गीत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में मौखिक गायन–परंपरा से आते हैं। ये गीत संस्कृति के मुहँ बालते चित्र हैं[3], इन्हीं लोकगीतों द्वारा संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी व दूसरी पीढ़ी से तीसरी पीढ़ी तक पहुँचाया जाता रहा है। इस प्रकार, लोकगीतों द्वारा संस्कृति के प्रस्थान की यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। अपितु यदि यह कहा जाए कि आधुनिक काल के बालकों को हरियाणा की संस्कृति का ज्ञान ही हरियाणवी लोकगीतों द्वारा होता है, तो अनुचित नहीं होगा।

'गीता पेन्टल' के मतानुसार, लोकगीत किसी संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है, मानव मन में जब भावों का मंथन होता है तो लोकगीतों का जन्म होता है। लोकगीतों का कोई शास्त्र नहीं होता अपितु स्थाई बोली द्वारा व्यक्त हृदय के उद्‌गार हैं,[4] हरियाणा के लोकगीत भी ऐसे ही हैं, जिनमें दैनिक जीवन की छोटी–छोटी गतिविधियों का चित्रण मार्मिक तरीके से किया गया है। यह गीत देहातों से उत्पन्न माने गए हैं किंतु शहरों में भी प्रचलित रहे हैं।

हरियाणा लोकगीतों के विषय :

हरियाणवी संस्कृति को दर्शाते हरियाणवी लोकगीतों के विषय दैनिक जीवन से संबंधित रहे हैं, ये लोकगीत स्वयं ही मुख से उत्पन्न होने वाले हैं, जैसे– सोते बच्चे को देख कर माता में वात्सल्य भाव का उत्पन्न होना व अनायास ही उसके होठों से कुछ शब्द गाने के

*सहायक प्रवक्ता, आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी (हरियाणा)

रूप में प्रकट हो जाना, ऐसे ही हरियाणवी लोकगीतों के विषय। लोकगीतों का कोई शास्त्र नहीं होता यह निर्मल मन की निश्चल उद्गार रूपी धारा के समान हैं, जो कहीं से भी प्रस्फुटित हो सकते हैं। एक विद्वान का कथन है– ''हृदय में भावनाओं का आवेश आते ही कल्पना तरंगे लेने लगती है, उसी समय पहले संगीत का फिर काव्य का जन्म होता है, इस काव्य का विषय कुछ भी हो सकता है। जिन भावों से हृदय में आवेश पैदा होता है, वही हरियाणवी लोकगीतों के विषय बनते हैं।[5] हरियाणवी लोकगीतों के विषय अनेक हैं क्योंकि किसी भी वस्तु या स्थिति में मानव मन के भावों का उत्पन्न होना स्वाभाविक है व उस स्थिति को देखकर या सुनकर गायन करना भी उतना ही स्वाभाविक है। विभिन्न त्योहारों पर गाये जाने वाले गीतों के विषय, देवी या देवताओं संबंधित, ऋतुओं से संबंधित, दैनिक कार्यों से संबंधित विषय, जैसे– फसलों की रोपाई, बुवाई, कटाई, चक्की पीसते हुए व चरखा चलाने के विषय संबंधित गीत। ये लोकगीत मनोरंजन के उत्तम साधन के रूप में प्रयोग किए जाते हैं। इसलिए रिश्तों से संबंधित विषय के गीत भी बहुतायत में मिलते हैं, जैसे– देवर–भाभी, सास–ननंद के ताने, हास्य पूर्ण तरीके से ससुराल की बुराई करते हुए लोकगीत।

कुछ हरियाणवी लोकगीत प्रश्नोत्तरी के रूप में भी गाये जाते हैं। इन गीतों में कभी–कभी एक व्यक्ति प्रश्न करता है और दूसरा व्यक्ति गीत के माध्यम से ही उत्तर देता है। इन गीतों में दुःख–सुख, प्रेम–वियोग, पुत्र–जन्म के अवसर के, वात्सल्य पूर्ण, हर्ष–उल्लास, करुणा, चूड़ी बेचना[6], विवाह–संबंधी, युद्ध संबंधित, वीरता की कथाओं के गीत, प्रेम गीत, भगवान की आराधना संबंधित अनेक विषय हरियाणा के लोकगीतों में हमें प्राप्त होते हैं। ये केवल विषय नहीं है, अपितु प्राचीन काल की संस्कृति हैं जो लोकगीतों द्वारा हम तक पहुँचती है। अतः हरियाणा की संस्कृति में लोकगीत पूर्णतः रचे बसे हैं, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा।

हरियाणा के वासियों के रहन–सहन, रीति–रिवाज, भाषा व बोल–चाल के तरीके के आधार पर हरियाणा की संस्कृति में रचे बसे लोकगीतों को सामाजिक परिपाटी या संस्कृति व परंपराओं के आधार पर कुछ वर्गों में वर्गीकृत किया गया है, जो इस प्रकार है–

संस्कार–संबंधी लोकगीत :

हिंदू समाज में संस्कारों को जीवन में इस प्रकार समाहित किया हुआ है कि अब वे समाज के अभिन्न अंग हो गए हैं, जिनके अभाव में समाज की कोई भी प्रक्रिया पूर्ण नहीं मानी जाती। संस्कार के गीत भी समाज की उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। 'संस्कार' शब्द 'सम' उपसर्ग 'कृ' धातु से 'धञ्' प्रत्यय के योग से बना है, जिसका अर्थ है– 'संस्कार वह है, जिसके होने से कोई भी योग्यता होती है।'[7] वस्तुतः संस्कार भारतीय जीवन की नींव है। वैदिक साहित्य में इन संस्कारों का विस्तार से वर्णन किया गया है। संस्कारों की संख्या के विषय में विभिन्न ग्रंथों में मतभेद है 'आश्वलायन गृहसूत्र' में ग्यारह संस्कार, 'याज्ञवल्क्य स्मृति' में बारह संस्कार, 'मनुस्मृति' तथा 'महाभारत' के वनपर्व में तेरह संस्कार कहे गए हैं व आजकल सोलह संस्कारों की परंपरा प्रचलित है जिसका वर्णन 'व्यासस्मृति' में मिलता है। हरियाणा की संस्कृति में इन सभी संस्कारों से संबंधित लोकगीत है। यहाँ का आमजन चाहे बड़े–बड़े साहित्यों का सही ज्ञान न रखता हो पर मनुष्य के जीवन में जन्म से लेकर अपितु जन्म के पहले से लेकर मृत्यु तक के सभी परिवर्तनों से संबंधित लोकगीत हरियाणा में गाये जाते रहे हैं। गर्भधारण के गीत, पुत्र–पुत्री होने के पश्चात् के लोकगीत, नामकरण के गीत, जनेऊ धारण करते समय गाये जाने वाले गीत, केशान्त (प्रथम बार केश कटवाने) के गीत, विवाह में गाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के गीत, मृत्यु के गीत आदि इसका उदाहरण है कि हरियाणा की संस्कृति को दर्शाने वाले लोकगीत, हरियाणा के प्राचीन जन्म से पहले से लेकर मृत्यु तक के जीवन के प्रत्येक संस्कारों में गाये जाते रहे हैं।

हरियाणा के रस–संबंधी लोकगीत :

हरियाणा के लोकगीत रस व भावों से परिपूर्ण है। वास्तव में लोकगीत मानव के भावों से उत्पन्न होते हैं, इसीलिए यह पंक्ति दर पंक्ति रस से सराबोर होते हैं। हरियाणा प्रदेश के गीतों में श्रृंगार रस (संयोग) से परिपूर्ण गीतों की एक लंबी श्रृंखला है, जिनमें पनघट के गीत, ननंद–भाभी के गीत। चांदनी रात में नायिका का श्रृंगार कर पानी ले जाने के गीत, जैसे –

'चाँदणी सी रात छिटक रहे तारे, जल चन्द्रावल पाणी,
कैसे भर जाऊँ जमना जल नीर।'

इसी प्रकार, वीरों की भूमि होने के कारण हरियाणवी गीतों में वीर रस की भी भरमार है। हरियाणा के बहुत से वीरों ने रणभूमि में वीरगति को प्राप्त किया व शत्रुओं के हौसलों के छक्के छुड़ाए हैं। उन्हीं वीरों की शौर्य गाथा से संबंधित गीत हरियाणवी संस्कृति को दर्शाते हुए आज के युवाओं में भी हौसला व उत्साह उत्पन्न कर देते हैं।[8] उसी का एक उदाहरण इस प्रकार है –

लाखां छोहरे हरियाणे के, जल, थल, सेना म्हं काम करै,
आंख उठा कोय दुश्मन देखै, उसका काम तमाम करें।।

ऐसे गीतों को सुनकर स्वतः ही उत्साह उत्पन्न हो जाता है। ठीक इसी प्रकार, हरियाणा के लोकगीतों में करूण रस के गीतों की भी भरमार है, ये गीत मार्मिकता की ऊँचाइयों को भी छूते हैं तथा हृदय में कहीं गहरे पैठ भी जाते हैं। जच्चा गीत, चरखा गीत, विदाई के गीत, सौतन के गीत, हृदय के सूक्ष्म तारों को झंकृत कर अंतरात्मा के मर्मस्थल को छूने में सक्षम है। हास्य रस के गीतों में हरियाणवी लोकगीतों का कोई जवाब नहीं है। हास्य के माध्यम से कठोर से कठोर बात, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सरल ढंग से आवाज उठाई जाती रही है। यह हरियाणा के लोकगीतों से ही ज्ञात होता है। यहाँ के गीतों में ठिठोली, बन्ना–बन्नी, सीठने, बारातियों पर की जाने वाली छीटांकशी के गीत, जीजा–साली के गीत, परंपराओं को दर्शाने के साथ–साथ हास्य रस की फुहार भी करते हैं। हरियाणवी लोकगीतों में सभी रस पूर्णतः विद्यमान हैं, जिनके विषय में यहाँ विस्तार से बताना संभव नहीं है, अतः यही कहना उचित होगा कि रस–भाव से परिपूर्ण हरियाणवी गीत सुनते ही हृदय में समा जाते हैं।

ऋतुओं एवं व्रत के लोकगीत :

भारत ऋतु–प्रधान देश है। यहाँ की प्रत्येक ऋतु का अपना सौन्द्रर्य है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपनी तरफ आकर्षित करती है। प्रत्येक ऋतु में प्रकृति की छटा ही भिन्न होती है व उस विशेष ऋतु के गीत हरियाणा में खूब प्रचलित हैं। सावन–भादो में झूला झूलते हुए सावन के गीत व विशेष ऋतु में आने वाले व्रत व त्यौहारों के गीत संस्कृति को दर्शाते हैं, जो इस प्रकार है, ग्रीष्मकाल में अक्षय तृतीया, वैशाखी, सावन में तीज, जन्माष्टमी, गुगा आदि त्योहारों के गीत, करवा चौथ के गीत, नवरात्रों, सांझी, दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, कार्तिक स्नान के गीत, बसंत पंचमी, माझी पूर्णिमा, शिवरात्रि, होली, शीतला माता, संक्रांति, रामनवमी ऐसे न जाने कितने ही व्रत व त्यौहार हैं जिन पर गीत गाये जाते हैं व ये सभी गीत विशेष तिथि व देवी–देवता से संबंधित कथा व कहानी का भी ज्ञान प्रदान करते हैं।[9]

सामाजिक व ऐतिहासिक हरियाणवी गीत :

लोकगीत समाज की अभिव्यक्ति है। लोकगीतों को स्वयंभू अर्थात् अपने आप उत्पन्न होने वाला भी कहा जाता है। हरियाणवी लोकगीतों में समाज के समस्त पहलू विद्यमान रहते हैं, जैसे– दुःख–सुख, आशा–निराशा, ईर्ष्या–द्वेष, रीति–रिवाज, आचार–विचार, रहन–सहन, विश्वास, मान्यताओं एवं परंपराओं आदि सामाजिक पहलुओं का सजीव चित्रण गीतों से प्राप्त होता है।

लोकगीतों में सभी सामाजिक रिश्ते, जैसे पति–पत्नी, भाई–बहन, माता–पिता, देवर–भाभी से संबंधित गीत मिलते हैं। इसके अतिरिक्त समाज में प्रचलित जाति–प्रथा के आधार पर जाति पर गीत भी मिलते हैं जिनमें मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार, लोहे की सामग्री बनाने वाले लोहार, सुनार आदि सभी के विषयगत गीत भी हैं व इन सबका समाज में क्या स्थान है ? यह भी गीतों द्वारा पता चलता है। इनके अतिरिक्त इतिहास की झलक सुनाने वाले गीत भी हरियाणा में प्रचलित रहे हैं, जिनमें राजा महाराजाओं के किस्से, उनकी बहादुरी व युद्ध की गाथाएं सम्मिलित हैं। इन्हें लोकगीतों की मौखिक परंपरा के माध्यम से ही पीढ़ियाँ इतिहास से परिचित रही हैं।

विविध गीत परंपरा :

विविध गीतों में सभी प्रकार के गीतों का समावेश किया जाता है, जैसे चक्की पीसते हुए, चरखा कातते हुए, दूध निकालते हुए गाए जाने वाले गीत, एकतारे पर भीख मांगते हुए गाए जाने वाले गीत, खेती के कार्य करते हुए गाए जाने वाले गीत, लोरी के गीत, बच्चों द्वारा खेल खेल में गाए जाने वाले 'पोसमपा भई पोसमपा' जैसे गीत वे सभी गीत हैं जो किसी विशेष त्यौहार, उत्सव, समारोह से पृथक होते हैं, जो अनायास ही फूलों, पहाड़ों, पशु–पक्षियों, पशुओं व खेलते हुए बच्चों को देखकर मुख से प्रस्फुटित हो जाते हैं। हरियाणा के जन–जन से अवतरित लोकगीत वास्तव में हरियाणवी संस्कृति व सभ्यता को खुद समेटे हैं।

हरियाणा में एक कहावत रही है, यहाँ हर कोस पर बोली में परिवर्तन आ जाता है। यहाँ के लोकगीतों में भी यह परिवर्तन देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त यहाँ आम बोल–चाल के कुछ शब्दों का प्रयोग भी गीतों में सुंदरता के साथ किया जाता है, जैसे– हे राम, है मनै तेरी सू, हां ए, हो, नाऽऽ, ऐ राम आदि जो उस स्थान की प्रचलित भाषा और शब्दों का बोध कराते हैं।[10]

निष्कर्ष :

हरियाणा के लोकगीत वास्तव में हरियाणा की संस्कृति के मौखिक चित्र हैं, जो पीढ़ी–दर–पीढ़ी न जाने कब से हरियाणवी संस्कृति को स्वयं में समाहित किए हुए व आधुनिक पीढ़ी तक उस संस्कृति को पहुँचा रहे हैं। ये हरियाणवी लोकगीत ही हैं, जिनसे हम जान पाते हैं कि हरियाणा की संस्कृति कितनी समृद्ध रही है। हरियाणा की पारंपरिक वेशभूषा, खान–पान, रहन–सहन का तरीका व हरियाणा की प्रचलित परंपराएं क्या रही हैं? ये सब लोकगीतों द्वारा ही जानना संभव है। इसके अतिरिक्त इन गीतों में मन की भावनाओं को झंकृत कर देने वाले रस, व भाव भी पूर्णतः समाहित हैं, जिससे हरियाणवी गीत अत्यंत मनमोहक लगते हैं। प्रत्येक ऋतु, त्योहार, पूजा, व्रत आदि के अवसर पर गाये जाने वाले भिन्न–भिन्न गीत भी हरियाणा की संस्कृति का हिस्सा रहे हैं या यूं कहा जाए कि प्रत्येक कार्य को करते हुए गाये जाने वाले गीत हरियाणा की संस्कृति का भाग रहे हैं। वास्तव में हरियाणवी लोकगीत हरियाणा के कण–कण में समाहित हैं, जो पूर्णतः समृद्ध हैं व आने वाली पीढ़ी को हरियाणवी संस्कृति तक पहुँचाने को तत्पर है।

संदर्भ सूची :

1. डॉ. विमल, हिंदी चित्रपट संगीत का इतिहास, संजय प्रकाशन, दिल्ली प्रथम संस्करण, 2005, पृ. 190
2. जैन, डॉ. शांति, लोकगीतों के संदर्भ और आयाम, विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1999, पृ. 7
3. कुमार, डॉ. अविनाश, लोकगीतों का संपादन एवं मूल्यांकन, दीपक पब्लिशर्स, माई हीरा गेट जालंधर, प्रथम संस्करण, 1996, पृ. 23
4. प्रसाद, माता, लोकगीतों में वेदना और विद्रोह के स्वर, सम्यक प्रकाशन 32/3, पश्चिम पुरी, नई दिल्ली– 63, प्रथम संस्करण, 2007, पृ. 10
5. डॉ. रमाकांत, भारतीय लोकगीतों में हरियाणा का योगदान, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2005, पृ. 107
6. धनकर, डॉ. रीता, हरियाणा तथा पंजाब की संगीत परंपरा, संजय प्रकाशन, 4378/4 दरियागंज, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2003, पृ. 35
7. जैन, डॉ. शान्ति, लोकगीतों के सन्दर्भ ओर आयाम, विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1999, पृ. 12
8. सक्सेना, डॉ. राकेश बाला, लोकगीतों में संगीतिक तत्व, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1990, पृ. 31
9. जैन, डॉ. शान्ति, लोकगीतों के सन्दर्भ ओर आयाम, विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1999, पृ. 19
10. धनकर, डॉ. रीता, हरियाणा तथा पंजाब की संगीत परंपरा, संजय प्रकाशन, 4378/4 दरियागंज, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2003, पृ. 36

विज्ञापन–कला द्वारा उपभोक्ता–समाज की भाषिक संवेदना का विदोहन

डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव*

शोधसार

भाषा समाज में एक–दूसरे से संपर्क या बातचीत का एक महत्त्वपूर्ण साधन होती है। इस साधन से मनुष्य अपने मन और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करता है। समाज में भाषा समाज के विचार तथा संस्कृति का प्रतिबिम्ब होती है। वह समाज के चेतन तथा अवचेतन मनोभावों को अभिव्यक्त करती है। भाषा का अत्यधिक प्रभाव भी उसकी जनता पर होता है। इसलिए किसी प्रभावशाली विज्ञापन के लिए भाषा महत्त्वपूर्ण माध्यम होती है। विज्ञापन द्वारा उपभोक्ता पर प्रभाव बनाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम उपभोक्ता की भाषा में विज्ञापन को संप्रेषित किया जाता है। संप्रेषण के नियम के अनुसार संप्रेषण में सदैव उस भाषा का उपयोग किया जाता है, जो ग्रहीता को समझ आए। इसलिए विज्ञापन में उपभोक्ता की समझ के अनुसार भाषा का उपयोग कर संप्रेषण किया जाता है।

बीज शब्द : *विज्ञापन, भाषा, उपभोक्ता समाज, भाषिक संवेदना, विदोहन, सम्प्रेषण*

शोध प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र में विषयवस्तु विश्लेषण–प्रविधि का उपयोग किया गया है।*

भाषा द्वारा समाज में भी एक–दूसरे की संवेदना, अनुभव, भाव, विचार तथा उद्देश्य आदि को साझा किया जाता है। इसलिए मनुष्य की मानसिकता तथा भावना की चित्रात्मक अभिव्यक्ति भाषा होती है। भाषा का प्रभाव ही है कि जहाँ वीर रस की कविता मनुष्य को उत्साहित करती है तो वहीं करुण रस की कविता उसे शोक में डूबो देती है। किसी की शानदार भाषण शैली पर हम मंत्रमुग्ध हो जाते हैं, तो किसी की भाषा द्वारा सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि भाषा मनुष्य के चित्त, विचार तथा संवेदना को सर्वाधिक प्रभावित करती है।

कोई भी उत्पाद जनता के लिए बनता है। ये जनता उत्पाद के लक्षित समाज विशेष से संबंधित होती है। ऐसे में उसके विज्ञापन में उस समाज की जनता से जुड़ने की विशेषताएं डाली जाती हैं। ये विशेषताएं चित्र, रंग, संकेत, भाषा, समाज तथा सांस्कृतिक विचार इत्यादि के रूप में होती हैं जो विज्ञापन को प्रस्तुत करती हैं। लेकिन भाषा विज्ञापन–प्रस्तुति की विशेषताओं में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह किसी उत्पाद के विज्ञापन को मौखिक रूप से प्रस्तुत करती है। इसके शब्द और वाक्य विज्ञापन को अर्थ देते हैं। भाषा का अत्यधिक प्रभाव भी उसकी जनता पर होता है। इसलिए किसी प्रभावशाली विज्ञापन प्रचार के लिए भाषा महत्त्वपूर्ण माध्यम होती है। यह कहना गलत है कि विज्ञापन में भाषा महत्त्वपूर्ण नहीं है। वास्तव में विज्ञापन में बहुत बार भाषा चित्रात्मक प्रभाव से भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

विज्ञापन एक ऐसी कला है जो संप्रेषण का प्रभावशाली माध्यम है। इसका प्रमुख उद्देश्य उपभोक्ता का ध्यानाकर्षित करना होता है। यह ध्यानाकर्षण उपभोक्ता को उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करता है। विज्ञापन द्वारा उपभोक्ता में विश्वास भी भरा जाता है जिसके द्वारा यह संप्रेषित किया जाता है कि उत्पाद उनके लिए ही बना है। उपभोक्ता की स्मृति में ज्यादा समय तक उत्पाद तथा ब्रांड के नाम को स्मृति पूर्ण बनाने का भी कार्य विज्ञापन करता है। इस प्रकार विज्ञापन उत्पाद का व्यापार बनाए रखने के लिए ध्यानाकर्षण, विश्वास, स्मृति पूर्ण बनाने तथा जरूरत पैदा करने जैसे विभिन्न प्रकार की तकनीकियों का उपयोग करता है। भाषा इन विभिन्न तकनीकियों को मौखिक अभिव्यक्ति देती है जिससे उत्पाद का विज्ञापन देख कर उपभोक्ता खरीदने के लिए तैयार हो जाता है। इसलिए उपभोक्ता का ध्यान उत्पाद की ओर ले जाने तथा उसके विषय में बातचीत करने के लिए सर्वप्रथम विज्ञापन को भाषा में प्रस्तुत किया जाता है। बहुत बार इसके लिए विज्ञापन लक्षित समाज की विशिष्ट भाषा में प्रस्तुत होती है। इससे लोगों पर तथा उनके व्यवहार पर

*पोस्ट डॉक्टोरल फेलो, भारतीय सामाजिक विज्ञान परिषद, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है। भाषा का शक्तिशाली प्रभाव इसलिए भी पड़ता है, क्योंकि लोग अपनी भाषा में सर्वाधिक संप्रेषण करते हैं। लूना और पेराच्चियो (1999,2001:28:2) ने अपने अनुसंधान में कहा है कि दो भाषा जानने वाले अपनी भाषा में विज्ञापन देखना इसलिए पसंद नहीं करते कि यह उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी होती है, बल्कि इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि द्वितीयक भाषा में विज्ञापन को समझना उनके लिए ज्यादा कठिन होता है।[1] इन सभी तर्कों से स्पष्ट है कि विज्ञापन को शक्तिशाली माध्यम बनाए रखने के लिए चित्र, रंग, शारीरिक भाषा, वेश–भूषा तथा सांस्कृतिक प्रभाव जैसे तत्त्व तथा विभिन्न प्रकार की तकनीकों के अतिरिक्त भाषा की आवश्यकता सर्वाधिक है।

सामान्य तौर पर विज्ञापन का उपयोग सूचना देने के लिए किया जाता है लेकिन इस प्रतियोगी समाज में संप्रेषण के सभी माध्यमों द्वारा विज्ञापन का उपयोग उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित तथा प्रभावित करने के लिए किया जाने लगा है। विज्ञापन के इन सभी क्रियाओं में भाषा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी। अब सूचित, प्रभावित, प्रेरित तथा ध्यानाकर्षण जैसे पद्धतियों के लिए भाषा का उपयोग किया जाने लगा है। भाषा के इस उपयोग में छोटे वाक्यों, नये नारों, ध्वनियों तथा शीर्षकों के विभिन्न पद्धतियों में विज्ञापन को प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे विज्ञापन उपभोक्ता की स्मृति में समाहित हो कर उसके व्यवहार को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार विज्ञापन में भाषा का माध्यम के रूप में विभिन्न प्रकार से उपयोग होता है। तारिगन (1993:23:70) ने भाषा के चार उपयोग बताए हैं, जो उपभोक्ता को प्रभावित करते हैं। तरिगन के चार भाषा उपयोग हैं– अभिव्यक्ति, व्याख्या, कला तथा समझ बनाना।[2] विज्ञापन भाषा की इन्हीं पद्धतियों से ध्यानाकर्षित करता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन की प्रस्तुति शब्दार्थ और व्यवहारिक भी होती है।

विज्ञापन द्वारा उपभोक्ता पर प्रभाव बनाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम उपभोक्ता की भाषा में विज्ञापन को संप्रेषित किया जाता है। संप्रेषण के नियम के अनुसार संप्रेषण में सदैव उस भाषा का उपयोग किया जाता है, जो ग्रहीता को समझ आए। इसलिए विज्ञापन में उपभोक्ता की समझ के अनुसार भाषा का उपयोग कर संप्रेषण किया जाता है। उदाहरणार्थ, टू यम्मी (Too Yammi) मल्टीग्रेन चिप्स (multigrain chips), पॉवर ऑफ सेवेन ग्रेन्स (power of seven grains), बेक्ड नॉट फ्राइड (baked not fried) इस विज्ञापन में उत्पाद को उपभोक्ता की भाषा विशेष में संप्रेषणीय बनाया गया है। यहां साधारण तथा विशेषणयुक्त शब्दों द्वारा उत्पाद की खासियत की ओर ध्यान दिलाया गया है। ये सभी शब्द सरल और अपने आप में संप्रेषणीय भी हैं जो उपभोक्ता को आसानी से समझ आ जायेंगे।

विज्ञापन में मुहावरे वाली भाषा का उपयोग कर उत्पाद के उपभोक्ता को आकर्षित किया जाता है। मुहावरे मनुष्य के जीवन में हर दिन प्रयुक्त होते हैं। मनुष्य मुहावरों में बातों को कहने और सुनने का ज्यादा अभ्यस्त रहता है। मुहावरे, लक्षणा तथा व्यंजनायुक्त होते हैं जो तेजी से अपने समाज को आकर्षित करते हैं। इसका उपयोग कोई बड़ी बात को संक्षिप्त में कहने के लिए किया जाता है या किसी बात पर विशेष ध्यान दिलाना हो तो विज्ञापन में मुहावरे का उपयोग किया जाता है। विज्ञापन में भी बहुत बार विशेष ध्यान दिलाने के लिए ज्यादा बात कहने की बजाय एक पंक्ति में बात कही जाती है। भाषा की इस पद्धति द्वारा विज्ञापन निर्माता उपभोक्ता का ध्यानाकर्षण करता है। बहुत बार बड़े–बड़े विज्ञापनों में एक छोटी पंक्ति में कही गयी बात उपभोक्ता को इतनी भा जाती है कि वह उसे स्मरण कर लेता है तथा विज्ञापन के बारे में सोचने लगता है। उदाहरणार्थ, अमूल द टेस्ट ऑफ इंडिया (Amul The Test of India) अमूल ब्रांड का यह विज्ञापन मुहावरे की छोटी–सी पंक्ति द्वारा अपने को सर्वश्रेष्ठ दिखा कर पूरे भारतीय जन मानस में प्रसिद्ध हो गया। इस उत्पाद की बिक्री में विज्ञापन भाषा का सहयोग रहा है। विज्ञापन बहुत से नये मुहावरों को भी गढ़ते हैं। उदाहरणार्थ डर के आगे जीत है और कर लो दुनिया मुट्ठी में गढ़े गए नये विज्ञापन मुहावरे लोगों को जल्दी स्मरण हो गए हैं। लोकोक्तियों का उपयोग कर विज्ञापन को आकर्षक बनाया जाता है। लोकोक्तियां लोक भाषा से संबंधित होती हैं। वह स्थिति विशेष के विज्ञापन में प्रयोग होती हैं। इससे विज्ञापन की भाषा में सजीवता आती है तथा क्षेत्र–विशेष के लोग ज्यादा लगाव भी महसूस करते हैं। उदाहरणार्थ जुग–जुग जियो, सदा सुहागन रहो तथा बारिश ने मुझे सॉलिड पप्पू बनाया आदि लोकोक्ति वाले विज्ञापन संदेश से लोग जल्दी जुड़ जाते हैं, क्योंकि यह उनके क्षेत्र के देशज शब्दों से बने हैं। प्रभावशाली संप्रेषण के लिए विज्ञापन में भावनाओं को भड़का कर उत्पाद की ओर ध्यान दिलाया

जाता है। इसके लिए भावनात्मक भाषा का उपयोग किया जाता है। भावनात्मक शब्दों द्वारा उपभोक्ता को उत्तेजना, उदासी, प्रेम या भय आदि का अनुभव कराया जाता है। यह तकनीक उपभोक्ता को उत्पाद के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़ने को मजबूर करती है। इसमें भावना से संबंधित शब्द दर्शकों से भावनात्मक अपील भी करते हैं। उदाहरणार्थ अ गिट ऑफ लव (A gift of love), ऑन हर वेडिंग डे (on her Weding day), फॉर अ लाइफ टाइम हप्पिनेश (For a life time happiness), उषा स्यूइंग मशीन (Usha sewing machine)। उषा सिलाई मशीन का यह विज्ञापन भावनात्मक शब्दों का उपयोग कर बेटी की शादी में सिलाई मशीन के उपहार को देने की अपील करता है। जो अ गिट ऑफ लव (A gift of love), ऑन हर वेडिंग डे (on her Weding day), फॉर अ लाइफ टाइम हप्पिनेश (For a life time happiness) जैसे पदों से बेटी की शादी से संबंधित पलों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव बना रहा है।

विज्ञापन में उपभोक्ता से जुड़ने के लिए ध्वन्यात्मक भाषा के साथ **काव्य और संगीत** का उपयोग किया जाता है। मानव स्वभाव है कि वह सांगीतिक तत्त्वों, यथा– ध्वनि, लय, ताल, सुर, कविता इत्यादि से तेजी से जुड़ता है और ये सारी चीजें उसे तेजी से स्मरणीय भी हो जाती हैं। विज्ञापन की भाषा कविता के रूप में उपभोक्ता की स्मृति को ज्यादा प्रभावित करती है। जिस प्रकार कविता में लय, स्वरों की एकता तथा तुकबंदी होती है, वैसे ही विज्ञापन की भाषा में भी इस पद्धति का उपयोग कर के उत्पाद के प्रति उपभोक्ता का ध्यानाकर्षित किया जाता तथा उत्पाद को स्मरणीय बनाया जाता है। इसके लिए विज्ञापन उपभोक्ता की भाषा में अलंकार, छंद तथा ताल का उपयोग करता, जिसकी ध्वनि से उपभोक्ता सम्मोहित होता है। कविता वाले संदेश से विज्ञापन उपभोक्ता की भावना और कल्पना को अपील भी करता है। उदाहरणार्थ, बड़ी गजब की भूख लगी, खेल कूद के आए दिन, खूब लुटेरा मैगी बिन, दोस्तों का जमघट, मांगे मैगी झटपट, मम्मी बड़ी गजब की भूख लगी, जब सोता हूं, जब उठती हूं, दो मिनट रुक सकते हैं, सर के बल रह सकते हैं, क्योंकि बड़ी गजब की भूख लगी, मैगी चाहिए मुझे अभी। मैगी के इस विज्ञापन ने अपनी कविता वाली भाषा से भारतीय घरों में जगह बना ली थी, क्योंकि इसकी कवितात्मक, लयात्मक तथा तुकबंदीयुक्त भाषा का उपयोग विज्ञापन की ओर उपभोक्ता का ध्यानाकर्षित करता था। यह विज्ञापन तकनीकों में सबसे अच्छा तकनीक माना जाता है। जब विज्ञापन में कवितायुक्त नारे या संदेश का उपयोग किया जाता है तो कोशिश रहती है कि ब्रांड का नाम उपभोक्ता की स्मृति में बस जाए। कवितायुक्त संदेश में ब्रांड को पहचान दिलाने के लिए तुकबंदी में भी प्रस्तुत किया जाता है। उदाहरणार्थ, फर्नीचर का साथी, जिसकी निसानी है हाथी, फेविकोल! फेविकोल ऐसे जोड़ लगाए अच्छे से अच्छा न तोड़ पाए । विज्ञापन की इस तुकबंदी में फेविकोल को तुकांतयुक्त भाषा में प्रस्तुत कर उपभोक्ता का ध्यान फेविकोल पर केन्द्रित किया गया है। लयबद्धता के कारण किसी भी चीज को याद किया जा सकता है। इसलिए विज्ञापन संदेश को लयबद्ध बनाया जाता है। जिससे उत्पाद स्मरणीय बना रहे। बहुत बार विज्ञापन की लय के कारण उपभोक्ता इसे गुनगुना कर स्मरण कर लेते हैं। लय द्वारा ही उपभोक्ता अवचेतन मन से इसे स्मरण कर लेता है। प्रायः गाने को उसकी धुन व लय से पुनः याद किया जाता है। उदाहरणार्थ, जो मेरा है, वो तेरा, जो तेरा है वो मेरा– एयरटेल का यह विज्ञापन अपनी कविता और लय के कारण उपभोक्ताओं का पसंदीदा बन गया था।

विज्ञापन में लाक्षणिक भाषा का उपयोग कर उपभोक्ता के बीच उत्पाद को पहचान दिलाया जाता है। लाक्षणिक भाषा द्वारा उस शब्द का उपयोग किया जाता है, जो विज्ञापित वस्तु की तुलना किसी विशेष चीज या गुणों से कर उपभोक्ता के दिल में विज्ञापन की महानता को निर्मित करता है। भाषा के लाक्षणिक अभिव्यक्ति के लिए संज्ञा और विशेषण पद का उपयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ, वाशिंग पाउडर निरमा, दूध–सी सफेदी निरमा से आए, रंगीन कपड़े भी खिलखिल जाए । इस विज्ञापन की लाक्षणिक भाषा में वस्तु के गुण को बढ़ा–चढ़ा कर उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई है। इस संदेश में निरमा द्वारा दी जाने वाली सफेदी को दूध की तरह सफेद बताया गया है जिससे साफ कपड़े की इच्छा रखने वाले इस विज्ञापन की ओर आकर्षित होंगे। भाषा में यह लाक्षणिकता **संगीतात्मक रूप** से प्रस्तुत हो कर और भी संप्रेषित हो रहा है।

विज्ञापन द्वारा अर्थ–संप्रेषण व्यंजना–पद्धति द्वारा किया जाता है। इसमें विज्ञापन संदेश में कही गई बात का अर्थ उपभोक्ता अपनी समझ के अनुसार लगाता है।

व्यंजना–पद्धति का विज्ञापन में उपयोग बहुत बार किया जाता है। व्यंजना–पद्धति द्वारा विज्ञापन की भाषा में अनेकार्थ छवियों को गढ़ा जाता है। इससे विज्ञापन उपभोक्ता में रोचकता उत्पन्न करता है। उदाहरणार्थ, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी विज्ञापन की यह भाषा आर्थिक सुरक्षा की बात को व्यंजित कर रही है लेकिन उपभोक्ता इस के और भी अर्थ लगा सकता है।

विज्ञापन उत्पाद का प्रचार सा.श्य भाषा का उपयोग करता है। किसी भी अनुभव को हू–ब–हू चित्रित करना मुश्किल होता है। शब्द अनुभवों को वर्णित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए विज्ञापन भाषा द्वारा उत्पाद की प्रकृति को अनुभव कराया जाता है। इस प्रकार के अनुभव के लिए साहित्य के समान ही विज्ञापन की भाषा में बिम्ब, प्रतीक और अलंकार का उपयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ अलार्म अभी बजा नहीं, किसान अभी मरा नहीं, अभी ये ब्रिज गिरा नहीं, खिलाड़ी अभी हारा नहीं और अभी यहां रेप हुआ नहीं। ब्रिज गिरने दो, किसान को आत्महत्या करने दो, मैडल हारने दो और रेप होने तो दो, अलार्म थोड़े बजने तो दो। अलार्म बजेगा, हम उठेंगे, फिर काफी काम है हमें। कैंडिल मार्च यहां, हड़ताल वहां। व्हाट्सअप पर आग लगाना है। फेसबुक पर गुस्सा दिखाना है। ब्लैक फ्राइडे, हंगरस्ट्राइक, कालाबैंड पहनना है, एक्टिविजम को जगाना। वी वांट जस्टिस, वी वांट जस्टिस। पर फिलहाल अलार्म बजा नहीं। अगला अलार्म बजने से पहले, जागो, जागो, जागो रे। टाटा टी। टाटा टी चाय के विज्ञापन में ब्रिज गिरने, खिलाड़ी के हारने, रेप होने को दुर्घटनाओं के रूपक में प्रस्तुत किया जा रहा है। 'अलार्म बजेगा' शब्द यहां इन घटनाओं के प्रति सतर्क होने के बिम्ब को रच रहा है। इन घटनाओं के बाद भारतीय जनता के बे–परवाह व्यवहार को भी बिम्बित कर रहा है। जागो रे जागो को आलंकारिक प्रस्तुति दी गयी है। भावनात्मक तथा संवेदनशील भाषा द्वारा विज्ञापन में मुद्दों के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। उत्पाद का भी ईमानदार बिम्ब बनाया जा रहा है। भाषा द्वारा ये सभी सादृश्य प्रस्तुति उत्पाद से जुड़ने के लिए उपभोक्ताओं को प्रभावशाली ढंग से संप्रेषित कर रहे हैं।

विज्ञापन में प्रेरणाप्रद भाषा का उपयोग कर उत्पाद से जुड़ने तथा जीवन के प्रति प्रेरित होने का भावनात्मक संप्रेषण किया जाता है। उदाहरणार्थ, अपने परिवार को अपने दम पर जीना सिखाओ, एचडीएफसी लाइफ सर उठा के जियोए एचडीएफसी लाइफ इनश्योरेन्स के इस विज्ञापन की भाषा परिवार के मनोभाव प्रेरित कर रहा है।

विज्ञापन भाषा द्वारा कहानी या नाटकीयता को दर्शा कर भी उत्पाद से उपभोक्ता को जोड़ा जाता है। इसके लिए कहानी द्वारा ब्रांड से उपभोक्ता को जोड़ने के लिए नाटकीय प्रस्तुति दी जाती है जिसमें ब्रांड के मूल्य, प्रस्ताव और व्यक्तित्व को कहानी की भाषा में प्रस्तुत किया जाता है। यह एक लघु फिल्म की भांति होती है। इसमें भाषा उत्पाद की कहानी को कई दृश्यों में दिखाती है। उदाहरणार्थ, मुझे देखते हुए ही आपके मन में एक सवाल आया होगा कि मुझे फूल किसने पहनाया? मम्मी ने। बचपन से पहनाती है और मैं पोनी को। यूं ही बचपन में भईया–दीदी, हम सब पूरा दिन खेलते और मैं रेफरी बन जाती। हम अपने आप को कम्फर्टेबल बनाने के लिए अलग–अलग टेक्निक्स यूज करते हैं। मुझे भी करनी पड़ती है। बस भईया–दीदी से थोड़ी अलग। कहानियों से पता चलता है कि लाइफ में कुछ न कुछ प्राब्लम्स तो सबको होती है। बस मेरी प्राब्लम सबको नजर आते हैं। लेकिन किसी की बड्डे पार्टी हो तो मैं नजर नहीं आती। मेरी स्किन कंडीशन का नाम इयुसेस है। ये इंफेक्सियेस नहीं, पैदाइशी है। इसका कोई इलाज नहीं। कुछ लोगों के नजरिए की तरह। ये 10 लाख लोगों में से एक को होता है। पर लाखों में एक तो मेरी मम्मी है। मेरी बीमारी मेरी जिन्दगी का एक हिस्सा है। मेरी पहचान नहीं, क्योंकि मेरी कहानी में वो सब कुछ है जो बाकी कहानियों में होता है। कुछ होप्स, कुछ ड्रीम्स, कुछ कोशिशें। पर ये कहानी शुरू ही नहीं होती। अगर 17 साल पहले दो लोगों ने मिल कर एक फैसला नहीं लिया होता। मुझे अडॉप्ट करने का फैसला। और ये फैसला उन्होंने कोई चौरिटी करने के लिए नहीं लिया था। लिया था तो बस खुशी के लिए, प्यार के लिए। आज आप वही फैसला लेने वाले हैं, जो उन्होंने 17 साल पहले लिया था। इसी ऑर्फन एज में। पता है आप यहां अपने बच्चे को कैसे पहचान पाओगे। अगर उसे देखते ही आप के मन में वही सवाल आता है, जो मुझे देखते ही मेरे मम्मी और पापा के मन में आया था, क्या ये हमारी नहीं बन सकती, विक्स टच ऑफ केयर। इससे स्पष्ट हो रहा है कि एक अच्छी कहानी उत्पाद से उपभोक्ता को जोड़ती है। इस कहानी वाले विज्ञापन से उपभोक्ता भावनात्मक रूप से जुड़ रहा है। उत्पाद के प्रति

सहानुभूति भी जग रही है। उपभोक्ता इस कहानी से ऐसे जुड़ता है, जैसे ये उसकी कहानी हो।

विज्ञापन आदेशात्मक भाषा का उपयोग कर उपभोक्ताओं पर प्रभाव डालता है। इस तरह की भाषा तर्क की जगह नहीं देती और लोग अपनी भाषा में विज्ञापन द्वारा निर्देशित हो कर उत्पाद खरीदने को तैयार हो जाते हैं। उदाहरणार्थ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। भारत सरकार का यह विज्ञापन बेटियों को बचाने और उन्हें शिक्षित करने का निर्देश प्रभावशाली भाषा में दे रहा है जिससे स्पष्ट हो रहा है कि इस आज्ञा का पालन करना जरूरी है। विज्ञापन में भाषा द्वारा उत्पाद का मानवीकरण कर उपभोक्ता को जोड़ा जाता है। विज्ञापन भाषा द्वारा यह कार्य अच्छी तरह करता है। उदाहरणार्थ, अब अपने बालों को कहो जुग–जुग जियो। केशकांति शैम्पू के इस प्रचार में बालों का संबंध मानवीय भावनाओं से जोड़ दिया गया है। इससे बालों को मानवी आचार–व्यवहार में प्रस्तुत करने के लिए जीने से जोड़ दिया गया। जीना जीव से संबंधित होता है। बाल जीते नहीं है। लेकिन यहां बालों के साथ मनुष्य जैसी उपमा दे कर उपभोक्ता को आकर्षित किया गया है।

भाषा संकर द्वारा भी विज्ञापन जन–सामान्य को आकर्षित करता है। इस तरह के विज्ञापन की भाषा में दो भिन्न भाषाओं के शब्दों से तुक मिला कर संदेश प्रस्तुत किया जाता है। हिंदी के विज्ञापनों में अंग्रेजी के शब्दों का इस्तेमाल कर संदेश को प्रसारित किया जाता है। उदाहरणार्थ, दिल वाले दुल्हनियां फाइनली ले जाएंगे (अमूल), नया मिंटास खाओ बिगर, सॉटर, बेटर। विज्ञापन में विशेषण भाषा उपयोग कर उपभोक्ताओं को आकर्षित किया जाता है। उदाहरणार्थ ठंडो–ठंडो साफ–साफ। विज्ञापन के इस भाषा में उत्पाद की विशेषता विशेषण शब्दों का उपयोग कर बताया गया है जिससे उपभोक्ता आकर्षित होता है। इस प्रकार के विज्ञापन भाषा उपयोग से उपभोक्ता जल्दी प्रभावित होते हैं। विशेषणयुक्त शब्द उपभोक्ता को आकर्षित करते हैं। विशेषणयुक्त शब्द उपभोक्ता को उत्पाद में विश्वास करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह उत्पाद के गुणों को मजबूती से प्रस्तुत करते हैं। सही विशेषण उपयोग से उत्पाद के प्रति सकारात्मक स्थिति बनती है। उदाहरणार्थ, सब वे (Sub Way) का विशेषणयुक्त विज्ञापन इट फ्रेश (Eat fress) या फ्रूटी का विज्ञापन मैंगो फ्रूटी, फ्रेश एन जूसी (mango fruity, fresh n juicy) खाने के सामानों को ताजा होने की गुणवत्ता तथा स्वास्थ्य के लिए ताजा खाने की अनिवार्यता जैसे विशेषण शब्दों से उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रहा है। विशेषणयुक्त शब्दों द्वारा उत्पाद का उपभोक्ता तक पहुंच बनाना आसान होता है।

क्रिया और क्रिया विशेषणयुक्त भाषा का उपयोग विज्ञापन में कर उपभोक्ता के खरीदने के व्यवहार को आकर्षित किया जा सकता है। एप्पल का थिंक डिफरेंटली (Think Differently), नाइके (Nike) का जस्ट डू इट (Just do It) और यूनाइटेड कूकर का खाते जाओ, खाते जाओ और यूनाइटेड के गुन गाते जाओ, जैसे क्रिया तथा क्रिया–विशेषणों का उपयोग कर आसानी से उपभोक्ताओं को विज्ञापन से जोड़ा गया है। एप्पल का अलग सोचने तथा नाइके का कर डालने की अपील दर्शकों को सक्रिय करती है।

निष्कर्ष :

इस प्रकार भाषा का सही उपयोग उपभोक्ता को उत्पाद से भावनात्मक स्तर पर मजबूती से जोड़ता है। दृश्य और डिजाइन का दर्शक पर भले ही गहरा प्रभाव पड़ता है। लेकिन भाषा विज्ञापन को उपभोक्ता के लिए स्मरणीय बनाती है तथा उन्हें गहरे में प्रभावित करती है। यह उत्पाद के लिए सकारात्मक उपभोक्ता को बनाती है। विज्ञापन में उपभोक्ता को प्रभावित करने के लिए भाषा का सही उपयोग भी एक कौशल होता है तथा इस कौशल के सही उपयोग द्वारा उत्पाद के लिए उपभोक्ताओं की एक विशाल संख्या निर्मित होती है। इसलिए भाषा की बाजार तथा विज्ञापन के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

संदर्भ सूची :

1. Tan, J. (2008). Advertising Bilinguals: Dose the Language of Advertising Influence The Nature of Though (Dissertationt). Retrieved from https://www.academia.edu/1441678/Advertising_to_bilinguals_Does_ the_language_of_advertising_influence_the_nature_of_thoughts. P.2.
2. Hum, M., S., S., & Widyahening, E., T. (2015). The Role of Language in Advertisement. Retrieved from https://media.neliti.com/media/publications/169682-EN-the-role-of-language-in-advertisement.pdf.
3. Mulvey, J. (7 June, 2012). Why Sex Sell…More Than Ever. Bussines News Daily. Retrieved from https://www.businessnewsdaily.com/2649-sex-sells-more.html

संदर्भ ग्रंथ :

अय्यर, विश्वनाथ, एन., ई. (1992). अनुवाद भाषा और समस्या. दिल्ली : ज्ञान गंगा.

गर्गेश, रविन्द्र एवं गोस्वामी, कुमार, कृष्ण (2007). अनुवाद एवं भाषांतरण. दिल्ली : ओरिएण्टल लॉन्गमैन.

गोपीनाथ, जी. (2004). अनुवाद सिद्धांत और प्रयोग. इलाहाबाद : लोकभारती प्रकाशन.

गोस्वामी, कुमार, कृष्ण. (2008). अनुवाद विज्ञान की भूमिका. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.

तिवारी, भोलानाथ. (1972). अनुवाद विज्ञान. नई दिल्ली : आकार प्रकाशन.

दिनकर, सिंह, रामधारी. (2008). संस्कृति, भाषा और राष्ट्र. नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन.

धवन, मधु. (2010). विज्ञापन कला. नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन.

शर्मा, कुमुद (2010). विज्ञापन की दुनिया. नई दिल्ली : प्रतिभा प्रतिष्ठान.

शर्मा, रामविलास (2017). भाषा और समाज. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.

सेट्ठी, रेखा (2016). विज्ञापन : भाषा और संरचना. नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन.

विश्वविद्यालयीय संगीत शिक्षा में शिक्षण प्रविधि व नई शिक्षा नीति

डॉ. श्वेता केशरी*

सारांश

भारतीय संगीत का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितना मानव की उत्पत्ति व विकास का। फलस्वरूप भारतीय संगीत परम्परा विश्व की सबसे प्राचीन परम्परा मानी गई है, जो अनेक चरणों से होते हुए आज हमारे समक्ष अपने वर्तमान स्वरूप को प्राप्त है। प्राचीन काल मे शिक्षण का स्वरूप गुरू–शिष्य परम्परा थी, जिसके अन्तर्गत गुरू के सानिध्य में रहकर शिक्षा प्राप्त की जाती थी। संगीत–शिक्षण का स्वरूप भी यही था, जो मध्यकाल में घराना के रूप में परिवर्तित हो गया। किन्तु वर्तमान में विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम में संगीत विषय के समावेश से संगीत के क्षेत्र में एक क्रान्ति–सी आ गयी। चूंकि मेरा विषय मुख्य रूप से विश्वविद्यालयीय शिक्षा में संगीत शिक्षण की विभिन्न विधियों पर आधारित है। अतः प्रस्तुत किये जाने वाले प्रपत्र में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक की विभिन्न शिक्षण विधियों व वर्तमान में विश्वविद्यालयीय स्तर पर उसे अपेक्षाकृत अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु कौन–कौन से परिवर्तन अपेक्षीय है, इस पर चर्चा की जायेगी।

मुख्य शब्द : *संगीत शिक्षा, नई शिक्षा, शिक्षण प्रविधि, विश्वविद्यालयीय शिक्षा*

प्रविधि : *द्वितीयक माध्यमों द्वारा वर्णात्मक एवं समीक्षात्मक अध्ययन किया गया है ।*

किसी भी विषय का आधार ज्ञान होता है और उसी ज्ञान को विशुद्ध व व्यवस्थित रूप में विद्यार्थी को देकर उसका ज्ञानवर्द्धन करना ही गुरू व शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होता है। यह शिक्षा विभिन्न माध्यमों से दी जाती है जो उसकी प्रविधियां या विधियां कहलाती हैं। इन शिक्षण प्रविधियों का स्वरूप हमें भिन्न–भिन्न काल में अलग–अलग रूपों में देखने को मिलता है। चूंकि विषय मुख्य रूप से विश्वविद्यालयीय संगीत शिक्षा की शिक्षण प्रविधि पर आधारित है, अतः यहां विभिन्न काल में संगीत शिक्षण प्रविधियों की चर्चा करते हुए वर्तमान विश्वविद्यालयी शिक्षण प्रविधि व उसे और अधिक उन्नत बनाने के लिए सम्भव प्रयासों की चर्चा की जायेगी।

संगीत शिक्षण प्रविधि

प्राचीन काल : गुरु–शिष्य–परम्परा

प्राचीन काल में शिक्षण का स्वरूप गुरू–शिष्य परम्परा था, जिसमें विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर गुरू के सान्निध्य में शिक्षा प्राप्त करता था। (जैसा कि हमें रामायण एवं महाभारत की कथाओं मे देखने को मिलता है कि एक निश्चित आयु के पश्चात् बालक का गुरूकुल में प्रवेश होता था, जहां वह अन्य विषयों के ज्ञान को अर्जित करने के साथ ही संगीत की साधना भी करता था।) विद्यार्थी जब तक गुरूकुल में रहता, पूरी निष्ठा व लगन के साथ संगीत की साधना करता था। ''गुरुकुल में रहकर गुरु की सेवा करके कठोर अनुशासन नियमित एवं संयमित जीवन बिताते हुए एवं सतत् साधना करते हुए गुरु द्वारा दी गई सम्पूर्ण शिक्षा को पूरा कंठस्थ करना ही शिक्षा का साधन था ।''**[1]** संगीत–जैसा विषय जो एक मौखिक कला है केवल गुरू मुख से ही सीखी जा सकती है, के लिए शिक्षण की यह व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए सबसे उत्तम व्यवस्था थी जिसमें समय का कोई बन्धन नहीं होता था। वहां संगीत की साधना किसी लक्ष्य को पाने हेतु न होकर स्वानन्द के लिए की जाती थी।

मध्यकाल : घराना–पद्धति

प्राचीन काल की गुरू–शिष्य परम्परा ने ही मध्यकाल तक आते–आते घराना का रूप ले लिया जो गुरु–शिष्य परम्परा का ही थोड़ा परिवर्तित रूप है। पीढ़ी–दर–पीढ़ी चली आ रही परम्परा ही घराना कहलाई। प्रत्येक घराना की अपनी कुछ विशेषताएं होती हैं जो उसे दूसरे घरानों से अलग व विशिष्ट बनाती है तथा जिससे उस घराने की पहचान होती है, जैसे–स्वरों व आवाज का

*प्रवक्ता, गायन विभाग, किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा।

लगाव, राग की बढ़त, आलापचारी व तान लेने की ढंग, बन्दिशों की विशेषता इत्यादि। प्रत्येक घराने के शिष्य अपने गुरू की गायकी का अनुसरण करते हुए उन्हें अपने में आत्मसात् करने का प्रयास करते हैं। वे उन गुणों को अपनी गायकी में इस तरह आत्मसात् कर लेते हैं कि केवल श्रवण मात्र से ये बताया जा सकता है कि अमुक व्यक्ति अमुक घराने का शिष्य है। घराना–पद्धति ने भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर के संरक्षण में अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण कार्य किया है जिसने हमें पं० ओम्कार नाथ ठाकुर, पं. भीमसेन जोशी व पं० जसराज जैसे अनेक संगीत रत्न दिये हैं।

आधुनिक काल : विश्वविद्यालयी शिक्षा

लगभग 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तथा 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में जब संगीत का प्रवेश एक विषय के रूप में विभिन्न विद्यालयों व विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में किया गया उस समय संगीत के क्षेत्र में मानों क्रांति आ गई। इस कार्य में पं० विष्णु दिगम्बर पलुस्कर व पं० विष्णु नारायण भातखण्डे का योगदान अतुलनीय है जिनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप शैक्षिक विषय के रूप में संगीत को सर्वप्रथम पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर शिक्षा का अंग बनाया गया। इसके साथ ही स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत सरकार ने भी संगीत के विकास की ओर ध्यान दिया। रेडियो, संगीत सम्मेलनों व शिक्षा के लिए संगीत संस्थाओं की स्थापना कर उनके लिए अनुदान की व्यवस्था की। विभिन्न संस्थाओं, जैसे– संगीत नाटक अकादमी, सांस्कृतिक केन्द्रों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में संगीत विषय के प्रवेश के फलस्वरूप संगीत से जनसाधारण लाभान्वित हुआ। मध्यम वर्गीय परिवार से आये वे लोग जिनके लिए संगीत की शिक्षा लेना एक स्वप्न मात्र था, वे भी अब संगीत के लिए कार्य कर रही विभिन्न निजी संस्थाओं तथा विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश के द्वारा संगीत की शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। संगीत के क्षेत्र मे यह कार्य सर्वप्रथम भारत वर्ष की उपलब्धि है जिसने संगीत के प्रयोगात्मक एवं क्रियात्मक दोनों ही पक्षों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया जिसकी चर्चा एवं सराहना देश–विदेश में भी हुई। वर्तमान में भारत वर्ष में संगीत के लिए अनेक संस्थाएँ कार्यरत हैं व इसे और अधिक उन्नतशील बनाने हेतु समय–समय पर अनेक संगीत–सम्मेलनों व सेमिनारों का आयोजन किया जाता रहा है।

परिवर्तन सृष्टि का नियम है। गुजरते वक्त की मानसिकता के साथ ही साथ शिक्षण–व्यवस्था में भी परिवर्तन हुआ। जो शिक्षा गुरु–शिष्य परम्परा में एक अमूल्य दान समझा जाता था मध्यकाल में उस प्रवृत्ति मे थोड़ी संकीर्णता आ गयी और वर्तमान में तो प्रत्येक कला या विद्या पूर्णतः अर्थपूर्ण हो गई जिसका एकमात्र उद्देश्य धनोपार्जन मात्र रह गया है, जिससे संगीत भी अछूता नहीं है। किन्तु यह इसका एक पक्ष है, इसका दूसरा पक्ष यह है कि विश्वविद्यालयों में संगीत विषय के प्रवेश से संगीतज्ञों व कलाकारों को एक दिशा मिली है उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। जिन्हें समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता था आज समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। संगीत विषय जो घरानेदार शिष्यों व उनके परिवारों तक ही सीमित हो गया था, वह सर्व जनसुलभ हो गया। वर्तमान में देश–विदेश से प्रतिवर्ष अनेक विद्यार्थी संगीत की शिक्षा लेने भारत आते हैं जिससे देश–विदेश में भारतीय संगीत की ख्याति हो रही है। वर्तमान समय में अन्य विषयों की अपेक्षा संगीत सीखने के लिए विभिन्न देशो से अनेक विदेशी नागरिक भारत आते हैं जो हमारे लिए गर्व की बात है। संगीत, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसके आगे सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक है उस धरोहर को यथारूप बनाये व सुरक्षित रखने के लिए हमें सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। इसी अमूल्य धरोहर के संरक्षण की दिशा में 21वीं शती में नई शिक्षा पद्धति का पदार्पण शिक्षा जगत में किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था का है जिसमें विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर अथवा स्वावलम्बी बनाया जा सके। इसी उद्देश्य के लिए ही नई शिक्षा नीति में बहुविषयकता व समग्रता पर पर विशेष रूप से बल दिया गया है। भारत में समग्र व बहुविषयक शिक्षा नीति की परम्परा प्राचीन काल से रही है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था देखने के साथ ही ऐसे अनेक व्यापक साहित्य हैं जो शिक्षण व्यवस्था में विषयों की समग्रता पर प्रकाश डालते हैं। बाणभट्ट ने कादम्बरी में 64 कलाओं के ज्ञान की बात कही। इन 64 कलाओं में न केवल गायन व चित्रकला जैसे विषय सम्मिलित हैं अपितु वैज्ञानिक क्षेत्र भी, जैसे– रसायनशास्त्र और गणित, व्यावसायिक क्षेत्र, जैसे– बढ़ई का काम और कपड़े सिलना, औषधि तथा

अभियान्त्रिक और साथ ही साथ सम्प्रेषण, चर्चा और वाद–संवाद करने का व्यावहारिक कौशल भी सम्मिलित है। यह विचार कि मानवीय सृजन के सभी क्षेत्र को कलाओं के रूप में देखा जाना चाहिए, यह भारतीय चिन्तन की देन है। विभिन्न कलाओं के ज्ञान के इस विचार को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में लिबरल आर्टस् के रूप में स्थान देना एक अच्छी पहल है। सभी कलाओं का लक्ष्य निर्धारित है । संगीत सहज रूप में हमारे कानों तक पहुँच कर अमूर्त आनन्द को प्राप्त कराता है । अर्थात् ''जहाँ अन्ततोगत्वा अन्य कलाएँ पहुँचना चाहती हैं, वहाँ संगीत पहले से स्थित है ।''[2] इसके साथ ही, शिक्षण व्यवस्था को लचीला बनाने का भी प्रयास नई शिक्षा नीति में किया गया है, जैसे– किसी भी कोर्स के दौरान प्रवेश व निकास की लचीली व्यवस्था व व्यवसायपरक पाठ्यक्रम का समावेश आदि कुछ पुरानी नीतियों में बदलाव कर नई व्यवस्था को स्थान देने का एक मात्र उद्देश्य है– विद्यार्थी को आत्मनिर्भर बनाना व उसका समग्र विकास करना। किन्तु नई शिक्षा नीति जिन उद्देश्यों को लेकर चल रही है उनकी सार्थकता संगीत विषय में देखने का प्रयास करें तो वह कहां तक साकार होती दीख रही है, यह विचारणीय बात है।

वास्तव में यदि हम विचार करें तो आज जिस शिक्षण व्यवस्था में रहकर संगीत की शिक्षा दी जा रही है क्या वह शिक्षा का उद्देश्य पूरा करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। क्योंकि–सेमेस्टर व्यवस्था के अन्तर्गत आज विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में संगीत की 45 मिनट या 1 घण्टे की कक्षा में गुरू किसी राग को शुरू कर बन्दिश, आलाप, तान आदि के माध्यम से उसका स्वरूप बताता है तथा 3–4 कक्षाओं में वह उस राग को समाप्त भी कर देता है। और वह कहीं न कहीं ऐसा करने के लिए बाध्य भी है, जहां नई शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत सेमेस्टर व्यवस्था में एक शिक्षक को 6 माह में पाठ्यक्रम पूर्ण करना होता है वहां पर्याप्त समय के आभाव में विद्यार्थियों से अलग–अलग सुनना व उनकी त्रुटियों को दूर करना भी सम्भव नहीं हो पाता है। जहां न चाहते हुए भी आज शिक्षा व शिक्षक की पहली प्राथमिकता पाठ्यक्रम को पूरा करना बन गया है। किन्तु विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा का यह स्तर क्या उचित है? क्योंकि यह शिक्षा का वह पड़ाव है जिसके बाद एक विद्यार्थी अपने को स्थापित करने का प्रयास करता है। किन्तु मेरे विचार से संगीत जैसे अनन्त सम्भावनाओं वाले विषय का मार्ग रोजगार की दृष्टि से बहुत सीमित है। वर्तमान शिक्षण व्यवस्था के तहत एक विद्यार्थी के समक्ष जो एकमात्र विकल्प सामने रह जाता है वह है अध्यापन का। चूंकि प्रत्येक व्यक्ति के लिए किसी घराने से संगीत की शिक्षा लेना सम्भव नहीं है। कारणवश समाज का एक बड़ा वर्ग शिक्षा हेतु पूर्ण रूप से विभिन्न सरकारी संस्थाओं पर आश्रित है। अतः शिक्षण विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारियों एवं शिक्षक गणों की यह जिम्मेदारी एवं कर्तव्य बनता है कि वे शिक्षण प्रणाली में सुधार हेतु संगीत शिक्षण प्रविधियों व उसके क्षेत्र में उचित सुधार करें।

मेरे विचार से वे कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु जिन पर विचार व सुधार कर हम अपनी शिक्षा प्रणाली को और अधिक उन्नत बना सकते हैं या जिनको ध्यान में रखकर शिक्षण प्रविधि में सुधार किया जाना अपेक्षीय है। सर्वप्रथम हमें इस बात का पूर्ण आभास होना चाहिए कि विश्वविद्यालय स्तर पर यदि कोई विद्यार्थी अपने विषय के रूप में संगीत का चयन करता है तो निश्चित रूप से उसका लक्ष्य संगीत के क्षेत्र में ही कुछ करने का होता है। अतः उसकी शिक्षा–दीक्षा उस रूप में होनी चाहिए जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य बन सके। यह भी बात ध्यान देने की है कि वर्तमान शिक्षण प्रणाली हमें आर्थिक रूप से सबल तो बना सकती है किन्तु एक कलाकार नहीं। हम जितने भी कलाकारों को सुनते हैं वे किसी–न–किसी घराना से संगीत की तालीम लिए होते है, मात्र विद्यालयी शिक्षा के दम पर उनका विकास एक कलाकार के रूप में नहीं हो पाता है। वर्तमान में संचालित संगीत के विभिन्न शिक्षण संस्थान हमें डिग्री तो प्रदान कर रहे हैं किन्तु वह योग्यता नहीं जो एक घराना से सीखे हुए विद्यार्थी में होती है। संगीत के क्रियात्मक स्तर को ऊँचा उठाने का श्रेय निश्चित रूप से घराना–पद्धति को ही जाता है। किन्तु, प्रत्येक के लिए घराना में शिक्षा प्राप्त करना सम्भव नहीं है जिसके आभाव में तो न जाने कितने ही योग्य विद्यार्थी संगीत की शिक्षा से वंचित ही रह जाते हैं। अन्य विषयों की अपेक्षा संगीत के विद्यार्थी प्रायः कम देखने को मिलते हैं। इसका कारण यह है कि अन्य विषयों की तुलना में संगीत विषय अपेक्षाकृत अधिक खर्चीला है क्योंकि शिक्षण संस्थाओं में दी जाने वाली शिक्षा पूर्ण रूप से पर्याप्त नहीं होती कि एक विद्यार्थी परीक्षा में गाने एवं स्वयं को उसमें निपुण बना सके जिसके लिए उसे प्राइवेट क्लासेस पर निर्भर रहना पड़ता है। साथ ही, छात्रों की

संख्या में कमी का यह भी एक बड़ा कारण हो सकता है कि सभी विश्वविद्यालयों में संगीत विषय उपलब्ध नहीं है। संगीत एक प्रायोगिक विषय है जिसकी शिक्षा किसी किताब या ग्रंथ से नहीं ग्रहण की जा सकती। यह एक ऐसी विद्या है जो गुरूमुख से ही सीखी जा सकती है, अतः कक्षा में पर्याप्त समय न होने के कारण सभी विद्यार्थियों पर ध्यान दे पाना व उनसे अलग–अलग सुन कर होने वाली त्रुटियों में सुधार कर पाना प्रायः सम्भव नहीं हो पाता है। आज की शिक्षण प्रणाली ने संगीत का क्षेत्र बहुत ही सीमित कर दिया है जिसमें नई सम्भावनाओं का मार्ग खोल पाना सम्भव नहीं है। संगीत के एक विद्यार्थी के लिए कलाकार बनने एवं अध्यापन के क्षेत्र में जाने के अतिरिक्त और कोई मार्ग शेष ही नहीं रह जाता है। कलाकार बन पाना तो प्रत्येक विद्यार्थी के लिए सम्भव नहीं है, अतः मुख्य रूप से एकमात्र अध्यापन का क्षेत्र ही शेष रह जाता है जिसे पाने के लिए विद्यार्थियों में होड़ मची हुई है। इसके साथ ही सुदृढ़ आधार का अभाव भी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के शिक्षा के निम्न स्तर का प्रमुख कारण है। यह हमारी शिक्षा–व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है जिसका भुगतान विद्यार्थियों को अपने सम्पूर्ण शिक्षण–काल में करना पड़ता है।

सुझाव

वास्तव में संगीत एक विषय नहीं अपितु एक कला है जिसमें ज्ञान के साथ साधना का भी उतना ही महत्व है। अतः इसकी समानता हम अन्य विषयों से नहीं कर सकते। यदि विचार किया जाये तो यह एक ऐसी कला है जिसके लिए गुरु–शिष्य–परम्परा या घराना पद्धति ही उपयुक्त है किन्तु नई शिक्षा नीति में जो एक महत्वपूर्ण बात कही गयी है कि Integration of professional education into higher education and high quality of liberal education अर्थात् उच्च शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा के साथ उदार शिक्षा–नीति पर बल देना जिसमें विभिन्न विषयों को एक–दूसरे के साथ जोड़ते हुए नई सम्भावनाओं को और अधिक विस्तार दिया जाय। इसके तहत हम संगीत विषय को भी अन्य विषयों के साथ जोड़ते हुए व्यवसायिक दृष्टि से इसके क्षेत्र को और विस्तारित कर सकते हैं जो इन शिक्षण–संस्थाओं में ही सम्भव है, जैसे– संगीत को मेडिकल साइंस से जोड़कर 'म्यूजिक थेरेपी' की सम्भावना देख सकते हैं।

'म्यूज़िक थेरेपी' एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें चिकित्सा जगत में संगीत के माध्यम से उपचार कर उसके सफल परिणाम की अनन्त सम्भावनाएँ हैं। इस पर कई सफल परीक्षण भी किये जा चुके हैं। ऐसा नहीं है कि ये कोर्स नहीं चलाए जा रहे किन्तु इस कोर्स की जानकारी कम होने व प्रत्येक विश्वविद्यालय में न होने के कारण विद्यार्थी इससे अभी भी अनभिज्ञ हैं। भारत वर्ष में मात्र एक–दो संस्थान ही ऐसे हैं जो इस विषय में कोर्स चला रहे हैं। जबकि इसके विपरीत यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कार्यक्षेत्र की अनन्त सम्भावनाएं देखी जा सकती हैं, जैसे– **Care Homes, Child Development Centres, Community Spaces, Day Care Centres, School and Nurseries, Prison Services** आदि । दूसरी तरफ, संगीत को भौतिक विज्ञान से जोड़कर देखें तो 'साउण्ड रिकार्डिंग' भी ऐसा क्षेत्र है जिसमें अपार सम्भावनाएं हैं। इसके अलावा **परफार्मर, कम्पोज़र, म्यूज़िक डायरेक्टर, म्यूज़िक क्रिटिक, इवेन्ट प्लानर, लिरिसिस्ट, साउण्ड इंजीनियर, थेरापिस्ट, कमेन्टेटर, रेडियों जॉकी, शो होस्ट** व **जर्नलिस्ट** इत्यादि अनेक कार्य–क्षेत्र हैं। किन्तु, दुर्भाग्यवश संगीत विषय में जो कोर्स सरकारी शिक्षण–संस्थानों में एक विद्यार्थी के समक्ष होते हैं वे उन्हें अधिक मार्ग उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। जबकि इसके विपरीत स्नातक व परास्नातक स्तर पर भी यदि इनकी कक्षाएं चलाई जायेंगी तो एक विद्यार्थी को अपनी क्षमता आंकने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। अतः संगीत की शिक्षा उस प्रकार भी दी जानी चाहिए जिससे एक विद्यार्थी स्वयं का आकलन करते हुए स्वयं को उस योग्य बना सके।

संगीत के क्रियात्मक पक्ष की बात की जाये तो शैक्षिक संस्थाओं में संगीत विषय आ जाने से यह जन सुलभ तो हो गया है किन्तु गायन का वह स्तर नहीं रह गया जो किसी घराना से सीखे हुए विद्यार्थी का होता है। अतः यदि हम विश्वविद्यालयी शिक्षण–प्रणाली को घराना का रूप देने का प्रयास करें तो हमें निश्चित रूप से कुछ सफल परिणाम देखने को मिलेंगे। फलस्वरूप हमें वर्तमान विश्वविद्यालयी शिक्षण प्रविधियों में कुछ परिवर्तन करने पड़ेंगे, जैसे– कक्षा को घराना का रूप देते हुए यदि एक ही कक्षा के विद्यार्थियों की शिक्षा एक ही गुरू के सानिध्य में की जाये तो एक विद्यार्थी को गुरू की गायकी का अनुकरण करने एवं एक शिक्षक को अपनी कक्षा के प्रत्येक

विद्यार्थी की कमियों व योग्यता को जानने के लिए पर्याप्त अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थियों की योग्यता के अनुसार यदि एक ही कक्षा के विद्यार्थियों को अलग–अलग वर्गों मे बांट कर उनके स्तर के अनुरूप उन्हें उसी प्रकार की शिक्षा दी जाय तो निश्चित तौर पर कमियों को दूर करने में एक शिक्षक और विद्यार्थी को पर्याप्त समय मिलेगा। एक घराना की पहचान उसकी कुछ विशेष विशिष्टताओं से होती है, जैसे– स्वरों व आवाज का लगाव, आलापचारी का ढंग, राग की बढ़त, लय का काम, तानों के पैटर्न इत्यादि, जो उसे दूसरे घरानों से अलग बनाती है। जिस तकनीक का अनुसरण करते हुए रियाज करने से कुछ समय पश्चात् विद्यार्थी उसमें निपुण हो जाता है और यह उसकी गायकी में झलकने लगता है जिसका आभाव हमें विद्यालयीय शिक्षण विधियों में देखने को मिलता है। अतःइस कमी को दूर करने हेतु पाठ्यक्रम में रियाज के तरीकों जैसी मूलभूत बातों का भी होना आवश्यक है। एक अच्छी प्रस्तुति ही एक संगीत के विद्यार्थी की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। जिसके लिए उसका गायन में अच्छा होने के गुणों के साथ ही कुछ तकनीकी जानकारी का होना भी आवश्यक है। अतः शिक्षण के साथ–साथ विद्यार्थियों को प्रस्तुति–सम्बन्धी बातों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए, जैसे– अपनी आवाज के अनुरूप माइक सेटिंग, वॉल्युम सेटिंग तथा गायन को अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु इको डिले, रिवर्ब जैसी तकनीकी अंगो के प्रयोगों का ज्ञान इत्यादि। समय–समय पर कार्यशाला, व्याख्यानों एवं सेमिनारों का आयोजन किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार हो सके। सुविधा के लिए शिक्षण में वैज्ञानिक उपकरणों का भी प्रयोग किया जाना चाहिए। इन सब के साथ ही एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह है कि संगीत एक प्रायोगिक विषय है जिसमें डी० म्यूज अर्थात् प्रायोगिक क्षेत्र में शोध की उपाधि का होना नितान्त आवश्यक है क्योंकि साधारणतया यह देखा जाता है कि जो बच्चे प्रयोग में अच्छे होते हैं उनका शास्त्र पक्ष उतना प्रबल नहीं होता है। अतः ऐसे विद्यार्थी डी० म्यूज के माध्यम से शोध कर सकते हैं। आज के समय की विकट समस्या है कि शोध के कारण सभी का प्रयोग पक्ष कमजोर हो गया है। अतः उस स्थिति से भी बचा जा सकता है। यदि हमें विश्वविद्यालयीय स्तर पर संगीत शिक्षण में सुधार करना है तो सर्वप्रथम हमें बुनियाद अर्थात् संगीत की प्रारम्भिक कक्षाओं की शिक्षण–व्यवस्था में सुधार करना होगा।

निष्कर्ष :

एक योग्य गुरू ही अपने विद्यार्थियो को भी योग्य बना सकता है। हम चाहे शिक्षण प्रविधियों को कितना ही अधिक उन्नत कर लें किन्तु उन प्रविधियों के माध्यम से शिक्षा देने वाला यदि योग्य नहीं होगा तो सफल शिक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। जैसा कि हम आज देख रहे हैं कि यू० जी० सी० संस्था जो विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए मानकों का निर्धारण करती है, उन नियमों के अनुसार कोई भी विद्यार्थी जो नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) उत्तीर्ण कर लेता है वह शिक्षक पद हेतु योग्य बन जाता है। यह परीक्षा संगीत के शास्त्र (लिखित) पक्ष पर आधारित होती है। किन्तु संगीत विषय का योग्य गुरू बनने के लिए यह पर्याप्त नहीं हैं। संगीत में प्रायोगिक पक्ष भी उतना महत्व का है जितना कि शास्त्र। अतः संगीत का शिक्षक बनने हेतु शास्त्र–पक्ष के साथ साथ उसके क्रियात्मक–पक्ष का ज्ञान होना भी अति महत्वपूर्ण है। यह एक अति महत्वपूर्ण विषय है जिस पर विचार किया जाना आवश्यक है।

सन्दर्भ सूची :

1. ऋषितोष (डॉ.), कुमार, संगीत शिक्षण के विविध आयाम, पृ. 95
2. नेहरंग, डॉ. प्रदीप दीक्षित, 'स' रस संगीत, पृ. 113

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की समस्याएँ एवं समाधान : संगीत के संदर्भ में

डॉ. ममता यादव*

सारांश

संगीत में महिला शक्ति की प्रेरणा के अनेक रूप हैं : कहीं उपदेशक के रूप में, कहीं देवी के रूप में, कहीं साधना के रूप में तो कहीं प्रेयसी के रूप में। वर्तमान समय में यह धारणा है कि महिलाओं को आजकल अधिक महत्व दिया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से भ्रामक है, यदि हम इतिहास के पन्ने उलटें तो पायेंगे कि महिलाओं को धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में सदैव महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता था। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमें किसी महिला का योगदान न रहा हो। भारतीय दर्शन में नारी को न केवल शक्ति, विद्या एवं ज्ञान की देवी के रूप में पूजा गया है, बल्कि विद्या की देवी माँ सरस्वती देवी, माँ दुर्गा का भी पूजन–अर्चन यह सिद्ध करता है कि भारतीय समाज में महिलाओं का विशिष्ट स्थान व भूमिका रही होगी। भारतीय संस्कृति सदा से ही आदर्श एवं धर्म की पृष्ठभूमि पर प्रवाहित होती रही है जिसका उद्देश्य समाज में लोक कल्याण एवं नैतिकता स्थापित करना है।

जब हम संगीत के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर विचार करते हैं, तो हमें यह ज्ञात होता है कि प्राचीन काल से ही नारी और संगीत का बहुत गहरा सम्बन्ध रहा है। वर्तमान में महिलाओं को संगीत सीखने में जो समस्याएँ आती हैं, वह अनेक रूपों में देखा गया है, परन्तु महिलायें उन सभी समस्याओं से लड़कर आगे बढ़ रही हैं और सकारात्मक सोच व परिवर्तन के साथ अपनी सत्ता को स्थापित कर रही हैं।

कुंजी शब्द : *संगीत, महिला, समस्या, समाधान, परिस्थितियाँ, परिवर्तन*

प्रविधि : *पुस्तकों, पत्रिकाओं का अध्ययन किया गया है तथा प्राथमिक स्रोत के रूप में दैनिक जीवन में प्राप्त अनुभवों का विश्लेषण किया गया है ।*

प्रत्येक कार्य में निपुणता हासिल करने के लिये व्यक्ति को किसी–न–किसी प्रकार अनेक समस्याओं का सामना करना होता है, परन्तु संगीत–शिक्षण के क्षेत्र में आने वाली केवल उन समस्याओं से अवगत कराना है, जो किसी पुरुष की अपेक्षा केवल महिलाओं को ज्यादा आती है।

यदि हम भारतीय इतिहास पर दृष्टिपात करें तो हमें देखने को मिलता है कि भारतीय महिलाओं ने परिवर्तनशील सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य पर अनेक उत्थान और पतन देखे हैं। कभी उसे देवी, लक्ष्मी जैसे शब्दों द्वारा सम्मानित कर सम्बोधित किया गया तो कभी उसे सीमा तक नकारते हुये तिरस्कृत भी किया गया। विगत कालों में जिन महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक एवं कला कौशल से इस चहारदीवारी को तोड़ा है, उन्हें कालान्तर में भारतीय समाज ने स्वीकार करते हुये नाम और प्रसिद्धि देकर अन्ततः यशोगान किया है। इनमें तारा, अहिल्या, जीजाबाई, चांदबीबी, लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, इन्दिरा गाँधी, किरण बेदी तथा कई अन्य उदाहरण हमारे सामने हैं। इसी क्रम में संगीत सीखने हेतु सामान्य महिलाओं की समस्याओं की बात की जाये तो देखने को मिलता है कि मुगलों के आक्रमण के पश्चात् अथवा स्वतंत्रता के पूर्व भारत में विशेष रूप से उत्तर भारत में संगीत का बहुत ही अधिक व निम्न स्तर तक ह्रास हुआ। मुगलों द्वारा उनके शोषण, अत्याचार व संगीत के प्रति दुर्व्यवहार के कारण संगीत की स्थिति बहुत नीचे तक गिर गई, जो संगीत ईश्वर की उपासना तथा योग के रूप में पूजा जाता था वह अब दरबारों के नवाबों एवं शासकों को खुश करने व उनके मनोरंजन का साधन बन चुका था। इसी कारण सामान्य परिवारों की महिलाओं के लिये संगीत को सीखना व गाना–बजाना वर्जित हो गया।[1]

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संगीत का प्रचार–प्रसार भारतीय संगीत जगत के दो महान संगीतज्ञ/विभूति पं. विष्णु नारायण भातखण्डे और पं0 विष्णु दिगम्बर पलुष्कर के अथक प्रयासों के कारण संगीत आज संस्थागत अथवा

*असिस्टेन्ट प्रोफेसर (सितार), गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय शिक्षण–विधि में संगीत का प्रचार व प्रसार तीव्र गति से होने से संगीत अब केवल नवाबों या बादशाहों की धरोहर नहीं है, अपितु जन–सामान्य की कला बन गई है।

इस प्रकार, स्वातंत्र्योत्तर काल में महिलाओं के लिये संगीत शिक्षा के प्रति कुछ धारणा बदली। समाज में किसी भी नई सोच व धारणा को अपनाने में वक्त लगता है इसलिए कई दशकों के उपरान्त आज जन–सामान्य और विशेष कर महिलाओं ने धीरे–धीरे संगीत शिक्षा ग्रहण करना शुरू कर दिया। यद्यपि इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि संगीत जगत में ऐसी कई महान कलाकार हुई हैं जिन्होंने अपने कार्य से बहुत प्रसिद्धि व लोकप्रियता को हासिल किया परन्तु कई महिलाओं के संगीत शिक्षण व साधना में रूकावट डालने वाली कुछ निजी एवं सामाजिक समस्याएँ भी दिखलाई देती है, जिनसे उनके संगीत क्षेत्र में अपनी पहचान व प्रसिद्धि पाने में अत्यन्त कठिनाईयाँ आयीं अथवा आती हैं।

भारतीय समाज में महिलाओं की कई समस्याएँ हैं, परन्तु उस समस्या में प्रमुख एक यह समस्या है कि वे महिला हैं। अपने परिवार तथा पुरुष–प्रधान समाज के प्रति उनके अनेक दायित्व होते हैं। अतः यह कहना गलत नहीं होगा कि गृहस्थ जीवन की पूरी जिम्मेदारियाँ महिलाओं का दायित्व हैं या उनकी कमजोरी हैं। सामान्य परिवारों की महिलाओं के लिये गृहकार्य की जिम्मेदारियाँ उनके संगीत–साधना को निश्चित रूप से सीमित कर देती हैं। एक महिला अपने विशाल ह्रदय के कारण एक पत्नी, माँ, बहन कहलाने में भी अपने को गौरवान्वित अनुभव करती है।[2]

नारी चाहे विवाहित हो या अविवाहित, भारत में नारी को घरेलू प्राणी समझा जाता है। हमारे मध्यमवर्गीय समाज में गृहस्थी उसकी साधना में जीवन के किसी–न–किसी समय व्यवधान उत्पन्न करती है। आधारभूत शिक्षा न मिलने से वह अपने अन्दर स्वाभिमान और अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत नहीं हो पाती। यदि वह वैवाहिक जीवन से पहले संगीत क्षेत्र में प्रसिद्ध हो जाये तो क्या वह अपनी साधना को सतत बना सकती है? यह एक प्रश्नवाचक चिन्ह है। अनेक ऐसी महिलायें हैं, जो विवाह के पूर्व संगीत के क्षेत्र में अपना एक स्थान बना चुकी थी, विवाह के बाद उन्हें केवल गृहिणी बनकर ही सन्तोष करना पड़ा और यदि पति एवं पति–पक्ष के सदस्य अनुकूल हैं, तो कठिनाई कम होती है। परन्तु ऐसा न होने पर किसी–न–किसी रूप में समझौता करना ही पड़ जाता है और जब परिवार बढ़ने लगता है, तो शिशु के लालन–पालन का उत्तरदायित्व भी उस पर ही आ जाता है। महिलाओं की कुछ शारीरिक सीमाओं के कारण शिशु–जन्म के उपरान्त संगीत–साधना में भी बाधा उत्पन्न होती है। यदि तीव्र इच्छा शक्ति, लगन व प्रयास तथा परिवार का सहयोग हो तो ही वह पुनः संगीत को जीवित रख सकती है, अन्यथा सम्भव नहीं है। अगर हम दूसरे या अन्य क्षेत्रों से तुलना करें तो संगीत के क्षेत्र में अधिक समय, परिश्रम एवं ध्यान की आवश्यकता होती है। अतः गृहस्थी में आने से कई प्रकार की समस्याएँ उसकी कला–साधना को प्रभावित कर सकती है। अविवाहित महिलाओं को भी संगीत सीखने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सर्वप्रथम तो पुरुष–प्रधान भारतीय समाज में संरक्षण की समस्या प्रमुख रूप से देखने को मिलती है। स्वतंत्र महिलाओं से पुरुष वर्ग की अपेक्षाएँ भी कुछ अधिक होती हैं, साथ ही आर्थिक समस्याएँ भी बहुत महत्व रखती हैं। एकाकी जीवन जीने वाली तथा अविवाहित महिलाओं के लिये संगीत–साधना को जारी रखने हेतु आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति के लिये किसी अन्य व्यवसाय को करते रहना गृहस्थी से भी अधिक बड़ी समस्या हो जाती है और छात्राओं के लिये संगीत का क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से भी एक व्यवधान है।

अन्य शिक्षा–क्षेत्र की अपेक्षा संगीत–शिक्षा व संगीत का क्षेत्र अधिक खर्चीला है और यदि एक कलाकार बनने की इच्छा हो तो शिक्षा ग्रहण करना आवश्यक होता है। हमारे समाज में महिलाओं को लेकर उसक परिवार में कन्या के विवाह में अर्थ–व्यय अधिक होगा। यह सोचकर भी अपनी पुत्री को संगीत की विधिवत् शिक्षा नहीं दिला पाते।

आज समाज में दिन–प्रतिदिन बलात्कार, हत्याएँ तथा अन्य प्रकार से शोषण इत्यादि देखने व सुनने को मिल रही है। ऐसी परिस्थिति में कोई भी माँ–बाप अपनी बेटियों को घंटो घर से बाहर रहकर संगीत–शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति नहीं देते और देते भी हैं तो अत्यन्त संकुचित भाव से क्योंकि वे इन सब बातों की अनदेखी भी नहीं कर सकते। संभवतः कुछ ऐसी महिलाओं को छोड़कर जिनके घरों में ही संगीत सीखने की व्यवस्था होती है या

हो सकती है। सामान्य परिवार की महिलाएँ संगीत सीखने की इच्छा रखते हुए भी इस संगीत विधा से वंचित रह जाती हैं। कारण यही है कि आज की सामाजिक परिस्थितियों में यह संभव नहीं हो सकता।[3] घोर संकट होता है महिलाओं के समक्ष ।

''संगीत एक श्रव्य कला (सुनने की कला) अथवा गुरुमुखी विद्या है। इसके लिये गुरु–शिष्य का व्यक्तिगत सम्बन्ध बहुत घनिष्ठ एवं कदम–कदम पर गुरु का मार्गदर्शन मिलना बहुत जरूरी है तथा जब तक किसी गुरु के सान्निध्य में रहकर संगीत–साधना न की जाये, कला में वो भाव नहीं पैदा हो पाता और ऐसी परिस्थिति में संगीत की गहन व उच्च शिक्षा के लिये जब तक किसी योग्य गुरु एवं उदारचित्त गुरु की शरण में बैठकर 'गुर' न सीखा जाए तब तक संगीत की गहराइयों में उतर पाना मुमकिन नहीं है। ऐसे गुरु का सान्निध्य मिलना भी भाग्य से ही हो पाता है। विशेषकर किसी महिला को ऐसे उदारचित्त एवं योग्य गुरु का आर्शीवाद प्राप्त होना, कहते हैं कि पूर्वजन्म के कुछ बहुत अच्छे कार्यों के फलस्वरूप ही हो सकता है। हमारे समाज में प्रायः यह देखा गया है कि माता–पिता व परिवार के सदस्य अपनी बेटियों को किसी भी पुरुष के पास संगीत शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजने से कतराते हैं। यहाँ एक और बात सामने आती है कि समाज के हर क्षेत्र में कुछ ऐसे गुरुजन भी देखे गये हैं और हैं जिन्होंने अपने समस्त शिष्य–शिष्याओं को अपने पुत्र व पुत्रीवत रूप में संगीत की शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करते रहते हैं। यद्यपि यह कहना भी ठीक नहीं होगा, सबके लिये नकारात्मक धारणा रखना भी न्यायपूर्ण नहीं होगा। कई बार देखने को ऐसा मिलता है कि कोई गुरु अपनी शिष्या को बहुत ईमानदारी व श्रद्धापूर्वक संगीत की शिक्षा दी, वह एक सुयोग्य शिष्या भी बनी और उसके संगीत का विकास उच्च स्तर पर भी हो गया तो उसकी शादी हो गई, फिर क्या? वह अपनी संगीत–साधना को सतत रख पायेगी? अगर पति–पक्ष को संगीत की कद्र है या संगीत के प्रति लगाव है तब तो ठीक है, अन्यथा संगीत बहुत ही पीछे छूट जाता है। ऐसे में जिस गुरु ने इतने परिश्रम से विद्या दी, उसे बहुत दुःख व निराशा की अनुभूति होती है। ऐसे कई परिवार जो विवाह के पूर्व संगीत की सराहना कर रहे होते हैं, फिर विवाह उपरान्त संगीत के प्रति असहिष्णु हो जाते हैं। और तो और, संगीत–साधना तक बन्द कर देने की सलाह भी मिलने लग जाती है। ऐसी बहुत–सी महिलायें या तो अपनी परिस्थिति से समझौता कर लेती हैं या उनका वैवाहिक जीवन ही असफल हो जाता है। यह भी महिलाओं के लिये बहुत ही बड़ी समस्या है।

कुछ ऐसे भी परिवार होते हैं, जहाँ महिलाओं को स्वेच्छा से काम करने की आजादी व परिवार का पूरा सहयोग प्राप्त होता है। मुझे स्वयं यह बनाने में गर्व की अनुभूति हो रही है कि मैं स्वयं सितार वादिका हूँ तथा मेरे परिवार पक्ष का सदैव सहयोग प्राप्त है। अधिकांश परिवारों में यह सुनने को मिलता है कि लड़की जात है, मंच पर गायेगी, बजायेगी तो लोग व समाज क्या बोलेंगे, तथा कहीं इस कारण विवाह में कोई बाधा न आ जाये।''[4]

महिलाओं के संगीत शिक्षा एवं कलाकार बनने में बाधा उत्पन्न होने का यह भी कारण दिखाई पड़ता है कि वह कहीं दूर जाकर अच्छे संगीतज्ञ के पास सीख नहीं सकती। ये जरूरी नहीं है कि हर शहर में गुणी व घरानेदार कलाकार हों। ऐसी परिस्थिति में परिवार के सदस्य उसे दूर भेजना या लम्बे समय तक अपनी आँखों से ओझल करना नहीं चाहते। अगर पुरुष वर्ग के पहलू को भी देखा जाय तो वह दूर–दराज के गुणीजनों के घर जाकर या वहाँ रहकर संगीत शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, परन्तु एक महिला के लिए अधिकांशतः यह संभव नहीं हो पाता है।

उपरोक्त सभी परिस्थितियाँ एक समान नहीं होती। सभी महिलाओं का सांगीतिक शोषण हो, ये जरूरी नहीं। अगर ऐसा होता तो अन्नपूर्णा देवी, केसरबाई केरकर, जरीन दारूवाला, सितारा देवी, गंगूबाई हंगल, गिरिजा देवी, डॉ. प्रेमलता शर्मा, शरण रानी, डॉ. एन राजम् इत्यादि अनेक महिला कलाकार संगीत जगत् को कहाँ मिल पातीं। यह भी सत्य है कि इन विदुषी महिलाओं को दोनों, पितृ–पक्ष एवं पति–पक्ष का पूरा सहयोग मिला है। भरपूर सहयोग, सही ज्ञान तथा सही दिशा सांगीतिक सफलता के प्रथम सोपान है।[5]

समाधान :

महिलाओं द्वारा वाद्य–वादन के अनेक प्रमाण प्राप्त होते हैं तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत के महत्वपूर्ण अंश भारतीय चित्रकला में, रागमाला–चित्र आदि में देखने को मिलता है। इससे यह ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में महिलाएँ वाद्य–वादन करती थी। परन्तु विडम्बना यह है कि आज के वर्तमान समय में भी लोग उन्हें संगीत की

अन्य विधाओं की भांति शीध्रता से स्वीकार नहीं कर पाते। जैसे कि पहले चर्चा की गई है कि आजादी के पश्चात् संगीत जगत् के दो मूर्धन्य संगीतज्ञ पं. विष्णुनारायण भातखण्डे एवं पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के अथक प्रयासों के बाद जब संगीत की स्थिति बदली तब महिलाओं ने रूढ़ियाँ तोड़कर गायन–वादन तथा नृत्य सीखना तथा उन्हें मंच पर प्रस्तुत करना आरम्भ किया। स्वतंत्रता के बाद धीरे–धीरे महिलाओं के जीवन में बहुत सुधार आ गया है। आज महिलायें समस्त क्षेत्रों में अपनी अलग–अलग पहचान बना रही हैं। संगीत के क्षेत्र में भी महिला कलाकार हिम्मत, विश्वास, धैर्य एवं कठिन परिश्रम के द्वारा अपनी एक पहचान ही नहीं बल्कि उसे व्यवसायिक रूप से अपनाकर उसमें उच्च नाम व स्थान भी बनाने लगी हैं। देखा जाय तो आज देश–विदेश की अनेक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों इत्यादि में महिलाओं द्वारा शिक्षण–प्रशिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। पुरुषों की अपेक्षा महिलाएँ संगीत–सम्बन्धी विषयों पर अधिक जोर दे रही हैं। इस प्रकार महिलाओं की संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। महिला चाहे विवाहिता हो या अविवाहिता, गृहस्थी उसकी साधना में जीवन के किसी–न–किसी पड़ाव पर व्यवधान बनती है। किन्तु दृढ़–संकल्प शक्ति से प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय पाई जा सकती है। आज महिलायें बढ़–चढ़ कर अपना योगदान दे रही है, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में हैं।[6]

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलायें आज शिक्षिका के रूप में, ग्रन्थकार के रूप में, संगीत आयोजिका के रूप में, रचनाकार के रूप में, मंचीय प्रदर्शन के क्षेत्र में हमारे समक्ष दिखाई देती हैं और भविष्य में ये भी सम्भावना है कि महिलायें इन सब विषयों पर बढ़–चढ़ कर हिस्सा लें और इसी प्रकार महिलाएँ आगे आती रहीं एवं इस क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा–से–कन्धा मिलाकर अपनी सार्थक भूमिकाएँ निभाती रहीं तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकेंगी।

निष्कर्ष :

यद्यपि आज समय और परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। आधुनिक समाज की स्वतंत्र मानसिकता एवं पुरुषों की सकारात्मक सोच ही है, कि किसी–न–किसी रूप में कहीं पिता के रूप में, शिक्षक के रूप में तथा जीवनसाथी के रूप में इन महिलाओं को प्रोत्साहन एवं मनोबल प्राप्त हो रहा है। आज महिला कलाकारों के विकास हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे कई अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सिर्फ महिलायें ही प्रतिभागिता कर रही हैं। इन सभी सकारात्मक सोच व परिवर्तन से आज महिलायें अन्य क्षेत्रों में ही नहीं अपितु संगीत क्षेत्र में भी ख्याति प्राप्त कर रही हैं।

सन्दर्भ सूची :

1. गर्ग, लक्ष्मीनारायण, (सं.) संगीत पत्रिका, महिला संगीत अंक, जनवरी–फरवरी 1986, पृ.सं. 76–78
2. वही
3. वही, पृ.सं. 80
4. द्विवेदी, पूर्णिमा, ठुमरी एवं महिला कलाकार, अनुभव पब्लिशिंग हाउस, प्रथम संस्करण 2009, इलाहाबाद, पृ.सं. 116
5. वही, पृ.सं. 117
6. संगीत पत्रिका, महिला अंक, फरवरी 2010, पृ.सं. 89

सोहराई चित्रकला एवं संस्कृति

सितेन्द्र रंजन सिंह*

शोध सारांश

भारत में जनसंख्या की दृष्टि से गोंड और भील के बाद तीसरा सबसे बड़ा आदिवासी समुदाय 'संथाल' है । सोहराई चित्रकला संथाल समुदाय की ही चित्रकला है । झारखंड में सोहराई कला का महत्त्व प्राचीन समय से रहा है। परंपरागत रूप से घर की महिलाएं सोहराई की छुट्टी के दौरान अपने घरों की मिट्टी की दीवारों पर पेंटिंग करती हैं । पेंटिंग्स मातृ सत्तात्मक परंपरा को दर्शाती हैं जिसमें कला का रूप उनकी माताओं द्वारा बेटियों को विरासत के रूप में दिया जाता है । इस तरह इन चित्रों का एक प्रमुख विषय माँ–बच्चे का बंधन है। सोहराई चित्रों में दीवारों की पृष्ठभूमि मिट्टी के मूल रंग की होती है। उस पर कत्थई राल, गोंद (कैओलीन) और काले (मैंगनीज) रंगों से आकृतियाँ बनाई जाती हैं। सोहराई पर्व, दीवाली के तुरंत बाद, फसल कटने के साथ मनाया जाता है। संथाल आरम्भ से ही कृषि–कार्य बैलों, भैसों के माध्यम से ही करता आया है, इसलिये इस पर्व में माता लक्ष्मी की तरह पशुओं की पूजा की जाती है और धन–संपत्ति की वृद्धि की कामना की जाती है। सोहराई पेंटिंग की सबसे बड़ी विशषता यह है कि यह एक गाँव से दूसरे गाँव और एक समुदाय से दूसरे समुदाय में भिन्न–भिन्न होती हैं।

बीज शब्द : *सोहराई कला, मिट्टी की दीवारों, आदिवासी कला, देसज दुधि माटी, वृद्धि मंत्र, खुटा बंधन अनुष्ठान*

प्रविधि : *द्वितीयक माध्यमों के अतिरिक्त लोक–व्यवहार से प्राप्त जानकारियों को शामिल किया गया है ।*

परिचय

वर्तमान में सोहराई चित्रकला किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इसकी एक अलग पहचान है । इसमें पशु–पक्षी, सांप के अलावा कमल और पौधों की आकृतियों के लिए भी जाना जाता है। चित्रों में अक्सर गर्भवती पशु–पक्षियों को दिखाया जाता है। चूजों और मुर्गियों को अक्सर एकसाथ चित्रित किया जाता है, जबकि आडू के बच्चों को अक्सर मोरनी के साथ चित्रित किया जाता है। सोहराई की पेंटिंग मातृसत्तात्मक प्रतीकों से भरा हैं। प्राकृतिक मिट्टी के गेरू रंग का, साल के पेड़ की चबाने वाली टहनियों का उपयोग पेंट, ब्रश के रूप में किया जाता है। पृष्ठभूमि बनाने के लिए सूती कपड़े का उपयोग किया जाता है। लाल गेरू या गेरुआ मिट्टी, पीला गेरू या पिला मिट्टी, मैंगनीज या पिसा हुआ कोयला या काली मिट्टी, और सफेद मिट्टी या दूधी चरक मिट्टी चार रंग हैं जिनका उपयोग किया जाता है। यह हमें संथालों की संस्कृति से भी अवगत करता है।

विश्लेषण

सोहराई कला एक आदिवासी कला है। इसका प्रारंभ हजारीबाग जिला के बादम क्षेत्र में कई वर्ष पूर्व हुआ था। पहाड़ियों की गुफाओं में इस कला के प्रमाण देखे जा सकते हैं। बादम राजाओं ने इस कला को काफी प्रोत्साहित किया था। दुर्भाग्यवश इस कला के प्रति उपेक्षा से इसके अस्तित्व पर संकट आ गया है। राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सोहराई पर्व के दौरान देसज दुधि माटी से सजे घरों की दीवारों पर महिलाओं के हाथों से बने सोहराई कला अब कम देखने को मिलती है। दुधि माटी की जगह अब चूने का उपयोग होता है। इसके कलाकार और इसे जाननेवाले लोगों की संख्या वर्तमान में बहुत कम रह गयी है। हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड की रहनेवाली रूक्मणी का कहना हैं कि यह कला मैंने अपनी मां से सीखी थी और मां ने अपनी मां से। वे बताती है कि आज इस कला को सीखना तो दूर, लोग इसे जानते तक नहीं हैं। रूक्मणी के अनुसार, आदिवासी संस्कृति में इस कला का महत्त्व जीवन में उन्नति से लिया गया था, इसलिए इसका उपयोग दीपावली और शादी–विवाह जैसे अवसरों पर किया जाता था जिससे धन और वंश की वृद्धि हो सके। इस कला के पीछे के इतिहास को लोग जानते तक नहीं हैं। बादम राज में जब किसी युवराज का विवाह होता था और जिस कमरे में युवराज अपनी नवविवाहिता से

*सहायक प्राध्यापक, दृश्य कला, शिक्षाशास्त्र में स्नातक विभाग, महिला कॉलेज, चाईबासा, प. सिंहभूम, झारखण्ड,

पहली बार मिलता था उस कमरे की दीवारों पर यादगार के लिये कुछ चिह्न अंकित किये जाते थे। ये चिह्न सफेद मिट्टी, लाल मिट्टी, काली मिट्टी या गोबर से बनाये जाते थे। इसमें कुछ लिपि का भी इस्तेमाल किया जाता था जिसे 'वृद्धि मंत्र' कहते थे। बाद में लिपि की जगह कलाकृतियों ने ले ली जिसमें फूल, पत्तियां एवं प्रकृति से जुड़ी चीजें शामिल होने लगीं। इन्हीं चिन्हों को बाद में सोहराई कला के रूप में जाना जाने लगा। धीरे–धीरे यह कला राजाओं के घरों से निकलकर पूरे समाज में फैल गयी। इस चित्रकला में नैसर्गिक रंगों का उपयोग किया जाता है। झारखंड के अनेक जिलों में सोहराई की परंपरा रही है। इस अवसर पर आदिवासी अपने घर की दीवारों पर चित्र बनाते हैं। सोहराई के दिन गाँव के लोग पशुओं को सुबह जंगल की ओर ले जाते हैं एवं अपराह्न में उनका अपने द्वार पर स्वागत करते हैं। इस क्रम में वे अपने घर के द्वार पर अरिपन का चित्रण करते हैं। अरिपन भूमि पर किया जाता है। जमीन को साफ कर उस पर गोबर का लेप लगाया जाता है। फिर चावल के आटा से बने घोल से अरिपन का चित्रण किया जाता है। ज्यामितीय आकार में बने इन चित्रों पर चलकर पशु घर में प्रवेश करते हैं। यह चित्रण भी घर की महिलाओं के द्वारा ही किया जाता है । चबाने वाली टहनियों का उपयोग पेंट ब्रश के रूप में किया जाता है, जबकि कपड़ा के चिथड़ों का उपयोग बेस कोट लगाने के लिए किया जाता है।

इस्कोरॉक कला के रूपांकनों और स्थानीय लोगों के आवासों की दीवारों पर चित्रित चित्रों के बीच एक अजीब समानता की खोज की गई। उन्होंने दो अवसरों पर पेंटिंग बनाईं– एक बरसात के मौसम के बाद और फसल के मौसम से पहले, और दूसरी शादियों के दौरान। बरसात के मौसम के बाद बनाई गई पेंटिंग, विशेष रूप से दिवाली के हिंदू त्योहार के आसपास, 'सोहराई' के रूप में जानी जाती थी, जबकि विवाह के आसपास बनाई गई पेंटिंग 'कोहबर' के रूप में जानी जाती थी।

सोहराई पेंटिंग का निर्माण

संथालों की जनसंख्या भारत में 1.5 करोड़ है। इस समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार सोहराई पर्व है। सोहराई का अर्थ है बधाई या शुभकामना। यह उत्सव झारखंड के अलावा असम, बिहार, उड़ीसा, प.बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम में भी मनाया जाता है। भारत के बाहर नेपाल और बांग्ला देश में भी सोहराई पर्व मनाया जाता है । बरसात का मौसम समाप्त होने और धान की फसल का मौसम शुरू होने के बाद, पशुधन को धन्यवाद देने के लिए सोहराई का उत्सव मनाया जाता है। सोहराई दिवस दिवाली के हिंदू उत्सव के ठीक एक दिन बाद आता है। उसी दिन, हिंदू गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाते हैं, जो मवेशियों का भी सम्मान करता है। इस उत्सव का महत्व इतना है कि इस त्योहार के लिए मिट्टी के घरों को मिट्टी से रंगा जाता है जिसे अब सोहराई पेंटिंग के रूप में जाना जाता है। कुछ जन–जातियों के लिए, उनका उपयोग केवल सजावट के लिए किया जाता है, लेकिन दूसरों के लिए, वे जानवरों के देवताओं का सम्मान करने का एक तरीका हैं। परंपरागत रूप से,पेंटिंग घर की महिलाओं द्वारा बनाई जाती हैं। झारखंड के हजारीबाग जिले के भेलवारा गांव में सबसे शानदार सोहराई त्योहार मनाया जाता है। सोहराई पेंटिंग मिट्टी के घरों को सुशोभित करती हैं। उनके बैल की पीठ पर, या सोहराई घोड़ा, जैसा कि इसे स्थानीय भाषा में जाना जाता है, मवेशियों के देवता या पशुपति को दर्शाया गया है, जिन्हें हिंदू भगवान शिव का एक संस्करण कहा जाता है। मवेशियों को सुबह–सुबह खेतों में ले जाया जाता है और गांव के तालाब में साफ किया जाता है। जब वे वापस लौटते हैं तो उन्हें मालाओं, सिर पर सिन्दूर और पूरे शरीर पर औपचारिक घेरे से सजाया जाता है। उन्हें आरती दिखाई जाती है और घर में ले जाया जाता है, जहां वे चावल के आटा और पानी से बने, हाथ से बनाए गए चक्रों पर कदम रखते हैं। खूंटा बंधन अनुष्ठान अगले दिन होता है। मवेशियों को एक खंभे से बांध दिया जाता है और उनकी ताकत का परीक्षण विनोदी अंदाज में सूखे चमड़े की चादर से उनसे बचकर किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मवेशी जितनी अधिक जोरदार प्रतिक्रिया करता है, वह उतना ही अधिक शक्तिशाली होता है। यह समारोह कुछ स्थानों पर प्रतियोगिता का रूप भी ले सकता है। यह त्यौहार लगभग 2–3 दिनों तक चलता है।

सोहराई पेंटिंग बनाने की प्रक्रिया

सोहराई पेंटिंग के चित्रों में रंग के लिये प्राकृतिक मिट्टी के गेरू का उपयोग किया जाता है, जो क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध है। साल के पेड़ की चबाने वाली टहनियों का उपयोग पेंट ब्रश के रूप में किया जाता है। पृष्ठभूमि बनाने के लिए सूती कपड़े का उपयोग किया जाता है। लाल गेरू या गेरुआ मिट्टी, पीला गेरू या पिला

मिट्टी, मैंगनीज या पिसा हुआ कोयला या काली मिट्टी, और सफेद मिट्टी या दूधी चरक मिट्टी चार रंग हैं जिनका उपयोग किया जाता है। गेरू, लाल और पीले दोनों, स्थानीय रूप से प्राप्त किए जा सकते हैं या पहाड़ियों और पहाड़ी नदियों में पाए जा सकते हैं। उचित स्थानों पर खुदाई करने से पीला गेरू प्राप्त होता है, जबकि पहाड़ी नदियों से हेमेटाइट के रूप में लाल गेरू प्राप्त होता है। कोयला खदानों के आसपास, काली मिट्टी मैंगनीज के रूप में पाई जाती है, या यदि वह उपलब्ध नहीं है, तो इस उद्देश्य के लिए कोयले का पाउडर बनाया जाता है। चूना पत्थर की खदानों से सफेद मिट्टी निकाली जाती है।

सोहराई चित्रकला में आकृतियाँ

सोहराई पेंटिंग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे एक गाँव से दूसरे गाँव और एक समुदाय से दूसरे समुदाय में भिन्न होती हैं। इस्को गांव की सोहराई पेंटिंग भेलवाड़ा गांव की सोहराई पेंटिंग से अलग है, जबकि सहेदा गांव की सोहराई पेंटिंग अन्य दो से अलग हैं। यह राज्य भर के अन्य समुदायों में भी सच है। कलाकार आमतौर पर अपने आस–पास जो देखते हैं, उसे चित्रित करते हैं, इसलिए हम मैदानों पर अधिक फूलों और पक्षियों की आकृतियाँ देखते हैं। ढलान वाले इलाके में अधिक जंगली जीव पाए जाने की संभावना है। चूँकि ये पेंटिंग माँ से बेटियों को हस्तांतरित होती हैं, जब एक लड़की की शादी दूसरे गाँव में होती है, तो वह अपने साथ अपनी कला लाती है, और हम कभी–कभी एक ही समुदाय के भीतर भी विभिन्न प्रकार की पेंटिंग देखते हैं। प्रकृति, मातृसत्ता, सिंधु घाटी के प्रतीकों और बिना किसी विशेष महत्व वाले अमूर्त चित्रण सोहराई पेंटिंग में सबसे आम विषय हैं। भेलवाड़ा गाँव अपने सिंधु घाटी रूपांकनों के लिए जाना जाता है, सहेदा गाँव अपने पशु–चित्रों के लिए जाना जाता है, और इस्को गाँव अन्य चीजों के अलावा अपने कमल और पौधों की आकृतियों के लिए जाना जाता है। चित्रों में अक्सर गर्भवती पशु–पक्षियों को दिखाया जाता है। चूजों और मुर्गियों को अक्सर एक साथ चित्रित किया जाता है, जबकि आडू के बच्चों को अक्सर मोरनी के साथ चित्रित किया जाता है। सोहराई की पेंटिंग मातृसत्तात्मक प्रतीकों से परिपूर्ण हैं।

सोहराई कला का वर्तमान परिदृश्य

Alimoradi, Z., Jafari, E., Potenza, M. N., Lin, C.-Y., Wu, C.-Y., & Pakpour, A. H. (2022). Binge-Watching and Mental Health Problems: A Systematic Review and Meta-Analysis. International Journal of Environmental Research and Public Health.

Bhatti, M. A., Khalid, R., & Khalid, A. (2022). Motivations Behind Binge-WatchingAmong Youth And The Gratifications Achieved. Pakistan Journal of Social Research.

Jenner, M. (2018). Netfix and the Re-invention of Television. Cambridge, UK: Springer International Publishing.

KPMG. (2018). Media Ecosystems: The walls fall down.

Maheshwari, M. (2014). Digitisation of Cable Television in India. International Journal of Research.

Mankekar, P. (1999). Screening Culture, Viewing Politics: An Ethnography of Television, Womanhood, and Nation in Postcolonial India.

Mehta, N. (2009). Television in India: Satellites, Politics and Cultural Change.

MICA, C. (2018). Indian OTT Platforms Report.

Rani, P. (2013). Privatisation,convergence and Broadcasting regulations:A case study of the Indian Television Industry.

Srinivasan, A., Edward, S., & Eashwar, A. (2021). A Study on Binge Watching andIts Association with Sleep Pattern - A Cross Sectional Study among Medical CollegeStudents in Kancheepuram District, Tamil Nadu. National Journal of CommunityMedicine.

Sundaravel, E., & Elangovan, N. (2020). Emergence and future of Over-the-top (OTT) video services in India: An Analytical Research. International Journal ofBusiness, Management and Social Research.

बहुलतावादी बोध के कवि भवानी प्रसाद मिश्र

डॉ. अविनाश कुमार सिंह*

सारांश

इस शोध–पत्र में हिन्दी की समकालीन कविता के संवादधर्मी और लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थक कवि भवानीप्रसाद मिश्र की काव्य चेतना और काव्य व्यवहार की पहचान की गई है। भारत एक बहुजातीय राष्ट्र है। मिश्र जी की कविता भी एक लोकतांत्रिक संरचना रखती है और किसी भी सांस्कृतिक उत्पादन में लोकतंत्र की हिफाजत को सर्वश्रेष्ठ दायित्व के रूप में देखती है। प्रस्तुत अध्ययन में इन्हीं मूल्यों के संरक्षण की रचनात्मक कोशिशों की पड़ताल भवानीप्रसाद मिश्र की विभिन्न कविताओं, उनकी वैचारिकी और उनकी काव्य भाषा के अनुशीलन के माध्यम से की गई है।

बीज शब्द : *बहुलतावाद, लोकतंत्र, सौंदर्यबोध, बाजारवाद, संस्कृति, राष्ट्रीयता, नागरिक–समाज*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र के लिए द्वितीयक माध्यमों की सहायता लेकर विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।*

कविता को बिखरा कर देखने से
सिवा रेशों के क्या दिखता है
लिखने वाला तो हर बिखरे अनुभव के रेशे को समेट कर लिखता है।[1]

भवानी जी की कविताओं के सहारे उन पर ही बात करनी हो, और कहने वाले की संभावित फलश्रुति पर प्रश्न चिह्न पहले से उन्हीं की तरफ से ही खड़ा हो, तो कोई भी बात कहना–लिखना बेहयाई है। बेहयाई तो खैर बतकही के सुख में भी है और बतकही लोक और शाख दोनों में एस्थीटिकली वैध है– काव्यशास्त्र विनोदेन कालो गच्छति धीमताम्। अमर्त्य सेन तो हम बहसबाज हिंदुस्तानी (द आर्ग्युमेंटेटिव इंडियंस) हैं, यह दुनिया भर को बता ही चुके हैं। वैसे भी खुद भवानी जी की कविताएं बतकही का सौंदर्यशास्त्र बुनती हैं। कविताओं में आर्ट ऑफ कन्वर्सशन या बतरस का सौंदर्य विकसित करने वाले वे अनूठे कवि हैं। हालांकि कुछ विद्वानों ने कविता में इस कन्वर्सशन के पुट को सपाटबयानी कहकर कमतर भी आँका है। सपाटबयानी को वे मैथिलीशरण गुप्त की इतिवृत्तात्मकता का विस्तार पाते हैं और "कवितापन'" के विरूद्ध पाते हैं। इस "कवितापन" को कवि–कौशल का प्रमाण–पत्र भी माना गया है। भवानी जी इस कौशल को "चतुराई" के पदबंध में बेपर्द कर देते हैं और अपने अंदाज में कहते हैं,

तनेगा नहीं मुझसे, चाहूँ तो भी
कोरी चतुराई का वितान।[2]

यह कोरी चतुराई का वितान इसलिए भी नहीं तनेगा क्योंकि जिन समयों के आर–पार उनकी कविता का फलक व्याप्त है, वह समय अपने–आप में पर्याप्त चतुर है और गोया उन्हें पता है कि इस चतुराई का इलाज बेशक कविता की देह में विन्यस्त ईमानदार सरलता में है,

चतुर मुझे कुछ भी
कभी नहीं भाया
न औरत, न आदमी, न कविता ![3]

तो, लब्बोलुआब यह कि भवानी जी की कविता में "चर्वणा विश्रांति' की तलाश करने वाले लोग निराश हो सकते हैं। उनकी सौंदर्यदृष्टि पर वज्रपात भी हो सकता है।

प्रसंगवश सौंदर्य की बात आ ही गई है तो एक सवाल उन पर उठाया भी गया था। मिश्र जी पर लिखते हुए अस्सी के दशक के नामचीन आलोचक–कवि कांति कुमार ने अपने एक आलेख में लिखा है, "सतपुड़ा के अजगरों से भरे, शेरवाले, बाघवाले, गरज और दहाड़वाले घने जंगलों के प्रति कवि का अनुराग एक सहचर का सा है। कवि ने बारंबार स्वयं पर रवीन्धनाथ इत्यादि अनेक सौन्दर्य–चेता कवियों के प्रभाव की बात का उल्लेख किया है किन्तु यह जानकर आश्चर्य होता है कि मिश्र जी ने मानव–सौंदर्य का चित्रण प्रायः नहीं ही किया है। उनके काव्य में गदबदे बच्चों, शरमाती ग्राम–वधुओ, कपोत–कंठी सुंदरियों मौन बने रहने वाले लाज–भरे सौंदर्य के चित्रण

*एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

का सर्वथा अभाव है। यह तथ्य हमारा ध्यान अत्यंत आग्रह के साथ इसलिए आकर्षित करता है क्योंकि कवि के प्रिय भारतीय अथवा पाश्चात्य समस्त कवियों ने मानव–सौंदर्य के अत्यंत रससिक्त चित्र अंकित किये हैं। यहाँ पर यह ध्यान दिलाना आवश्यक जान पड़ता है कि मैं यहाँ सेक्स की नहीं सौंदर्य की बात कर रहा हूँ मिश्र जी के काव्य में सेक्स के किसी रूप की चर्चा नहीं है, केवल यही नहीं, जीवित सौंदर्य का उल्लेख भी एक सिरे से गायब है। कवि स्वयं भले ही यह माने कि, 'मेरा जीवन कुछ ऐसी मस्ती में बीता कि प्रेम और सौंदर्य का ध्यान मुझे नहीं आया', पर इसका एक संगत कारण मुझे यह प्रतीत होता है कि गांधी जी के उपयोगितावाद तथा विनोबा के सर्वोदियवाद से अनुप्राणित होने की वजह से मानव–सौंदर्य उनके लिए काम्य अथवा प्रेय नहीं रह गया है। वे रवीन्द्र से प्रभावित हैं किंतु उनके काव्य में रवीन्ननाथ, गांधी जी के सांचे में ढलकर उपस्थित हुए हैं। हिमधवल, प्रवीर्घ दाढ़ी एवं धराविचुम्बी चीनांशुक परिधान के स्थान पर गांधी जी की लाठी एवं लंगोटी धारण करने पर रवीनद्रनाथ को जो रूप होता है वही रूप मिश्र जी के काव्य का है। सम्भवतः इसी कारण रवीन्धनाथ की भांति वे उर्वशी के दिव्य सौंदर्य के गीत न गाकर 'सत्यकाम' के गीत गाते हैं।"[4]

कांति जी मानव–सौंदर्य में सेक्स–चित्रण की काव्याभिव्यक्ति को आवश्यक भी मानते हैं और भवानी जी में अनुपस्थित पाकर थोड़े निराश भी होते हैं। दिलचस्प यह है कि मानव–सौंदर्ययोध और उसकी काव्याभिव्यक्ति के जिस प्रारूप में सेक्स–चित्रण को अनिवार्य कर दिया गया है, उसे कांति कुमार जी रवीन्द्रनाथ टैगोर के "काव्यबोध" और कुछ देशी–विदेशी कवियों के तर्क के आधार पर स्थापित करना चाहते हैं। गांधी जी का उपयोगितावाद या विनोबा का सर्वोदयवाद उनके मानने में मानव–सौंदर्य से रहित कर देने वाले तत्व हैं। यहाँ पर दो तरह के स्पष्ट विभ्रम दिखते हैं। पहला तो यह कि मानव–सौंदर्य या जीवित सौंदर्य के लिए सेक्स की चर्चा होनी चाहिए और, दूसरा यह कि उपयोगितावाद और सर्वोदयवाद ने जीवित सौंदर्य के चित्रण से भवानी जी को वंचित कर दिया। कांति जी को गांधी जी को पढ़ना चाहिए था और उनके 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग" को तो जरूर। भ्रम टूटता उनका "जीवित सौंदर्य" की गांधीयन थियरी को समझकर। भवानी जी द्वारा जिस प्रेम और श्रृंगार की ओर ध्यान नहीं देने की आत्मस्वीकृति को संदर्भित किया गया है, वह आत्मस्वीकृति एक कटाक्ष है ऐसे ही आलोचकों की दृष्टि पर जो कविता को बिखेर कर कवि के अनुभवों की संलिष्टता के रेशे को भी सच में नहीं देख पाते। कुछ देर के लिए यदि कांति जी की ही जीवित मानव–सौंदर्य की ही बात कर लें तो उसे स्थूल से आशय में भी भवानी जी की कविता निराश नहीं करेगी उनको,

इस एकाकार शून्यता में
तुम भर दीखती हो
बचाये कुँकुम
जलते हुए भाल पर[5]

यह जलते हुए भाल पर कुँकुम सजाये हुए जीवित–सौंदर्य की कविता उन्होंने अपनी पत्नी के लिए लिखी थी। जिसमें सौंदर्य, दायित्व और सुख एक साथ दमक रहे हैं। और, देखना हो तो कांति जी को भवानी जी के जलते पथ पर पर थोड़ी नजर डालनी चाहिए थी,

छाँह चाहिए
चितवन–पवन चाहिए
तेरी बाँह चाहिए।"[6]

फिर भी अगर वह तथाकथित जीवित सौंदर्य नहीं दिखा तो कहना न होगा कि साठ के दशक में वाया कांग्रेस फॉर कल्चरल फ्रीडम भारत में दाखिल होने वाली हॉलीवुड टाईप स्वतंत्रता में परकीया रति–चित्र की अपेक्षा करने वाली कांति–पिपासा क्या ही तृप्त होगी! कांग्रेस फॉर कल्चरल फ्रीडम द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमरीका–नियंत्रित नये तरह का सांस्कृतिक साम्राज्यवाद था जो भारत जैसे सद्यः स्वतंत्र परंतु क्षत–विक्षत देश की नाजुक तबीयत का फायदा उठाते हुए थोप दिया गया। अज्ञैय के नेतृत्व में बंबई में इसकी भारतीय साहित्यिक फ्रेंचाइजी बकायदा 1955 में खोली गई और हिन्दी की अधिकांश कविता ने इसे नये तरह के "विश्वबोध' के रूप में हाथों–हाथ लिया। इसमें अस्तित्ववाद, फ्रायडवाद ने घी डालने का काम किया और हमारी देशज आधुनिकता की चली आ रही सहज काव्यधारा अचानक से "अपने–अपने आकाश?" की तलाश में लग गयी। हालांकि यह भ्रम टूटा। देर लगी। सच्चिदानंद भी कायदे से अज्ञेय बने। कांग्रेस फॉर कल्चरल फ्रीडम के मंसूबों को खुद अज्ञेय ने भी समझा और बाद की रचनाओं में मानो प्रायश्चित किया। भवानी जी अज्ञैय के वापसी को शुभ मानते हुए कहते मिले,

सच्चिदानंद अज्ञेय न बन जाते
तो शायद इतने अच्छे भी
नहीं बनते वे
इस शल्द ने उन्हें बनाया है
मैं आज देर तक उनका नाम बदलना मनाया है।
एक त्योहार की तरह
और खुशी उमड़ी है
कि खेल खेल में
हमें एक आदमी मिलता की चला गया
शेखर से लेकर भवन्ती तक खिलता की चला गया ![7]

अज्ञेय के बहाने उन्हें आदमी मिला। इस आदमियत की तलब भवानी जी कविता का केन्द्रीय स्वर है। उन्हें पता है कि कविता यदि सीधी जबान में बात करे, तो असर करेगी, कविता भी बनी रहेगी। बावजूद इस स्वीकार के कि, अब के बरस की कविता सादी नहीं है साधो। काँटों की सेज है यह गादी नहीं है साधो। (गांधी पंचशती)[8] उन्हें अपने काम पर भरोसा है ।

एक लंबा काम है जिसे मैं कर रहा हूँ
समय को में भर रहा हूँ रंगों से और प्रकाश से।[9]

समय को रंग और प्रकाश से भरने के लिए जो कुछ उन्होंने किया वह कभी सवाल की शक्ल में, तो कभी कवि होने की जरूरत की शक्ल में प्रकट हुई है। वे सवाल इसलिए करते हैं कविता में क्यांकि बहुत सारे लोग हैं, जिनका जीवन ही सुविधाभोगी व्यवस्था के लिए सवाल बना हुआ है–

ऐसी सुविधा कम करो कि कोई सिर्फ दस्तखत करता रहकर
महल अटारी मोटर ताँगे वायुयान पर चढ़कर डोले
ऐसी सुविधाएँ खत्म करो जिसमें कोई पढ़कर लिखकर
कमकर, किसान, बुनकर, सुनार, लढ़िया, लुहार से बढ़ बोले[10]

यह सवाल उनके समय के भारत का भी था और आज के क्रोनी पूंजीवाद के समय का भी। किसानों का वजूद सवाल तब भी था सत्ता और कारपोरेट के मठों को और आज भी है। हमने साल पर चलने वाला अथक संघर्ष देखा हाल ही में किसानों का। भवानी भाई की कविता अब देखें और संघर्ष को फिर से देखें,

मेरी शस्य श्यामला माँ के बेटे भूख लिए बैठे हैं
कभी संजीवन–मूर मिली थी अब तो जहर पिए बैठे हैं
आज नहीं माँ के स्तन में दूध कि उसका लाल विकल है
आज निपट निरुपाय कि माँ के जीवन में आग, आँख में जल है।[11]

माँ के जीवन में आग है, आंखों में पानी है, उसके बेटे किसान अपने वजूद को समझाने की कोशिश कर रहे हैं और कवि तटस्थ हो या भयभीत हो, तो उसे भवानी भाई को जरूर याद करना चाहिए,

अभय तो
शब्द और स्वर और ध्वनि का
पहला देय है।[12]

और यदि अभय न भी हुए स्वरों में तो कविता में सही के लिए खड़ें तो दिखें। यह हमारी मुक्ति का भी पैमाना है, हमारी जवाबदेही का भी,

कविताएँ न लिखते हम
तो असंभव दिशाएँ न सूझतीं
ताकतें अपनी भी
रोटी–रोजी तक ही जूझतीं
और घर से दफ्तर
दफ्तर से घर आते–जाते ढाते रहते
अपनी जरूरत के मृताबिक
छोटे–बड़े जुल्म
अपने आस–पास पर।[13]

यानि हमारी सुविधाभोगी तटस्थता सत्ता द्वारा कीलें बिछाने से भी ज्यादा खतरनाक है। इसलिए भवानी अपना पक्ष तय करते हैं, घोषित भी करते हैं। वे उनकी जबान बनते हैं जो बेजुबान हैं,

कर रहा हूँ घाव में पैदा जुबान
बेजुबाँ जिस दिन न होगा घाव एक
जगेगा उस दिन नया बदलाव एक
घायलों के राज में होंगे न घाव
सब सहेंगे धूप, सब भोगेंगे छाँव।[14]

उनकी इन कविताओं को पढ़ते हुए कई बार यह लगता है कि वे कट्टर वामपंथी रहे हैं। ज्यादातर उन्हें गांधीवादी भी कहते रहे। अंतर इतना रहा कि अक्सरहा

वामपंथी होना एक आरोप की तरह लगता रहा उन पर और गांधीवादी होना कविता के लिहाज से कम 'पैशनेट' दिखा लोगों को। ऐसा महसूस होता है कि उनकी चर्चा इतनी अधिक रही मंचीय कवि के रूप में, ओज और तीखे राजनीतिक व्यंग्य के कवि के रूप में, कि उनकी रचना प्रक्रिया की गहराई में कम ही लोग उतरे। इस गहराई को समझने के कुछ सूत्र उनके मित्र रहे गोपालप्रसाद व्यास के लिखे संस्मरण के इस अंश में मिलते हैं,

"क्या–क्या रूप हैं भवानी भाई के? एक ओर काका कालेलकर और दादा धर्माधिकारी के साथ गांधी दर्शन का मार्मिक विवेचन, दूसरी ओर निकृष्ट से निकृष्ट कवि–सम्मेलनों में सहजभाव से उनकी उपस्थिति। अपने सम्मान और निष्ठा की रक्षा की खातिर बड़े से बड़े पद–प्रलोभनों का त्याग, मगर दूसरी ओर कन्धे पर एक छोटा सा झोला लटकाये, बिना बिस्तर के लम्बी–लम्बी यात्रा और एक सामान्य व्यक्ति की तरह स्टेशन के खोमचे वाले से चार आने की रोटी और दो आने की तरकारी लेकर खड़े ही खड़े उनका लंच बड़े–बड़े मंत्रियों और रईसों के यहाँ पहुँचने में असुविधा, मगर कोई कलाकार, कवि या हिन्दी का पत्रकार हो और वह इन्हें निमंत्रण देना भूल जाए तो डाकिये का दोष मानकर उसके यहाँ स्वयं जा पहुँचना आदि लीलाएँ उनकी अलौकिक ही हैं।"[15]

यानि दार्शनिकता का तात्विक संज्ञान और जीवन का सहजतम बोध एक साथ भवानी जी के कवि– व्यक्तित्व को गढ़ता है। हर कवि की तरह शब्द उनके लिए भी महत्वपूर्ण हैं। शब्दों के साथ उनके पहले के, संग–साथ के और बाद के कवियों ने काफी संवाद किये, लेकिन शब्दों के जनक यानि कवि–विशेष का विरोध शब्द नहीं कर पाये। लेकिन भवानीप्रसाद के पास शब्द कुछ और ही करते मिलते हैं,

मैंने देखा है कि कभी–कभी
एक मीठे विरोध में
वे मेरे खिलाफ तक खड़े हो गए हैं
सोचता हूँ
कि मेरे शब्द
अब मुझ से भी बड़े हो गए हैं।[16]

यह किसी कवि की वास्तव में सार्थकता है कि उसके शब्द उसे भी अतिक्रमित करें। उसकी चिंतन–प्रक्रिया और रचना–प्रक्रिया के बीच के अनिवार्य द्वन्द्व को साधने के कठिन दायित्व के निर्वाह में शब्दों को 'खिलाफ' भी खड़े होना ही चाहिए। आचार्य शुक्ल की बात यहां इस संदर्भ में अनायास ही याद आ रही है कि, ज्यों–ज्यों सभ्यता पर आवरण चढ़ते जाएंगे कवि कर्म कठिन होता जाएगा। इस कठिनाई का प्रतिवाद यही है कि हम गढ़ी गई या थोपी गई मूर्तियाँ तोड़ने की ताकत शब्दों में आने दें,

सत्य हो शिव हो सुन्दर हो
आखिरकार इन सबको
किसी न किसी पल
तोड़ना पड़ता है।[17]

इस तोड़फोड़ में संभव है कि कविता की तत्कालीन धारा को भी चुनौती देनी पड़े। भवानी भाई ने भी चुनौती दी और ली भी। नई कविता के अस्तित्ववादी तर्कों और तारसप्तक के 'लाउड' अंतर्लाप के बीच भी भवानी भाई ने कविता की आत्मा को अशरीरी नहीं होने दिया। उन्होंने अपनी भाषिक बरकत में भारतीय जमीन की कविता को संजोया और सजाया। उन्होंने लोक और आभिजात्य में संवाद संभव किया। पुल बनाया। अर्थ और शब्द को स्वर दिया है, देह दी। प्रेमशंकर रघुवंशी ने 'भवानी भाई' नामक अपनी संपादित किताब में ठीक लिखा है, "नई कविता और उसके बाद की कविता के बौद्धिक दबाव के कारण भावात्मयक प्रतिक्रिया में नव–गीत उभरकर आया है।... भवानी मिश्र नई कविता के छन्दवादी कवि हैं।... नई कविता और नवगीत के बीच भवानी भाई के ये गीत सेतु का–सा काम करते हैं।"[18] इसी संपादित किताब में लगभग यही बात भगीरथ मिश्र भी कहते हैं, "सामाजिक विडम्बना की प्रतिक्रिया में इनकी अनेक रचनाएं हैं जो अपने युग के यथार्थवादी प्रगतिशील दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करती हैं। तदनन्तर भवानी मिश्र की रचनाओं में नवलेखन की प्रवृत्ति भी समाविष्ट हुई– जिसके अन्तर्गत मूलतः आत्म–विश्लेषण और शिल्पगत नवीनता के दर्शन होते है।"[19] नवलेखन की प्रवृत्ति में आत्म विश्लेषण की मौजूदगी रही, ऐसा बताया गया है। भवानी भाई कि कविताएं इस सरलीकरण के खिलाफ बैठती हैं। वे आत्म और अनात्म के बीच के कहीं बात करते मिलते हैं,

बूँद–बूँद उमगा था
नदी हूँ अब

न बूँद मेरी थी न यह धारा
दूसरों का हूँ में समूचा सारा![20]

यह बात अज्ञैयानुयायियों के लिए जितनी जरूरी थी उतनी ही यह वाली बात कि, हमें तुम दीवारों का नहीं मैदानों का छन्द करो'[21], अज्ञेय विरोधियों यानि कि टिपिकल वामपंथियों के लिए जरूरी है। मैदानों का छंद की असल जीवित मानव सौंदर्य है, जिसके अलहदा किसान–कवि भवानी भाई हैं। कबीर के छंद का मैदान काशी से गहमर तक धड़कता जनजीवन था तो केदारनाथ सिंह के लिए पूर्वांचल का खेत खलिहान। नागार्जुन के छंद मिथिला के मैदानों में सरपट भागते मिलते थे तो रामविलास शर्मा ने बैंसवाड़े के छंदों को अकेले में अपनाया था। भवानी भाई ने सतपुड़ा के जंगलों में तीतर और आदिवासियों की अंतरंग अठखेलियों में सहजता का छंद पाया था,

चाहे मृत्यु को गाओ, चाहे जीवन को
चाहे माटी को गाओ, चाहे पानी को
तरल रखो प्राणी को, सरल रखो बानी को[22]

सरल होना सबसे कठिन है। कविता में कविता होना और सरल भी होना तो और भी कठिन। आत्मानुभूति की भावप्रवणता और बहिर्जगत के खुरदुरे यथार्थ के बीच कविता के लिए सही शब्द मिलना बहुत कम ही संभव होता है, यह भवानी भाई को भी पता है,

शब्द टपटप टपकते हैं फूल से
सही हो जाते हैं मेरी भूल से।[23]

सही शब्द भले ही भूल से मिल पाते हों लेकिन उन्हें यह बोध है कि हम जितने सच्चे होंगे अंतर में, उतने ही सच्चे होंगे बाहर में,

हँसे तो बच्चों की तरह खिलखिलाकर
और रोये तो तिलमिलाकर
बच्चों की तरह
खघलिस सुख
खघलिस दुख[24]

बच्चों की तरह का खघलिसपन दुर्लभ और दुसाध्य है कविता के ढांचे में लाना इसलिए वे जीवन में धंसने की बात करते हैं। इसीलिए वे नकली जीवन और छिछले बोध के खिलाफ हैं,

शरीर और फसलें
कविता और फूल, सब एक हैं
सबको बोना बखरना पड़ता है
जितना गहरा कृप खुदे, उतना मीठा जल
आज नहीं कल।[25]

जब गहरे उतर जाते हैं जीवन में तो हमें हमारा रास्ता मिलता है। कवि को उसका 'बोध' मिलता है। जीवन सच में 'नागरिक' नहीं है। सच्चा जीवन गंवई है। नगर में कल्पनाएं सरल हैं, गांव में कल्पनाएं गरल हैं,

और तुम जो कल्पना को झूठ
समझे हो
समझ लो सत्य इतना–
कल्पना को सरल करने से
कठिन है कल्पना को गरल करना।[26]

कल्पना को गरल करना और उसे कंठ में धारण करना अपने आप को आई ने में देखना है। आत्म–परीक्षण है। यह इसलिए जरूरी है कि हमारा आज का आत्म–परीक्षण हमारी कल की पीढ़ियों की दिशा तय करता है,

अरे! अरे!! क्या तुम भी नहीं धरे
ठीक तराजू, ठीक बटखरे
क्या तुम नहीं जानते
कि जो लोग अनुपात नहीं मानते
उन्हें तो नहीं अगली पीढ़ियों को
चिल्लाकर कहना पड़ता है
हाय मरेध हाय मरे!![27]

यह आत्म–परीक्षण कभी भी मूक नहीं हो सकता। उसे 'वोकल' होना ही पड़ेगा। उसे स्थानीयता के मुहावरे में दुनिया को देखना होगा और दुनियावालों को असल बात बताना भी होगा,

बाट से हाट तक
हाट से घाट तक आओ जाओ
तूफान के बीच गाओ
मत बैठो ऐसे चुपचाप तट पर।
तटस्थ हो या कूटस्थ हो
इससे फर्क नहीं पड़ता।[28]

कहना न होगा, जब बाट से हाट और हाट से घाट तक फैले तूफानों को वह देखेगा तो तटस्थता उसे अभिशाप की तरह ही लगेगी। वह देख पाएगा कि हमारे समय का पहरूआ अपनी भाषाई कलाबाजी में उन सभी चीजों की हत्या करता जाएगा जो मूल्यवान रही हैं अभी तक,

ऐसी लाचारी लगती है कभी–कभी
कि जड़ हो जाते अभी के अभी
देखना न पड़ता गांधी के देश में
उसके ही अनुयायियों के हाथों
उसकी एक–एक इच्छा का खून
देश की गरीबी को भूलकर पालना
खोखले प्रजातन्त्र का सफेद हाथी[29]

उसे यह भी पता चलेगा कि खोखले प्रजातंत्र के इस सफेद हाथी को जो खुराक मिल रही है वह कोई रक्तफूल है जो किसी साम्राज्यवादी से आशीर्वाद के रूप में हमारे समय का पहरूआ दोनों हाथ पसार कर ला रहा है,

हमने अपने पांच हजार बरसों से
अब तक के मानसिक विकास
को गया बीता मान लिया
और माँगने लगे अपनी
हर समस्या के हल
विदेशों से
रेंग–रेंग कर घुटनों और पेट के बल
विदेश बेचारे क्ध्या करें हम माँग रहे हैं
और उनकी समझ में उनके
पास कुछ हल है
उनके पास सौ–पचास बरसों
में उगाये हुए
रक्त के कुछ फल हैं
वे इन्हें बॉट रहे हैं,
और यहाँ तक
कि जो लेना नहीं चाहते
इन रक्त फलों को
उन्हें वे डॉट रहे हैं।
जैसे अमेरिका वियतनाम को
डॉट रहा है
रूस चेकोसलोवाकिया को
चीन ने तिब्बत का फाड़कर
मुँह अपने रक्तफल
उसमें भर दिये हैं
और हमने तो अपने हाथ–पाँव मूँह–पेट
सब इनके सामने कर दिये हैं
कि ये हमें अपने–अपने
रक्तफलों से लाद दें।[30]

जब यह गहरी धंसान समय और जीवन में होगी तब कवि–जन की आंखें खुलेंगी– (कितनी चीजों से बँधकर खुलता हूँ मैं।[31] जब बंद आंखें खुलेंगी तो कवि को भरोसा है कि लोग सवाल उठाने लगेंगे।

सत्तासीन वर्ग इन्हीं सवालों से डरता है,
कौन है जो और भड़काना
जरूरी समझता है आग को
कौन है जो एक
सुविधा समझता है
जल रहे इस बाग को?[32]

बाग में लगाई आग स्वाभाविक नहीं, प्रायोजित हुआ करती है। इसमें प्रभुवर्ग की महत्वाकांक्षाएं बराबर की साजिशकर्ता हुआ करती हैं। अक्सर हमें पता नहीं चलने दिया जाता। आज तो हमें सूचनाओं के लगातार प्रहार से असली सूचना से वंचित कर दिया जाता है। झूठ इतना रंगीन दिखाया जाता है कि वही सच लगने लगता है और पहरुआ मुस्कुराता है अपनी चतुराई पर और जैसा कि पहले कहा गया कि भवानी भाई को औरत, आदमी या कविता किसी की चतुराई पसंद नहीं है, इसलिए वे कह देते हैं कि,

धूल और धुएं के अस्तित्व में
वे भूल गये हैं दो बातें
कि सूरज सब पर चमकता है
और किसी भी एक की नहीं है
यह धरती[33]

किसी एक की यह धरती कभी नहीं रही। यह बहुलधर्मी रही है इतिहास में भी। भवानी भाई की कविताओं में इतिहासबोध का पदबंध लगातार सक्रिय रहा है। वे नयेपन के स्वीकार के कवि हैं, आधुनिक कवि हैं लेकिन औपनिवेशिक

आधुनिक नहीं, ठेठ देशज–आधुनिक, भाषा और भाव दोनों मेंय मौसम नए छूते रहते हैं मगर इसलिए

> कि वे नए होते हैं लौट लौट कर
> फिंकना चाहिए अर्थ पुराने से पुराने शब्दों में से नए संदर्भो में
> मेरा आज का मन एक नया सन्दर्भ है
> मगर ऐसा नया भी नहीं
> कि लगाव न हो उसका किसी पुराने के साथ[34]

सन्दर्भ सूची :

1. आचार्य, नंदकिशोर, (सं), मन एक गैली कमीज है, भवानी प्रसाद मिश्र, वाग्देवी प्रकाशन, 1998 ई. संस्करण, पृष्ठ 12
2. त्रिपाठी, प्रभात, (सं), तोड़ो चमत्कारों में पड़ी गाठें, भवानीप्रसाद मिश्र, संकलित– भवानीप्रसाद संचयिता, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2003 ई., पृ. 166
3. मिश्र, भवानीप्रसाद, चलते –चलते. संकलित– अंधेरी कविताएँ, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 1968 ई. पृष्ठ 133
4. रघुवंशी, प्रेमशंकर, (सं.), बोलचाल की भाषा के गीतफरोश : भवानीप्रसाद मिश्र– कांति कुमारय संकलित– भवानी भाई, सरला प्रकाशन, दिल्ह्ली, 1982 ई., पृष्ठ 51
5. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), ग्रतिनिधि कविताएं (भवानीप्रसाद मिश्र), राजकमल प्रकाशन. दिल्ली, 2022 ई. संस्करण, पृष्ठ 53
6. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), भवानी प्रसाद मिश्र रचनावली – भाग 1, अनामिका प. एंड डिस्ट्री., दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई., पृष्ठ 57
7. वही, पृष्ठ 69
8. मिश्र, भवानीप्रसाद, गाँधी पंचशती, सरला प्रकाशन, दिल्ली, 1969 ई., पृष्ठ 162
9. वही, पृष्ठ 188
10. वही, पृष्ठ 209
11. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), भवानी प्रसाद मिश्र रचनावली, भाग 1, अनामिका प. एंड डिस्ट्री., दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई., पृष्ठ 62
12. वही, पृष्ठ 76
13. वही, पृष्ठ 83
14. वही, पृष्ठ 92
15. रघुवंशी, प्रेमशंकर, (सं.), एक बेतकल्लुफ आदमी, भवानी भाई, गोपाल प्रसाद व्यास, संकलित– भवानी भाई, सरला प्रकाशन, दिल्ली, 1982 ई., पृष्ठ 124
16. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), भवानी प्रसाद मिश्र रचनावली – भाग 1, अनामिका प. एंड डिस्ट्री., दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई., पृष्ठ 132
17. वही, पृष्ठ 136
18. रघुवंशी, प्रेमशंकर, (सं.), संपादकीय आलेख, भवानी भाई, सरला प्रकाशन, दिल्ली, 1982 ई., पृष्ठ पंद्रह–सोलह
19. कवि–व्यक्तित्व पर एक दृष्टि, डॉ. भगीरथ मिश्र, संकलित– वही, पृष्ठ 11
20. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), भवानी प्रसाद मिश्र रचनावली– भाग 1, अनामिका प. एंड डिस्ट्री., दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई., पृष्ठ 132
21. वही, पृष्ठ 158
22. वही, पृष्ठ 160
23. वही, पृष्ठ 253
24. वही, पृष्ठ 107
25. वही, पृष्ठ 302
26. वही, पृष्ठ 303
27. वही, पृष्ठ 336
28. वही, पृष्ठ 341
29. मिश्र, भवानी प्रसाद, गाँधी पंचशती, सरला प्रकाशन, दिल्ली, 1969 ई., पृष्ठ 35
30. वही, पृष्ठ 341
31. सिंह, विजयबहादुर सिंह, (सं.), भवानी प्रसाद मिश्र रचनावली– भाग 1, अनामिका प. एंड डिस्ट्री., दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई., पृष्ठ 190
32. वही, पृष्ठ 200
33. वही, पृष्ठ 320
34. मिश्र, भवानी प्रसाद, नये सन्दर्भ की चिनगारी, संकलित– अंधेरी कविताएं, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 1968 ई., पृष्ठ 95

मानव जीवन में संगीत का महत्व

डॉ. आशुतोष शर्मा *

सारांश

संगीत के बिना मनुष्य की वही स्थिति है जिस तरह एक खुले आसमान में पंछी की, बिना हवा के है । सार यही है की संगीत का मानव–जीवन में बहुमहत्ता और योगदान है। संगीत हमारे जीवन का निश्चित रूप से एक अहम् हिस्सा है जिसे हम चाह के भी नजरअंदाज नहीं कर सकते । संगीत आत्मा की खुराक है और यह सदाबहार है ।

मुख्य शब्द : *संगीत, संस्कृति, मानसिक स्वास्थ्य, भक्ति संगीत, लोक संगीत, मनोविज्ञान*

शोध प्रविधि : *प्रस्तुत शोधपत्र विश्लेषणात्मक अनुसंधान तथा गुणात्मक अनुसंधान पर आधारित है। इस शोध पत्र में संगीत से संबद्ध विश्लेषण करते हुए संगीत के महत्व और गुणात्मकता पर प्रकाश डाला गया है।*

सृष्टि के स्वर्णिम विहान से लेकर प्रलय की काली संध्या तक संगीत का अस्तित्व स्वीकार करना ही पड़ता है । जीवन–ग्रन्थ के पृष्ठों को कहीं से भी पलटिये, कोई भी अध्याय ऐसा नहीं जिसे संगीत से शून्य कह दिया जाय ।[1] संगीत मनुष्य की सबसे प्राचीन और प्रभावशाली कलाओं में से एक है। इसका इतिहास सैकड़ों वर्षों से भी पुराना है और इसके विभिन्न रूपों और शैलियों को विकसित किया गया है। अन्य कलाओं की तरह, संगीत भी मानवता के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। विभिन्न काल–खण्डों और संस्कृतियों में, संगीत ने अपने आप को नए तरीकों में प्रस्तुत किया है जो आज भी चल रहा है। संगीत का मानव जीवन में गहरा प्रभाव है। यह हमारे मानवीय अनुभव को आकार देता है और बढ़ाता है। संगीत हमें आत्म–परिचय में मदद करता है ।

संगीत मानव–जीवन में एक शक्तिशाली अंग है, और इसके महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता है। यह हजारों वर्षों से मानव सभ्यता में मौजूद है और इसने हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन अनुष्ठानों और समारोहों से लेकर आधुनिक मनोरंजन और भावनात्मक अभिव्यक्ति तक, संगीत मजबूत भावनाओं को जगाने और व्यक्तियों के बीच संबंध बनाने की क्षमता रखता है। संगीत की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक है भावनाओं को अभिव्यक्त करने की क्षमता। इसमें खुशी, उदासी, उत्साह और पुरानी यादें जगाने की शक्ति है। चाहे वह जीवंत और उत्साहित धुन के माध्यम से हो या उदास धुन के माध्यम से, संगीत में हमारे दिल और आत्मा को इस तरह से छूने की क्षमता है कि अकेले शब्द ऐसा नहीं कर सकते। इसके अलावा, संगीत में लोगों को एक साथ लाने की अद्वितीय क्षमता है। यह भाषा और सांस्कृतिक बाधाओं को पार करता है और इसमें विभिन्न पृष्ठभूमि और मान्यताओं के व्यक्तियों को एकजुट करने की शक्ति है। यह समुदाय और साझा अनुभवों की भावना पैदा कर सकता है, लोगों के बीच अपनेपन और एकता की भावना को बढ़ावा दे सकता है। संगीत का मनुष्य पर भिन्न–भिन्न रूप से प्रभाव पड़ता है। यह आत्मा और मन को इस प्रकार झंकृत करता है कि इसकी महक हृदय के भीतर कोने–कोने में समा जाती है।

ध्वनि, संगीत का एक महत्वपूर्ण आधार है जो हमारे मानवीय अनुभव को गहराता है और उसे आकार देता है। संगीत की खोज और विकास के माध्यम से, हम नई आवाजें और स्वररंगों को जन्म दे रहे हैं जो हमें खुशी, आनंद और संतोष का अनुभव कराते हैं। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। अध्ययनों से पता चला है कि संगीत सुनने से तनाव कम हो सकता है, चिंता कम हो सकती है और यहां तक कि संज्ञानात्मक कार्य में भी सुधार हो सकता है। इसमें हमें मन की विभिन्न अवस्थाओं में ले जाने की क्षमता है, जो रोजमर्रा की जिंदगी की मांगों और दबावों से मुक्ति दिलाती है। अपने भावनात्मक और चिकित्सीय लाभों के अलावा, संगीत फिल्म, विज्ञापन और शिक्षा जैसे विभिन्न

*असिस्टेंट प्रोफेसर, महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज, मुलाना (अम्बाला)

उद्योगों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फिल्म में, संगीत का उपयोग कहानी को बढ़ाने और दर्शकों में विशिष्ट भावनाएं पैदा करने के लिए किया जाता है। विज्ञापन में, संगीत का उपयोग अक्सर उपभोक्ताओं के साथ एक यादगार और भावनात्मक संबंध बनाने के लिए किया जाता है।

संगीत एक विशेष शैली है, जिसे सभी लोगों के मनोभाव और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसका सौंदर्य, मनोरंजन और शांति को बढ़ाने का खास असर होता है। संगीत की उत्पत्ति मानव सभ्यता के शुरुआती दौर से ही हो चुकी है और यह समय के साथ विकसित होता गया है। संगीत का महत्व अधिकतर अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत के रूप में महसूस होता है। यह न केवल एक कला है, बल्कि आत्मा का एहसास है जो हमारे जीवन में समृद्धि और सुखद भावनाओं का संचार करता है। भारतीय संगीत शास्त्र का मूल साम गान पर आधारित है जो सामवेद से लिया है।[2]

शिक्षा में, संगीत का उपयोग संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित करने और सीखने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए किया जाता है। निष्कर्षतः, संगीत का मानव जीवन में बहुत महत्व है। इसमें भावनाओं को जगाने, लोगों को एक साथ लाने और हमारी मानसिक भलाई में सुधार करने की शक्ति है। चाहे वह व्यक्तिगत आनंद के लिए हो, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए हो, या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए हो, संगीत अनगिनत तरीकों से हमारे जीवन को समृद्ध और बेहतर बनाने की क्षमता रखता है। संगीत लंबे समय से सभी संस्कृतियों और धर्मों में आध्यात्मिक उपलब्धि से जुड़ा रहा है। इसमें आत्मा का उत्थान करने और व्यक्तियों को उच्च शक्ति या आंतरिक आत्म से जोड़ने की शक्ति है। कई आध्यात्मिक प्रथाओं में संगीत को ध्यान, प्रार्थना या पूजा को बढ़ाने के साधन के रूप में शामिल किया गया है। संगीत को आध्यात्मिक प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक प्रमुख कारण भाषा और तर्कसंगत सोच से परे जाने की इसकी क्षमता है। संगीत की सामंजस्यपूर्ण धुनें और लय विश्लेषणात्मक दिमाग को पार कर सकती हैं और हमारी चेतना के गहरे क्षेत्र में प्रवेश कर सकती हैं। यह हमें गहन जागरूकता, आंतरिक शांति और आध्यात्मिक संबंध की स्थिति तक पहुंचने की अनुमति देता है। विभिन्न आध्यात्मिक परंपराओं में संगीत के विभिन्न रूपों का उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, ग्रेगोरियन मंत्र ईसाई अनुष्ठानों में प्रमुख हैं, जबकि सूफी चक्कर समारोह में लयबद्ध और ट्रान्स–प्रेरक संगीत शामिल होता है। हिंदू धर्म में देवताओं की स्तुति और आह्वान के लिए भजन और कीर्तन गाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, दुनिया भर की स्वदेशी संस्कृतियाँ अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं में संगीत और जप का उपयोग करती हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह भी पता चला है कि संगीत का मन और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह तनाव कम करने, रक्तचाप कम करने और विश्राम को बढ़ावा देने वाला पाया गया है। ये शारीरिक लाभ आध्यात्मिक प्रथाओं के लक्ष्यों के साथ संरेखित होते हैं, जिनका उद्देश्य शांत और केंद्रित स्थिति विकसित करना है। इसके अलावा, संगीत में भावनाओं को जगाने और व्यक्तियों के बीच एकता की भावना पैदा करने की शक्ति है। जब लोग जप करने या गाने के लिए एक साथ आते हैं, तो एक सामूहिक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यह सामुदायिक अनुभव परस्पर जुड़ाव की भावनाओं को बढ़ा सकता है और आध्यात्मिक विकास को सुविधाजनक बना सकता है। चाहे वह भक्ति संगीत सुनना हो, समूह गायन में भाग लेना हो, या कोई वाद्य–यंत्र बजाना सीखना हो, किसी की आध्यात्मिक यात्रा में संगीत को शामिल करना एक गहरा समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव हो सकता है। यह आत्म–अभिव्यक्ति, आत्म–खोज और परमात्मा के साथ संवाद के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। निष्कर्षतः, संगीत और आध्यात्मिक प्राप्ति के बीच संबंध इस विश्वास में निहित है कि संगीत पारलौकिक संबंध स्थापित कर सकता है और हमारे अस्तित्व के आध्यात्मिक पहलुओं का पोषण कर सकता है। चाहे औपचारिक धार्मिक सेटिंग में अभ्यास किया जाय या व्यक्तिगत चिंतन में, संगीत में चेतना को ऊपर उठाने, आंतरिक शांति को बढ़ावा देने और आध्यात्मिक विकास को सुविधाजनक बनाने की क्षमता है।

मनुष्य का जीवन संगीत के बिना विनाशी होता है। संगीत मन, आत्मा, और भावनाओं के संवाद का माध्यम है जो हमारी रूचि, संतोष, और समृद्धि को बढ़ाता है। भारतीय संगीत एक अत्यंत प्राचीन संस्कृति है, जो इतिहास के विभिन्न युगों में विकसित हुई है। भारतीय संगीत को शास्त्रीय और लोकसंगीत के दो विभाजनों में वर्गीकृत किया जा सकता है :

शास्त्रीय संगीत : भारतीय शास्त्रीय संगीत

एक विशिष्ट संरचना और ढंग से गाया–बजाया जाने वाला संगीत है। इसमें विभिन्न रागों, तालों, और स्वरों का उपयोग किया जाता है। शास्त्रीय संगीत में गायन, वादन, और नृत्य के अलग–अलग रूप होते हैं।

लोकसंगीत : भारतीय लोकसंगीत जनमानस के साथ संबद्ध है और यह लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। इसमें गीत, बार्मेर, भजन, लोकगीत, रागनी, ढोलकपूरा, भवाई आदि शामिल होते हैं। भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में लोकसंगीत के विभिन्न रूप होते हैं।

शास्त्रीय संगीत का महत्व

मानसिक स्वास्थ्य का संरक्षण : संगीत की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मानसिक स्वास्थ्य का संरक्षण करने में है। विभिन्न शोधों में साबित हुआ है कि संगीत मन को शांत करता है, तनाव को कम करता है और मानसिक चिंताओं को दूर करता है। संगीत में स्वर, ताल और लय का सम्मिलन मन को आनंदित बनाता है और उसे प्रसन्न मुद्रा में ला देता है। विशेष रूप से ध्यान और एकाग्र मन के लिए संगीत का उपयोग किया जाता है, जो मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है और अवसाद, चिंता, तनाव और निद्रा की समस्याओं का सामना करने में मदद करता है। वैदिक काल से ही संगीत को रोग निवारक माना जाता रहा है। विभिन्न रागों के प्रयोग से रोगों का इलाज किया जा सकता है और मनोरोगों को दूर किया जा सकता है।

भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम : संगीत, व्यक्ति की भावनाओं, भावुकता और विचारों को व्यक्त करने का एक अच्छा माध्यम है। संगीत के माध्यम से व्यक्ति अपनी भावनाओं का समर्थन और अभिव्यक्ति करता है। इससे उसका मनोबल बढ़ता है और सकारात्मकता की भावना होती है। संगीत अपने रस भाव, से सुनने वाले के मन पर एक खास प्रकाश डालता है और उसे समस्त विचारों को समझने और धारण करने में मदद करता है।

समृद्धि और समरसता का साधन : संगीत मानवता की अनूठी समृद्धि और समरसता को बढ़ाने में मदद करता है। संगीत एक ऐसा कारण है जो सभी लोगों को एकजुट करता है, चाहे वह एक दूसरे से कितने भी भिन्न हों। मन को शांति और सुकून देना इसका प्रमुख कारण है। यह विचलित व चंचल मन को स्थिर करता है। निःसंदेह संगीत की मधुर धुनें मन को शांत करती हैं ।

शक्ति और उत्साह का स्रोत : संगीत शक्ति और उत्साह की सृष्टि करता है। युद्धभूमि में सैनिकों को प्रेरित करता है और उनके मनोबल को बढ़ाता है।

भक्ति की साधना : धार्मिक संगीत द्वारा भक्ति और आध्यात्मिकता की भावना को व्यक्त किया जा सकता है। भगवान की स्तुति और उनके नाम के चंगेरों से आत्मा को मुक्ति की प्राप्ति होती है।

जन में लोक संगीत का महत्व

लोकसंगीत भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और इसका महत्व विभिन्न पहलुओं में होता है। निम्नलिखित कुछ कारण हैं कि लोकसंगीत क्यों महत्वपूर्ण है और इसकी जीवन में क्या भूमिका है–

सांस्कृतिक समृद्धि : लोकसंगीत भारतीय सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। इसमें विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों की अलग–अलग संस्कृति और परंपराओं को दर्शाया जाता है और इससे समृद्ध संस्कृति की विविधता का पता चलता है। संगीत समाज एवं संस्कृति का प्रतीक है।[3]

लोक संवाद : लोकसंगीत लोगों के बीच संवाद का माध्यम है। यह जनमानस की भावनाओं, विचारों, और समस्याओं को साझा करने का माध्यम है। लोकसंगीत एक–दूसरे के साथ जुड़ने में मदद करता है।

समाज सुधार : लोकसंगीत में विभिन्न सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले गीत होते हैं। इन गीतों के माध्यम से लोगों को सामाजिक जागरूकता, विचारधारा परिवर्तन और समाज में सुधार के लिए प्रेरित किया जाता है।

मनोरंजन : लोकसंगीत एक मनोरंजक कला है जो लोगों को मनोरंजन करती है। इसमें विभिन्न प्रकार के गाने, नृत्य, और वाद्य शामिल होते हैं, जिनसे लोग आनंद लेते हैं और अपने दैनिक जीवन की थकान भूल जाते हैं।

संस्कृति और परंपरा के आधार : लोकसंगीत भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। इसमें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक संदेश और गुणगान लोकसंगीत के माध्यम से पहुंचाया जाता है।

लोकसंगीत न केवल भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है बल्कि इससे समाज में समरसता, एकता, और सामाजिक समझदारी का संदेश भी मिलता

है। इसलिए, लोकसंगीत का समर्थन और संरक्षण करना महत्वपूर्ण है ताकि हमारी संस्कृति और परंपरा की धरोहर का साक्षात्कार किया जा सके।

संगीत और मनोविज्ञान

संगीत मनोविज्ञान या साइकोलॉजी ऑफ म्यूजिक एक रुचिकर और महत्वपूर्ण विषय है जो गायन, संगीत श्रोता, और संगीतकारों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं का अध्ययन करता है। संगीत मनोविज्ञान उन भावनाओं, विचारों, और अनुभूतियों का पता लगाता है जो लोगों को संगीत सुनने और बनाने के दौरान आते हैं।

संगीत मनोविज्ञान के कुछ मुख्य विषय :

ध्वनि और इमोशन : संगीत में उपयोग होने वाले ध्वनियों और संगीतीय तत्वों का मनोवैज्ञानिक परिणाम होता है। यह विभिन्न इमोशन्स (भावनाएं) को उत्पन्न करने में मदद करता है, जैसे कि गुस्सा, खुशी, उत्साह, शोक, आदि।

संगीत और मानसिक स्वास्थ्य : संगीत का सुनना और गाना मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकता है। यह तनाव को कम करने, उच्च ध्यान स्तर को बढ़ाने और मन को शांत करने में मदद करता है।

संगीत का प्रभाव : संगीत के भौतिक और मानसिक प्रभाव का अध्ययन संगीत मनोविज्ञान का एक अहम पहलु है। इसमें संगीत के रौंगते आना, ध्वनि के प्रभाव, और मस्तिष्क गतिविधियों का अध्ययन शामिल होता है।

संगीत का उपयोग और चिकित्सा : संगीत कार्यों और ध्वनियों का उपयोग चिकित्सा में भी किया जाता है, जैसे कि संगीत चिकित्सा और म्यूजिक थेरेपी। यह विभिन्न मानसिक समस्याओं का इलाज करने में मदद कर सकता है।

संगीतकारों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन : संगीतकारों के मनोवैज्ञानिक तत्वों का अध्ययन संगीत मनोविज्ञान के अन्तर्गत आता है। यह उनके संगीत बनाने के प्रक्रिया, सृजनशीलता, स्थायित्व और संगीत में उनके रूचिकर फैसलों के पीछे के कारणों का अध्ययन करता है।

संगीत मनोविज्ञान एक रोचक और उपयोगी शाखा है जो संगीत के प्रभाव, संगीतकारों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं और संगीत में अनुभूतियों का अध्ययन करता है। यह हमें संगीत के गहरे संबंधों को समझने में मदद करता है।

संगीत और मोक्ष :

ऐसा कहा जाता है की संगीत परमात्मा तक पहुँचने में सहायक है।[4] संगीत से मोक्ष की प्राप्ति को धार्मिक और आध्यात्मिक संदर्भ में समझने के लिए, हमें हिंदू धर्म के वेदांत तत्त्वों को समझना आवश्यक है। वेदांत के अनुसार, मनुष्य की आत्मा (जीवात्मा) ब्रह्म (अनन्त आत्मा या परमात्मा) का अभिन्न अंश है। मनुष्य का आत्म साक्षात्कार या अपने आत्मा के साथ एकीकरण, उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग खोलता है। संगीत एक ऐसा माध्यम हो सकता है जो इस मार्ग को सुगम और अधिक प्रभावशाली बनाता है।

संगीत का अभ्यास और अनुशासन मन को एकाग्र करता है और उसे ध्यान में एकत्रित करने में सहायक होता है। जब एक व्यक्ति संगीत को अनुभव करता है और उसमें खो जाता है, तो वह ध्यान में भी स्थिर होता है और उसका मन चिंताओं और विचारों से शांत हो जाता है। इस शांत अवस्था में, उसके अंतरंग मन की गहराईयों को समझने का मौका होता है और वह अपने सत्य स्वरूप को पहचान सकता है।

धार्मिक अनुष्ठानों में भी संगीत का अपना विशेष महत्व है। कई धार्मिक संगीत पथ (भजन, कीर्तन, सुफी संगीत आदि) व्यक्ति को आत्मीयता और आध्यात्मिक संवाद का अनुभव करने में मदद करते हैं और उसे भक्ति और भावुकता के साथ आत्मीय रूप से जोड़ते हैं। संगीत के माध्यम से, व्यक्ति की आध्यात्मिक उन्नति, मन की शुद्धि, और आत्मा के साथ एकाग्रता के मार्ग में सहायता हो सकती है, जिससे उसे मोक्ष की प्राप्ति के लिए उचित मार्ग मिलता है। यह ध्यान और साधना का एक सुंदर तरीका है जो व्यक्ति को अंततः आनंद, शांति, और मुक्ति की प्राप्ति के पथ पर ले जाता है।

संगीत का इतिहास एक रोचक और समृद्ध यात्रा है, जो कई सदियों के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों से उत्पन्न हुआ है। इसे भारतीय उपमहाद्वीप में हुए सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक परिवर्तनों ने आकार दिया है। संगीत के इतिहास के मुख्य कालों में संगीत की स्थिति इस प्रकार थी :

प्राचीन और मध्ययुग :

हिंदी संगीत की जड़ें प्राचीन काल में वेदीय मंत्र और स्तुति से जुड़ी हैं। ये श्रेष्ठ रचनाएँ धार्मिक कार्यक्रमों और अनुष्ठानों के दौरान प्रस्तुत की जाती थीं। समय के साथ, वीणा, सितार, और तबला जैसे विभिन्न संगीत वाद्ययंत्रों का उद्भव हुआ। संगीत का इतिहास अन्य कलाओं या विद्याओं के इतिहास की अपेक्षा कही अधिक अगम्य होता है।[5]

भक्ति और सूफी परंपराएँ (15वीं–18वीं सदी) :

मध्ययुगीन काल में भक्ति और सूफी आंदोलन ने संगीत को गहराई से प्रभावित किया। कबीर, सूरदास, और तुलसीदास जैसे भक्त कवियों ने भक्ति गीतों की रचना की, जो सरल धुनों में गाए जाते थे और जनता द्वारा आसानी से समझे जाते थे। उसी तरह, सूफी संत और कवि अमीर खुसरो ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत और कव्वाली के विकास में योगदान दिया, जो पर्शियन और भारतीय संगीतीय तत्वों को मिलाकर बनाया गया।

मुगल शासनकाल (16वीं–18वीं सदी):

मुगल शासकों के काल में संगीत को और भी समृद्धि मिली। मुगल दरबार में प्रसिद्ध संगीतकारों का आकर्षण था, जिससे पर्शियन और भारतीय संगीतीय शैलियों का मेल हुआ। तब ध्रुपद, खयाल, और ठुमरी जैसे संगीत रूप विकसित हुए।

फिल्मी संगीत की उत्पत्ति (20वीं सदी):

20वीं सदी की शुरुआत में भारतीय फिल्म उद्योग, जिसे आम तौर पर बॉलीवुड के नाम से जाना जाता है, शुरू हुआ। 1931 में पहली बातचीती फिल्म ''आलमआरा'' के रिलीज के साथ ही फिल्मों में संगीत की मांग तेजी से बढ़ी।

निष्कर्ष : इस प्रकार जीवन में संगीत के अभाव का प्रभाव निम्नानुसार पड़ सकता है :

आत्मिक शांति का अभाव : संगीत के बिना मन को शांत और स्थिर रखना मुश्किल होता है। ध्यान, चिंतन, और आत्मिक शक्ति के लिए संगीत अपरिवर्तनीय भूमिका निभाता है।

भावनाओं की कमी : संगीत के माध्यम से हम अपने भावनाओं को व्यक्त करते हैं और उन्हें व्यक्त करते हैं। संगीत के बिना, हमारे मन की आंतरिक दुनिया अवर्णनीय होती है।

समृद्धि का अभाव : संगीत हमारे जीवन में समृद्धि और खुशियों का स्रोत है। रागों और धुनों के माध्यम से हम अपने जीवन में उत्साह और आनंद को बढ़ा सकते हैं।

भावुकता का अभाव : संगीत एक ऐसा साधन है जिससे हम भावुकता को व्यक्त कर सकते हैं। गाने के जरिए हम अपने आंतरिक दर्द, सुख, और उत्साह को अबोध रूप से जाहिर कर सकते हैं।

जीवन की उदासीनता : संगीत के अभाव में जीवन उदासीन हो जाता है। रागों की मधुरता और स्वरों की सहजता के बिना, जीवन का संचार और सहजता खो जाती है।

भावनाओं का दबाव : संगीत के बिना, हमारे भावनाओं का दबाव बढ़ जाता है। भावनाएं अचानक और असंतुलित ढंग से व्यक्त होती हैं जो हमें आंतरिक शांति से वंचित करती हैं।

आत्मविश्वास का कमी : संगीत आत्मविश्वास को बढ़ाता है और हमें खुद पर विश्वास करने में मदद करता है। इसके अभाव में, हमारा आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है और हम अपने क्षमताओं पर संदेह करने लगते हैं।

रूचि का अभाव : संगीत के बिना, हमारे जीवन से रूचि का अभाव हो जाता है। संगीत हमें नया और सुंदर समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करता है और हमें अपने दिनचर्या को उत्पादक बनाने के लिए प्रेरित करता है।

सन्दर्भ सूची :

1. वसंत, संगीत विशारद, पृ. 524
2. आचार्य, पं. श्रीराम शर्मा, सामवेद सहिता, पृ. 19
3. थत्ते, डॉ. अनया तथा पटेल, विजल, गीत विविधा, पृ. 02
4. टाक, तेज सिंह, सुबोध संगीत शास्त्र, पृ. 02
5. शर्मा, स्वतंत्र, भारतीय संगीत एक ऐतिहासिक विश्लेषण, पृ. 7

उत्तर भारतीय संगीत में राग एवं उससे उत्पन्न रस : एक महत्वपूर्ण तत्त्व

अलंकार महतोलिया*

सारांश

संगीत वह ललित कला है, जिसकी स्वर–लहरी में डूबकर प्राणी को आलौकिक आनंद एवं रस की अनुभूति होती है। जीवन की जटिलता से घिरा हुआ मानव जिस समय सच्चे सुमधुर संगीत का रसास्वादन करता है, उसका अन्तःकरण सुख एवं शान्ति से अभिभूत हो तृप्त हो जाता है। संगीत आत्मा का उपादान है और मानव भावना–प्रधान प्राणी है। उसके अन्तर में बसने वाली विशिष्ट भावनाओं को उद्वेलित कर, इसकी सृष्टि करना ही कला का उद्देश्य है। संगीत में नाद द्वारा अभिव्यक्ति करते हैं। नाद–सौंदर्यजनित आनन्द प्रत्येक प्राणी ले सकता है।

संगीत की सृष्टि करते समय गायक–वादक जिन भावों की अभिव्यक्ति करते हैं, वे वास्तविक भाव होते हैं, जरूरी नहीं है कि करूण रस की अभिव्यक्ति के समय कलाकार लौकिक रूप से पीड़ित हो, गायक, वादक स्वरों के द्वारा जिन भावों की अभिव्यक्ति करता है, वह प्राणी मात्र हृदय के संवाद के द्वारा श्रोताओं के रजोगुण, तमोगुण, राग–द्वेष रूपी ग्रन्थियों को खोलकर इस हृदय में जिस चेतना का अनुभव कराते हैं, उसी को संगीतज्ञ की भाषा में रस कहते हैं।

मुख्य शब्द : *संगीत राग, रस, आनन्द*

प्रविधि : *पुस्तकों के अध्ययन के पश्चात् विश्लेषणात्मक वर्णन किया गया है ।*

भारतीय संगीत में 'रस' को वही सर्वोपरि स्थान प्राप्त है जो पाश्चात्य संगीत में सौंदर्य को, बाह्य अलंकरणों से अलंकृत होने के साथ ही भारतीय संगीत में गायक और श्रोता के मध्य भावात्मक सामांजस्य स्थापित करने का असीम आत्मपरितोष व आनन्द की उत्पत्ति करने की भी क्षमता है। इसी आनन्द की चरम अवस्था संगीत की रसावस्था कही जाती है। **इमर्सन ने कहा है**– कलाकार की इन्हीं व्यक्तिगत अभिव्यंजनाओं से कला में विशिष्टबद्धता का विकास होता है।

रस का संगीत से संबंध– रस मानव–जाति के अन्तःकरण में वास करने वाली विशिष्ट भावनाओं का परमोत्कर्ष है। उन भावनाओं की पराकाष्ठा को रस कहा गया। नाट्यशास्त्र में इस स्वरूप का सर्वांग निरुपण है। संगीत में प्रयुक्त रसों के सम्बन्ध में नाट्यशास्त्र में विशेष उल्लेख जाति–प्रकरण में है अर्थात् भिन्न–भिन्न जातियों का किस–किस रस की अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग होना चाहिए, यह बताते हुए भरत ने संगीत में रस की चर्चा की है। रस के सम्पर्ण विवेचन का आधार निम्न सूक्ति हैः–

तत्र विभावानुभावाव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः

नाटयशास्त्र

तत्पश्चात् 'संगीत रत्नाकर' आदि ग्रन्थों में विशेष रसों की अभिव्यक्ति के लिए विशेष स्वरों की उपयोगिता के संबंध में कहा गया–

सरी वीरेऽद्भुतेरौद्रविभत्सेभयानके ।
कार्यो गनी तु करूण हास्यश्रृंगारयोर्मयो ।।

अर्थात्

हास्य, श्रंगार रस में	–	मध्यम, पंचम
वीर, रौद्र, अद्भुत रस में	–	षड्ज, ऋषभ
करूण रस में	–	गांधार, निषाद
भयानक, वीभत्स रस में	–	धैवत

स्वरों के इस रस–विधान के अनुसार, इन स्वरों की प्रधानता जिन रागों में पाई जाय, उन्हें उन रसों के लिए उपयोगी मान लिया जाय ।

प्राचीन शास्त्रकार एक स्वर से एक रस की उत्पत्ति मानते हैं पर ऐसा सम्भव नहीं, उनके अनुसार

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग (गायन), डी.एस.बी. कैम्पस, नैनीताल, उत्तराखण्ड

षड्ज से वीर रस व पंचम से श्रृंगार रस की उत्पत्ति होती है पर सभी रागों में षड्ज और अधिकतर पंचम का प्राबल्य रहता है। इस प्रकार सभी राग वीर और श्रृंगार रस के होने चाहिए। वास्तव में एक स्वर जब तक अन्य स्वरों का सहयोग नहीं लेगा, रस की निष्पत्ति नहीं हो सकती। केवल पंचम स्वर से तो श्रृंगार रस की उत्पत्ति नहीं हो जाएगी। यह दूसरी बात है कि श्रृंगार रस–प्रधान राग में पंचम का प्राबल्य हो, परन्तु पंचम को जब तक राग के अन्य स्वर का साहचर्य नहीं प्राप्त होगा, रस निष्पत्ति नहीं हो सकती। सारांश में राग का एक प्रमुख स्वर वादी अपने सहयोगी स्वर–संवादी, अनुवादी, विवादी स्वर का सहयोग लेकर ही रस उत्पत्ति करते है।

संगीत कला के विभिन्न रसों की सृष्टि के लिए जो विशिष्ट स्वर–समुदाय निश्चित किए गए हैं, उन्हें राग कहते हैं। राग की परिभाषा ही है– **'रंजयतीति रागः ।**

हिन्दुस्तानी पद्धति में स्वर के अनुसार तीन वर्ग किए हैं:–

1. रे ध कोमल स्वर वाले संधि प्रकाश रागों में – शांति व करूण रस
2. रे ध तीव्र स्वर वाले रागों में – श्रृंगार रस
3. –ग नी कोमल स्वर वाले रागों में – वीर रस

साहित्य में नौ रस–श्रृंगार, हास्य, करूण रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अदभुत और शान्त माने गए। नवरस होते हुए भी पं. भातखण्डे ने संगीत में मुख्यतः तीन ही रस माने– श्रृंगार, वीर, करूण । इनके साथ ही शान्त रस का भी संगीत में महत्त्व है ।

सात स्वरों में स्वयं यह गुण है कि वे अलग–अलग रसों की निष्पत्ति करते हैं और इन्हीं स्वरों का सन्निवेश राग कहलाता है। गीत से मिलकर राग 'रस' को मूर्त रूप देता है। राग में रंजकता तब ही आती है, जब रागों का स्वर–सन्निवेश किसी रस के प्रसारण का साधक बने। राग संगीत का एक विशिष्ट शास्त्र है, जो राग को रंजक बनाता है– राग स्वरूप को कायम रखता है, और गीत के माध्यम से राग को मूर्त रूप देता है।

राग के संबंध में महत्वपूर्ण मान्य सिद्धान्त इतना ही है कि किसी कलाकार के द्वारा प्रस्तुत राग–रूप किसी नियम पर आधारित है अथवा नहीं ? और उस राग को प्रस्तुत करते समय किस प्रकार स्वरों को प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे वह विशिष्ट रस और सौंदर्य की अभिव्यक्ति करें ।

राग के सौंदर्य का मूल हेतु खोजते–खोजते राग में रस–निष्पत्ति की कल्पना का उद्‌गम हुआ। संगीत में ध्वनि ही साधन है। वैज्ञानिक विश्लेषण करने पर ज्ञात हो सकता है कि किस ऊंचाई–निचाई के स्वर का क्या प्रभाव पड़ता है। वह स्वर सापेक्ष होते हैं। प्रत्येक राग में स्वर लगाने के भिन्न प्रकार होते हैं। अलग–अलग स्वरों के प्रयोग से, स्वरों के परस्पर संयोग से, कोमल और तीव्र स्वरों वाले रागों से भिन्न–भिन्न रस की उत्पत्ति होती है ।

शुद्ध स्वरों वाले राग शान्त और गम्भीर रस के अनुकूल होते हैं, जैसे भूपाली, बिलावल आदि । दो मध्यम वाले राग प्रायः श्रृंगार रस के होते हैं– जैसे छायानट, बिहाग, श्यामकल्याण आदि । कोमल ऋषभ–धैवत वाले राग प्रायः भक्ति रस–प्रधान होते हैं– जैसे भैरव, कालिंगड़ा इत्यादि। ग–ध–नी कोमल स्वर वाले राग प्रायः वीर रस–प्रधान माने जाते हैं, पर इसका अपवाद भी है। मालकौंस में वीर रस की अपेक्षा श्रृंगार रस की बंदिशें अधिक मिलती हैं, जैसे– 'मुख मोड़ मोड़ मुस्कात जात', 'कोयलिया बोले अंबुवा की डाल पर', 'ऋतु बसंत को देत संदेसवा' आदि। मालकौंस में वीर रस की रचनाएँ भी हैं ।

स्थाई : भेरी बजी संग्राम की, चहूँ ओर से गूँजी दिशाएँ ।

अंतरा : आकाश में रण रैम छायो, भयभीत हो रिपु काँप जाये।

अर्थात् शब्द काव्य–योजना के अनुसार भी रस का आर्विभाव होता है–

आज राग–रस संबंधी अनेक विचारधाराएं विचारणीय हैं–

1. राग का रस निश्चित है।
2. एक ही राग के अनेक रस हैं।
3. एक ही राग से अनेक रस–निर्माण हो सकत हैं।
4. राग का रस से कोई संबंध नहीं, रस काव्य का विषय है।
5. राग–गायन का मन पर जो परिणाम होता है, वह नाद मोह है। वह अवर्चनीय व अवर्णनीय है।

अव उपरोक्त विचारधाराओं का विश्लेषण करते हैं–

1. राग का रस निश्चित है– राग के स्वर–संधान से, समयानुसार निश्चित ऋतु में महफिल

योग्य वातावरण देखकर अपनी व श्रोताओं की मनस्थिति समझकर, निश्चित ग्रह, अंश, न्यास, अल्पत्व–बहुत्व, मींड, गमक आन्दोलन, रागांग, दर्शक, स्वरसंगति, स्वर उच्चारण शैली, कण प्रयोग, राग चलन वैशिष्ट्य, शुद्ध स्वर सन्निवेश, सुयोग्य तालयुक्त गाया जाये तो रस अवश्य उत्पन्न होगा।

समयानुसार रागों का चयन कर, उसके योग्य काव्य शब्द हों तो मन पर अवश्य प्रभाव पड़ेगा । समयानुसार मनुष्य के अन्दर विभिन्न प्रकार की भावनाएँ व विचार उठते हैं। प्रातः काल के शान्त वातावरण में मनुष्य का हृदय शान्ति व भक्ति से ओत–प्रोत रहता है, अतः इस समय शान्त व भक्ति रस का राग भैरव, जोगिया आदि राग गाये जाते हैं। सूर्यास्त के समय थके हारे मनुष्य का मन विषाद व वैराग्य से भरा रहता है। उस समय वैराग्यपूर्ण, उपदेश भरे, करूण रस मिश्रित राग श्री, पूर्वी, मारवा आदि राग गाये जाते हैं। रात्रि के प्रथम व द्वितीय प्रहर में मानव मन में श्रृंगारिक भावनाएँ जागृत होती हैं– इस समय श्रृंगार रस–प्रधान राग जैजैवन्ती, बिहाग इत्यादि गाए जाते हैं। हम देखते हैं बड़े मनोवैज्ञानिक आधार पर राग गायन–समय निर्धारित किया गया है।

2. एक ही राग के अनेक रस– संगीत का परिवर्तन जनरूचि पर है। आज अपनी–अपनी स्वयं की कृतियों या बंदिशों में अपनी–अपनी शब्द–योजना कलाकार करने लगे हैं। कभी–कभी एक ही बंदिश को दूसरे राग में भी बांधकर गाते हैं। कभी–कभी एक ही राग में अनेक रसों की विभिन्न कविताएँ बनाकर नई–नई स्वर–संगतियों का समावेश करते हैं। फलस्वरूप राग–स्वरूप पर मतभेद भी होता है।

3. एक ही राग से अनेक रस–निष्पत्ति– इसे करना गायन वादक की कुशलता पर निर्भर है। करूण, वीर पोषक रागों में स्वर, लय की सहायता से श्रृंगार रस का आर्विमाव हो सकता है। मूल रस को न भूलते हुए, पृथक–पृथक स्वर–संगतियों द्वारा लय की सहायता से अनेक रस उत्पन्न करें तो वह 'कलावंत' भी कहलायेगा। पर गायक–वादन क्रिया में कौन से रस में कौन–सा रस मिश्रित करने से प्रभाव पड़ेगा, ध्यान रखना पड़ता है। करूण में हास्य, रौद्र में शान्ति मिश्रण से विसंगति आ जाएगी। हमारे शास्त्रीय संगीत में बहुत से मिश्रराग हैं, जिनमें दो रागों का मिश्रण होता है, उदाहरणार्थ– वसंत बहार, यहाँ दोनों ही राग एक ही प्रकृति के हैं व श्रृंगार रस के द्योतक हैं, पर भैरव बहार में भैरव एक गम्भीर प्रकृति व शान्त रस का है जबकि बहार श्रृंगार रस प्रधान ।

4. रस काव्य का विषय है– संगीत के रागों में काव्य एक घटक होने से राग का संबंध भी रस से है। **कारलाइल ने कहा है**– "कविता संगीतमय विचार है"। ध्वनि व लय का उपयोग कविता व संगीत में समान रूप से होता है। सूरदास के पद अपनी मार्मिक अभिव्यक्ति और कलात्मक शब्द–योजना के कारण ही आह्लादकारी है। उनकी भावानुकूल राग–योजना भी काव्य के भाव–वैभव की समृद्धि में सहायक है।

5. राग गायन का परिणाम व प्रभाव नाद मोह है– राग सुगन्धित पुष्पों के समान है। यद्यपि सुगन्ध से रस निष्पत्ति नहीं होती है, फिर भी मन पर अवर्णनीय प्रभाव पड़ता है। उसी प्रकार राग–गायन में मन पर एक प्रभाव अवश्य पड़ता है। इसे हम नाद मोह कह सकते हैं। पर यह नहीं कहा जा सकता कि वह एक ही रस उत्पन्न करेगा।

रागों में रस–संबंधी तथ्य– इस विषय में कह सकते हैं कि आज रागों का रस निश्चित करने के लिए उनके शुद्ध–विकृत स्वर तथा उनके स्वर–संगतियों द्वारा निश्चित करना साधारण कार्य नहीं, फिर भी हम कह सकतें है कि भैरव का अति कोमल आन्दोलित रे ध तथा दरबारी का अतिकोमल आन्दोलित ग ध गाम्भीर्ययुक्त है। गौड़सारंग व मांड की वक्रता चंचलताद्योतक है। बागेश्री, आभोगी के स्वर मंगलता दर्शाते हैं। देशकार के धेवत, पंचम स्वर तथा पंचम पर न्यास आह्लाद के प्रतीक हैं। तोड़ी अंगवाचक स्वर सा रे ग, रे ग, रे सा करूणा से भरे हैं।

पूरिया, मारवा, सोहनी के स्वर–समान हैं पर अंश स्वर एवं स्थान–भेद मन्द्र, मध्य, तार के कारण गाम्भीर्य व शान्त, मारवा वीरता का पोषक व सोहनी चंचलतायुक्त है। एक ही स्वरावलि होते हुए भी लयभेद से रामकली चपल, भैरव गंभीर व कालिंगड़ा श्रृंगारयुक्त है। शंकरा, अड़ाना, हिंडोल, वीररस युक्त है। जोगिया, कलिंगड़ा करूण रस के हैं। खंभावती, झिंझोटी, खमाज, तिलंग आदि राग श्रृंगार के द्योतक हैं।

अर्थात् यह निश्चित है कि राग का संबंध रस से था और है, पर एक राग से एक ही रस उत्पन्न होना संभव है अथवा अनेक रस उत्पन्न हो सकते हैं, और वे

कौन–से स्वरों व स्वर–संगतियों से उत्पन्न होंगे? यह प्रश्न विचारणीय है ।

भरत काल में भी जाति के रस थे, पर 'षड्जमध्यमा' यही एक जाति ऐसी है, जो अनेक रसों के अनुकूल है, श्रुति–जाति का भी रस से सम्बन्ध था। पर, रागों के सन्दर्भ में इस विषय पर मनन करने से इस संबंध में कुछ तथ्य दृष्टिगोचर होते हैं–

कोमल स्वर कोमल भाव, तीव्र स्वर तीव्र भाव व्यक्त करेंगे पर यदि तीव्र स्वर का उच्चारण मृदुता से करें तो कोमल भाव भी उत्पन्न हो सकते हैं, उसी प्रकार कोमल स्वर मींड आन्दोलनयुक्त स्वर–उच्चारण से गाम्भीर्य; मुर्कियों से चपलता; बोल आलाप, तान जिसमें प्रबल स्वर न हो उससे श्रृंगार; गमक तान से वीरता; स्वर कम्पन व कण सहित मींड से करूण; तानों के गमकयुक्त स्वरों से वीरता तथा प्रौढभाव आदि दर्शाया जा सकता है ।

निष्कर्ष :

राग का रस से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करना अत्यन्त दुष्कर कार्य है। हाँ, भावना जागृत कर इस निर्माण के लिए गाने की शैली उपयुक्त कंठ–स्वर–उच्चारण, गीत शब्द, लय, संगत के वाद्य, हाव–भाव के यथोचित प्रयोग से इसका काफी मा़त्रा में परिपाक हो सकता है।

रस का सागर अथाह है। रागों की संख्या असंख्य है। नित्य नये राग निर्मित हो रहे हैं। राग सुगन्धित, रस–सौन्दर्ययुक्त पुष्पगुच्छ के समान है। रस–सिद्ध–गायक वादक रसिक श्रोता पर एक अवर्णनीय प्रभाव छोड़ देता है। इसी से कहा गया है– "Music, when soft voices die, vibrates in the memory".

इस प्रकार, हमारा संगीत रसोत्पत्ति करने में सक्षम है। राग की अवधारणा से रस का जो प्रताप, जो स्वर निर्झर बहता है, उसके रसमय जलकणों से भींगकर थका हुआ प्राणीरूपी राही अपनी समस्त थकावट को भूल जाता है और उससे जो रसास्वाद होता है, वह उसे मिल सकता है, संगीत में और केवल भारतीय संगीत में ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. जैन रेनू, स्वर और राग
2. पाठक, डा. सुनंदा, हिन्दुस्तानी संगीत में राग की उत्पत्ति एवं विकास
3. चौधुरी विमलाकान्त राय,राग व्याकरण
4. डॉ. राकेश व मधुबाला, संगीत मधुबन
5. सिंह ठाकुर जयदेव, भारतीय संगीत का इतिहास

निर्गुण भक्ति के प्रणेता कबीर दास

मेघना कुमार*

शोध सारांश

भारतीय संस्कृति में अनेक संत हुए जिन्होंने समाज को नई दिशा दी। अपने समय तक प्रचलित व्यवस्था में व्याप्त बुराइयों को अपनी तपश्चर्या के बल से तथा अपने व्यवहार से बदलने का प्रयास किया । इन सुधारवादी संतों में कबीरदास का नाम आता है । कबीर दास ने अपने समय में व्याप्त अनेक बुराइयों को समाप्त करने का प्रयत्न किया । किसी जाति–विशेष को ही भक्ति करने की अर्हता हो, इस बात का खंडन किया । अन्य जातियों के लिए भी भक्ति करने का उपदेश दिया तथा निर्गुण ब्रह्म 'राम' की उपासना का सूत्र समाज के समक्ष रखा ।

सूचक शब्द : *निर्गुण, भक्ति, जुलाहा, रूढ़ि, अस्पृश्य, विरोधाभासी*

शोध प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन के लिए पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं से तथ्य सामग्री एकत्रित करने का प्रयत्न किया गया है ।*

उद्देश्य :

प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन का उद्देश्य कबीर दास तथा उनकी निर्गुण भक्ति को गहराई से समझना है ।

शोष विषय :

भारतीय संस्कृति में संत जनों को विशेष आदर दिया गया है। संत के अंतर्मन में किसी के लिए द्वेष नहीं होता है। संत जन सदैव परहित के लिए क्रियाशील रहते हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसे संतों का भी आविर्भाव हुआ है जिनका मत सबसे अलग तथा विरोधाभासी होने के कारण पूरे जीवन–काल में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा हो। ऐसे ही संतों में से एक हैं कबीर दास। 'कबीर दास ने यद्यपि समस्त मध्यकालीन भारतीय साहित्य को प्रभावित किया था, किन्तु उनके जीवन–सम्बन्धी ऐतिहासिक तथ्यों का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है।'[1]

कबीर दास के जन्म के सम्बन्ध में विद्वान एकमत नहीं हैं। इस सम्बन्ध में अनेक प्रकार की किंवदन्तियां प्रचलित हैं। वाराणसी के लहरतारा तालाब के किनारे नीरू और नीमा नाम के दंपत्ति को एक अबोध बालक मिला जिसे कबीर नाम दिया गया। कबीर हिन्दू की संतान थे अथवा मुसलमान की, यह कहना भी कठिन है। कुछ विद्वान उन्हें हिन्दू मानते हैं, कुछ का मत है कि उनका आविर्भाव हिन्दू तथा मुसलमान माता–पिता से हुआ था एवं कुछ विद्वानों का मत है कि कबीर किसी देवता की सन्तान हैं । कुछ विद्वान ऐसा मानते हैं कि कबीर की दिव्यता को देख कर कहा जा सकता है कि वह किसी संत के कृपा से उद्भूत हुए थे । कबीर दास का जन्म से किसी धर्म विशेष का होना अवश्य प्रमाणित नहीं है किन्तु यह तो सर्वस्वीकार है कि उनका संस्कार हिंन्दू रीति–नीति से हुआ था । कबीर दास के दृश्य जगत के बन्धनों से मन की विरक्ति, केवल गुरु तथा परमात्मा के लिए अटूट तथा अडिग श्रद्धा, सांसारिक कार्यों में अरुचि, तत्कालीन समय हिन्दू तथा मुसलमान के बीच परस्पर द्वेषयुक्त व्यवहार के प्रति असहिष्णुता तथा इन दोनों समुदायों में परस्पर मेल का प्रयत्न, अपनी जड़ अवस्था में पहुँच चुकी धार्मिक रूढ़ियाँ पर प्रहार इत्यादि व्यवहार आकस्मिक अथवा अकारण नहीं थे । इन सभी के मूल में संस्कारों का प्राबल्य था । कबीर दास के जन्म के समय को ले कर भी अनेक विद्वान अलग–अलग मत प्रकाशित करते हैं । अन्य विद्वानों के मत तथा कबीर दास की रचनाओं के सोदाहरण प्रमाण देते हुए उर्वशी सुरती का कथन है – "कबीर दास के जन्म का वर्ष, डॉ. राजकुमार वर्मा के अनुसार, संवत् 1455; श्री ब्रह्मदत्त शर्मा जी के अनुसार, संवत् 1456 तथा रविन्द्र नाथ ठाकुर के Poems of Kabir के अनुसार संवत् 1440 है । कबीर दास की कुछ पंक्तियों के अनुसार उनका जन्म का वर्ष 1425 होना प्रमाणित होता है ।"[2] कबीर दास का जन्म–स्थान काशी होने के सम्बन्ध में अधिकतर विद्वान सहमत हैं । काशी में उद्भूत कबीर दास के पालक

*सहायक आचार्य, गायन विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

माता–पिता की जाति के सम्बन्ध में विद्वानों का मत उनके जुलाहा होने के सम्बन्ध में है । ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार जुलाहा जाति की उत्पत्ति म्लेच्छ पिता तथा कुविंद माता से हुई है । जुलाहा जाति को 'जोला' नाम से भी जाना जाता है । कबीर दास के पालक माता–पिता को कोरी जाति से भी सम्बन्धित माना जाता है । ऐसी मान्यता है कि कोरी जाति नाथ–सम्प्रदाय से प्रभावित थी । उक्त परिवार को 'जोगी' जाति से भी जोड़ा जाता है । इस जाति में हिन्दू धर्म के आश्रम भ्रष्ट लोगों को स्थान दिया जाता था । इस जाति के लोग जुलाहे का व्यवसाय करते थे अथवा स्वयं को गोरखनाथ या भरथरी का अनुयायी बता कर भिक्षाटन कर जीवन–निर्वाह करते थे । हिन्दू धर्म में पथ भ्रष्ट जाति 'जोगी' को नीच तथा अस्पृश्य माना जाता था । आचार्य हजारी प्रसाद दिवेदी का मत है 'कबीर दास ने स्वयं को जुलाहा तो कहा लेकिन मुसलमान नहीं । उन्होंने अपने को हिन्दू या मुसलमान न कह कर दोनों से अलग माना है ।'[3] उक्त कथनों के आधार पर कहा जा सकता है कि कबीर दास जन्म तथा पालक माता–पिता दोनों ही आधार पर तत्कालीन जाति–व्यवस्था के अनुसार भक्ति करने से वंचित रखे जाने की अवस्था में थे । कबीर दास के ज्ञान पिपासा को शांत करने में ये सभी बिंदु रुकावट बने । हिन्दू पाठशालाओं में प्रवेश नहीं मिला क्योंकि हिन्दू धर्म की दृष्टि से वे पथ–भ्रष्ट परिवार के सदस्य थे । इसी प्रकार इस्लाम धर्म के मदरसों में भी प्रवेश नहीं मिला क्योंकि वे पूरी तरह मुसलमान नहीं थे। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, कबीर दास की जाति के सम्बन्ध में लिखते हैं– 'हिन्दू, मुसलमान, योगी, गृहस्थ, साधू, वैष्णव सब थे भी और कुछ भी नहीं थी। कबीर सबके न्यारे थे।'[4] कबीर दास के पिता के मन में अपने पुत्र को शिक्षित करने की लालसा थी किन्तु पूर्वजों के पथभ्रष्ट हिन्दू तथा इस्लाम की ओर आकर्षण ने हिन्दू तथा मुस्लिम दोनों ही धर्म के शिक्षा–केन्द्रों में प्रवेश की निषेधाज्ञा थी। इसके अतिरिक्त कोई अन्य पाठशाला नही थी । अतः इन परिस्थितियों में कबीर दास को अपने पिता से पारिवारिक कारोबार, कपड़े बुनने और उन्हें बेचने की शिक्षा ही प्राप्त हो सकी। कबीर दास की वाणी में कटुता और कठोरता का समावेश शायद समाज के इसी अभिशाप की देन थी। कबीर दास को किसी धर्म की विधिवत शिक्षा तो नहीं मिल सकी किन्तु उनके अंतर्मन में हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही धर्म के त्यौहार, उत्सव, विभिन्न धर्म–ग्रन्थों के विषय और उनकी गहराई को समझने की लालसा बलवती होती रही। अपने मन की इस पिपासा को शांत करने हेतु कबीर दास संतों तथा फकीरों की संगत में रहने लगे। यह सब करते हुए भी कबीर दास के अंतर्मन में दबे हुए हिन्दू–संस्कार ने उन्हें हिन्दू समाज में प्रचलित भक्ति–ज्ञान की ओर प्रेरित किया। कबीरदास सत्संग में लगे रहे तथा कुछ समय बाद तुलसी की माला धारण कर स्वयं को वैष्णव मत का अनुयायी बताया। बाह्याचार को आडम्बर बताने वाले कबीर दास ने अंतर्मन की शुद्धि का विशेष समर्थन किया। अहर्निशी राम–राम जपते रहना, संत जनों के संग बैठना तथा उनके द्वारा ज्ञान तथा चिन्तन के व्याख्यान सुनना तथा संत जनों की सेवा इत्यादि में कबीर दास की इतनी रूचि बढ़ी कि इन सभी को करते हुए वे अपने आजीविका को भूल ही गये थे।

तत्कालीन सार्वजनिक शिक्षा से वंचित रहने पर भी कबीर दास की शिक्षा में दिव्यता झलकती है। पांच वर्ष की अवस्था में ही राम–नाम की दीक्षा लेने वाले कबीर दास कहते हैं–

पांच बरस के जब भये, कासी माझ कबीर।
गरीब दास अजब कला, ज्ञान ध्यान गुण सीर ।।

पांच वर्षों में ही सभी प्रकार के ज्ञान से अभिसिंचित हो जाना अतिशयोक्ति हो सकती है किन्तु कबीर दास की मर्मस्पर्शी दृष्टि, भगवत ज्ञान इत्यादि इस ओर संकेत करते हैं कि यह अतिश्योक्ति नहीं है। कबीर दास का ज्ञान ग्रन्थों का ज्ञान नहीं था। उनका ज्ञान स्वयं के चिन्तन, श्रवण, मनन की सुखद परिणति थी। अपने अनुभूति जनित ज्ञान से संसार को प्रकाशित करने वाले कबीर दास ने स्वयं की सार्वजनिक शिक्षा नहीं होने की प्रमाणिकता अपनी पंक्तियों में देते हैं–

1. मसि कागद छुयो नहीं कलम गह्यो नही हाथ ।
2. बिंदिया न पढ़उ बाद न जानउ ।

पुष्ट मतों के अनुसार कबीर दास ने स्वामी रामानन्द जी से राम–नाम की दीक्षा ली थी । कबीर दास के काव्य में गुरु के प्रति समर्पण तथा गुरु की भक्ति सहज ही देखी जा सकती है । गुरु कृपा से कबीर दास के अंतर्मन में निर्गुण भक्ति का अंकुर प्रस्फुटित हुआ । कबीर दास ने निर्गुण भक्ति की अस्पष्टता को दूर किया तथा

प्रमाणित किया कि निर्गुण ब्रह्म की भी उपासना सम्भाव्य है । चूँकि निर्गुण ब्रह्म अन्तरंग उपासना है अतः इसके लिए शरीर को उस अवस्था तक पहुंचाने के लिए प्राणायाम, योगाभ्यास तथा ध्यान की आवश्यकता को रेखांकित किया गया । कबीर दास जिस राम–राम का जप करते थे, वे निर्गुण राम थे । उन्होंने अपने पदों के माध्यम से निर्गुण राम की उपासना की सलाह दी है –

निर्गुण राम जपहु रे भाई, अविगति की गति लखी न जाई ।
चारि बेद जाके स्मृति पुराना, नौ व्याकरना मर्म ना जाना ।
सेस नाग जाके गरुण समाना, चरण कंवल कंवला नही जाना ।।
कहै कबीर जाकै भेदे नहीं, निज जन बैठे हरि की छाहीं ।।

ज्ञान–मार्ग की परम्परा की निश्चित अवस्था के बाद निर्गुण भक्ति के लक्षण दिखने लगते हैं। भक्ति की प्रधानता वाले ज्ञान–मार्ग में योग का स्वर पार्श्व में हो जाता था अर्थात् गौण हो जाता था तथा ज्ञान से युक्त नैतिकता की प्रधानता रहती थी। 'इसी ज्ञान प्रणव नैतिकता की प्रधानता वाले योग मार्ग के खेत में भक्ति का बीज पड़ने से जो मनोहारी लता प्रस्फुटित हुई उसको ही 'निर्गुण भक्ति मार्ग' नाम दिया गया।'[5] वर्तमान समय में प्रचारित 'संत साहित्य' मूल रूप से निर्गुण भक्ति मार्ग का साहित्य है। 18वीं शताब्दी के उतरार्द्ध में निर्गुण साधना पद्धति का उद्भव हुआ। इस समय भारतीय समाज में भक्ति की दो धाराएं प्रवाहमान हुईं–

1. उच्च जाति से सम्बन्ध रखने वाले भक्त, जो परम्परा में चले आ रहे विश्वास, आस्थाओं, आचार–विचार, व्रत, उपवास आदि को स्वीकार करते हुए उपासना करते थे ।
2. निम्न जाति वर्ग के भक्त, इन लोगों में सामाजिक एवं धार्मिक प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप परम्पराओं के प्रति आक्रोश था । इस वर्ग के भक्तों का मानना था कि किसी भी समय तथा किसी भी स्थिति में भगवान का भजन किया जाय तो मुक्ति सम्भव है ।

एक किंवदन्ती है कि कबीर दास ने तुलसी की माला तथा तिलक लगा कर स्वयं को वैष्णव घोषित कर दिया । स्वयं को स्वामी रामानन्द जी से दीक्षित होने की भी बात को घोषित किया । यह बात स्वामी रामानन्द के शिष्यों ने शिकायत रूप में स्वामी रामानन्द तक पहुंचाई । स्वामी रामानन्द ने कबीर दास को अपने आश्रम में मिलने के लिए बुलाया । कबीर दास के पहुंचने पर उन्होंने पूछा कि तुम हमारे शिष्य कब हुए । इस के प्रति उत्तर में कबीर दास ने कहा कि जब आप से राम–नाम की दीक्षा ली । इस उत्तर से स्वामी रामानन्द बहुत प्रसन्न हुए तथा कबीर दास को निम्न जाति वर्ग के लोगों में भक्ति के प्रचार का आदेश दिया । स्वामी रामानंद का मानना था कि भक्ति–मार्ग द्वारा परमात्मा की प्राप्ति अन्य मार्गों की अपेक्षा सरल है तथा भक्ति कोई भी कर सकता है । स्वामी रामानन्द की ये विचारधारा कबीर दास ने प्रसारित की । कबीर दास कहते हैं –

भक्ति द्रविण उपजी, लाये रामानंद ।
परगट किया कबीर ने, सप्त द्वीप नव खंड ।।

कबीर दास की भक्ति में भगवान के नाम का उच्चारण, पवित्र हृदय तथा मन और सत्संग प्रमुख थे । इसके लिए जाति अथवा समय विशेष आवश्यक नहीं था । निर्गुण निराकार ब्रह्म की उपासना के लिए नाम का आधार आवश्यक था, अतः कबीर दास ने निर्गुण ब्रह्म को 'राम' कहा ।

निर्गुण ब्रह्म के अग्रणीय उपासक तथा बाह्याचारों का विरोध कर अन्य जाति के लोगों को भक्ति का मार्ग दिखाने वाले कबीर दास ने मगहर में अंतिम साँस ली । विभिन्न मतों के अनुसार, देहावसान के समय कबीर दास की आयु 70 से 120 वर्ष के बीच रही होगी । कबीर दास के मृत्यु के बाद इनके हिन्दू तथा मुसलमान अनुयायी भक्त अपनी रीति के अनुसार अंतिम संस्कार करने के लिए लड़ पड़े लेकिन जब शव से चादर उठाया गया तो वहां दो फूल थे । एक को मुसलमानों ने दफना दिया तथा एक फूल का हिन्दुओं ने अग्नि संस्कार किया ।

निष्कर्ष

कबीर दास का जीवन समाज में व्याप्त कुरीतियों से लड़ने उनका खंडन करने में ही व्यतीत हुआ । पहले से चली आ रही परम्परा जो अपने लक्ष्य से भटक कर संकुचित रह गयी थी, का खंडन करते हुए कबीर दास को समाज के भारी विरोध का सामना करना पड़ा । कबीर दास द्वारा भारत के एक विशेष काल खंड के साहित्य तथा समाज को विशेष प्रभावित किया किन्तु वर्तमान समय तक उनके सम्बन्ध में अनेक तथ्यों पर विद्वत समाज का मतैक्य नहीं है । उनके निर्गुण एवं निराकार ब्रह्म का

सिद्धांत अनेक विरोधों के बाद भी जन–सामान्य ने सहजता से स्वीकार किया तथा वर्तमान समय तक इस मत को स्वीकार्यता मिल रही है । उनके द्वारा किये गये कार्य तथा प्रतिपादित सिद्धांत को तत्कालीन परिस्थिति में स्थापित कर सकना सहज नही था । जीवनपर्यन्त भक्ति को पारिभाषित करने वाले संत कबीर को समाज के वर्ग–विशेष से द्वेष मोल लेना पड़ा । कुछ विद्वान ऐसा भी मानते हैं कि यह विरोध इतना बढ़ गया कि कबीर दास को अपने जीवन के अंत समय में काशी को छोड़ना पड़ा । कबीर दास मगहर को अपने निवास के लिए चुना तथा यहीं उनका देहावसान हुआ ।

सन्दर्भ सूची :

1. मौर्या, डॉ0 प्रहलाद, कबीर का सामाजिक दर्शन, पुस्तक संस्थान, कानपुर, 1974, पृष्ठ 25
2. सूरती, उर्वशी, कबीर जीवन और दर्शन, लोक भारतीय प्रकाशन इलाहाबाद, 1980, पृष्ठ 38
3. मिश्र, सुभाष चन्द्र (शोध प्रबंध), भक्ति आन्दोलन और भक्ति काव्य के सन्दर्भ में कबीर की भक्ति का अध्ययन, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, गुजरात 1990, पृष्ठ – 22
4. द्विवेदी, आचार्य हजारी प्रसाद, कबीर, हिंदी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, मुंबई, 1942, पृष्ठ 189
5. वही, पृष्ठ 77

कुमाऊँ की लोक संगीत–परम्परा

कमल जोशी** डॉ. रवि जोशी*

सारांश

मानव सभ्यता के साथ संगीत भी धीरे धीरे विकासोन्मुख हुआ। संगीत न केवल मनोरंजन का साधन था वरन् भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा माध्यम भी बना। लोकसंगीत किसी भी क्षेत्र की विविधता और सांस्कृतिक परिवेश को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। दुनिया–भर में संगीत सभी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह मानव के दैनिक जीवन, समारोह, शोक एवं हर्ष के सभी अवसरों में व्याप्त है। कुमाऊँ का लोक संगीत भी यहाँ के पारंपरिक समारोह और रीति–रवाज एवं आम जन–जीवन का अभिन्न अंग है। गायन, वादन एवं नृत्य तीनों ही कुमाऊँ के लोक संगीत के आधार तत्व हैं। धार्मिक कार्य हों या मनोरंजन, बिना लोक संगीत के अधूरे हैं। प्रस्तुत शोध–पत्र में कुमाऊँ की लोक संगीत–परंपरा की संक्षेप में चर्चा की गई है।

मुख्य शब्द : *लोक, लोकगीत, कुमाऊँ, लोक वाद्य, संगीत, उत्तराखंड*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है ।*

प्रस्तावनाः

कुमाऊँ का लोकसंगीत प्राचीन काल से ही यहाँ के जनजीवन का अभिन्न अंग रहा है। लोकसंगीत जहाँ धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों की दृष्टि से आवश्यक है वहीं कृषि और श्रम के कार्यों में भी अपनी विशेष भूमिका रखता है। कुमाऊँ के लोक संगीत की विविधता तब भी देखने को मिलती है जब फसल, हुड़िकया बोल के गायन के साथ बोयी जाती है, और पहली फसल अपने इष्ट देवता को अर्पित करने की प्रथा भी संगीत के साथ ही संपन्न होती है। कुमाऊँ में "धात" या "धाद" (कुमाऊँनी में 'धाद' का अर्थ ऊँचे स्वर में दूर–दूर तक आवाज लगाना और इसे नगाड़े की सहायता से दूर–दूर तक आवाज पंहुचा कर सन्देश दिया जाता था[1]) लगाने के लिए जहाँ धतिया नगाड़ा बजाया जाता है वहीं देवताओं के आह्वान के लिए देवतारी बाजा विवाह के अवसरों में छलिया बाजा और छलिया नृत्य, कृषि गीत, जागर, घड़ियाला, चौती, ऋतु रैण व मांगल गीतों में संगीत–योजना का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। कुमाऊँ के लोकसंगीत के विभिन्न अध्येताओं ने लोकसंगीत का वर्गीकरण निम्नवत किया है–

(क) डॉ. त्रिलोचन पाण्डे का वर्गीकरण

- (अ) मुक्तक गीत
- (आ) संस्कार गीत
- (इ) ऋतु गीत
- (ई) कृषि गीत
- (उ) देवी देवता, व्रत त्यौहार के गीत
- (ऊ) बालगीत[2]

ख) डॉ. कृष्णानन्द जोशी का वर्गीकरण

- (अ) धार्मिक गीत
- (आ) संस्कार गीत
- (इ) ऋतु गीत
- (ई) कृषि सम्बंधित गीत[3]

ग) डॉ. भवानीदत्त उप्रेती का वर्गीकरण

- (अ) संस्कार गीत
- (आ) स्तुति पूजा और उत्सव गीत
- (इ) ऋतु गीत
- (ई) जातिमूलक गीत
- (उ) व्यवसायमूलक गीत

*सहायक प्राध्यापक, संगीत विभाग, डी. एस. बी. परिसर, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखंड
**शोध छात्र, संगीत विभाग, डी. एस. बी. परिसर, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखंड

(ऊ) बालगीत

(ए) मुक्तक गीत[4]

कुमाऊँ की प्रमुख गेय विधाएं

न्यौलीः

'न्यौली' उत्तराखंड में पाए जाने वाले एक पक्षी का नाम है। कुमाऊँ की लोक कथाओं के अनुसार यह पक्षी अपने प्रेमी से अलग होने या दूर होने पर उदासी भरी आवाज निकालता है। न्यौली एक अनिबद्ध विरह गीत प्रकार है जिसे मुख्य रूप से महिलाएं गाती हैं। कुमाऊँ की महिलाओं का जीवन बहुत कठिन रहा है, इस पीड़ा को कम करने के लिए उन्होंने संगीत का आश्रय लिया। न्योली गीतों को उन्होंने घास काटते समय, जानवर चराते समय एवं अन्य दैनिक जीवन के काम करते समय गाया। न्यौली एक विरह गीत है, जिन गीतों में महिलाओं का दुःख दर्द झलकता है। उदाहरण के लिए –"काट्ना काट्ना पलू औंछ,चौमासी को बन। थामी जांछ बगन्या पानी, नी थामीनू मन।।"[5]

इसमें एक स्त्री अपने मन की व्यथा को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए कह रही है कि 'काटते काटते सावन के वन तो पल्लवित हो गए हैं और बहता हुआ पानी भी थम ही जाता है पर ये मन नहीं रुकता है, ये नहीं थमता'।

न्यौली का गायन आलाप शैली में किया जाता है इनमें दो या चार पंक्तियाँ होती हैं और यह जरुरी नहीं कि पहली पंक्ति का संबंध दूसरी पंक्ति से हो। कुमाऊँनी अंचल में न्योली दो तरह की है– "सोर्याली" और "रीठागाड़ी"। "सोर्याली" पिथौरागढ़ जनपद में एवं "रीठागाड़ी" अल्मोड़ा के रीठागाड़ क्षेत्र में प्रचलित है ।[6]

जोड़

जोड़ का शाब्दिक अर्थ है– 'योग' 'संधि' अथवा "जोड़ना"। अपने व्यापक अर्थ में गेयता की दृष्टि से 'जोड़' का तात्पर्य, गीत की उस पंक्ति से है जो एक समान भाव, लय से मुख्य गीत की एक पंक्ति को दूसरे से जोड़ती है 'जोड़' कहलाती है। कुमाऊँनी गीतों में स्थायी के पश्चात्, अंतरा के रूप में आने वाली पंक्तियों के मध्य "जोड़" गाया जाता है। कुमाऊँ के मेलों में आशुकवि लोकगायक तुरंत जोड़ बनाने की क्षमता भी रखते हैं। जुगल किशोर पेटशाली ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि "जोड़" को गाय चराते समय, पानी लाते समय एवं किसी अन्य दैनिक कार्य के समय भी गाया जा सकता है।[7]

प्रो. देवसिंह पोखरिया के अनुसार जोड़ भी न्यौली गीत विधा के समान ही गीत प्रकार हैं, किन्तु जोड़ में पहला चरण 6 और दूसरा चरण 14 वर्ण का होता है। द्रुत गति से गाये जाने वाले गीत प्रकारों में थोडा विराम देने के लिए जोड़ का प्रयोग किया जाता है। जोड़ मुख्यतः प्रमुख गायक द्वारा गाया जाता है जिसमें संगति के लिए प्रायः "हुड़का'' नामक अवनद्ध वाद्य का प्रयोग होता है। जोड़ की समाप्ति पर सहगायकों का समूह पुनः मुख्य लोकगीत में जुड़ जाता है। जोड़ का उदाहरण– "दातुले की धार दातुले की धार, बीच गंगा छोड़ी गैय्ये नै वार नै पार" ।

चांचरी

'चांचरी' को कुमाऊँ का जातीय नृत्य भी कहा जाता है। चांचरी को झोडे का प्राचीनतम रूप भी माना गया है। चांचरी में पदक्रमों का विशेष ध्यान रखा जाता है। धार्मिक गीतों से इतर चांचरी में श्रृंगार रस के गीतों की प्रधानता रहती है। प्रो. देव सिंह पोखरिया चांचरी को संस्कृत के चर्चरी शब्द से विकसित मानते हैं।[8] कालिदास के नाटक में चर्चरी शब्द का उल्लेख मिलता है।[9] पूर्वी कुमाऊँ (सीरा, सोर, मुनस्यार, अस्कोट और काली कुमाऊँ) में इसे 'खेल' भी कहते हैं। चांचरी अक्सर मेलों और त्योहारों के सामूहिक नृत्य गीत हैं। चांचरी गीत वृत्त एवं अर्धवृत निर्मित करके गाए जाते हैं। वृत्त के मध्य में एक मुख्य गायक रहता है जिसे चंचरिया, दुहरिया, जिल्लेदार या पद्यार कहा जाता है।[10] चांचरी में स्त्री और पुरुष दोनों की भागीदारी रहती है। चांचरी का एक उदाहरण निम्नवत है–

"कम्ला ग्यूं खेत जन् जाये, छोटी ग्यूं बाली टुटली।
कम्ला सन्मुख जन् जाये, छोरी पिरदा टुटली ।।
कम्ला सोर की सड़क मनी ओड़ की चीन छ।
छोरी सुवा का सिरान पनी सुनु की बीन छ ।।"[11]

झोड़ा

झोड़ा कुमाऊँ का एक प्रमुख धार्मिक गीत प्रकार हैं जिसे कुमाऊँ में गोल घेरे या अर्धवृत में गाने का प्रचलन है। प्रो.पोखरिया के अनुसार झोड़े दो प्रकार के होते हैं एक

मुक्तक और दूसरा प्रबंधात्मक (कथात्मक)।[12] झोड़ा नाम को लेकर कुमाऊँनी साहित्य के विद्वानों के अलग अलग मत हैं। कुछ अध्येता इसे संस्कृत के "झटित" शब्द से सम्बंधित बताते हैं और मानते हैं, कि झोडे में पग संचालन और लय दोनों ही द्रुत रहते हैं और कुछ विद्वान झुल्ला शब्द को झोड़ा की उत्पत्ति मानते हैं। प्रो. पोखरिया ने इसे जोड़ शब्द माना है।[13] पूर्वी कुमाऊँ और सिरा परगने में झोड़ा गायन में मुख्यतः भक्तिप्रधान गीत गाये जाते हैं। झोड़ा गायन प्रायः मंदिर प्रांगण में होता है।

"ओहो, गोरी गंगा भागीरथी को, के भल रेवाड़ा।
ओहो खोल दे माता खोल भवानी धार में केवाड़ा।।
आहा के ल्लै रै छ भेट पहोंडा, के खोलूँ केवाड़ा।
ओहो, द्वी जोंया का लाखा ल्लै रयूँ, खोल दें केवाड़ा।।"

छपेली

छपेली चंचल एवं गतिपूर्ण लोकगीत है। यह एक नृत्य गीत के रूप में प्रचलित है। लोकोत्सवों, विवाह, या अन्य मेलों आदि के अवसर पर इन नृत्य गीतों को देखा जा सकता है। छपेली में एक मुख्य गायक होता है। शेष समूह के लोग उस गायक का अनुकरण करते हैं। स्त्री–पुरुष मिलकर छपेली गाते हैं। नर्तक स्त्रियों के आभूषण पहनकर नृत्य करता है। स्त्री वेशधारी पुरुष और अन्य नर्तक प्रायः गायक भी होते हैं। इस गीत में एक मुख्य गायक होता है, जो प्रायः हुड़के की थाप पर गीत की कड़ियों को जोड़ता जाता है। गीत की अंतिम पंक्ति टेकपद होती है, जिसे सहगायक दुराहते हैं और नर्तक नृत्य करते हैं। गीत के टेकपद भिन्न–भिन्न नृत्यक्रम की मुद्राओं पर आधारित होते हैं। छपेली प्रेम और श्रृंगार प्रधान नृत्यगीत है। छपेली में हस्त–संचालन के अनुरूप पदक्रम भी सुनिश्चित रहता है। झोड़ा, चांचरी आदि नृत्यगीतों की अपेक्षा इसमें अंग–संचालन, भाव–भंगिमाओं का प्रदर्शन और अनुभवों के प्रदर्शन में अधिक उन्मुक्तता और स्वच्छंदता रहती है। इस नृत्य में मुख्य वाद्ययंत्र के रूप में हुड़का और सहायक वाद्ययंत्रों के रूप में मसकबीन, बांसुरी और मंजीरा इत्यादि वाद्य बजाए जाते हैं।[14]

मांगलिक गीत / फाग

विभिन्न संस्कारों में गाये जाने वाले मंगल गीत को 'फाग' कहा जाता है जिन्हें उत्तराखंड के कुमाऊँ में "शकुनाखर" कहा जाता है। शकुनाखर से तात्पर्य "शुभ" या "शकुन" के "अक्षरों" से है। फाग स्त्री प्रधान गीत हैं विभिन्न शकुन के अवसरों पर स्त्रियाँ कानों में हाथ लगाये इन गीतों को गातीं हैं। संस्कारों की विभिन्नता के साथ फाग गीतों में भी विविधता देखने को मिलती है जीवन के हर कर्मकांड हेतु गीत निश्चित हैं जिसे महिलाओं द्वारा समूह में गाया जाता है। गीत गाने वाली इन महिलाओं को "गिदार" (अर्थात गीत गाने वाली महिलाऐं) कहा जाता है। जिस परिवार में शुभ अवसर होता है तो गिदार उस परिवार के व्यक्तियों के नाम का उल्लेख और उनकी शुभ फल की कामना भी करती हैं।

होली

होली उत्तराखंड का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है । हालॉकि होली मूलतः ब्रज की है पर भारत के सभी प्रदेशों में समान रूप से मनाई जाती है। कुमाऊँ में होली का एक अलग रूप देखने को मिलता है जहाँ ब्रज और पहाड़ दोनों की सांस्कृतिक छठा देखने को मिलती है। "माना जाता है कि 16 वीं सदी में राजा कल्याण चंद के समय कुमाऊँ में होली गायन आरम्भ हुआ। कुमाऊँ के नरेश उघोतचंद ने अपने महल में सन् 1697 को दशहरे का महल बनाया जहाँ दशहरे के दिन राजसभा होती थी"।[15] कुमाऊँ में होली के तीन भेद हैं– (1) खड़ी होली (2) बैठकी होली (3) महिला होली। खड़ी होली आंगन में और रास्ते में चलते हुए सामूहिक तौर पर गायी जाती है। काली कुमाऊँ (चम्पावत और लोहाघाट) में खड़ी होली में अधिकतर खड़ी बोली के शब्द सुनाई देते हैं। जैसे 'जोगी आयो शहर में व्योपारी' लेकिन पश्चिमी कुमाऊँ और कुछ पूर्वी कुमाऊँ जैसे सीरा और मुनस्यार में होली में भी झोडे और चांचरी की गायकी देखने को मिलती है। कुमाऊँ में पौष महीने के पहले इतवार से पुरुषों की होली गायन का आयोजन शुरू हो जाता है जिसमें विष्णुपदी व निर्गुण भक्ति की होली बैठकों का आयोजन हो जाता है और बसंत पंचमी के बाद श्रृंगार रस की होली गायन किया जाता है, जिनमें शास्त्रीय संगीत के अनेक राग–रागिनियों में बद्ध होली–गायन सुनने को मिलते हैं।

बालगीत

बच्चों से सम्बंधित गीतों को 'बालगीत' कहा जाता है। बच्चों को लुभाने और उन्हें अपने समाज की जानकारी देने के लिए बालगीतों का प्रयोग किया गया

क्योंकि बच्चे लय में अपने आस–पास के माहौल को जल्दी समझते हैं। एक बालगीत गीत जिसे महिलाएँ सातूं–आठु पर्व में भी गातीं हैं–

"हल्लोरी बाला हल्लोरी, तेरी इजू पालुरी घास जै रै छ। घास काटी ल्याली फिर दूध पिलाली, हल्लोरी बाला हल्लोरी"।।[16]

बैर

'बैर'से तात्पर्य है 'द्वन्द्व' अथवा 'संघर्ष'। यह प्रश्नोत्तर शैली में होने वाली अनुपम गीतात्मक प्रतिद्वंदता है। गायकों के बीच यह बैर–भाव केवल प्रश्नोत्तर काल अथवा गीतों की अवधि तक ही सीमित रहता है। उत्सवों, मेलों आदि में गायकों द्वारा इस गीत शैली का आयोजन किया जाता है। सारा जन समूह श्रोता बनकर गायकों की जय पराजय देखने बैठा रहता है। कोई भी बैर गायक अर्थात 'बैरिया' किसी भी विषय, दृश्य, घटना या प्रसंग को लेकर गीत प्रारम्भ करता है और गीतों में ही दूसरे बैरियों से प्रश्न पूछ देता है। श्रोताओं की मंडली के बीच कई बैरिये एकत्रित रहते हैं। दूसरा 'बैरिया' अपने स्थान पर खड़ा होकर पहले के प्रश्न का उत्तर देते हुए अपना प्रश्न पूछ लेता है। प्रश्न– उत्तर का यह क्रम अबाध गति से चलता रहता है। इसमें गायक को अपनी प्रतिभा– प्रदर्शन का पूर्ण अवसर मिलता है। बैर गीतों के साथ किसी भी वाद्य–यंत्र का प्रयोग नहीं होता है।

कुमाऊँ का पारंपरिक वाद्य संगीत

कुमाऊँ के लोक वाद्य में चर्म वाद्य, अवनद्ध वाद्य, शुषिर वाद्य, तत वाद्य और घन वाद्य चारों का समावेश है। विभिन्न अवसरों पर ये लोक वाद्य हमारे समाज को संगीतमय और उल्लासमय बनाते आये हैं। ढोल बनाने के लिए बैल की खाल का प्रयोग किया जाता है वहीं अच्छा हुड़का बनाने के लिए लंगूर की खाल प्रयोग में लायी जाती है। जुगल किशोर पेठशाली के अनुसार वाद्यों के प्रकार

1. अवनद्ध वाद्य – ढोल, हुड़का, ढोलक, डौंर।
2. शुषिर वाद्य – बांसुरी, जौंल्या मुरूली, तुरही, रणसिंह, तुरही, शंख, मशकबीन।
3. तत् वाद्य – सारंगी, एकतारा
4. घन वाद्य – कांसे की थाली, बिणई, झांझ

कुमाऊँ के प्रमुख लोक वाद्य

ढोल

यह उत्तराखण्ड के सबसे प्राचीन और लोकप्रिय वाद्ययंत्रों में शामिल हैं, इन्हें मंगल वाद्य के नाम से भी जाना जाता है। जनश्रुति है कि प्रारम्भ में युद्ध के मैदानों में सैनिकों के कुशल नेतृत्व एवं उनके उत्साहवर्धन करने के लिए इनका उपयोग किया जाता था और फिर यह कला युद्ध के मैदानों से लोगों के सामाजिक जीवन में प्रवेश करते चली गई, अंततः यह शुभ कार्यों के आगमन का प्रतीक बन गई। आईन–ए–अकबरी में पहली बार ढोल के संदर्भ में वर्णन मिलता है अर्थात् यह कहा जा सकता हैं कि 16वीं शताब्दी के आसपास ढोल की शुरुआत पहली बार की गई थी। ढोल ताम्बे और साल की लकड़ी से बना होता है। इसके बाएं तरफ बकरी की और दाएं तरफ भैंस या बाहरसिंगा की खाल होती है। यह एक तरफ से लकड़ी की छड़ी और दूसरी तरफ से हाथ से बजाया जाता है।

दमाऊ

दमाऊ भी कुमाऊँ का प्राचीन वाद्य है, कुमाऊँ में यह ढोल से ज्यादा प्रचलित है। उत्तराखंड की हर परंपरा में खास भूमिका निभाने वाले ढोल–दमाऊ को लेकर दंतकथाओं में कहा गया है कि इसकी उत्पत्ति शिव के डमरू से हुई है, जिसे सबसे पहले भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। कहा जाता है कि जब भगवान शिव इसे सुना रहे थे, तो वहां मौजूद एक गण ने इसे मन में याद कर लिया था। तब से ही यह परंपरा पीढ़ी–दर–पीढ़ी मौखिक रूप से चली आ रही है। दमाऊ तांबे का बना हुआ एक फुट व्यास तथा 8 इंच गहरे कटोरे के समान होता है। इसमें भैंस की खाल का प्रयोग किया जाता है। इसे ढोल की तरह बार–बार कसने की आवश्यकता नहीं होती है।

हुड़का

कुमाऊँ के विभिन्न उत्सवों, मेलों स्थानीय देवी–देवताओं के जागर, लोक गीतों और लोक नृत्यों में सर्वाधिक प्रयोग होने वाला वाद्य है। यह लकड़ी का बना और अंदर से खोखला होता है और दोनों सिरों पर बकरी के आमाशय की झिल्ली मढ़कर आपस में एक डोरी से

कस दिया जाता है। कुमाऊँ में हुड़का जागर लगाने का मुख्य वाद्य है। हुड़का बनाने के लिए आमतौर पर खिन और बरों की लकड़ी प्रयोग में लायी जाती है। खिन की लकड़ी से बने हुड़के के बारे में एक कहावत है–"खिनौक हो हुडुक, दैन पुड हो बनारौक, बौं पुड हो लंगुरौक, जबत कै तौ हुडुक बजौल, उ इलाकाक डंगरी बिन न्युतियै नाचण लागाल"[17] अर्थात् खिन की लकड़ी की बनी नाली हो। दायीं पुड़ी बंदर और बांयी पुड़ी लंगूर के खाल की हो। जिस समय भी वो हुड़का बजेगा तो उस जगह के सारे डंगरीये बिना निमंत्रण के ही नाचने लगेंगे।

डौंर

डौंर मांगलिक कार्यों, जागा–जागरों एवं उल्लास के अवसरों पर प्रयोग होने वाला वाद्य है। यह भी हुडके के समान पर उससे थोडा बड़ा वाद्य है जिसे एक ओर लकड़ी के सोंठे से और दूसरी ओर हाथ से बजाया जाता है। कुमाऊँ में इसका प्रचलन हुड़के की तुलना में कम है पर गढ़वाल में देवी–देवताओं के आह्वान के लिए डौंर का ही प्रयोग सर्वाधिक किया जाता है। इसका आकार चपटे डमरुनुमा–सा होता है जो सानण अथवा खमिर की लकड़ी का बना होता है। दोनों सिरों पर घुरड़ कांकड़ और बकरे के चमड़े मढ़े होते हैं। डौंर पर अधिकतर घन्याली लगायी जाती है। घन्याली परियों को नचाने के लिए लगायी जाती है।[18]

मसकबीन

मसकबीन (Bagpipe) मूलतः स्कॉटलैंड का वाद्य है जो अंग्रेजों के माध्यम से उत्तराखंड पहुंचा।[19] हालिया कुछ 100 दशकों पूर्व ही मसकबीन भी उत्तराखंड की संस्कृति में शामिल हुई और अब उत्तराखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग बन गयी है। मसकबीन के बिना उत्तराखंड का संगीत अधूरा–सा है। वर्तमान में मसकबीन छलिया नृत्य और कुमाऊँ एवं गढ़वाल रेजिमेंट के फौजियों द्वारा बजाया जाता है। मसकबीन का मुख्य भाग चमड़े का थैलीनुमा मसक होता है। इस मसक में पांच छेद कर चार में पिपरियां लगा दी जाती हैं और एक छेद में नाली जो मसक में हवा भरने का काम करती है। मसक को बजाते समय बगल से दबाया जाता है जिससे प्रेशर में हवा पिपरियों में जाती है।[20]

रणसिंग

हमारे प्राचीन ग्रंथों में रणसिंग बजाने का उल्लेख मिलता है, जिसे किसी युद्ध में विजय के दौरान हर्षोल्लास के लिए बजाया जाता रहा है। तांबे से बना यह वाद्य आज भी अपने पौराणिक स्वरुप में विद्यमान है। शादी बारात के दौरान इसे ढोल–दमुवे के साथ बजाया जाता है। इसे बजाने के लिए फेफड़ों में जान और मुँह के अंदर पर्याप्त वायु और स्वाँस का नियंत्रण चाहिए।

तुरही

यह एक प्राचीन और बहुप्रचलित लोक वाद्य है जो तांबे की धातु का बना होता है और मुँह से हवा भरकर बजाया जाता है। सामंती काल में युद्ध भूमि की ओर बढ़ते हुए और वीरों के उत्साहवर्धन के लिए तुरही का प्रयोग किया जाता था। वर्तमान में तुरही शादी बारातों और छलिया नृत्य के साथ सर्वाधिक प्रयोग में लाया जाने वाला वाद्य है।

नागफणी

यह तांबे का बना और तुरही की तरह का वाद्य है पर इसकी आकृति नाग जैसी होती है, इसलिए इसे नागफणी कहते हैं। यह वाद्य तुरही की तरह लम्बा न होकर डेढ़ से 2 फुट का ही होता है। यह एक सहायक और कम प्रचलित वाद्य है। मंगल कार्यों के दौरान इसे बजाने की प्रथा है।[21]

जौंयां मुरूली

जौंयां शब्द हिंदी के जुड़वा शब्द का ही कुमाऊँनी रूप है। इस लोक वाद्य में 2 मुरुलियां जुडी रहती हैं रिंगाल के तने से बनने वाली जौंया मुरूली को लोग पहाड़ों में मार्ग लंबा होने पर चलते समय बजाया करते थे। राजूला मालूसाही लोकगाथा में भी इसे बजाया जाता है। इस वाद्ययंत्र की खास बात है कि इसमें रंगीली धुन, बैरागी धुन, उदासी धुन और जंगली चार प्रकार की धुनें ही बजाई जाती हैं।[22]

बिणाई

बिणाई मुख्यतः ग्रामीण महिलाओं द्वारा बजाया जाने वाला लोक वाद्य है। बिणाई का प्रयोग युवक–युवतियां, स्त्री–पुरुष विरह वेदना व्यक्त करने के लिए करते हैं।

बिणाई लोहे से बना एक छोटा–सा वाद्य है जिसे उसके दोनों सिरों को दांत में रखकर मुह के अंदर और बाहर आती वायु के दबाव से बजाया जाता है। इन दोनों सिरों के बीच एक पतली लोहे की झिल्ली होती है जिसे हाथ से कम्पन किया जाता है। स्वांस लेने और छोड़ने से और बिणाई की झिल्ली में कम्पन से आवाज में विविधता आती है। आमतौर पर बिणाई एक ही स्वर देता है।

कांसे की थाली

कांसे की थाली का प्रयोग कुमाऊँ में हुड़के के साथ सहायक लोक वाद्य के रूप में किया जाता है। स्थानीय बोली में इसे कंसासुरी थाली भी कहते हैं। लोक मान्यताओं के अनुसार कांसे में कंस का वास होता है और कंस की प्रवृति आसुरी थी इसलिए इसे (कंसआसुरी) कंसासुरी थाल कहा जाता है।[23] सहायक वाद्य के रूप में कांसे की थाली का प्रयोग सिर्फ जागरों में ही किया जाता है। देवताओं और भूतों को जगाने के लिए जिस समय भारत गाया जाता है उस समय सहायक वाद्य के रूप में हुड़के के साथ कांसे की थाली बजायी जाती है। हुड़के की थाप में इसे पद्म (पयां) की लकड़ी के पतले तनों (सोठों) से बजाया जाता है।

सारंगी

यूं तो शास्त्रीय संगीत में बहुत प्रचलित सारंगी की आवाज के सभी दीवाने हैं जिसके बगैर शास्त्रीय गायन और एकल तबला–वादन अधूरा–सा है लेकिन कुछ 3 या 4 दशकों से कुमाऊँ में सारंगी के प्रयोग में कमी देखी गयी है। पलायन और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से जो रितुरैण नए साल के आगमन पर मीरासियों द्वारा सारंगी की संगत के साथ गायी जाती थीं वो अब विलुप्त–सी हो गयी हैं। इसका कारण मीरासियों के शोषण और उन्हें समाज में जगह न मिलने की हो सकती है। सारंगी भारत का एक अति मधुर और प्राचीनतम वाद्य है। यह गज से बजाने वाले वितत वाद्य के अंतर्गत आता है।

निष्कर्ष :

निष्कर्षतः उपर्युक्त शोध–पत्र में कुमाऊँ के लोक संगीत और वाद्य–यंत्रों के लोक जीवन में प्रयोग के आधार पर यह कहना सुनिश्चित होगा की कुमाऊँ क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध है। लोक गीत एवं लोक वाद्य जन मानस के हर एक कार्य से जुड़े हुए हैं। कुमाऊँ की लोक संस्कृति में एक ओर गायन, वादन एवं नृत्य तीनों का समावेश है और वहीं दूसरी ओर स्त्रियों और पुरुष दोनों की भागीदारी रहती है। लोकसंगीत की गायन और वादन विधाओं में विविधता भी देखने को मिलती है। समयचक्र के साथ लोक संगीत में परिवर्तन आये हैं, जो परिवर्तन आगे भी निरंतर होते रहेंगे पर आज के जनमानस का दायित्व यह बनता है की वह लोक संगीत की आत्मा और मौलिकता को बरकरार रखने में अपना योगदान दें।

संदर्भ सूची :

1. पेटशाली जुगल किशोर, उत्तराँचल के लोक वाद्य, पृष्ठ– 107
2. पाण्डेय, डॉ. त्रिलोचन, कुमाऊँ का लोक साहित्य, पृष्ठ –74
3. जोशी, डॉ. कृष्णानन्द, कुमाऊँ का लोक साहित्य, पृष्ठ – 13
4. उप्रेती, डॉ. भवानी दत्त, कुमाऊँनी लोक साहित्य तथा गीतकार, पृष्ठ –16
5. पोखरिया, देव सिंह, 2009, उत्तराखंड लोक संस्कृति और साहित्य, पृष्ठ–344
6. तथैव
7. साक्षात्कार, जुगल किशोर पेटशाली, 12 नवम्बर 2022
8. पोखरिया, देव सिंह, उत्तराखंड लोक संस्कृति और साहित्य, पृष्ठ–331
9. घिल्डियाल, अच्युतानंद (सं), कालिदास ग्रंथावली, कालिदास, भारतीय प्राच्य विधा शोध संस्थान वाराणसी
10. पोखरिया, देव सिंह, उत्तराखंड लोक संस्कृति और साहित्य, पृष्ठ–332
11. तथैव, पृष्ठ–346
12. तथैव, पृष्ठ–328
13. तथैव
14. तथैव
15. https://amritvichar.com/there-is-a-rich-tradition-of-holi-singing-in-kumaon-ustad-amanat-hussain-is-considered-the-father-of-kumaoni-classical-holi/
16. पन्त, हेम, घुघूति बासूति, उत्तराखंड के पारंपरिक बालगीत, पृष्ठ–06
17. पेटशाली, जुगल किशोर, उत्तराँचल के लोक वाद्य, पृष्ठ–52
18. तथैव, पृष्ठ–69
19. पोखरिया, देव सिंह, उत्तराखंड लोक संस्कृति और साहित्य, पृष्ठ–341
20. पेटशाली, जुगल किशोर, उत्तराँचल के लोक वाद्य, पृष्ठ–135
21. तथैव, पृष्ठ–127

22. तथैव, पृष्ठ–118
23. तथैव, पृष्ठ–30

सन्दर्भ ग्रन्थ :

1. कालिदास ग्रंथावली, कालिदास, सं अच्चुतानंद घिल्डियाल, भारतीय प्राच्य विधा शोध संस्थान वाराणसी।
2. पोखरिया, देव सिंह, 1994, लोक संस्कृति के विविध आयाम मध्य हिमालय के सन्दर्भ मेंय अल्मोड़ा, श्री अल्मोड़ा बुक डीपो।
3. पोखरिया, देव सिंह, 2009, उत्तराखंड लोक संस्कृति और साहित्य, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया।
4. जोशी, कृष्णानंद, 1971, कुमाऊँ का लोक साहित्य, प्रकाश बुक डिपो, बरैली।
5. पेटशाली, जुगल किशोर/कुंजवाल लता, 2003, कुमाऊँ के संस्कार गीत, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. पेटशाली, जुगल किशोर, 2007, उत्तराँचल के लोक वाद्य, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. तिवारी, ज्योति, 2002, कुमाऊँनी लोकगीत तथा संगीतः शास्त्रीय परिवेश।
8. रावत,नैन सिंह, 1986, जोहार के स्वर, लोक कला केंद्र दरकोट, मुन्स्यारी (पिथौरागढ़)।
9. जोशी, दिनेश, 1988, कुमाऊँनी लोकगीतों में पर्यावरण शिक्षा, हिमालयन अध्ययन केंद्र, पिथौरागढ़।
10. नाथूराम, उप्रेती, 1977 , कुमाऊँनी की लोक कला, कुमाउनी संस्कृति, रुद्रपुर, उपयोगी प्रकाशन।
11. पाण्डेय, त्रिलोचन, 1979, कुमाऊँ का लोक साहित्य, अल्मोड़ा बुक डीपो, अल्मोड़ा।
12. उप्रेती, भवानी दत्त, कुमाऊँनी लोक साहित्य तथा गीतकार।
13. पन्त, हेम, 2022, घुघूति बासूति, उत्तराखंड के पारंपरिक बालगीत, समय साक्ष्य, देहरादून।

यूजीसी–केयर सूचीबद्ध, पिअर रिव्यूड वार्षिक शोध पत्रिका

कालिदास साहित्य में कला–वैभव

डॉ. जी. एल. पाटीदार**

अंकिता आर्य*

शोध–सार

संस्कृत वाङ्मय ज्ञानगंगा का बृहदार्णव है। जहाँ से सहस्त्र ज्ञानधाराएँ उद्गमित एवं प्रवाहित हुई हैं। संस्कृत साहित्य के अनेकानेक अलौकिक एवं अमूल्य ग्रंथों के रचनाकारों में वाल्मीकि, वेदव्यास, अश्वघोष, शूद्रक, भास, कालिदास, भारवि, माघ, हर्ष, बाणभट्ट, सुबंधु, दण्डी आदि लब्धप्रतिष्ठित कवीश्वर हुए है। संस्कृत वाङ्मय–रूपी माला में मोति–रूपी ग्रंथों को अनवरत पिरोया जाता रहा है। अलौकिक एवं समृद्ध संस्कृत साहित्य की श्रेष्ठता व भावात्मकता तो पाश्चात्य विद्वानों को भी भावविभोर कर अपनी ओर आकृष्ट ही करती है। भारतीय संस्कृति की व्यापकता तथा सजीवता का चित्रण साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में मनोरमता से चित्रित किया है। रचनाओं के कथा–कल्पों, प्रसंग–सन्दर्भों में कलाओं के रस–रंग को भी उत्कीर्ण किया है। कला मानव के अरुणोदय से ही भाषायीय रेखाओं को उकेरने का कार्य करती रही है। कालिदास का साहित्य जहाँ काव्यकला की रसता लिए हुए है, वहाँ कला पक्षीय वैभव की भी चित्रकारी करता है। यहाँ कालिदास साहित्य में उत्कीर्ण विविध रूपा कलाओं पर शब्दतुरीय चित्रण के रंग को देखा जा रहा है।

सूचक शब्द : *साहित्य, कला, वाङ्मय, ग्रन्थ*

प्रविधि : *इस शोध–पत्र को तैयार करने में द्वितीयक स्रोतों से सहायता ली गई है ।*

कालिदास का परिचय–

कालिदास संस्कृत साहित्य के महान् कवीश्वर हैं। भारतीय परम्परा के ''कवि–कुल–गुरु'' के रूप में प्रतिष्ठित कालिदास को अलौकिक काव्य प्रतिभा का धनी कहा जाता है। कालिदास को ''कविता कामिनी विलास'' तथा ''दीपशिखा कनिष्ठिकाधिष्ठित'' आदि उपाधियों से विभूषित किया गया हैं। कालिदास विक्रमादित्य के सभारत्न, उज्जयिनी निवासी तथा भगवान शिव के परम भक्त थे। सर विलियम जोन्स ने भी कालिदास को ''भारत का शेक्सपीयर'' कहा है। कालिदास को वेदों, ब्राह्मणों, उपनिषदों, रामायण, महाभारत, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद आदि शास्त्रों का उत्तम ज्ञान था।[1] कालिदास को भारत के प्रदेशों की यात्रा का व्यापक अनुभव था।[2] कालिदास का साहित्य विश्वगौरव को अलंकृत करता है।

महाकवि कालिदास के कृतित्व–

कालिदास की सात रचनाएँ प्राप्त होती हैं, जिनमें महाकाव्य दो हैं– कुमारसम्भव एवं रघुवंश । नाटक तीन हैं– अभिज्ञानशाकुन्तल, मालविकाग्निमित्र एवं विक्रमोर्वशीय। तथा दो खण्डकाव्य– ऋतुसंहार एवं मेघदूत । यहाँ इन शब्द प्रसूति कालिदास साहित्य में ही कला के विविध पहलुओं पर मंथन कर नवनीत प्राप्त करने का यत्न किया जा रहा है।

कला से अभिप्राय–

कलयति उद्भावयति इति कला। 'कला' शब्द की व्युत्पत्ति 'कल्' धातु से होती है जिसका अर्थ है– उत्पन्न करना या निर्माण करना, गिनना, या शब्द करना। ''कल्'' धातु, ''कच्'' प्रत्यय एवं स्त्रीलिंग ''टाप्'' प्रत्यय के संयोजन से निष्पन्न होता है अर्थात् दृश्य या अदृश्य स्थूल या सूक्ष्म वस्तु या भाव से सम्बंधित सौन्दर्यानुभूति साकार होकर व्यक्त रूप में प्रकट होती है, तो उस अभिव्यंजना को ही ''कला'' कहते हैं। कलाएं मानव के लिए चिरकाल से साथ–साथ ही रही हैं। कला न ज्ञान है, न शिल्प, न ही विद्या, कला के माध्यम से ही मानव परमानंद से द्रवीभूत होता है क्योंकि प्रारम्भिक काल से ही मानव सौन्दर्य और प्रकृति का प्रेमी रहा है। यह कला ही मनुष्य के कार्य एवं शक्ति के रूप में प्रकट होती है। कला के स्वरूप व महत्त्व को उद्घाटित करने के लिए साहित्यकारों व इतिहासकारों

*शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)

**एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, एसोसिएट फेलो, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला (हि.प्र.)

के द्वारा अनेक ग्रंथों की रचना हुई है। अमरकोश में शिवदत्त ने 'कला' शब्द की उत्पत्ति 'कद्' धातु से मानते हुए कहा है कि ''क सुखम् लाति इति कलम्'' तथा ''कं आनन्दं लाति इति कला'' अर्थात् प्रसन्न करना ही कला है।[3] मानवीय संवेगों को अभिव्यक्त करने का मूर्तरूप कला ही है । यह देश के सांस्कृतिक विकास को उन्नत, समृद्ध एवं रक्षित करती है।

कला की परिभाषा –

रवीन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार ''जो सत्य और सुन्दर है, वही कला है।'' अरस्तू के अनुसार– ''कला हमारी प्रकृति के सुंदर अनुभवों का अनुकरण है।'' जयशंकर प्रसाद– ''ईश्वर की विक्षिप्तता शक्ति का वह संकुचित रूप जो हमें बोध भाव प्राप्त होता है, वही कला है।'' शतकत्रय के रचनाकार भर्तृहरि ने भी नीतिशतक में व्यक्त किया है कि–

साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुःपुच्छविषाणहीनः ।
तृणं नखान्नपि जीवमानः तद् द्भागधेयं परमं पशूनाम् ।।[4]

अर्थात् जो मनुष्य साहित्य और संगीत से रहित है वह प्रत्यक्ष रूप से बिना सींग व पूँछ वाले पशु के तुल्य है। भर्तृहरि ने भारतीय संस्कृति में कला के महत्त्व को मानव मन में पुनःस्थापित करने का यत्न किया है। संस्कृत साहित्य की प्रवाहिता या धारा वैदिक युग से लेकर वर्तमान युग तक निरंतर प्रवाहित होती रही है। संस्कृत साहित्य में कला उतनी ही प्राचीन है, जितनी मानव की सभ्यता। प्राचीनकाल से धीरे– धीरे अद्यतन काल तक कला का निरंतर विकास होता रहा। कला मानवीय सभ्यता व संस्कृति को उद्घाटित करती है। यह कलादर्पण की भाँति है। क्योंकि यह भारतीय संस्कृति का प्रमाण प्रस्तुत कर देश के विकास में सहायक है। मनुष्य के मन में उत्पन्न होने वाले भावों को अभिव्यक्त या रचनात्मक बनाने का माध्यम कला का विकास ही है। संस्कृति के उत्थापन के लिए साहित्यकला, नृत्यकला, शिल्पकला, चित्रकला, मूर्तिकला, स्थापत्यकला, संगीतकला तथा नाट्यकला अत्यन्त महनीय रही है। यह कला ही देश की संस्कृति के महत्त्व को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। भारतीय दृष्टिकोण से कहा जा सकता है कि ''वेद ही कला का उद्गम है।''

कालिदास साहित्य में कला के विविध आयाम

कालिदास की काव्य–कला से प्रभावित होकर राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि–

''चिरकाल रसाल ही रहा, जिस भावज्ञ कवीन्द्र का कहा ।
जय हो कालिदास की कविता केलि कला–विलास की ।।''

तथा यह भी कहा है कि ''अभिव्यक्ति की कुशल शक्ति या मन के अंतःकरण को सुंदरता के साथ व्यक्त करना ही तो कला है।''[5] कालिदास ने शब्द–चित्रकला, संगीतकला, नृत्यकला, सौन्दर्यकला, स्थापत्यकला, मूर्तिकला, प्रकृतिकला आदि का वर्णन अति रमणीयता के साथ किया है। कवि कुलगुरु कालिदास की रचनाओं में चाहे अलकापुरी का वर्णन हो, चाहे राजाओं के महलों का वर्णन हो, उनकी तूलिका इनके स्थापत्य में उतनी नहीं रमी, जितनी प्रकृति के स्थापत्य में उनकी चेतना आद्यांत संसक्ति लगती है। जैसे– हिमालय की उपत्यकाओं, गुहाओं या वन–क्षेत्र का वर्णन हो। इसीलिए कालिदास ने 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में दुष्यंत के मुंह से यह कहलवाया कि वन की लताओं ने सौंदर्य में राजा की उद्यान की लताओं को पराजित कर दिया है, क्योंकि वन–लता में स्वाभाविकता व नैसर्गिकता होती है। उसी प्रकार प्रकृति के स्थापत्य में पक्षियों का कलरव, झरनों की कलकल, मेघों का वर्षण, हंसों की जलक्रीडा, वन में प्रस्थान करती हुई तथा खुर–न्यास से धूल उड़ाती हुई कामधेनु की पुत्री नंदिनी का चित्र हो या बाण लगने के भय से भागते हुए हिरण का शब्द चित्र हो या यक्षिणी के अपने भवन में विद्यमान सुखद वातावरण का चित्र हो। इस प्रकृति के स्थापत्य में कालिदास का चित्र रमा है, रचा है, बसा है। इसीलिए कहा गया है कि प्रकृति कालिदास की निजी संस्कृति है तथा कालिदास प्रकृति का चतेरा कवि हैं। आगे कालिदास के कलात्मक वैभव को देखा जा सकता है–

(1) नृत्यकला व संगीतकला

समस्त कलाओं में संगीत कला का अपना महनीय महत्त्व है, क्योंकि कला जहाँ उन्नत होती है, वहां ईश्वरावास होता है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है कि ''सामवेदोऽस्मि'' अर्थात् ''वेदों में सामवेद हूँ।'' क्योंकि संगीतमय वेद सामवेद ही है।[6] संगीतकला मनुष्य के मन को आनंदित एवं प्रफुल्लित करती है। अभिनवगुप्त ने भी कहा है कि ''संगीत कं न मोहयेत्'' अर्थात् संगीत किसको मोहित नहीं करता? अतः संगीतकला तो प्रसन्नता उत्पन्न करने वाली होती है।[7] मालविकाग्निमित्र में राजकुमारी मालविका की संगीतकला व नृत्यकला के प्रदर्शन की प्रशंसा की गयी है। वह मालविका संगीत कला में इतनी

प्रवीण या निपुण है कि उसमें सिखाये गये भावों को और अधिक पूर्णता के साथ प्रदर्शित करने की कला विद्यमान है।

यद्यत्प्रयोगविषये भाविकमुपदिश्यते मया तस्यै ।
तत्तद्विशेषकरणात्प्रत्युपदिशतीव मे बाला ।।[8]

मालविका उत्तम कलाकारिणी बतायी गयी है। इसी प्रकार मालविका के समान कौशिकी में नृत्यकला, अभिनयकला एवं संगीतकला में पारंगता को यह पद्य व्यक्त करता है–

अङ्गैरन्तर्निहितवचनः सूचितः सम्यगर्थः
पादन्यासो लयमनुगतस्तन्मयत्वं रसेषु ।
शाखायोनिर्मृदुरभिनयस्तद्विकल्पानुवृत्तौ
भावो भावं नुदति विषयाद्रागवन्धः स एव ।।[9]

मालविका का 'छलिक–नृत्य' जो महारानी धारिणी द्वारा सिखाया गया, वह वर्णित है।[10] मालविकाग्निमित्र के प्रारंभ में ''तदारभ्यतां संगीतकम्।'' ऐसा सूत्रधार द्वारा कहा गया है।[11] मालविकाग्निमित्र में संगीत की तीनों विधाओं गायन, वादन और नृत्य का उल्लेख प्राप्त होता है। मृदंग वाद्य से सम्बंधित संकेत संगीतकला के प्रचलन को दर्शाता है–

जीमूतस्तनितविशङ्किभिर्मयूरैरुद्ग्रीवरनुरसितस्य पुष्करस्य।
निर्ह्रादिन्युपहितमध्यमस्वरोत्था मायूरी मदयति मार्जना मनांसि ।।[12]

मृदंग वाद्य की ध्वनि की भांति मेघ की गर्जना को सुनते हुए मोरों का समूह नभ की ओर दृष्टि डालते है, यह गूंजित ध्वनि जो मध्यम स्वर से उठने वाली मायूरी नामक ध्वनि मदमस्त बनाने वाली है। आचार्य गणदास के द्वारा भी नृत्यकला का भाव प्रकट किया गया है कि ''अद्य नर्तयितास्मि।'' अर्थात् आज मैं नृत्यकला का पण्डित हो गया हूँ।''[13] कालिदास रचित रघुवंश महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में कीचक नामक बांस की बांसुरी द्वारा वनदेवियों द्वारा राजा दिलीप के 'यशोगान का वर्णन[14] तथा कीचक नामक बांस की बांसुरी द्वारा ध्वनित शीतल वायु का वर्णन है।[15] रघुवंश महाकाव्य के तृतीय सर्ग में श्रवण सुख देने वाले वाद्ययंत्रों की ध्वनि तथा वाराङ्गनाओं के नृत्य का उल्लेख मिलता है।[16] रघुवंश महाकाव्य में शङ्ख, तुरही (रघुवंश, 6.9), नगाड़े (रघुवंश, 6.56) आदि वाद्ययंत्रों तथा मयूर, सारसों की वाणी, मन को मोहित कर देने वाली मादकता युक्त ध्वनि का वर्णन है। नृत्यकला की प्राकृतिकता वाले मयूरों के नृत्य का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[17]

कालिदास रचित मेघदूत में हमें शिव के ताण्डव नृत्य[18] का भी संकेत प्राप्त होता है। संगीतशास्त्र से सम्बंधित एकादश प्रकारों वाली मूर्च्छना का स्पष्ट शब्दोल्लेख है।[19] विक्रमोर्वशीयम् में देवगणों की देव अप्सरायें भी संगीत ध्वनि की माधुर्यता के कारण श्रेष्ठ संगीत कला का ज्ञान रखने वाली बतायी गई है।[20] अभिज्ञानशाकुन्तल के षष्ठ सर्ग में चेटी मधुकरिका कामदेव के लिए गीत प्रस्तुत करती है– त्वमसि मया चूताङ्कुर दत्तः कामाय गृहीतधनुषे पथिकजनयुवतिलक्ष्यः पंचाभ्यधिकः शरो भव।[21] अभिज्ञानशाकुन्तलम् के द्वितीय सर्ग में नायक या नायिका के रूप से सम्बंधित सौन्दर्य गान का विवरण मिलता है–

चित्रे निवेश्य परिकल्पितसत्त्वयोगा
रूपोच्चयेन मनसा विधिना कृता नु ।
स्त्रीरत्नसृष्टिरपरा प्रतिभाति सा मे
धातुर्विभुत्वमनुचिन्त्य वपुश्च तस्याः ।।[22]

(2) स्थापत्यकला

महाकवि कालिदास ने रघुवंश में राजाओं के किलों व छः प्रकार के सैन्य बलों का स्पष्ट उल्लेख प्राचीन काल में स्थापत्यकला का संकेत देता है –

गुप्तमूलप्रत्यन्तः स शुद्धपाणिरयान्वितः ।
षड्विधं बलमादाय प्रतस्थे दिग्जिगीषया ।।[23]

रघुवंश के अष्टम सर्ग में दक्षिण समुद्र तट पर स्थित ''गोकर्ण'' नामक स्थल पर नारदजी द्वारा शिवजी की स्तुति के लिए आना, प्राचीन स्थापत्यकला का संकेत प्रस्तुत करता है।[24] रघुवंश के प्रथम सर्ग में महर्षि वशिष्ठ के आश्रम का उल्लेख प्राप्त होता है जो स्थापत्यकला का संकेत देता है।[25] रघुवंश के षष्ठ सर्ग में राजाओं के सभा में बैठने के लिए कीमती एवं रत्नजड़ित सिंहासनों का प्राप्त होना स्थापत्यकला का उदाहरण प्रस्तुत करता है।[26] सोने के सिंहासन का भी उल्लेख है।[27] खंडकाव्य मेघदूत में रामगिरि पर्वत के आश्रमों,[28] उज्जयिनी के महल,[29] शिवजी का महाकाल मंदिर[30], अलकापुरी के गगनचिम्बी महल आदि का वर्णन स्थापत्यकला की प्राचीनता को अभिव्यक्त करता है। तत्समय स्थापत्यकला समृद्धावस्था में प्राप्य थी।

(3) चित्रकला

महाकवि कालिदास के विक्रमोर्वशीय नामक त्रोटक में राजा पुरुरवा द्वारा कल्पना के आधार पर उर्वशी का

चित्र–रचना करने की कला का वर्णन प्राप्त होता है जो चित्रकला की प्राचीनता व प्रसिद्धि को दर्शाता है।[31] मालविकाग्निमित्र में राजा मालविका की सुन्दरता से मंत्रमुग्ध होता हुआ कहता है कि मालविका का चित्र बनाने वाले कलाकार या चित्रकार के द्वारा बनाया गया चित्र इसकी वास्तविक सुन्दरता का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण नहीं कर पाता है अर्थात् वह चित्र से भी अधिक सुंदर दिखाई देती है।[32] साथ ही चित्रकला विषयक अन्य वर्णन भी प्राप्त होता है–

चित्रशालां गता देवी यदा प्रत्यग्रवर्णरागां ।
चित्रलेखा माचार्यस्यालोकयन्तो तिष्ठति ।।[33]

अभिज्ञानशाकुन्तल में भयपूर्वक दौड़ते हुए मृग का अत्यन्त स्वाभाविक एवं मनोरम चित्रण प्रस्तुत किया गया है–

ग्रीवामङ्गाभिरामं मुहुरनुपतति स्यन्दने बद्धदृष्टिः
पश्चार्धेन प्रविष्टः शरपतनभयाद्भूयसा पूर्वकायम्।
दर्भैरर्धावलीढैः श्रमविवृतमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा
पश्योदग्रप्लुतत्वाद्वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति ।।[34]

कालिदास ने नायिकाओं की सुन्दरता का भी चित्रण अत्यंत मनोरम रीति से किया है। कुमारसम्भव में पार्वती का चित्रण हो या अभिज्ञानशाकुन्तल में शकुन्तला का चित्रण या मेघदूत में यक्षिणी का चित्रण या विक्रमोर्वशीय में उर्वशी या मालविकाग्निमित्र में मालविका, इन सभी का शब्दचित्रण सजीवता एवं मानवोचित गुणों से परिपूर्ण चित्रित किया है। कालिदास ने भित्तिचित्रों, फलकचित्रों एवं पटचित्रों का भी उल्लेख किया है।

(4) ज्योतिष

रघुवंशमहाकाव्य में महर्षि वशिष्ठ शकुनशास्त्र के परम ज्ञानी थे, जैसे इस श्लोक से स्पष्ट किया गया है–

अदूरवर्तिनीं सिद्धिं राजन् विगणयात्मनः।
उपस्थितेयं कल्याणी नाम्नि कीर्तित एव यत्।।[35]

अर्थात् कामनाओं को पूर्ण करने वाली धेनु नन्दिनी का एकमात्र दर्शन ही राजा दिलीप को पुत्र की प्राप्ति के लिए शुभ व हितकारी है। रघुवंश में महारानी सुदक्षिणा के राशि में सूर्य उच्च स्थान पर होने पर भी भाग्य–सम्पत्ति को प्राप्त करने वाले पुत्र के उत्पन्न होने का वर्णन है।[36]

काऽप्यभिख्या तयोरासीद् व्रजतोः शुद्धवेषयोः।
हिमनिर्मुक्तयोर्योगे चित्राचन्द्रमसोरिव।।[37]

अर्थात् राजा दिलीप तथा महारानी सुदक्षिणा द्वारा आश्रम जाते समय चित्रा नक्षत्र और चंद्रमा के संयोग के समान ही उनके साथ शोभायुक्त व अवर्णनीय विधा घटित हुई। रघुवंश महाकाव्य में सप्तम सर्ग में ज्योतिष से सम्बंधित उल्लेख प्राप्त होता है कि अश्विनी आदि नक्षत्र ताराएँ, मंगल आदि ग्रह आदि पूर्ण चन्द्र वाली रात ''चांदनी की रात'' होती है।[38] रघुवंश के द्वादश सर्ग में राम के विरोधी शत्रुओं के लिए सूर्पणख का दर्शन हो जाना, उसी प्रकार अपशकुन कहा गया है, जिस प्रकार यात्रा को निकलने पर क्षतिग्रस्त अंग वाले व्यक्ति के दर्शन हो जाना। यह ज्योतिष के विद्या शकुनशास्त्र से सम्बंधित विवरण प्रस्तुत करता है।[39] रघुवंश में पंचम सर्ग में चन्द्रमा की कलाओं का वर्णन ज्योतिष से सम्बंधित।[40] विक्रमोर्वशीयम् त्रोटक में राजा पुरुरवा की तुलना विशाखा नक्षत्र से युक्त चन्द्रमा से किये जाने का विवरण है।[41] इस प्रकार विविध सन्दर्भों से ज्योतिष विज्ञान के सूत्र हमारे सम्मुख उपस्थित होते है, ज्योतिष शास्त्र में जीविका की अधिकाधिक सम्भावनाएँ उपलब्ध हैं। कौशल एवं रोजगार दोनों इसमें प्राप्त कर सकते है।

(5) लेखनकला

विक्रमोर्वशीयम् के द्वितीय सर्ग में प्रेम की सूचना देने के लिए प्रेमी के लिए भोजपत्र पर अक्षरों को अंकित करने का वर्णन है।[42] कुमारसम्भव में भी भोजपत्र पर प्रेमी को प्रेमिका द्वारा प्रेमभाव को लिखकर प्रकट किया जाता है।[43] भोजपत्र या वृक्ष की खाल पर नुकीली लोहे की कील से लिखा जाता था। इस प्रकार की लेखन कला तत्समय उपलब्ध थी ।

(6) मूर्ति कला

रघुवंश महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में भगवान शंकर की अष्ट मूर्ति का उल्लेख मूर्तिकला का उदाहरण प्रस्तुत है–

कैलासगौरं वृषमारुरुक्षोः पादार्पणानुग्रहपूतपृष्ठम् ।
अवेहि मां किङ्करमष्टमूर्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम् ।।[44]

(7) युद्धकला

रघुवंश महाकाव्य में राजा दिलीप के राज्य में चार प्रकार की सेना– अश्व सेना, हाथी सेना, रथ सेना, पैदल सेना राज्य को सुरक्षा प्रदान करने वाले छत्र की

भाँति कार्यरत हैं। जैसा कि वर्णित है–

सेना परिच्छदस्तस्य द्वयमेवार्थसाधनम् ।
शास्त्रेष्वकुण्ठिता बुद्धिमौर्वी धनुषि चातता ।।[45]

इस प्रकार राजा दिलीप का राज्य सशक्त होना युद्ध कला में प्रवीणता तथा तत्परता को सूचित करता है। आज भी वही देश ताकतवर है जिसके पास सैन्य बल या युद्धकला में महारथ प्राप्त है।

शोधात्मक निष्कर्ष–

कालिदास का कला–वैभव शब्दार्थ से भावार्थ एवं आकार से विचार तक के मनस भावों तक का मनोविज्ञानिक भ्रमण एवं रमण चित्रकारीय शैली में करता हुआ दिखाई देता है। कालिदास के समय में कला उत्कर्ष धारण किए हुए थी। विविध कलाओं में कौशल एवं जीविका के संकेत प्राप्य है। आज भी समस्त कलाओं में आजीविका निहित है, कालान्तर में कुछ शिथिलता अवश्य आई है, पर कलाओं की अपनी खूबी है जो हर युग में नवीन कौशल को धारण किये हुए है। मनुष्य अपनी भावनाओं को कलाओं के माध्यम से उद्घाटित एवं अभिव्यक्त करता है। अशाब्दिक भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम यह काव्य विषयक कला ही है। कला के बिना जीवन रसविहीन होता है। यह कला ही मनुष्य को आनंदानुभूति कराती है। कालिदास ने अपनी रचनाओं में नृत्यकला, संगीतकला, नाट्यकला, स्थापत्यकला, युद्धकला, शृंगारकला, काव्यकला, लेखनकला, ज्योतिषज्ञान आदि का मनोरमता से हृदयग्राही वर्णन किया है। कलाएँ मनुष्य के कौशल को उत्कीर्ण करती हैं, फलागम के रूप में जीविका प्रदातृ है कला । कला का संपोषण, संरक्षण, संवर्धन, अभिवर्धन और रक्षण मनुष्य के विकास के लिए सर्वोपरि है। मानव चेतना का विकास कलाओं में निहित है। आओ कलाओं का अभिवर्धन करें।

अलम् इति ।

सन्दर्भ सूची :

1. त्रिपाठी, प्रो. राकेश मणि, संस्कृत साहित्य का मौलिक इतिहास, पृ.सं. 39–40
2. शर्मा, डॉ. उमाशंकर, संस्कृत साहित्य का इतिहास, 2019, पृ. 200
3. शिवदत्त, अमरकोश, पृष्ठ सं. 72
4. नीतिशतक, 12
5. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, पंचम सर्ग
6. श्रीमद्भगवद्गीता, 10.22
7. अभिनवनाट्यशास्त्र, प्रथम खण्ड, पृ० 61
8. मालविकाग्निमित्र, 1.5
9. मालविकाग्निमित्र, 2.8
10. मालविकाग्निमित्र, 1.3
11. मालविकाग्निमित्र, 1.1 के बाद का गद्य
12. मालविकाग्निमित्र,1.21
13. मालविकाग्निमित्र, 2.9 से पहले का गद्य
14. रघुवंश महाकाव्य, 2.12
15. रघुवंश महाकाव्य, 4.73
16. रघुवंश, 3.19
17. रघुवंश, 1.47
18. मेघदूत, 1.39
19. मेघदूत, 2.26
20. विक्रमोर्वशीयम्, 1.3
21. अभिज्ञानशाकुन्तल्, 6.3
22. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, 2.10
23. रघुवंशम्, 4.26
24. रघुवंशम्, 8.33
25. रघुवंशम्, 1.52
26. रघुवंशम्, 6.6
27. रघुवंशम्, 7.28
28. मेघदूत, 1.1
29. मेघदूत, 1.28
30. मेघदूत, 1.37
31. विक्रमोर्वशीय, 2.10
32. मालविकाग्निमित्र, 2.2
33. मालविकाग्निमित्र, 1.3 के बाद का गद्य
34. अभिज्ञानशाकुन्तलम् ,1.17
35. रघुवंशमहाकाव्य, 1.87
36. रघुवंश, 3.13
37. रघुवंशमहाकाव्य, 1.46
38. रघुवंशम्, 7.28
39. रघुवंश, 12.43
40. रघुवंश, 5.16
41. विक्रमोर्वशीयम् ,1.12
42. विक्रमोर्वशीयम्, 2.12 से पहले का गद्य
43. कुमारसम्भव, 1.7
44. रघुवंश, 2.35
45. रघुवंश,1.19

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में किराना घराना

डॉ. सुभाष विश्नोई** **प्रियंका सहवाल***

शोध सार

भारतीय शास्त्रीय संगीत का इतिहास अत्यंत सुविस्तृत तथा सुदीर्घ रहा है। विविध काल–खण्डों में शास्त्रीय संगीत के अध्ययन – अध्यापन के लिए संगठन अथवा कोई ऐसी संरचना अवश्य होती थी जो अबाध रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादन में आने वाली सभी बाधाओं का निराकरण करे तथा समाज के सम्मुख संगीत को नित नूतन बनाने के लिए सदैव तत्पर रहे। उत्तर मध्य काल में घराना पद्धति ने सांगीतिक उत्थान के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। उत्तर भारत में शास्त्रीय संगीत में घराना पद्धति अपने आप में एक अनूठी शैली के रूप में समाज में उद्भूत हुई। संगीत के तीनों ही अंगों गायन, वादन तथा नृत्य में अनेक घराने मिलते हैं। शास्त्रीय गायन के घरानों में किराना घराना को विशिष्ट स्थान प्राप्त है। इस घराने ने शास्त्रीय ख्याल गायन के अंतर्गत अतिविलंबित लय का सफल प्रयोग किया जिसका प्रभाव वर्त्तमान में सभी घरानों पर स्पष्ट रूप से दिखता है। किराना घराने के उद्भव के मूल में उस्ताद बन्दे अली खां साहब का योगदान याद किया जाता है। खां साहब सफल बीनकार थे, अतः किराना गायकी में बीनकारी अंग भी दिखता है। प्रस्तुत शोध–पत्र में किराना घराना की गायन–शैली के विविध तत्वों को रेखांकित किया गया है।

सूचक शब्द : *घराना, गायकी, शास्त्रीय, सुरीलापन, ख्यातिलब्ध कलाकार, राग–विस्तार*

शोध प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन के लिए विविध पत्र–पत्रिकाओं तथा पुस्तकों के सहयोग से तथ्यों को संकलित किया गया है।*

शोध उद्देश्य : प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन का मुख्य उद्देश्य उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के किराना घराना की गायन–शैली को समझना तथा इसे रेखांकित करना है।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में घराने का प्रचलन लगभग 200–250 वर्ष पूर्व से आरम्भ हुआ किन्तु आज यह शब्द शास्त्रीय संगीत का पर्याय बन गया है। शास्त्रीय संगीत का नाम आते ही सामान्य जनमानस के अंतर्मन में घराना शब्द स्वतः ही आ जाता है। शास्त्रीय संगीत में घरानों का विशेष महत्त्व है। घराना के माध्यम से शास्त्रीय संगीत का शिक्षण तो होता ही है । साथ ही, संगीत के किसी विशिष्ट तत्व को संचित, सृजित तथा प्रोत्साहित करते हुए आगे की पीढ़ी को हस्तांतरित भी किया जाता है।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में विशेष प्रचलित घराना का शास्त्रीय संगीत के विशिष्ट प्रचार में बड़ा योगदान . ष्टिगोचर होता है। घराना शैली के द्वारा शास्त्रीय संगीत को एक नूतन आयाम प्राप्त हुआ है। घराना पद्धति शास्त्रीय संगीत के तीनों ही अंगों गायन, वादन तथा नृत्य में प्रचलित है। तीनों ही अंगो के अनेकानेक घराने प्रचार में रहे हैं। सभी घरानों द्वारा शास्त्रीय संगीत की यथा योग्य सेवा प्रदान की गयी।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में किराना घराना का विशिष्ट स्थान है। इस घराने का आरम्भन सुप्रसिद्ध बीनकार तथा ध्रुपद गायक उस्ताद बन्दे अली खां साहब जो कि ग्वालियर घराने के सुप्रसिद्ध गायक उस्ताद हद्दू खां के जामाता (दामाद) थे, से माना जाता है। लेकिन इस गायकी को घराना के रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय उस्ताद अब्दुल करीम खां तथा उस्ताद वहीद खां को प्राप्त है। कुछ विद्वानों का मानना है कि किराना घराना के मूल पुरुष नायक घोंडू तथा नायक मन्नू थे। ये दोनों ही संगीतकार ग्वालियर के महाराजा मानसिंह तोमर के दरबार में 1486 से 1516 की समयावधि में नियुक्त थे। इन्हीं की वंश परम्परा में आगे चल कर उस्ताद अब्दुल करीम खां तथा उस्ताद वहीद खां का जन्म हुआ।

किराना घराने के नामकारण के सन्दर्भ में विविध मत प्रचार में हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि महाभारत काल के सुप्रसिद्ध धनुर्धर, दानवीर कर्ण की राजधानी

*शोधार्थिनी, संगीत विभाग, तिलकधारी पी. जी. कॉलेज, जौनपुर, उत्तर प्रदेश
**शोध निर्देशक, संगीत विभाग, तिलकधारी पी. जी. कॉलेज, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

जिसे कर्णनगरी कहा गया कालान्तर में इसका अपभ्रंश किराना हो गया। इसी आधार पर इस घराने का नाम किराना पड़ा। किन्तु कुछ विद्वानों का मत है कि "उत्तर भारत में कुरुक्षेत्र के पास एक गाँव अवस्थित है जिसका नाम किराना है। इसी गाँव में उस्ताद अब्दुल करीम खां साहब का जन्म हुआ था। अतः इस गाँव के नाम पर ही इस घराने का नाम पड़ा। उस्ताद अब्दुल करीम खां साहब भी इसी मत के समर्थक थे।" कुछ विद्वान उक्त दोनों मतों से अलग मत देते हैं उनके अनुसार उत्तर प्रदेश में कैराना नाम का गाँव है उस्ताद बन्दे अली खां साहब यहीं के निवासी थे और चूँकि उस्ताद बन्दे अली खां साहब को इस घराने में आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया जाता है अतः इस घराने का नाम उनके जन्म स्थान के नाम पर किराना पड़ा।

किराना घराना की गायकी में आलाप का प्राधान्य है। इस घराने में विद्यार्थियों को शिक्षण देते समय उसके सुरों के सटीक लगाव पर विशेष बल दिया जाता है। सभी घरानों तथा गायन की सभी शैलियों में सुरीलापन अत्यंत आवश्यक है किन्तु किराना घराना में सुरीलेपन पर विशेष बल दिया जाता है। किराना गायकी में स्वरों के सुरीला होने के साथ ही इसमें नाजुकता, कोमलता का भी ध्यान रखा जाता है। इस घराने में कहा जाता है कि "सुर गया तो सिर गया।" किराना घराना की गायन–शैली के अंतर्गत सुरीलापन के साथ ही आलाप के विविध प्रकारों तथा मीड़ को अत्यंत सौन्दर्यपूर्वक समायोजित किया जाता है। "एक स्वर से दूसरे स्वर पर पहुँचने के लिए किराना गायकी में एक विशेष प्रकार की चिकनाई दिखती है।"[2] धीमी बढ़त इस गायन शैली की विशेषताओं में से एक है। इस घराने की गायकी में लयकारी तथा बोल उपज का स्थान लगभग नगण्य है। गायन में लयकारी नहीं होने से गायन में लय तथा ताल का विशेष चमत्कार नहीं दिखता है। गायक द्वारा कुछ शब्दों को ले कर अपनी बंदिश की बढ़त की जाती है। इस घराने में बड़े ख्याल के लिए अतिविलंबित लय का चयन किया जाता है। अति विलंबित लय में विस्तृत आलाप, रेशम के समान मुलायम स्वरों में खट्के का प्रयोग, स्थान विशेष पर स्वर का संकुचन तथा विस्तार सहज ही श्रोताओं के अंतर्मन को छू लेता है। किराना घराना में स्वरों का लगाव अन्य घरानों की अपेक्षा अलग है।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के घरानों में किराना घराना ऐसा अकेला घराना है जहां ठुमरी भी सिखाई जाती है। उस्ताद अब्दुल करीम खां साहब ने अपनी सोच तथा परिश्रम से ठुमरी को एक नूतन आयाम दिया।

"बीन वादन के सौन्दर्यात्मक अवयवों से प्रेरित होकर इन अवयवों को ख्याल में समायोजित करने वाले ख्यातिलब्ध कलाकार उस्ताद अब्दुल करीम खां साहब थे। खां साहब के कारण ही किराना घराना प्रतिष्ठित हुआ।"[3] उक्त सन्दर्भ में श्री आठवले जी कहते हैं– "किराना घराने की गायन शैली के आदि आचार्य उस्ताद बन्दे अली खां साहब अपने बीन–वादन में ख्याल का अत्यंत सुन्दर समायोजन किया था। उनका बीन वादन ख्याल अंग से होता था। ऐसी मान्यता है कि अब्दुल करीम खां साहब तथा वहीद खां साहब ने उस्ताद बन्दे अली खां की परम्परा से ही गायन सीखा था। अतः इस गायकी में तंत्रीय अंग का प्रभाव दिखना स्वाभाविक था। उस्ताद अब्दुल करीम खां तथा उस्ताद वहीद खां की गायकी में बीन तथा सारंगी अंग के आलाप एवं गमक की तानें स्पष्ट दिखने लगीं। बाद में यही अवयव उनके गायन की विशेषताओं में गिने जाने लगे । उसका गायन ही किराना घराने की आत्मा के समान है । अतः ये अवयव आज भी किराना घराना की गायकी में दिखते है।"[4]

किराना घराना की गायकी में बड़े ख्याल के लय को अतिबिलम्बित करने का श्रेय उस्ताद अब्दुल वहीद खां साहब को जाता है। विलंबित ख्याल के लय के अति विलंबित हो जाने से आलाप के माध्यम से राग का विस्तार करने के लिए ताल के प्रत्येक आवृति में अपेक्षाकृत अधिक समय मिल जाता है। लय के अति विलम्बित होने से गायन में चौनदारी की अनुभूति होने लगी। इससे गायन में गंभीरता आई तथा स्वरों पर अधिक ठहराव तथा उसकी आंस की उत्पत्ति सम्भाव्य हुई। इस नूतन प्रयोग ने ख्याल गायन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। उस्ताद वहीद खां साहब के इस प्रयोग का प्रभाव लगभग सभी घरानों की गायकी पर पड़ा। इस प्रयोग के नकारात्मक प्रभाव भी दिखने लगे। बंदिश की लय के अति विलंबित हो जाने से बंदिश का साहित्य उपेक्षित होने लगा। बंदिश के शब्दों की अपेक्षा स्वर को अधिक महत्व दिया जाने लगा। शब्दों की अपेक्षा स्वरों को अधिक महत्व देने के सन्दर्भ में गायकी के तंत्रीय अंग का प्रभाव भी हो सकता है।

किराना घराना में औडव तथा वक्र चलन वाले रागों का गायन सामान्यतः नहीं किया जाता है। इस घराना में राग विस्तार एक–एक स्वर बढ़ाते हुए करने की परम्परा रही है। विलम्बित ख्याल की लय अति विलंबित होने के कारण गायन गंभीर तथा भावपूर्ण हो जाता है, अतः इसके लिए किराना शैली के गायन के लिए इसी प्रकार के रागों का चयन किया जाता है। इस घराना में सामान्यतः दरबारी, शुद्ध कल्याण, पुरिया, पुरिया धनाश्री, यमन, तोड़ी आदि रागों का गायन किया जाता है। उस्ताद अब्दुल करीम खां साहब ने अपने जीवन–काल का एक खंड मैसूर में भी व्यतीत किया। अतः उन पर दक्षिण संगीत का प्रभाव पड़ा। फलतः खां साहब ने दक्षिण के कुछ रागों जैसे– खरहरप्रिया, सावेरी आदि रागों में बंदिशें रच कर अपने घराने के अवयवों में समाहित कर लिया।

इस घराना में लय के अति विलंबित होने के कारण बाद की तानें अति द्रुत लय में की जाती हैं। किराना की गायकी में आकार की तानों का आधिक्य है जबकि बोल तानें लगभग नगण्य हैं। इस घराना में सरगम करने का अनूठा ढंग है। गायन में सरगम लयात्मक, कलात्मक तथा वैचित्र्यपूर्ण होता है।

किराना घराना में गायकों का आधार स्वर सामान्यतः ऊँचा रहता है। यह गायकी आलाप तथा भाव–प्रधान गायकी है। बाबा दीक्षित का मत था कि किराना घराना के गायक अपने गायन में बोलतान, बोलबाँट आदि से परहेज करते हुए सरगम के माध्यम से राग–विस्तार करते हैं। यह शैली उनके घराना का विशेष अंग बन चुका है। किराना गायकी के लिए इस घराना के गायक सामान्यतः विलम्बित ख्याल के गायन के लिए एकताल तथा किंचित झूमरा जबकि मध्य तथा द्रुत लय की बंदिश के लिए सामान्यतः तीनताल का ही चुनाव करते हैं। इस शैली के गायन में कठिन तानों का प्रयोग किया जाता है। तान करते समय भी लयकारी आदि का निषेध है।

निष्कर्ष :

किराना घराना की गायन–शैली एक अत्यंत अनूठी गायन–शैली के रूप में स्थापित है। यह गायन–शैली बोलबाँट, बोलतान, लयकारी, आदि चमत्कृत करने वाले तत्वों से अलग रह कर भी श्रोता वर्ग में विशेष लोकप्रिय है। चूँकि इस गायकी के उद्‌भव के मूल में तंत्रीय वाद्य का प्रभाव रहा है, अतः इस घराने में इसका प्रभाव आज भी दिखता है। इस घराना के गायकों द्वारा स्वर का सूई की नोक– जैसे नुकीला तथा सटीक लगाव, गायन में चिकनाई और एक स्वर से दूसरे स्वर तक पहुँचने में स्वर की तारतम्यता का खंडन न होना आदि इस घराने के तंत्रीय अंग को दर्शाते हैं।

संदर्भ सूची :

1. धर्मपाल, किराने घराने की गायकी एवं बंदिशों का मूल्यांकन, ओमेगा पब्लिकेशन नयी दिल्ली, 2008, पृष्ठ 34
2. खोत, जयंत, संगीतकार उस्ताद अब्दुल करीम खां, के. एल. पचौरी प्रकाशन, 2003, पृष्ठ 20
3. देशपांडे, श्री वामनराव, घरानेदार गायकी, राज कमल प्रकाशन, 2020 पृष्ठ – 31
4. तत्रैव, पृष्ठ. 30

The Significance of Folk Music and Media in India's Freedom Struggle

Prabhat Kumar Dubey** **Badshah Alam***

Abstract

Folk media refers to traditional means of infor- mation and message dissemination through demonstration of native songs, dance, plays, stories, myths or symbols in a visually appealing and entertaining manner performed in front of local audience aware of the context and the background of performance art. The outreach of modern media was severely limited in pre-independence era with limited and exclusive access to print and electronic media. However, the folk media was ingrained deep into the local culture like a bestowed legacy passed from one generation to next. Local plays (Natak Mandali) were a hot-spot for deliberation and diffusion of ideologies popularising need for armed-struggle or subtle non-cooperation. Songs of valour and courage were sung and dramatised on stage in a hope that people develop resistance and defiance against the ruling monarch. Bahurupiya (Master of disguise) was one of the most ancient folk media practice prevalent during British era and is even practiced in modern times. They (Bahuripyas) were skilled in art of mimicry and imitation and this practice was used by the legendry freedom fighter Azaad. His comrade Bhagat Singh was known to mobilise people through stage and role plays where the bravery of native warriors was praised and celebrated through patriotic poetry and songs. Gandhi took a local folk symbol Charkha and established it as epitome of boycott and non- cooperation and a beacon of self-reliance in an attempt to reduce the country's economic burden. Historical evidences suggest that such events were quite popular means to mingle with people and prepare them to revolt or disturb the ruling regime. It also helped in development of new materials of resistance through a sort of cascading effect. This study makes an attempt, through extensive literature survey and anecdotal evidence, to investigate the role of folk media during freedom struggle with particular focus on plays/drama, bhajan/kirtan and native symbols centred on the Bengal province (Bihar, Jharkhand, Orissa and West Bengal) and how it helped in restoring the native pride and eventually preparing them to stand up and fight and against the English.

Keywords : *freedom struggle, media, press, folk song, folk dance, folk media*

Methodology : *Supported by secondary sources.*

I. INTRODUCTION

Every campaign requires an effective communication. Every government needs a suitable platform to held presentations and discussions on matters of national or international importance. In modern times countries and communities have access to plethora of medium through which propaganda can be spread and thoroughly diffused even to the seemingly lower hierarchy of social order, but this was not the case in colonial India. Media was strictly regulated and monitored by the British government. In the next paragraph, I review the case of conventional media- print and electronic and their availability during British era.

**Astt. Professor, Amity School of Communication Amity University Patna, Bihar* Patna, India
***Astt. Professor, Amity School of Communication Amity University Jharkhand,* Ranchi, India

II. MEDIA IN BRITISH INDIA

A. Newspaper and vernaculars

The beginning of modern media culture in India started with the publishing of *'Bengal Gazzette'* by an Irishman, James Augustus Hicky[1] in the year 1780. It was followed by more newspapers like *The India, The Calcutta Gazette, The Madras Gazette, The Bombay Herald etc.* After the freedom struggle of 1857 more vernaculars which were in local languages began to flourish. However, there were reporting delays in want of transportation and communication. In 1858, the Indigo Movement by Bengal farmers was reported by large number of vernaculars and it was when censorship truly started in India. By the year 1910, British government started regulating the publishing of sensitive news[2]. However articles with nationalist tone kept on appearing furthering the disappointment of British.

B. Radio

Radio was another tool of media and communication which was introduced under the British rule. The first broadcasting started in 1920s[3] and the radio transmission was heavily regulated by British until amateur radio operators came into the picture when they started broadcasting contents with nationalist fervour.

III. FOLK TRADITION IN BRITISH INDIA

Before I begin writing on the main theme, let's review the different folk practices that were prevalent in British India and how those were geographically distributed.

A. Folk songs

Cecil Sharp, a famous English folk song collector, musician and composer defines folk songs as "the spontaneous music of the unspoiled, unlettered classes and created out of their pure natural instinct"[4] Folk songs in India are one of the oldest and still in practice. During British India, folk songs underwent a radical change and songs with patriotic and defiant flavour began to be written and performed all over the India[5]

- *Raamcharitmanas* is an ancient Hindu text written by sage Tulsi Das. It retells the life and philosophy of Lord Rama, the great Hindu deity and is recited in Northern India with utmost devotion and is closely related with their way of lifestyle and thinking.[6] It celebrates the judicious choice of good over evil; right over wrong; light over darkness and also mentions human value of universal nature that has been cherished and preserved by Hindu philosophy throughout the centuries[7]. It had been used as a radical text around Gangetic plane during British era[8] to keep the fire of religious identity burning. Social and political biases in India is closely related to the individual's religious preferences. This was known to the sages, devotees, pandits and pujaris (custodians of Hindu temple) and has been extensively used to uplift the moral of people during the humiliating period of colonialism.
- *Bhajan/Kirtan* are religious devotional songs used in liturgical and individual worship by adherents of Hindu and Sikhs as aids to think, feel and act in ways appropriate to their traditions' understanding of transcendent reality[9]. British were indifferent to Indian music, particularly so of *Bhajans and Kirtans* because they were of complex narratives and involved context based knowledge to grasp the meaning of songs. Local musicians were discouraged and only a handful of them found patronage under local rulers. However, many rulers came forward and promoted it through organising events and funding the development of the field. Maharaja Pratap Singh of Jaipur started the

practice of holding conference of musicians. This exercise eventually culminated into the production of *Sangit Sagar*, a monumental work on Indian Music. were used to uplift the religious moral of the society and made people associated with their roots. Contents of *Bhajan* and *Kirtan* covered familiar religious themes. These were performed under a closely knitted group which were stakeholders in native affairs and many a times these gatherings culminated into socio-political discussion group. Discontent and disappointments were openly discussed and slowly the sympathy for British began to deteriorate. Cause of freedom fighters got a boost and it only helped in the national cause.

- *Quawwally* is Muslim devotional song and it is sometimes also referred as Sufi songs[10]. These were folk songs performed by Muslim artists and those were many a times written on social and political issues in an entertaining way to uplift the mood of people[11].
- *Dhandhar* were folk songs with lively performance and well synchronization of voice of the singers and rhythm of instruments. These were having content related to religious theme. Eminent local personalities were also the theme of these songs[12].

It is performed by a group of *quawwals* and is led by two solo singers. It present mystical poetry with themes like love for God or beloved or country characterised by repetition and improvisation. Drum beats is accompanied by hand clapping and reinforced with melodious tune of harmonium. Beauty of the performance lies in the vigorous participation of the performers. Public gathering becomes conducive to social debate and nationalists took advantage of that for campaigning their propaganda against the British. All these interactions were strictly on one-to-one basis and that helped in establishing a repertoire with the general mass.

B. Folk dance

India is rich in her diversity. There are many types of folk dances that are performed all over the country with local importance and meaning. In Britannica Encyclopaedia, folk dance has been defined as authentic traditional dance of a given society, handed down from generation to generation in the manner of all traditions, customs, beliefs, superstitions and folk-ways without alteration. Folk dance is the most natural and spontaneous expression of exuberance and celebration of life. Folk dance is simple instinctive and vigorous in nature and allows to a large measure, abandonment and freedom of expression.[13]

Tamasha is principally a folk tradition emanating from Maharashtra during late sixteenth and seventeenth century[14]. It served as a bawdy, lascivious entertainments for the armies of both Mughal and Maratha chieftains of the Deccan plain. It was a great moral booster for the fighters who gave the British nightmares.

Bahurupiya dance was rich in color and loud in perfor- mance. The stage was set to astonish and surprise the audience. The performers changed appearances and voices too often and left the audience spell-bound. These dance forms were infused with local folklores and chances are that it might as well had inspired the legendary freedom fighter Chandra Shekhar Azaad. Azad was a master of disguise and the British police had had hard time locating him. He always seemed to be a step ahead[15] and this led to demoralisation of British police. Azad's exploit gave a boost to the cause of freedom.

C. Folk theatre

Folk theatre was used to stir the

nationalist conscience of the society through role plays and stage-show on contemporary issues. It was a way for regional cultural expression leading to rediscovery and re-evaluation of indigenous form of literature and performing arts[16]

Bhagat Singh mobilised the students through live theatre performance in Lahore National College; as Reddy et.al. write in their seminal paper, "In 1923, Singh joined the National College in Lahore, where he was also involved in extra- curricular activities such as the dramatics society"[17]

D. Folk symbol

Folk symbols are like geographical indicators (GIs) and local do immense pride in these symbols. India is country that loves and respects its legends and mythologies and some symbols are entrenched deep in natives psyche and intelligent leaders understood the power of symbols, be that the sword of Simon Bolivar or unstoppable force of Gandhi's Charkha (spinning wheel to yarn clothe). Charkha symbolised non-materialism at its height and added a spiritual aspect to the whole movement[18].

IV. FOLK MEDIA AND PUBLIC AWARENESS

Regulating Folk media would be a logistic nightmare for the British. eventually it led to more and more people being educated about the evil policies of British government which would eventually lead to growing discontent which is reflected strongly in the non-cooperation and civil disobedience movement. It can safely be assumed that folk media led to elevated public awareness regarding the call for democracy and prospect of freedom. Following can be the reasons, although not exhaustive or limited to, for folk media being so instrumental in reading and, in turn, affecting the mood of public in favour of the nationalist movement:

- Folk media was familiar to the audience. They associated with the context; the language and performers were familiar- this gave a feeling of approval and validation of their pain and grief. Here the contextual and linguistic awareness gave impetus to behavioural psychology.
- The interest, mood, perception, understanding, interpretation and attitude were all native, so the diffusion of information was deeper and durable.
- Those satisfied the innate need of locals for self- expression. The presentations were dramatic and lyrical and aided in the charm.
- Most of the populace live in villages and folk media was more effective in rural areas because the techniques and simple and easy.
- Folk media played a meaningful role in rural areas, in educating the rural people about the consequences of social evils like alcoholism, illiteracy untouchability, superstition, communalism, population explosion, malnu- trition and in-sanitation, dowry, sati and so on.

V. CONCLUSIONS

Information dissemination is a complex process and differ- ent variables are at play, linguistic considerations; perceptional differences; behavioural psychology; identity complexities and many more. Mainstream media in contemporary world is at advantage when we take into consideration the plethora of means and medium; however, that was a tough job when world was not acquainted with gazettes and internet. British era India was one such place where news would be harder to spread provided the limitations of access. Folk media would come as saviour owing to its ease of accessibility. It helped in building a positive sentiment towards the nationalist cause and

helped in freedom struggle movement would not be a hyperbole to make, per se. However, the immense contribution of folk media wasn't just limited pre-independence, rather its usefulness and relevance has permeated the flow of time and modern government relies on it popularity for campaigning on different social issues.

ACKNOWLEDGMENT

AK and BA acknowledge the facility and infrastructure provided by Amity University of Patna.

References :

1. Gilding, Ben. (2018). The Rise and Fall of Hicky's Bengal Gazette (1780–2): A Study in Transoceanic Political Culture. The Journal of Imperial and Commonwealth History. 47. 1-27. 10.1080/03086534.2018.1506870.
2. Raman, V. Venkat. "THE INDIAN PRESS ACT OF 1910: THE PRESS AND PUBLIC OPINION AT CROSSROADS IN THE MADRAS PRESIDENCY 1910-1922." Proceedings of the Indian History Congress, vol. 60, 1999, pp. 863–71, http://www.jstor.org/stable/44144157. Ac- cessed 19 Apr. 2022.
3. Pinkerton, A 2008, 'Radio and the Raj: broadcasting in British India (1920-1940)', Journal of the Royal Asiatic Society, vol. 18, no. 2, pp. 167-191. https://doi.org/10.1017/S1356186307008048
4. CHOUDHURY, Sanghamitra. "FOLK MUSIC AS A VOICE OF MARGINALIZED SOCIETY: A COMPARATIVE STUDY OF GOAL- PARIA FOLK MUSIC OF ASSAM AND PHLENG PHUE CHIWIT OF THAILAND." The Eastern Anthropologist (2013): n. pag. Print.
5. Sadhana Naithani (2001) An Axis Jump: British Colonialism in the Oral Folk Narratives of Nineteenth-Century India, Folklore, 112:2, 183-188, DOI: 10.1080/00155870120082227
6. Lutgendorf, Philip. The life of a text: performing the Ramcaritmanas of Tulsidas. Univ of California Press, 1991.
7. Ramkissoon, Romila. Characterisation in the Ramcharitmanas. Diss. 2005.
8. Kumar, Kapil. "The use of Ramcharitmanas as a radical text: Baba Ram Chandra in Oudh, 1920-50." Occasional papers on history and society (1984).
9. Reid, Stephen Breck, ed. Psalms and practice: worship, virtue, and authority. Liturgical Press, 2001.
10. Gaind-Krishnan, Sonia. "Qawwali Routes: Notes on a Sufi Music's Transformation in Diaspora." Religions 11.12 (2020): 685.
11. Bhattacharjee, Anuradha, and Shadab Alam. "The Origin and Journey of Qawwali: From Sacred Ritual to Entertainment?." Journal of Creative Communications 7.3 (2012): 209-225.
12. Chapke, Rajendra, and Rekha Bhagat. "Traditional folk media: An ef- fective communication tool for social development." Proceedings Paper R0319 (2003).
13. Sohi, Jatinder, and Preeti Sodhi. "RENAISSANCE CALL: FOLK DANCES OF HARYANA."
14. Abrams, Tevia. "Folk theatre in Maharashtrian social development programs." Educational Theatre Journal 27.3 (1975): 395-407.
15. Schechter, Joel. "Back to the popular source: Introduction to part I." Popular Theatre. Routledge, 2013. 3-11.
16. Hansen, Kathryn. "Indian Folk Traditions and the Modern The- atre." Asian Folklore Studies, vol. 42, no. 1, 1983, pp. 77–89, https://doi.org/10.2307/1178367. Accessed 25 Apr. 2022.
17. REDDY, Y. RAMACHANDRA, and SURYA PRAKASH. "IMPRINTS OF BHAGAT SINGH IN INDIAN INDEPENDENCE MOVEMENT: A HISTORICAL OVERVIEW."
18. Balaram, S. "Product symbolism of Gandhi and its connection with Indian mythology." Design Issues 5.2 (1989): 68-85.

भारतीय संगीत में वैश्वीकरण का प्रभाव : एक अध्ययन

डॉ. पंकज शर्मा*

शोध सार

भारतीय शास्त्रीय संगीत पर विविध काल में सामाजिक तथा आर्थिक परिस्थितियों का प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण भारतीय शास्त्रीय संगीत में एक नई धारा अथवा एक नए प्रकार का जन्म हुआ है। वर्तमान काल में सुविस्तृत भू–भाग पर वैश्वीकरण के प्रवाहमान वेग से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी अछूता नहीं है। वर्तमान समय में वैश्वीकरण का हमारे संगीत पर अनेक सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं। अनेक नूतन प्रयोगों ने भारतीय संगीत को एक नई ऊंचाई दी है तो वहीं कुछ ऐसे तत्व भी हैं जो इस संगीत की पूरी स्थिति पर ही प्रश्नचिन्ह लगाने को आतुर हैं। वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय शास्त्रीय संगीत में अनेक सम्भावनाओं के नूतन द्वार खुले हैं। प्रस्तुत शोध–पत्र में भारतीय संगीत के वैश्वीकरण में सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभाव की चर्चा की गई है।

सूचक शब्द : *सामाजिक, आर्थिक, सकारात्मक प्रभाव, वैश्वीकरण, शास्त्रीय संगीत*

शोध प्रविधि : *प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन के लिए विविध पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का अध्ययन किया गया है। यह शोध–पत्र इसके पूर्व में आंशिक या पूर्ण रूप से प्रकाशन के लिए कहीं भी प्रेषित नहीं किया गया है।*

शोध उद्देश्य : *प्रस्तुत शोध–पत्र के लेखन का मुख्य उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत में वैश्वीकरण के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन करना एवं उन्हें रेखांकित करना है।*

शोध विषय

भारतीय संस्कृति के लिए वैश्वीकरण की अवधारणा कुछ नया नहीं है। इस अवधारणा का समावेश अत्यंत प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में स्पष्ट दिखता है। प्राचीन संस्कृति में "वसुधैव कुटुंबकम्" का उद्घोष भारतीय संस्कृति के वैश्वीकरण की ओर संकेत करती है। भारतीय विद्वानों ने सम्पूर्ण विश्व को एक कुटुंब के रूप में स्वीकार किया है। भारतीय विद्वानों का चिंतन इस प्रकार है–

अयं निजः परोवेति गणनालघुचेतसाम्।
उदार चरितानां तु वसुधैवकुटुंबकम्।।

अर्थात् यह मेरा है, यह उसका है; जो ऐसा सोचता है वह अत्यंत संकुचित मानसिकता का व्यक्ति है। उदार चित्त वाले व्यक्ति के लिए तो यह संपूर्ण धरती एक कुटुंब है।

वर्तमान समय में प्रचलित 'वैश्वीकरण' अथवा 'भूमंडलीकरण' शब्द जिसे अंग्रेजी में "Globalization" कहा जाता है, की अवधारणा बीसवीं शताब्दी के आठवें दशक में अस्तित्व में आई तथा इसी सदी के अंत होते–होते यह संकल्पना तीव्र गति से प्रसारित हुई।[1] "वैश्वीकरण एक शब्द है जिसका उपयोग यह वर्णन करने के लिए किया जाता है कि कैसे व्यापार और प्रौद्योगिकी ने दुनिया को अधिक जुड़ा हुआ और अन्योन्याश्रित स्थान बना दिया है। वैश्वीकरण अपने दायरे में उन आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों को भी शामिल करता है जो इसके परिणामस्वरूप हुए हैं। समय के साथ इस अवधारणा की पहुंच बढ़ती जा रही है।" वैश्वीकरण की संकल्पना ने सभी देशों की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, औद्योगिक, व्यापारिक आदि नीतियों को विधिवत् प्रभावित किया है। प्रसिद्ध विद्वान एंथोनी गिडिंस ने वैश्वीकरण की परिभाषा देते हुए लिखा– "विभिन्न लोगों और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के बीच बढ़ती हुई अन्योन्याश्रितता अथवा पारस्परिकता ही वैश्वीकरण है। यह पारस्परिक, सामाजिक और आर्थिक संबंधों में होती है। इसमें समय और स्थान सिमट जाते हैं।"[2] नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अमर्त्य सेन जी वैश्वीकरण के संदर्भ में लिखते हैं "वैश्वीकरण नया नहीं है और न तो इसे मात्र पाश्चात्यी करण ही समझा जाना चाहिए। प्रयास, पर्यटन, प्रवसन तथा सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा ज्ञान के प्रचार–प्रसार के माध्यम से यह हजारों वर्षों से विकसित होता चला रहा है।"[3] प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में

*सहायक आचार्य, संगीत विभाग, धीरेन्द्र महिला महाविद्यालय, वाराणसी

अंतर्निहित वैश्वीकरण की भावना त्यागवृत्ति के आधार पर उपभोग को बलवती करती है जबकि वर्तमान वैश्वीकरण उपभोगवादी है। वर्तमान काल में वैश्वीकरण का मुख्य आधार आर्थिक है। भौगोलिक सीमा से मुक्त होकर आर्थिक क्रियाकलापों एवं व्यापार को बढ़ावा देना के लिए संपूर्ण विश्व को एक बाजार के रूप में उपस्थित करना ही वैश्वीकरण है। वैश्विक स्तर पर उपलब्ध सुखदायक विविध भौतिक संसाधनों की संचयन एवं संचालन के लिए अधिक से अधिक धन की आवश्यकता के कारण मनुष्य के निजी जीवन में व्यस्तता अधिक बढ़ गई है जोकि मनुष्य के जीवनचर्या पर वैश्वीकरण का प्रभाव स्पष्ट प्रभाव है। वैश्वीकरण ने भारतीय संस्कृति के साथ भारतीय संगीत को भी प्रभावित किया है। व्यापारिक मानसिकता प्रधान वैश्वीकरण के प्रवाह ने भावना प्रधान भारतीय संगीत का भी व्यापारीकरण कर दिया है।

वर्तमान काल में भारतीय शास्त्रीय संगीत में वैश्वीकरण का स्पष्ट प्रभाव अत्यंत व्यापक रूप से दिखता है। वैश्वीकरण ने भारतीय संगीत में अनेक स्थानों पर नूतन सम्भावनाओं के द्वार खोले हैं तो साथ ही कुछ स्थानों पर चिंताजनक स्थिति भी उत्पन्न कर दी है। भावनाओं तथा अंतर्मन को स्पर्श करने वाले भारतीय संगीत को भी वैश्वीकरण के प्रभाव से एक उत्पाद की भांति देखा जाने लगा है । संगीत पर व्यापारिक मानसिकता के प्रभाव से सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों ही प्रकार के प्रभाव हैं।

भारतीय शास्त्रीय संगीत पर वैश्वीकरण का प्रथम .श्या प्रभाव घराना पद्धति तथा गुरु–शिष्य परंपरा के ह्रास के रूप में दिखता है। भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिक्षण के समय शिष्य को गुरु के सम्मुख उपस्थित होना अत्यंत अनिवार्य है। क्योंकि भारतीय सांगीतिक चिंतन अत्यंत गूढ़ है। परिस्थिति तथा परिवेश से स्वरों के लगाव में अंतर तथा इसके परिणामस्वरूप राग के स्वरूप में अंतर को अनुभूत किया जाता है। अतः विद्यार्थी को इस प्रकार के परिस्थितिजन्य अंतर को समझने तथा स्वर, श्रुति, राग आदि के सूक्ष्मतम ज्ञान के लिए गुरु का प्रत्यक्ष सानिध्य अत्यंत आवश्यक है। किंतु वैश्वीकरण के प्रभाव से अब न तो शिष्य के पास इतना समय है कि वह लंबे समय तक अपने गुरु के सम्मुख उपस्थित होकर सूक्ष्मता से इस विषय का अध्ययन करें और ना ही गुरु के पास इतना समय है कि शिष्य को निरंतरता पूर्वक अत्यंत सूक्ष्मता से लम्बे समय तक सांगीतिक मार्गदर्शन करें। सुदीर्घ काल से सृजित संगीत के अनेक अमूल्य अवयव गुरु–शिष्य परंपरा अथवा घराना परंपरा के ह्रास होने से अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।

शिक्षण के साथ–साथ प्रस्तुति में भी वैश्वीकरण ने अपना प्रभाव दिखाया है। प्रस्तुतीकरण के पूर्व प्रस्तोता द्वारा अपनी प्रस्तुति इस प्रकार से सजाया जाता है की थोड़े समय में ही अधिक से अधिक प्रभाव डाला जा सके। प्राचीन काल में रागदारी को विशेष समय दिया जाता था किंतु वर्तमान में समझ की अल्पता तथा व्यस्तता के कारण रागदारी को सुनने और उसका आनंद लेने वाले श्रोताओं का भी अभाव है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो शनै शनै ऐसा भी समय आ जाएगा जब प्रस्तोता को भी रागदारी की समझ अपेक्षाकृत कम होगी। क्योंकि वह व्यस्तता अथवा शीघ्रता के कारण अपने गुरु से इसकी शिक्षा प्राप्त ही नहीं कर पाएगा।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में वैश्वीकरण के प्रभाव से रिकॉर्डिंग आदि का प्रचलन बढ़ा है। शास्त्रीय संगीत में प्रस्तोता अपनी प्रस्तुति मंच के समक्ष बैठे हुए श्रोताओं के मनके अनुरोध करता रहा है। किंतु वर्तमान में उसे सामने श्रोता कम ही स्थानों पर मिलते हैं अधिकतर तो उसे कैमरे अथवा रिकॉर्डिंग मशीन के समक्ष अपना गाना प्रस्तुत करना पड़ता है। जिससे श्रोताओं के मन के अनुरूप गायक अपनी प्रस्तुति नहीं दे सकता है। पुनः गायक के लिए रिकॉर्डिंग के समय में समय सीमा की बातें तो होती है। अतः वह चाहते हुए भी अपने कला का प्रदर्शन अपने मन के अनुरूप नहीं कर सकता है। इस प्रकार से रिकार्डिंग के कारण भारतीय शास्त्रीय संगीत के सन्दर्भ में ऋषि चिंतन द्वारा उद्भूत रागों का समय सिद्धांत के अनुशासन को भी अस्वी.त किया जाता है। पूर्व काल में प्रचलित रागात्मक प्रस्तुती के स्थान पर वर्तमान में कुछ कलाकार यूजन का भी प्रयोग कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत विविध प्रकार के संगीत को भारतीय शास्त्रीय संगीत में मिलाकर प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय संगीत में यह एक नूतन प्रयोग है।

वैश्वीकरण के फल स्वरुप विविध नवीन वाद्य यंत्रों की खोज ने प्राचीन एवं परंपरागत वाद्य यंत्रों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। वर्तमान काल में

सिंथेसाइजर जैसे वाद्य; बांसुरी, सितार, इसराज, शहनाई, हारमोनियम जैसे अनेक वाद्यों को सहजता से प्रस्तुत कर सकते है। नवीन इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्रों के रखरखाव आदि का खर्च भी पारंपरिक वाद्यों की अपेक्षा कम है। इस प्रकार सांगीतिक वाद्यों पर इसके नकारात्मक प्रभाव भी स्पष्ट दिखते हैं।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव भी स्पष्ट होते हैं। इस वैश्वीकरण के प्रभाव के फलस्वरूप भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए वरदान स्वरूप प्राप्त माइक्रोफोन ने भारतीय संगीत को एक नूतन आयाम पर स्थापित किया है। माइक्रोफोन के आगमन से पूर्व भारतीय संगीत में गायकों को अपनी आवाज ऊंची रखनी पड़ती थी जिससे कि विशाल जन समूह में सभी श्रोताओं तक गायन बहुत सके। जिससे उसके गायन की प्रस्तुति में लालित्य तथा भावात्मकता प्रभावित होती थी। किंतु माइक्रोफोन के आगमन से गायक अपनी आवाज भाव के अनुसार रखता है। माइक्रोफोन के आगमन से पूर्व विशाल जनसमूह के मध्य गायन तथा वादन प्रस्तुत करते समय गायक की आवाज बुलंद होती थी किंतु वाद्यों को एक सीमा तक की बजाया जा सकता था। अतः संगीत में गायकों का स्थान प्रमुख था। किंतु माइक्रोफोन के आगमन से श्रोता तक आवाज पहुंचाने के लिए प्रस्तोता को अधिक श्रम नहीं करना पड़ता है। प्रस्तोता अपनी प्रस्तुति को श्रोताओं तक पहुंचाने की अपेक्षा अपनी प्रस्तुति की गुणवत्ता तथा उसमें भाव सौंदर्य आदि पर ध्यान केंद्रित करता है। श्रोताओं तक बिना अधिक श्रम किए गायन के साथ साथ सभी वाद्यों की सरस ध्वनि पहुंचने से कलाकारों द्वारा इन वाद्यों के जोरदार वादन कि अपेक्षा कोमलता तथा स्वतंत्र अस्तित्व पर भी विचार किया। जिसके परिणाम स्वरूप वर्तमान समय में गायन के साथ ही वाद्यों का स्वतंत्र वादन भी विशेष प्रचार में आया। वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व के विभिन्न भागों (देशों) में सुना तथा पसंद किया जाने लगा है। अनेक विदेशी विद्वानों द्वारा भारतीय संगीत के अध्ययन हेतु भारतीय भाषा को सीखने तथा उनके द्वारा भारतीय संगीत पर विस्तृत शोध एवं लेखन का प्रमाण उपलब्ध है। अनेक भारतीय विद्वान संगीतज्ञ भारतीय संगीत के प्रचार हेतु विश्व के विभिन्न विभागों पर भ्रमण कर अपना गायन प्रस्तुत कर रहे हैं तथा सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। भारतीय शास्त्रीय संगीत के साधकों ने विभिन्न बड़े वैश्विक मंचों पर भारतीय संगीत का प्रतिनिधित्व किया है। जिनमें कुछ प्रमुख है "पंडित बुधादित्य मुखर्जी ने 30 जून 1990 को लंदन के हाउस आफ कॉमनस में सितार वादन प्रस्तुत किया, पंडित रोनू मजूमदार ने हॉलीवुड की फिल्म प्राइमरी कलर में संगीत निर्देशन किया, सुप्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर जी को विश्व के लगभग 14 विश्वविद्यालयों द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि, रेमन मैग्सेसे अवार्ड तथा दो बार ग्रैमी अवार्ड भी प्रदान किया जा चुका है।"[4] आदि।

प्राचीन काल से ही भारतीय विद्याओं के संरक्षण तथा संचरण के लिए लेखन कार्य को बहुत महत्व दिया जाता रहा है। किंतु मध्यकाल में विविध विद्याओं और मुख्य रूप से संगीत विद्या के मुसलमानों तथा निरक्षर किन्तु साधक कलाकारों के हाथ में पहुंचने से इसके लेखन कार्य में शिथिलता आ गई। जिससे कि अनेक तथ्य लिपिबद्ध नहीं किए जा सके। पंडित भातखंडे जी तथा पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी के बाद संगीत में लेखन की क्रिया भी प्रचलित हुई। वर्तमान समय में विष्णु द्वै के प्रयास सफल प्रयासों से तथा वैश्वीकरण के परिणाम औद्योगिकरण से भारतीय शास्त्रीय संगीत में ग्रंथों के लेखन उनके प्रसारण तथा उनके प्रचार–प्रसार को प्रोत्साहन मिला। वर्तमान काल तक भारतीय संगीत के अनेक पक्षों पर विचार कर उन्हें ग्रंथ रूप में परिणित करके प्रकाशित किया जा चुका है।

वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय संगीत में रोजगार की संभावना बढ़ गई। पूर्व काल में जहां संगीत को मनोरंजन अथवा मन शांति के लिए सुना जाता था वही वैश्वीकरण के प्रभाव के बाद संगीत में संगीत चिकित्सा आदि अनेक क्षेत्रों के उद्भव के साथ ही रोजगार के नए अवसर उपस्थित हुए।

निष्कर्ष :

वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय शास्त्रीय संगीत में सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों ही प्रकार के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ते हैं। कुछ स्थानों पर जहां सकारात्मक प्रभाव पड़े हैं, वहां तो प्रशंसनीय रूप से एक नया आयाम स्पर्श करने के लिए कलाकार प्रयासरत हैं किंतु जहां नकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं वे इस प्रकार से

संगीत को प्रभावित कर रहे हैं जिससे निकट भविष्य में संगीत के वर्तमान स्वरूप के लुप्त होने की संभावना बलवती होती जा रही है। वर्तमान आधुनिकता के प्रवाह में पारंपरिक तथा मूल भावना को अस्वीकृत किया जा रहा है जो भयावह परिणामदायक है। भारतीय संगीत में वैश्वीकरण अथवा आधुनिकता का समावेश वहीं तक उचित है, जहां तक उसकी मौलिकता तथा पारंपरिकता का अंत न हो। मौलिक तथा पारम्परिकता के अंत के साथ ही भारतीय शास्त्रीय संगीत अपना मूल स्वरूप ही खो देगा। जब संगीत ही नहीं बचेगा तो उसमें प्रयोग कैसे होगा। इसलिए वर्तमान वैश्वीकरण तथा आधुनिकता के प्रचंड प्रवाह में आवश्यकता है कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूल स्वरूप को संचित एवं सुरक्षित रखा जाए।

सन्दर्भ सूची :

1. https://education.nationadgeographic.org/resource/gdobadization/
2. आकांक्षा डॉ. कुमारी, भारतीय संगीत और वैश्वीकरण, कनिष्क पब्लिक पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 27
3. टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली संस्करण, 16 जुलाई 2001
4. मिश्र, पंडित विजय शंकर, अंतर्नाद सुर और साज, कनिष्क पब्लिसर्स, नयी दिल्ली, 2011, पृष्ठ 153

स्तोम

कलाभिव्यक्ति का माध्यम

वार्षिक शोध पत्रिका

कुमार प्रिन्टर्स

लाह बाजार, शिल्पी पोखरा, छपरा, सारण (बिहार)

(निबंधित कार्यालय : प्रभुनाथ नगर, छपरा)

Mob. : 9431090666